रात्रितरा (स्त्री०) अर्धरात्रि।
रात्रिंदिवं (नपुं०) अहोरात्र्य। (जयो० १८/५)
रात्रिपुष्पं (नपुं०) कुमुदिनी।
रात्रियोगः (पुं०) निशागमन।
रात्रिरक्षः (पुं०) अन्धकार।
रात्रिवायस् (नपुं०) अन्धकार।
रात्रिविगमः (पुं०) ०रात्रि की समाप्ति, ०दिन का प्रारंभ। ०पौ फटना।
रात्रिवेदः (पुं०) मुर्गा।
रात्रिवेदिन् (पुं०) कुक्कुट, मुर्गा।
रात्रिसंचारिन् (पुं०) निशाचर। (वीरो० १८/३६)
०आरक्षी।

राद्ध (भू०क०कृ०) [राध् कर्तरि कर्मणि वा क्त] आराधित।
०कार्यान्वित, सम्पन्न, निष्पन्न।
०प्रसादित।
०अनुष्ठित।
०सफल, सौभाग्यशाली, प्रसन्न।
०पकाया हुआ, रांधा हुआ।
राध् (सक०) प्रसन्न करना, खुश करना।
०अनुष्ठान करना, निष्पन्न करना।
०प्रस्तुत करना, तैयार करना।
०नष्ट करना, समाप्त करना।
०क्षय करना, विघात करना।
०उखाड़ना, उन्मूलन करना।
राध् (अक०) सफल होना, समृद्ध होना, तैयार होना।
०आराधना करना। (जयो० २/४१)
राधा (स्त्री०) ०समृद्धि, सफलता, ०गोपिका। ०राज नाम विशेष।
राधाकृष्णः (पुं०) राधा और कृष्ण। (जयो० ६/२०)
राम (वि०) [रम् कर्तरि घञ्, ण वा] ०प्रिय, इष्ट, सुहावना। (जयो०वृ० २/१४८)
०सुंदर, अभीष्ट, मनोरम, रमणीय। (जयो० १५/६६)
०मलिन, धूमिल, काला।
रामः (पुं०) [रम्+घञ्] ०राम, दशरथ पुत्र। (जयो० १५/६६) (सम्य० ६२) (जयो० १७/५९)
०जमदाग्नि पुत्र, परशुराम।
०वसुदेव पुत्र बलराम। 'सती सीतेव रामस्य यया भाति भवानमा' (सुद० ४/३७)
०शुद्धात्मा, काम की सम्पदा से रहित। (जयो० १६/३) परमात्मा।
रामगत (वि०) सौंदर्य को प्राप्त।
रामचन्द्रः (पुं०) दशरथपुत्र राम, कौशल्या नन्दन, रघुवंश का पुरुषोत्तम पुरुष राम। (दयो० ८)
रामठः (पुं०) हींग।
रामणीक (वि०) सौंदर्य। (जयो०वृ० ३/८६)
रामणीयक (वि०) [रम्+णीय+ठञ्] ०प्रिय, सुंदर, सुखद। (जयो० ३/९०)
रामणीयकं (नपुं०) प्रियता, सौंदर्य। (जयो० १/९०)
रामदत्ता (स्त्री०) सिंहसेन की प्रिया। राज्ञीह नाम्ना भुवि रामदत्ता, निसर्गतः शीलगुणैक सत्ता। (समु० ३/२०) सिंहपुर के राजा सिंहसेन की प्रिया रामदत्ता।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रामा (स्त्री०) [रमनेऽनया रम् मरणे घञ्] ०सुंदर स्त्री, कामिनी, तरुणी। (जयो० ४/९६)
०प्रिया, पत्नी, गृहस्वामिनी। (जयो० १७/४९)
०सिन्दूर।
०हींग।
रामाजन: (पुं०) स्त्रीजन। (सुद० ८३)
रामाभिधा (स्त्री०) स्त्री स्मरण।
०शुद्धात्मा, परमात्मा, कामसम्पदा। (जयो०वृ० १६/३)
रामाविभूषित (वि०) स्त्री से सुशोभित, प्रिया के सौंदर्य से परिपूर्ण। (जयो० १७/११३)
रामोपयोगिनी (स्त्री०) विवाहयोग्य। (वीरो० ८/७२)
राम्भ: (पुं०) [रम्भा+अण्] सन्यासी की लकड़ी।
राव: (पुं०) [रु+घञ्] क्रन्दन, चीत्कार।
०चिंघाड़, दहाड़।
०शब्द, ध्वनि। (जयो० ५/७०)
रावण (वि०) [रावयति भीषयीति सर्वान् रु+णिच्+ल्युट्] क्रन्दन करने वाला, चीखने वाला।
रावण: (पुं०) लंकाधिपति रावण। (सम्य० ६२) (दयो० ८५)
रावणि: (पुं०) इन्द्रजित, रावण का पुत्र।
राशि: (स्त्री०) [अश्नुते व्याप्नोति+अश+इञ्] ०ढेर, संग्रह, समुच्चय, समुदाय।
०संख्या विशेष।
०नाना समूह। (सुद० १२१)
०भण्डार। (सुद० १/४४)
राशिचक्रं (नपुं०) तारामण्डल।
राशित्रयं (नपुं०) त्रैराशिक गणित।
राशिफलं (नपुं०) नाम राशि फल।
राशिभाग: (पुं०) किसी राशि का अंश।
राशिभोग: (पुं०) सूर्य, चन्द्र।
राशिमण्डलं (नपुं०) राशिचक्र।
राष्ट्रं (नपुं०) [राज्+ष्ट्रन्] राज्य, देश, साम्राज्य। ०जिला, प्रदेश, मण्डल।
०अधिवासी, जनता, प्रजा।
राष्ट्र: (पुं०) सार्वजनिक कष्ट।
राष्ट्रकण्टव: (पुं०) राष्ट्र का कांटा। (सुद० १०५)
राष्ट्रनेतृपरिकर (वि०) राष्ट्र के नेताओं का समूह। (जयो० १८/८४) ०राष्ट्र नायक समूह।
राष्ट्रिय (वि०) [राष्ट्रेभव:] राज्य से सम्बंधित।
राष्ट्रिय: (पुं०) नृप, अधिपति, शासक।
रास् (अक०) शब्द करना, चिल्लाना, किल किलाना।
रास: (पुं०) [रास्+घञ्] कोलाहल, शब्द, ध्वनि।
०एक नृत्य विशेष।
रासक (वि०) क्रीड़ा कारक।
रासकं (नपुं०) अभिनय का छोटा अंश।
रासकर (वि०) क्रीड़ा करने वाला। (जयो० २५)
राजक्रीड़ाकरी (वि०) गोचारक क्रीड़ा।
रासभ: (पुं०) [रासे: अभाच्] गर्दभ, गधा।
राहु: (पुं०) [रह्+उण्] एक ग्रह नक्षत्र। (वीरो० २/२९) (जयो० ८/३४)
०राक्षस।
०विप्रचित।
राहुग्रसनं (नपुं०) चन्द्र या सूर्य ग्रहण।
राहुग्रहणं (नपुं०) राहुग्रसन।
राहुदर्शनं (नपुं०) राहुग्रहण।
राहुसूतकं (नपुं०) राहुग्रहण सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण।
रि (सक०) जाना, पहुंचना।
रिक्त (भू०क०कृ०) [रिच्+क्त] ०खाली, शून्य, अभाव।
०साफ किया गया, छोड़ा गया।
रिक्तं (नपुं०) खाली स्थान, छोड़ा गया स्थल।
रिक्तपाणि (स्त्री०) खाली हाथ वाला। (दयो० २०)
रिक्तहस्त (पुं०) खाली हाथ वाला।
रिक्ता (स्त्री०) चन्द्रमास के पक्ष की चतुर्थी।
रिक्तार्थिका (स्त्री०) रिक्तातिथि। (जयो० ६/८८)
रिक्तोदर: (पुं०) भूखे पेट। (दयो० ३४)
रिक्थं (नपुं०) [रिच्+थक्] वैभव, धन सम्पत्ति।
०उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति।
रिक्थहर: (पुं०) उत्तराधिकारी।
रिङ्ग् (अक०) रेंगना, सरकना, पेट के बल चलना, दवे पांव चलना।
रिङ्गणं (नपुं०) [रिङ्ख+ल्युट्] रेंगना, चलना, गमन, क्रियाशील, गति। (जयो० १३/२४)
रिच् (सक०) निर्मल करना, साफ करना।
०बढ़ाना, विस्तार करना।
०वियुक्त करना, छोड़ना, त्यागना।
रिटि: (स्त्री०) [रि+टिन्] वाद्य विशेष।
रिपु: (पुं०) शत्रु, प्रतिपक्षी दुश्मन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०कमजोर, हीन, क्षीण।
०बलहीन, शक्तिरहित।
रिपुसम्पदः (पुं०) शत्रु सम्पत्ति। (जयो० ६/५९)
रिपुसारः (पुं०) वैरिशिरोमणि। (जयो० ६/२४)
रिफ् (अक०) कलंक लगाना।
रिष् (सक०) क्षति पहुंचाना, चोट पहुंचाना।
०नष्ट करना, मार डालना। (रिषन्-मारयन्) (जयो०३/६)
०संहार करना (जयो० ३/५) रिषन्-संहरन्।
रिष्ट (भू०क०कृ०) [रिष+क्त] क्षतिग्रस्त, चोटग्रस्त।
०अभागा। (जयो० ६/१३२)
रिष्टं (नपुं०) उत्पात, क्षति, ठेस।
०दुर्भाग्य, विनाश, हानि।
०सौभाग्य, समृद्धि।
रिष्टिः (पुं०) [रिष्+क्तिन्] असि, तलवार।
री (अक०) टपकना, गिरना, रिसना, बहना, पसीजना।
री (स्त्री०) कर्ण, कान। (श्रोतरि भुवि स्त्रियामिति) (जयो० ५/९५)
रीज्या (स्त्री०) निन्दा, झिड़की।
०कलह, ईर्ष्या।
रीढकः (पुं०) मेरु दण्ड, रीढ की हड्डी।
रीढा (स्त्री०) [रीह्+क्त+टाप्] अनादर, तिरस्कार, अपमान।
रीण (भू०क०कृ०) [री+क्त] टपका हुआ, रिसा हुआ, झरता हुआ।
रीणा (स्त्री०) उदासीनता, उदासीना। 'रीणात्युदासीना सती मुहुः' (जयो० ११/४७) 'जिता हरिण्यो द्रुताश्च रीणाः' (जयो० १४/५०)
रीतिः (स्त्री०) [री+क्तिन्] ०पद्धति, क्रम।
०प्रणाली, ढंग, मार्ग, शैली, विधा, प्रक्रिया।
०नीति। (जयो० १/२१)
०प्रथा, प्रचलन। (सुद० १०२)
०वाक्यविन्यास।
०आरकट, पीतल-रीतिः स्यन्दे प्रचारे च लोहकिट्टारकूटयो इति वि० (जयो० २८/४३)
हंसोऽभ्यवापि काकस्य रीतिः सौवर्ण्य भागिति।
प्रतिलोमविचारेण सोऽहमित्यनुवादिना।।
(जयो०वृ० ३/४)
०प्रकार-शीतिरीतिमपि तच्छ्रुत्वा' (जयो० २/६०)
०विचार-समन्ताद्भद्र विख्याता श्रियो भूराप्तपथरीतिः। (सुद० ८३)
रीतिकरी (वि०) विचार करने वाली। (जयो० १५/३८)
रीतिसृद्धिः (स्त्री०) ०पदरीति। ०शब्द शक्ति।
रीतिज्ञ (वि०) रीति जानने वाला। ०पद्धति विचारक।
रीतिधर (वि०) पित्तलयुक्तं (जयो० ८/६६)
०रीकार सहित। (जयो०वृ० ८/६६)
रु (अक०) बोलना, चिल्लाना, शब्द करना।
०रोना, शोर करना।
रुक् (स्त्री०) रुचि, शोभा, कान्ति। (जयो० ६/७५, ५/८१)
रुक्कर (वि०) रुचिकर। (सुद० ८९)
रुक्म (वि०) [रुच्+मन्] उज्ज्वल, स्वच्छ, धवल।
रुक्मः (पुं०) स्वर्णाभूषण।
रुक्मं (नपुं०) स्वर्ण सोना।
०लोहा।
रुक्मकारकः (पुं०) सुनार।
रुक्मिन् (पुं०) [रुक्म्+इनि] रुक्मिणी का भाई।
रुक्मिणी (स्त्री०) [रुक्मिन्+ङीप्] विदर्भ शासक भीष्मक की पुत्री।
रुक्ष (वि०) रुखा, बालुकामय।
रुक्ष् (अक०) चढ़ना, आरुढ़ होना। (अरुक्षत्) (जयो०८/६०)
रुखं (नपुं०) निर्भय होना। रोर्भयस्य खं शून्य नाशरूपं निर्भयनिवासस्थानं सम्भवति' (जयो० ११/५१) दृग्व्यापार (जयो०वृ० ११/५०) सदृश (सुद० १०२)
रुग् (पुं०) रोगी। (सुद० १०१) रोग (सम्य० ४६)
रुग्ण (भू०क०कृ०) [रुज्+क्त] ०रोगी, ज्वर ग्रस्त, व्याधि पीड़ित।
०व्यथीकृत, वकीकृत।
०क्षतिग्रस्त, टूटा हुआ। 'जो बुखार आदि के वश होकर अपना धन्धा न कर पाए। (हित०सं० ४९) (जयो० १४/८५, जयो० ११/५२)
रुच् (अक०) चकमना, जगमगाना।
०पसंद करना, सुहावना करना।
०प्रसन्न होना।
०रुचना, अच्छा लगना। 'न रोचते चेदमुकास चौरतुजे' (समु० १/१६)
रुच/रुचा (स्त्री०) कान्ति, प्रभा, प्रकाश। (जयो० १०/३)
आपं चैव हलंतानां यथा वाच। निशा दिशा।
०रंग, छवि। इत्युक्ते रुच् शब्दादाप् प्रत्यय। (जयो० २ २/१४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०अभिरुचि, इच्छा। (सुद० १०२)

०शोभना (जयो० १/९३) अच्छा लगना।

रुचक (वि०) रुचिकर, सुखद, आनंदप्रद।

०क्षुधावर्धक।

०चरपरा, तीक्ष्ण।

रुचकः (पुं०) नींबू।

०कबूतर।

रुचकं (नपुं०) दांत।

०हार, माला।

०काला नमक।

रुचात्मन् (वि०) अभिरुचिपूर्ण। (जयो० १४/२९)

रुचामय (वि०) कान्तिमय। (जयो० १०/३)

रुचिः (स्त्री०) [रुच्+कि] कान्ति, प्रकाश आभा, प्रभा। (सुद० १२०)

०उज्ज्वलता।

०छवि, रंग।

०स्वाद, आनंद, अभिरुचि। 'रुच्यां न जातु तमृते सकला समस्या'। (सुद० २६)

०शोभामनुरक्ति (जयो० ४/६०)

०लवलीनता, तल्लीनता। (सुद० ५/३)

०कामना, खुशी। 'फलतीष्टं सतां रुचि।' (सुद० ३/४३)

रुचिकर (वि०) स्वादिष्ट, रोचक। (जयो०वृ०१२/१२८) चमकीला। ०शोभायमान। (समु० ७/१)

रुचिकरी (वि०) इष्टकरी, आनंदायी। (जयो०वृ० ३/६३)

रुचिकारक (वि०) सुरुचिपूर्ण। (जयो० १/९४) (जयो० १/१७) कान्तिपूर्ण। गुणवती। (जयो० ३/६१)

रुचित (वि०) सौंदर्यपूर्ण, अभिरुचि युक्त। (जयो० २/१५५)

रुचिदा (वि०) रुचिकर। (समु० १/१४)

रुचिधुरी (वि०) यशस्वी। (समु० ५/२२)

रुचिभर्तृ (पुं०) सूर्य, दिनकर।

०चन्द्र।

रुचिमल्ल (वि०) शोभा युक्त। (समु० २/१)

रुचिर (वि०) [रुचिं राति ददाति-रुच्+किरच्] मनोज्ञ। (जयो० ६/९४)

०उज्ज्वल, कान्तिमय, रुचिकर।

०मधुर, ललित।

०क्षुधावर्धक, भूख बढ़ाने वाला।

०पुष्टिदायक, बलवर्धक।

रुचिरं (नपुं०) केसर।

रुचिरता (वि०) मधुरता, ललितपना, मनोहरता। 'रुचिरतामिति कोकिकपित्सतां सरसभावभृतां मधुरारवैः' (वीरो० ६/३५)

रुचिरुचिता (स्त्री०) तल्लीनता की विशेषता, अभिरुचि की इच्छा। (सुद० ९१)

रुचिवेदनं (नपुं०) इच्छाज्ञान। (वीरो० ५/३४) ०उचित संवेदन।

रुचिहेतु (पुं०) रुचि का कारण। 'जल इव तृडपहारिणीशे तु स्वादु तेव सासीद्रुचिहेतुः। (जयो० २२/६०)

रोचमान (रुच्+शानच्) प्रिय लगने वाला। (सुद० १२५)

रोचिष्णु (वि०) रुचिकर लगने वाला। (जयो० २७/४०)

रुच्य (वि०) उज्ज्वल, साफ, स्वच्छ, प्रिय, सुंदर, मनोज्ञ।

रुच्यर्थ (वि०) उत्तमता, अच्छा लगने वाला। (सुद० १०२)

रुज् (सक०) नष्ट करना, ध्वंस करना।

०दुःख देना। (जयो० २/७०)

०पीड़ा देना, रोगग्रस्त होना।

रुज्/रुजा (स्त्री०) भंग।

०पीड़ा, संताप, यातना, वेदना। (जयो० ९/६३)

०रोग। (जयो० २/२८)

०अस्वास्थ्यकर। (जयो० ११/४३)

०बाधा, विघ्न। 'शत्रुसम्पत्तीनां मध्ये रुजां प्रजातिः' (जयो० १/५२)

०बीमारी, व्याधि।

०थकावट, श्रम, प्रयत्न, कष्ट।

रुजप्रतिक्रिया (स्त्री०) रोग की चिकित्सा।

रुजभेषजं (नपुं०) औषध।

रुजसद्मन् (नपुं०) विष्ठा, मल।

रुजि (स्त्री०) वेदना, रोग। (सम्य० ५१)

रुण्डः (पुं०) [रुण्ड्+अच्] कबन्ध, धड़, सिर रहित शरीर।

रुतं (नपुं०) [रु+क्त] क्रन्दन विपलन, विलाप। (जयो० ९/२०)

०किलकिलाना, दहाड़ना।

०सूजना, शब्द करना।

रुतज्ञः (पुं०) भविष्यवक्ता, ज्योतिषी।

रुतव्याजः (पुं०) कूट क्रन्दन, स्वांग।

रुद् (अक०) रोना, विलाप करना, क्रंदन करना। (सुद० ३/२६) रौति (जयो० २५/७१) रुदति (जयो० ९/७) (सुद० ४/१०)

०शोक मनाना, आंसू बहाना, दहाड़ना, चिल्लाना।

०फूट फूटकर रोना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रुदनं (नपुं०) [रुद्+ल्युट्] क्रंदन, विलाप, शोक करना। (जयो० ३/२६)

रुदित (वि०) [रुद्+क्त] क्रंदित, विलापित, शोकाकुल हुआ। (सुद० १०९)

रुद्ध (भू०क०कृ०) [रुध्+क्त] अवरुद्ध, बाधा युक्त, रुका हुआ विरोधी।
०घिरा हुआ। (सुद० २/)

रुद (वि०) [रोदिति-रुद्+रक्] भयंकर, भयानक, डरावना, भीषण।

रुद्रः (पुं०) आदि देव, शिव।

रुद्रपक्षः (पुं०) भीषण पक्ष। (जयो० १/२((जयो० १/१५)

रुद्राक्षः (पुं०) रुद्राक्ष नामक वृक्ष।

रुद्राक्षमाला (स्त्री०) रुद्राक्षमा। (जयो० २४/८३)

रुद्राणी (स्त्री०) पार्वती, गौरी। (दयो० १/१६)

रुद्रावासः (पुं०) कैलास पर्वत, हिमालय।
०श्मशान।

रुध् (सक०) अवरुद्ध करना, रोकना, विरोध करना।
०विघ्न डालना, बाधा डालना।
०थामना, संधारण करना।
०बांधना, बन्द करना।
०सीमित करना, घेरना।
०छिपाना, ओझल करना।
०गुप्त करना।
०आज्ञा मानना, स्वीकार करना।
०नियंत्रण करना।

रुधिरं (नपुं०) [रुध्+किरच्] ०लहू, खूंन।
०मंगलग्रह।

रुरुः (पुं०) हरिण। ०मृग।

रुवर्णाभावः (पुं०) 'रु' वर्ण का अभाव। (जयो०वृ० ११/५२)

रुश् (सक०) नष्ट करना, मारना, घायल करना।

रुशत् (रुश्+शत्) घायल करने वाला, चोट पहुंचाने वाला, नष्ट करने वाला।

रुष् (अक०) रुषना, नाराज होना।
०क्षुब्ध होना, रोष करना। (जयो० ७/८२)
०रुष्ट होना, क्रोधित होना। (सुद० १०८)

रुष् (स्त्री०) क्रोध, कोप, गुस्सा, रोष।

रुषा (स्त्री०) क्रोध, कोप, गुस्सा, रोष। (जयो० ३/५)

रुषाङ्कित (वि०) क्रोध से युक्त, रोष सहित। (जयो० २४/२८)

रुषान्वितं (वि०) सरोष, कोप सहित। (जयो० ७/६१)

रुषारुणं (नपुं०) क्रोध से लाल। (जयो० ११/१५)

रुषःस्थली (स्त्री०) कोपवती। (जयो० १७/१०३)

रुष्टा (वि०) क्रोधित हुआ, कुपित हुआ। (जयो० २०/६८)

रुह् (अक०) उगना, फूटना, अंकुरित होना। (सुद० २/३३)
०उपजना, विकसित होना, बढ़ना।
०उठना, उन्नत होना, चाहना। (जयो०वृ० ८/६०)
०स्वस्थ होना।

रुह् (सक०) रखना, उठाना, निदेशित करना, आरोपित करना। नियुक्त करना।

रुह्/रुह (वि०) अंकुरित हुआ, उत्पन्न हुआ।

रुह्वा (स्त्री०) [रुह्+टाप्] दूर्वा, घास, दूबड़ा।

रुक्ष् (वि०) [रुक्ष्+अच्] खुरदरा, रुखा, कठोर।
०कसैला।
०असम, कठिन, कर्कश।
०दूषित, मलिन, मैला।
०क्रूर, निर्दय।
०नीरस, सूखा, शुष्क।

रुक्षणं (नपुं०) [रुक्ष्+ल्युट्] सुखाना, पतला करना।

रुढ (भू०क०कृ०) [रुह्+क्त] ०अंकुरित, उगा हुआ, उपजा हुआ।
०विकसित, वृद्धि को प्राप्त।
०विस्तृत, विकीर्ण, बृहद्।
०स्थूलकाय।
०विदित, ज्ञात।
०व्यापक।
०आरुढ़। (सम्य० १२६)
०शब्द रुढ़।

रुढिः (स्त्री०) [रुह्+क्तिन्] ०परम्परा, प्रथा, रिवाज।
०प्रसिद्धि, ख्याति।
०उगना, उपजना।
०वृद्धि, विकास, वर्धन।
०प्रचलित अर्थ।

रुप् (सक०) गढ़ना, बनाना।
०विचार करना, निश्चित करना।
०ढूंढना, खोजना, अन्वेषण करना।
०परीक्षा करना, अनुसंधान करना।

रुपं (नपुं०) ०आकृति, शक्ल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०रूपता, प्रकार। 'निवृत्तिरूपं चरणं मुदे वा।' (सम्य० १३०) सद्वृत्तिरूपं चरणं श्रुतं च। (सम्य० १२८)
०स्वरूप, वस्तु स्वभाव।
०प्रकार, भेद, जाति।
०प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया।
०सादृश्य समरूपता।
०ध्वनि, शब्द।
०धातुरूप, शब्द रूप।

रुपक: (पुं०) [रूप्+ण्वुल्] रुपया, सिक्का। ०नगर कलदार।

रुपकं (नपुं०) शक्ल, आकृति।
०चिह्न, चेहरा-मोहरा।
०प्रकार, जाति।
०रूपक नाट्य विशेष। 'दृश्यं तत्राभिनेयं तद्रूपारोपात्तु रूपकम्' (साहित्य दर्पण)
०रूपक अलंकार-जिसमें उपमेय को उपमान के ठीक समनुरूप वर्णित किया जाता है।
रूपकं यत्र साधर्म्यादर्थयोरभिदा भवेत्।
समस्तं वा समस्तं वा खण्डं वाखण्डमेव वा।।
(वाग्भटालंकार ४/६४) जहां धर्मसाम्य के कारण उपमेय और उपमान में भेद ही न रह जाय, वहां 'रूपक' अलंकार होता है।
०समासयुक्त।
०समास रहित।
०अपूर्ण और पूर्ण। अपूर्ण को निरङ्ग और पूर्ण को साङ्गरूपक कहते हैं। (वीरो० ५/२५, जयो०वृ० २५/२) हिमालयोल्लासि गुण स एव द्वीपाधिपस्येव धनु र्विशेष:। ०रूपकयुक्तसमाभसोक्ति, रूपकयुक्तापह्नुति। (वीरो० २/५७) (जयो० १४/६९) रूपक श्लोषानुप्राणित (जयो०वृ० ७/६४) वाराशिवंशस्थितिरातिविभाति भो:! पाठका क्षात्रयशोऽनुपाती। (वीरो० २/७) (जयो०वृ० ३/२३, जयो० २१/७५, जयो० २६/६९, ६/१०४, ८/९, ८/३५, ८/४२, ८/५८) संसदीह नियतो नृपासने सोऽजयज्जयनृप: कृपाशाने। दुर्मदाचलभिद: सदा स्वतो धारक: क्षणलसच्चमत्कृत:।। (जयो० ३/१९)

रुपकरणं (नपुं०) रूपोद्योतन। (जयो० ४/६६)

रुपणं (नपुं०) [रूप्+ल्युट्] ०गवेषण, परीक्षा।
०आलंकारिक वर्णन।

रुपता (वि०) स्वरूपता। (सम्य० १४४)

रुपदानं (नपुं०) रुपये का दान।

रुपदात्री (वि०) स्वरूप प्रतिपादन करने वाली।

रुपधुरी (स्त्री०) रूप युक्त। (सुद० १२०)

रुपनिधि: (स्त्री०) सौंदर्य सिन्धु।

रुपमाला (स्त्री०) सौंदर्य परम्परा। (जयो० २२/८६) (जयो० ११/९२) ०रमणीय स्रग।

रुपया (स्त्री०) चमेली।

रुपराशि: (स्त्री०) सौंदर्य समूह। (जयो० ३/६३)

रुपरेखा (स्त्री०) वर्णन प्रक्रिया। (वीरो० १/२९)

रुपवत् (वि०) मनोहर, सुंदर।
०शारीरिक सौंदर्य युक्त।

रुपवती (स्त्री०) सौंदर्यशाली। (जयो० ६/४१)

रुपसम्पदि (स्त्री०) रूप-चेष्टा (जयो० ४/९८) (सुद० १/४१)
०सौंदर्य भाव, ०रमणीयता।

रुपसुधासवित्री (वि०) रूप सुधा को जन्म देने वाली। (जयो० १/६४) ०रूप सौंदर्य।

रुपाचलं (नपुं०) एक पर्वत। (भक्ति० ३६)

रुपाजीवा (स्त्री०) वेश्या। (सुद० ११९)

रुपान्तूपासकाधिप: (पुं०) श्रावक शिरोमणि। (सुद० १३४)

रुपाभृत (वि०) रूप वाला। (सुद० ३/९)

रुपिणी (वि०) मनोहारिणी। (जयो० १०/३८)

रुपी (स्त्री०) रूप, रसादि युक्त।

रुप्य (वि०) [रूप+यत्] सुंदर, ललित।

रुप्यं (नपुं०) चांदी, रुपया।

रुप्यक: (पुं०) नाणक। (जयो० १५/४२) रुपया।

रुष् (सक०) अलंकृत करना, सजाना, विभूषित करना।
०पोतना, चुपड़ना, मण्डित करना, लीपना।

रुषित (भू०क०कृ०) [रुष्+क्त] अलंकृत।
०बिछाया हुआ।
०खुरदरा, सूखा, रूक्ष।

रे (अव्य०) [रा+के] सम्बोधनात्मक अव्यय, अरे, अये, (सुद० ८८) (सुद० १३५) रे सम्बोधने। (जयो० १३/७९)

रेकहा (स्त्री०) भंकाहर, नीचवृत्ति परिहारक। (जयो०वृ०२१/३६)

रे रे: (अव्य०) अरे, अये। (समु० ३/२९) 'रे रे कियज्जल्पसि कोऽसि' (समु० ३/२९)

रेखा (स्त्री०) [लिख्+अच्+टाप् लस्य र:] ०पंक्ति, लकीर, श्रेणी। रेखैकिका नैव लघुर्न गुर्वी लध्व्या: परस्या भवति स्विदुर्वी। (वीरो० १९/५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०चित्रांकन, रेखांकन, आलेखन, विलेखन।
०अंश, भाग।

रेखांकनं (नपुं०) चिह्न। ०प्रतीक, ०रेखा चित्र, ०लेखसंकेत।

रेखाङ्कित (वि०) पंक्तिबद्ध। (जयो० ८/६६)

रेखात्रयं (पुं०) तीन रेखाएं। स्वर्गात् सुरद्रो सलिलान्नलस्य लताप्रतानस्य भुवोऽपकृष्य। सारं किलालङ्कृत एष हस्तो रेखात्रयेणेत्यथवा प्रशस्तः।। (जयो० १/५०)

रेखात्रित्रयं (नपुं०) त्रिसूत्री। (जयो०वृ० ५/५०)

रेखागणितं (नपुं०) ज्यामिति। ०रेखाओं से गणना।

रेखानुबिद्ध (वि०) रेखांकित। (वीरो० ८/३)

रेखापरम्परा (स्त्री०) अंकपाली। (जयो०वृ० २३/२५)

रेखाव्याप्त (वि०) रेखा की व्यापकता युक्त। (जयो०वृ० ६/१०५)

रेचक (वि०) [रेचयति रिच्+णिच्+ण्वुल्] रिक्त करने वाला।

रेचकः (पुं०) श्वसन, श्वांस।

रेचकं (नपुं०) दस्त, विरेचन।

रेचनं (नपुं०) [रिच्+ल्युट्] ०रिक्त करना।
०घटाना।
०श्वास बाहर निकालना, मल बाहर निकालना।

रेचित (वि०) [रिच्+णिच्+क्त] साफ किया गया, विरेचित।
०श्वसित।

रेज् (अक०) सुशोभित होना। (जयो० ३/१०१)

रेणुः (स्त्री०/पुं०) धूल, रजकण, रेतल। धूली, पांशु। (जयो०वृ० १/१०४) (मुनि० २२, जयो० ३/११)
०पराग, पुष्परज।

रेणुका (स्त्री०) परशुराम की माता।

रेणुगत (वि०) पांशुगत।

रेणुभारः (पुं०) धूलि पुञ्ज। (जयो० १३/१०३)

रेतस् (नपुं०) वीर्य, धातु। (सुद० १००)

रेप (वि०) ०तिरस्करणीय, ०नीच, अधम, निम्न।

रेपः (पुं०) क्रूर, निष्ठुर।

रेफ (वि०) [रिफ+अच्] निम्न, अधम।
०निन्दित। रेको निन्दितो' (जयो०वृ० २४/१३९)
०मञ्जुल (जयो० २४/१४१) भयंकर। (जयो० ७/२५)

रेफः (पुं०) 'र' वर्ण।
रेफो 'र' वर्ण पुंस्येवकुत्सिते,
त्वभिधेयवत् इति विश्वलोचनः।
(जयो०वृ० २४/१४१)

रेवटः (पुं०) [रेव+अटच्] सूकर, सूअर, बांस की छड़ी।
०बवंडर।

रेवतः (पुं०) [रेव+अतच्] नींबू वृक्ष।

रेवती (स्त्री०) नक्षत्र विशेष।

रेवा (स्त्री०) रेवा नदी, नर्मदा नदी।
०रति, रुचि। रेवा नीली स्मरस्त्रियो इति विश्वलोचनाः (जयो० २७/७)

रेवारसः (पुं०) आनन्द रस। 'रेवाया रते रस आनन्दः' (जयो० २/१२३)

रेष् (अक०) दहाड़ना, चिल्लाना।

रेषणं (नपुं०) [रेष्+ल्युट्] दहाड़ना, चिल्लाना।

रै (पुं०) [रातेः डैः] धन, सम्पत्ति, वैभव।

रैवतः (पुं०) [रेवत्या अदूरो देशः] रैवतक पर्वत।

रैवतकः (पुं०) रैवतकगिरि।

रोकं (नपुं०) [रु+कन्] ०छिद्र।
०नाव, नौका, जहाज।
०निःसंकोच-'रोकस्तु रोचिषी'ति विश्वलोचन' (जयो०वृ० १/८४)

रोकारः (पुं०) रोज, प्रतिदिन। (जयो० १७/११७)

रोगः (पुं०) [रुज्+घञ्] रोग, व्याधि, पीड़ा, कष्ट।
०नरकादि दुःख, संयुतोऽपि समञ्जसि भोगानात्मनाऽनुभवितुं किल रोगान्। (समु० ५/३)
०रहस्य (सुद० १०७)

रोगंकरी (वि०) रोग युक्त, व्याधि वाला। (वीरो० १७/४)

रोगगत (वि०) दुःख से प्राप्त हुआ।

रोगग्रस्त (वि०) दुःख से पीड़ित।

रोगस्थानं (नपुं०) व्याधि से पीड़ित।

रोगहर (वि०) पीड़ा नाशक।

रोगहारिन् (वि०) चिकित्सा विषयक।

रोगिणी (स्त्री०) रोगग्रस्त स्त्री। (जयो० १६/१८)

रोगी (वि०) रोगग्रस्त व्यक्ति।

रोचक (वि०) [रुच्+ण्वुल्] ०रुचिकर, रंजक, सुखद। (जयो० १२/१२८)
०भूख बढ़ाने वाला, उत्तेजक। क्षुधोत्तेजक।

रोचकं (नपुं०) भूख।

रोचनं (नपुं०) सुंदर, प्रिय, इष्ट।
०लाल कमल, रक्तकमल। कूटशाल्मलीवृक्ष। रोचनो रक्तकहलारेकूट शाल्मलि-शाखिनि इतिवि (जयो० २१/८६)
०उज्ज्वल, आकाश, अन्तरिक्ष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रोचना (स्त्री०) [रोचन+टाप्] ०सुंदर स्त्री।
०रुचिकरी। (जयो० ३/६३)
०उज्ज्वल आकाश, स्वच्छ अन्तरिक्ष।

रोचनकारक (वि०) रुचिकर। (जयो० १/२०) (सुद० १२७)

रोचमान (वि०) [रुच्+शानच्] उज्ज्वल, स्वच्छ, साफ।
०कान्तिमान, प्रभावान्।

रोचित (वि०) रुचिकर, प्रिय।

रोचिष्णु (वि०) [रुच्+इष्णुच्] चमकीला, उज्ज्वल, चमकदार। देदीप्यमान।
०प्रफुल्लवदन।
०क्षुधावर्धक।

रोचिस् (नपुं०) [रुचेः इसिः] प्रकाश, आभा, कान्ति, प्रभा।

रोदनं (नपुं०) [रुद्+ल्युट्] रोना, (जयो० १/११) क्रंदन करना। (जयो० १४/६१, दयो० १६)

रोदस् (नपुं०) [रुद्+असुन्] आकाश और पृथ्वी।

रोदित (वि०) कलकलकरण। (जयो० १८/४५)

रोधः (पुं०) [रुध्+घञ्] अवरोध, गतिरोध, बाधा, विघ्न। (मुनि० ३)
०दबाना, प्रतिबन्ध लगाना, पकड़ना, रोकना। (सुद०९२)
०बन्द करना, घेरना।

रोधनः (पुं०) [रुध्+घञ्] बुधग्रह।

रोधनं (नपुं०) [रुध्+ल्युट्] रोकना, ठहराना।
०निरोध, अवरोध, गतिरोध, नियंत्रण, बाधा।

रोधकरणं (नपुं०) निरोध करना, रोकना। (सुद० ९२)

रोधवशः (पुं०) रोध का कारण, अवरोधवश। (सुद० १३३) गतिरोधवशेनासावेतस्योपरि रोषणा। (सुद० १३३)

रोधस् (नपुं०) [रुध्+असुन्] ०बांध, पुल, तटबन्ध।
०किनारा, ऊंचा गतिरोध।

रोध्रः (पुं०) [रुध्+रन्] लोध्रवृक्ष।

रोध्रं (नपुं०) पाप, अपराध, क्षति।

रोपः (पुं०) उगाना, बौना, रोपना।
०पौध लगाना।
०छिद्र, गह्वर।

रोपणं (नपुं०) ०रोपना, उगाना।
०जमाना, उठाना।
०पौध लगाना।

रोमकः (पुं०) रोम नामक नगर।

रोमकूपः (पुं०) चमड़ी के ऊपर छिद्र।

रोमकेशरं (नपुं०) चंवर, मुरछल।

रोमगर्तः (पुं०) रोम छिद्र।

रोमन् (नपुं०) रोम, शरीर के छोटे-छोटे बाल।

रोमन्थः (पुं०) जुगाली, चर्वण।

रोमपङ्क्तिः (स्त्री०) लोमाली। (जयो० १६/८२)

रोमपुलकः (पुं०) हर्षातिरेक, रोंगटे खड़ा होना।

रोमभार (पुं०) रोमाञ्चपन। (वीरो० १२/४५)

रोमभूमिः (स्त्री०) बालों का स्थान।

रोमरन्ध्रं (नपुं०) रोमकूप।

रोमराजिः (स्त्री०) रोमावली। ०रोम समूह।

रोमलता (स्त्री०) रोम समूह।

रोमविकारः (पुं०) पुलक, रोमाञ्च।

रोमविक्रिया (स्त्री०) पुलक, रोमाञ्च।

रोमविभेदः (पुं०) पुलक, रोमाञ्च, हर्ष।

रोमहर्षः (पुं०) रोमों का खड़ा होना।

रोमहर्षणः (पुं०) बहेडा, विभीतक। (जयो० २१/३५)

रोमाङ्कः (पुं०) ०रोम चिह्न।

रोमाणी (वि०) रोमाञ्चित, हर्षित। (वीरो० १५/१४)

रोमाञ्चः (पुं०) हर्ष, खुशी, पुलक, आनंद। (जयो० ३/८३) 'सूचीव रोमाञ्चततीप्यहो सकृत्' (वीरो० ९/२०)
०अञ्चन (जयो०वृ० ३/३४)

रोमाञ्चकारिणी (वि०) रोमाञ्च को उत्पन्न करने वाली, आनन्दकारिणी। 'यत्कथा खलु धीराणामपि रोमाञ्चकारिणी।

रोमाञ्चनं (नपुं०) आनंद, खुशी, पुलकभाव। (जयो० २२/२१)

रोमाञ्चनतः (वि०) रोमाञ्चकारी। (सुद० ७९)

रोमाञ्चभर (वि०) हर्ष से परिपूर्ण, आनन्द युक्त। (जयो०१८/८)

रोमाञ्चित (वि०) हर्षित, अंकुरित। (जयो० ३/९३) पुलकित उत्कण्ठित। (जयो०वृ० १/८९)

रोमावली (स्त्री०) रोमपंक्ति, रोमराजि। (वीरो० ३/२१)

रोमोद्गम (वि०) परिपुष्ट। (जयो०वृ० १०/६०)

रोरुदा (स्त्री०) [रुद्+यङ्+अ+टाप्] प्रचण्डक्रंदन, अत्यन्त विलाप।

रोलम्बः (पुं०) [रो+लम्ब्+अच्] भौंरा, भ्रमर।

रोलम्बकुलः (पुं०) षट्पद समूह, भ्रमरसमूह। रोलम्बः षट्पदो भृङ्गश्चञ्चरीकोऽलिरित्यापि' इति कोष (जयो० १४/६४)

रोषः (पुं०) [रुष्+घञ्] कोप, क्रोध, गुस्सा। (सुद० २/४७) जनेषु वा रोषमितेऽपि भूपे। (सुद० १०७) क्रोधनस्य पुंसूक्तीव्रपरिपणामो रोषः। (नि०स०वृ० ६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०उपसर्ग (सुद० १३३) गतिरोधवशेनासावेतस्योपरि रोषणा। (सुद० १३३)

०तमस्। (जयो०वृ० ४/२५)

०द्वेष। भूरागस्य न वा रोषस्य न, शान्तिमयी सहजा वा। (सुद० ७४)

रोषकर (वि०) गुस्सा करने वाला।

रोषकारक (वि०) कोप को बढ़ाने वाला।

रोषगत (वि०) उपसर्ग को प्राप्त।

रोषगात्र (वि०) कुपित शरीर वाला।

रोषजन्य (वि०) क्रोधजन्य।

रोषताप (वि०) क्रोध से पीड़ित।

रोषभावः (पुं०) क्रोध भाव।

रोषशील (वि०) द्वेष शील।

रोषहर (वि०) क्रोध को जीतने वाला।

रोषाग्नि (स्त्री०) क्रोध रूपी अग्नि।

रोषारूणं (नपुं०) प्रभातिकमरूणिमा, प्रातःकालीन लालिमा। (जयो० १८/३६)

०कोपासण, क्रोध से तमतमाया हुआ। (जयो० १३/१०७)

रोहः (पुं०) [रुह्+अच्] गहराई, ऊंचाई।

०बुद्धि विकास।

०कली, बौर, अंकुर।

रोहणः (पुं०) [रुह्+ल्युट्] एक पर्वत नाम।

रोहणं (नपुं०) आरोहण, सवार होना।

रोहणद्रुमः (पुं०) चन्दन तरु।

रोहन्तः (पुं०) वृक्ष।

रोहन्ती (स्त्री०) लता।

रोहिः (पुं०) [रुह+इनि] हरिण।

०धर्मात्मा व्यक्ति।

०वृक्ष।

०बीज।

रोहिणी (स्त्री०) [रुह्+इनन्+ङीष्] ०लाल रंग की गाय।

०नक्षत्र विशेष, चतुर्थ नक्षत्र।

०एक प्रसिद्ध रानी।

०बलराम की मातुश्री।

रोहिणीपतिः (पुं०) चन्द्र।

रोहिणीप्रियः (पुं०) चन्द्र।

रोहिणीरमणः (पुं०) चन्द्र।

रोहित (वि०) लाल रंग।

रोहितः (पुं०) लोमड़ी, रोहित मछली। (दयो० १४)

रोहितं (नपुं०) ०रुधिर।

०केसर।

रोहिताश्वः (पुं०) अग्नि, आग।

रोहिषः (पुं०) [रुह्+इषन्] रोहित मछली।

रौक्ष्यं (नपुं०) [रुक्ष्+ष्यन्] कठोरता, रुखापन।

०कर्कशता, क्रूरता।

रौद्र (वि०) चिड़चिड़ा, गुस्से वाला।

०भीषण, बर्बर, भयानक।

रौद्रं (नपुं०) जोश, उमंग, क्रूर, कोप। रुद्रः क्रूराशयः तस्य कर्म तत्र भवं वा रौद्रम्।

०निरन्तर प्राणवधादिक चिन्तन।

०भीम, भयानक। 'रुद्राशयभवं भीममपि' रोदयते प्राणिन इति रुद्रो हिंस्त्रो रुद्रेभवं रौद्रम्' (जैन०ल० ९६४)

रौद्रध्यानं (नपुं०) रुद्र परिणामों से युक्त ध्यान। (समु० ४/३७) क्रूरमनुष्य का ध्यान।

अन्येषां हतये मृषोक्तिकृत्ये चौर्यप्रयोगाय वा,
वित्ताद्यर्जन हेतवे च य इमे चित्तानुरक्तिस्तवाः। (मुनि० २१)

०मानसिक अनुराग। (समु० ८/३६) हिंसानंदी, मृषानन्दी, मौर्यानन्दी और परिग्रहानन्दी ये चार मनुष्य के क्रूरभाव है, इनका चिन्तन रौद्रध्यान है। (मुनि० २१)

रौद्रपरिणामः (पुं०) रौद्रभाव। (समु० ४/३७)

रौद्रमानसः (नपुं०) रौद्रध्यान। (समु० ५/३४)

रौप्य (वि०) चांदी से संबंधित, चांदी से निर्मित।

रौरवः (पुं०) बर्बर, कठोर, दुःखपूर्ण। नरक विशेष। (वीरो० ११/१९) (समु० १/३४)

रौरव (वि०) [रुरु+अण्] मृग की खाल से निर्मित।

रौरवनरकः (पुं०) रौरव नामक नरक। (वीरो० ११/१९)

रौहिणः (पुं०) चंदन तरु, वटवृक्ष।

रौहिणेयः (पुं०) बछड़ा, वत्स।

०बुध ग्रह।

रौहिणेयं (नपुं०) पन्ना, मरकतमणि।

रौहिष् (पुं०) हरिण।

रौहिषः (पुं०) हरिण।

रौहिषं (नपुं०) तृण विशेष।

ल

लः (पुं०) अन्तःस्थ वर्ण इसका उच्चारण स्थान दन्त्य है। (दयो० १४/८४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लः (पुं०) इन्द्र।
०ह्रस्वमात्रा।
लक् (सक०) स्वाद लेना, चखना।
०ग्रहण करना, प्राप्त करना।
लकः (पुं०) [लक्+अच्] मस्तक, सिर।
लकचः (पुं०) बडहर तरु।
लकुचाञ्चित (वि०) लीची वृक्ष से युक्त। (वीरो० ७/२५)
लकुटः (पुं०) [लक्+उटन्] मुद्गर, सोंटा, दण्ड।
लक्तकः (पुं०) लाख, महावर।
०चिथड़ा, लत्ता, जीर्ण वस्त्र।
लक्तिका (स्त्री०) [लक्तक+टाप्] छिपकली।
लक्ष् (सक०) प्रत्यक्ष करना, जानना, समझना।
०अवलोकन करना, देखना।
०निरंतर, परखना, ज्ञात करना।
०अंकित करना, चिह्नित करना।
०प्रकट करना, मनोनीत करना।
लक्षं (नपुं०) [लक्ष्+अच्] सौ हजार, लाख। (समु० २/२०)
०चिह्न, संकेत, निशान।
०छद्मवेश।
लक्षक (वि०) [लक्ष्+ण्वुल्] गौण रूप से अभिव्यक्त करने वाला।
लक्षकं (नपुं०) लाख।
लक्षणं (नपुं०) विवक्षित वस्तु की भिन्नता का बोध। परस्परव्यतिकरे सति येनान्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्। (त०वा० २/८)
लक्षणं (नपुं०) [लक्ष्यतेऽनेन लक्ष करणे ल्युट्] चिह्न-'सुभृते शुभलक्षणं सुतम्' (सुद० ३/१)
०विशेषता, खूबी, आकृति। (जयो० ६/१३) शरदं भुवि वर्षणात् पुनःक्षणवल्लक्षणमेत्य वस्तुनः। (सुद० ३/३२)
०स्वरूप, परिभाषा, यथार्थ वर्णन। 'तस्मात् सम्यक्त्वमेकं स्यादर्थात्तल्लक्षण। दपि' (सम्य० १२२)
०बोधक चिह्न, संकेत, निशान। (सम्य० ८४)
०नाम, पद, स्थान, अभिधान।
०कारण, हेतु।
०चिह्न। (जयो० १/५३) (जयो० २/६)
०बहाना।
लक्षणहीन (वि०) विलक्षण। (जयो०वृ० ६/५४) ०संकेत रहित।

लक्षणा (स्त्री०) उद्देश्य, ध्येय।
०शब्द का परोक्षप्रयोग।
०गौण सार्थकता।
०शब्द की एक शक्ति। मुख्यार्थ बाधे तद्योगे रुढितोऽथप्रयोजनात् अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत्सा लक्षणारोपित क्रिया:।। (काव्य ५)
लक्षणान्वित (वि०) शुभलक्षणों से युक्त।
लक्षणान्विति (स्त्री०) शुभ लक्षण की प्रतीति। सदनेक-सुलक्षणान्वितितनयेनाथ, लसत्तमस्थितिः। (वीरो० ६/४०)
लक्षण्य (वि०) [लक्षण+यत्] शुभ लक्षण वाला।
लक्षशस् (अव्य०) [लक्ष+शस्] लाख लाख संख्या में, बड़ी संख्या में।
लक्षाधिपः (पुं०) लखपति। (सम्य० १००)
लक्षित (भू०क०कृ०) [लक्ष्+क्त] ०अवलोकित, दर्शित।
०चिह्नित, अंकित।
०उद्दिष्ट, परिभाषित।
०परीक्षित।
लक्षीकृत् (वि०) प्रत्यक्षीकृत, परीक्षित। (दयो० ६०)
लक्ष्मण (वि०) शुभ लक्षण युक्त, सौभाग्यशाली, समृद्धिशाली।
लक्ष्मणः (पुं०) राम का अनुज लक्ष्मण, दशरथ पुत्र, सुमित्रा तनुज। (समु० ४/१०) (सम्य० ६५)
०एक औषधि। (जयो०वृ० १३/५९)
०सारस।
लक्ष्मणा (स्त्री०) हंसिनी।
लक्ष्मन् (पुं०) [लक्ष्+मनिन्] चिह्न, निशान, विशेषता।
०अंकन, परिलक्षण।
०सारस पक्षी।
लक्ष्माधर्म (वि०) अधर्म के स्वरूप वाला। (सुद० ४/१२)
लक्ष्मीः (स्त्री०) [लक्ष्+ई, मुट्+च] ०विष्णु पत्नी। (सुद० २/११ हरि रामा (जयो०वृ० १४/८८) 'तयोरेका सुता लक्ष्मीरिवाभूदब्धिवेलयोः' (दयो० १/१७)
०सौभाग्यवती, समृद्धि, धनदेवी, (जयो० ७) सौभाग्य।
०श्री। (जयो०वृ० १२/१३)
०इन्दिरा। (जयो०वृ० ५/८७)
०मोती।
०हल्दी।
०प्रियता, लावण्य, सौंदर्य।
०दानस्वभावी, त्यागलक्षणा। 'लक्ष्मीति शब्दस्य प्रथमैकवचने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सम्प्राप्तस्य विसर्गाभावस्य लोपो न भवति, यथा नद्यादिशब्दस्य भवति' (जयो० १३/३५)

लक्ष्मीक्षः (पुं०) विष्णु।

०आम्र तरु। ०अहकार।

०भाग्यशाली व्यक्ति।

लक्ष्मीकान्तः (पुं०) ०विष्णु। ०नृप।

लक्ष्मीगत (वि०) धनकोष प्राप्त।

लक्ष्मीगृहं (नपुं०) रक्त कमल, पद्म।

लक्ष्मीनाथः (पुं०) विष्णु।

लक्ष्मीनिवासः (पुं०) धनदेवी का वास। (जयो० ६/१२९) (जयो० १/४९)

लक्ष्मीपतिः (पुं०) विष्णु।

०सुपारी का पेड़।

लक्ष्मीपुत्रः (पुं०) कामदेव, धनिक, धनवान्।

लक्ष्मीपुष्पः (पुं०) लाल।

लक्ष्मीपूजनं (नपुं०) धन की पूजा। ०लक्ष्मी अर्चना।

लक्ष्मीपूजा (स्त्री०) लक्ष्मी अर्चना।

लक्ष्मीफलः (पुं०) बिल्व तरु।

लक्ष्मीमति (स्त्री०) सेनापति गङ्गराज की पत्नी। (वीरो० १५/५०)

लक्ष्मीरमणः (पुं०) विष्णु।

लक्ष्मीवसति (स्त्री०) लक्ष्मी का निकास, पद्म निवास।

लक्ष्मीवारः (पुं०) बृहस्पतिवार।

लक्ष्मीवेष्टः (पुं०) तारपीन।

लक्ष्मीसहजः (पुं०) चन्द्र।

लक्ष्य (सं०कृ०) [लक्ष्+ण्यत्] ०दृश्य, पश्य, देखने योग्य।

०ज्ञातव्य, प्राप्त।

०चिह्नित, अंकित।

०संकेतित, अभिज्ञेय।

लक्ष्यं (नपुं०) उद्देश्य, चिह्न, निशाना। (सुद० १३५)

लक्ष्यक्रम (वि०) प्रत्यक्षज्ञेय।

लक्ष्यभेदः (पुं०) निशाना लगाना। ०उद्देश्य पूर्ति।

लक्ष्यवलना (स्त्री०) शरण्य परम्परा, बाणों का लक्ष्य। (जयो०१४/३१)

लक्ष्यसुप्त (वि०) उद्देश्यविहीन सोया हुआ, असत्य सोया हुआ। ०निद्रा की भूमिका वाला।

लग् (अक०) लग जाना, चिपकना, मिलना, सम्मिलित होना। लगतु (सुद ५/३)

०लगना, प्राप्त होना। (जयो० १०/२३)

लगड (वि०) प्रिय, रमणीय, मनोहर।

लगवर्णं (नपुं०) व्यञ्जन। (जयो०वृ० २८/३४)

लगदलि (पुं०) भ्रमर, भौंरा। (वीरो० ६/३८)

लगित (भू०क०कृ०) [लग+क्त] संबद्ध, अनुसक्त, प्राप्त, उपलब्ध।

लगुडः (पुं०) मुद्गर, लाठी, लकड़ी। (दयो० ९७) (समु० २/३१) दण्ड, डण्डा। (जयो० २५/४४)

लग्न (भू०क०कृ०) [लग्+क्त] जड़ा हुआ, चिपका हुआ।

०अनुषक्त, संबद्ध। (सम्य० ९०)

लग्नः (पुं०) भाट, चारण।

लग्नं (नपुं०) संपर्क बिन्दु, शुभ दिन का मुहूर्त। (सम्य० ९०)

लग्नकुण्डलकः (पुं०) लग्नस्थान। (जयो०वृ० १७/५६)

लग्नदिनः (नपुं०) शुभदिन।

लग्ननक्षत्रं (नपुं०) शुभनक्षत्र।

लग्नभृंगवत् (वि०) भृंगचिह्न युक्त। (सुद० ३/१६)

लग्नमण्डलं (नपुं०) राशिचक्र।

लग्नमासः (पुं०) शुभ महीना।

लग्नविधि (वि०) शुभविधि। (दयो० ६९) ०मंगल प्रसंग।

लग्नशुद्धिः (स्त्री०) मंगल प्रसंग।

लग्निका (स्त्री०) [लग्न+कन्+टाप्] लग्नक्रिया।

लघिमन् (पुं०) [लघु+इमनिच्] ०हलकापन।

०कम करना, घटाना, धीमा करना, न्यून करना।

०तिरस्कार करना, घृणा करना।

०लघुता, नगण्यता।

लघिमा (स्त्री०) लघुता, स्वल्पीभाव। (जयो० ४/६१) एक ऋद्धि विशेष, जिस ऋद्धि से वायु के समान अतिशय लघु शरीर किया जा सके। 'वायोरपि लघुतरशरीरता लघिमा' (त०वा० ३/३६)

लघिष्ठ (वि०) [अयमेषामतिशयेन-लघु+इष्ठन्] हलके से हलका, बहु लघु।

लघीयस् (वि०) [अयमनयो अतिशयेन लघुः ईयमुन्] अत्यन्त हलका, बहुत हलका।

लघु (वि०) हल्का, अल्प।

०न्यून, तुच्छ, कम।

०ह्रस्व, संक्षिप्त, सामासिक।

०क्षुद्र, तृणप्राय, नगण्य, महत्त्वहीन।

०नीच, अधम।

०अशक्त, दुर्बल, ओछा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०चुस्त, फुर्तीला, चपल।
०प्रिय, मनोहर, सुंदर, रमणीय।
लघुकाय (वि०) हलके शरीर वाला।
लघुक्रम (वि०) जल्दी चलने वाला।
लघुखट्विका (स्त्री०) खटोला।
लघुगोधूमः (पुं०) छोटी जाति का गेहूं।
लघुचित्त (वि०) हलके मन वाला।
लघुचेतस् (वि०) हलके चित्त वाला।
लघुजङ्गलः (पुं०) लवा पक्षी।
लघुता/लघुत्व (वि०) हलकापन, लाघव। (जयो० २०/६३) अल्पत्व (जयो० २०/८१) (वीरो० २२/३२)
ममाऽमृदुगुरङ्कोऽयं सोमत्वादतिवर्त्यपि।
विकासयतु पूषेव मनोऽम्भोजं मनस्विनाम्।।
(वीरो०२२/३२)
०नगण्यता, महत्त्वहीनता, तिरस्कार।
०अपमान, निरादर।
०संक्षेप, संक्षिप्तता।
०सुगमता, सुविधा।
०निरर्थकता, स्वेच्छाचारिता।
लघ्वी (स्त्री०) [लघु+ङीष्] हलकी, अल्प, लघुतरा।
०कोमलांगी स्त्री।
लङ्का (स्त्री०) लंका, रावण की राजधानी।
लङ्कार्थ (वि०) व्यभिचारिणीनार्थ। (वीरो०)
लङ्काधिपः (पुं०) रावण।
लङ्काधीशः (पुं०) रावण। (सुद० ८८)
लङ्कापति (देखो ऊपर)।
लङ्घनी (स्त्री०) लगाम की बल्गा।
लङ्गः (पुं०) लंगड़ापन।
लङ्गूलं (नपुं०) लांगूल जंगली पशु।
लङ्घ (अक०) उछलना, मूदना, छलांग लगाना। (जयो०१/७३)
०चढ़ना, सवारी करना।
०आक्रमण करना, झपट्टा मारना।
०उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना।
०उपवास करना।
०अवज्ञा करना।
लङ्घनं (नपुं०) उपवास, संयम। ०अनशन, तप का भेद। (जयो० २९/१०)
०छलांग, उछाल, कूदना।
०चढ़ना, उठना।
०हानि, अपमान।
०अनिष्ठ, क्षति।
लङ्घनाशय (वि०) मार्गातिक्रम। (जयो०वृ० ३/१५) उल्लंघन का अभिप्राय।
लङ्घित (भू०क०कृ०) [लङ्घ्+क्त] ०उपवासित।
०अवज्ञात।
०अपमानित, अनाहत।
०उल्लंघन किया गया।
०पार किया गया।
लङ्घितवती (वि०) अतिक्रमावती (जयो० २२/१०)
लछ् (सक०) चिह्न लगाना, देखना।
लज् (सक०) छिपाना, ढकना।
लज्ज् (अक०) लज्जित होना, कलंकित होना, शर्मिंदा होना। (जयो०वृ० ६/१२०) 'कामो न तु लज्जेति' (जयो०वृ० ६/१२०)
लज्जा (स्त्री०) [लज्ज्+अ+टाप्] शर्म, त्रपा। (जयो० ६/४८)
०लज्जा नामक स्त्री (जयो० १७/२०)
०शर्मीलापन, शर्मिंदगी।
०छुईमुई का पौधा।
लज्जाकर (वि०) शर्म को प्राप्त हुआ।
लज्जाधर (वि०) विनय धारक।
लज्जायवती (स्त्री०) लज्जाशीला। (जयो० १७/९२)
लज्जालु (वि०) विनयशील, शर्मीला। लजाया हुआ।
लज्जालुता (वि०) ह्रीणता, लज्जायुक्त हुआ। (जयो०वृ० १७/२८)
लज्जालुभावः (पुं०) अपत्रपा। (जयो० २४/२३)
लज्जाविहीन (वि०) लज्जारहित, विनयहीन। (जयो० १७/२०)
लज्जासरि (स्त्री०) त्रपापगा। (जयो० १७/७४)
लज्जास्पदः (पुं०) लज्जायुक्त। (सुद० ८७)
लज्जित (भू०क०कृ०) [लज्ज्+क्त] ०विनयशील, शर्मीला।
०लजाया हुआ, शर्मिंदा।
लञ्ज् (सक०) कलंक लगान, निन्दा करना।
०भूनना, तलना।
०मारना, नष्ट करना।
०कहना।
०प्रहार करना।
लञ्जः (पुं०) [लञ्ज+अच्] पांव, पैर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०पूंछ।

०कच्छा, धोती की लांग।

लञ्जा (स्त्री०) [लञ्ज+टाप्] ०कच्छा। (जयो० ७/४३)

०धार।

०व्यभिचारिणी स्त्री।

०लक्ष्मी।

०निन्द्रा।

लञ्जिका (स्त्री०) [लञ्ज+ण्वुल्+टाप्] ०रण्डी, वेश्या। (जयो० १३/४०)

लट् (अक०) तुतलाना, क्रंदन करना, रोना।

लटः (पुं०) [लट्+अच्] मूर्ख, बुद्धु।

०त्रुटि, दोष।

०लुटेरा।

लटकः (पुं०) [लट्+क्वुन्] ०ठग, धूर्त, छली।

लटभ (वि०) सुंदर स्त्री, तरुणी।

०लावण्यमय, मनोहर, प्रिय।

लट्टः (पुं०) दुष्ट, बदमाश।

लट्वः (पुं०) [लटेः क्वन्] घोड़ा, अश्व।

०नट।

०अलक।

०गैरेया।

लड् (अक०) खेलना, क्रीड़ा करना।

लड् (सक०) फेंकना, उछालना।

०कलंक लगाना।

०जीभ लपलपाना, दुलारना, पुचकारना, सताना।

लड्डुः (पुं०) लड्डू, मोदक। (जयो० ६/१२१) (जयो० ४/५१)

लड्डुकः (पुं०) देखो ऊपर।

लड्डुकं (नपुं०) मोदकानि लड्डुकानि च। (दयो० ९५, जयो०वृ० ४/५) (जयो०वृ० १२/११३)

लड्डुभक्तिः (स्त्री०) मोदक भक्षण। (जयो० २६/३८)

लण्ड् (सक०) ऊपर उछालना, फेंकना।

लण्डं (नपुं०) [लण्ड्+घञ्] विष्ठा, मल।

लण्ड्रः (पुं०) लंदन।

लता (स्त्री०) [लत+अच्+टाप्] ०बल्ली, बेल, वल्लरी। (जयो० १/९१) (सुद० ८१) 'जयस्य वाग्वाण्येव वल्लरी लता पल्लविता' (जयो०वृ० १/९)

०नवपल्लव युक्त वल्लरी। नवपल्लवतो यथा लता शुशुभे साऽऽशु शुभेन वा सता। (वीरो० ६/३९)

लतागृहं (नपुं०) लतामण्डप, लताकुंज।

लताग्रदुःस्थाङ्घ्रिता (वि०) लता पर चढ़ी हुई। लताग्रे दुष्टतया तिष्ठति स दुःस्थ स चासावंघ्रिःतया' (जयो०वृ० १४/२७)

लताङ्गी (स्त्री०) लता से समान सुकुमार अंगो वाली। (जयो० २१/७८)

लताजिह्वः (पुं०) सर्प, सांप।

लतातरु (पुं०) साल वृक्ष, नांरगी का पेड़।

लतापनसः (पुं०) तरबूज।

लताप्रतानं (नपुं०) लतातन्तु, लताविस्तार। (जयो० १/५०)

०वल्लरी संलग्न। (वीरो० ९/४२)

०लता झुरमुट-'लतानां प्रताने गता' (जयो० १४/२५)

लताभवनं (नपुं०) लताकुंज।

लतामणिः (स्त्री०) मूंगा।

लतामण्डपः (पुं०) लताकुंज, लतागृह। ०लताभवन, ०शीतगृह।

लतामय (वि०) अंकुर।

लतावलयं (नपुं०) लता सहित। (सुद० २/२५)

लतामृगः (पुं०) वानर, बन्दर।

लतायावकं (नपुं०) लतागृह, लताकुंज।

लतावृक्षः (पुं०) नारियल का पेड़।

लतावेष्टः (पुं०) रतिबंध, संभोग का एक प्रकार।

लतावेष्टनं (नपुं०) आलिंगन, संभोगजनक स्थिति।

लतासदनं (नपुं०) लताकुंज।

लति (स्त्री०) आश्रय। (सुद० ७९)

लतिका (स्त्री०) [लता+कन्+टाप्] छोटी लता, बेल, वल्लरी।

०मोतियों की लड़ी।

लत्तिका (स्त्री०) छिपकली।

लप् (नपुं०) बोलना, वार्तालाप करना, कानाफूंसी करना।

०दिखलाना, बतलाना। (सुद० १३६)

०दुहराना, बार-बार बोलना।

०मुकरना, मेंटना, झूठ बोल जाना।

लपनं (नपुं०) [लप्+ल्युट्] बोलना, कथन, प्रतिपादन, वार्ता।

०मुख। (जयो० १३/५, १३/४०)

लपनोमानं (वि०) सुख साधन। (सुद० १/२४)

लपित (भू०क०कृ०) [लप्+क्त] कहा हुआ, बोला हुआ।

लब्ध (भू०क०कृ०) [लभ्+क्त] ०प्राप्त किया, ग्रहण किया।

०उपलब्ध किया, स्वीकार किया।

०ज्ञान प्राप्त किया।

०अवशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लब्धघात (वि०) प्राप्तघात। (जयो० ८/२९)

लब्धफलं (नपुं०) प्राप्त फल। (जयो० ३/९१)

लब्धबाहु (वि०) अनावश्यक। (वीरो० २२/२२)

लब्धविषय (वि०) विषय को प्राप्त। (जयो० २/२)

लब्धिः (स्त्री०) जीव समागम, ऋद्धि प्राप्ति, प्राप्ति, शक्ति आश्रय। (वीरो०) एका दुरितस्य तादृक् क्षयोपशान्तिः लब्धि अस्ति।
०अर्थग्रहण शक्ति। (सम्य० ४२)
०क्षपोपशमविशेष लब्धि।
०लम्भनं लब्धि अभिग्रहण, प्राप्ति।
०तप विशेष से प्राप्त ऋद्धि।

लब्धिस्थानं (नपुं०) समस्त चारित्रस्थान की प्राप्ति 'सव्वाणि चेव चरित्तट्ठाणानि लद्धिट्ठणाणि' (कसाय पा० ६७२)

लब्धिं (नपुं०) प्राप्त, अवाप्त, उपलब्ध।

लब्ध्वा (सं०) प्राप्त कर, पहुंचकर। (सम्य० ४३)

लभ् (सक०) ०प्राप्त करना, ग्रहण करना। लभ्यनिष्ठति प्रातव्यवस्तु, अलब्धवान्। (सुद० १०१)
०अधिकार करना, स्वीकार करना। (सुद० १३३)
०जानना, सीखना।
०उपलब्ध करना, अवाप्त करना। (समु० ८/१६)
०समझना, प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना। (सम्य० ८९)
०पहुंचना, (सम्य० ४३) 'लब्धा पदं तट्टति किञ्चशस्यैः' (वीरो० ५/८)

लभनं (नपुं०) [लभ्+ल्युट्] प्राप्त करना, ग्रहण, अवाप्त स्वीकार।
०जानना, सीखना।
०पहुंचना।

लभसः (पुं०) धन, वैभव, सम्पत्ति।

लभसं (नपुं०) घोड़े की रस्सी।

लभ्य (वि०) [लभ+कर्मणि यत्] ०प्राप्त होने के योग्य।
०पहुंचने योग्य, मिलने योग्य।
०योग्य, उपयुक्त, उचित।

लमकः (पुं०) प्रेमी।

लम्पटः (पुं०) दुश्चरित्त, स्वेच्छाचारी।

लम्पट (वि०) लालची, लोलुप, लालायित।
०विषयी, विलासी, कामुक, व्यसनी, इन्द्रियपरायण।

लम्फः (पुं०) [लम्फ्-घञ्] कूद, उछाल, छलांग।

लम्फनं (नपुं०) [लम्फ्+ल्युट्] कूदना, उछलना।

लम्ब् (अक०) लटकना, दोलायमान होना, हिलना।
०अनुषक्त होना।
०पड़ना, पिछड़ना।

लम्ब् (सक०) उठाना। 'बहुशैत्यमितीरयंल्ललम्बे' (जयो० १२/१२०)
०ठहराना, आश्रय देना, दूर करना, बड़ा करना। ललम्बे (जयो० ८/१४)
०हराना, बिछाना।
०थामना, संभालना।

लम्ब (वि०) [लम्ब्+अच्] दीर्घ। (जयो०वृ० १/२५)
०लम्बमान, झूलता हुआ, लटकता हुआ। (सुद० ७८)
०फैला हुआ, विस्तृत। (जयो० १/२५)
०बड़ा, विस्तार युक्त।
०चम्पू लम्ब। ०अध्याय, ०सर्ग।

लम्बकः (पुं०) लंबरेखा अक्षांशरेखा। (जयो० १८/५३)

लम्बकर्णः (पुं०) ०गर्दभ।
०बकरा।
०हस्ति।
०बाज, शिकरा।
०पिशाच, राक्षस।

लम्बजठर (वि०) मोटे पेट वाला, लम्बोदर।

लम्बनः (पुं०) [लम्ब्+ल्युट्] शिव, शंकर।
०कफ प्रधान प्रकृति।

लम्बनं (नपुं०) झालर, लटकन।
०उतरना, नीचे आना।

लम्बपयोधरा (स्त्री०) लटकते स्तन वाली।

लम्बबाहु (पुं०) लम्बी भुजा। (वीरो० ३/११)

लम्बा (स्त्री०) लक्ष्मी, दुर्गा।

लम्बिका (स्त्री०) [लम्ब्+ण्वुल्+टाप्] कोमल तालुका, उपजिह्वा। गल कण्ठ का कौवा।

लम्बित (भू०क०कृ०) [लम्ब+क्त] लटकता हुआ, झूलता हुआ।
०अनुषक्त, सहारा लिए हुए।

लम्बितालका (स्त्री०) लम्बे लटकते हुए बालों वाली। (जयो० २१/६२)

लम्बुषा (स्त्री०) लम्बा हार, सात लड़ियों का हार।

लम्बोदर (वि०) स्थूलोदार, मोटे पेट वाला, तोंदवाला।

लम्बोदरः (पुं०) गजानन, गणपति, गणेश। (दयो०५४)

लम्बोदरजा (वि०) भयवर्जित, पीड़ा नाशक। (जयो० १९/४९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लम्बोष्ठ (पुं०) ऊंट, ऊष्ट्र।

लम्भः (पुं०) [लभ्+घञ्+नुम्] ०सिद्धि, अवाप्ति।
०मिलन।
०पुनः प्राप्ति।
०लाभ।

लम्भनं (नपुं०) [लभ्+ल्युट्+नुम्] प्राप्ति, अवाहित, ग्रहण स्वीकार। (मुनि० १४)

लम्भित (भू०क०कृ०) [लभ्+क्त, नुम्] उपार्जित, गृहीत, प्राप्त हुआ, दत्त, हासिल।
०नियुक्त, प्रयुक्त, संजोया गया।
०सम्बोधित, कहा गया।

लम्भितपार (वि०) पारगत। ०उस पार गया हुआ।

लय् (सक०) जाना, पहुंचना।

लयः (पुं०) [ली+अच्] कीर्तन कला। (जयो० २/६०)
०चिपकना, मिलाप, लगाव।
०प्रच्छन्न, ढका हुआ।
०संगलन, पिघलना, घोल।
०अदर्शन, विघटन, बुझाना, विनाश।
०मन की लीनता, गहन एकाग्रता।
०संगीत में विश्राम, विराम, गति।
०आवास, निवास। (सुद० १/२७)
०अभाव। (जयो०वृ० १/३९) विनाश, नाश।
०सुरक्षात्मक उपाय। (जयो० १५/९)
०बहाना, चढ़ाना-'बाराधारा विसर्जनेन तु पदयोजिनमुद्रायाः' लयोऽस्तु कलङ्ककलायाः। (सुद० ७१)

लयकालः (पुं०) प्रलयकाल।

लयक्रिय (वि०) लयक्रिया, विनाश। (जयो० ३/२३)

लयगत (वि०) विघटित, पिघला हुआ। ०आवास युक्त।

लयजन्य (वि०) संगलित हुआ।

लयनं (नपुं०) [ली+ल्युट्] जुड़ना, चिपकना।

लयपुत्री (स्त्री०) नटी, अभिनेत्री।

लल् (सक०) खेलना, इठलाना, क्रीड़ा करना।
०प्रेमालिंगन करना।
०लपलपाना।

लल् (वि०) क्रीड़ासक्त, विनोद प्रिय, लालसा युक्त।
०अभिलाषी, इच्छुक।

ललजिह्वा (वि०) लपलपाती जीभ वाला।

ललत् (वि०) [लल्+शतृ] खेलने वाला, लपलपाता हुआ।

ललनं (नपुं०) [लल्+ल्युट्] क्रीड़ा, खेल, आमोद-प्रमोद, रंगरेली।

ललना (स्त्री०) [लल्+णिच्+ल्युट्+टाप्] कामिनी, स्त्री, तरुणी। (सुद० १/२५) (जयो० ६/१२८)

ललनाकलः (स्त्री०) नारी समूह, ललनैतत्कलं मनोहर। (जयो० १३/९)

ललनिका (स्त्री०) [ललना+कन्+टाप्] छोटी सी।

ललन्तिका (स्त्री०) [लल्+शतृ+ङीप्+कन्+टाप्] लम्बी माला।
०छिपकली।

ललाकः (पुं०) [लल्+आकन्] जननेन्द्रिय।

ललाटं (नपुं०) मस्तक, माथा। (जयो० ११/६४) 'ललाटमिन्दुचितमेन तासाम्' (वीरो० ५/२१)

ललाटतटं (नपुं०) माथा।

ललाटपट्टिका (स्त्री०) सिरमोर।

ललाटलतिका (स्त्री०) मस्तक रेखा। (जयो० २९/८२)

ललाटरेखा (स्त्री०) मस्तकरेखा।

ललाटिका (स्त्री०) [ललाट+कन्+टाप्] टीका, सिरमोर, मत्थे का आभूषण।

ललान्त (वि०) पुष्पान्तर। (जयो० ९/९२)

ललाम (वि०) सुंदर, प्रिय, मनोहर। (जयो० १६/९०) 'आसीत्तदाराम-ललाममञ्चमहो' (जयो० १/४९)
०दर्शनीय, रमणीय। (जयो० १३/४०)

ललामसारः (पुं०) सुंदर उद्देश्य। (जयो० १७/१२)

ललित (वि०) [लल्+क्त] सुंदर, प्रिय, शृंगार युक्त, रमणीय। (जयो० ५/४६)
०प्रांजल, सुहावना, लावण्यमय, रुचिकर।
०अभीष्ट, मृदु, कोमल, आकर्षण।

ललितं (नपुं०) क्रीड़ा, रंगरेली, खेल, विनोद, प्रीतिभाव।

ललिततम (वि०) सुंदरतम। (सुद० ८२)

ललितपद (वि०) शृंगार युक्त रचना, प्रांजल काव्यपद।

ललितप्रहारः (पुं०) मृदु आघात।

ललिता (स्त्री०) [ललित+टाप्] सुंदर स्त्री, तरुणी, कामिनी।
०स्वेच्छाचारिणी स्त्री।
०कस्तूरी।

ललिताक्षरं (नपुं०) कोमलाक्षर, प्रांजलाक्षर।

ललिताभावती (स्त्री०) मृदु अक्षर से युक्त स्त्री। (जयो०३/३५)

ललितान्तरङ्ग (वि०) सुंदर अंतरंग वाले (समु० १/२८)

ललिताप्सरस् (स्त्री०) सुंदर अप्सरा। (दयो० ४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ललितावर्तः (पुं०) भंवर, जलावर्त। (जयो० १४/५३)
ललित्व (वि०) शृंगार युक्त, प्रियत्व, मनोहरत्व। (सम्य०१५५)
लवः (पुं०) उत्पाटन, लल्लुंचन। कटाई, लावनी।
०अनुभाग, हिस्सा, अंश। (वीरो० २/!४) (जयो० १/९२)
०ग्रास, टुकड़ा, खण्ड।
०कण, बिन्दु, अल्पमात्रा, अनुभाग। (जयो० ६/५९)
०लेश, पल्लव। (जयो० १/४७)
०हानि, विनाश। (सात श्लोक का एक लव)
०राम पुत्र-लव। (जयो० १३/५९)
लवकुशाख्य (वि०) लव और कुश सहित। पुत्रयोगेन सहित। (जयो० १३/५९)
लवङ्गः (पुं०) [लू+अङ्गच्] लौंग का पौधा।
लवङ्गं (नपुं०) लौंग।
लवङ्गकं (नपुं०) [लवङ्ग+कन्] लौंग।
लवङ्गि (वि०) लताङ्गि। (वीरो० ६/३२)
लवंण (वि०) ०क्षारीय, नमकीन।
०सुंदर, प्रिय, मनोहर।
लवणः (पुं०) खारा, नमक का पानी, नमकीन, लवणसमुद्र।
लवणं (नपुं०) नमक, खारा। (जयो० २/१५३) लूण, नोन।
०कटक, छावनी। (जयो० १२/१२४)
लवणपूर्ण (वि०) कान्तियुक्त।
लवणातिगत (वि०) नमकीनपने को प्राप्त, लवण वाला। (जयो०वृ० १२/१२५)
०कान्तिहीन। (जयो०वृ० १२/१२५)
लवणात्मता (वि०) खारापन, नमकीनपना। (वीरो० १०/२०)
लवणाधिक (वि०) लवण से परिपूर्ण। कान्तियुक्त। (जयो०वृ० १२/१२८)
लवणापरिणाम (वि०) कान्ति प्रसार युक्त, कान्ति युक्त परिणाम वाला। (जयो० ५/२६)
लवणाब्धि (पुं०) लवण समुद्र।
लवणाम्बुराशिः (स्त्री०) लवण समुद्र।
लवणाम्भस् (पुं०) लवणोदधि।
लवणालयः (पुं०) लवण सागर।
लवणिमा (वि०) लावण्य, सौंदर्य। (जयो० २६/५)
लवणोत्तमं (नपुं०) सेंधा नमक, यवक्षार।
लवणोदकः (पुं०) क्षीर समुद्र।
लवणोदधिः (पुं०) लवण समुद्र।
लवनं (नपुं०) [लू भावे कर्मणि च ल्युट्] ०लुनाई, काटना, लावनी, कटाई। (दयो० ३६)
लवनं (नपुं०) दरांती, हंसिया, काटने का साधन।
लवली (स्त्री०) [लव+ला+क+ङीष्] लता विशेष।
लवित्रं (नपुं०) [लूयतेऽनेन+लू+इत्र] दरांती, हंसिया।
लश् (सक०) अभ्यास करना, कला सीखना।
लशुनः (पुं०) लहसुन।
लष् (सक०) चाहना, इच्छा करना।
लषित (भू०क०कृ०) [लष्+क्त] वाञ्छित, इच्छित, चाहा गया।
लष्वः (पुं०) [लष्+वन्] नट, अभिनेता।
लस् (अक०) चमकना, दमकना, देदीप्यमान होना। (जयो०१/५६)
०प्रकट होना, उगना। (सुद० ८१)
०क्रीड़ा करना, खेलना, उदित होना।
०बन जाना, होना (इवैरण्डबीजवज्जगतिलसतिवै) (सम्य० १४९)
लसत्प्रसाद (वि०) सुशोभित राज भवन। (सुद० ४/२५)
लसत्सुवास (वि०) सुंदर आभूषण। (सुद० २/१२)
लसन्त (लस्+शतृ) शोभायमान। (सुद० १/२४)
०चमकता हुआ।
०उगता हुआ। (सुद० १/२२)
लसन्निधानं (नपुं०) शोभा निधान। (जयो० १/११२)
लसा (स्त्री०) [लस्+अच्+टाप्] केसर।
०हल्दी।
लसिका (स्त्री०) [लस्+अच्+कन्+टाप्] थूक, लार।
लसित (भू०क०कृ०) [लस्+क्त] देदीप्यमान हुआ, सुशोभित।
लसीका (स्त्री०) [लस्+ङीष्+कन्+टाप्] थूक ०पीप।
०इक्षुरस।
०टीके का रस।
लस्ज् (अक०) शर्मिन्दा होना, लज्जित होना, शर्माना, लजाना।
लस्त (वि०) [तस्+क्त] आलिंगित,
०दक्ष, कुशल, निपुण।
लस्तकः (पुं०) [लस्त+कन्] धनुष का मध्यभाग।
लस्तकिन् (पुं०) [लस्तक+इनि] धनुष।
लहरिः (स्त्री०) [लेव इन्देण इव ह्रियते ऊर्ध्वगमनाय ल+ह्इन्] लहर, जलकल्लोल। (जयो० २५/४) तरंग।
०स्वेच्छाचारिणी स्त्री।
०जिह्वा।
लहरिप्रियः (पुं०) कदंब तरु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लहरिमति (स्त्री०) समुत्कण्ठावती, उत्कण्ठित बुद्धि वाली। (जयो० १७/२५)

लहरियुक्त (वि०) भूरिवलिबद्ध। (जयो०वृ० २०/२)

लहरी (स्त्री०) [ल+हृ+इन+ङीष्] तरंग, जलकल्लोल। (वीरो०७/२४)

ला (सक०) ग्रहण करना, प्राप्त करना, लेना, लाना। (जयो०१/७) लाति-गृह्णातीति

०लान्ति। (जयो०१/३९) (जयो० १/७२)

ला (स्त्री०) समागम, दान, देना। गौ पुमान् वृषभे स्वर्गे खण्डवज्रहिमांशुषु। ला तु दाने किलाश्लेष इति कोषात् व्याख्या कार्या। (जयो०व०० ३/३९)

०लाभ। (जयो०वृ० १९/३६)

लाकुटिक (वि०) [लकुटः प्रहरण मस्य ठक्] लाठी से सुशोभित, दण्ड से विभूषित।

लाकुटिकः (पुं०) संतरी, पहरेदार, द्वारपाल।

लाक्षकी (स्त्री०) सीता।

लाक्षणिक (वि०) [लक्षणया बोधयति ठक्] ०विशिष्ट, संकेतित, चिह्नित।

०पारिभाषिक, गौण, निकृष्ट।

लाक्षणिकः (पुं०) पारिभाषिक शब्द।

लाक्षण्य (वि०) [लक्षणं वेत्ति-ञ्य] ०संकेत सम्बंधी, परिभाषा सम्बन्धी।

०चिह्न युक्त, लक्षण और चिह्नों की व्याख्या करने योग्य।

लाक्षा (स्त्री०) [लक्ष्यतेऽनया लक्ष्+अच्] ०लाख, जतुपरिणति (जयो०१२/१०६)

०महावर, वीरबहूटी।

लाक्षातरु (पुं०) पलास, ढाकतरु।

लाक्षाप्रसादः (पुं०) लोध्रवृक्ष।

लाक्षाप्रसाधनः (पुं०) लोध्रवृक्ष।

लाक्षारंगः (पुं०) यावक, लाक्षारस। (जयो० १८/९९)

लाक्षारक्त (वि०) लाख से रंगा हुआ। ०लाख से लिपटा हुआ।

लाक्षारसः (पुं०) लाल रंग, महावर, आलक्त। (जयो० १६/५१)

लाक्षावाणिज्यं (नपुं०) लाख का व्यापार।

लाक्षिक (वि०) [लाक्षा+ठक्] लाख से सम्बंध रखने वाला, लाख से बना हुआ।

लाख् (अक०) सूख जाना, नीरस होना।

०सक्षम होना, पर्याप्त होना।

लागुडिक (वि०) यष्टि विभूषित।

लाघ् (अक०) बराबर होना, पर्याप्त होना, सक्षम होना।

लाघवं (नपुं०) [लघोर्भावः अण्] ०अल्पता, क्षुद्रता, लघुता।

०हल्कापन, नगण्यता।

०अनादर, घृणा, अपमान, अप्रतिष्ठा।

०फुर्ती, चुस्ती, वेग।

०क्रियाशीलता, दक्षता, तत्परता।

०संक्षेप, अल्पमात्रा। लघोर्भावो लाघवं-लोभनिवृत्ति।

०दक्षता- व्यसनोपनिपात।

०शुचिता-कुशलता।

लाङ्गलं (नपुं०) [लङ्ग+कलच्] ०हल।

०ताडवृक्ष।

०शिश्न।

०लिंग।

लाङ्गलग्रहः (पुं०) किसान, कृषक, हाली।

लाङ्गलदण्डः (पुं०) हलस, हल का दण्ड।

लाङ्गलपद्धतिः (स्त्री०) खूड, हल की रेखा।

लाङ्गलफालः (पुं०) हल्की फाली।

लाङ्गलिन् (पुं०) [लाङ्गल+इनि] ०बलराम।

०नारिकेल तरु।

लाङ्गली (स्त्री०) [लाङ्गल+अच्+ङीष्] नारिकेल तरु।

लाङ्गलीषा (स्त्री०) हलस, हल की मूठ।

लाङ्गुलं (नपुं०) पूंछ।

०शिश्न।

०लिंग।

लाङ्गूलं (नपुं०) ०पूंछ, शिश्न।

०लिंग।

०बंदर। (दयो० १६)

लाङ्गूलिन् (पुं०) [लाङ्गूल+इनि] वानर, बन्दर, लंगूर।

लाङ्लिकाफलं (नपुं०) नालिकेर, नारियल। (जयो० २५/११)

लाज् (सक०) कलंक लगाना, निन्दा करना।

०भूनना, तलना।

लाजः (पुं०) [लाज्+अच्] गीला धान।

लाजा (स्त्री०) लाजे, खील, धान्य के फूले हुए लाजा। (जयो० १२/७१, सुद० ३/१५) भ्रष्टव्रीही (जयो० १३/१०) धान्य लावा। (जयो० १०/१०३)

लाजि (स्त्री०) राजि, पंक्ति। (जयो० ३/४७)

लाञ्छ् (सक०) सजाना, अलंकृत करना।

०भेद करना, विशिष्ट बनाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लाञ्छनं (नपुं०) [लाञ्छ् कर्मणि ल्युट्] ०चिह्न, निशान। (वीरो० १०/७) (जयो० १/१४)
०नाम, अभिधान।
०धूम। (जयो० १०/८०)
०दाग, धब्बा, कलंक। (जयो० १५/५८)

लाञ्छनयुक्त (वि०) कलंकित। (जयो० १५/५८)

लाञ्छनेशः (पुं०) चंद्र। (जयो० १५/६८)

लाञ्छित (भू०क०कृ०) [लाञ्छ्+क्त] चिह्नित, निशान युक्त, अन्तरयुक्त।
०कलंकित, कलंकयुक्त। (जयो० ३/५४)
०सुसज्जित, विभूषित।

लाटः (पुं०) लाट देश।

लाटानुप्रासः (पुं०) शब्द और शब्दों की पुनरावृत्ति।

लाटिका (स्त्री०) रचना, एक विशेष शैली।

लाड् (सक०) दुलारना, पुचकारना, प्रेम करना।
०कलंकित करना, निन्दा करना।
०फेंकना, उछालना।

लाण्ठनी (स्त्री०) व्यभिचारिणी, कुल्टा स्त्री।

लात (भू०क०कृ०) [ला+क्त] लिया, ग्रहण किया।

लात्वा (सं०कृ०) लाकर, ग्रहणकर। (सुद० ७१)

लानित (वि०) लाया, ग्रहण किया, लिया। (जयो० ६/४७)

लान्तकः (पुं०) लान्तव स्वर्ग। (वीरो०)

लापः (पुं०) [लप्+घञ्] बोलना, बाते करना।
०किलकिलाना, तुतलाकर बोलना।
०लपर-लपर करना, लत्वी बोलना, बातूनी।

लावः (पुं०) बटेर पक्षी। [लू+घञ्]

लावकः (देखो ऊपर)

लाबुः (पुं०) लौंकी, आल, अलाबु, नूमड़ी।

लाभः (पुं०) [लभ्+घञ्]०फायदा, नफा।
०प्राप्ति, आवाप्ति, उपलब्धि, अभिलषितार्थ की प्राप्ति, इच्छित प्राप्ति।
०इच्छा, लोलुपता, लालच।

लाभकः (पुं०) फायदा, मुनाफा।

लाभमान (लभ्+शानच्) लाभ होने वाला।

लाभान्तरायः (पुं०) लाभ में बाधा, इच्छा में रुकावट/विघ्न। 'लाभस्य विघ्नमृदन्तरायः'

लाभालाभः (पुं०) लाभ-हानि। (दयो० १०७)

लामञ्जकं (नपुं०) सुगंधित घास।

लाम्पट्य (वि०) [लम्पट+ष्यञ्] लम्पटता, कामुकता, भोगासक्ति। (सुद० १२८) 'स्वार्थस्येयं पराकाष्ठा जिह्वलामपट्यपुष्ट्यै। अन्यस्य जीवनमसौ संहरेन्मानवो भवन्।। (सुद० १२८)

लाल् (सक०) दुलार करना, प्यारा करना। ०लालन करना। ०स्नेह करना। (लाल्यते जयो० १२/७९)

लालः (पुं०) लार, थूक, थुत्कधारा। (जयो० २७/३५) निष्ठीवन। (जयो० ३/२९)

लालनं (नपुं०) [लल्+ल्युट्] ०प्यार, लाड, दुलारना, पुचकारना. स्नेह करना। (दयो० ५४)
०आत्मरंजन, मनोरंजन, सम्भालना। (जयो० २१/१९)

लालनीय (वि०) [लल्+अनीयर्] दुलार योग्य, 'प्यार योग्य। 'लालनीयः स्तनन्धपः अबोध बालकः' (हित सं०११)

लालस (वि०) लालसा, इच्छुक, वाञ्छा युक्त, लालायित, * आनंद देने वाला।
०अनुरक्त, भक्त, रागी, तल्लीन, तन्मयता।

लालसकर (वि०) इच्छावर्धक। (जयो० १६/८५)

लालसा (स्त्री०) [लस् स्पृहायां यङ् लुक् भावे अ] ०इच्छा, अभिलाषा, उत्सुकता, वाञ्छा। (जयो० १५/१)
०याचना, निवेदन, अनुनय, अभ्यर्थना।
०खेद, शोक।

लालसीकं (नपुं०) चटनी।

लाला (स्त्री०) [लल्+णिच्+अच्+टाप्] लार, थूंक, निष्ठीवन, थूत्कार। (दयो० ११०)

लालाटी (वि०) माथा, मस्तक।

लालायित (वि०) इच्छुक, वाञ्छाशील, उत्कण्ठित। (जयो०१६/३१)

लालालाम (वि०) लार युक्त।

लालावित (वि०) लार से भरा हुआ। (सुद० १०२)
स्त्रियां मुखं पद्मरुखं ब्रुवाणा,
भवन्ति किन्नाथ विदेकशाणा।
लालाविकं शोणितकोणितत्त्वात्,
जातु रुच्यर्थमिहैमि तत्त्वात्।। (सुद० १०२)

लालिकः (पुं०) [लाला+ठञ्] भैंसा।

लालित (भू०क०कृ०) [लल्+णिच्+क्त] ०स्वीकृत। (जयो० २/१५७) ०पालित।
०प्यार किया गया, दुलार किया गया। (सुद० ३/२३)
०अवस्थित, स्थित। करपल्लवलालिते सुधा-लतिकाया

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवनावहो बुधाः। (सुद० ३/१७)

०पालन क्रिया गया, स्नेहित।

०अभिलषित, इच्छित, अभीषित।

लालितकः (पुं०) [लालित+कन्] ०लाडला, प्यारा, दुराला, प्रिय।

०स्नेहपात्र, वात्सल्य भाजन।

लालित्य (वि०) प्रियता, लावण्य, सौंदर्य, आकर्षण, माधुर्य, रमणीयता, अभीष्टता।

लालिन् (वि०) [लल्+णिच्+णिनि] बहकाने वाला, फुसलाने वाला।

लालिनी (स्त्री०) [लालिन्+ङीप्] स्वेच्छाचारिणी स्त्री, कामिनी।

लालुका (स्त्री०) माला, हार।

लाव (वि०) [लू कर्तरि घञ्] काटने वाला, धुनाई करने वाला।

लावः (पुं०) काटना, लुनाई करने वाला।

०लाव पक्षी।

लावकः (पुं०) [लू+ण्वुल्] लवा पक्षी, बटेर।

लावक (वि०) लावनी, काटने वाला, एकत्र करने वाला।

लावण (वि०) [लवणं संस्कृतं अण्] ०नमकीन, खारा।

लावणिक (वि०) [लवणे संस्कृतं ठण्] नमकीन, नमक से निर्मित।

०प्रिय, सुंदर, मनोहर।

लावण्य (वि०) [लवण+ष्यञ्] सौंदर्य, सलोनापन, मनोहरता, रमणीयता। ('लावण्य' का सरल अर्थ सौंदर्य है, पर सूक्ष्म दृष्टि से विचार किया जाये तो इसका अर्थ शरीर की वह चमक है, जिसमें सामने स्थिति वस्तु प्रतिबिम्बति हो। (जयो० हि० ११/४२)

०लावण्य-सौंदर्यम्, लावण्यं-लवणभावम्, लावण्यं-क्षारभूतम् (जयो०वृ० ६/९४)

लावण्यकरः (पुं०) सौंदर्य को बहाना, लावण्य का पूर, सौंदर्य की धारा। 'लावण्यस्य पू झरः' पूरो बभौ' (जयो०वृ० १२/७८)

लावण्यखचित (वि०) लावण्ययुक्त, सौंदर्य से परिपूर्ण-लावण्येन सौंदर्येन खचितः परिपूर्णः

०लवण भाव से परिपूर्ण-लवण भावेन खचितः परिपूर्णः। (जयो० ६/८१)

लावण्यमय (वि०) [लावण्य+मयट्] सौंदर्य युक्त, रमणीयता से परिपूर्ण।

लावण्यवती (स्त्री०) सौंदर्यशालिनी स्त्री। (समु० ६/१३)

लावण्यसुमनोलता (स्त्री०) सौंदर्य रूप पुष्पों की लता। लावण्यं सौंदर्य तदेव सुमनसः पुष्पाणि तेषां लता वल्लीरूपं (जयो० ३/३९)

लावण्याङ्कः (पुं०) मधुर, लावण्यगृह। (जयो० ६/५४) लावण्यस्य सौंदर्यस्याङ्को भवन्। (जयो०वृ० ६/५४)

लावण्यासारः (पुं०) सुंदरता का सार 'लावण्यस्य सौंदर्यस्य आसारः प्रसारः' (जयो०वृ० ६/५१)

लावनं (नपुं०) उच्छेदन। (जयो० २४/७३)

लाविकः (पुं०) [लाव्+ठक्] भैंसा।

लाषुक (वि०) [लष्+उकञ्] लोलुप, लालची, लोभ।

लासक (वि०) [लण्+ण्वुल्] खेलने वाला, किल्लोल करने वाला।

लासकः (पुं०) नर्तक। ०उल्लासक, ०अभिनयक।

०मयूर, मोर।

०आलिंगन।

लासकं (नपुं०) चौबारा, बुर्ज।

लासकी (स्त्री०) नर्तकी।

लासनिवासः (पुं०) नृत्य शाला, रंगमंच। (जयो० २६/६५)

लासिका (स्त्री०) [लासक+ङीष्] नर्तकी।

लास्यं (नपुं०) [लस्+ण्यत्] नृत्य, नाच, नाचना। (जयो० १/३२, २/२९)

वमिः (पुं०) ठग, छली व्यक्ति।

वमिहेतु (पुं०) वमन का कारण। (वीरो० २२/९०)

वमितवंत [वम्+शत्] वमन करने वाला। (जयो०वृ० १/८२)

वमी (स्त्री०) [वमि+ङीष्] उलटी करना।

वंभाखः (पुं०) रंभाने की आवाज।

वभ्रः (स्त्री०) चिंडटी।

वभ्रकूटं (नपुं०) बाँबी, बिल।

वय् (सक०) जाना, पहुंचना।

वयनं (नपुं०) [वि+ल्युट्] बुनना।

वयनकीटः (पुं०) मकड़ी, ऊर्णनाम। (जयो० २५/७२)

वयस् (नपुं०) आयु, जीवन, यौवन, बाल्यकार।
०अवस्था, वय, जवानी। वयस्तु यौवने बाल्यप्रभृतौ वया इति वि (जयो० १४/१६)

वयस् (पुं०) काक, कौवा।

वयस्कर (वि०) स्वास्थ्य देने वाला, आयु बढ़ाने वाला।

वयस्गत (वि०) वयस्क, वयोवृद्ध।

वयस्थ (वि०) परिपक्वावस्था।

वयस्था (स्त्री०) सखि। ०सहेली, ०समान वयस्का।

वयस्य (वि०) [वयसा तुल्यः यत्] समवस्क, मित्र, साथी। (समु० ३/१२) समान अवस्था वाला। (सुद० ३/३५)

वयः सन्धि (स्त्री०) तारुण्यमूर्ति। (जयो०वृ० १६/२)

वयस्यवर्गः (पुं०) मित्र समूह। (समु० १/३१)

वयुनं (नपुं०) ज्ञान, विवेक, प्रत्यक्षज्ञानशक्ति।

वयोधस् (पुं०) [वयो यौवनं दधाति-वयस्+धा+असि] युवा, प्रौढ़ व्यक्ति।

वयोभियुक्त (वि०) पक्षियों सहित, वयसा नवयौवनेनाभिव्युक्ता, वदोभि, पक्षिभिरभिर्युक्ता।

वयोरंगं (नपुं०) [वयसो रंगमिव] सीसा, दर्पण।

वयोवृद्धः (पुं०) वय में अधिक। (जयो० २०/८१, दयो० ५९)

वर् (सक०) मांगना, चुनाना, छांटना, वरण करना, वरिष्यति (जयो० ३/८८)

वर (वि०) [वृ-कर्मणि अप्] श्रेष्ठ, प्रधान, प्रमुख, उत्तम, अच्छा। (सुद० १/३७)
०दूल्हा, पति। (दयो० ७९) वरमन्वेषयेद्विद्वान् कन्यायै सर्व सम्मत। (दयो० ७९)
०याचना, अनुरोध, अनुनय, विनती, प्रार्थना। (सुद०९३)
०जमाता, जमाई, कुंवर सा।
०कामुक, कामासक्त।
०तीक्ष्ण। (जयो०वृ० ५/९५)
०कामना, इच्छा, वाञ्छा, चाह।
०उत्तम भाग।
० बल (जयो०) वरेत्यत्र रलयोरभेदाद् बला बलवती। (जयो०)

वरं (नपुं०) केसर, जाफरान।

वरंग (वि०) उत्तम अंग।

वरंगः (पुं०) हस्ति, हाथी।
०सिर, मस्तक।

वरंगना (स्त्री०) कमनीय स्त्री।

वरणं (नपुं०) प्राकार, परकोटा। (जयो० २६/५७) कोट (वीरो० २/२९)

वरचंदना (नपुं०) देवदारु, चीड़ की लकड़ी।

वरणं (नपुं०) ग्रहण करना, लेना, स्वीकार करना। (जयो०वृ ५/९५)

वरटः (पुं०) हंस।

वरटापतिः (पुं०) हंस। (जयो० २५/५२)

वरणार्थ (वि०) वरण करने के लिए। (जयो०वृ० ५/९५)

वरतनु (वि०) सुन्दर शरीर वाला।

वरतनु (स्त्री०) सुन्दर स्त्री, कामिनी।

वरतन्तु (पुं०) एक ऋषि विशेष।

वरद (वि०) मंगलप्रद, अभीष्टदायक, वरदायक, वरदेने वाला। (जयो० १२/३)

वरदरङ्गः (पुं०) यथेष्ट वरदान का स्थान। वरं ददातीति वरदो यो रङ्गः स्थानम्। (जयो० ७/६५)

वरदर्शन (वि०) सुदर्शन, सुन्दर दर्शन, वरदायक, वरदान।

वरदा (स्त्री०) पुत्री, कन्या, कुमारी कन्या। 'वरं वल्लभं ददातीति वरदा' (जयो० ५/१४) वरं यथेष्टं ददातीति यावत् (जयो० ५/१४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वरदान (वि०) वर प्रदान करने वाला।

वरदायक (वि०) वर प्रदाता।

वरदे/वरदेवः (पुं०) उत्तम देव। (जयो० ८/८७) सुदेव।

वरद्रुमः (पुं०) अगर का वृक्ष। ०उत्तम जाति का वृक्ष।

वरनिर्वाचनं (नपुं०) वरचयन। (जयो० ३/६६)

वरपक्षः (पुं०) दुल्हे का पक्ष।

वरप्रस्थानं (नपुं०) विवाह के लिए दूल्हे का प्रस्थान।

वरफलः (पुं०) नारिकेल तरु।

वर बाह्लिकं (नपुं०) केसर, जाफरान।

वरमाल्य (स्त्री०) वरमाला, वरण करने की माली, स्वीकारोक्ति माला। (जयो० ६/१२६)

वरमाला (स्त्री०) वरणमाला।

वरयात्रा (स्त्री०) विवाह के लिए दूल्हे का प्रस्थान।

वरयात्रिकर (वि०) बराती, दूल्हे के साथ चलते वाले व्यक्ति। (जयो०वृ० १२/२८)

वरयातृकसमूहः (पुं०) बराती। (जयो० १०/५५)

वरयानं (नपुं०) विवाह योग्य वाहन। (जयो० १०/५५)

वरयानसमूहः (पुं०) वरयात्रा समूह। (जयो० १०/५५)

वररुचिः (पुं०) प्राकृत व्याकरण का रचनाकार।

वरर्तु (स्त्री०) श्रेष्ठ ऋतु, श्रेष्ठ कान्ति। (जयो० ५/९५)

वरलः (पुं०) बर्र।
०हँसिनी।

वरलब्ध (वि०) वरदान को प्राप्त।

वरलब्धः (पुं०) चम्पक वृक्ष।

वरवत्सला (स्त्री०) चम्पक वृक्ष।

वरवत्सला (स्त्री०) सासू।

वरवर्णं (नपुं०) स्वर्ण, सोना।

वरवर्णशासिका (वि०) श्रेष्ठ रूपधारिणी, वरवर्णिनी, उत्तमकामिनी (जयो० २/५७)

वरवर्णिनी (स्त्री०) रूपिणी स्त्री, सुन्दर स्त्री, कामिनी।
०लक्ष्मी।
०दुर्गा, सरस्वती।

वरवेशधारक (वि०) सुंदर रूप का धारण करने वाला। (जयो० ९/९)

वरसन्नयः (पुं०) वनयात्रिक, बराती। (जयो० १०/५५)

वरस्रजः (पुं०) वरमाला, दूल्हे के वरण की माली, पतिचयन की माला।

वरा (स्त्री०) [वृ+अच्+टाप्] ०त्रिफला-हरड़, बहेड़ा और आंवला।
०सुगंधित द्रव्य।
०हल्दी।

वराक (वि०) बेचारा, दयनीय। वृद्धो वराको जडधी रयेण। (वीरो० ४/२३) असहाय, आर्त, पीड़ाजन्य स्थिति वाला, अभागा, दुःखी, त्रस्त, व्याकुल। (वीरो० ४/२३)

वराकः (पुं०) शिव, संग्राम।
०युद्ध।

वराकी (स्त्री०) दीन। ०बेचारी, ०अभागिन्।
०चकवी। (वीरो० ४/२५)

वराङ्गं (नपुं०) सिर, मस्तक। 'वराङ्गमूर्धगुह्ययो' इत्यमर (जयो० १७/४०) वराङ्गमस्तके योतैः इति वि (जयो० १७/४०)

वराङ्गिन् (वि०) सुंदर देह वाली रूपवती। (वीरो० ४/६३)

वराटः (पुं०) [वरमल्य मटति-अट्+अण्] ०कपर्दिका।
०कौड़ी,
०रस्सी, डोरी।

वराटकः (पुं०) कमल, ०कोड़ी।
०डोरी, रस्सी।

वराटिका (स्त्री०) [वराट्+कन्+टाप्] कौड़ी।

वराणः (पुं०) इन्द्र।

वराणसी (स्त्री०) बनारस नगरी। ०वरुणा और अस्सी नदी का स्थान।

वरारकं (नपुं०) हीरक मणि।

वरार्थ (वि०) वरण योग्य। (जयो० ५/९५)

वरार्ह (वि०) वर के योग्य। (जयो० ४/४०)

वरालः (पुं०) लौंग, लवण।

वराशिः (स्त्री०) [वरं आवरणमश्नुते वर+अश्+इन्] [वरैः श्रेष्ठैः अस्यते क्षिप्यते-वर+अस्+इन्] मोटा कपड़ा, स्थूल वस्त्र।

वरासिराट् (पुं०) श्रेष्ठखड्ग। (जयो० ७/१०६)

वराह। (पुं०) [वराय अभीष्टाय मुस्तादिलाभाय आहन्ति-भूमिन् आ+हृ+ड] सूकर।
०मैंढा, बैल, बादल।

वराहकंदः (पुं०) वराहीकन्द, एक खाद्य पदार्थ।

वराहकर्णः (पुं०) एक बाण विशेष।

वराहकर्णिका (स्त्री०) एक अस्त्र विशेष।

वराहकल्पः (पुं०) वराहावतार का समय।

वराहमिहिरः (पुं०) ज्योतिर्वेत्ता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वराहश्रृंग: (पुं०) शिव, शंकर।

वरिमन् (पुं०) श्रेष्ठता, सर्वोपरिता, प्रमुखता।

वरिवसित (वि०) पूजा गया, अर्चित, सम्मनित, सत्कृत।

वरिवस्या (स्त्री०) [वरिवस: पूजाया: करणं, वरि वस्+क्यप्+अ+टाप्] पूजा, अर्चना, प्रार्थना, सम्मान, सत्कार, भक्ति।

वरिष्ठ (वि०) [वर! उरुर्वा उरु+इष्ठन्] ०सर्वोत्तमता, अत्यन्त श्रेष्ठ, अत्यन्त पूज्य। (वीरो०)
०पूज्य, प्रमुख।
०अत्यन्त विशाल, अत्यन्त विस्तृत।

वरिष्ठ: (पुं०) तीतर पक्षी।
०संतरे का वृक्ष।

वरिष्ठं (नपुं०) तांबा।
०मिर्च।

वरी (स्त्री०) [वृ+अच्+ङीष्] सूर्य की पत्नी छाया, शतावरी का पौधा।

वरीतुम् (वरी+कुमुन्) वरण करने के लिए। (जयो० ५/२)

वरीयस् (वि०) [वर: उरुर्षा उरु+ईयसुन्] ०अधिक समीचीन, उत्तमोत्तम। अत्युच्चै (जयो० १३/३) ०अत्युत्तम, बहुत अच्छा, अच्छे रूप में प्रवर्तित। (वीरो० ९/३५)

वरीवर्तिन् (वि०) उत्तमोत्तम। ०अच्छे रूप में प्रवर्तित।

वरीवर्द: (पुं०) बैल, सांड।

वरीषु: (पुं०) [वर: श्रेष्ठ: इषु यस्य] कामदेव।

वरुट: (पुं०) म्लेच्छ जाति।

वरुड: (पुं०) एक जाति विशेष।

वरुण: (पुं०) आदित्य, सूर्य।
०वृक्ष-सुखाशो राजतिनिशे वरुणे सुमनोरथ इति विश्वलोचन:। (जयो० २१/३२)
०अन्तरिक्ष, समुद्र।

वरुणपाश: (पुं०) घड़ियाल।

वरूथं (नपुं०) बख्तर, कवच।

वरोचित: (वि०) वरयोगय, वरण योगय, विवाह करने योग्य। (दयो० ७०)

वरेण्य (वि०) [वृ+एन्य] ०वान्छनीय, सर्वोत्तम, श्रेष्ठ, प्रमुख, पूज्यमत।

वरोट: (पुं०) [वराणिश्रेष्ठानि उटानि दलानि यस्य] मकवे का पौधा।

वरोटं (नपुं०) बर्र, भिड़।

वर्कर: (पुं०) [वृक्+अरन्] मेमना।
०बकरा, पालतू जानवर।
०आमोद, क्रीड़ा विहार, मनोरंजन।

वर्कराट: (पुं०) [वर्करं परिहासं अटति गच्छति वर्कर+अट्+अण] कटाक्ष, तिरछी नजर।

वर्कुट: (पुं०) कील, अर्गला, चटखनी।

वर्ग: (पुं०) [वृञ्+घञ्]०श्रेणी, विभाग।
०एक राशि, अविभागप्रतिच्छेद।
०समूह समुदाय, समन्वय, एक रूपता। (जयो० ५/२०)
०अनुभाग, अध्याय, परिच्छेद, ग्रन्थ का एक अनुच्छेद/हिस्सा।
०कर्म प्रदेश के अनुभाग।
०प्रवर्ग, टोली, पक्ष।
०भाग। (जयो० १/३)
०कवर्ग आदि का समूह। त्रिवर्ग भावात्प्रतिपत्तिसार: स्वयं चतुर्वर्णविधिं चकार। जनोऽपवर्ग स्थितये भवेऽद: स नाऽभिज्ञत्वममुष्य वेद।। (वीरो० ३/९) 'क-च--ट वर्गाणां भावात्सद्भावाद् ज्ञानान्तरं य: स्वयमेव चतुर्थां वर्णानां त-थ-द-धां विधिं चकार। (जयो०वृ० ३/९)

वर्गघन: (पुं०) वर्ग का घनफल।

वर्गजात (वि०) समन्वय को प्राप्त हुआ।

वर्गणा (स्त्री०) समूह, समुदाय, संख्या योग। (सम्य० ३४) सब जीवों के अनन्तवें भाग प्रमाण वर्गों के समूह-वर्गसमूहलक्षणां' वर्गाणां समूहो वर्गणा भण्यते। (जैन०ल० ९८३)
०असंख्यात लोक प्रमाण योगाविभाग प्रतिच्छेदों की एक वर्गणा होती है।

वर्गणाप्रदेश: (पुं०) वर्गणा नाम, वर्गणा प्रदेश।

वर्गनिसर्ग: (पुं०) वर्ग की रचना। (जयो० १/३)

वर्गपदं (नपुं०) वर्गमूल, संख्या निकालने की पद्धति।

वर्गफल: (पुं०) घनफल।

वर्गबन्ध: (पुं०) अनुच्छेद में विभक्त।

वर्गभाव: (पुं०) अनुभाग, अध्याय।

वर्गमण्डित (वि०) त्रिवर्ग से सुशोभित। कु-चु-टुनामेव समूहसेवित:, (जयो०वृ० ३/२०)
०अपवर्ग विचारक। (जयो० ३/२०)

वर्गमूलं (नपुं०) वर्गमूल, वर्गपद।

वर्गशस् (अव्य०) समूहवार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्गशब्दः (पुं०) प्रत्येक वर्ग शब्द, कवर्ग, चवर्ग, आदि के शब्द। (जयो०वृ० १/२४)
०शब्द संग्रह। (जयो०वृ० १/२४) 'वर्गशब्दस्य जात्यर्थकत्वात्' (जयो०वृ० १/२४)

वर्गशिरः (पुं०) समूह में अग्रणी। वर्गः समूहस्तस्य शिरांसि मस्तकानि। (जयो०वृ० १/६९)

वर्गीय (वि०) [वर्ग+छ] प्रवर्ग से सम्बन्धित, समूह से जुड़ा हुआ।

वर्ग्य (वि०) [वर्गे भवः यत्] एक ही श्रेणी का।

वर्ग्यः (पुं०) सहयोगी, सहपाठी।

वर्च् (अक०) चमकना, प्रकाशित होना, कान्तिगत होना।

वर्चस् (नपुं०) [वर्च्+असुन्] ०शक्ति, बल, वीर्य।
०प्रभा, कान्ति, आभा।
०रूप, आकृति।
०विष्ठा, मल।

वर्चस्कः (पुं०) [वर्चस्+कन्] प्रभा, कान्ति, प्रकाश, आभा, तेज।
०वीर्य, बलु, शक्ति।

वर्चस्मिन् (वि०) [वर्चस्+विनि] ओजस्वी, शक्तिशाली, सक्रिय।
०तेजस्वी, प्रकाशवान्, उज्ज्वल।

वर्जः (पुं०) [वृज्+घञ्] त्याग, परित्याग, छोड़ना।

वर्जनं (नपुं०) [वृज्+ल्युट्] त्याग, परित्याग, छोड़ना, विसर्जन, परिमुंचन।
०तिलांजलि, बहिष्करण।
०क्षति, हानि, चोट, हत्या।
०वैराग्य।

वर्जं (अव्य०) निकालकर, त्यागकर, बाहर करके, निष्क्रान्त।

वर्जित (भू०क०कृ०) [वृज्+क्त] ०विसर्जित, निःसृरित।
०परित्यक्य, उत्सृष्ट, बहिष्कृत।
०वंचित, विरहित।
०हीन, निम्न।

वर्ज्य (वि०) [वृज्+ण्यत्] छोड़ने योग्य, बहिष्कृत किये जाने योग्य।

वर्ण् (सक०) वर्णन करना, व्याख्यान करना, प्रतिपादित करना, चित्रित करना।
०कथन करना, निरूपण करना। 'वर्णी वर्णयते किलाक्ष विषयान्' (मुनि० ३३)

वर्णः (पुं०) वर्ण, शब्द, अक्षर।
०ककार, कवर्ग। (जयो०वृ० १/४८)
०ब्राह्मणादिवर्ण (जयो०वृ० १/४८) वर्णानां ब्राह्मणादीनाम्' (जयो०वृ० १/५१)
०श्रेणी, जाति, वर्ग।
०वंश, प्रकार, जातिभेद।
०ख्याति, प्रसिद्धि, कीर्ति, विभूति।
०प्रशंसा, यश।
०रूप, आकृति, छवि। (जयो०वृ० ११/९६)
०रंग, रोगन।
०सौंदर्य, लावण्य।
०सजावट, वेशभूषा।
०अक्षर, ध्वनि, कवर्गादि वर्ण।
०आवरण, चादर, दुपट्टा।
०ढक्कन, चपनी।
०गुण, धर्म।

वर्णं (नपुं०) केसर, जाफरान।

वर्णक (वि०) श्रेणीगत, वर्ग गत।

वर्णकर (वि०) ब्राह्मणादि वर्ण करने वाला।

वर्णकालः (पुं०) वर्णनकाल। ०प्रस्तुति समय।

वर्णकूपिका (स्त्री) दबात, स्याहीपात्र।

वर्णक्रमः (पुं०) परम्परागत, एक वर्ण युक्त, वर्ण व्यवस्था।

वर्णवृति (पुं०) चित्रकार, कलाकार।
०वर्णमाला, कवर्ग क्रम।

वर्णचारकः (पुं०) चितेरा।

वर्णचारिन् (वि०) वर्ण के अनुसार विचरण करने वाला, वर्ण व्यवस्था का अनुसरण करने वाला।

वर्णचेष्टा (स्त्री०) रूपसम्पदा की इच्छा। (जयो० ११/९६)

वर्णज्येष्ठः (पुं०) वर्ण में प्रमुख।

वर्णतूलिः (स्त्री०) कूची, तूलिका, रंगकर्मी की कूची।

वर्णद (वि०) रंग साज।

वर्णदं (नपुं०) दारु लकड़ी।

वर्णदात्री (स्त्री०) हल्दी, हरिद्रा।

वर्णदूतः (पुं०) पत्र, संदेश।

वर्णधर्मः (पुं०) विशिष्ट कर्त्तव्य।

वर्णनं (नपुं०) [वर्ण्+ल्युट्] वर्णन, कथन, विवेचन, निरूपण, प्रतिपादन, विवेचन। (जयो० ६/८५) रूपं प्रविघ्नमिति तस्य च वर्णने कः (सुद० १३४)
०चित्रण, आलेखन, चित्रांकन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०प्रशंसा, स्तुति।

० वक्तव्य, उक्ति, विचार।

वर्णनपर (वि०) वर्णनपरक, वाचक, विवेचक। (सुद० १/४६)
देशादेर्नृपतेश्च वर्णनपर: सर्गोऽयमद्योऽनक:। (सुद० १/४६)

वर्णनीय (वि०) प्रशंसनीय, अक्षरांकन से युक्त। (जयो०वृ० १/२९)

वर्णपदं (नपुं०) अक्षरमाला।

वर्णपातः (पुं०) अक्षरलोप।

वर्णपुष्पं (नपुं०) पारिजात का फूल।

वर्णपुष्पकः (पुं०) पारिजात पुष्प।

वर्ण प्रकर्षः (पुं०) रंगों की महनीयता।

वर्णप्रसादनं (नपुं०) अगर की लकड़ी।

वर्णप्रेमिन् (वि०) सौंदर्य का इच्छुक।

वर्णभङ्गिन् (वि०) वर्णभेद वाला। (वीरो० १७/२८)

वर्णमातृ (स्त्री०) कूचिका, कूची।
०लेखनी, निर्झरणी, प्रसादिनी।
०प्रमार्जनी।

वर्णमातृका (स्त्री०) भारती, सरस्वती।

वर्णमाला (स्त्री०) अक्षरमाला। (जयो० १२/३७) वर्णनां माला-वर्णक्रम। (जयो०वृ० १/४८)

वर्णमालाक्रमः (पुं०) अक्षरमाला के वर्ग का क्रम। (जयो० १/४८)

वर्णयोगः (पुं०) सौंदर्य का संयोग। ०अक्षर संयोग।

वर्णराशिः (स्त्री०) अक्षर माला।

वर्णवर्ति (स्त्री०) तूलिका, कूची।

वर्णवर्तिका (स्त्री०) कूची। ०तूलिका।

वर्णलोपः (पुं०) अक्षरलोप। (जयो० १/३०)

वर्णलोपवती (स्त्री०) वर्णलोप ।

वर्णविधिः (स्त्री०) वर्णस्थापना।
नक्षत्ररीतिरधुना नभसो न भाति,
गुप्तोऽप्युलूकतनस्य तथा सजाति:।
विप्राप्तवंसदनतो नरपामरत्वं,
केषाञ्चिदुद्धरति वर्णविधेर्महत्त्वम्।। (जयो० १८/५०)

वर्ण विलासिनी (स्त्री०) हल्दी, हरिद्रा।

वर्णविलोडक (वि०) अक्षरों की चोरी करने वाला, साहित्यक चोर।

वर्णविशेधिनी (स्त्री०) संशोधकत्री। (जयो० १२/९६)

वर्णवृत्तं (नपुं०) वर्णिक छन्द, जिसमें वर्णों की गणना की जाती है।
सम् अर्धसम विषम
इन्द्रवज्रा, भुजंगप्रपात
यगण, मगण, तगण, रगण, जगण,
भगण, नगण, सगण युक्त छन्द।

वर्ण व्यवस्थितिः (स्त्री०) वर्ण व्यवस्था, वर्णविभाग।

वर्णशिक्षा (स्त्री०) वर्णमाला, की शिक्षा, लिपिज्ञान, अक्षरज्ञान।

वर्णसंकरः (पुं०) अर्न्तजातीय विवाह के कारण उत्पन्न वर्ण। (हित० २४) यदि जन्म संस्काराभ्यां, कौलीन्यमिति कथ्यते। नादीणां किल संस्काराभावात: काऽस्य संगति।। (हित० २३२ श्लोक ७२)
०वर्णों का सम्मिश्रण।

वर्णसंघातः (पुं०) वर्णमाला।

वर्णसाङ्कर्य (वि०) वर्ण मिश्रित। (जयो० ३/८०)

वर्णाङ्कः (पुं०) लेखनी, कलम।

वर्णागमः (पुं०) वर्णों का जोड़ना। ०अक्षर समागम। ०सन्धि।

वर्णापसदः (पुं०) जातिच्युत।

वर्णापेत (वि०) जातिशून्य।

वर्णाश्रमः (पुं०) विविध आश्रम, ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्राम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यासाश्रम। (जयो०वृ० २/११८)
वर्णी-गेहि-वनवासि-योगी। (जयो०वृ० २/११८)
०आर्यप्रवृति, सुन्दर। (जयो०वृ० ११/६)

वर्णाश्रमपद्धतिः (स्त्री०) समान वर्ण व्यवस्था।
आसावर्ण विवाहश्च प्रभवत्यार्षसम्मत:।
समाचारविचारेद्धाऽतो वर्णाश्रमपद्धति:।।
(हित० सं० १९) विस्तार के लिए हित सम्पादक हिन्दी पृ० १९।

वर्णिकछन्द (पुं०) वर्णवृत्त, यगण, मगण आदि गण युक्त काव्य रचना। जात्या वृत्तेनापि लसन्तौ,
सालंकारतया खलु सन्तौ।
सार्द्धविरामायच्च जम्पती,
श्रीछन्दसी गुणेन सम्प्रति।।
(जयो० २२/८१) 'वृत्तेनेति मात्रिक छन्दो जातिर्वर्णिक छन्दश्च वृत्तमिति। (जयो०वृ० २२/८१)

वर्णिका (स्त्री०) लेखनी, कमल, निर्क्षरणी। १. कूची, तूलिका। रंगलेप।
०स्याही, मसि।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्णित (भू०क०कृ०) [वर्ण्+क्त] ०चित्रित, लिखित, रचित, खचित।
०ब्रह्मचर्य योग्य।
०वर्णन की गई, प्रशंसति।

वर्णिन् (वि०) [वर्णोऽस्त्यस्य इनि] ०चित्रवाला, लेख युक्त, रचित।
०वर्ण से सम्बन्धित, जातिगत वर्ण से युक्त।

वर्णिन् (पुं०) [वर्ण+इनि] वर्णी, ब्रह्मचारी।
०गृहस्थवान्, प्रस्थर्षिनामकाः। ब्रह्मचर्य को प्राप्त। (जयो०वृ० १८/४५)
०वर्णि आश्रम, ब्रह्मचर्याश्रम (जयो० २/११७) वाणीभूषणवर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम् (सुद० १/४६) 'वर्णि वर्णयते किलाक्षविषयान्स्वप्नेपमा नित्यतः' (मुनि० ३३) जो इन्द्रिय सम्बन्धी विषयों को स्वप्न के समान वर्णित करते हैं, बताते हैं वे वर्णी हैं।

वर्णिनी (स्त्री०) [वर्णिन्+ङीष्] स्त्री, वनिता। एक वर्ण की स्त्री।
०हल्दी।

वर्णुः (पुं०) [वृ+णुः नित्] दिनकर, भानु, सूर्य।

वर्णोघः (पुं०) अक्षर समूह। (जयो० ३/२३)

वर्ण्य (वि०) [वर्ण्+ण्यत्] वर्णन करने योग्य, विवेचन करने योग्य।

वर्ण्यं (नपुं०) केसर, जाफरान।

वर्ण्यभावः (पुं०) वर्णनीयता के भाव, वर्णन करने योग्य विचार। (जयो० ५/३५)

वर्तः (पुं०) [वृत्+घञ्] वृत्ति, जीविका।

वर्तक (वि०) [वृत्+ण्वुल्] वर्तमान, विद्यमान, अवस्थित, स्थित, जीवित।
०संघ प्रवर्तक।

वर्तकः (पुं०) बटेर, लबा।
०घोड़े का सुम।

वर्तकं (नपुं०) पित्तल, कांसा।

वर्तका (स्त्री०) बटेर, लबा।

वर्तकी (स्त्री०) बटेर, लबा।

वर्तन (वि०) [वृत्+ल्युट्] स्थिर रहने वाला, विद्यमान रहने वाला, टिकाऊ रहने वाला।
०स्थिर, विद्यमान, वर्तमान।

वर्तनः (पुं०) ठिगना, बौना।

वर्तनं (नपुं०) वृत्ति, व्यवसाय, ०जीविका, जीवन निर्वाह। (हित० १३)
वर्तनं कस्यचित्कोऽपि, कदाचित् कर्तुमर्हति। (हित० १३)
०चलना, प्रवर्तन, जाना, गमन। (दयो० ६१) चाल चलन, व्यवहार, आचरण। ०व्यापार, क्रय-विक्रय।
०पात्र, भाण्ड। 'वर्तनानां पात्राणाम्' (जयो०वृ० २४/७१) वर्तनादि परिणामतो हितम्। (जयो० २/७७)
०गोलक, गेंद।

वर्तना (स्त्री०) कालाश्रित वृत्ति, परिवर्तित होना, कालाश्रया वृत्ति।
०पुनरभ्यसन, परिणमन। 'वृतेर्णिजन्तात् कर्मणि भावे वा युटि स्त्रीलिंगे वर्तनेति भवति, वर्त्यते वर्तनमात्रं वा वर्तना-इति (स०सि० ५/२२) अपनी सत्ता को स्वीकार करते हुए हर एक द्रव्य की समय-समय पर होने वाले परिवर्तन को वर्तना कहते हैं। (तत्त्वार्थ सूत्र० पृ० ७८)
०प्रवर्तना, परावर्तन, पलटना।

वर्तनिः (पुं०) [वर्तन्तेऽस्यां जनाः, वृत्+निः] सूक्त, प्रशंसा, सूक्ति, स्तुति।

वर्तनिः (स्त्री०) मार्ग, पथ, रास्ता।

वर्तनी (स्त्री०) पथ, रास्ता, मार्ग।
०पीसना, चूर्ण बनाना।
०जीना, जीवन।
०कर्म, गति।

वर्तमान (वि०) [वृत्+शानच्] विद्यमान, स्थित। जीने वाला, ठहरने वाला।
०मुड़ना, चक्कर काटना।
०परिणत होने वाला, परिवर्तन होने वाला।

वर्तमानः (पुं०) वर्तमान काल, अद्यतनकाल। चलने वाला काल। (सम्य० १३७) ०प्रत्युत्पन्न।

वर्तमानकालः (पुं०) सम्प्रतिकाल। (भक्ति० १८)
०वर्तमान स्थिति से सम्बन्धित काल।

वर्तमानगतिः (स्त्री०) आधुनिक गति, सम्प्रतिकाल की क्रिया।

वर्तमानदृष्टिः (स्त्री०) आधुनिक दृष्टि। ०परिणत दृष्टि।

वर्तमान पथः (पुं०) प्रवर्तन का मार्ग।

वर्तमान स्थितिः (स्त्री०) आधुनिक परिस्थिति।

वर्तरुकः (पुं०) [वर्त+रा+ऊक्] ०पोखर, जोहड़, गर्त, गड्ढा।
०जलावर्त, भंवर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्तिः (स्त्री०) [वृत्+इन्] दशालोचन। (जयो० १०/११४)
पत्राली, बही।
०उबटन, लेप, कज्जल।
०अंगराग, मल्हम।
०दीपक की बत्त।
०झालर, किनारी।

वर्तित (वि० भू०क०कृ०) प्रवर्तित। (जयो० २/१५७)

वर्तिन् (वि०) प्रवर्तित होने वाला, स्थित रहने वाला।
०गतिशील, परिवर्तनशील।
०युक्त। (जयो०वृ० १/११०)
०अनुष्ठाता, अभ्यास करने वाला।
०व्यवहारी, व्यापारी।

वर्तिरः (पुं०) बटेर, लबा।

वर्तिष्णुः (वि०) [वृत्+उलच्] गतिशील रहने वाला, परिवर्तन करने वाला, प्रवर्तित होने वाला, चलने वाला, चक्कर लगाने वाला।
०वर्तुलाकार।
०वर्तमान, विद्यमान।

वर्तुल (वि०) [वृर्त्+उलच्] गोल, कुण्डालाकार, मण्डलाकार।

वर्तुलः (नपुं०) वृत्त।

वर्तुलः (पुं०) मटर।

वर्तुलभङ्ग विभङ्गाकारः (पुं०) जवलेविका, जलेबी, जो गोलाकार तीन चार घेरों से युक्त होती है। (जयो० ३/६०)

वर्तुलाकृतिः (स्त्री०) सुवृत्त, अत्यन्त गोलाकार आकृति। (जयो०वृ० २४/११)

वर्त्मन् (नपुं०) [वृत्+मनिन्] पथ, रास्ता, मार्ग। (सुद० ३/१०) मनोऽपि यस्य नो जातु संसारोचित वर्त्मनि। (सुद० १३२)
०रीति, पद्धति, विधि।
०प्रचलनक्रम, पूर्वानुक्रम।
०धार, किनारा।
०मर्यादा सन्निवेद्य च कुनङ्कैः कुलान्येतवाचरणामिङ्गितं बलात्। आचरेत् स्वकुल सक्तिमानियद्वर्त्मसद्भिरूपतिष्ठितं हि यत्।। (जयो० २/८)

वर्त्मनि (स्त्री०) रास्ता, मार्ग।

वर्त्मबन्धः (पुं०) पलक रोग।

वर्द्धित (भू०क०कृ०) संल्ललित, पालित। (जयो० १३/२२)
०निरादरीकृत् (जयो० २१/७)

वर्त्मभू (स्त्री०) मार्ग स्थान, भूभाग। (जयो० ३/११५)

वर्त्मविरोधिन् (वि०) मार्गविरोधी। (जयो० १३/१३)

वर्त्मसद् (नपुं०) सदाचरण का मार्ग। 'वर्त्म सदाचारमार्गोऽस्ति' (जयो० २/८)

वर्त्मसम्बलः (पुं०) पथ का कलेवा, मार्ग का पाथेय। (समु० ४/३१) पाथेय पथ्य, पाथेय पिण्ड।

वर्द्धमान (वि०) बढ़ते हुए, विकास करते हुए, बृद्धि को प्राप्त। (समु० १/२ दयो० १/३) ०उद्वर्धनशील। (जयो०१८/३७)

वर्द्धमानः (पुं०) सिद्धार्थ पुत्र, त्रिशलानन्दन।
०कुण्डग्राम का राजकुमार, जो वैराग्य धारण कर घोर तपस्वी बना और केवल ज्ञान को प्राप्त कर तीर्थंकर महावीर भी कहलाए।

वर्द्धमानस्वामिन् (पुं०) देखो ऊपर। (जयो० १९/२१)

वर्ध् (सक०) काटना, छेदना, विभक्त करना।
०मूंड़ना, बांटना।
०पूरा करना।

वर्धः (पुं०) [वर्ध्+अच्] काटना, बांधना।
०बढ़ाना, समृद्धि करना।
०वृद्धि, बढ़ोत्तरी।

वर्धकः (पुं०) [वृध्+ण्चि्+ण्वुल्] बढ़ई।

वर्धन (वि०) [वृध्+णिच्+ल्युट्] ०बढ़ने वाला, उगने वाला।
०आवर्धन, समृद्धि करने वाला।

वर्धनः (पुं०) शिव।

वर्धनं (नपुं०) उगना, बढ़ना, शिक्षा देना, उल्लास, उन्नति।

वर्धनी (स्त्री०) बुहारी, झाड़ू।

वर्धनशील (वि०) बर्धिष्णुक। (जयो०वृ० ८/५२)

वर्धमान (वि०) [वृध्+शानच्] बढ़ने वाला, गतिशील होने वाला, वृद्धि कारक।
श्रिया सम्वर्धमानन्तमनुक्षणमपि प्रभुम्।
श्रीवर्धमाननामाऽयं तस्य चक्रे विशाम्पतिः।। (वीरो० ८/६)

वर्धमानः (पुं०) एक जिले का नाम।
०अन्तिम तीर्थंकर महावीर के जीवन का प्रारंभिक नाम।
०श्रीवर्धमाननामाऽयं तस्य चक्रे विशाम्पति' (वीरो० ८/६) वर्धमानस्य अर्हतोऽभिधानतस्तनामोच्चारणपूर्वकं अभिजनं स्वजन्मस्थानं सम्प्राताः। (जयो० ८/२३)
०अर्हत् वर्धमान, तीर्थंकर वर्धमान।

वर्धमानं (नपुं०) ढक्कन, तश्तरी।
०रहस्यमय रेखाचित्र।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्धमानकः (पुं०) एक पात्र विशेष, ढक्कन, चपनी।
वर्धमानत (वि०) बढ़ते हुए, विकास करते हुए। (सुद०३/२७)
वर्धय् (अक०) प्रसार करना, विकास करना, फैलाना विस्तृत होना। (सुद० ३/१३) 'जगदाह्लादको बालचन्द्रमा: समवर्धत' (वीरो० ८/७)
वर्धयत् (वि०) बढ़ते हुए, विकास करते हुए-इङ्गितेन निजस्याथ वर्धयन्मोदवारिधिम्। (वीरो० ८/७)
वर्धयन्त (वर्धय्+शतृ) बढ़ते हुए, प्रसार करते हुए।
वर्धस्व (वि०) बधाई। (जयो०वृ० २६/२८)
वर्धापनं (नपुं०) [वर्ध छेदं करोति-वृध्-णिच् आप ततो भावे ल्युट्] ०काटना, बांटना।
०छेदन करना, भेदन करना।
वर्धित (भू०क०कृ०) [वृध्+णिच्+क्त] बढ़ता हुआ, विकास करता हुआ।
०विस्तृत किया हुआ, फैला हुआ।
०विशाल बनाया हुआ।
वर्धिष्णु (वि०) [वृध्+इष्णुच्] ०वर्धनशील, विकासशील।
०फलने फूलने वाला।
०उमड़ने वाला, वृद्धिशील। बर्द्धिष्णुरधुनाऽऽनन्द-वारिधिस्तस्य तावता। (जयो०वृ० १/१०२) 'गुण समुद्रो वर्धिष्णु: वृद्धिशीलोऽभवत्' (जयो०वृ० १०२)
वर्धिष्णुक (वि०) वर्धनशील, बढ़ती हुई, वृद्धिगत। तेजोनिधौ सोमसुते प्रतीपा वर्धिष्णुके मृत्युमुखे समीपात्। (जयो० ८/५२)
वर्ध्रं (नपुं०) [वृध्+रन्] पट्टी, बेल्ट।
०सीसा, दर्पण।
वध्रिका (स्त्री०) [वर्ध+ङीष्+कन्+टाप्] चमड़े की पट्टी, कमरबन्द।
वर्मन् (नपुं०) [आवृणोति अंगं-वृ-मनिन्] ०कवच।
०छाल, वल्कल। (जयो० ८/१३)
वर्मणः (पुं०) नारंगी तरु।
वर्मिः (पुं०) वामी मछली, मत्स्य विशेष।
वर्मित (वि०) [वर्मन्+इतच्] कवच युक्त, कवचधारी। (जयो० ३/१००)
वर्मितुं (वर्म्+तुमुन्) कवचित, कवच करने के लिए। (जयो०२१/४)
वर्य (वि०) [वृ+यत्] सर्वोत्तम, उत्कृष्ट।
०मुख्य, प्रधान, प्रमुख।
वर्याः (पुं०) कामदेव, मदन।
वर्या (स्त्री०) वरण करने वाली कन्या।
वर्वरः (पुं०) वर्वर जाति, भील जाति।
०बुद्धु, प्रलापी, मूर्ख।
०जाति च्युत, बहिष्कृत।
वर्वर (वि०) [वृ+अरच्] बल खाता हुआ, हकलाने वाला।
वर्वरकं (नपुं०) [वर्वर+कन्] चन्दन लकड़ी।
वर्वरं (नपुं०) पीला चंदन।
०सिंदूर।
वर्वरा (स्त्री०) मक्खी।
०वनतुलसी।
वर्वरीकः (पुं०) [वृ+ईकन्] घुंघराले बाल।
वर्षः (पुं०) [वृष् भावे घञ् कर्तरि अच् वा] द्वन्दसमासे वर्षम्। वर्षा, बारिश। मुमुदे समुदीक्ष्य ततपतिर्भुवि वर्षामिव चातकः सतीम् (सुद० २/३०)
०छिड़कना, सींचना, फेंकना, उत्सरण, बौछार।
वर्षः (पुं०) वर्ष, साल,
वर्षं (नपुं०) भारतवर्ष। (जयो०वृ० १/६) वत्सर, संवत्सर।
०क्षेत्र, स्थान। (भक्ति० ३४) (जयो० १/६)
वर्षक (वि०) बरसने वाला, गिरने वाला।
वर्षकरः (पुं०) मेघ, बादल।
वर्षकोषः (पुं०) ०मास, महीना।
०ज्योतिषी, निमित्तशास्त्री।
वर्षगिरि (पुं०) वर्ष पर्वत, वर्षधर पर्वत।
वर्षज (वि०) बरसात से उत्पन्न।
वर्षणं (नपुं०) [वृष+ल्युट्] वर्षाकाल वृष्टि, वर्षा। (वीरो० १२/३३) (जयो० ८/६२) (सुद० ३/३२)
०सिंचन, बौछार।
वर्षधरः (पुं०) मेघ, बादल।
वर्षधरगिरि (पुं०) वर्षधर पर्वत। (त०सू० ५१) तद्विभाजिन: पूर्वापरायता हिमवन् महाहिमवन्निषध नील-रुक्मि-शिखरिणो वर्षधरपर्वता:। (त०सू० ३/११)
वर्षपूगः (पुं०) वर्षों का समुच्चय।
वर्षप्रतिबन्धः (पुं०) अनावृष्टि, सूखा, अकाल। वर्षाभाव।
वर्षप्रियः (पुं०) चातक पक्षी, चक्रवाक।
वर्षयन्त (वृष्+शतृ) बरसते हुए। 'अखण्डरूपेण जगज्जनेभ्यो ऽमृतं समन्तादपि वर्षयन्तम्। (वीरो० १३/२४)
वर्षवरः (पुं०) हिजड़ा, अन्त:पुर रक्षक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्षवृद्धिः (स्त्री०) जन्मदिन।

वर्षशतं (नपुं०) सौ वर्ष।

वर्षसहस्रं (नपुं०) एक हजार वर्ष।

वर्षा (स्त्री०) [वृष्+अच्+टाप्] वर्षाकाल। (वीरो० ६/२) ०वर्षाऋतु-पत्रशाकं च वर्षासु नाऽऽहर्तव्यं हयावता। (सुद० १२९)
०मेघवृष्टि, वर्षा, बरसात, वर्षा होना। (सुद० २/५०)
'वर्षायां तु न निर्व्रजेत् पथि पुनर्वर्षयत्सुमेघेषु च। (मुनि०९)

वर्षाऋतु (स्त्री०) वर्षा का समय, पयोदकाल (भक्ति १४) बरसात का समय। (भक्ति० १४)

वर्षाकालः (पुं०) पयोदकाल, वर्षा का समय। (वीरो० ६/२) (वीरो० २/१५)

वर्षाक्लेशः (पुं०) वर्षाभाग का कष्ट। (जयो० वृ० २२/१२)

वर्षान्तर (पुं०) क्षेत्र के बीज, स्थान के मध्य। (भक्ति० ३४)

वर्षान्तर पर्वतः (पुं०) क्षेत्रों के मध्य आए हुए कुलाचल। (भक्ति० ३४) वर्षोषु वर्षान्तर, नन्दीश्वरे यानि च मन्दरेषु। (भक्ति०३४)

वर्षाभू (पुं०) मेंढक।

वर्षाम्बु (नपुं०) चातुर्मास, वर्षाकाल का संयोग। (सम्य० १५६)
* श्रावण कृष्ण प्रतिपदा से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा तक। "पञ्चम्या नभसः प्रकृत्यभवतादूर्जस्विनी या क्षमा, तावद्ध सशतावधौ निवसतादेकत्र लब्ध्वा समां। एतस्मिन्भवति स्वतोऽवनिरियं प्राणिव्रजैराकुला, संजायेत ततोऽर्हतां सुमनो सावुज्जजृम्भे तुला। (मुनि० ७)

वर्षार्चिस् (पुं०) मंग्रलग्रह।

वर्षावसरसमयः (पुं०) शरद काल। (जयो० ४/९)

वर्षावसारः (पुं०) बौछार, दृष्टि। कलिर्नुलिफल। (वीरो० ४/६)

वर्षिका (स्त्री०) वर्षाकत्री। (जयो० १५/२४)

वर्षितं (नपुं०) [वृष्+क्त] वर्षा, वृष्टि।

वर्षिष्ठ (वि०) [अतिशयेन वृद्ध] अत्यन्त वृद्ध, बहुत बूढ़ा।

वर्षीयस् (वि०) अधिक बड़ा।

वर्षुक (वि०) [वृष्+उकञ्] जलमय, बरसने वाला, देह।

वर्ष्मन् (नपुं०) शरीर, देह।

वर्हः (पुं०) मयूर। (समु० ७/२५)

वल् (सक०) जाना, पहुंचना, ठकना, घेरना।

वल् (अक०) मुंडना, आकृष्ट होना, अनुरक्त होना।

वलग्नः (पुं०) [अवलग्न इत्यत्र भागुरिमतेर अकरलोपः] कमर।

वलग्नं (नपुं०) कमर, कटि।

वलनं (नपुं०) [वल् भावे ल्युट्] ०घूमना, चक्कर काटना, मुड़ना।
०गोलाकार, मण्डलाकार, वर्तुलाकार।

वलभी (स्त्री०) छज्जा। (जयो० १०/६१)

वलभी (स्त्री०) एक नगरी, स्थान विशेष। श्वेताम्बर जैनागमों की एक वाचना वलभी वाचना के रूप में प्रसिद्ध है। यह वाचना महावीर निर्वाण के ९८० में देवर्धिगणी की अध्यक्षता में हुई थी।

वलभीतलं (नपुं०) छज्जा। (जयो० १०/६१)

वलयः (पुं०) [वल्+अयन्] कंगन, कड़ा, हाथ के आभूषण।
०गोलाकार कंकण।
श्री वीरमातुर्वलयानि तानि माणिक्यमुक्तादिविनिर्मितानि। (वीरो० ५/१५)
०छल्ला, कुंडल।
०वृत्त, परिधि, मण्डल। (जयो० ५/८६, ९/६९)
०बाड़, घेरा, झाड़बन्दी।
०गलगण्ड रोग।

वलयस्वनं (नपुं०) कंकणशब्द, कंगनध्वनि। (जयो० १४/२५)

वलयाकारः (पुं०) वर्तुलाकार।

वलयावारकंकणं (नपुं०) गोल कंगन।

वलयाकारकुंडल (नपुं०) गोलाकार कुण्डल।

वल्याकारगिरि (पुं०) मण्डलकार पर्वत।

वल्याकारपृथिवी (स्त्री०) गोल भूभाग।

वलयाकुल (वि०) कङ्कणसहित व्याकुल। (जयो० १७/८५)

वलयाङ्कित (वि०) कंगनाङ्कित (जयो० १८/१००) वलयेन कटकेन अङ्कितः (जयो०वृ० १८/१००)

वलयित (वि०) [वलय+इतच्] घिरा हुआ, परिवृत्त, चारों ओर लपेटा गया।

वलारि (स्त्री०) इन्द्रपुरी। (जयो०वृ० २४/२९)

वलायमरणं (नपुं०) संयमहीन मरण।

वलाहकः (पुं०) मेघा, बादल। (जयो० ५३)

वलिः (स्त्री०) [वल्+इन्] शिकन, झुर्री, सिकुड़न।

वलिकः (पुं०) छत का किनारा।

वलित (भू०क०कृ०) [वल्+क्त] तिरछी, टेढ़ी, तिर्यक्। (जयो० १३/२६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०घिरा हुआ, लिपटा हुआ।
०झुर्रियों युक्त, झुर्रीदार।
०गतिशील, प्रवाहमान।
वलित्रय (वि०) तीन रेखाओं वाली। (वीरो० ६/७)
वलिन् (वि०) झुर्रीदार, आकुंचित।
वलिर (वि०) [वल्+किरच्] भैंगी आँख वाला।
वलिशं (नपुं०) मछली पकड़ने का कांटा।
वलीकं (नपुं०) [वल्+कीकन्] ओलती, छप्पर का किनारा, मुंडेर।
वलूकः (पुं०) पक्ष विशेष।
वलूकं (नपुं०) कमलनाल।
वलूल (वि०) [वल्+लच्] बलवान, शक्तिमान्, हृष्ट पुष्ट।
वल्ल् (सक०) बोलना, कहना।
वल्कः (पुं०) वृक्ष की छाल। (सम्य० ४९)
वल्कं (नपुं०) वृक्ष की छाल।
०भाग, खण्ड, अंश, हिस्सा।
वल्कतरु (पुं०) वृक्ष, तरु, छाल वाला पेड़।
वल्कलः (पुं०) [वल्+कलच्, कस्य नेत्वम्] ०वल्कल, छाल का वस्त्र। (सम्य० १४९)
वल्कलं (नपुं०) देखो ऊपर।
वल्कवन् (वि०)पपडी युक्त मछली।
वकलसंवीतः (पुं०) छालवस्त्र धारण करने वाला।
वल्किलः (पुं०) [वल्क्+इलच्] कांटा।
वल्कुटं (नपुं०) छाल, वल्कल।
वल्ग् (सक०) उछलना, इधर-उधर जाना।
०छलांग मारना, कुलांच भरना, चौकड़ी भरना।
०कूदना।
वल्गनं (नपुं०) [वल्ग्+ल्युट्] उछलना, कूदना, दौड़ना, चौकड़ी भरना।
०लगाम। (दयो० ४०)
वल्गा (स्त्री०) [वल्ग्+अच्+टाप्] ०लगाम, रास।
वल्गित (भू०क०कृ०) [वल्ग्+क्त] ०उछला हुआ, कूदा हुआ।
०गतिशील किया गया, नचाया गया।
वल्गितं (नपुं०) दौड़, चलना, नाचना, कूदना।
वल्गुन (वि०) [वल् संवरणे उ गुक् च] प्रिय, रमणीय, मनमोहक, सुंदर, मनोज्ञ।
०आकर्षक, लुभावना, मधुर, श्रेष्ठ।
०मूल्यवान।
वल्गुः (पुं०) बकरा, अज।
वल्गुक (वि०) [वल्गु+कन्] प्रिय, मनोहर, रमणीय।
वल्गुकं (नपुं०) चंदन।
०मूल्य।
०लकड़ी।
वल्गुलः (पुं०) [वल्ग्+उल] गीदड़।
वल्गुलिका (स्त्री०) [वल्गुल+कन्+टाप्] तैल चोर।
०पेटी।
०डिब्बा।
वल्भ् (सक०) खाना, निगलना, आस्वादन करना, चखना।
वल्मी (स्त्री०) [वल्+अच्+ङीष्] चिऊँटी, चींटी।
वल्मीकं (नपुं०) वामी।
वल्मीकूटं (नपुं०) वामी, दीमक निर्मित मिट्टी का ढेर, कुटी। (दयो० २२/)
वल्युल् (सक०) काट डालना।
वल्ल् (सक०) ढकना। ०आच्छादित करना।
वल्लः (पुं०) चादर, आवरण, ढक्कन, प्रवारण।
०भार विशेष, तीन गुंजाओं का तौल।
०प्रतिषेध।
वल्लकिका (स्त्री०) ०वीणा, ०एक वाद्य विशेष।
वल्लकी (स्त्री०) [वल्ल्+क्वुन्+ङीष्] वीणा। (जयो० १०/८) (सुद० २/१२)
वल्लभ (वि०) [वल्ल्+अभच्] ०प्रिय, मनोज्ञ, प्यारा, इष्ट, प्रेय। (जयो० १/९६)
०सर्वोपरि, अभिलषित।
वल्लभः (पुं०) प्रेमी, स्नेही, प्रिय. पति।
०कृपापात्र, दयागत।
०अधीक्षक, अध्यवेक्षक।
वल्लभता (वि०) मनोज्ञ, प्रियता, रमणीयता। (वीरो० २१/१)
'शिवश्रियं यः परिणेतुमिद्धः समाश्रितो वल्लभतां प्रसिद्धः'
वल्लभभाई पटेलः (पुं०) बीसवीं शताब्दी के नेता, जो मृदुस्वभाषी थे। (जयो० १८/८१)
वल्लभाचार्यः (पुं०) वैष्णव सम्प्रदाय के प्रवर्तक।
वल्लभायितं (नपुं०) [वल्लभ्+क्यङ्+क्त] रति बन्ध, सुरत क्रीड़ा की पद्धति।
वल्लरं (नपुं०) [वल्ल्+अरन्] अगर की लकड़ी।
०निकुंज।
०झुरमुट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वल्लरी (स्त्री०) [वल्ल्+अरि+ङीष्] बेल, लता।
०मञ्जरी। (दयो० ११२)
वल्लव: (पुं०) ग्वाला, गोपाल।
वल्लि: (स्त्री०) लता, बेल, गुल्म।
०भू, भूमि, धरा।
वल्ली (स्त्री०) लता, बेल। (जयो० १४/१७) गुल्म। (जयो०वृ० ३/३९)
वल्लीलं (नपुं०) मिर्च।
वल्लीवृक्ष: (पुं०) सालतरु।
वल्लुरं (नपुं०) [वल्ल्+उरन्] निकुंज, पर्णशाला।
०मंजरी।
०अरण्य।
०रेगिस्तान।
०सूखा मांस।
वल्ह् (अक०) प्रमुख होना, सर्वोत्तम होना।
वल्ह् (सक०) बोलना, कहना।
०चोट पहुंचाना, ढंकना।
०मार डालना, नष्ट करना।
वश् (सक०) चाहना, इच्छा करना, अभिलाषा करना, लालसा करना।
०अनुग्रह करना।
०चमकना।
वश (वि०) [वश् कर्तरि अच् भावे अप् वा] ०आधीन, प्रभावगत, नियंत्रणगत। (सुद० ७२) पुण्याशयवशाज्जातं शुद्धलेश्यावलम्बनात्। (सम्य० ११५)
०अभिलाषा, वाञ्छा, चाह, इच्छा। (जयो० ६/९९)
०शक्ति, प्रभाव, स्वामित्व, अधिकार।
वशंकर (वि०) आधीन युक्त। (जयो० १३/९९)
वशकृत (वि०) वशीगत। (जयो० ४/४८)
वशंगत (वि०) वशवर्तिता को प्राप्त, अधिकार को प्राप्त हुआ। अनेकविघ्नप्रकरेऽत्र येन, सन्मानसोत्साह वशंगतेन। (सम्य० ९५)
वशङ्ग (वि०) लोलुपी। (सुद० १२७)
वशंवद (वि०) [वश्+वद्+खच्] ०आज्ञाकारी, समझदार। (जयो० २/६५) ०अनुवर्ती, ०विनीत, ०आधीन, प्रभावित। (समु० ३/७)
वशका (वि०) ०आज्ञाकारिणी भार्या, ०प्रिया।
वशग (स्त्री०) वशवर्ती, आज्ञाकारी। (सुद० ११२)
वशवर्तिन् (पुं०) सेवक, भृत्य, प्रिया।
वशवर्तिन् (पुं०) सेवक, भृत्य, अनुचर। (सुद० १२१, जयो० १६/६३, सुद० ३/४२)
वशा (स्त्री०) [वश्+अच्+टाप्] ०अबला, वनिता, नारी, कन्या, नारी। 'वशास्त्रियां सुतायाञ्चेति' विश्वलोचन:' (जयो० १३/२०)
०पत्नी, भार्या, प्रिया।
०पुत्री, ननद।
०गाय।
०हथिनि।
वशि: (स्त्री०) आधीनता, सम्मोहन।
वशिक (वि०) [वश्+ठन्] शून्य, रहित।
वशिताभृत (वि०) जितेन्द्रिय। 'वशी सुगतशक्रयोरि' ति कोषसद् भावात्' (जयो०वृ० ३/२९)
वशिन् (वि०) [वश: अस्त्यस्य इनि] ०शक्तिशाली, बलशाली।
०विज्ञ, पाठक। (जयो० ७/१०२)
०आधीन, वशीभूत।
०विनीत, नम्र, जितेन्द्रिय। (जयो० १२/१)
वशिनिन्दित (वि०) संयमधारिघृणित। (जयो० २६/२३)
वशिनी (स्त्री०) [वशिन्+ङीप्] शमीवृक्ष।
वशिर: (पुं०) [वश्+किरच्] एक प्रकार का मिर्च।
वशिरं (नपुं०) समुद्री नमक।
वशीगत (वि०) आधीनता को प्राप्त हुआ। (जयो० ४/४८)
वशेन्द्रियत्व (वि०) जितेन्द्रियत्व। (वीरो० १६/१५)
वश्य (वि०) वशीभूत, आधीनता युक्त। (सुद० १/३२)
वश्य: (पुं०) सेवक, भृत्य, अनुचर। आधीन-कुतोऽस्य वश्य: न हि तत्त्वबुद्धि। (वीरो० ५/३१)
०साधक का दोष, मंत्र-तन्त्र के उपदेश से दाता को आधीन करना।
वश्यका (स्त्री०) [वश्य+कन्+टाप्] आज्ञाकारिणी पत्नी, विनम्रा, विनीता।
वष् (सक०) मारना, नष्ट करना,
०क्षति पहुंचाना, वध करना।
वषद (अव्य०) [वह्+उषटि] आहूति के समय उच्चरित होने वाला शब्द।
वष्क् (सक०) जाना, पहुंचना।
वष्कय: (पुं०) [वष्क्+अयन्] छोटा बछड़ा, एक वर्ष का बछड़ा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वष्कयणी (स्त्री०) [वष्कय+नी+क्विप्+ङीष्] चिर प्रसूता गाय, बहुत दिनों से ब्याही हुई गाय।

वस् (अक०) रहना, ठहरना, निवास करना।
०स्थित होना, खड़े होना।
०विद्यमान होना।
०अवस्थित रहना। (सुद० ९८) 'किमुशर्करिले वसति हतत्वाद्। (सुद० ९८)
०स्थिर होना, सीधा होना।

वसतिः (स्त्री०) [वस्+अति वा ङीष्] ०रहना, स्थित होना, ठहरना।
०नगर, पुर। (मुनि० १९)
०घर, आवास, निवास, स्थान।
०आधार, आश्रय, आशय, पात्र।
०शिविर, पड़ाव, छावनी, डेरा।

वसनं (नपुं०) [वस्+ल्युट्] ०रहना, ठहरना, रुकना, निवास।
०घर, आवास, स्थल।
०प्रसाधन करना, धारण करना, पहनना।
०वस्त्र, कपड़ा, परिधान। (जयो० १२/९९) 'वसनेभ्यश्च तिलाञ्जलिमुक्त्वा' आह्वयति तु दैगम्वर्यन्तत्। (सुद० ८१)
०वेष। (सुद० ७५)
०करधनी, कंदौरा, कमरबन्द। तगड़ी।

वसनगत (वि०) वस्त्र सहित।

वसनजात (वि०) परिधान सुसज्जित।

वसनताटंकः (पुं०) वस्त्राभूषण।

वसनत्यक्त (वि०) वस्त्र त्याग करने वाला, निर्ग्रन्थ, दिगम्बर।

वसनधर (वि०) वस्त्रधारक।

वसनमुक्त (वि०) निर्ग्रन्थ।

वसनाभरणं (नपुं०) वस्त्राभरण। (जयो० १३/७६)
०वस्त्राभूषण (सुद० ७५) वसनाभरणैरादरणीयाः सन्तु मूर्त्तयः किन्तु न हीयान्। (सुद० ७५)

वसन्तः (पुं०) वसन्त ऋतु, ऋतुराज। (सुद० ४/१) (जयो० ४/४) (जयो० १/७३) 'स वसन्तः स्वीक्रियतां सन्तः सवसन्तः' (सुद० ८१) स वसन्त आगतो हे सन्तः। स वसन्तः।
०चैत्रमास, वसन्तोत्सव।

वसन्त (वस्-शतृ) रहते हुए। (सुद० १/२७)

वसन्तकालः (पुं०) वसन्त का समय।

वसन्तघोषिन् (पुं०) कोयल।

वसन्तजा (स्त्री०) माधवी लता, वसन्तोत्सव।

वसन्ततिलकः (पुं०) वसन्त की शोभा, वसन्त ऋतु का अलंकरण।

वसन्तदूतः (पुं०) कोकिल, कोयल, कुहू कुहू शब्द।
०चैत्रमास।

वसन्तदूती (स्त्री०) शृंगवल्ली का पुष्प।

वसन्तद्रु (पुं०) आम्र तरु।

वसन्तद्रुमः (पुं०) आम्र तरु।

वसन्तपंचमी (स्त्री०) ऋतु की पञ्चमी।

वसन्तबन्धुः (पुं०) कामदेव, मदन।

वसन्तर्तु (स्त्री०) वसन्त का समय।

वसन्तऋतु (स्त्री०) वसन्तमास। (वीरो० ६/३६) वन्योमधो पाणिधृतिस्तदुक्तं पुंस्कोकिलैर्विप्रवरैस्तु सूक्तम्। (वीरो० ६/१४)

वसन्तश्री (स्त्री०) वसंत शोभा। 'वेणी वसन्तश्रिय एव रम्याऽसौ शृंखला कामगजेन्द्रगम्या' (वीरो० ६/२६)

वसन्तसम्राट्ः (पुं०) वसन्त राज, वसन्त ऋतु, ऋतुराज वसन्त। (वीरो० ४/५)

वसन्तसम्पदा (स्त्री०) वसन्तश्री। (समु० २/१४)

वसन्तसेना (स्त्री०) वसन्त सेना वेश्या, जो आर्यिका बनकर तप पूर्वक स्वर्ग को प्राप्त हुई।
०एक पण्याङ्गना (दयो० ६९) सर्वार्थासिद्धिं खलु सोम आप वसन्तसेना च विषा निरापत्। (दयो० १२५)

वसा (स्त्री०) [वस्+अच्+टाप्] ०मेद, चर्बी, मज्जा।

वसाढ्यः (पुं०) सूंस।

वसापायिन् (पुं०) कुत्ता, श्वान।

वसि (नपुं०) [वस्+इनि] वस्त्र, परिधान।
०निवास, आवास।

वसित (भू०क०कृ०) [वस्+णिच्+क्त] ०स्थित, रहता हुआ, धारण किए हुए।
०निवास युक्त।

वसिष्ठः (पुं०) एक मुनि, तापस।

वसुः (पुं०) कौशला पुरी निवासी गणधर अचल के पिता श्री, नवें गणधर के पिता। वसुः पिताऽम्बाऽस्य वभौ च नन्दा सा कौशलाऽऽख्या नगरीत्यमन्दा। (वीरो० १४/१०)
०कुबेर, अग्नि, शिव, सरोवर, तालाब। ०वसु राजा।

वसु (नपुं०) [वस्+उन्] धन, सम्पत्ति, वैभव।
०मणि, रत्न, स्वर्ण। (समु० ३/३०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०जल, वारि।
०वस्तु द्रव्य।
०हाटक। (जयो० ३/७८)
वसुकः (पुं०) आक पादप।
वसुकं (नपुं०) रत्न, मणि। भो भो! भट्टिनि भद्रमित्र वसुकं, भारं तु मे देहि तत्। (समु० ३/४४)
०समुद्री नमक।
०शिलीभूत नमक, लोडी नमक।
वसुकसारा (स्त्री०) प्रकाश, किरण।
०अमरावती, अलकापुरी।
वसुकीटः (पुं०) भिक्षुक।
वसुकृमि देखो ऊपर।
वसुदा (स्त्री०) भूमि, भू, धरा।
वसुदेवः (पुं०) कृष्ण के पिता।
०वसुदेव राजा। (वीरो० १७/१८)
वसुदेव्या (स्त्री०) घनिष्ठा नक्षत्र।
वसुधा (स्त्री०) भू, धरा, पृथ्वी। (जयो० ६/४)
०भूतल, भू भाग। (जयो० ११/५२)
वसुधातिवर्तिः (स्त्री०) स्वर्गीय सुख। ०परमानन्द। 'यतो वसुधामतीत्य वर्तते सुधातिवर्ति' (जयो० ११/५२)
वसुधामं (नपुं०) रत्न स्थान, मणिमुक्ताओं का स्थान। 'वसूनां रत्नानां धाम स्थानभूता' (जयो० १२/५)
वसुधालयः (पुं०) धरानिवासी 'न सुधा वसुधालयैस्तु पीतोत्तममस्यास्तु हविः कवीन्द्र गीतौ। (जयो० १२/७०)
वसुधावलयः (पुं०) भूतल। (वीरो० २२/८)
वसुधावसु (नपुं०) पृथिवी रत्न, भूरत्न। वसुधायाः पृथिव्यां वसुरूपां रत्नतुल्याम्' (जयो०वृ० ५/७)
वसुधासुधानिधानं (नपुं०) पृथ्वी के सुधाकर। 'वसुधायाः पृथिव्याः सुधानिधाने चन्द्रमसीव' (जयो० ६/५०)
वसुधैवकुटुम्बिन् (पुं०) पृथ्वीमात्रस्य बन्धु, भू भाग रूप कुटुम्बी।
वसुन्धरा (स्त्री०) [वसूनि धारयति वसु+धृ+णिच्+खच्+टाप्] ०नाना रत्नधारिणी, ०भूमि, ०पृथ्वी, ०धरिणी, ०धरती। (वीरो० ४/११)
वसुप्रणाशः (पुं०) ०रत्न हड़पना, ०रत्न ले लेना। *भूमि को छीनना। * ममर्तादीनस्य वसुप्रणाशात्, किं शाम्यता तेऽपधियो दुराशा। (समु० ३/३६)
वसुभानु (पुं०) नररत्न। (जयो० ४/३८) ०नरेंद्र, नृप। ०सज्जन।
वसुभूति (पुं०) मगध देशान्तर्गत गोबर ग्राम निवासी वसुभूति ब्राह्मण (वीरो० १४/४)
वसुमत् (वि०) [वसु+मतुप्] धनवान, वैभवसम्पन्न।
वसुमती (स्त्री०) धरणी, धरती, धरा, पृथ्वी। (जयो० २१/१४)
वसुमतीवलयः (पुं०) महीमण्डल, भूभाग। (जयो० ५/२७)
वसुराजा (स्त्री०) न्यायधीश वसुराजा। (वीरो० १८/५०)
वसुरेतस् (पुं०) आग, अग्नि।
वसुर्वाग्विवश (वि०) वसुराजा के वचन से विवश हुआ। 'न्यायाधिपः प्राह च पार्वतीयं वचो वर्सुर्वाग्विवशो महीयम्। (वीरो० १८/१५)
वसुलः (पुं०) [वसु+ला+क] अमर, देव, देवता।
वसुसारः (पुं०) रत्ननिकट, रत्नसमूह। (जयो० १२/६६)
०पृथ्वी खनिज सम्पदा।
वसूपयुक्तभूति (पुं०) वसुभूति ब्राह्मण, मगध देशान्तर्गत गोबर निवासी ब्राह्मण। (वीरो० १४/४)
वसूरा (स्त्री०) [वस्+अरच्+टाप्] गणिका, वेश्या, रण्डी।
वस्क् (सक०) जाना, पहुंचना, प्राप्त होना।
वस्कराटिका (स्त्री०) बिच्छू, वृश्चिक।
वस्त् (सक०) क्षति पहुंचना, नाश करना।
०मांगना, याचना करना।
वस्त् (नपुं०) आवास, निवास।
वस्तः (पुं०) बकरा, अज।
वस्तकं (नपुं०) [वस्त+कै+क] कृत्रिम लवण।
वस्तिः (स्त्री०) [वस्+नि] आवास, निवास, रहने का स्थान, जहां लोगों का परिकर हो।
०उदर।
०पेटू।
०मूत्राशय।
०एनीमा, पिचकारी।
वस्तिकर्मन् (नपुं०) एनीमा कार्य।
वस्तिमलं (नपुं०) मूत्र।
वस्तिशिरस् (नपुं०) एनीमा की नली।
वस्तिशोधनं (नपुं०) मूत्र बढ़ाने वाली दवा।
वस्तु (नपुं०) [वस्+तुन्] पदार्थ, द्रव्य, वस्तु, सामग्री, मामला। (सुद० ४/५) 'अनित्यतैवास्ति न वस्तुभूताऽसौ नित्यताऽप्यस्ति यतः सुरतम् (वीरो० १२/४२)
०समुत्पत्तिस्थान। (जयो० ११/२१)
०वास्तविकता, विद्यमान चीज।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०सामान्य विशेषात्मक वस्तु।
०धन सम्पत्ति-'वस्तुमेणाक्षीणां मनस्युदारे (सुद० ८८)
०मूलस्थिति, द्रव्य की स्थिति। (सम्य० ७४)
०योजता, रूपरेखा।
०अवस्था। (सुद० ३/३२)
०माल, चीज। (जयो० २/११३)

वस्तुजाति (स्त्री०) पदार्थ की उत्पत्ति, द्रव्य उत्पत्ति। 'त्रयात्मिकाऽतः खलु वस्तुजातिः' (वीरो० १९/३)

वस्तुतः (अव्य०) स्वभावतः, यथार्थतः, तत्त्वतः, वाकई। 'वस्तुस्तु मदमात्सर्याद्याः' (सुद० ११०)

वस्तुतं (अव्य०) वास्तव में, अनिवार्यता, यथार्थ में, वाकई, मूलतः।

वस्तुतत्त्वं (नपुं०) पदार्थ तत्त्व, द्रव्य का रूप। 'अनेकशक्त्यात्मकवस्तुतत्त्वम्' (वीरो० १९/८)

वस्तुत्व (वि०) वस्तु का गुण-वस्तु में जो सामान्य और विशेषरूपता होती है यही वस्तु का वस्तुत्व है। सामान्य-विशेषात्मकत्वं वस्तुत्वलक्षणम्। (अष्टशती० १९)

वस्तुत्वधर्मः (पुं०) जो सर्वथा साथ रहता है, स्वभावगतधर्म। (वीरो० १९/४०) समस्ति वस्तुत्वमकाट्यमेतन्नोचेत् किमाश्वासनमेतु चेतः। (वीरो० १९/४०)

वस्तुपरिच्छदं (नपुं०) पदार्थ संचरण, वस्तु परिभ्रमण। 'बाह्यं वस्तुपरिच्छदं न तु कनागप्यत्र तद्वानसि' (मुनि० २५)

वस्तुसंविदः (पुं०) तत्त्वविचारकवृत्ति। (जयो० २८/४४)

वस्तुसत्त्वं (नपुं०) वस्तु का यथार्थ रूप, उत्पाद, व्यय और ध्रुव इन तीन रूप वस्तु की यथार्थ रूपता है।
स्यूतिः पराभूतिरिव ध्रुवत्वं
पर्यायतस्तस्य यदेकतत्त्वम्।
नोत्पद्यते नश्यति नापि
वस्तुसत्त्वं सदैत द्विदधत्समस्तु।। (वीरो० १९/१६)

वस्तुस्वभावः (पुं०) पदार्थ का स्वभाव।
रेखैकिका नैव लघुर्नगुर्वी,
लघ्व्याः परस्या भवति स्विदुर्वी।
गुर्वी समीक्ष्याथ लघुस्तृतीयां,
वस्तुस्वभावः सुतरामितीयान्। (वीरो० १९/५)

वस्तुस्थितिः (स्त्री०) पदार्थ की स्थिति। (मुनि० १३)

वस्त्यं (नपुं०) [वस्ति+यत्] आवास, निवास, घर, स्थान।

वस्त्रं (नपुं०) [वस्+ष्ट्रन्] परिधान, पहनावा, वेषभूषा, पोशाक। (सुद० ७/९४) वारा वस्त्राणि लोकानां क्षालयामास या पुरा' (सुद० ४/३६)
०अनेक, वस्त्र। जलेन क्षालनादिक्षालितमंशुकं वस्त्रमनकं मलवर्जित परिपठ्यते। (जयो०वृ० २/८०) 'मामकीन वस्त्रं मह्यं न ददासि तर्हि कस्मै दास्यसि?' (जयो० १७/१३१)

वस्त्रकुट्टिमं (नपुं०) तम्बू, डेरा।

वस्त्रगृहं (नपुं०) तम्बू, डेरा, दूष्यक। (जयो०वृ० १३/७१)

वस्त्रग्रन्थिः (स्त्री०) धोती या साड़ी की गांठ। नीवि, नाड़ा।

वस्त्रनिर्णेजकः (पुं०) धोबी, वस्त्रपरिक्षालक।

वस्त्रपगृहं (नपुं०) पटविरचित स्थान, पाण्डाल तम्ब। (जयो० ६/१३२)

वस्त्रपरिक्षालकः (पुं०) धोबी।

वस्त्रपरिधानं (नपुं०) कपड़े पहनना, वस्त्रधारण करना।

वस्त्रपूतः (पुं०) वस्त्र से छना। (हित० ४८, सुद० १/४३)
जलाशयस्य कं वस्त्रपूतं कृत्वाऽथ बह्निना।
सन्तप्य तदुपादानं प्रशस्तमभिधीयते।। (हित० १/८)

वस्त्रपुत्तिका (स्त्री०) पुतली, कपड़े की गुड़िया।

वस्त्रभेदकः (पुं०) दर्जी, नामदेव।

वस्त्रभेदिन् (पुं०) दर्जी, नामदेव।

वस्त्रयुग्मं (नपुं०) युगल वस्त्र। (सुद० ४/३१)

वस्त्रयोनिः (स्त्री०) कपड़े की उत्पत्ति, कपास।

वस्त्ररंजनं (नपुं०) कुसुंभ।

वस्त्रव्यपेतः (पुं०) निर्ग्रन्थ, वस्त्रत्यागी, दिगम्बर।
शिशूपमा ये खलु निर्विकाराः,
विश्वप्रमोदाय कृतप्रचाराः।
वस्त्रव्यपेतोत्तमसम्प्रदाया स्ते सन्तु,
नित्यं गुरवः सहायाः।। (भक्ति० १६)

वस्त्रसंक्षालकः (पुं०) रजक, धोबी। (जयो०वृ० २८)

वस्त्राभरणं (नपुं०) वस्त्राभूषण।

वस्त्राभ्यन्तरं (नपुं०) चीवरान्तर। (जयो० १३/२७)

वस्नं (नपुं०) [वस्+न] भाड़ा, किराया, मज़दूरी।
०आवास, घर, निवासस्थल।
०धन, वैभव, सम्पत्ति, द्रव्य।
०वस्त्र, आभरण।
०मूल्य।
०मृत्यु।

वस्ननं (नपुं०) करधनी, कंदौरा, तगड़ी, पटका।

वस्नसा (स्त्री०) [वस्नपं चर्म सीव्यति-सिव+ड+टाप्] कण्डरा, स्नायु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वस्वौकसारा (स्त्री०) कमलिनी-'वस्वौकसारा श्रीदस्य नलिन्यामलकापुरि' इति विश्वलोचनः' (जयो०वृ० ११/११७)

वंह् (सक०) उज्ज्वल करना, चमकाना, कान्तिमय करना।

वह् (सक०) ले जाना, धारण करना, ग्रहण करना। (जयो० ६/१०१) दिगपि गन्धवहं ननु दक्षिणा वहति विप्रियनिश्वसनं त्वाम्। (वीरो० ६/३७)

०परिवहन करना, वहन करना। तस्थु सशल्यांघ्रिदशां वहन्तः। (वीरो० १४/१४)

०नेतृत्व करना, निकलना। (सुद० २/३६)

०ढोना, चलाना, धकेलना।

०सहारा देना, आश्रय देना, थाम लेना, धारण करना। (जयो० १/६४)

०वहना, फैलना। (जयो० २/९३) (जयो० १/८)

०हांकना, ठेलना, पारगमन करना।

०छोड़ना, त्यागना, तिलाञ्जलि देना। (सुद० ७०)

०घटाना, प्रयोग करना, उपयोग करना।

०संभालना, ऊँचे उठाना, संधारण करना।

०उपक्रम करना, आरंभ करना। (जयो० २/५३)

वहः (पुं०) [वह् कर्तरि अच्] वहन करने वाला, ले जाने वाला, धारण करना।

०हवा, पवन।

०नद, नाला।

०माप विशेष।

वहतः (पुं०) [वह्+अतच्] ०यात्री।

०बैल, वृषभ, बलिवर्द।

वहतिः (पुं०) बैल, बलिवर्द।

०पवन, वायु।

०मित्र।

०परामर्श दाता, सलाहकार।

वहती (स्त्री०) नदी, सरिता।

वहतु (पुं०) बैल, बलिवर्द।

वहनं (नपुं०) [वह्+ल्युट्] ०यान, वाहन, नाव, डोंगी।

०ले जाना, धारण करना।

०ढोना, सहारा देना।

०वहना, प्रवहमान होना।

वहनक्रिया (स्त्री०) सधारण क्रिया, पाणिपीडन क्रिया। (जयो० १४/७)

वहंतः (पुं०) [वह्+अच्] पवन।

वर्हभारः (पुं०) पंखों का भार। (जयो० १३/८६)

वहित्रं (नपुं०) [वह्+इत्र] डोंगी, नाव, किश्ती।

वहिरास्थित (वि०) बाह्य स्थित। (समु० २/३१)

वहिष्कः (वि०) [वहिस्+कन्] बाहरी।

वहेडकः (पुं०) विभीतक तरु, बहेड़ा का वृक्ष।

वहेडुकः (पुं०) बहेडा का वृक्ष।

वह्निः (पुं०) [वह्+निः] आग, अग्नि। (सम्य० ७)

०तेज, ज्वाला।

०वह्नि देव, लौकान्तिक देव की एक जाति।

०हविरासन् (जयो०वृ० १८/४४)

०पाचनशक्ति, आमाशय का रस।

०हाजमा, भूख लगना।

वह्निकर्णं (नपुं०) अङ्गारकभाव। (जयो०वृ० १६/२४)

वह्निकायिकः (पुं०) अग्निकायिक जीव। नान्यत्र सम्मिश्रणकृत्प्रशस्ति र्वह्निश्च सञ्जीवनभृत्समस्ति। (वीरो० १०/३०)

वह्निकाष्ठं (नपुं०) चन्दन की लकड़ी, अगर लकड़ी।

वह्निगंधः (पुं०) धूप, लोबान।

वह्निगर्भः (पुं०) बांस।

०शमीवृक्ष।

वह्निज्वाला (स्त्री०) अन लार्चि। (जयो० १२/५६)

वह्निदीपका (स्त्री०) कुसंभ तरु।

वह्निभोग्यं (नपुं०) घृत।

वह्निमित्रः (पुं०) पवन, हवा, वायु।

वह्निरेतस् (नपुं०) शिव।

वह्निलोहं (नपुं०) तांबा।

वह्निवर्णं (नपुं०) लाल रंग का कुमुद, रक्तोपल।

वह्निवल्लभः (पुं०) राल।

वह्निवाधानिवृत्ति (स्त्री०) अग्निबाधा की शान्ति। (जयो०वृ० ९/७३)

वह्निबीज (नपुं०) स्वर्ण, सोना।

०चूना।

वह्नि-शिखं (नपुं०) केसर, कुसुंभ।

वह्निशिखा (स्त्री०) अग्निज्वाला। ०अंगार, लौ।

वह्निसखः (पुं०) पवन, वायु, अनिल।

वह्निसमूहः (पुं०) अग्निपुंज। (वीरो० ४/५६)

वह्निसंज्ञकः (पुं०) चित्रक तरु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वह्निस्फुलिङ्ग (पुं०) अंगार, लौ, ज्वाला। (जयो० ७/१८)

वहन्यपकल्पि (वि०) ०अग्नि पक्व, आग में पका हुआ। (सुद० ४/३४)

वह्यं (नपुं०) [वह्+यत्] वाहन, यान, सवारी, गाड़ी, गमनागमन का साधन।

वा (अव्य०) [वा+क्विप्] विकल्प बोधक अव्यय-
०अथवा- विधोः कला वा। (सुद० २/६)
०और, तथा (जयो०वृ० १/५)-
लतेव मृद्धी मृदुपल्लवा वा,
कादम्बिनी पीनपयोधरा वा।
समेखलाभ्युन्नमन्नितम्बा,
तटी स्मरोत्तानगिरेरियं वा।।
(सुद० २/५)
०मानो, क्यों (सुद० ३/७)-'सरोवरे वा हृदि कामिजेतुर्विरजतुः सम्प्रसरच्छरे तु। (सुद० २/४५)
०एव, तरह-वा शब्दोऽत्रेवार्थे योऽभ्येति मालिन्यमहो (वीरो० १/२०) न जाने काव्ये दिने वा प्रतिभासमाने। (वीरो० १/२०)
०अर्थात्-'पीयूषमीयुर्विबुधा बुधा वा नाद्याप्युपायान्त्य-निमेषभावात्। (वीरो० १/२२)
०तथा-तृष्णातुराय वाऽमृतसिद्धिं श्रणतीति संसारे। (वीरो० ४/४८)
०पादपूर्ति अव्यय-'किं दुष्फला वा सुफलाऽफला वा। (सुद० २/३५) 'वा' अव्यय बहुधा विकल्प के रूप में होता है, परन्तु कहीं सम्भावना, कहीं वाक्यपूर्ति, कहीं दो वाक्यों के जोड़ने रूप एवं कहीं प्रश्नवाचक आदि के रूप में प्रयुक्त होता है। 'शस्यवृत्तिमभिवीक्ष्य सदा वा। (जयो० २७/७) युक्त पंक्ति में 'वा' विशेषता को व्यक्त करता है।
०निशो जिवृत्तौ स्विदुषो गतं वा रुषो विधिं पूर्वदिशोऽविलम्बात्' (जयो० २४/२३) उक्त पंक्ति में 'वा' का प्रयोग, पर, परन्तु, किन्तु के लिए हुआ है। और (जयो० १/६) या (जयो०वृ० १/५) वा अथवा, तथा, किन्तु, परन्तु, इव, एव आदि के अतिरिक्त अन्यथा कुछ-कुछ, यदि के रूप में भी होता है।

वा (अक०) वहना, चलना। (जयो० २/८३) वा आपकी (सुद० २/१८)

वा (सक०) प्रहार करना, चोट पहुंचाना, फूंक मारना, बुझाना, शांत करना।
०सान्त्वना देना, आराम पहुंचाना।

वाः (पुं०) वारि, जल। वार्वारि के पयोऽम्भोऽम्बु इति धनज्जय नाममाला। (जयो० १७/९४)

वाकं (नपुं०) [वक्+अण्] सारस समूह, उड़ान।

वाक् (स्त्री०) वाणी। वाक् सत्कविसमुदिता वाणी। (जयो०वृ० ३/११५) वाज् नामक सरणी। (जयो० ६/२७)

वाक्कधेनुः (स्त्री०) वाणी रूपी कामधेनु गाय। (समु० १/२६)

वाक्चपल (वि०) वाक्पटु।

वाक्छलं (नपुं०) गोलमोल कथन।

वाक्कौशलं (नपुं०) चातुर्य-वाचां वाणीनां कौशलं चातुर्यम् (जयो० ६/१४३)

वाक्प्रलापः (पुं०) वचनालाप। ०पटुवचन।

वाक्सरिता (स्त्री०) वचन प्रवाह, वाणी रूपी नदी। (जयो० ९/६४) ०धारावाहिक कथन।

वाक्सुगङ्गा (स्त्री०) जिनवाणी। (भक्ति० ४)

वाक्यं (नपुं०) [वच्+ण्यत् तस्य कः] ०कथन, उक्ति, विचार, वक्तव्य। (सुद० २/२८)
०बात, वार्तालाप।
०तर्क, अनुमान।

वाक्यखण्डनं (नपुं०) तर्क युक्त निराकरण।

वाक्यगत (वि०) विचारगत, वक्तव्य को प्राप्त।

वाक्यगतिः (स्त्री०) कथन पद्धति।

वाक्यगीतः (पुं०) उक्ति युक्त गीत।

वाक्यतत्त्वं (नपुं०) विचार तत्त्व।

वाक्यतर्कः (पुं०) तर्कसंगत कथन।

वाक्यदानं (नपुं०) विचार-विनिमय।

वाक्यनन्दः (पुं०) रचना शोभा, कथन की सुकुमारता।

वाक्यपदं (नपुं०) कथन युक्त पद।

वाक्यपद्धतिः (स्त्री०) कथनपद्धति।

वाक्यपदीयं (नपुं०) भर्तृहरि द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ।

वाक्यपूरणार्थ (वि०) वाक्यपूर्ति के लिए। (जयो० १०/८३)

वाक्यप्रबन्धः (पुं०) वाक्य प्रवाह, वाक्य रचना, रचना शैली।

वाक्यप्रयोगः (पुं०) भाषा उपयोग, प्रबन्ध, रचनाधर्मिता, कथन की सार्थकता। (वीरो० १९/१४)

वाक्यभेदः (पुं०) उक्ति भेद, कथन में भिन्नता।

वाक्यमोहिनी (स्त्री०) वाचनिक चतुराई।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाक्ययोगः (पुं०) वाक्य संयोग, रचना प्रयोग।
वाक्यरचना (स्त्री०) शब्द क्रम, अक्षर विन्यास।
वाक्यरीतिः (स्त्री०) रचना पद्धति।
वाक्यशुद्धिः (स्त्री०) वचनशुद्धि। (हित० ५१)
वाक्य विन्यासः (पुं०) शब्द योजना, प्रबन्ध योजना।
वाक्यशेषः (पुं०) किसी बात का अवशिष्ट भाग।
वाक्संयमः (पुं०) वचन समय।
वाक्यसुरभिः (स्त्री०) शब्द सौरभ।
वाक्यावली (स्त्री०) वचनावली। (वीरो० १८/५३)
वाग् (नपुं०) वाग देना, आवाज करना। (सुद० ३/४१) वचन (सुद० २/२७)
वागरः (पुं०) [वाचा इयर्ति गच्छति-वाच्+ऋ+अच्] ऋषि, मुनि, पुण्यात्मा।
०विद्यार्थी।
०शूरवीर, योद्धा।
०सान, सिल्ली।
०बाधा, रुकावट।
वागलंकरणं (नपुं०) वचन शोभा। (जयो० २/५४) वाक् आभरण।
वागा (स्त्री०) वल्गा, लगाम।
वागधिष्ठात्री (स्त्री०) सरस्वती। (जयो० २/४१)
वागाडम्बरः (पुं०) वचनसमूह, शब्दजाल, वाक्चातुर्य, वाक्पटु।
वागात्मन् (वि०) वचन युक्त, शब्द सहित।
वागाश्रित (वि०) सगाई। (जयो० १४/९) वाग्दानात्मिक। (जयो० १४/७)
वागीशः (पुं०) वाक्यपटु, चतुर, होशियार।
०सुवक्ता।
०ब्रह्मा।
वागीश्वरः (पुं०) वाक्यपटु।
०ब्रह्मा।
वागृषभः (पुं०) वाक्पटु।
वाग्गुप्तिः (स्त्री०) वचनगुप्ति, असत्य वचनों का परित्याग।
वाग्जाल (नपुं०) शब्दाडम्बर, कथन समूह।
०तर्कसंगत विचार।
वाग्जीवी (स्त्री०) वैतालिक, स्तुतिपाठक।
वाग्डम्बरः (पुं०) निस्सार उक्ति।
वाग्दण्डः (पुं०) भर्त्सना पूर्ण युक्ति।
वाग्दत्त (वि०) प्रतिज्ञात, संबद्ध, वचन सम्मति।
वाग्दरिद्र (वि०) वचनों में कमी, कम बोलने वाला।
वाग्दलं (नपुं०) ओष्ठ।
वाग्दानं (नपुं०) सगाई, वचनदान। (जयो०वृ० १४/९) आपसी वचन बद्धता।
वाग्दुष्प्रणिधानं (नपुं०) अर्थ का बोध न होना।
वाग्दुष्ट (वि०) अश्लील भाषा, निंदक।
वाग्देवता (स्त्री०) सरस्वती। (समु० १/११)
वाग्दोषः (पुं०) वचन दोष, वाक्य अशुद्धि।
वाग्निबन्धन (वि०) वचनों पर आश्रित रहने वाला।
वाग्बली (स्त्री०) कथनबल बुद्धि।
वाग्मित (वि०) भाषणपटु। (जयो० ३/२७) विचारवान्। (जयो० १४/७२)
वाग्युद्ध (नपुं०) वाद विवाद, चर्चा, आपसी वचनिक कलंक।
वाग्योगः (पुं०) वचन वर्गणा का आलम्बन।
वाग्वज्रं (नपुं०) कठोर शब्द, कठिन व्यवहार।
वाग्विदग्ध (वि०) वाक्यपटु, बोलने में चतुर।
वाग्विदग्धा (स्त्री०) मधुर भाषिणी।
वाग्विभवः (पुं०) वचन वर्गणा, वचनशील, वर्णनपद्धति, विवेचन कुशलता।
वाग्विलासः (पुं०) प्रांजल भाषा। ०वचन कौशल।
वाग्विशुद्धिः (स्त्री०) वचनशुद्धि। (जयो० २/२५)
वाग्व्यवहारः (पुं०) विचार विमर्श। ०उचित वचन व्यापार।
वाग्व्ययः (पुं०) शब्द ह्रास। ०वचनिक त्रुटि।
वाग्व्यापारः (पुं०) वचन पद्धति।
वागुरा (स्त्री०) [वा हिंसने उरच् गन् च] ०पिंजला, जाल, फंदा, रस्सी। (जयो० ३/३९) बन्धनवध्री (जयो० ३/३९)
०बहेलिया, शिकारी।
वागुरिकः (पुं०) [वागुरा+ठक्] बहेलिया, शिकारी।
वाग्भटः (पुं०) वाग्भट्टाचार्य, अष्टांगहृदयग्रन्थकार, आयुर्वेद शास्त्रनिर्माता। (सम्य० ३/१६)
वाग्मिन् (वि०) [वाच् अस्त्यर्थे ग्मिनिः चस्य कः] ०वचनचातुर्य, वाक्पटु।
०बातूनी।
वाग्मिन् (पुं०) प्रवक्ता, सुवक्ता।
वाग्य (वि०) [वाचं यच्छति-यम्+ड] ०मितभाषी।
०सत्य बोलने वाला। (सुद० १/१)
वाग्यः (पुं०) विनय, नम्रता।
वाग्यत् (वि०) मौनी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाकः (पुं०) समुद्र। उदधि।
वाग्वल्लरी (स्त्री०) वचन जाल, वाक्पटुता। (जयो० १/९१)
वांक्ष् (अक०) अभिलाषा करना, इच्छा करना।
वाङ्निश्चयः (पुं०) वाग्दान, वचनबद्धता।
वाङ्मय (वि०) [वाच्+मयट्] वचन से सम्बन्धित, वाणी से परिपूर्ण। (जयो०वृ० ६/११०)
०वाक्यपटु, वचन चतुराई।
०अलंकारपूर्ण, वाग्विदग्ध।
वाङ्मयं (नपुं०) शास्त्र, सिद्धान्त। रमयन् गमयत्वेष वाङ्मये समयं मनः। (वीरो० २२/३७)
०वाणी, भाषा, वचन, कथन।
०परस्पर वाच्य-वाचक से समन्वय युक्त शास्त्र।
वाङ्मयी (स्त्री०) सरस्वती, भारती।
वाङ्मुखं (नपुं०) प्रस्तावना, प्रारम्भिकी।
वाच् (स्त्री०) [वच्+क्विप्] ०शब्द, वचनावली, पदावली।
०भाषा, वाणी। (सुद० १०२)
०वचन, बात, कथन। (सुद० १०९)
०रचना, काव्य।
०वक्तव्य, कहावत, लोकोक्ति। भवन्ति वाचः सुत! ते पवित्रः। (समु० ३/१०)
०प्रतिज्ञा, भरोसा।
वाचः (पुं०) [वच्+णिच्+अच्] ०एक मछली विशेष।
वाचंयम (वि०) [वाचो वाक्यात् यच्छति विरमति वाच्+यम्+खच्] जिह्वा पर नियंत्रण रखने वाला, मौनी, शान्तचित्त साधक।
वाचक (व०) [वक्ति अभिधावृत्या बोधयति-वच्+ण्वुल्] प्रवाचक, प्रवक्ता। द्वादशाङ्गविद् वाचकः-
०उद्घोषक, भाषक।
०बोलने वाला, कहने करने वाला।
०अभिव्यक्त करने वाला, अर्थ बतलाने वाला, समझाने वाला।
०व्याख्याकार, वृत्तिकार, विवेचनकर्ता।
वाचकः (पुं०) वक्ता, पाठक, अध्यापक।
वाचकत्व (वि०) वाचकता, वचन सम्बंधी। (जयो०वृ० ३/११५)
वाचनं (नपुं०) [वच्+णिच्+ल्युट्] ०वाचना, घोषणा, निरूपणा।
०प्राक्कथन, उच्चारण, प्रबोधन।
०पठन, अध्यापन। ०प्रकथन, ०प्रवचन।

वाचना (स्त्री०) निरूपण, कथन, विवेचन, अध्यापन, व्याख्यान। (वीरो० १८/५६)
वाचनिक (वि०) [वचनेन निर्वृत्तम्-वच्+ठक्] ०मौखिक, वचन से सम्बन्धित।
०शब्दों की अभिव्यक्ति।
वाचस्पतिः (पुं०) [वाचः पति षष्ठ्यलुक्] वचन का अधिपति, वाणी का स्वामी।
०बृहस्पति।
वाचस्पत्यं (नपुं०) [वाचस्पति+ष्यञ्] वक्तृता, वाक्पटुता।
वाचा (स्त्री०) [वाक्+आप्] भाषण, कथन, वचन, वाणी। 'वाचां रोतिमिति प्रसङ्गकरणे' (सुद० १०२)
०पाठ सूत्र।
०शपथ।
वाचाङ्गं (नपुं०) वचन और अंग। (मुनि० १७)
वाचाट (वि०) [वाच्+आटच्] ०मुखरी, व्यर्थ का बोलने वाला।
०वाचाल।
वाचाल (वि०) [वाच्+आलच्-चस्यनकः] ०मुखरी, प्रलापी, व्यर्थ बोलने वाला।
०बकवास करने वाला, बातूनी।
०वारिद, मुखरी। (जयो०वृ० २०/७२)
०वाग्बहुलता (जयो० ८/६) वाचालानि वाग्बहुलानि (जयो०वृ० ८/६)
०शब्दायमान, कोलाहल, क्रन्दनशील।
वाचि (स्त्री०) भाषिणी, कथनी। (सुद० २/९) (सम्य० १५५)
वाचिक (वि०) [वाचाकृतं वाच्+ठक्] वचन सम्बन्धी, शाब्दिक प्रतिवेदन।
वाचिकं (नपुं०) ०शाब्दिक प्रतिवेदन। ०मौखिक कथन।
०समाचार, बातचीत, वार्ता।
वाचोयुक्ति (वि०) [वाचो युक्ति यस्य]०वाक्पटु, वचन की कुशलता।
वाचोयुक्तिः (स्त्री०) अभिभाषण, प्रतिवेदन, कथन, विवेचन। घोषणा, उद्भाषण।
वाच्य (वि०) [वच-कर्मणि ण्यत्] कहे जाने योग्य, संबोधित किये जाने लायक।
०अभिधानीय, गुणवाचक विशेषण।
०अभिव्यक्त, कथित।
०दूषणीय, निन्दनीय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाच्यं (नपुं०) कलंक, निन्दा।
* अगाध, गहरा।

विपुलः (पुं०) विपुलाचल पर्वत, मेरु पर्वत।

विपुलकर्म (वि०) गम्भीर परिणाम।

विपुलकार्य (वि०) अत्यधिक काम।

विपुलकौतुकः (पुं०) पर्यात उत्सुकता।

विपुलकौमुदी (स्त्री०) विस्तृत चांदनी, फैली हुई चांदनी।

विपुलगामिन् (वि०) सम्माननीय।

विपुल गेहं (नपुं०) विशालघर, बड़ा भवन।

विपुलछाय (वि०) सघन छाया।

विपुलमति (स्त्री०) मनोगत पदार्थ को जानने वाली बुद्धि।
* मनीषी, प्रज्ञावान्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* मन पर्यय ज्ञान का भेद-जो बात किसी के मन में अभी हो और पहले आ चुकी हो या आगे आने वाली हो, उस बात के बारे में भी जो जान सकता है वह विपुल मति है। (त०सू०पृ० २२)

विपुलमतिज्ञानं (नपुं०) मनः पर्यय ज्ञान का एक नाम-'सर्वत्र णमो विउलमदीणं मनः सम्भवेत्तरामरीणम्।
येन श्रुतसंग्रहे प्रवीणं, पापाचारादपि, प्रहीणम्।।
(जयो० १९/६)

विपुलरसः (पुं०) गन्ना, इक्षु, ईख।

विपुलशक्ति (स्त्री०) अपूर्व बल।

विपुलसिद्धि (स्त्री०) प्रशस्त सिद्धि।

विपुला (पुं०) पृथ्वी।

विपूत (वि०) [विशेषेण पूता पवित्रा विपूता] निर्मल, पवित्र (जयो० ८/९०)

विपूयः (पुं०) [वि+पू+क्यप्] एक घास विशेष, मंजु घास।

विप्रः (पुं०) [वप्+रन्] ब्राह्मण, द्विजन्मन् (जयो०वृ० २/१११) विप्रःकृषौ प्रवृत्तोऽपि, विप्र एवाभिधीयते। (हित०सं० १३)

विप्रकर्षः (पुं०) [वि+प्र+कृष्+घञ्] * दूरी, फासला, अधिकता।

विप्रकारः (पुं०) [वि+प्र+कृ+घञ्] * अपमान, कटु व्यवहार, दुर्वचन।
* क्षति, अपराध।
* दुष्टता, विरोध।
* प्रतिक्रिया, प्रतिहिंसा।

विप्रकीर्ण (वि०) [वि+प्र+कृ+क्त] * फैला हुआ, बिखरा हुआ।
* प्रसारित, विस्तृत, विस्तीर्ण।
* व्यापक।

विप्रकृत (वि०) [वि+प्र+कृ+क्त] * आहत, घायल, आघात।

विप्रकृतिः (स्त्री०) क्षति, आघात।
* अपमान, अपशब्द, कटुव्यवहार।
* प्रतिहिंसा, बदला।

विप्रकृष्ट (भू०क०कृ०) [वि+प्र+कृष्+क्त] * हटाया गया, खींचा गया।
* विस्तारित, विस्तीर्ण, फैलाया गया।

विप्रतिकारः (पुं०) [वि+प्रति+कृ+घञ्] * विरोध, निवारण, रोकना।
* प्रतिहिंसा।

विप्रतिपत्तिः (स्त्री०) [वि+प्रति+पद्+क्तिन्] * पारस्परिक असंगति, संघर्ष, विरोध।
* असमहति, आपत्ति।
* परिचय, पहचान।

विप्रतिपन्न (भू०क०कृ०) [वि+प्रति+पद्+क्त] * विरोधी, परस्पर विरुद्ध।
* व्याकुल, शोकाग्रस्त।
* परस्पर सम्बद्ध।

विप्रतिषेधः (पुं०) [वि+प्रति+सिध्+घञ्] * निषेध, नियम विरुद्ध। (मुनि० ३)
* प्रतिरोध, प्रतिवर्तन।

विप्रतिसारः (पुं०) [वि+प्रति+सृ+घञ्] * क्रोध, कोप, गुस्सा।
* पछतावा।
* दुष्टता, शत्रुता।

विप्रत्व (वि०) ब्राह्मणपना। (हित० १५)

विप्रदुष्ट (भू०क०कृ०) [वि+प्र+दुष्+क्त] * दूषित, विकृत, मलिन।
* भ्रष्ट, पतित, गिरा हुआ।

विप्रनष्ट (भू०क०कृ०) [वि+प्र+नश्+क्त] * लुप्त, खोया हुआ।
* व्यर्थ, निरर्थक।

विप्रबुद्धिः (स्त्री०) ब्राह्मण बुद्धि। (वीरो० १४/४७)

विप्रमुक्त (भू०क०कृ०) [वि+प्र+मुच्+क्त] * छोड़ा हुआ, परित्यक्त। * रहित शून्य, * अभाव, विमुक्त।
* निशाना बनाया हुआ।

विप्रयुक्त (भू०क०कृ०) [वि+प्र+युज्+क्त] * वियुक्त, विच्छिन्न, पृथक् किया हुआ।
* मुक्त किया हुआ, परित्यक्त।
* वञ्चित, विरहित।

विप्रयोगः (पुं०) [वि+प्र+युज्+घञ्] * वियोग, विछोह, अलगाव।
* कलह, असमहति।
* अनैक्य, पार्थक्य।

विप्रराट् (पुं०) श्रेष्ठ ब्राह्मण। (सुद० ३/३५)

विप्रलब्ध (भू०क०कृ०) [वि+प्र+लभ्+क्त] * धोखा दिया गया, ठगा गया।
* निराश किया गया, चोट पहुंचाया गया।
* क्षतिग्रस्त, ध्वस्त।

विप्रलम्भः (पुं०) [वि+प्र+लम्भ्+घञ्] * छल, चालाकी, धोखा।
* कलह, असहमति।
* अनैक्य, पार्थक्य, विछोह, वियोग।

विप्रलापः (पुं०) [वि+प्र+लप्+घञ्] * बकवास, व्यर्थ का

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रलाप।

* निरर्थक बात, विरोध जन्य कथन।

विप्रलापः (पुं०) [विशेषेण प्रलयः] विघटन, विनाश, क्षय।

* आघात, हानि।

विप्रलापिनी (वि०) प्रलाप करने वाली। (जयो० १३/५२)

विप्रलुप्त (भू०क०कृ०) [वि+प्र+लुप्+क्त] * अपहृत, छीना हुआ। * अपहरण किया गया।

* बाधा युक्त, समाप्त किया गया।

विप्रलोभिन् (पुं०) [वि+प्र+लुभ्+णिच्+णिनि] अशोकवृक्ष, किंकिरात तरु।

विप्रवरः (पुं०) पक्षी। (सुद० ८१)

* ब्राह्मण। (सुद० ५/२)

विप्रवासः (पुं०) [वि+प्र+वस्+घञ्] * प्रवासगत, विदेश गया, बाहर जाना।

* अपने स्थान से दूर होना।

विप्रश्निका (स्त्री०) [विशेषेण प्रश्नो यस्याः] [वि+प्रश्न+नप्-टाप्] प्रश्न करने वाली स्त्री, भाष्यपूर्वक कथन करने वाली स्त्री, ज्योतिषी स्त्री।

विप्रहीण (वि०) [वि+प्र+हा+क] वञ्चित, रहित।

विप्राणी (स्त्री०) ब्राह्मणी-इत्यतः प्रत्युवाचापि विप्राणी प्राणितार्थिनी। (सुद० ८५)

विप्राप्त (वि०) पक्षियों को प्राप्त हुआ। 'विभ्यः पक्षिभ्यः प्राप्तः' (जयो० १८/५०)

विप्रिय (वि०) [वि+प्री+क-इयङ्] * प्रिय वियोग, प्रिय विछोह। (वीरो० ६/३३)

* अरुचिकर, अनिष्टकर।

विप्रियं (नपुं०) अपराध, बाधा, रोग, अरुचि।

विप्रुष् (स्त्री०) [वि+प्रुष्+क्विप्] * चिह्न, संकेत, धब्बा बिन्दु।

विप्रोषित (भू०क०कृ०) [वि+प्र+वस्+क्त] * निर्वासित, देश निकाला प्राप्त।

* विसर्जित, अन्यत्र गया हुआ।

विप्लवः (पुं०) [वि+प्लु+अप्] * विनाश, नाश, क्षति (जयो०वृ० ५/२३) (सम्य० ११०)

* दूसरे का संयोग। (हित० १७)

* हानिकारक-'विप्लवाय भवत्यत्र विजात्योः कर-पीडनम्' (हित० २१)

* विरोध, वैपरीत्य।

* उपद्रव। (जयो० २२/७७)

* व्याकुलता, आकुलता।

* आपदा, संकट, बाधा। (मुनि०)

* बहना, इधर-उधर घूमना।

विप्लववधू (वि०) आपातकालीन लघु नौका। (जयो० २२/७३)

विप्लवभूत (वि०) हानिकारक, सन्तापकारी। (जयो०वृ०२६/२५)

विप्लवल (वि०) आपदा युक्त। (जयो० ४/६७) क्षोदकर।

विप्लावः (पुं०) [वि+प्लु+घञ्] जलप्लावन, बाढ़।

* उपद्रव।

विप्लुत (भू०क०कृ०) [वि+प्लु+क्त] * निमग्न, डूबा हुआ, विध्वस्त, उजड़ा हुआ।

* लुप्त, समाप्त।

* विरूपित, विपरीत।

* अपमानित, अनात।

* तिरोहित, ढका हुआ। (हित०)

विफल (वि०) [विगतं फलं यस्य] व्यर्थ, बेकार, अनुपयोगी। निष्फल। (जयो० ११/६१)

* प्रभावशून्य, प्रभावरहित। (दयो० २/२६)

* निरर्थक।

विफलत्व (वि०) विफलता, असफलता। (सुद० १२३)

विफलीकृत (वि०) उन्मस्कृत। (जयो०वृ० १२/१३२)

विबन्ध (पुं०) [वि+बन्ध्+घञ्] * कोष्ट बद्धता।

* परकोटा।

विबाधा (स्त्री०) [विशिष्टा बाधा] * वेदना, पीड़ा, संताप।

* मानसिक व्याधि।

विबुद्ध (भू०क०कृ०) [वि+बुध्+क्त] * जागृत, सचेत।

* चतुर, कुशल, प्रवीण।

* जगाया हुआ, उठाया हुआ।

विबुधः (पुं०) [विशेषेण बुध्यते-बुध नक] * विद्वान् पुरुष।

* ब्रह्मा। (जयो० ५/२३)

* देवता, देव, सुर। (जयो० १०/१२)

* बुद्धिमान्। (जयो० ५/२३)

विबुधद्विष् (पुं०) राक्षस, पिशाच।

विबुधाधिपतिः (पुं०) इन्द्र।

विबुधानः (पुं०) [वि+बुध्+शानच्] बुद्धिमान पुरुष।

विबुधेन्द्रः (पुं०) इन्द्र।

विबोधः (पुं०) [विबुध्+घञ्] * जागरण, जागते रहना।

* प्रत्यक्ष ज्ञान।

* बुद्धि, प्रतिभा।

* सचेत भाव।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विभक्त (भू०क०कृ०) [वि+भज्+क्त] * विभाजित की गई, बांटी गई।
* विभिन्न, विविध।
* नियमित, सममित।

विभक्तवान् (वि०) विभाजित करने वाला।

विभक्तिः (स्त्री०) [वि+भज्+क्तिन्] * विभाजन, विभाग, बांटना।
* प्रभाग, पार्थक्य।
* कारक चिह्न।

विभक्षित (वि०) भुंजित। (समु० ४/९) * खाया हुआ।

विभंगः (पुं०) [वि+भंज्+घञ्] * टूटना, भग्न होना, खंडित होना।
* अवरोध, रुकावट, विराम।
* झुर्री, शिकन।
* फूट पड़ना, प्रकटीकरण।
* सिकोड़ना।

विभज (अक०) बांटना, विभक्त करना। (सुद० ३०)

विभङ्गज्ञानं (नपुं०) विपरीत अवधिज्ञान, मिथ्यात्व युक्त अवधिज्ञान। 'विपरीतो भंगः परिच्छित्तिप्रकारो यस्य तद्विभङ्गम्, तच्च तत्।

विभङ्गदेशिनी (वि०) विपरीत ज्ञान की देशना वाली।
* नाना प्रकार के ज्ञान को प्रदर्शित करने वाली। (जयो० ३/१०)

विभग्न (वि०) त्रुट्यत्व। (जयो० ११/३४)

विभवकृत् (वि०) सम्पत्ति कर्त्री। (जयो० १०/९७) ज्ञानं च विभङ्गज्ञानम्। (जैन०ल० १०११)

विभज्य (सं०कृ०) विभक्तकर, विभाजितकर। (सम्य० २४)

विभवः (पुं०) [वि+भू+अच्] धन, सम्पत्ति,
* ऐश्वर्यानन्द। (जयो० १२/१३७)
* वैभव, * शक्ति, पराक्रम, बड़प्पन।
* प्रभाव (जयो० ५/२४) * क्रान्तिमत्व। (जयो० ११/१५)
* उन्नत अवस्था, पद प्रतिष्ठा। * समूह (जयो०वृ० ३/१३)
* कटाक्ष (जयो० १/१२०) आनन्द (जयो० ३/४५)
* मुक्ति निर्वाण।

विभवमयसम्पत्तिशाली (वि०) सम्पत्ति से पूर्ण। (जयो०२२/४)

विभवाश्रयः (पुं०) काव्य रचना में चतुर। (जयो०)

विभा (अक०) सुशोभित होना, सेवन करना। (जयो० ३/१) विभाति (सम्य० १३२)

विभा (स्त्री०) [वि+भा+क्विप्] प्रतीत होना। (सुद० १०७)
* कान्ति, प्रभा, आभा, प्रकाश। (जयो०वृ० १/१२)
* किरण। * अप्रभा। (जयो०वृ० १/१२)

विभाकरः (पुं०) * सूर्य, दिनकर। (जयो० ५/१७)
* मदार पादप, * चन्द्र।

विभाकरमूर्तिः (स्त्री०) सूर्य बिम्ब। (जयो० ५/७१)

विभागः (पुं०) * विभाजन, बांटना।
* अलग-अलग करना, * अंश, अनुभाग, हिस्सा।
* भेद-विधीनां नवधा विभागः (सम्य० १३२)
* भिन्न-भिन्न-चैद्रुप्यं जडरूपतां च दधतोः कृत्वा विभागम्' (सम्य० १४४)

विभागकल्पना (स्त्री०) अंश नियत करना।

विभागगामिन् (वि०) अंश देने वाला।

विभागधर्मः (पुं०) धर्म विभाजन।

विभागपत्रिका (स्त्री०) पत्र का एक अंश।

विभागभाज् (पुं०) बंटी हुई सम्पत्ति का भागीदार।

विभाजनं (नपुं०) [वि+भज्+णिच्+ल्युट्] वितरण करना, बांटना।

विभाज्य (वि०) [वि+भज्+ण्यत्] विभक्त किये जाने योग्य, विभजनीय।

विभातं (नपुं०) [वि+भा+क्त] * प्रभात, प्रातःकाल होना। (जयो० ८/८९, जयो० ५/२२) पौ फटना, अरुणोदय।

विभातनामषडरचक्रबन्धः (पुं०) एक छन्द की रचना। (जयो० १८/१०३)

विभान्ती (वि०) शोभमान। (जयो० १२/४३)

विभामूर्तिः (स्त्री०) प्रकाश पुंज। (जयो० ८/८९)

विभावः (पुं०) [वि+भू+घञ्] * विपरीत भाव, विकारी भाव।
* अशाश्वतभाव (जयो० १३/५५)
* मिथ्याभाव, कुभाव।
* आत्म-स्वरूप के प्रतिकूल भाव।
* प्रलय (जयो० १८/५२)

विभावगुणं (नपुं०) विपरीत गुण, विकारी गुण।

विभावनं (नपुं०) [वि+भू+णिच्+ल्युट्] * विवेक, निर्णय।
* विचार, चिन्तन-मनन।
* गवेषण, परीक्षण।
* प्रत्यय, कल्पना।

विभावना (स्त्री०) सम्बुद्धि विशेष भावना। (जयो० १/१४) एक अलंकार विशेष, जिसमें बिना कारण के कार्य का

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्णन किया जाता है।

विना कारणसद्भावं यत्र कार्यस्य दर्शनम्।

नैसर्गिक गुणोत्कर्ष-भावनात्सा विभावना।। (वाग्भ० ४/९६)

विभावान्वयि (वि०) विभाव के साथ नियम से अन्वय वाला। (सम्य० १३०)

विभावसूचिन् (वि०) विभावपरिणाम को सूचित करने वाला। (वीरो० १०/३८)

विभावपर्यायः (पुं०) चतुर्विध अलग-अलग पर्याय, मनुष्य, देव, नारक और तिर्यंच् ये विभावपर्याय हैं।

विभावरी (स्त्री०) [वि+भा+वनिप्+ङीप्] * रात्रि, रजनी, रात। (जयो० ३/५७)

* हल्दी।

* कुटनी।

* वेश्या।

* मुखरा स्त्री, बातूनी स्त्री।

विभावरीकृत् (वि०) विकृतभावस्य विभावस्य रीतिश्चेष्टा प्रलयमेति विनश्यति। (जयो० १८/५२) ०राचिकृत।

विभावित (भू०क०कृ०) [वि+भू+णिच्+क्त] * निर्णीत, विवेचित, वर्णित, कथित।

* संकेत्ति, निर्देशित, प्रकटीकृत।

* निश्चित किया गया।

विभाविह (वि०) शत्रु नष्ट करने वाला। (जयो०वृ० २४/४)

विभाव्यते -ग्रहण करता है। (जयो० ५/७६)

विभाषा (स्त्री०) [वि+भाष्+अ+टाप्] * सूत्र सूचित अर्थ की व्याख्या।

* विवरण, विवेचन, विशेष कथन।

* नियम की विकल्पता, ईप्सित वस्तु का विकल्प।

विभासा (स्त्री०) [वि+भास्+अ+टाप्] * प्रभा, कान्ति, आभा, प्रकाश। * चमक, दीप्ति।

विभासुर (वि०) कान्तियुक्त। (जयो०)

विभिद्य (वि०) भिन्न। (सुद० १३३)

विभिन्न (भू०क०कृ०) [वि+भिद्+क्त] भेद किया हुआ, विभाजित किया हुआ, विभागयुक्त। (सुद० २/३३)

* विविध, नानाविध, बहुविध।

* मिश्रित, मिलाया हुआ।

विभिन्नजः (पुं०) महादेव, शिव।

विभिन्नविपणित्व (वि०) जुदी जुदी दुकान वाले। (वीरो० २२/२७)

विभिन्नशैवालदलम् (नपुं०) नाना प्रकार के शैवाल दल। (जयो० १४/४९)

विभीतः/विभीतकः (पुं०) बहेड़ा, हरीतकी।

विभीषक (वि०) [विशेषेण भीषयते वि+भी+णिच्+ण्वुल्] संत्रास युक्त, भयप्रदायी।

विभीषण (वि०) भयदायक। (जयो० ८/७)

विभीषिका (स्त्री०) [वि+भी+णिच्+ण्वुल्+टाप्] डर, भय, डरावना, भयावह स्थिति, कठिनपरिस्थिति।

विभु (वि०) [वि+भू+डु] * शक्तिसम्पन्न, बलशाली।

* प्रभावशाली, स्वामिन्। (सुद० २/१३)

* प्रमुख, सर्वोपरि, प्रधान। (सर्वज्ञ० सुद० १२९)

* योग्य, समर्थ।

* सर्वव्यापी, सर्वगत, व्यापक।

विभु (पुं०) प्रभु, स्वामी, नृप। (सम्य० ११०) त्वद्विभुर्विभुषु (जयो० ४/४०)

* आकाश। * व्यापक, विशाल।

* काल। अवकाश।

* आत्मा।

* सेवक।

* ब्रह्मा।

* राजा। (जयो० ४/३२)

विभुग्न (वि०) [वि+भुज्+क्त] कुटिल, तिरछा, वक्र।

* झुका हुआ।

* कुण्ठभाव। (जयो० १७/५२)

विभूतिः (स्त्री०) [वि+भू+क्त] * समृद्धि, वैभव, सम्पत्ति।

* घर।

* कल्याण, हित।

* भवाभावात्मिकश्री (जयो० २३/७१)

* प्रतिष्ठा, उच्चपद।

* महिमायुक्त।

* भस्म। (सुद० ११२)

विभूतिभागः (पुं०) विराग भाव। (सुद० १११)

विभूतिमत्त्व (वि०) वैभव युक्त। (जयो०वृ० १/३०) (वीरो० ३/१३) वैभववान् (जयो० १८/१६)

* भस्म रूप। (जयो० १६/१५) वैभवसंयुक्त। (जयो० ३/२९) भस्माधिकारी। (जयो० ६/२९)

विभूतिमान् (वि०) ऐश्वर्य युक्त। * धन-सम्पत्ति वाला।

विभूषणं (नपुं०) [वि+भूष्+ल्युट्] * अलंकरण, सजावट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(सुद० ८४) * अलंकार, * सौंदर्य साधन।
* आभूषण, आभरण। * प्रसाधन।
विभूषा (स्त्री०) [वि+भूष्+अ+टाप्] * अलंकार, सजावट।
* प्रकाश, कान्ति, सौंदर्य, गरिमा। * शोभा।
विभूषित (भू०क०कृ०) अलंकृत, सुशोभित। (जयो० १/३८)
विभृ (सक०) धारण करना। (जयो० २/११५) (वीरो० ९/२८)
विभृत (भू०क०कृ०) [वि+भृ+क्त] * आश्रय दिया गया, सहारा दिया गया।
* संधारित, संपोषित, संरक्षित।
विभ्रंशः (पुं०) [वि+भ्रंश्+घञ्] * क्षति, हानि, नाश।
* गिरना, टूटना।
* चट्टान।
विभ्रंशित (भू०क०कृ०) [वि+भ्रंश्+क्त] * वंचित, ठगा गया, बहकाया गया।
* फुसलाया गया।
विभ्रमः (पुं०) [वि+भ्रम्+घञ्] * भ्रमण, घूमना, टहलना। चलभाव। (जयो० ३/८२)
* भ्रम होना, भ्रान्ति होना, संदेह, आशंका। (वीरो० २०/१५)
* विक्षेप, किलिकिञ्चित।
* आवर्त। (जयो० ७/२०)
* अंगचेष्टित। (जयो० ५/२९)
* अनासक्ति, मनोदोष। (जयो० ३/३)
* उन्मनीभाव (जयो० ६/३५)
* जातसन्देह। (जयो० ६/३५)
* त्रुटि, भूल, गलती। (सम्य० ११५)
* अव्यवस्था।
* नेत्रविकार। (जयो० १६/२०)
* कामकेलि, आमोद-प्रमोद।
* विलास। (जयो० ३/११३) * क्रीडाभाव।
विभ्रमपुंस् (पुं०) भ्रान्ति युक्त पुरुष। (जयो० १६/५४)
विभ्रमा (स्त्री०) [वि+भ्रम्+अच्+टाप्] बुढ़ापा, वृद्धापन।
विभ्रष्ट (भू०क०कृ०) [वि+भ्रंश्+क्त] * पतित, गिरा हुआ।
* क्षीण, लुप्त।
* ओझल, अन्तर्हित।
* अलग हुआ।
विभ्राज् (वि०) [वि+भ्राज्+क्विप्] * कान्तिमान्, देदीप्यमान्। (जयो० १८/५४) * सौंदर्य से परिपूर्ण।
* चमकीला, प्रभायुक्त।
विभ्रान्त (भू०क०कृ०) [वि+भ्रम्+क्त] * विक्षुब्ध, व्याकुल, परेशान।
* भ्रम युक्त, आशंकाशील।
* अव्यवस्थित, हड़बड़ाया हुआ।
* चक्कर में पड़ा हुआ।
* उन्मत्त, मदहोश।
विभ्रान्तिः (स्त्री०) [वि+भ्रम्+क्तिन्] * चक्कर, फेरा, आशंका, संदेह।
* उतावली, हड़बड़ी।
* त्रुटि, भूल।
विमत (भू०क०कृ०) [वि+मन्+क्त] * असहमत, असम्मत।
* विषम, असंगत।
* अनाहत, अपमानित, उपेक्षित।
विमति (वि०) [विरुद्धा विगता वा मतिर्यस्य] * मूर्ख, मूढ़, अज्ञानी।
विमतिः (स्त्री०) असम्मति, असहमति।
* अरुचि, जड़ता, मूर्खता।
विमतिन् (वि०) अन्यधर्मावलम्बि। (जयो० २/७२) असहमति वाला।
विमत्युपार्जित (वि०) कुबुद्धि के वश। (सुद० ११०)
विमत्सरं (नपुं०) [विगतः मत्सरो यस्य] ईर्ष्या रहित, द्वेष रहित।
विमद (वि०) [विगता मदो यस्य] * मद रहित, * मोह विमुक्त, उन्मत्तता रहित।
* हर्षशून्य, ईर्ष्यालु।
विमध्या (वि०) [विकारो मध्ये यस्याः सा] पतली कमल वाली स्त्री।
विमनस् (वि०) [विरुद्धं मनो यस्य] (जयो० २२/४४)
* उदास, खिन्न, विषण्ण, अवसन्न।
* अनमना, उदासीन, परेशान, व्याकुल।
* अप्रसन्न, हर्ष विगत।
विमन्यु (वि०) [विगता मन्युर्यस्य] * क्रोध रहित, शोक विहीन।
* क्षमाशील, मृदुस्वाभावी।
विमयः (पुं०) [वि+मी+अच्] विनिमय, लेन-देन, आदान-प्रदान।
विमर्दः (पुं०) [वि+मृद्+घञ्] कुचलना, कूटना, मर्दन करना, मसलना।
* रगड़ना, घिसना, संमर्दन करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* उपटन लगाना।
* संग्राम युद्ध लड़ाई।
* विनाश, उजाड़।
* ग्रहण, संयोग, मेल।

विमर्दक (वि०) पीसने वाला, चूर्ण करने वाला।
* मर्दन करने वाला, मसलने वाला।

विमर्दकः (पुं०) सूर्य ग्रहण, चन्द्रग्रहण।

विमर्दनं (नपुं०) [वि+मृद्+ल्युट्] कसना। (दयो० ३२)
* कुचलना, मसलना, रगड़ना।
* रौंदना, मर्दन करना।
* नशन। (जयो० २७/१३)
* उपटन लगाना, चुपड़ना।

विमर्शः (पुं०) [वि+मृश्+घञ्] * विचार, विचारविनिमय।
* अधीरता, असहिष्णुता।
* असंतोष, अप्रसन्नता।

विमर्षणं (नपुं०) रोष में आना, असंतुष्ट होना।

विमर्षणः (पुं०) विमर्षण नामक मनुष्य।

विमल (वि०) [विगतो मलो यस्मात्] विगतोमलो विमलः-
* निर्मल, स्वच्छ, धवल, शुभ्र। विगतो विनष्ये मलो यस्य
* उज्ज्वल, कान्तिमय।

विमलं (नपुं०) * कलई, सफेदी, तालक, छुई। * सेलखड़ी, चूना, खडिया मिट्टी।

विमलः (पुं०) विमलनाथ तीर्थंकर। तेरहवें तीर्थंकर का नाम। (भक्ति० १९)
* विमल नामक योगीश्वर। (सुद० ११४)

जिनेश्वरस्याभिषवं सुदर्शनः प्रसाध्य पूजां स्तवनं दयाधनः।
अथात्र नाम्ना विमलस्य वाहनः, ददर्श योगीश्वरमात्मसाधनम्।। (सुद० ११४)

विमलधी (स्त्री०) निर्मल, बुद्धि। * धवल मति।

विमलनाथः (पुं०) तीर्थंकर विमलनाथ, तेरहवें तीर्थंकर का नाम।

विमलवाहनः (पुं०) विमलवाहन नामक योगीश्वर। (सुद०११४)

विमलशील (वि०) निर्मलाचार युक्त। (जयो० ७/७७)

विमला (स्त्री०) एक व्यभिचारिण स्त्री। (वीरो० १७/५७)

विमातृ (स्त्री०) [विरुद्धा माता] सौतेली मां।

विमातृजः (पुं०) सौतेली मां का पुत्र।

विमान (वि०) मान रहित, अहंकार विहीन। (सुद० ७३)
अभिलषितं वरमाप्तवान् लोकः किन्न विमान। (सुद०७३)

विमानः (वि०) विमान, देवयान। (सुद० २/३९) मेरुं सुरदुं जलधिं विमानं निर्धूमवह्निं च न तद्विदा नः। (सुद० २/३४)
* व्योमयान, आकाशगामी यान। (जयो० २०/७१)
'विशेषणात्मस्थान सुकृतिनो मानयन्तीति विमानानि' (स०सि० ४/१६)
* सौधर्मादि कल्पों के देवों के विमान।

विमानगत (वि०) मान रहित हुआ। * अहंकार परिशून्य।
* विमान/यान को प्राप्त हुआ।

विमानजः (पुं०) वैमानिक देव।

विमानदर्शनं (नपुं०) विमान देखना। (भक्ति० ३५)

विमानदीप्ति (स्त्री०) यान की प्रभा।

विमानता (स्त्री०) अनादर, अपनाम।

विमानप्रस्तारः (पुं०) प्रकीर्णक नामक विमान।

विमानभूमि (स्त्री०) समवसरण स्थान। (वीरो० १३/२७)

विमानवत् (वि०) विमान की तरह। (सुद० २/३९)

विमानसुयानं (नपुं०) गमन साधन। (जयो० ५/५८)

विमानारुढं (पुं०) विमान में स्थित।

विमानिता (वि०) व्योमयानिता।
* मानरहिता। (जयो० ९)

विमानिनीय (वि०) मानरहित। (जयो० २९/७९)

विमानिसमूहः (पुं०) मानहीनता, स्वाभिमानरहित-'विमानेन गमनशीलानां विमानानिं स्वर्गिगामपि समूहः' (जयो०वृ० ५/१८)

विमार्गः (पुं०) [विरुद्धो मार्गः] * कुपथ, दुराचरण, विरुद्ध मार्ग।

विमार्गगामिन् (वि०) दुराचरण पर चलने वाला।

विमार्गचारिन् (वि०) सदाचरण से रहित मार्ग का अनुगामी।

विमार्गणं (नपुं०) [वि+मार्ग्+ल्युट्] * ढूंढना, खोजना, तलाश करना।

विमिश्रित (वि०) [वि+मिश्र+अच्] * संयुक्त, मिला हुआ, स्पर्शित किया गया।
* एकमेक किया गया।

विमुक्त (भू०क०कृ०) [वि+मुच्+क्त] * परित्यक्त, छोड़ा गया, त्यागा गया। (जयो० ५/५)
* स्वतंत्र, स्वाधीन।
* बंधन मुक्त, अपराध मुक्त किया गया।

विमुक्तिः (स्त्री०) [वि+मुच्+क्तिन्] * मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण।
* वियोग, विछोह, छूटना।

विमुख (वि०) [विरुद्धमननुकूलं मुखं यस्य] * पराङ्मुख, विरुद्ध। * अननुकूल, * स्वभाव से विपरीत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* उदासीन। * खिन्न मन वाला, व्याकुल।

* विरोधी, डराने वाले का विरोधी।

भीरुभ्यो विमुखो भूत्वा, सर्वेभ्योऽप्यभयप्रदः। (समु० ९/६)

* रहित, शून्य, विहीन।

* जगत् के प्रति लगाव नहीं रखने वाला। जगतां विमुखेनापि सतां मार्गे सपक्षता। (जयो० २२/३२)

* शत्रु, प्रतिपक्षी।

विमुग्ध (वि०) [वि+मुह्+क्त] आसक्त, विषयभावनागत, मूर्च्छित, मोहासक्त। * अत्यधिक मोह को प्राप्त।

* व्याकुल, निराश।

विमुच (वि०) ग्रहण करने वाला, छोड़ने वाला नहीं।

विमुद्र (वि०) [विगता मुद्रा यस्य] मुद्रा रहित, चिह्न रहित, पहचान शून्य।

* खुला हुआ, मुकुलित।

विमुद्रित (भू०क०कृ०) [वि+मुद्र+क्त] निमीलित। (जयो०वृ० १५/४९)

* मुद्रा रहित हुआ, चिह्न वियुक्त।

विमूढ (भू०क०कृ०) [वि+मुह्+क्त] * मुग्ध, आसक्त हुआ।

* व्याकुल, घबड़ाया हुआ।

* बैचेन, उदासीन, विमुग्ध।

विमूढमन (वि०) [विमूढो मनो यस्य] * जडान्त करण, जड़शील। (जयो० २/१४२)

* मूढ बुद्धि माला।

विमृष्ट (भू०क०कृ०) [वि+मृज्+क्त] * साफ किया गया, पोंछा गया।

* मद्रित किया गया, प्रक्षालित। प्रमार्जित, प्रशोधित।

* चिन्तन किया गया, सोचा गया।

विमोक्षः (पुं०) [वि+मोक्ष्+घञ्] * मुक्ति, छुटकारा, बन्धनविहीन।

विमोक्षणं (नपुं०) [वि+मोक्ष्+ल्युट्] * मुक्त करना, छोड़ना।

* मुंचन, परित्यक्तन।

विमोचनं (नपुं०) [वि+मुच्+ल्युट्] * खोलना, छोड़ना, त्यागना।

* छुटकारा, मुक्ति।

विमोचिन (भू०क०कृ०) [वि+मुच्+क्त] * फेंके गए, छोड़े गए, त्यागे गए।

* परित्यक्त-'धनिना विमोचित माढ्यपरित्यक्तं पदादि'। (जयो०वृ० २/२८)

विमोह (वि०) मुग्ध किया हुआ, आसक्त किया हुआ।

विमोहं (नपुं०) [वि+मुह्+णिच्+ल्युट्] * रिझाना, * प्रलोभन देना। * मोहित करना, अपनी ओर आकर्षित करना।

* आसक्त करना।

* आकृष्ट करना, प्रभावित करना।

विमोहित (वि०) आकर्षित। (समु० ७/१८)

विमोहिनी (स्त्री०) स्नेहकर्मी। (जयो० १२/५२)

विम्बटः (पुं०) [विब्+अट्+अच्] राई का पौधा।

वियत् (नपुं०) [वियच्छति न विरमति-वि+यम्+क्विप्] अन्तरिक्षि, आकाश, गगन, नभ। (जयो० १८/२२)

वियत्गंगा (स्त्री०) आकाश गंगा, स्वर्ग गंगा।

वियत्गामिन् (पुं०) आकशगामी, विद्याधर।

वियत्चारिन् (पुं०) पक्षी, गृद्ध पक्षी।

वियत्भूतिः (स्त्री०) अंधकार, तम, अंधेरा।

वियत्मणिः (पुं०) सूर्य, दिनकर।

वियतिः (पुं०) पक्षी, गमन। (जयो० १३/२४)

वियमः (पुं०) [वि+यम्+अप्] प्रतिबन्ध, रोक, विराम, गतिरोध। नियंत्रण, बन्धन।

वियात (वि०) [विरुद्धं निन्दां यातः] धृष्ट, निर्लज्ज, ढीठ।

वियुक्त (भू०क०कृ०) [वि+युज्+क्त] * पृथक्, अलग।

* विच्छिन्न, परित्यक्त।

* जुदा हुआ, वंचित।

वियुक्तिः (स्त्री०) परित्याग। (हित० ४२;)

वियुज् (अक०) बिछुड़ना, अलग होना। (जयो० १२/१०)

* दुःख, कष्ट, पीड़ा, वेदना, व्याधि।

वियुत (भू०क०कृ०) [वि+यु+क्त] * पृथक्, भिन्न-भिन्न।

* वञ्चित, शून्य, विरहित।

वियोगः (पुं०) [वि+युज्+घञ्] * विछोह, विच्छेद, जुदाई।

* सम्बन्ध विच्छेद। (समु० ८/६)

* अभाव, हानि, क्षति।

वियोगज (वि०) वियोग को प्राप्त होने वाला। (मुनि० ८)

वियोगिन् (वि०) [वियोग+इनि] वियुक्त।

* चक्रवाक् पक्षी।

वियोगिचित्तं (नपुं०) वैराग्यशील। (जयो० १७/९) (जयो० १६/३)

वियोगिनी (स्त्री०) [वियोगिन्+ङीष्] वियुक्त स्त्री, विरहिणी, पतिवियोग युक्त। छाया वृक्षत्वं विदधाति तावद्वियोगिनीयं। (वीरो० १२/५)

* एक छन्द का नाम।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वियोगिवर्गः (पुं०) साधक समूह। (वीरो० ६/२३)

वियोजित (भू०क०कृ०) [वि+युज्+णिच्+क्त] परित्यक्त, छोड़ा गया।

* वञ्चित।

वियोनिः (स्त्री०) [विविधा विरुद्धा वा योनि] नाना जन्म, विविध पर्याय, अलग-अलग जन्म।

* कुयोनि, कुजन्म।

विरक्त (भू०क०कृ०) [वि+रंज्+क्त] * लालसा विहीन, इच्छा रहित।

* विराग युक्त, राग रहित, वीतरागता पूर्ण। (जयो० १७/८२) विरुद्धाचरण (जयो० ६/९२)

* संन्यासी। (जयो० ६/२३, * रक्तरहित (जयो० १६/९३)

विरक्त (स्त्री०) [वि+रञ्ज्+क्तिन्] * चित्तवृत्ति में परिवर्तन, असंतोष।

* उदासीनता, विलगाव, बिछोह, वियोग।

* आसक्ति मुक्त, विराग, वीतरागभाव।

विरचनं (नपुं०) [वि+रच्+ल्युट्] * संरचना, काव्यप्रणयन।

* निर्माण करना, सृजन करना।

* संकलन करना, संग्रह करना।

विरचित (भू०क०कृ०) [वि+रच्+क्त] * निर्मित, * बनाया, गया प्रणयन किया गया।

* संरचित, प्ररूपित, निरूपित।

* सृर्जित, गठित।

* परिष्कृत किया गया, तैयार किया गया।

* धारण किया गया, पहनाया गया।

* जड़ा गया, बैठाया गया।

विरज् (सक०) अनुराग करना, प्रेम करना, प्रसन्न करना। खुश करना। (सुद० ४/१०) रज्यमानोऽत इत्यत्र परस्मात्तु विरज्यते। (सुद० ४/८)

* विरक्त रहना। (सुद० १३२)

विरज (वि०) [विगतं रजो यस्मात्] * रज विहीन, धूल रहित।

विरजस् (वि०) [विगतं रजं यस्मात् यस्य] * राग रहित, अनुराग विहीन। * आसक्ति रहित।

* धूल रहित। * कर्म परमाणुओं से विगत।

विरञ्चः (पुं०) [वि+रच्+अच्] ब्रह्मा। (जयो० २४/१०)

विरञ्चि (पुं०) ब्रह्मा।

विरञ्चिपुत्रः (पुं०) नारद। (जयो० २४/१०)

विरञ्चिभू (पुं०) विधाता, ब्रह्मा। (जयो०)

विरटः (पुं०) अगुरु, कृष्णचंदन।

विरणं (नपुं०) [विशिष्टो रणो मूलं यस्य] सुगन्धित घास।

विरत (वि०) [वि+रम+क्त] * रहित, विहीन। (मुनि० २५) भो! भोगाद् विरतो रतो भगवतः संचेतने धीश्वर!

* विश्रान्त, थका हुआ, क्लान्त।

* उपसंहृत, समाप्त।

विरतिः (स्त्री०) [वि+रम्+क्तिन्] * बंद करना, रोकना, ठहरना।

* विश्राम, अवसान, यति।

* विराग, संयम में प्रवृत्ति।

विरदावली (स्त्री०) वंशावली। * वंशपट्टावली। (वीरो० ९/२६, दयो० ५२)

विरम् [वि+रम्] * छोड़ना, त्यागना। (सुद० ८७) विरम विरम भो स्वामिमि त्वम्।

* विराम करना, चिरस्थिर करना। परहिताय जयेज्जनता नवं विरम भो विरमेति सुमानवं।। (जयो० ९/७०) 'विरम विरम चिरं स्थिरो भवेत्यर्थः' (जयो० २९/७०)

विरम् (अक०) विरत होना, चुप होना। (जयो० २५/६) दूर होना। (जयो० ३/९२)

विरमः (पुं०) रोक, विश्राम, विराम।

* छिपना, अदृश होना।

विरल (वि०) [वि+रा+कलन्] अन्तराल युक्त, कोई कोई। (जयो० ९/८६)

* पतला, कोमल, मृदु।

* ढीला, विस्तृत।

* निराला, दुर्लभ, अनूठा।

* थोड़ा, कम।

* दूरवर्ती, लम्बा।

विरलं (नपुं०) दही, जमाया हुआ दूध।

विरलं (अव्य०) * कठिनाई से, कभी कभी, * नहीं के बराबर (जयो० ९/८६)

विरलभावः (पुं०) मृदुभाव।

विरव (वि०) विशिष्ट शब्द। (जयो० ८/२०, १३/३)

विरस (वि०) [विगताः रसो यस्य] * नीरस, स्वाद रहित।

* अप्रिय, अरुचिकर।

* क्रूर, निर्दय।

विरसः (पुं०) पीड़ा, कष्ट, दुःख।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विरह: (पुं०) [वि+रह्+अच्] विछोह, वियोग। (जयो०वृ० १५/२९) 'पाणिग्रहणादि भूत्वा पश्चान्मे विरहो न स्यादिति' (जयो०वृ० ११/५१)
* छोड़ना। (जयो० १६/७२) त्यागना।
* अभाव।

विरहगत (वि०) वियोग को प्राप्त हुआ।

विरहज्वर: (पुं०) वियोग वेदना।

विरहपीड़ा (स्त्री०) बिछोह का दु:ख।

विरहाग्निनान्त (वि०) विरह रूपी अग्नि से जलने वाला। (जयो० १६/१६)

विरहानल: (पुं०) विरहाग्नि।

विरहाविरहाशा (वि०) विरह का खेद। (जयो० १३/७७)

विरहासहा (वि०) वियोगमसहमाना, वियोग को सहने वाला। (जयो० २१/१४)

विरहार्त (वि०) विरह से पीड़ित।

विरहावस्था (स्त्री०) वियोगजन्य दशा।

विरहिणी (स्त्री०) वियोगिनी। (वीरो० ६/३६)

विरहित (वि०) परित्यक्त, छोड़ा हुआ।

विरहोत्कण्ठ (वि०) वियोग का कष्ठ भोगने वाला।

विरहोत्सुक (वि०) विछोय युक्त।

विराग (वि०) [वि+रञ्ज्+घञ्] * विरक्ति, सांसरिक कारणों से निवृत्ति, विषयाभाव।
* अरुचि। * गृह परिवार भोगादि से निवृत्ति। (जयो०६/१००)
* इच्छा रहित।
* वृत्तिपरिवर्तन, असंतोष।

विरागभृत (वि०) विरक्ति से परिपूर्ण। (सुद० ५/९)

विरागिन् (वि०) विरक्ति युक्त, विषयवासना रहित। (सुद०१२२) इत्येवं प्रत्युत विरागिणं समनुभवन्तं स्वात्मन: किणम्। (सुद० १२२)

विराज् (पुं०) [वि+राज्+क्विप्] * कान्ति, आभा, शोभा, प्रभा। (जयो० १/९७) (समु० ६/१)

विराजित (भू०क०कृ०) [वि+राज्+क्त] सुशोभित, देदीप्यमान, प्रकाशित। (जयो० १/९७)
* प्रदर्शित, प्रकटीकृत।

विराट: (पुं०) [विशेषो राटो यत्र] विराट नामक राजा, जहां पांडवों ने छद्मवेश में निवास किया था।

विराटक: (पुं०) [विराट+कन्] अल्प प्रमाण वाला हीरा।

विराणिन् (पुं०) हस्ति, हाथी।

विराद्ध (भू०क०कृ०) [वि+राध्+क्त] * विरुद्ध, प्रतिकूल।
* कुपित, क्षतिग्रस्त।
* घृणापूर्वक, व्यवहृत।

विराध: (पुं०) [वि+राध्+घञ्] * विरोध, प्रतिरोध, विवाद। सताना। (समु० २/१३)
* संतप्त, दु:खी, पीड़ित।

विराधक (वि०) सताने वाला। 'विराधक: सन्नखिप्रजाया, अवादि वृद्धैर्नरकं स यायात्' (समु० २/३३)

विराधनं (नपुं०) [वि+राध्+ल्युट्] * विरोध करना, चोट पहुंचाना, सताना।
* कष्ट देना, पीड़ित करना।

विराधना (स्त्री०) संताप, पीड़ा, दु:खी।

विराधिन् (वि०) विराधना करने वाला। कुर्वन्वृथाज्ञस्स्वधियो विराधी, सम्पन्नतामेत्वमधुना समाधि:। (भक्ति० २७)

विराम: (पुं०) [वि+रम्+घञ्] रोकना, बन्द करना, समाप्त करना।
* विश्राम। (जयो० २२/८१)
* अन्त, समाप्ति, उपसंहार।
* यति, रुकावट, ठहराव।

विराव: (पुं०) [वि+रु+घञ्] ध्वनि, कोलाहल, आवाज।

विराविन् (वि०) [वि+राव+इनि] रोने वाला, चीखने वाला, चिल्लाने वाला।

विराविणी (स्त्री०) चिल्लाने वाली, रोने वाली।

विरिक्तक (वि०) खाली, रीता हुआ। (जयो० १२/७९)

विरिंच: (पुं०) [वि+रिंच्+इन्] ब्रह्मा।

विरुग्ण (भू०क०कृ०) [वि+रुज्+क्त] * रोग ग्रस्त।
* विनष्ट हुआ।
* झुका हुआ। * ठूंठ।

विरुत (भू०क०कृ०) [वि+रु+क्त] * चीखा हुआ, चिल्लाया हुआ।
* चीत्कारपूर्ण, गुंजायमान।

विरुतं (नपुं०) चिल्लाना, चीखना, दहाड़ना।
* चिल्लाहट, ध्वनि, घोषणा।
* कूंजना, गुनगुनाना, भिनभिनाना।

विरुद: (पुं०) घोषणा करना, चिल्लाना।

विरुदं (नपुं०) ध्वनि करना।

विरुदावली (स्त्री०) यश प्रशस्ति, गुणगान गीतिका। (वीरो० ९/१२, जयो० ६/६०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विरुदितं (नपुं०) [वि+इतच्+क्त] विलाप करना, जोर से चिल्लाना।

विरुद्ध (वि०) [वि+रुध्+क्त]

* विपरीत, उलटा, असम्बद्ध, असंगत।
* बाधित, रोका गया, विरोध किया गया।
* प्रतिकूल, विरोधी।
* अनुकूल, अनुपयुक्त।
* प्रतिषिद्ध, वर्जित, त्याज्य योग्य।
* अशुद्ध, अनुचित।

विरुद्धं (नपुं०) विरोध, वैपरीत्य, शत्रुता। (सम्य० ९३)

* असहमति, असंगति।

विरुद्धकथन (वि०) विपरीत कथन, मिथ्या कथन। (जयो०वृ० १/२९)

विरुद्धगमनं (नपुं०) दोषों का प्रसंग। 'अयनमयोगमनं प्रत्ययो विरुद्ध गममम्'

विरुद्धगाम (वि०) चौरलुण्टाक (जयो० १/२०) (जयो०१/५१)

विरुद्धता (वि०) * विपरीतता, विरोधिपना, * अनुपयुक्तता, प्रतिकूलता।

विरुद्धताकारक (वि०) वैचित्रता का कारक, प्रतिकूलता का कारक। 'य एव हेतुः प्रकल्प्येत स ततोऽन्य इति विरुद्धताकारकः स्यात्' (जयो०वृ० २६/८६)

विरुद्धदानं (नपुं०) अनुचित दान।

विरुद्धपानं (नपुं०) विपरीत पान योग्य पदार्थ।

विरुद्धभावः (पुं०) विपरीत भाव। 'जनैरुपादायि विरुद्धभाव इवाशुवंशैर्विपिनेऽपि दावः' (दयो० ३८)

विरुद्धभोज्य (वि०) निषिद्ध भोजन वाला। (भक्ति० ४०)

विरुद्धराज्यातिक्रमः (पुं०) राज्य के विरुद्ध कार्य करना, राजाज्ञा का उल्लंघन करना।

विरुक्षणं (नपुं०) [वि+रुक्ष्+ल्युट्] * कलंक, दोष, निन्दा।

* अभिशाप, कोसना।
* *रुखा करना।*

विरूप (वि०) [विकृतं रूपं यस्य] * कुरूप, विकृत, असुंदरता युक्त।

* रूप विहीन, लावण्य रहित, गुणहीन। (जयो०वृ०१६/७३)
* काम वृत्ति। (जयो०वृ० १/४६)
* विपत्तिका। (जयो० १६/७३)

विरूपक (वि०) सौंदर्य विहीन, पूतिगन्धयुक्त। (जयो०वृ० ६/७६)

विरूपकरणं (नपुं०) सौंदर्य विहीन होना, लावण्यता से रहित होना।

विरूपगत (वि०) कुरूपता को प्राप्त हुआ।

विरूपगामी (वि०) कुमार्ग गामी, काम-वासना ज़नित।

विरूपधारी (वि०) कुरूपता युक्त।

विरूपिन् [विरुद्धं सरूपमस्ति अस्य] कुरूप, लावण्यहीन।

विरेकः (पुं०) [वि+रिच्+घञ्] विरेचक, जुलाब, मलाशय स्वच्छ करना।

विरेचनं (नपुं०) [वि+रिच्+ल्युट्] दस्त, मलोत्सर्ग। (जयो० २६/७९)

* जुलाब, मलाशय स्वच्छ करना। (समु० ९/२८) (जयो० ६/१०)

विरेचित (वि०) मल्लोत्सर्जित, मल का उत्सर्ग करने वाला।

विरेफः (पुं०) [विशिष्टो रेफो यस्य] * नदी, सरिता, प्रवाहिनी।

विरोकः (पुं०) [वि+रुच्+घञ्] छिद्र, सुराख।

* दरार।

विरोचनः (पुं०) [विशेषेण रोचते-वि+रुच्+ल्युट्] * सूर्य।

* चन्द्र।
* अग्नि। (दयो० २०)

विरोधः (पुं०) [वि+रुध्+घञ्] प्रतिरोध, रुकावट, ठहराव।

* आवरण, ढक्कन।
* कलह, संकट, असहमति। (जयो० १/१२)
* अन्तर्कलह, शत्रुतापूर्ण व्यवहार।
* विरोधाभास अलंकार। (जयो०वृ० ३/५)

विरोधकर (वि०) प्रतिरोध करने वाला, गतिरोध करने वाला। (जयो०वृ० २/६८)

विरोधकारिणी (वि०) गतिरोध उत्पन्न करने वाली। (सुद०११२)

विरोधकारिन् (वि०) कलह करने वाला, संकट उत्पन्न करने वाला।

विरोधकृत् (पुं०) शत्रु।

विरोधकृत् (वि०) कलहकारी, झगड़ालु।

विरोधगत (वि०) शत्रुता को प्राप्त हुआ।

विरोधगामिन् (वि०) प्रतिकूल चलने वाला।

विरोधजन्य (वि०) कहलपूर्ण।

विरोधनं (नपुं०) [वि+रुध्+ल्युट्] * कलह।

* बाधा, संकट, रोक।
* विग्ध करना, बाधा डालना। (वीरो० २०/१३)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* घेरा डालना।
* प्रतिरोध करना।
* असहमति, असंगति।

विरोधभासः (पुं०) विरोधाभास अलंकार, विरोध की प्रतीति होना। (जयो०वृ० १/१२)
आपाते हि विरुद्धत्वं यत्र वाक्ये न तत्त्वतः।
शब्दार्थकृतमाभाति स विरोध स्मृतो यथा। (वाग्भट्टलंकार ४/२०) 'जिस वाक्य के कहने या सुनने से तत्काल ही शब्द और अर्थ में विरोध उत्पन्न हो, परन्तु वास्तव में किसी प्रकार का भी विरोध न हो वहां विरोधाभास अलंकार होता है।
अनङ्गरम्योपि सदङ्गभावादभूत् समुद्रोऽप्यजडस्वभावात्।
न गोत्रभित्किन्तु सदा पवित्रः स्वचेष्टितेनेत्थमसौ विचित्रः।। (जयो० १/४१) (जयो०वृ० ३/३५, २३/३, ६/९३, ८/३६, ३/१०८) (वीरो०१/२, १/५, ३/३२)

विरोधाभासालंकारः देखो ऊपर।

विरोधिता (वि०) शत्रुता, प्रतिकूलता (जयो० २/७०)

विरोधिन् (वि०) [वि+रुध्+णिनि] * प्रतिरोध करने वाला, रोकने वाला। (सुद० ४/३५)
* मिथ-मिथ्या। (जयो०वृ० २/१९)
* शत्रुतापूर्ण, प्रतिकूल, विरुद्ध प्रकृति वाला।
* प्रतिद्वन्द्वि, असंगत, विरोधी।

विरोधिन् (पुं०) शत्रु, प्रतिपक्षी।

विरोपणं (नपुं०) [वि+रुह्+ल्युट्] * घाव भरना।
* रोपना।

विल् (सक०) ढकना, छिपाना।
* आच्छादित करना, आवरण करना।
* तोड़ना, बांटना, फेंकना।
* धकेलना।

विलक्ष (वि०) [विलक्ष्+अच्] * लक्षण रहित, चिह्न विहीन।
* व्याकुल, विह्वल।
* आश्चर्यान्वित, अचम्भे युक्त।
* लज्जित, शर्मिन्दा युक्त।

विलक्षणं (नपुं०) [विगतं लक्षणं यस्य] * सर्वसाधारण। (जयो०वृ० ६/५४)
* भेद युक्त। (जयो०वृ० १/१५)
* असाधारण।
* भिन्न, इतर। (सम्य० ८४)

विलक्षणता (वि०) विलाप भाव वाली, प्रतिकूल स्वभाव वाली। (दयो० १६)
* असाधारण।

विलक्षणत्व (वि०) बनावटी, बिना लक्षण वाली। (जयो०वृ० १/३५) (हित० १८)

विलक्षणभावः (पुं०) विनाश भाव। (सुद० १०३)

विलक्षित (भू०क०कृ०) [वि+लक्ष्+क्त] * विकलता गत, व्याकुल होता हुआ। कमलमेत्य पुनः शशिना धृतो मधुकरोऽतिविरौति विलक्षितः।। (जयो०वृ० २५/२५)
* विश्रुत, प्रसिद्ध, ख्यात।
* प्रत्यक्षीकृत, दृष्ट, आविष्कृत।
* विवचेनीय।
* उद्विग्न।
* विह्वल, व्याकुल।
* प्रकोपी, क्रोधित।

विलक्षिन् (वि०) सर्वसाधारणता (सुद० १/१९) सन्तो विलक्ष्या हि भवन्ति लाभ्यः सत्र प्रपास्थापनभावनाभ्यः।

विलग् (अक०) अलग होना। (सम्य० १५४) (सुद० १/१९)

विलग्न (वि०) [वि+लस्ज्+क्त] * संलग्न, अवलम्बित, आधारित, आश्रित।
* लगा हुआ, चिपका हुआ, चिपटा हुआ।
* निर्दिष्ट, स्थिर किया हुआ।
* पतला, सुकुमार।

विलग्नं (नपुं०) कूल्हा।
* कमर।

विलंघनं (नपुं०) [वि+लंघ्+ल्युट्] * अतिक्रमण करना, लांघ जाना।
* अपराध, अतिक्रमण, शांत, क्षति, हानि।

विलंघित (भू०क०कृ०) [वि+लंघ्+क्त] * अतिक्रान्त, व्यतीत, बीता हुआ।
* आगे गया, आगे बढ़ा हुआ।
* परास्त, पराजित।

विलज्ज (वि०) [विगता लज्जा यस्य] निर्लज्ज, बेशर्म।

विलप् (अक०) रोना, विलाप करना। (जयो०वृ० ९/७)

विलपनं (नपुं०) [वि+लप्+क्त] रोता हुआ, विलाप करता हुआ।

विलम्बः (पुं०) [वि+लम्ब्+घञ्] * लटकना, झूलना, ढोलायमान होना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* देरी, विलम्ब करना-भूरास्तामिह जातुचिदहो सुंदल न विलम्बस्य' (सुद० ९४) नृराडास्तां विलम्बेन भुवि लम्बेन कर्मणा। (सुद० ७८)

विलम्बनं (नपुं०) [वि+लम्ब्+ल्युट्] * लटकना, झूलना।
 * देरी, विलम्ब करना। (जयो० ९)
 * लटकी हुई। (जयो० ५/१५)

विलम्बिका (स्त्री०) कब्जी, कोष्ठबद्धता।

विलम्बित (भू०क०कृ०) [विलम्ब+णिनि] * नीचे लटकता हुआ, झूलता हुआ।
 * देरी करने वाला, टालमटोल करने वाला।

विलम्भः (पुं०) [वि+लभ्+घञ्] उदारता, भेंट, उपहार, पुरस्कार।

विलयः (पुं०) [वि+ली+अच्] विघटन।
 * पिघलना।
 * विनाश, मृत्यु, अन्त।
 * नष्ट। (मुनि० १४) विलीन।

विलयनं (नपुं०) [वि+ली+ल्युट्] * प्रलय, विनाश।
 * पिघलना, क्षीण होना।
 * विघटन, विनाश।

विलयाह्वय (वि०) * पक्षियों को सुरक्षा प्रदान करने वाला। 'वीना-पक्षीणां लयाह्वयं गुप्तिकारकम्' (जयो०वृ० १५/९) कालं समयं विलोक्य (जयो०वृ० १५/९)

विलब्धपूर्णा (वि०) विपरीतता को धारण करने वाला। (वीरो० १४/३०)

विलस् (अक०) चमकता होना, कोंधना, लहराना, उज्ज्वल होना। (सुद० ८४ विलसतु। (विलसत् (जयो० ३/१७)

विलसत् (स्त्री०) चमकना, उज्ज्वल, प्रभा, सुंदर, प्रिय। (सुद०३/३)

विसलत्तनु (पुं०) शोभायमान शरीर, सुंदर देह। अवालभावतो जङ्घे सुवृत्ते, विलसत्तनोः' (जयो० ३/४६) 'विलसत्तनोः सुंदरशरीरायाः'।

विलसत्तमालः (पुं०) सुंदर तमाल तरु। (सुद० १३६)

विलसनं (नपुं०) [वि+लस्+ल्युट्] चमकना, सुंदर, सुभग, प्रिय।
 * मनोज्ञ।
 * सुशोभित, प्रभायुक्त।
 * जगमगाना, क्रीड़ा करना।

विलसित (भू०क०कृ०) [वि+लस्+क्त] * चमकता हुआ, सुशोभित।
 * प्रकटीकृत, प्रकट हुआ।
 * क्रीड़ाप्रिय, स्वेच्छाचारी।

विलसितं (नपुं०) विलास, लीला, क्रीड़ा।
 * चमक, प्रभा।

विलाप् (सक०) तपाना, बिलौना। (जयो०वृ० २/१४)

विलापः (वि०) [वि+लप्+घञ्] * रोना, क्रंदन, रुदन, कराहना।

विलापी (वि०) रुदन करने वाला।

विलालः (पुं०) [वि+लल्+घञ्] विलाव,
 * उपकरण, यन्त्र।

विलासः (पुं०) [वि+लस्+घञ्] नेत्रविभ्रम (जयो० ३/५८)
 * लीला, क्रीड़ा, खेल।
 * ललित, अनुराग, कामुकता। (जयो० १/१४)
 * लालित्य, सौंदर्य, चारुता। लावण्य। (सुद० २/८)
 * आसक्ति। (जयो०२/७१)
 * मनोविनोद, मनोरंजन।
 * अभिनय। (जयो० ११/८४)

विलासगति (स्त्री०) लीला का संचालन।

विलासगेहं (नपुं०) रतिगृह, कामक्रीड़ा स्थल।

विलास-तत्परः (पुं०) विषय में संलग्न। (जयो० २/२०)

विलासनं (नपुं०) [विलास्+णिच्+ल्युट्] * क्रीड़ा, मनोरंजन, मनोविनोद।
 * आसक्ति, वासना, कामना।
 * कामुकता।

विलासनीतिः (स्त्री०) कामप्रवृत्ति।

विलासवासिन् (वि०) आरम्भ परिग्रहासक्त। (जयो० २/७१)

विलासविभ्रमः (पुं०) काम-विभ्रम। (जयो० ३/३)

विलासिन् (वि०) कामासक्त हुआ, विलासशाली। (जयो०३/१३)

विलासिनी (स्त्री०) पण्यस्त्री, वेश्या। (जयो० १५/५३)
 * वरवर्णिनी। (जयो० ९/७८)

विलासिनी-नीतिः (स्त्री०) कुटल स्त्री की प्रवृत्ति। विलासिभ्यो विलासिनीनां वा नीतिः प्रवृत्तिः' (जयो० १५/८)

विलिख् (सक०) लिखना, कुदेरना, गूंदना।

विलिखनं (नपुं०) [वि+लिख्+ल्युट्] लिखना, कुदेरना, खुरचना।

विलिप् (सक०) लींपना, साफ करना।

विलिप्त (भू०क०कृ०) [वि+लिप्+क्त] संसक्त, लिपटे हुए, सने हुए (जयो० १२/७६) लीपा हुआ, चुपड़ा हुआ, पोता हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विलीन (भू०क०कृ०) विलिप्त, अनुषक्त, लिपटा हुआ, चिपकने वाला।
* संसक्त, लीन, मिला हुआ।
* अन्तर्हित, विनष्ट, ओझल, समाप्त।

विलुंच् (सक०) लोंच करना, उखाड़ना।

विलुंचनं (नपुं०) [वि+लुच्+ल्युट्] * उखाड़ना, लोंच करना।

विलुंठनं (नपुं०) [वि+लुंठ्+ल्युट्] लूटना, डाका डालना, ठगना।

विलुप्त (भू०क०कृ०) [वि+लुप्+क्त] * नष्ट, समाप्त।
* फाड़ा गया, तोड़ा गया।
* पकड़ा गया।

विलुम्प् (अक०) विलुप्त होना, नष्ट होना।

विलुम्पकः (पुं०) चोर, डाकू।
* अपहर्ता, लुटेरा।

विलुम्पन्त (वि+लुप्+शतृ) ओझल होता हुआ, नष्ट होता हुआ। 'वृषं विलुम्पन्तमहो सनातन यथात्म विष्वकृतनुभृन्नि मालनम्' (वीरो० ९/१)

विलुलित (भू०क०कृ०) [वि+लुल्+क्त] * लुढ़का हुआ।
* अस्थिर हुआ, हिला हुआ।
* क्रमरहित, क्रमशून्य।

विलून (भू०क०कृ०) [वि+लू+क्त] कटा हुआ, चीरा हुआ।
* छिन्न। (जयो० ८/५१)

विलेखनं (नपुं०) [वि+लिख्+णिच्+ल्युट्] * गोदना, लिखना।
* खोदना।
* खुरचना, कुदेरना।
* उखाड़ना।

विलेपः (पुं०) [वि+लिप्+घञ्]
* उबटन, मल्हम।
* लिपाई, पुताई।

विलेपनं (नपुं०) [वि+लिप्+ल्युट्] * लींपना, पोतना।
* उबटन लगाना।
* सुगन्धित पदार्थ रगड़ना। घिसे गए सुगन्धित पदार्थ का लेप।

विलेपनी (स्त्री०) [विलेपन+ङीप्] उपटन युक्त स्त्री, अलंकृत स्त्री। * सुवेशा, सुंदरी।

विलेपिका (स्त्री०) चांवल का मांड।

विलेप्यशङ्का (स्त्री०) चित्रोल्लिखित की शङ्का। (वीरो० २/१३)

विलोक् (सक०) * देखना, अवलोकन करना।
* निहारना, परखना, दृष्टि डालना।

विलोकनं (नपुं०) देखना, अवलोकन करना।
* ढूंढना, खोजना-'मम सहचरी यस्यै वर-विलोकनोत्कण्ठाम्' (दयो० ६५)
* दर्शन। (जयो०वृ० १/१०६)
* दृष्टि, निरीक्षण। (जयो० ११/३)

विलोकनीय (वि०) [विलोक्+अनीयर्] * दर्शनीय, निरीक्षण योग्य, देखने योग्य। (जयो० १२/४५)

विलोकयत् देखता हुआ, निरीक्षण करता हुआ।

विलोकयल्लोकपतिः (वि०) लोकपति को देखने वाला। 'लोकपति नरशिरोमणिं मुनिं विलोकयन् सस्नेहं पश्यन्' (जयो०वृ० १/८३)

विलोकित (वि०) निरीक्षित, दृष्टिगत हुआ।

विलोक्य (सं०कृ०) देखकर, अवलोकन करके, निरीक्षण करके। (जयो०, सुद० १०८)

विलोचनं (नपुं०) [वि+लोच्+ल्युट्] नेत्र, नयन, अक्षि।

विलोचनाम्बु (नपुं०) अश्रु, आंसू।

विलोडनं (नपुं०) [वि+लोड्+ल्युट्] * मंथन, बिलौना, मथना। (जयो० २३/८५)
* विक्षुब्ध होना, झूलना।

विलोडित (भू०क०कृ०) [वि+लोड्+क्त] * मथित, बिलोया हुआ, मथा हुआ।
* हिलाया हुआ।

विलोपः (पुं०) [वि+लुप्+घञ्] * लोप, हानि, क्षति, विनाशघात। (सुद० १०२)
* पकड़ना, लूटना, अपहरण करना।
* अदर्शन।

विलोपनं (नपुं०) [वि+लुप्+ल्युट्] * लोप, हानि, विनाश, क्षति।
* नष्ट करन, क्षति करना।
* अपहरण।

विलोपिन् (वि०) नाश करने वाला, क्षति पहुंचाने वाला। (समु० ६/३२)

विलोभः (पुं०) [वि+लुभ्+घञ्] * प्रलोभन, लुभाना, आकर्षित करना।
* अपनी ओर खींचना, आकृष्ट करना।

विलोभनं (नपुं०) [वि+लुभ्+णिच्+ल्युट्] * लुभाना, आकर्षित करना।
* ललचाना, आकृष्ट करना।
* प्रलोभन।
* खुशामद, प्रशंसा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विलोम (वि०) [विगतं लोमं यत्र] * विपर्यय। (जयो०२२/५८)
* प्रतिकूल, विपरीत, प्रतिलोम।
* हर्ष रहित, लोम रहित-विलोमेनैव सर्वाङ्गनांनुल्लंघ्य विलोम प्रक्रिया' (जयो०वृ० १२/११८)
* विरुद्ध, पिछड़ा हुआ।

विलोमः (पुं०) विपरीत क्रम, प्रतिलोम।
* कुत्ता, सर्प, वरुण।

विलोमं (नपुं०) रहट, पानी निकालने का यन्त्र।

विलोमगामिन् (वि०) विपरीत पाठ वाला। (जयो० २८/२१)
* विपरीत चलने वाला।

विलोमज (वि०) लोमाभाव, हर्ष का अभाव। (वीरो० २/४८)
* निर्लोमता। (जयो० ११/१८)
* विपर्यय। (जयो० २२/५८) वैपरीत्य। (जयो० २/२३)
* विपरीतता। (जयो० २४/९१)

विलोमविधिः (स्त्री०) प्रतिकूल कर्म।

विलोल (वि०) [विशेषेण लोलः] * चञ्चल, चपल। (जयो० १७/१३०)
* ढोलायमान, चलायमान, थरथर करने वाला।
* ढीला, विपर्यस्त, बिखरा हुआ।

विलोलनं (नपुं०) चञ्चल, परिचालन। (जयो० ५/८५)

विलोहितः (पुं०) रुद्र।

विल्वः (पुं०) बिल्वफल।
* श्रीफल। (जयो० १२/४३)

विल्वफलं (नपुं०) बेल का फल। (जयो०वृ० १४/९)

विवक्षा (स्त्री०) [वच्+सन्+अ+टाप्] * अभिलाषा, कामना, चाह, इच्छा।
* अर्थ, आशय, प्रयोजन।

विवक्षित (वि०) [विवक्षा+इतच्] * अभिप्रेत, कहे जाने योग्य।
* अर्थ युक्त, प्रयोजनभूत।
* अभिप्राय युक्त, उद्देश्यपूर्ण।
* आशय युक्त।

विवक्षितं (नपुं०) आशय, अभिप्राय, प्रयोजन।

विवक्षु (वि०) [वच्+सन्+उ] बोलने की इच्छा वाला।

विवत्सा (स्त्री०) [विगताः वत्सो यस्याः] बिना बछड़े वाली गाय, वत्स विहीन गाय।

विवद् (सक०) निवेदन करना, बोलना, कहना। (मुनि० ३)

विविधः (पुं०) [विवधो विगतो वा वध, हननं गतिर्वा यत्र]।
* जूआ-बैलों के कांधे पर रखा जाने वाला जूआ।
* मार्ग।
* बोझ।
* भार।

विवधिक (वि०) [विवध+ठन्] बोझ ढोने वाला, भारवाहक।
* फेरी वाला।

विवरं (नपुं०) [वि+वृ+अच्] * छिद्र, रन्ध्र, सुराग, बिल। (सुद० १/३७)
* दरार, खोखलापन। (जयो० १३/४३)
* एकान्त स्थान।
* विच्छेद।
* दोष, त्रुटि।
* घाव।

विवरणं (नपुं०) * प्रदर्शन, * अभिव्यंजन * स्पष्ट। * व्याख्यान करण। (जयो० ५/९५) * गणना, * निरूपण।

विवरनालिका (स्त्री०) बंसरी, बंसी, मुरली।

विवरप्रयोगः (पुं०) छेद-छिद्र। (समु० ६/७)

विवर्जनं (नपुं०) [वि+रज्+ल्युट्] छोड़ना, निकाल देना, परित्याग करना।

विवर्जित (भू०क०कृ०) [वि+रज्+क्त] * परित्यक्त, विसर्जित। (सम्य० ९३)
* छोड़ा गया।
* प्रदत्त, दिया गया।
* परिहृत, वञ्चित।

विवर्ण (वि०) [विगतः वर्णो यस्य] * निष्प्रभ, पाण्डु, फीका, भदरंगा।
* वर्ण रहित।
* अज्ञानी, मूढ, निरक्षर।

विवर्णः (पुं०) जाति बहिष्कृत।

विवर्णता (वि०) कान्तिहीनता। (वीरो० १९/२२)

विवर्णिका (स्त्री०) व्याख्या, भाष्य।

विवर्णिता (स्त्री०) व्याख्या, भाष्य। (जयो०वृ० ३/७७)

विवर्तः (पुं०) [वि+वृत्+घञ्] * आवर्त, परावर्तन, परिभ्रमण, घूमना।
* चक्कर लगाना, आगे पीछे होना।
* अवस्थन, अनेक प्रकार का। (जयो० १३/४१)
* बदलना, सुधारना।
* पर्याय। (जयो० २१/१३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विवर्तनं (नपुं०) [वि+वृत्+ल्युट्] * परार्तन, परिभ्रमण, घूमना।
* चक्कर काटना, लौटना।

विवर्तवार्ता (स्त्री०) अवस्थान वार्ता, पथिकगतवार्ता। (जयो०१३/४१)

विवर्धनं (नपुं०) विस्तार, वृद्धि, विकास।
* अभ्युदय, उत्थान।

विवर्धित (भू०क०कृ०) [वि+वृध्+क्त] * बढ़ा हुआ, वृद्धिगत, विकासशील।
* प्रगत, प्रोन्नत, आगे बढ़ाया हुआ।
* संतुष्ट, तृप्त।

विवलित (वि०) मोड़ा गया, व्यामोडित। (जयो० १८/९५)

विवश (वि०) [वि+वश्+अच्] * लाचार, असहाय, आश्रयहीन।
* अनियन्त्रित, विषयाधीन। (जयो० २३/१६)

विवसन (वि०) [विगतं वसनं यस्य] वस्त्र रहित, निर्वस्त्र।

विवस्वत् (पुं०) [विशेषेण वस्ते आच्छादयति-वि+वस्+क्विप्+मतुप्] * दिनकर, सूर्य।
* मनु।
* मदार पादप। (जयो० २४/३४)

विवहः (पुं०) [वि+वह्+अच्] अग्निजिह्वा।

विवहनक्रिया (स्त्री०) विवाह क्रिया। (जयो० १४/७)

विवाकः (पुं०) [विशिष्टो वाको यस्य] न्यायधीश, निर्यायक पुरुष।

विवादः (पुं०) [वि+वद्+घञ्] * प्रतिपक्ष वचन, वार्तालाप।
* शास्त्रार्थ, परस्पर विचार विनिमय।
* कलह, संघर्ष।
* तर्क, चर्चा, वार्ता।
* आदेश, आज्ञा।
* विसँवाद। (जयो० १८/६१)

वि-वादः (पुं०) पक्षी कलरव, खगध्वनि। (जयो०वृ० १८/६१)

विवादकारिन् (वि०) विसंवाद युक्त।

विवादगत (वि०) संघर्ष को प्राप्त।

विवाद पदं (नपुं०) कलहस्थान।

विवादभावः (पुं०) संघर्ष भाव।

विवादमति (स्त्री०) निर्णायक बुद्धि।

विवादवस्तु (नपुं०) विचारणीय विषय।

विवादस्थानं (नपुं०) विचार-विमर्श का स्थान।

विवादिन् (वि०) [विवाद+इनि] कलह करने वाला, तर्कप्रिय, कलकारी।
* पक्ष प्रस्तुत करने वाला।

विवारः (पुं०) [वि+वृ+घञ्] मुंह। * प्रवेश द्वार।
* छिद्र।

विवासः (पुं०) [वि+वस्+णिच्+घञ्] * निष्कासन, देश निकाला।

विवासित (भू०क०कृ०) [वि+वस्+णिच्+क्त] * निर्वासित, निस्वासित, निकाला गया।
* सुगन्धित।

विवाहः (पुं०) [वि+वह्+घञ्] ब्याह, परिणय, शादी। (समु० ५/२०) (जयोव० ३/९०) (हित० १०) दर्शकोऽधिपतिरत्र गतया: सन्मनुष्यवसतरेलकाया:।
तेन सार्द्धमभवत्तु विवाह: प्रेमतत्त्वत्मनयो: समुदाह।।
त्रिवर्गश्रिय: आधारो, विवाहोऽथामुनोदित:।
विचारपूर्वकं कार्य:, कन्ययाऽन्य कुलोत्थया।। (हित० १०)

विवाहकर्मन् (नपुं०) परिणय क्रिया। (समु०५/२०)

विवाहकार्यः (पुं०) विवाह का कार्य।

विवाहगामिन् (वि०) परिणय के मार्ग पर चलने वाला।

विवाहपूजा (स्त्री०) वैवाहिक कार्य पद्धति। (जयो०२/३३)

विवाहयोग्यः (पुं०) परिणय योग्य।

विवाहलग्नः (पुं०) विवाह की शुभ बेला। (जयो०वृ० १०/५३)

विवाहवीक्षा (स्त्री०) वैवाहिक संस्कार।

विवाहसमयः (पुं०) वैवाहिक काल। (जयो०वृ० २/३३)

विवाहसम्बन्धः (पुं०) वैवाहिक संस्कार, वैवाहिक वीक्षा। (जयो० ७/८३)

विवाहित (भू०क०कृ०) परिणित, परिणय किया हुआ, ब्याह हुआ। (वीरो० ११/२९)

विवाह्यः (पुं०) [वि+वह्+ण्यत्] * जमाई, दूल्हा, कुंवर साब।

विविक्त (भू०क०कृ०) [वि+विच्+क्त] * वियुक्त, पृथक् किया गया।
* अकेला, एकाकी, विवृत्त, विलग्न।
* प्रभिन्न, विवेचन।
* पवित्र, निर्दोष।

विविक्तं (नपुं०) एकान्त स्थान।
* अकेलापन।

विविक्ता (स्त्री०) दुर्भगा, भाग्यहीन स्त्री, असहाय स्त्री।

विविग्न (वि०) [विशेषेण विग्न: वि+विज्+क्त] अत्यन्त, व्याकुल, क्षुब्ध।

विविध (वि०) [विभिन्ना विधा यस्य] ०नाना प्रकार का ०अनेक प्रकार का।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विवीतः (पुं०) [विशिष्टं वीतं] चरगाह स्थान। बाड़ा घेरा।

विवुधः (पुं०) देवता (वीरो० १/२२) * बुद्धिहीन। (वीरो० १/२२)

विवृक्त (स्त्री०) [विवृक्त+टाप्] दुर्भगा स्त्री, पति के प्रेम से रहित स्त्री।

विवृत (वि०) कहा गया, बतलाया गया, प्रतिपादित किया गया। (जयो० १/) (जयो० ५/५३)

विवृत (भू०क०कृ०) [वि+वृ+क्त] * अभिव्यक्त, प्रदर्शित, प्रकटीकृत।
* निराच्छादन (जयो २४/३७)
* स्पष्ट, * उद्घोषित।
* व्याख्यायित, विस्तारित। (सम्य० १५४)

विवृति (स्त्री०) [वि०+वृ+क्तिन्] * विस्तार, ०फैलाव। ०रहित, अभाव। (सुद० १००)
* प्रदर्शन, प्रकटीकरण।
* अनावरण, व्यक्तिकरण।
* भाष्य, टीका, वृत्ति, व्याख्या।

विवृत (भू०क०कृ०) [वि+वृत्+क्त] मुड़कर आया हुआ, मुड़ा हुआ, घूमा हुआ। (जयो०वृ० १/२२) चक्कर काटा हुआ। भंवर, चक्कर।

विवृत्तिः (स्त्री०) चक्कर, परावर्तन, परिभ्रमण।

निवृतोक्त (वि०) जीवनोपयोगी कथन। (वीरो० ११/३)

विवृद्ध (भू०क०कृ०) [वि+वृध्+क्त] * बढ़ा हुआ, विकास को प्राप्त हुआ।
* तीव्र, विपुल, विशाल, प्रचुर।

विवृत्ति (स्त्री०) [वि+वृध्+क्तिन्] निकास, बढ़ना, वर्धना।
* समृद्धि।

विवेकः (पुं०) [वि+विक्+घञ्] * बोध, ज्ञान, बुद्धि, प्रज्ञा। (सम्य० ७५)
* हेयोपादेयज्ञान।
* विचार, गवेषणा, अनुशीलन। (जयो०वृ० १/३६)
* प्रबोध, वस्तु तत्त्व की निर्णायक। (सम्य० १२२)
* शक्ति, विशेष अभिव्यक्ति।

विवेककुल्यु (वि०) बुद्धिमान्। (सम्य० ९६)

विवेकगम्य (वि०) ज्ञानी आत्मा। (सम्य० १२२)

विवेकज्ञ (वि०) विचारज्ञ, प्रज्ञ अज्ञ, विज्ञ।

विवेकज्ञानं (नपुं०) उचित ज्ञान, अच्छा ज्ञान।

विवेकधामः (पुं०) ज्ञान स्थान। चैतन्यधाम। (सुद० १३३)

विवेकपदवी (स्त्री०) चिन्तन, विचार।

विवेकवान (वि०) बुद्धिमान्। (सुद० ४/२)

विवेकशाणा (स्त्री०) विवेक की कसौटी। (सुद० १०२)

विवेकशाली (वि०) विद्वान्, ज्ञानी। (जयो०वृ० ३/८४)

विवेकशील (वि०) विद्वान्, बुद्धिमान्।

विवेकाञ्चिता (वि०) विवेक शालिनी, प्रौढ़ा स्त्री।

विवेकिन् (वि०) विवेकी, ज्ञानी, बुद्धिमान्। (सुद० १२१)

विवेकिना (स्त्री०) मनस्विना। (जयो० १३/६३)

विवेकिनी (स्त्री०) विवेकशीला स्त्री। बुद्धिमति। (समु० ८/१३)

विवेक्तृ (पुं०) न्यायकारी।

विवेचक (वि०) पृथक्करणशील, व्याख्याकार, निरूपक, भाष्यकार। (जयो० ६/३७)

विवेचनं (नपुं०) [वि+विच्+ल्युट्] * कथन, निरूपण, प्ररूपणा। (समु० ४/१)
* विचार, चिन्तन। (जयो० ५/१९)
* प्रतिपादन, व्याख्यान।

विवेचना (स्त्री०) प्ररूपणा, कथन। (सम्य. १२४)

विश् (अक०) प्रविष्ट होना, घुसना। (जयो० १४/२३) आना, पड़ाव डालना, डेरा लगाना।

विश् (अक०) लिख देना, उत्कीर्ण करना।
* सौंपना, देना, प्रदान करना।

विश् (पुं०) वैश्य, वणिक्। (सुद० ३/३)

विश् (स्त्री०) पुत्री, प्रजा, राष्ट्र।

विशं (नपुं०) कमल नाल।
* सद्म, दिव्यभवन। (जयो० ३/७१) (समु०५/२०) प्रासाद।
* वस्तु। (जयो० २/३०)

विशङ्कट (वि०) [वि+शक्+अटच्] * बड़ा, विशाल, वृहत्।
* दृढ़, मजबूत, प्रचंड, शक्तिशाली।

विशङ्का (स्त्री०) [विशिष्टा विगता वा शङ्का] आशंका, भय, डर।

विशजित (वि०) प्रजा को जीतने वाला।

विशद (वि०) [वि+शद्+अच्] निर्मल। * स्पष्ट।
* विशुद्ध, निर्मल, स्वच्छ। (वीरो० ४/३१)
* विशद, निर्मल, प्रख्यात। (जयो० ३/६)
* निर्दोष। (जयो० २/९)
* समुज्ज्वल। (जयो० १७/४९)
* उज्ज्वल, सुंदर, रमणीय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* शुद्ध। (जयो० ६/६६)

* स्पष्ट, प्रकट। * पवित्र।

* शान्त, निश्चिन्त।

विशद-कामना (स्त्री०) पवित्र कामना।

विशदगति (स्त्री०) शांत अवस्था।

विशदचित (वि०) निर्मल चित्त वाला। स्वच्छ हृदय वाला।

विशद प्रभा (स्त्री०) उज्ज्वल कीर्ति।

विशदप्रमाणं (नपुं०) स्पष्ट प्रमाण।

विशदभावना (स्त्री०) निर्दोष भावना। विशदा भावना। (जयो०वृ० २/९१)

विशदमतिः (स्त्री०) शुद्ध धी। (जयो० ६/६६) * निर्मल बुद्धि, सुमति।

विशदस्वभावः (पुं०) समुज्ज्वल रूप। (जयो० १७/४९)

विशदांशु (नपुं०) उज्ज्वल किरण, स्वच्छकिरण। (वीरो०४/३१)

विशदांशुक (वि०) श्वेत वस्त्रधारी, धवल परिधान युक्त। (जयो० २६/१३)

विशदांशुकः (पुं०) चन्द्र किरण। विशदा अंशुकाः किरणा यस्य स विशदांशुकः। (जयो० १०/८२)

* स्वच्छ वस्त्र। विशदान्यंशुकानि वस्त्राणि यस्य सः (जयो०वृ० १०/८२)

विशदाक्षता (वि०) पवित्रात्मत्व, उज्ज्वल अक्षत युक्त, प्रसन्न खण्ड युक्त। 'विशदाक्षतया पवित्रात्मत्वेन यातमन्तं स्वरूपं यस्याः सा पवित्रात्मरूपवती सुलोचना' (जयो०वृ० ३/८४) 'विशदं चाक्षतमखण्डं च यातस्य प्रकरणस्यान्तं निर्बहणं यस्याः सा प्रसन्नाखण्डाधिकारवती' (जयो०वृ० ३/८४) 'विशदमसङ्कीर्णमक्षतमत्रुटितं च या तस्य मार्गस्यान्तं यस्यां सा' (जयो०वृ० ३/८४) 'विशदैरुज्ज्वलैरक्षतैस्तण्डुलैर्यातं लब्ध प्रान्तं यस्याः सा' (जयो०वृ० ३/८४)

विशदाननं (नपुं०) स्वच्छ मुख। (जयो० ११/४४)

विशदीकृ (वि०) स्पष्ट करने वाला। (जयो० ८/९०)

विशयः (पुं०) [वि+शी+अच्] सन्देह, अनिश्चयता।

* शरण, सहारा।

विशरः (पुं०) [वि+शृ+अप्] * फाड़ना, चीरना।

* वध, हत्या, विनाश।

विशल्य (वि०) [विगतं शल्यं यस्मात्] सुरक्षित, चिन्तामुक्त।

विशल्या (स्त्री०) लक्ष्मण की मूर्च्छा अवस्था को ठीक करने वाली एक नारी। (दयो० ९३)

विशसनं (नपुं०) [वि+शस्+ल्युट्] * वध, हनन, घात, हत्या।

विशसनः (पुं०) कटार, असि, तलवार।

विशस्त (भू०क०कृ०) [वि+शस्+क्त] * घातित, हनित, विस्फारित, फाड़ा गया।

* उजड्ड, अशिष्ट।

* प्रशस्त, प्रख्यात, विश्रुत।

विशस्तृ (पुं०) चाण्डाल, वधक।

विशस्त्र (वि०) [विगतं शस्त्र यस्य] शस्त्रविहीन, अस्त्र रहित।

विशाखः (पुं०) [विशाखानक्षत्रे भवः-विशाखा+अण्] कार्तिकेय।

* भिक्षुक, आवेदक।

* तकुवा।

विशाख (वि०) शाखा विहीन, ठूंठ।

विशाखजः (पुं०) नारंगी तरु।

विशाखा (स्त्री०) [विशिष्टा शाखा प्रकारो यस्य] विशाखा नक्षत्र, नक्षत्रों के भेद में सोलहवां नक्षत्र। (समु० ६/१९)

विशाम्पति (पुं०) एक राजा, महाराज। (जयो० ३/१०५, वीरो० ८/६)

विशाम्वरः (पुं०) वैश्य, वणिक् श्रेष्ठ। (सुद० २/३३)

विशायः (पुं०) [वि+शी+घञ्] * पहरा देना, बारी बारी से शयन करना।

विशारणं (नपुं०) [वि+शृ+विच्+ल्युट्] * फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट करना।

* खण्ड खण्ड करना।

विशारद (वि०) [विशाल+दा+क लस्य रः] चतुर, दक्ष, प्रवीण। विज्ञ, जानकार।

* साहसी।

* विद्वान्, बुद्धिमान्।

* प्रसिद्ध, ख्यात।

विशारदा (स्त्री०) बकुलवृक्ष, मौलसिरि तरु।

विशारदा (स्त्री०) विदुषी, प्रज्ञ-स्त्री। (वीरो० ४/१३)

* शरदागम रहित। (वीरो० ४/१३)

विशाल (वि०) [वि+शालच्] बड़ा, बहुत, लम्बा, अत्यधिक।

* प्रशस्त, व्यापक, विस्तीर्ण।

* उन्नत (जयो०वृ० १/१३) वृंहिण (जयो० १९/५०) (सुद० १/२८) समृद्ध, परिपूर्ण।

* प्रमुख, महान्, उत्तम। (सुद० १/२५)

विशालः (पुं०) * एक हरिण विशेष।

विशालतरु (पुं०) उन्नत वृक्ष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विशालदानं (नपुं०) परिपूर्ण दान।

विशालधनं (नपुं०) अत्यधिक वैभव।

विशालनन्दि (पुं०) राजगृहनगर के एक ब्राह्मण का पुत्र। (वीरो० ११/१२)

विशालभूति (पुं०) राजगृहनगर का एक ब्राह्मण। (वीरो० ११/१२)

विशालमति (स्त्री०) प्रशस्त बुद्धि।

विशालयोगः (पुं०) उत्तम संयोग।

विशालवक्षः (पुं०) विस्तीर्ण वक्षस्थल।

विशालहृदयः (पुं०) बृहत्मन (जयो० ७/५९) (जयो० ६/६०)

विशाला (स्त्री०) उज्जयिनी नगरी का एक नाम।

विशाला (वि०) शाला रहित। (जयो० ३/७८)

विशिख (वि०) [विगता शिखा यस्य] मुकुटरहित, बिना चोटी का। * अस्तित्व हीन। कूट रहित। * नग्न।
* शिखावर्जित। (जयो० ९/२५)

विशिखा (स्त्री०) [विशिख+टाप्] फावड़ा। * नकुवा।
* सुईया पिन।
* तीक्ष्ण बाण।
* राजमार्ग।
* नापित भार्या।

विशित (वि०) [वि+शो+क्त] * तीव्र, तीक्ष्ण। * प्रवीण, इष्ट।

विशित (वि०) देवालय, मंदिर।
* आवासस्थल, गृह, निवासस्थान।

विशिष्ट (भू०क०कृ०) [वि+शिष्+क्त] * विशेष, असाधारण, असामान्य। (जयो० १/)
* प्रशस्त। (सम्य० ८४) मनोरम, रमणीय।
* अतिशय, अधिक। (जयो० ५/५७)
* श्रेष्ठ, सर्वोत्तम, प्रमुख, उत्कृष्ट, परम। (जयो०वृ० १/१२) विभा (जयो० १/१२) महान्, उन्नत, समीचीन।
* बढवारी। (समु० १/८)
* विशेष लक्षण युक्त, विलक्षण।

विशिष्टगीतः (पुं०) प्रशस्त गीत, मनोरम गीत।

विशिष्टजातिः (स्त्री०) उन्नत जाति।

विशिष्टज्योतिः (स्त्री०) पवित्र ज्योति।

विशिष्ट ज्ञानी (वि०) असामान्य ज्ञानी।

विशिष्ट तपः (पुं०) अतिशय तप।

विशिष्तालः (पुं०) परमशोभन ताल-विशिष्टतां लातीति।

विशिष्टदानं (नपुं०) सर्वोत्तम दान।

विशिष्टदाता (वि०) प्रमुख देने वाला।

विशिष्टधी (स्त्री०) प्रकृष्ट बुद्धि, महान बुद्धि।

विशिष्टपुण्यबन्धः (पुं०) प्रशस्त शुभ बन्ध। (सम्य० ८४)

विशिष्टप्रभा (स्त्री०) विशेष कान्ति।

विशिष्टभावः (पुं०) अतिशय भाव। (जयो० ६/५७)

विशिष्टमतिः (स्त्री०) उत्तम बुद्धि।

विशिष्टयोगः (पुं०) परम योग।

विशिष्टरत्नं (नपुं०) विलक्षण रत्न, उन्नत रत्न।

विशिष्ट शब्दं (नपुं०) पक्षी कलरव। (जयो०वृ० १३/३)

विशिष्टाद्वैतवादः (पुं०) रामानुज का एक सिद्धांत।

विशिष्टि (वि०) विशेषता। लोको निन्दतु पूजतादुत ततस्ते का विशिष्टः प्रभो? (मुनि० १४)

विशीर्ण (भू०क०कृ०) [वि+ॠ+क्त] * खण्डित, त्रुटित, बाधित।
* छिन्न-भिन्न हुआ, मुर्झाया हुआ।
* संकुचित, सिकुड़ा हुआ।

विशीर्णपर्णः (पुं०) नीम का वृक्ष।

विशीर्णमूर्ति (स्त्री०) खण्डित मूर्ति।

विशुद्ध (वि०) [वि+शुध्+क्त] * स्वच्छ, पवित्र, निर्मल, विमल। (जयो०वृ० ३/२४)
* निर्दोष, दोष विमुक्त।
* उन्नत, सर्वोत्तम, अतिशय।

विशुद्धकामना (स्त्री०) उन्नत कामना। * प्रबुद्ध विचार।

विशुद्धगात्रं (नपुं०) स्वच्छ शरीर।

विशुद्धभावना (स्त्री०) निर्दोष भावना।

विशुद्धभोजनं (नपुं०) सात्त्विक भोजन।

विशुद्धपार्ष्णी (स्त्री०) निर्दोष एड़ियां, चरणपृष्ठदेश। (जयो० ११/१७)

विशुद्धमतिः (स्त्री०) निर्मल बुद्धि। * प्रकर्ष मति।

विशुद्धयोगः (पुं०) सर्वोत्तम योग।

विशुद्धरत्नत्रय (वि०) विशुद्ध रत्नत्रय युक्त, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रय से युक्त।

विशुद्धवृत्तं (नपुं०) विमल आचरण। 'विशुद्ध निर्दोषं विमलं च वृत्तमाचरणं यस्य' (जयो०वृ० ३/२४)

विशुद्धाचरणं (नपुं०) विमल आचरण, निर्दोष आचरण।

विशुद्धात्मन् (वि०) पवित्र आत्मावाला।

विशुद्धाधार (वि०) अतिशय आधार युक्त।

विशुद्धाश्रय (वि०) अच्छे आश्रय वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विशुद्धाहारः (पुं०) सात्त्विक आहार, पवित्र भोजन।

विशुद्धि (स्त्री०) [वि+शुध्+क्तिन्] * पवित्रता, निर्मलता, निर्दोषता।
* विमलता, सात्त्विकता।
* पवित्रीकरण, निर्मलीकरण।
* परिष्कार। भैक्ष्ययापि विशुद्धये प्रतिवहेद् बुद्धिं भवादुन्मनाः' (मुनि० ३)

विशुद्धिगतं (वि०) पवित्रता को प्राप्त हुआ।

विशुद्धि देवी (स्त्री०) नाम विशेष (वीरो० १४/४)

विशुद्धिधर (वि०) निर्दोषता को धारण करने वाला।

विशुद्धिभावः (पुं०) निर्मलता से परिपूर्ण भाव।

विशुद्धिलब्धिः (स्त्री०) वैचारिक कोमलता, कर्मचेष्टा से विमुक्ति की उपलब्धि। 'चित्तेऽस्य विशुद्धिलब्धिः'

विशुद्धिविधिः (स्त्री०) क्षमापन। (जयो० १/९२) (सम्य० ४५) * निर्दोषता युक्त विधि।

विशूल (वि०) [विगत शूलं यस्य] त्रिशूल रहित, बर्छी रहित, भाला विहीन।

विशृंखल (वि०) [विगता शृंखला यस्य] अनियंत्रित, अप्रतिबद्ध, निरंकुश।
* बंधनों से मुक्त।
* लम्पट।

विशेष (वि०) [विगत शेषो यस्मात्] * विशिष्ट, अच्छा, उचित।

विशेषः (पुं०) * प्रभेद, भेद, अन्तर, प्रकार।
* जैन दर्शन में वस्तु विवेचन की एक पद्धति, जिसमें विशेष-भेद की प्रमुखता होती है। पर्याय विशेष।
* विविध उद्देश्य, नानाविध वस्तु।
* उत्तमता, श्रेष्ठता, प्रमुखता। (सुद० १/४२)
* उत्तम, पूज्य, प्रमुख, उत्कृष्ट।
* विशिष्ट चिह्न, पहचान। विशिष्यते विशिष्टिर्वा विशेषः (त०वा० ६/८)
* विवेचन, भेदीकरण।

विशेषक (वि०) [वि+शिष्+ण्वुल्] प्रभेदक, नाना विध, वस्तु विवेचक।

विशेषकं (नपुं०) तिलक, मस्तिष्क पर टीका, रेखांकन। (जयो० २२/८०)

विशेषाकायानुमतः (पुं०) तिलक के लिए स्वीकृत। 'विशेषकाय तिलकाय नामानुमतं मानितम्' (जयो० २२/८०)
* विशिष्ट शरीर सहित। (जयो०वृ० २२/८०)

विशेषणं (नपुं०) [वि+शिष्+ल्युट्] विवेचन, विभेदन, प्रभेदन, निरूपण।
* अन्तर, विशेषता।
* चिह्न, लक्षण।
* जाति, प्रकार।
* गुणवाचक शब्द-जो वस्तु की विशेषता को प्रकट करता है।

विशेषज्ञ (वि०) जानकार, विज्ञ।

विशेषतम् (अव्य०) [विशेष+तस्] विशेष रूप से-प्रकृष्टरूपेण।

विशेषदर्शनं (नपुं०) सांख्य, वैशेषिकदर्शन। (जयो० ६/२०) (जयो०वृ० २/२३)

विशेषय् (सक०) कहना, विवेचन करना। 'केचित्परे तु यतयेऽपि विशेषयन्ति' (वीरो० २२/२२)

विशेषरसः (पुं०) शृंगार रस। (जयो० १/७४)

विशेषाद्भनी (वि०) विशेष रूप से निर्मित। (जयो० २४/११८)

विशेषित (भू०क०कृ०) [वि+शिष्+णिच्+क्त] विलक्षण, परिभाषित।

विशेषोऽलंकारः (पुं०) विशेष अलंकार, विशेषताओं को विवेचित करने वाला अलंकार-
मतङ्गजानां गुरुगर्जितेन जातं प्रहृत्यष्यद्धयगर्जितेन।
अथो रथानामपि चीत्कृतेन छन्नः प्रणादः पटहस्य केन॥ (जयो० ८/२३)

विशेष्य (वि०) [वि+शिष्+ण्यत्] * विलक्षण होने योग्य, मुख्य, प्रमुख।
* उत्तम, श्रेष्ठ।

विशेष्यं (नपुं०) वह शब्द जिससे विशेषण द्वारा सीमित कर दिया गया हो।
* वह पदार्थ जो किसी दूसरे शब्द द्वारा परिभाषित कर दिया गया हो। 'विशेष्यं नाभिधा गच्छेत्क्षीणशक्तिर्विशेषणे' (काव्य० २)

विशोक (वि०) [विगतः शोको यस्य] शोक से रहित, हर्ष युक्त, प्रसन्न। (जयो० ५/६७)

विशोकः (पुं०) अशोक तरु।

विशोधनं (नपुं०) [वि+शुध्+ल्युट्] * शुद्ध करना, प्रक्षालन, प्रमार्जन। (जयो० १७/३९)
* दोष रहित, पवित्र।
* अन्वेषण। (जयो० २/४५)
* प्रायश्चित्त, परिशोधन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विशोधिन् (वि०) [विशेषेण शोधिर्विशोधि:] प्रायश्चित्त वाला।

विशोधिनी (स्त्री०) नाशिनी, प्रक्षालिनी। (हस्त० ५७)

विशोध्य (वि०) [वि+क्षुध्+ण्यत्] पवित्र किये जाने योग्य, शुद्ध किये जाने योग्य।

विशोषणं (नपुं०) [वि+शुष्+ल्युट्] सुखाना, शुद्ध करना, प्रमार्जन करना।

विशोषय् (सक०) सुखाना, शुद्ध करना। (जयो० १२/२८)

विश्रणनं (नपुं०) [वि+श्रण्+ल्युट्] * प्रदान करना, समर्पण करना, सौंपना।

* उपहार, दान, भेंट।

विश्रब्ध (भू०क०कृ०) [वि+श्रम्भ्+क्त] * बन्द किया गया, सौंपा गया।

* विश्वस्त, निडर।

* निश्चल, सौम्य, शान्त।

* दृढ़ स्थिर।

* नम्र, विनीत।

विश्रब्धं (नपुं०) विश्वासपूर्वक, निर्भीकता के साथ।

विश्रम् (अक०) ठहरना, रुकना, विराम लेना। (जयो० २/१२३)

विश्रम: (पुं०) [वि+श्रम्+अप्] आराम, विश्रान्ति।

* विराम, विश्राम।

विश्रम्भ: (पुं०) [वि+श्रम्भ्+घञ्] * विश्वास, भरोसा।

* नम्रता, क्रीड़ा कलह, केलिकलह। 'नम्रतायामुत क्रीडाकलहे परायणाम् विश्रम्भ: केलिकहले विश्वासे प्रणये वधे' इति विश्वलोचन:' (जयो० १०/४)

* विराम, विश्रान्त।

* आराम, विश्राम।

* स्नेह युक्त।

* रहस्य।

* वध, हत्या, हनन।

विश्रम्भभाषणं (नपुं०) गुप्त वार्तालाप।

विश्रम्भ भूमि: (स्त्री०) विश्वास करने योग्य स्थान।

विश्रम्भस्थानं (नपुं०) विश्वस्त, विश्वसनीय व्यक्ति।

विश्रय: (पुं०) [वि+श्रि+अच्] * शरण, आश्रय, आधार भूतस्थल।

विश्रवस् (पुं०) पुलस्त्य के पुत्र का नाम, रावण के पिता।

विश्राणित (भू०क०कृ०) [वि+श्रण्+णिच्+क्त] समर्पित, प्रदत्त दिया गया।

विश्रान्त (भू०क०कृ०) [वि+श्रम्+क्त] * विश्राम, आराम (दयो० १८) * अवरोध, * गति विराम।

* बन्द किया गया, रोका गया।

* रुकावट। (जयो० १/११)

विश्रान्ति: (स्त्री०) [वि+श्रम्+क्तिन्] * आराम, विश्राम, विराम, रोक। (वीरो० ५/३४)

* क्रिया रहित। (जयो०वृ० १/९४)

विश्रान्तिगृहं (नपुं०) आराम गृह।

विश्रान्तिशून्य: (वि०) अविराम, गति युक्त। (जयो०वृ० २३/६१)

विश्राम: (पुं०) [वि+श्रम्+घञ्] क्रिया रहित। (जयो० १/९४)

* आराम, विराम, रुकना, ठहरना। (जयो०वृ० ७/४६)

* केलि, क्रीड़ा।

* शान्ति, सौम्यता, एकाग्रता, स्थिर होना, थकान दूर करना। (मुनि० ६)

विश्रामगृहं (नपुं०) आराम गृह।

विश्रामशैल: (पुं०) क्रीडापर्वत, केलिगिरि। (वीरो० २/११) प्राच्या: प्रतीचीं व्रजतोऽब्जपस्य विश्रामशैला इव भान्ति तस्य। (वीरो०२/११)

विश्राव: (पुं०) [वि+श्रु+घञ्] * बहना, टपकना, झरना।

* ख्याति, कीर्ति।

विश्रुत (भू०क०कृ०) [वि+श्रु+क्त] * प्रसिद्ध, प्रख्यात, यशस्वी, प्रतिष्ठित। (जयो० २१/६५)

* आकर्णित। (जयो० ६/६२)

* प्रसन्न, आनन्दित, हर्ष युक्त।

विश्रुतगुणं (नपुं०) उन्नत गुण। (सुद० ३/६)

विश्रुति: (स्त्री०) [वि+श्रु+क्तिन्] प्रसिद्ध, ख्याति, कीर्ति, यश, प्रतिष्ठा।

विशलथ (वि०) [विशेषण श्लथ:] शिथिल, ढीला, खुला हुआ।

* स्फूर्ति रहित।

* निष्प्रभ, कान्तिहीन।

विश्लिष्ट (भू०क०कृ०) [वि+श्लिष्+क्त] वियुक्त, पृथक्कृत, अलग हुआ।

विश्लेष: (पुं०) [वि+श्लिष्+घञ्] * अलगाव, वियोजन।

* वियोग, विछोह।

* अभाव, हानि, क्षति।

* छिद्र, दरार।

विश्लेषणं (नपुं०) भिन्न-भिन्न करना। (वीरो० १८/२२)

विश्लेषित (भू०क०कृ०) [वि+श्लिष्+णिच्+क्त] वियुक्त, पृथक्कृत, अलग किया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विश्व (वि०) [विश्+व] * सम्पूर्ण, समग्र, * समस्त, पूर्ण, सारा।
* प्रत्येक, हरेक।

विश्वं (नपुं०) लोक, संसार, जगत्।
* लोकसमूह (जयो० ३/५४)
* षट्द्रव्य समूह-जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल का समूह विश्व है-'एवं तु षड्द्रव्यमयीय-मिष्टिर्यतः समुत्था स्वयमेव सृष्टिः' (वीरो० १९/३८)
* लोक (विश्वं सुदर्शनमयं विभूव (सुद० ८६)

विश्वंकरः (पुं०) अक्षि, आंख।

विश्वकद्रु (वि०) दुष्ट, नीच, अधम।

विश्वकर्मन् (पुं०) सूर्य।

विश्वकृत् (वि०) सब प्राणियों का सृष्टा।

विश्वकृत् (पुं०) ब्रह्मा, शिव, * आदीश्वर।

विश्वकेतु (पुं०) अनिरुद्ध।

विश्वगंधः (पुं०) प्याज, लोबान।

विश्वगंधा (स्त्री०) पृथ्वी, भू, धरा।

विश्वजनं (नपुं०) मानव जाति।

विश्वजनसौहृद (वि०) समस्त लौकिक जनों पर मैत्री। विश्वचासौ जन इति विश्वजनस्तस्य सौहृदं तस्मात् समस्तलौकिक-जनमैत्री भावादेव संभवति' (जयो०वृ० २/२१)

विश्वजनीन् (वि०) प्राणीमात्र के लिए उपयोगी।

विश्वजन्य (वि०) समस्त प्राणियों के लिए उपयोगी।

विश्वजयिन् (वि०) विश्व को जीतने वाले। (मुनि० ३)

विश्वजित् (पुं०) जितेन्द्रिय प्रभु।

विश्वतस् (अव्य०) [विश्व-तसील्] सब ओर, सर्वत्र, सब जगह, चारों ओर। (सुद० २/३२)

विश्वतत्त्वज्ञ (वि०) समस्त जगत् के तत्त्व ज्ञाता, विश्वभर के पदार्थ एक साथ, झलकने वाले। 'युगपद्विश्वतत्त्वज्ञ प्रध्वस्तान्तर्मलवन्त्वः' (हित०सं० ५५)

विश्वतोमुदा (वि०) सबको हर्ष देने वाली मुद्रा। विश्वतःसर्वेषा मुदं हर्षं राति-ददात्येवंभूता। (जयो० २/११४)

विश्वतोरोचनः (पुं०) श्रीधराचार्य विरचित विश्वलोचन कोष (जयो० १/१७)

विश्वदेवः (पुं०) जगत् पिता।

विश्वदृश्वा (वि०) समस्त जगत् को देखने वाले। (वीरो० २०/२१)

विश्वधारिणी (स्त्री०) भूमि, पृथ्वी।

विश्वधारिन् (पुं०) शिव, आदीश्वर।

विश्वनाथः (पुं०) आदीश्वर, ऋषभदेव।
* शिव।

विश्वनन्दी (पुं०) राजगृह नगर के विश्वभूति ब्राह्मण एवं जैनी नामक ब्राह्मणी का पुत्र-भूत्वा परिव्राट् स गतो महेन्द्रस्वर्गं ततो राजगृहेऽपकेन्द्रः' जैन्या भवामि स्म च विश्वभूतेस्तुक्' विश्वनन्दी जगतीत्यपूते।। (वीरो० ११/११)

विश्वपथप्रदर्शकः (पुं०) दिनेश, सूर्य। 'विश्वस्स संसारस्य पथप्रदर्शको मार्गनिर्देशक एष दिनेश, (जयो०वृ० ४/६२)

विश्वपा (पुं०) सूर्य।
* चन्द्र।
* अग्नि।

विश्वपालनपर (वि०) विश्व के पालन में तत्पर। विश्वस्य पालने सम्भालने परस्तत्परो भवादृशो नरो यतः (जयो०वृ० ७/५८)

विश्वपावनी (स्त्री०) तुलसी का पौधा।

विश्वपितुः (पुं०) जगत् पिता, आदीश्वर जिन। 'विश्वपितुः जिन एव सविता' (जयो० ८/८९)

विश्वपूजिता (स्त्री०) तुलसी पादप।

विश्वप्रणयप्रदा (स्त्री०) सरस्वती। * वाग्देवी। विश्वस्य जगन्मात्रस्य यः खलु प्रणयः प्रेमभावस्तं प्रददातीति सरस्वती (जयो० १९/३४)

विश्वप्रबन्धक (वि०) विश्वनियामक। (वीरो० १९/४३)

विश्वप्सन् (पुं०) देव, अमर, सुर।
* सूर्य।
* चन्द्र।

विश्वभुज् (पुं०) इन्द्र।

विश्वभूति (पुं०) राजगृह नगर का एक ही ब्राह्मण। (वीरो० ११/११)

विश्वभूषणं (नपुं०) जगद्विभूषण। (जयो० १८/७६)

विश्वभेषजं (नपुं०) सोंठ, सुंठि, सूखा अदरक।

विश्वमात्मसात् (वि०) विश्व को अपने समान मानता हुआ। (सुद० ४/६)

विश्वमातृ (वि०) विश्व की माता। (सुद० ३/२)

विश्वमूर्ति (वि०) सर्वव्यापी।

विश्वमोहनः (वि०) संसार को वश में करने वाला मोहन। विश्वस्य संसारस्य वशीकरणमस्तीति। (जयो० २/६०)

विश्वम्भरः (पुं०) जगत्पाल। (वीरो० ५/२३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विश्वयोनिः (पुं०) ब्रह्मा।

विश्वराज् (पुं०) विश्वप्रभु।

विश्वरोचनः (पुं०) विश्वलोचनकोष। (जयो०वृ० १/१७)

विश्ववस्तुविद् (वि०) सकल पदार्थों का ज्ञायक। (सम्य० १४८)

विश्ववित्त (वि०) विश्वप्रसिद्ध। (जयो० ६/१०८) विश्वस्मिँल्लोके वित्तं प्रसिद्धम्। (जयो०वृ० ६/१०८)

विश्वविद् (वि०) जगत् ज्ञाता, सर्वज्ञ। (सम्य० ५८)

विश्वविदेकधामः (पुं०) विश्वविद का एकमात्र स्थान। (सम्य० १८)

विश्वविधानं (नपुं०) जगत् का विधान। (सम्य० १५२)

विश्वविपदः (पुं०) प्रजा की विपत्ति। (जयो० २/११३)

विश्वविश्वसन (वि०) सम्पूर्ण विश्वास योग्य। (जयो० २/५१)

विश्वविश्वासकारिन् (वि०) जगत् में विश्वास करने योग्य। (दयो० ७१)

विश्ववेद (वि०) विश्वज्ञाता। (दयो० २९)

विश्ववैरिन् (पुं०) प्राणिमात्र का शत्रु। 'विश्वस्य प्राणिवर्गस्य वैरिणः शत्रून्' (जयो० २/५४)

विश्वशिरोमणि (स्त्री०) जगत् तिलक। (जयो०वृ० १४/२९)

विश्वसनीय (सं०कृ०) [वि+श्वस्+अनीयर] विश्वास किये जाने योग्य।

विश्वसम्माननीय (वि०) भुवनमानिनी। (जयो०वृ० २२/७८)

विश्वसात् (वि०) विश्वहित की पवित्र भावना वाला। (जयो० २/९१) विश्वस्य सम्पूर्णसमाजस्य हितं स्यादिति विश्वसाद् विशदा भावना निर्दोष भावना तस्यां परः (जयो०वृ० २/९१)

विश्वसित् (वि०) विश्वास करने योग्य। (जयो० २/१४२)

विश्वसेनः (पुं०) त्रिलोकीनाथ विश्वंभर। (जयो० १०/९५)

विश्वस्रष्टुः (वि०) विश्वनिर्माता। (जयो० ८/३७)

विश्वस्त (भू०क०कृ०) [वि+श्वस्+क्त] विश्वास करने योग्य, विश्रब्ध, निडर, साहसी।

विश्वहितः (पुं०) जगत् कल्याण। (सुद० ११८)

विश्वात्मता (वि०) सर्वजनहितकारिता। (जयो० २७/२२)

विश्वंधायस् (पुं०) [विश्वं दधाति पालयति-विश्व+धा+णिच्+असुन्] देवता, अमर।

विश्वानरः (पुं०) सूर्य।

विश्वामित्रः (पुं०) एक ऋषि।

विश्वावसु (पुं०) एक गन्धर्व विशेष।

विश्वाश्रयिन (वि०) लोक के आधार भूत। (जयो० १८/५२)

विश्वासः (पुं०) [वि+श्वस्+घञ्] * निष्ठा, श्रद्धा, आस्था।
* प्रत्यय, विश्रम्भ। (जयो० २/१५१)
* भेद, रहस्य, गुप्त समाचार।
* धारणा, निश्चय, अस्था। 'विश्वासमसाद्य जिनोक्तवाचि वालेन तत्त्वार्थ मियादसाचि। (सम्य० ७२)

विश्वासगत (वि०) आस्थागत, श्रद्धा को प्राप्त हुआ।

विश्वासघातः (पुं०) धोखा देना, द्रोह रखना।

विश्वासघातिन् (वि०) द्रोही, धोखे देने वाला।

विश्वासजन्य (वि०) आस्थायोग्य।

विश्वासपात्रं (नपुं०) विश्वसनीय स्थान।

विश्वासभंगः (पुं०) विश्वासघात।

विश्वासभूमि (स्त्री०) आस्था स्थल।

विश्वास योग्य (पुं०) आस्था योग्य, श्रद्धा का आधार। (दयो० ६०)

विश्वासवाज्जनगणः (पुं०) विश्वास युक्त जनसमूह। (वीरो० २२/१२)

विश्वासशील (वि०) निष्ठावान्।

विश्वासस्थानं (नपुं०) विश्वसनीय स्थल।

विश्वोत्तमः (पुं०) लोक में उत्तम। (वीरो० ९/२५)

विश्वोपकर्त्री (वि०) जगत् निर्माता। (मुनि० ८)

विष् (सक०) घेरना, आवृत्त करना।
* फैलाना, विस्तार करना।
* वियुक्त करना, पृथक् करना।
* उड़ेलना।

विष् (स्त्री०) [विष्+क्विप्] मल, विष्ठा।
* फैलाना, विस्तार करना।

विषं (नपुं०) जहर, हलाहल। विषस्यागदं प्रतीकारो विषमेव भवतीति। (जयो० १४/३९) * जल, (जयो० १४/७९) (वीरो० २/२४) * लोबान, * रस गन्ध।

विषकुम्भः (पुं०) जहर से परिपूर्ण कलश।

विषकृमिः (स्त्री०) जहर का कीड़ा।

विषच्छल (वि०) कमलनालच्छलयुक्त। (जयो० १३/१०२)

विषज्वरः (पुं०) भैंसा।

विषज्वहरणं (नपुं०) विष के ज्वर का निवारण। (जयो०वृ० १९/७६)

विषण्ण (भू०क०कृ०) दुःखी, हताश, व्याकुल।

विषण्णचित्त (नपुं०) खिन्नचित्त, अनमन। (जयो०वृ० २/१४९)

विषदः (पुं०) * मेघ, बादल, * तूतिया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषता (वि०) विषरूपता। (जयो० २६/६)

विषदन्तकः (पुं०) सर्प, सांप।

विषदर्शनः (पुं०) चकोर पक्षी।

विषधरः (पुं०) सर्प, सांप, अहि, शेषनाग। (दयो० १०५)

विषमसंख्यत्व (वि०) विषम संख्या वाला। (जयो०वृ० १/१९)

विषमाशुगः (पुं०) पञ्चबाण, तीक्ष्ण वायु। (जयो० २२/२१)

विषमीकृत् (वि०) ऊबड़-खाबड़ किया हुआ। विषम नीचोच्चीकृत। (जयो० १३/२६)

विष निलयः (पुं०) सर्प बिल।

विषपुष्पं (नपुं०) नीलकमल।

विषसापः (पुं०) जलवेग। (वीरो० ४/)

विषप्रयोगः (पुं०) जहर देना।

विषभिवग्र

विषभक्षक (वि०) विष शान्त करने वाला। (जयो० १/३५)

विषभीत (वि०) विष से परिपूर्ण। (दयो० ४०)

विषशिषज् (पुं०) वैद्य, सर्प चिकित्सक। (समु० ७/१५)

विषम (वि०) [विगतो विरुद्धो वा सम] असमान, अनिमित।

* ऊबड़-खाबड़, असम।
* कठिन, अगम्य, दुर्गम।
* कुटिल (जयो० १२/८२)
* दृढ़, मजबूत, उत्कट।
* खतरनाक, भ्यानक।
* प्रतिकूल, विरुद्ध, विपरीत। (वीरो० १०/१९)

विषमं (नपुं०) दुर्गमस्थान, कठिनस्थल। ऊबड़-खाबड़-जगह। (सुद० ७८)

* विरुद्ध (जयो० वृ० १/३०, कामचेष्टा (जयो० १/३०)
* वैरी, शत्रु (जयो० ३/९६)
* एक अलंकार, जिसमें कार्य कारण के बीच में अनोखा सम्बंध दर्शाया जाता है।

विषमः (पुं०) विष्णु।

विषमत्व (वि०) वक्रत्व, टेढ़ापन। (जयो० २/५४)

विषमन्त्रः (पुं०) सपेरा, बाजीगर।

विषमय (वि०) विष से परिपूर्ण। (जयो०वृ० १४६)

विषलक्ष्मी (स्त्री०) दुर्भाग्य।

विषविभागः (पुं०) अभागा, सम्पत्ति में असमान वितरण।

विषयः (पुं०) पदार्थ, वस्तु, द्रव्य। * प्रयोजन (जयो० १/३)

* व्याख्येय प्रसंग, प्रस्तुतीकरण।
* इन्द्रिय विषय। (सुद० १२८)
* देश, राष्ट्र, प्रदेश, मण्डल, साम्राज्य।
* इन्द्रिय, आनन्द। * सम्बंध (सुद० ८५)

विषयइच्छा (स्त्री०) इन्द्रिय अभिलाषा। (जयो०वृ० २५/१७)

विषयतर्षपाशिन् (वि०) तृषारूप रज्जु बद्ध। (जयो० २/७१) विषयाणां तर्ष एव पाशोऽस्ति येषाम्।

विषयातिशयः (पुं०) [विषयस्य देशस्यातिशय] देश की विशेषता (जयो० १३/४४)

विषयाभिलाषा (स्त्री०) सांसारिक भोगों की आकांक्षा।

विषयाशयः (पुं०) विषयवाञ्छा। (जयो० २५/१५)

विषयासक्त (वि०) विषय लोलुपी, विलासी।

विषयासक्ति (स्त्री०) कामासक्ति।

विषरूपता (वि०) विष युक्ता। (जयो० २६/६)

विषलः (पुं०) जहर, हलाहल।

विषलक्ष्मी (स्त्री०) दुर्भाग्य।

विषसार (वि०) अप्रसन्नता (जयो० २६/६)

विषलः (पुं०) जहर, हलाहल।

विषविकारः (पुं०) विष की हानि। (जयो०वृ० २५/६१)

विषस्थ (वि०) दुर्गम स्थिति।

विषसंहरणार्थ (वि०) विष शान्ति हेतु। (जयो० १९/७१)

विषह्य (वि०) [वि+सह्+क्त] सहने करने योग्य।

* संभव, शम्य।

विषा (स्त्री०) [विष्+अच्+टाप्] गुण पाल राजा गुणश्री रानी की पुत्री। (दयो० ४३)

* विष्ठा, मल।
* प्रतिभा।
* ज्ञान, समझ।

विषाणः (पुं०) सींग। (जयो०१३/५१)

विषरणं (नपुं०) सींग।

विषाणडम्बरः (पुं०) सींगों का बोझ। (जयो० १३/५१) विषणानां डम्बरः समूहस्त।

विषाणिन् (वि०) [विषाण+इनि] सींगों वाला।

* दांतों वाला।

विषाणिन् (पुं०) हस्ति, हाथी।

* बाहर निकले हुए दांत वाला।
* सांड।

विषान्नभोजनं (नपुं०) विष युक्त भोजन। (दयो० १०३)

विषादः (पुं०) [वि+सद्+घञ्] दुःख, खेद, भिन्नता, व्याकुलता। (सम्य० १३५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* शोक, विष भक्षण परिणाम। (जयो०वृ० ३/१३)

* निराशा, हताशा, नैराश्य। विषादायैव तत्पश्चान्नश्यदेव प्रपश्यते। (वीरो० १०/३)

* थकान, म्लान।

* अवस्था।

* मन्दता, जड़ता, संज्ञाहीनता।

विषाददायक: (पुं०) कष्टदायक, निराशाजनक। (जयो०वृ० ८/८३)

विषादिन् (वि०) [विषाद+इनि] खिन्न, उद्विग्न।

* उदास, विषण्ण। (जयो० १/३५)

* विष खाने वाला। (सुद० ११२)

विषादिदुर्गा (स्त्री०) दुःख गम्या दुर्गा, रुद्ररूप दुर्गा। (जयो० ३/८७)

विषार: (पुं०) [विष+सृ+अच्] सर्प, सांप।

विषालु (वि०) [विष+आलुच्] विषैला, जहरीला।

विषु (अव्य०) [विष्+कु] * भिन्नतापूर्वक।

* समान, सदृश।

* दो सदृश भागों में।

विषुपं (नपुं०) [विषु+पा+क] विषुवत् रेखा।

विषुवं (नपुं०) मेषराशि या तुलाराशि में प्रवेश होना।

विषूचिका (स्त्री०) [वि+सूच्+ण्वुल्+टाप्] हैजा एक महामारी।

विषोपयोग: (पुं०) विष का उपयोग। (दयो० १२३)

विष्क् (सक०) मारना, हनन करना वध करना, मात करना।

* देखना, प्रत्यक्ष करना।

विष्कन्द: (पुं०) [वि+स्कन्द्+अच्] * तितर बितर होना, * जाना, गमन।

विष्कम्भ: (पुं०) [वि+स्कंभ्+अच्] * अवरोध, रुकावट, बाधा।

* सांकल, चटकनी।

* थूणी, स्तम्भ।

विष्कम्भ: (पुं०) अवान्तर कथा।

विष्कम्भक: (पुं०) नाटक की कथावस्तु का स्थापन।

* विस्तार, लम्बाई।

विष्कम्भित (वि०) [विष्कंभ्+इतच्] अवरुद्ध, बाधायुक्त।

विष्कंभिन् (पुं०) [विष्कंभ्+इनि] अर्गला, सांकल, चटखनी।

विष्किट: (पुं०) [वि+कृ+क] इधर-उधर बखेरना, फाड़ डालना।

* मुर्गा।

* पक्षी।

* तीतर।

विष्टप: (पुं०) [विष्+कपन्] लोक, संसार, भुवन। (जयो० १/६६)

विष्टपं (नपुं०) संसार, लोक, भुवन।

विष्टपहारिन् (वि०) लोक को हर्षित करने वाला।

विष्टब्ध (भू०क०कृ०) [वि+स्तंभ्+क्त] * आश्रित, आधारित, सहारा दिया गया।

* अवरुद्ध, बाधा युक्त।

* गतिहीन।

विष्टंभ: (पुं०) [वि+स्तंभ्+घञ्] अवरोध, रुकावट, बाधा, गतिरोध। (जयो० १९/७७)

* लकवा, ठहरना। उपद्रव।

विष्टंभनिवारण (नपुं०) उपद्रव निवारण।

विष्टर: (पुं०) [वि+स्तृ+अप्] आसन, तह, परत।

* विस्तार।

* वृक्ष।

विष्टरभाज् (वि०) आसन पर बैठा हुआ।

विस्टरश्रवस् (पुं०) विष्णु, कृष्ण।

विष्टि: (स्त्री०) [विष्+क्तिन्] व्याप्ति। (सम्य० ११०)

* कर्म, व्यवसाय।

* भाड़ा, मज़दूरी।

विष्ठलं (नपुं०) दूरवर्ती स्थल, दूरी वाला स्थान।

विष्ठा (स्त्री०) [वि+स्था+क+टाप्] * मल, पाखाना, लीद। (मुनि० १३)

विष्णु: (पुं०) विष्णु नाम विशेष। (दयो० ३१)

* अग्नि।

* पुण्यात्मा।

विष्णुक्रम: (पुं०) विष्णु के पैर।

विष्णुगुप्त: (पुं०) चाणक्य।

विष्णुचन्द्र: (पुं०) एक राजा का नाम। (वीरो० १५/४९)

विष्णुतैलं (नपुं०) एक औषधि विशेष।

विष्णुदैवत्या (स्त्री०) चान्द्रमास की एकादशी।

विष्णुपदं (नपुं०) आकाश, अन्तरिक्ष।

विष्णुपदी (स्त्री०) गंगा।

विष्णुपुराणं (नपुं०) अठारह पुराणों में एक पुराण। (दयो०३१)

विष्णुरथ: (पुं०) गरुड।

विष्णुवर्धन: (पुं०) एक राजा। (वीरो० १५/४६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विष्णुवल्लभा (स्त्री०) लक्ष्मी।
विष्णुवाहनः (पुं०) गरुड पक्षी।
विष्पन्दः (पुं०) [वि+स्पन्द+घञ्] * धड़कन, स्पन्दन, कंपन।
विष्फारः (पुं०) [वि+स्फुर+णिच्] धनुष की टंकार, कंपन।
विष्य (वि०) [विशेण वध्य] विष देकर मारे जाने योग्य।
विष्यन्दः (पुं०) [वि+ष्यन्द्+घञ्] बहना, रिसना, झरना, टपकना, चूना।
विष्व (वि०) पीड़ादायक, कष्टजन्य।
* उत्पातकारी, हारिकारक।
विष्वक् (वि०) सर्वत्र। (वीरो० २१/१५)
विष्वग्भू (पुं०) राजा। (वीरो० २२/१४)
विष्वच् (वि०) [विषुं अञ्चति-विष्+अच्+क्विन्] सर्वव्यापक, पूर्ण व्याप्त।
* भिन्न-भिन्न, पृथक्-पृथक्।
विष्वणनं (नपुं०) [वि+स्वन्+ल्युट्] भोजन करना, आहार लेना।
विष्वद्रयच् (स्त्री०) सर्वत्र, सर्वव्यापक।
विस् (सक०) डालना, फेंकना, भेजना।
विसंयुक्त (भू०क०कृ०) [वि+सम्+युज्+क्त] पृथक् पृथक् किया हुआ, वियुक्त किया हुआ।
विसंयोगः (पुं०) [वि+सम्+युज्+घञ्] बिछोह, वियोग, अलग अलग होना।
विसंवादः (पुं०) [वि+सम्+वद्+घञ्] * धोखा, छल, विवाद। (जयो०वृ० २/१८७)
* निराशा, असंगति, असंबद्धता।
* असमञ्जस। (जयो० १२/१८)
* असहमति।
* वचनविरोध।
विसंवादिन् (वि०) [विसंवाद+इनि] * असहमति व्यक्त करने वाला, विवाद करने वाला।
* असंगत, विरोधात्मक।
* धूर्तता, जालसाजी।
* असहमत, धोखा देने वाला।
विसंष्ठुल (वि०) [वि+सम्+स्था+उलच्] अस्थिर, विक्षुब्ध।
* असम।
विसंकट (वि०) [विशिष्टः संकटो यस्मात्] भयानक, डरावना।
विसंकटः (पुं०) सिंह।
* इंगुदी वृक्ष।

विसंगत (वि०) [वि+सम्+गम्+क्त] अयोग्य, असम्बद्ध, बेमेल।
विसंधिः (स्त्री०) [विरुद्धः सन्धि] सन्धि अभाव, विग्रह युक्त।
विसरः (पुं०) [वि+सृ+अप्] * जाना, फैलाना, विस्तार करना। (जयो० २३/६७)
* भीड़, समुच्चय, समुदाय।
* ढेर, राशि।
विसर्गः (पुं०) [वि+सृज्+घञ्] * खोटा धंधा। (सुद० १/२३)
* उत्सर्जन, परित्याग, विसर्जन। (जयो० ८/६७)
* गिराना, उड़ेलना, फेंकना।
* अन्तिमावस्था। (जयो० २६/१)
* भेंट देना, दान, उपहार।
* जुदाई, बिछोह, वियोग।
* प्रकाश, ज्योति, बिन्दु, निर्दिष्ट। (जयो० ३/४९)
* लिखने में एक प्रतीक, जो स्पष्ट रूप से महाप्राण है तथा दो बिन्दु (:) लगाकर प्रकट किया जाता है। (जयो०वृ० ८/४९)
विसर्गपरिणामः (पुं०) लोकोत्तरवृत्ति। (जयो० ८/५५)
विसर्गलोपः (पुं०) त्याग लक्षण। (जयो० १९/३५)
विसर्जनं (नपुं०) [वि+सृज्+ल्युट्] * परित्याग, छोड़ना, भेजना। (वीरो० १५/५०) (सुद० १०३)
* विदा करना, प्रेषण करना। (सुद० ७१)
* भेंट, दान, उपहार, प्राभृत।
* उद्गार, उड़ेलना।
* पलायन। (जयो० ७/२३)
विसर्जनीय (वि०) [वि+सृज+अनीयर्] परित्यक्त किये जाने योग्य, प्रेषण करने योग्य, उपहार योग्य।
* विसर्ग युक्तता।
विसर्जित (भू०क०कृ०) [वि+सृज्+णिच्+क्त] * उद्गीर्ण, परित्यक्त, त्यागा गया।
* प्रदत्त, दिया गया।
* प्रेषित, भेजा गया।
विसर्पः (पुं०) [वि+सृप+घञ्] * रेंगना, सरकना।
* फैलाव, संचार, प्रवाह।
विसर्पणं (नपुं०) [वि+सृप्+ल्युट्] * रेंगना, सरकना, चलना।
* प्रसारण, फैलाव, विस्तारण।
विसस्थितः (पुं०) कमलदलान्त। (जयो० २५/३७)
विसामकरणं (नपुं०) सामनीति का प्रयोग। (जयो० ७/८०)
विसारः (पुं०) [वि+सृ+घञ्] * प्रसारण, फैलाना, बिछाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* रेंगना, सरकना।
* मछली, मीन। (जयो० ३/३१)

विसारसन्तति (स्त्री०) मीन संतान। (जयो० ३/३१)

विसारिन् (वि०) [वि+सृ+णिनि] * प्रसार करने वाला, फैलाने वाला।
* रेंगने वाला, सरकने वाला।

विसिनी (स्त्री०) कमलिनी । (दयो०२/७)

विसूचिका (स्त्री०) [वि+सूच्+ण्वुल्+टाप्] हैजा।

विसूरणं (नपुं०) [वि+सूर्+ल्युट्] दुःख, शोक।

विसूरितं (नपुं०) पश्चात्ताप, दुःख शोक।

विसूरिता (स्त्री०) ज्वर, बुखार।

विसृज् (सक०) छोड़ना, त्यागना, विसर्जन करना। (सुद०७०)

विसृत (भू०क०कृ०) [वि+सृ+क्त] * फैलाया हुआ, प्रसारित किया हुआ।
* विस्तारित, कथित।

विसृमर (वि०) [वि+सृ+क्वरप्] रेंगने वाला, सरकने वाला, व्याप्त होने वाला। चलने वाला।

विसृष्ट (भू०क०कृ०) [वि+सृज्+क्त] उद्गीर्ण, उगला हुआ।
* उत्पन्न, निःसृत।
* टपकाया हुआ, झराया हुआ।
* फेंका गया, बाहर किया गया।
* परित्यक्त, उन्मुक्त।

विस्टरतवरः (पुं०) सिंहासन। (दयो० १०६)

विस्तरः (पुं०) [वि+स्तृ+अप्] * विस्तार, फैलाव, प्रसार।
* वैपुल्य, विपुलता। (जयो०वृ० ६/१०२)
* विस्तरा, आसन।
* वितान। (जयो०वृ० १/५०)
* विस्तर, बिछौना (दयो० ८९)
* बहुतायत, परिमाण, समुच्चय।

विस्तरिणी (पुं०) बिछौना। (सुद० ८२)

विस्तारः (पुं०) [वि+स्तृ+घञ्] * प्रसारण, फैलाव, विकास।
* विपुलता, विशालता। (सुद० १२४)
* आयाम, चौड़ाई।
* परिणाह। (जयो०वृ० १७/५३) * परिणाम।
* विवरण, ब्यौरा, विरचेन। * कयास
* झाड़ी।

विस्तारिणी (स्त्री०) सारिणी, पंक्ति। (जयो०वृ० ३/४१) रेखा। सारिणी विस्तारिणी चन्द्रलेखेव भाति।
* उत्तरोत्तर विस्तरण शीला (वीरो० २/२०)

विस्तीर्ण (भू०क०कृ०) [वि+स्तृ+क्त] * विशाल, व्यापक, बृहद्, बड़ा।
* चौड़ा, फैला हुआ।
* सघन।
* बिछाया गया, फैलाया गया।
* विस्तार किया गया।

विस्तीर्ण जलप्रपातः (पुं०) फैला हुआ जल स्रोत।

विस्तीर्ण ज्योति (स्त्री०) व्यापक ज्योति।

विस्तीर्णपर्णं (नपुं०) जड़, मानक।

विस्तीर्णपत्रं (नपुं०) सघन पत्र।

विस्तीर्णमाला (स्त्री०) बड़ी माला।

विस्तीर्ण सरिता (स्त्री०) व्यापक क्षेत्र वाली नदी।

विस्तीर्ण स्थानं (नपुं०) चौड़ा स्थान।

विस्तीर्णारण्यं (नपुं०) सघन वन क्षेत्र।

विस्तृत (भू०क०कृ०) [वि+स्तृ+क्त] * सुपरिणाह, व्यापक। (जयो० २२/६०)
* व्यापन्न। (जयो०वृ० ३/८४)
* चौड़ा।
* प्रसारित, फैलाया गया।
* विपुल, सघन, अधिक।

विस्तृत चरितं (नपुं०) व्यापक चरित्र। 'विस्तृतं सुपरिणाहं चरितं यस्य' (जयो०वृ० २२/६०)

विस्तृतशृंखला (स्त्री०) सघन माला।

विस्तृतशाखा (स्त्री०) फैली हुई शाखाएं।

विस्तृतिः (स्त्री०) [वि+स्तृ+क्तिन्] * विस्तार, फैलाव।
* चौड़ाई, फासला।
* विशालता।
* व्यापकता।

विस्पष्ट (वि०) [विशेषेण स्पष्ट] * सुबोध, सरल, सीधा।
* स्पष्ट, व्यक्त, प्रत्यक्ष।

विस्फारः (पुं०) [वि+स्फुट्+घञ्] * कम्पन, धड़कन।
* हलन चलन।
* धनुष की टंकार।

विस्फारित (भू०क०कृ०) [विस्फार+इतच्] * प्रकम्पमान, चलायमान।
* विस्तृत किया हुआ, फैलाया हुआ।
* प्रकटित, प्रदर्शित।
* टंकार युक्त, ध्वनित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विस्फारिन् (वि०) प्रलम्बमान, लटका हुआ, फैलाया हुआ, (वीरो० २/३) विस्तृत हुआ।

विस्फालित (वि०) फैलाया हुआ। (वीरो० २१/६)

विस्फुर् (अक०) चमकना, प्रकाशित होना। (सुद० ८१)

विस्फुलिंगः (पुं०) [वि+स्फुर्+डु] * चिनगारी, ज्योति तरंग।
* विष विशेष।

विस्फूर्जथः (पुं०) [वि+स्फूर्ज+अथुच्] दहाड़ना, गरजना, कड़कना।
* आन्दोलित होना, हिलना।
* लहरों का उठना।

विस्फूर्जितं (नपुं०) दहाड़, चीत्कार, चिल्लाहट।
* फल, परिणाम।

विस्फूर्तिमान् (वि०) ०चहल-पहल, ०आन्दोलित, ०प्रकंपित। (जयो० १८/२२)

विस्फोटः (पुं०) [वि+स्फुट्+घञ्] * फोड़ा, अर्बुद, रसौली।
* चेचक, शीतला।

विस्फोटव (पुं०) चेचक, शीतला रोग। (जयो०वृ० १८/१९)

विस्फोटकनामरोगः (पुं०) चेचक। * शीतला रोग।

विस्फोटा (स्त्री०) घाव, फोड़ा, अर्बुद, रसौली।

विस्मयः (पुं०) [वि+स्मि+अच्] * आश्चर्य, अचम्भा, अचरज। (जयो०१२/८५)
* अद्भुत। (जयो०वृ० २०/८९) सुरतानुसारिसमयैर्वा मानवविस्मयायाऽमी' (जयो० ६/९)
* अभिमान, अहंकार, घमण्ड। (समु० ६/४३) नभोगत्तवातिगतश्च-विस्मयः
* अनिश्चय, संदेह।

विस्मयंगम (वि०) [विस्मयं गच्छति-विस्मय+गम्+खश्+मुम्]

विस्मयकर/विस्मयकरी (वि०) आश्चर्यजनक। अद्भुत (जयो०वृ० २०/८९) आश्चर्य को उत्पन्न करने वाली। (जयो० २२/१५७)

विस्मयोत्पादक (वि०) आश्चर्यकर, विस्मयकर। (जयो० ८/७३)
* अदभुत कार्यकारी।

विस्मरणं (नपुं०) [वि+स्मृ+ल्युट्] विस्मृति, भूल जाना, याद न रहना।

विस्मापनं (वि०) [वि+स्मि+णिच्+ल्युट्] आश्चर्य उत्पन्न करना, विस्मय होना।

विस्मापनः (पुं०) कामदेव।
* छल, धोखा। विस्मापनो हरिश्चन्द्रपुरे वा कुहने स्मरः 'इत्यभिधानात्' (जयो० ११/६२)

विस्मित (भू०क०कृ०) [वि+स्मि+क्ति] * अदभुत, चकित, आश्चर्यान्वित, आश्चर्यचकित। (जयो०वृ० १५२५) (जयो० २०/८२)
* भौचक्का, हक्काबक्का।
* कार्य के प्रति विपरीतता।

विस्मितमित (वि०) ग्लानि युक्त। (मुनि० १३)

विस्मृ (सक०) भूलना, स्मरण नहीं रहना। (सुद० ९९)

विस्मृत (भू०क०कृ०) [वि+स्मृ+क्त] * भूला हुआ, स्मरणविहीन हुआ।

विस्मृतिः (स्त्री०) [वि+स्मृ+क्तिन्] अस्मरण, भूलना, याद न रहना।

विस्मेर (वि०) [वि+स्मि+रन्] * विस्मय युक्त, आश्चर्य चकित।
* भौचक्का, हड़बड़ाया हुआ।

विस्रंसः (पुं०) क्षत होना, गिरना। लुड़कना, पतित होना।
* शैथिल्य, कमजोरी, निर्बलता।

विस्रंसन (वि०) [वि+स्रंस्+ल्युट्] * पतन, बहना, टपकना।
* खोलना, ढीला करना।
* रेचक, विरेचन।

विस्रब्ध (वि०) क्षत, क्षय, घात।

विस्रसा (स्त्री०) [वि+स्रंस्+क+टाप्] * क्षय, गिरना, अधःपतन।
* निर्बलता, जर्जरता।

विस्रस्त (भू०क०कृ०) [वि+स्रंस्+क्त] ढीला किया हुआ।
* दुर्बल, बलहीन।

विस्रवः (पुं०) [वि+स्रु+अप्] बहना, टपकना, रिसना, चूना।

विस्रावणं (नपुं०) [वि+स्रु+णिच्+ल्युट्] रक्त बहना, रिसना।

विस्रुतिः (स्त्री०) [वि+स्रु+क्तिन्] रिसना, गिरना, झरना, टपकना।

विस्वर (वि०) [विरुद्धः विगतो ता वरो यस्य] स्वर विहीन, बेसुरा।

विहगः (पुं०) [विहायसा गच्छति-गम्+ड] * पक्षी।
* बादल।
* बाण।
* सूर्य।
* चन्द्र।
* नक्षत्र।

विहङ्गः (पुं०) [विहायसा गच्छति-गम्+खच्] * पक्षी।
* बादल।
* बाण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* सूर्य।
* चन्द्र। (जयो० १५/२०)

विहङ्गमः (पुं०) पक्षी।

विहङ्गरात (पुं०) पक्षी राज, गृद्ध, गरुड़।

विहङ्गेन्द्रः (पुं०) पक्षी-गरुड़ पक्षी।

विहत (भू०क०कृ०) [वि+हृ+क्त] पूर्ण आहत, घायल।
* बध युक्त।
* चोट ग्रस्त।
* अवरुद्ध, विरोध किया गया।

विहतिः (स्त्री०) [वि+हन्+क्तिच्] सखा, साथी, मित्र।

विहननं (नपुं०) [वि+हन्+ल्युट्] * हनन्, ०घात, * क्षति, ०हानि।
* हत्या, वध।
* अवरोध, रुकावट, अड़चन।

विहरः (पुं०) [वि+हृ+अप्] * अपहरण करना, छीनना, हटाना।
* वियोग, बिछोह।

विहरणं (नपुं०) अपहरण करना।
* टहलना, घूमना।

विहरन्त [वि+ह्य+शत्] विचरण करता हुआ।
* अपहरण करता हुआ। (विहरत् (जयो० ९/६८) विहरन्त। (सुद० २/१८)

विहरन्ती (वि+हृ+शतृ+ङीप्) विचरण करती हुई। (सुद०१३३)

विहरन्तु (विचरण करें (सुद० ७६)

विहर्तृ (पुं०) [वि+हृ+तृच] भ्रमणशील, लुटेरा।

विहर्षः (पुं०) [विशिष्टो हर्षः] उल्लास, प्रसन्नता।

विहसमं (नपुं०) [वि+हस्+ल्युट्] मुस्कान, मंद हंसी।

विहस्त (वि०) [विगतः हस्तो यस्य] हस्तरहित।
* व्याकुल, पराभूत, शक्तिहीन।
* छाया रहित। अशक्त, अक्षम।

विहा (अव्य०) स्वर्ग।

विहापित (भू०क०कृ०) [वि+हा+णिच्+क्त-पुकागमः] * परित्यक्त कराया गया, छुड़ाया गया।

विहायस् (नपुं०/पुं०) [वि+ह्य+असुन्] आकाश, अंतरिक्ष, मेघ। (सुद० २/१८)
* पक्षी।

विहायसा (वि०) गमनशीला। (जयो०२४/४) * आकाशीय।

विहायसदनं (नपुं०) आकाशगृह।

विहारः (पुं०) [वि+हृ+घञ्] गमन, पर्यटन। (जयो० १/५८)
* भ्रमण, परिभ्रमण, सैर करना।
* गमन। (सुद० ८४)
* क्रीड़ा, खेल, मनोविनोद, मनोरञ्जन, आमोद-प्रमोद।
* वाटिका, आरामगृह, उद्यान, उपवन।
* आश्रम।

विहारिन् (वि०) गमनशील। (जयो० ९/२५)
* मनोविनोदी, मनोरंजन युक्त।

विहित (भू०क०कृ०) [वि+धा+क्त] प्रस्तुत, प्रकाशित। (जयो०४/१६)
* अनुष्ठित, कृत, बनाया हुआ।
* निर्मित, समादिष्ट, आदिष्ट।
* संचरित, रक्खा हुआ।
* सुसज्जित।
* वितरित।

विहितिः (स्त्री०) अनुष्ठान, क्रिया, कार्य।
* व्यवस्था।

विहीन (भू०क०कृ०) [वि+हा+क्त] * रहित, अभाव, परित्यक्त, त्यागा गया।
* शून्य, वञ्चित।
* अधम, निम्न, नीचा। (सम्य० १५३)

विहीनगेह (वि०) घर रहित।

विहीनजाति (वि०) हीन जाति वाला।

विहीनवादी (वि०) यथार्थवादिता रहित।

भो गोमयादाविह वृश्चिकादि-
शिवच्छक्ति रायाति विभो अनादि।
जनोऽप्युपादान विहीनवादी,
वह्निं च पश्यन्नरणे प्रमादी।। (जयो० २६/९४)

विहीनशक्ति (वि०) शक्तिशून्य, बल रहित।

विहृत (भू०क०कृ०) [वि+हृ+क्त] खेला हुआ, खिलाया हुआ।

विहृतिः (स्त्री०) [वि+हृ+क्तिन्] हटाना, दूर रहना।
* क्रीड़ा, मनोविनोद।
* विहार।
* प्रसार।

विहेठक (वि०) [वि+हेठ्+ण्वुल्] क्षति पहुंचाने वाला।

विहेठनं (नपुं०) [वि+हेठ्+ल्युट्] * क्षति पहुंचाना, घात करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* पीसना, रगड़ना, मसलना।
* कष्ट देना, पीड़ा, दुःख।

विह्वल (वि०) [वि+ह्वल्+अच्] विक्षुब्ध, अशान्त, व्याकुल, घबराया हुआ।
* डरा हुआ, विक्लव। (जयो०वृ० १३/६९)
* कष्टग्रस्त, दुःखी।
* विषादपूर्ण।
* पिघला हुआ।

वी (सक०) जाना, पहुंचना।
* लाना।
* उपभोग करना, प्राप्त करना।
* जन्म लेना।

वी (पुं०) पक्षी, विहग। (वीरो० २/१४) (जयो० ३/११३)

वीकः (पुं०) पक्षी, विहग।
* वायु, पवन।
* मन।

वीकासजुष (वि०) विकासोन्मुखी। (वीरो० ९/४२)

वीक्षं (नपुं०) [वि+ईक्ष्+अच्] आश्चर्य, अचम्भा, अद्भुत।

वीक्षणं (नपुं०) [वि+ईक्ष्+ल्युट्] अवलोकन। (जयो० ९/६८) देखना, निहारना, दृष्टि डालना।

वीक्षमाण (वि०) दर्शक, देखने वाला। (जयो० ३/५५)

वीक्षा (स्त्री०) दृष्टि, दर्शन, देखना।

वीक्षाकारिणी (स्त्री०) प्रतिष्ठादायिनी (जयो०वृ० २३/४)

वीक्षितं (नपुं०) [वी+ईक्ष्+क्त] दृष्टि, झलक। अवलोकित। (जयो० ९/६९)

वीक्ष्य (वि०) [वि+ईक्ष्+ण्यत्] देखे जाने योग्य, दृश्य।
* दृष्टिगोचर।

वीक्ष्यः (पुं०) अभिनेता, नायक, नर्तक।
* पात्र, नट।

वीक्ष्यं (नपुं०) दृश्यमान पदार्थ।
* आश्चर्य, अचम्भा।

वीङ्खा (स्त्री०) [वि+इङ्ख्+अ+टाप्] * प्रगति, गति, गमन।

वीचारः (पुं०) अर्थ, व्यञ्जन और योग परिवर्तन।

वीचिः (स्त्री०) [व+ईचि] तरंग, लहर।
* सुख, अवकाश-अवकाश सुखे वीचिः इति वि। (जयो०वृ० १५/६)
* असंगति, विचारशून्यता, आनंद, प्रसन्नता।
* विश्राम, अवकाश।
* प्रकाश किरण।

वीचिचक्रं (नपुं०) तरंग घेरा। (जयो० १६/२१)

वीजन (नपुं०) [वीज+ल्युट्] गुल्ली, गिल्ली। बीज, पंखा, तालवृन्त, वायुसम्पतकर (जयो० २२/४९) एकान्विता वीजनमेवकर्तुम् (वीरो० ५/३९)

वीजय् (सक०) हिलाना। (जयो० ७/१०७)

वीटिः (स्त्री०) पान की बेल, पान लगाना।
* बंधन, गांठ, ग्रन्थि।

वीटिका (स्त्री०) नाश। (जयो० २०/४०)

वीणा (स्त्री०) [वेति वृद्धिमात्रामपगच्छति] विपञ्ची (जयो०वृ० ६/७) सारंगी, वीणा, एक वाद्य विशेष।

वीणादण्डः (पुं०) वीणा की गर्दन। (जयो० १२/७७) कोलम्ब। वीणादण्डस्तु कोलम्बः इत्यमरः (जयो० १२/७७) (जयो० १०/२०)

वीणावादकः (पुं०) वीणा बजाने वाला।

वीणावती (स्त्री०) एक अप्सरा। (जयो० २२/६७)

वीत (भू०क०कृ०) [वि+इ+क्त] बीत गया, चला गया।
* अन्तर्हित, तिरोहित।
* अतीत, पूर्वगत, तिरोहित।
* उन्मुक्त, छोड़ा गया।

वीतभय (वि०) शोक रहित। (मुनि० ३४)

वीतराग (वि०) राग रहित, * अनुराग विहीन। (सम्य० १४०)

वीतरागकथा (स्त्री०) वस्तु स्वरूप की कथा।
* वीतराग प्रभु के गुणों का कथन।

वीतरागचरितं (नपुं०) वीतरागी का कथानक।

वीतरागवृत्तिः (स्त्री०) वीतराग की प्रवृत्ति।
* पक्षियों का कलरव-विभि, पक्षिभिरितस्य सम्प्राप्तस्य रागस्य सुस्वरोच्चारणस्य वृत्ति सुस्वरोच्चारः। (जयो०वृ० १८/५३)

वीतरागस्तवं (नपुं०) वीत राग प्रभु का गुणगान। (भक्ति०२५)

वीतमय (वि०) निभ्रय। (वीरो० १८/६)

वीतंसः (पुं०) [विशेषेण बहिरेव तस्यते भूष्यते-वि+तंस्+घञ्]
* पींजरा, जाल, कटघरा।
* चिड़ियाघर।

वीतहेतु (स्त्री०) विधिमुख से जो साध्य को सिद्ध किया जाना वह सांख्यमानुसार वीतहेतु है।

वीतिः (स्त्री०) गति, चाल, गमन।
* उपज, पैदावार।
* प्रकाश, कान्ति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वीथिः (स्त्री०) मार्ग, पथ, रास्ता।
* पंक्ति, कतार।
* हाट, आपणिका।
* नाटक का एक भेद।

वीथिका (स्त्री०) [वीथि+कन्+टाप्] * मार्ग, पथ, रास्ता।
* चित्रसारिणी, चित्रशाला, कलामंच।

वीध्र (वि०) [विशेषेण इन्धते-वि+इन्ध्+क्रन्] निर्मल, स्वच्छ, साफ, शुभ।

वीध्रं (नपुं०) * आकाश, वायु, हवा, अग्नि।

वीनत (वि०) तत्पर। (सुद० १०९)

वीनतः (पुं०) वैनतय, गरुड़, कृष्ण का वाहन। (सुद० १०९)

वीप्सा (स्त्री०) [वि+अप्+सन्+अ+टाप्] परिव्याप्ति, शब्द, पुनरावृत्ति।

वीना (स्त्री०) पक्षी।

वीभ (अक०) डींग मारना, शेखी मारना।

वीर (वि०) [अजे: रक् वीभावश्च] विशेषेण ईरयति क्षिपति कर्माणीति वीर: (जैन०ल० १०२१) योद्धा, शूरवीर, शक्तिशाली, बलवान्, विक्रान्त।

वीरः (पुं०) वीर, योद्धा।
* अभिनेता।
* अग्नि। वीरो० १/५) विशिष्टा मां लक्ष्मीं मुक्तिलक्षणा मभ्युदयलक्षणां वा रातीति वीरः।
* तीर्थंकर महावीर का अपर नाम, चौबीसवें तीर्थंकर का नाम—निजगाद स विस्मयो गिरा भुवि वीरोऽयमितीह देवराट्। (वीरो० ७/३१)

वीर! त्वमानन्दभुवामवीर: मीरो गुणानां जगताममीरः।
एकोऽपि सम्पातितममनेक लोकाननेकान्तमतेन नेक।। (वीरो०१/५)

वीरकुञ्जरः (पुं०) वीर शिरोमणि, शूरवीर। (जयो० १३/२७)

वीरकीटः (पुं०) निम्न सैनिक।

वीरगर्भः (पुं०) वीरप्रभु का गर्भ में प्रवेश।

वीरस्य गर्भेऽभिगमप्रकार आषाढमास: शुचिपक्षसारः।
तिथिश्च सम्बन्धवशेन षष्ठी, ऋतुः समारब्धपुनीतवृष्टिः।। (वीरो० ४/२)

वीरचर्या (स्त्री०) आर्यिकाओं के लिए निषिद्ध एक चर्या। (मुनि० २८)

भूत्वा पूर्ववदाचारेत् सुचरितं,
नो वीर्यचर्यादिकम्।
कुर्यात् क्वापि कदापि जन्म,
च निजं पश्येदिदं साधिकम्।।

वीरचामुण्डराज् (पुं०) नृप विशेष। (वीरो० १५/४०) (मुनि०२८) * राजा चामुण्डराज।

वीरजयन्तिका (स्त्री०) रणनृत्य, रणोत्वन।
* संग्राम, युद्ध।

वीरता (वि०) शौर्य, पराक्रम, शक्तिसम्पन्नता। (जाये० ९/८९)
वीरता शक्तिभावश्चेद्भीरुता किं पुनर्भवेत। (वीरो० १०/२९)
चिन्तिं हृदये तेन वीरं नाम वदन्ति माम्।
किं कदैतन्मयाऽबोधि कीदृशीमपि वीरता।।
* तिथि विशेष। (जयो० ६/८८) (वीरो० १०/२८)

वीरतरु (पुं०) अर्जुनवृक्ष।

वीरदेवः (पुं०) महावीर। (वीरो० १९/१)

वीरधन्वन् (पुं०) कामदेव।

वीरपट्टः (पुं०) युद्धपट्ट, पराक्रम पट्ट। (जयो० ७/२८)

वीरपुरुषः (पुं०) शूरवीर व्यक्ति। (जयो०वृ० १/१६)

वीप्रतिवेदनं (नपुं०) महावीर की देशना। (वीरो० १४/४४)

वीरप्रभुः (पुं०) तीर्थंकर वीरप्रभु, चौबीसवें तीर्थंकर महावीर का अपर नाम। (मुनि० ३४) (वीरो० १३/२०) (सुद० १/१) (वीरो० १६/३६) किन्तु वीरप्रभुर्वीरो हेलया तानतीतवान् (वीरो० १०/३६)

वीरभगवन् (पुं०) वीरप्रभु, तीर्थंकर महावीर। (वीरो० १/९)

वीरभक्ति (स्त्री०) वीरप्रभु की शक्ति।

वीरभावः (पुं०) सिंहवृत्ति। * वीरता युक्त स्वभाव (वीरो० २२/५१)

वीरभास्वत (वि०) वीरप्रभु रूपी किरण वाला। (वीरो० १५/५३)

वीरमति (स्त्री०) पुष्कलदेश के छत्रपुरी के राजा की रानी। (वीरो० ११/३५)

वीर मनुजः (पुं०) शक्तिशाली मनुष्य।

वीरमार्गानुयायिन् (वि०) महावीर के मार्ग का अनुसरण करने वाले। (वीरो० १५/५८)

वीरमुद्रिका (स्त्री०) पैर का छल्ला, बिछुड़ी।

वीररसः (पुं०) वीरता से परिपूर्ण भाव।

वीररजस् (पुं०) सिंदूर।

वीरराट समनुदायिन (वि०) वीर प्रभु के अनुयायी।

वीरवल्लालः (पुं०) एक राजा का नाम। (वीरो० १५/४१)

वीरवाचि (वि०) श्रुतकेवली। (वीरो० २२/३)

वीरविक्रमादित्यः (पुं०) नृप विशेष। (वीरो० २२/१५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वीरविभुः (पुं०) वीरप्रभु। (सुद० १/४)
वीरवीरः (पुं०) वीरता में अग्रणी। (वीरो० १६/३०)
वीरवृक्षः (पुं०) अर्जुनवृक्ष। (वीरो० १५/२१, १५/५३-५५)
वीरश्री (स्त्री०) बललक्ष्मी, शौर्यश्री। (जयो० ८/२४)
वीरसंदेशः वीर प्रभु की देशना। * (वीरो० १४/१)
वीरसैन्यं (नपुं०) लहसुन।
वीरस्कन्धः (पुं०) भैंसा।
वीरहू (पुं०) विष्णु।
वीरा (स्त्री०) वीराङ्गना, * पत्नी, भार्या।
* जननी, गृहिणी। * गद्य। * अगरलकड़ी।
वीरांध्रिन् (नपुं०) वीर प्रभु के चरण। (वीरो० १५/२२)
वीरवर्त्मन् (नपुं०) वीरप्रभु का मार्ग। (वीरो० १५/५९)
वीरासनं (नपुं०) एक आसन विशेष, दोनों जंघाओं के ऊपर दोनों पांवों को रखना।
वीरुध् (स्त्री०) शाखा, अंकुर, * बेंत, लता, झाड़ी।
वीरोक्त (वि०) वीर द्वारा कथित। (सुद० १३७)
वीरोदयः (नपुं०) वीरोदय नामक महाकाव्य, (वीरो० १४/४९) आचार्य ज्ञानसागर द्वारा संस्कृत का एक महाकाव्य।
वीरोदयं यं विदधातुमेव न,
शक्तिमान् श्रीगणराजदेवः।
दधाम्यहं तम्प्रति बालसत्त्वं
वहन्निदानीं जलगेन्दुतत्त्वम्। (वीरो० १/७)
वीरोदयोदार विचारचिह्नं
सतां गलालङ्करणाय किन्न।। (वीरो० १/१०)
वीरोदित (वि०) वीर द्वारा कथित। वीरस्य श्रीवर्धमान तीर्थकर्तुरुदिते संवदिते। (जयो० १८/४५)
वीर्यं (नपुं०) [वीर्+यत्] शक्ति, बल, पराक्रम। (सम्य०९२)
* पुंस्त्व, * ऊर्जा, * द्रव्य की स्वशक्ति विशेष। * दृढ़ता, * साहस क्षमता।
* शुक्र, वीर्य, * गौरव, महिमा।
वीर्यप्रवादः (पुं०) एक विवेचन युक्त पूर्वग्रंथ, जिसमें आत्म विवेचन हो। (जयो०)
वीर्यवत् (वि०) [वीर्य+मतुप्] दृढ़, शक्तिशाली, शक्ति से सम्पन्न।
वीर्यसंज्ञितः (पुं०) अनन्तवीर्य। राजा जयकुमार का पुत्र। 'वीर्यपदं तेन संज्ञितोऽनन्तवीर्यनामा' (जयो० २६/२)
वीर्याचारः (पुं०) स्वशक्ति निगूहन वृत्ति।
* स्वसामर्थ्यनिगूहन वृत्ति।
वीर्यानुप्रवादः (पुं०) एक पूर्वग्रंथ।
वीर्यानुवादः देखों ऊपर।
वीर्यान्तरायः (पुं०) शक्ति में अन्तराय। वीर्यं बलं शुक्रमित्येकोऽर्थः' 'अन्तरमेति गच्छतीत्यन्तरायः' वीर्यस्य विघ्नकृदन्तरायः वीर्यान्तरायः' (जैन ल० १०२२)
वीवधः (पुं०) बहंगी, बोझ वाहन।
* अनाज संचयन, * मार्ग, पथ।
वृची (स्त्री०) भयसूचक शब्द। (जयो० २/६५)
वृण् (सक०) छांटना, चुनना, चयन करना, पसंद करना।
* घेरना, लपेटना।
वृंहण/वृंहिण (नपुं०) दावानल दववह्नेर्विषेषणं स्यात्। (जयो० १३/५०)
वृंहित (वि०) गर्जित, चिंघाड़। (जयो० १३/३५)
वृक् (सक०) पकड़ना, लेना, ग्रहण करना।
वृकः (पुं०) भेड़िया, लकड़बग्घा। (वीरो० १४/५९)
* गीदड़।
* काक।
* उल्लू।
* लुटेरा।
* क्षत्रिय।
* एक राक्षस।
वृकदंशः (पुं०) कुत्ता, श्वान।
वृकधूपः (पुं०) तारपीन, मिश्रगन्ध।
वृकधूर्तः (पुं०) गीदड़।
वृकारातिः (पुं०) कुत्ता।
वृकारिः (पुं०) श्वान, कुत्ता।
वृक्कः (पुं०) हृदय, गुर्दा।
वृक्ण (भू०क०कृ०) [वृश्च्+क्त] कटा हुआ, बांटा हुआ, फाड़ा हुआ।
वृक्त (भू०क०कृ०) [वृज्+क्त] स्वच्छ किया गया, साफ किया गया, निर्मल किया गया।
वृक्ष् (सक०) स्वीकार करना, चयन करना, अंगीकार करना।
* ढकना।
वृक्षः (पुं०) पेड़, तरु, पादप, रुख।
* अनोहकट। (वीरो० २/१९, जयो० १४/६)
वृक्षकुक्कुटः (पुं०) जंगली मुर्गा।
वृक्षखण्डः (पुं०) निकुंज, वृक्ष समूह।
वृक्षचरः (पुं०) वानर, बंदर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वृक्षछाया (स्त्री०) तरुतल, वृक्ष के नीचे। (सुद० ११८)

वृक्षधूपः (पुं०) तारपीन।

वृक्षनाथः (पुं०) वटवृक्ष।

वृक्षनिवासी (स्त्री०) नगौकस, खग, पक्षी। 'नगौकसी वृक्षनिवासिनः सन्ति' (जयो०वृ० ६/८)

वृक्षपत्रं (नपुं०) अगदल, वृक्षों के पत्ते। (जयो०वृ० १४/४)

वृक्षपाकः (पुं०) वटवृक्ष।

वृक्षभिद् (स्त्री०) कुल्हाड़ी।

वृक्षकर्मटिका (स्त्री०) गिलहरी।

वृक्षमूलः (पुं०) वृक्षभाग, वृक्षतल। (दयो० २२)

वृक्षवाटिका (स्त्री०) उद्यान, आराम, उपवन।

वृक्षशः (पुं०) छिपकली।

वृक्षशायिका (स्त्री०) गिलहरी।

वृच् (सक०) चयन करना, छांटना।

* स्वीकार करना।

वृज् (सक०) टालना, कतराना, परित्याग करना।

* चुनना, चयन करना।
* नष्ट करना, समाप्त करना।
* उड़ेलना, फेंकना।

वृजनः (पुं०) [वृजे+क्युः] घुंघराले बाल।

वृजनं (नपुं०) पाप।

* संकट।
* आकाश।
* घेरा, बाड़ा।

वृजिन (वि०) [वृजेः इनज् कित् च] * वक्र, कुटिल, झुका हुआ।

* अधम, नीच, निम्न, पतित। (जयो०वृ० ८/७)

वृजिनः (पुं०) घुंघराले बाल।

वृजिनं (नपुं०) पाप। वृजिनं कलुषे क्लीवं केशे वा कुटिले त्रिषु इति वि (जयो०वृ० २८/७)

* दुःख, कष्ट, पीड़ा।

वृण् (सक०) उपभोग करना, खाना, वरण करना। (जयो० ४/६)

वृजिनोपमा (स्त्री०) पाप से उपमा।

* केश से उपमा। (जयो० २८/७)

वृणीत्व (वि०) अंगीकृत। (जयो० ६/७)

वृणीष्क (वि०) स्वीकार करने योग्य। (जयो०वृ० ६/७)

वृत् (सक०) चयन करना, स्वीकार करना, पसंद करना।

* अभ्यास करना, अनुष्ठान करना।
* अनुसरण करना।
* अनुरंजन करना।
* लौटना।

वृत (भू०क०कृ०) [वृ+क्त] छाटा गया, चुना गया।

* समाच्छादित। (जयो० १३/६८) घेरा गया, लपेटा गया।

वृतिः (स्त्री०) [वृ+क्तिन्] छांटना, चुनना, स्वीकार करना।

* घेरना, लपेटना।
* अनुरोध, प्रार्थना, अनुनय।

वृतिका (स्त्री०) वर्तुलाकार। (जयो० १६/६७)

वृत्त (भू०क०कृ०) [वृत्+क्त] * दृढ, विद्यमान, अनुष्ठित।

* कृत, किया गया।
* गोल, गोलाकार।

वृत्तं (नपुं०) चारित्र, आचरण, सम्यक्चरित्र। (जयो० २/६९) (भक्ति० ३०) ज्ञानेन वृत्तेन किलेत्यनेनः (सम्य० १२४)

* बात, घटना।
* समाचार।
* प्रवर्तन। (सुद० ८६)
* प्रवृत्ति, पेशा, व्यवसाय, परिचय। (जयो० ५/५३)
* आचरण, व्यवहार, रीति। (सम्य० १२०) (सम्य० १३७)
* छन्द-मात्राओं की गणना वाला छन्द। (सुद० २/३०)
* नियम, पद्धति, विधान, गोलाकार। (सुद० २/३०)
* छन्द-मुदुनीव खेः पद्मे पीठे वृत्ते कवेरिव' (दयो० १०६)
* षडरचक्रात्मवृत्त। (जयो०वृ० ६/१३२)
* पद्यावली। (जयो० २०/३१)
* वृतान्त। (सुद० ११६)

वृत्तकर्कटी (स्त्री०) तरबूज, सरदा।

वृत्तकुबल (पुं०) गोल गोल मुक्ता। कुवलं तूप्पले मुक्ताफलेऽपि बदरी फले इति वि (जयो० २२/३१)

वृत्तगन्धि (नपुं०) छन्दानुबद्धता।

वृत्तचूड (नपुं०) मुंडित।

वृत्तजातिः (स्त्री०) छन्द रचना।

वृत्तपुष्पः (पुं०) बेत, वानीर।

* सिरस तरु, कदम्बवृक्ष।

वृत्तप्रेषणं (नपुं०) संदेशपत्र, पत्र। (जयो० १/६७)

वृत्तफलः (पुं०) बेर।

* उन्नाव तना।
* अनार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वृत्तभावः (पुं०) आचरण भाव।
 * वर्तुलाकारत्व। (जयो० ५/४६)
वृत्तमुखः (पुं०) गगन मुख। (सुद०)
वृत्तमोहः (पुं०) चारित्रमोह, (सम्य० १२०) किं वृत्तमोहाऽस्तु दृशे किलारिः।
वृत्तरत्नाकरः (पुं०) छन्दशास्त्र का नाम।
वृत्तवचः (पुं०) वृतान्त, समाचार। (सुद० ८८)
वृत्तशास्त्रं (नपुं०) छन्द शास्त्र।
वृतशास्त्रज्ञ (वि०) छन्दशास्त्रज्ञ।
वृत्तसरूपः (पुं०) सुंदर वृतान्त। (रूप। (जयो० ५/४७)
वृत्ताधिगमिन् (वि०) कथानक को प्राप्त। (वीरो० ११/१)
वृतान्त (वि०) उदन्त, कथन। (जयो०वृ० २/१४१)
वृत्तिः (स्त्री०) [वृत्+क्तिन्] कार्य, गति, कृत्य, क्रिया। सद्‌वृत्तिरूपं चरणं श्रुतं च। (सम्य० १२८)
 * साधन।
 * प्रवृत्ति। (सम्य० ४०) (समु० १/२३)
 * अस्तित्व, सत्ता।
 * अवस्था, दशा।
 * स्वभाव। (सुद० २/२)
 * क्रम, प्रणाली। (सुद० ७३)
 * सदाचरण, चारित्तदशा, कार्यपद्धति।
 * रचना शैली। (सुद० १२४)
 * मजदूरी, भाड़ा।
 * भाष्य, टीका, विवेचन, टिप्पणिका। (जयो० १८/६१) महावृत्ति (सुद० ८२)
वृत्तिपरिसंख्यानं (नपुं०) आजीविका के साधनों में सीमाकरण।
 * तप विशेष।* बाह्य तप का एक भेद, जिसमें आजीविका के साधनों पर भी विराम लगाया जाता है।
वृत्तिकर्षित (वि०) जीविका से दुःखी।
वृत्तिचक्रं (नपुं०) राजचक्र।
वृत्तिछेदः (पुं०) जीविका विहीन व्यक्ति।
वृत्तियुत (वि०) जीविका सहित। (दयो० ११३)
वृत्तिवैकल्य (नपुं०) जीविका का अभाव।
वृत्तिस्थ (वि०) सदाचारी।
वृत्तिसंख्यानं (नपुं०) तप का एक भेद। (जयो० २८/११)
वृत्रः (पुं०) [वृत्+रक्] राक्षस विशेष। * दानव। (जयो०वृ० १८/७४)
 * मेघ, ०तम, ०अंधकार, ०ध्वनि, ०गिरि ०पर्वत। वृत्रो दानवशक्रादि ध्वान्तवारिदवैरिषु इति विश्वलोचनः (जयो०वृ० १८/७४)
वृथा (अव्य०) [वृ+थाल्+किच्च] व्यर्थ का, निष्प्रयोजन युक्त। (सुद० ४/१०) (समु० ७/१०)
 * अनावश्यक रूप से, आलस्य पूर्णता से, अनुचित रूप में।
 * मिथ्या, आलसी।
वृथाकथा (स्त्री०) व्यर्थ का जन्म, सार्धकता रहित जन्म।
वृथाकारः (पुं०) मिथ्या रूप।
वृथाजन्मन् (नपुं०) व्यर्थ का जन्म, सार्धकता रहित जन्म।
वृथादानं (नपुं०) अन्यथा दान। निष्फल दान।
वृथाभिमानं (नपुं०) निष्प्रयोजन अहंकार। (वीरो० २०/२३)
वृथामतिः (स्त्री०) दुर्बुद्धि, मूर्ख।
वृथामांसं (नपुं०) अनिष्ट योग्य मांस।
वृथावादिन् (वि०) मिथ्या भाषी।
वृथाश्रमः (पुं०) व्यर्थ चेष्टा।
वृद्ध (वि०) [वृध्+क्त] वरिष्ठ, ज्येष्ठ, वृद्धिगत, बढ़ा हुआ। जिसकी बुद्धि इन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों का कार्य शिथिल पड़ गया हो। जिसके हाथ, पैर अवस्था विशेष के कारण शिथिल होने से समुचित काम न कर सके। (हित० ४९)
 * बड़ा, महत्, विशाल।
 * बुद्धिमान्, विद्वान्।
वृद्धः (पुं०) ०बूढ़ा व्यक्ति, ०योग्य व्यक्ति, ०आदरणीय व्यक्ति। (सुद० १/१८)
वृद्धं (नपुं०) गुग्गुल।
वृद्धकाकाकः (पुं०) पर्वतीय कोवा।
वृद्धद्वारा (पुं०) वृद्धपुरुष। (जयो० ६/१०५)
वृद्धनाभिः (स्त्री०) स्थूलकाय, मोटे पेट वाला।
वृद्धपरम्परा (स्त्री०) तीर्थसम्भव। (जयो०वृ० ३/१०)
वृद्धभावः (पुं०) बुढ़ापा, वृद्धापन।
वृद्धवाहनः (पुं०) आम्र तरु।
वृद्धशशकः (पुं०) बूढ़ा खरगोश। (दयो० ४६)
वृद्धशासनं (नपुं०) वृद्धजन की आज्ञा।
वृद्धश्वश्रू (स्त्री०) बूढ़ी सास। (दयो० १७)
वृद्धसमयः (पुं०) काव्यशास्त्र। (जयो० २/३४)
वृद्धसूत्रकं (नपुं०) कपास का गाला, इन्द्रतूल।
वृद्धा (स्त्री०) [वृद्ध+टाप्] बूढ़ी स्त्री।
वृद्धानुपेयः (पुं०) वृद्धों की सेवा। (वीरो० १७/८)
वृद्धाम्बुधि (पुं०) वृद्ध समुद्र। (सुद० १/१८) श्रयन्ति

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वृद्धाम्बुधिमेव गत्वा ता निम्नगा एव जडाशयत्वात्।। (सुद० १/१८)

वृद्धावस्था (स्त्री०) बुढ़ापा, वृद्धपना। (जयो० १/३६)

वृद्धावस्थापन्न (वि०) धवल, कर्चक। (जयो०वृ० २/१५३)

वृद्धिः (स्त्री०) [वृध्+क्तिन्] उत्कर्षभुवि धुतोऽग्रविधिगुणवृद्धिमान् सपदि तद्धितमेव कृतं भजन्। (जयो० वृ०१/९५)

* विकास, उन्नति, प्रगति, परिवर्धन।
* लाभ, वस्तुगत अंशलाभ।
* सम्वर्धन, बढ़ोत्तरी।
* सूद, सूदखोरी।
* कलावृद्धि, चन्द्रवृद्धि।
* समृद्धि।
* समुदय, समुच्चय, ढेर।
* स्वरो की वृद्धि-अ+इ=ए,

आ+ए=ऐ, आदि। 'गुण एव अदेङ्, वृद्धिरेप् आदैग, तयो सिद्धिरपि (जयो०वृ० १/३१)

अ+ए=ए-	तव+एव=तवैव
आ+ए=ऐ	तथा+एव=तथैव।
अ+ऐ=ऐ	देव+ऐश्वर्यम्-देवैश्यम्।
आ+ऐ=ऐ	महा+ऐश्वर्यम्=महैश्वर्यम्।
अ+ओ=औ	उष्ण+ओदनम्=उष्णौदनम्।
आ+ओ=औ	गंगा+ओघः=गंगोघः।
अ+औ=औ	कृष्ण+औतकण्ठ्यम्, कृष्णौतकण्ठ्यम्।
आ+औ=औ	महा+औषधम्=महौषधम्।

* 'पाणिनीयव्याकरणसमुक्त्वामक्षरशो' (जयो० २०/७४) 'गुणश्च वृद्धिश्च गुणवृद्धी व्याकरणशास्त्रोक्तोक्ते संज्ञो तद्वान् उक्तिविदां वैयाकरणानां पूज्यपात्रामाचार्यवर्यो जैनेन्द्रव्याकरणकर्ता महाशय इव कथितः' (जयो०वृ०१/९५)

वृद्धिंगत (वि०) वृद्धिको प्राप्त हुआ। 'वृद्धिंगतत्वात्पलितोज्ज्वला-द्यकीर्तिर्भुजङ्गस्य गृहं प्रसाद्य' (जयो० १/३६)

वृद्धिजीवनं (नपुं०) साहूकारी, सूदखोरी।

वृद्धिद (वि०) समृद्धि को उन्नत करने वाला।

वृद्धिपत्रं (नपुं०) उस्तरा।

वृद्धिमान् (वि०) उत्कर्षशील।

वृद्धिशील (वि०) बढ़ने वाला। (जयो०वृ० १/१०२)

वृद्धिसंधि (स्त्री०) संधि का एक भेद, जिसमें ह्रस्व अ, दीर्घ आ के पश्चात् ए या ऐ होने पर 'ऐ' और ह्रस्व 'अ' एवं दीर्घ 'आ' बाद ओ या ओ होने पर 'औ' हो जाता है। 'वृद्धिरेप्, आदैग्' (जयो०वृ० १/३१)

वृद्धिस्थानं (नपुं०) वृद्धिपद 'वृद्धिस्थाने रास्थाने गुणादेशात् रकारविधानाद्' (जयो०वृ० ७/९)

वृध् (अक०) बढ़ना, विकसित होना।

* फलना, समृद्ध होना।
* चमकना।

वृधसानः (पुं०) [वृधेः छन्दसि असानच्] मनुष्य।

वृधसानुः (पुं०) [वृध्+असानुच्] * मनुष्य।

* पत्त।
* कर्म, कार्य।

वृन्तं (नपुं०) डंठल, डंडी, बौंडी, अग्रभाग।

वृन्ताकः (पुं०) [वृन्त+अक्+अण्] बैंगन का पौधा।

वृन्तिका (स्त्री०) [वृन्त+कन्+टाप् इत्वम्] डंठल।

वृन्दं (नपुं०) सम्प्रदाय। (वीरो० ३/४)

* समुच्चय, समुदाय, समूह, ढेर, परिमाण। (वीरो०२१/२५)

वृन्दगत (वि०) समुच्चय युक्त। * समूह युक्त।

वृन्दचम् (वि०) सैन्यसमूह। * चतुर्विध सैन्य समुदाय।

वृन्दा (वि०) [वृन्द+टाप्] तुलसी पौधा।

वृन्दार (वि०) अधिक, बड़ा, भारी।

* प्रमुख, श्रेष्ठ, उत्तम, आदरणीय।

वृन्दादक (वि०) देखो ऊपर।

वृन्दारण्यं (नपुं०) गोकुल का क्षेत्र।

वृन्दावनं (नपुं०) गोकुल क्षेत्र। * नगर विशेष।

वृन्दिष्ठ (वि०) सुंदरतम, पवित्रतम। अत्यन्त बड़ा।

वृन्दीयस् (वि०) सम्माननीय, पूजनीय, आदरणीय, * मनोहर, सुंदर, उत्तम।

वृश् (सक०) छांटना, चुनना।

वृशः (पुं०) [वृश्+क] चूहा।

वृशं (नपुं०) अदरक।

वृशा (स्त्री०) एक औषधि, अडूमा।

वृश्चिकः (पुं०) [व्रश्च्+किकन्] बिच्छू। (जयो०वृ० २३/४१)

* केंकड़ा, कनकजूरा।

वृश्चिकराशिः (स्त्री०) वृश्चिकराशि।

वृष् (अक०) बरसना, गिरना, उछालना, उड़ेलना।

* बौछार करना, फुहार करना।
* अनुदान देना, अर्पण करना।
* तर करना।

वृषः (पुं०) [वृष्+क] * सांड, वृषभ, बैल, बलिवर्द।

* वृषराशि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

* उत्तम दल, समुदाय।

* धर्म-वृषं धर्ममपेक्ष्य (जयो०वृ० २/२०) नासौ नरो या न विभाति भोगी, भोगोऽपि नासा वृषप्रयोगी। वृषो न सोऽसख्यसमर्थितः स्यात्साख्यं च तन्नात्र कदापि न स्यात्।। (वीरो० २/३८)

* कामदेव।

* सदाचारी व्यक्ति।

* शत्रु, विपक्षी। (वीरो० २/३८)

* नैतिकता, न्याय।

* उत्तम, श्रेष्ठ, सुंदर। (सुद० १३२)

वृषचक्रः (पुं०) धर्मचक्र। (जयो० १२/४)

* बैल युक्त।

वृषचक्राह्वयत (वि०) वृष चक्र का धारक। (जयो० २६/६४)

वृषचिन्तामणिः (स्त्री०) धर्मचिन्तामणि। (जयो० २८/८५)

वृषदंशः (पुं०) विलाव।

वृषधर (वि०) वृषभ/बैल के चिह्न को धारण करने वाले ऋषभदेव, आदि तीर्थंकर ऋषभदेव। (जयो० ९/८२)

वृषध्वजः (पुं०) वृषचिह्न।

* नाभेयतीर्थंकर, महादेव। 'वृषो नाम बलीवर्दो ध्वजे यस्य स वृषध्वजो नाभेय तीर्थंकर महादेवोऽपि। (जयो० १९/२२)

* सद्गुणी, धर्मात्मा, पुण्यशाली।

वृषपतिः (पुं०) नाभेय तीर्थंकर, महादेव।

वृषपर्वन् (पुं०) ऋषभदेव, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव।

* महादेव।

* वर्र, भिरड।

वृषप्रयोगिन् (वि०) धर्माचारी। (वीरो० २/३८)

वृषभः (पुं०) बैल, बलीवर्द, सांड। (समु० ६/४३)* ऋषभदेव, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ नाभिराजा का पुत्र। (वीरो० २/२, दयो० ३०) (सुद० ४/१४) वृषभ देव। (जयो०९/८२)

* धर्म भावना। (जयो०वृ० ७/६५)

* हस्तिकर्ण।

* कर्ण विवर।

* वृषभ स्वप्न, बैल का देखना-

मूलगुणादिसमन्वित-रत्नत्रयधर्मकटन्तु।

मुक्तिपुरीमुपनेतुं धुरन्धरो वृषवदयन्तु।। (वीरो० ४/४२)

वृषभदत्तः (पुं०) उज्जयिनी का एक राजा। (दयो० १/१२)

वृषभदत्ता (स्त्री०) उज्जयिनी के राजा की रानी। (दयो० १/१३)

वृषभदासः (स्त्री०) वृषभ देव का दास, वृषभदास सेठ (सुद० ४/१३) तमाश्विनं मेघहरं श्रितस्तदाऽधियोऽपि दासो वृषभस्य सम्पदाम्। (सुद० ४/१४)

वृषभावः (पुं०) धर्मभाव, नीतिपूर्ण व्यवहार।

* वलीवर्द (वीरो० ३/३६) 'लोकोऽयं वृषभावतोऽपि सुतरां दुष्कर्मणां वारणम्' (मुनि० ३३)

* बलीवर्द रूप। (जयो० २८/५८)

वृषभावना (स्त्री०) धर्मभावना। (दयो० १/१२) * उत्तम चिन्तन।

वृषभी (वि०) [वृषभ+ङीष्] विधवा, कवच्।

वृषभृत् (वि०) आगम गत नियम पालक। (जयो० २/११७)

वृषलः (पुं०) [वृष्+कलच्] * शूद्र। (जयो०वृ० १/४०)

* धर्माचार में तत्पर-वृषं लातीति वृषलो धर्माचरणतत्परश्च' (जयो०वृ० १/४०)

* पृथुल-शूद्र। (जयो०वृ० १/४०)

* चाण्डाल- (जयो०वृ० १/४०)

* दास (जयो० २५/२५) 'यस्यानुकम्पा हृदि तूदियाय स शिल्पकल्पं वृषभलोत्सवाय। सेवा परायण शूद्रों की नाना प्रकार की शिल्पकलाएं हैं। (वीरो० १८/१४) 'सद्वृत्तभावाद वृषलोऽपि वन्द्याः'। (वीरो० १७/१७)

वृषलक (वि०) तिरस्कार योग्य शूद्र।

वृषलपालित (वि०) दास द्वारा पोषण किया गया। (जयो० २५/६५)

वृषली (स्त्री०) [वृषल+ङीष्] रजस्वला स्त्री।

* शूद्रस्त्री।

वृषलीपतिः (पुं०) शूद्रस्त्री का पति।

वृषवः (पुं०) धर्मस्थान, धर्मशाला। (जयो० २५/३९)

वृष-वत्सलत्व (वि०) बैल एवं बछड़े की वात्सल्यता। (जयो० २१/४४) गो प्रीति युक्त।

वृषवास्तुवः (पुं०) धर्म रूप मकान। करोतु धर्मग्रहणं न वा प्रभो! समादिशेदं वृषवास्तुवप्रभोः! (समु० ४/२१) * देवालय।

वृषवृद्धिः (स्त्री०) वृषभवृद्धि, बैलों की वृद्धि। (सुद० २/२९)

वृषसंयोजनः (नपुं०) बलीवर्द संयोग। (जयो० १२/११२)

वृषाङ्कः (पुं०) महादेव, वृषभ, प्रथम तीर्थंकर वृषभदेव, ऋषभनाथ। (जयो० ५/२४)

* रुद्र (जयो०वृ० ५/२४) 'वृषाङ्कस्य रुद्रस्य उत नाभेयस्य प्रथमतीर्थंकरस्य' (जयो०वृ० ५/२४)

वृषाङ्कविभवः (पुं०) भस्मीकरण रूप, भस्मधरी। 'वृषाङ्कस्य

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विभवेन भस्मीकरणसार्थ्येन उपद्रुतस्य कामस्य प्राणनाशो नाभूत्' (जयो०वृ० ५/२४)

वृषाधिरुढः (पुं०) वृषराशि पर आरुढ़।

वृषायणः (पुं०) शिव, गौरेया पक्षी। (वीरो० १२/१)

वृषाश्रयः (पुं०) धर्माश्रय, धर्माधार, धर्म का सहारा। (समु० ४/३२) "इतीरितः प्राह मुनिर्महाशयः, स्वपूर्वजन्मश्रवणाद् वृषाश्रयः" (समु० ४/२२)

वृषिन् (पुं०) मोर।
०धर्मी, धर्मात्मन्।

वृषिबोधिन् (वि०) धर्मात्माओं के जानने योग्य। "वृषिभिर्धर्मात्मभिः सज्जनैर्बोध्यमनुमननीयम्" (जयो०वृ० १२/१)

वृषी (स्त्री०) ब्रह्मचारी की शय्या, ०आसन, कुशासन।

वृषोपयोगः (पुं०) धर्म का उपयोग।

वृषोपयोगी (वि०) धर्म को भावना युक्त। नरो न यो यत्र न भाति भोगी, भोगो न सोऽस्मिन्न वृषोपयोगी। (समु०६/३)

वृष्ट (भू०क०कृ०) बरसा हुआ, झरता हुआ।

वृष्टिः (स्त्री०) बारिश, बरसात, बौछार।

वृष्टिगतक्षेत्रं (नपुं०) बारिश युक्त स्थान।

वृष्टिजीवन (वि०) सिंचित प्रदेश।

वृष्टिभूः (पुं०) मेंढक।

वृष्टिमत् (वि०) [वृष्टि+मतुप्] बरसने वाला, बरसाती।
०बादल, मेघ।

वृष्णि (वि०) [वृषेः हि किच्च] ०पाखण्डी, धर्मच्युत।
०कुपित, अभिमानी।

वृष्णिः (पुं०) कृष्ण के पूर्व वंशज।
०अग्नि।
०इन्द्र।
०मेंढक।
०मेघ।

वृष्णिगर्भः (पुं०) कृष्ण।

वृष्णिपुत्रः (पुं०) कृष्ण।

वृष्य (वि०) [वृष्+क्यप्] कामोद्दीपक, बाजीकर, पुंस्त्व बढ़ाने वाला।
०बौंछार युक्त।

वृह् (वि०) बहुत, बड़ा, महत्त्वपूर्ण।

वृहती (स्त्री०) [वृह्+अति+ङीष्] नारद की वीणा का नाम।
०मिष्ठान्न विशेष। (जयो० ३/६०)
०छत्तीस संख्या।
०दुपट्टा, आवरण।

वृहन्निह (वि०) बहुत बड़ा, विशालतम्। (समु० २/५)

वृहस्पतिः (पुं०) नाम विशेष।

वृहस्पतिवारः (पुं०) गुरुवार, एक दिन विशेष। (दयो० ६९)

वे (सक०) ०बुनना, गूंथना, सिलना।
०बनाना, रचना, निर्माण करना।
०नत्थी करना, इकत्रित करना।
०जमाना, संग्रह करना।

वेकटः (पुं०) ०जौहरी, पारिख।
०युवा व्यक्ति।
०हसोकड़ा।

वेगः (पुं०) तेजी, गतिशीलता, आवेग। (जयो० १/१९)
०गति, शीघ्रता।
०प्रचण्डता, प्रबलता, प्रमुखता।
०प्रवाह, धारा, झरना।
०शक्ति, बल, वीर्य, औजस्विता, क्रियाशीलता।
०संचार।
०विक्षोभ।

वेगजित् (वि०) कोप की प्रबलता को जीतने वाला। 'वेगान् मानसिक-शारीरिकोपद्रवान् जयतीति वेगजिदपि' (जयो० २३/३)

वेगनाशनः (पुं०) श्लेष्मा, कफ।

वेगपूर्वक (वि०) संवेग पूर्वक।

वेगयुक्त (वि०) गतिशीलता युक्त। (जयो०वृ० ५/३)

वेगवाहिन् (वि०) स्फूर्ति, तेजी। ०गतिशीलता।

वेगविधारणं (नपुं०) गति रोकना।

वेगसरः (पुं०) खच्चर।

वेगानिलः (पुं०) आंधी प्रवाह, तीव्र पवन वेग।

वेगिन् (वि०) [वेग+इनि] तेज, स्फूर्ति युक्त, द्रुतगामी, गतिशील, प्रवाहमयी। (जयो० ५/३)
०प्रचण्ड, तीव्र।

वेगिन् (पुं०) बाज।
०हरकारा।

वेगिनी (स्त्री०) नदी। वेग युक्त प्रवाहिनी, सरिता।

वेङ्कटः (पुं०) वेंकटाचल, पर्वत विशेष।

वेचा (स्त्री०) [विच्+अच्+टाप्] भाड़ा, मजदूरी।

वेण् (सक०) जाना, पहुंचना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०जानना, पहचानना, प्रत्यक्ष करना।
०सोचना, विचार-विमर्श करना।
०ग्रहण करना, स्वीकार करना।
वेण: (पुं०) [वेण्+अच्] गायक जाति।
वेणा (स्त्री०) नदी विशेष।
वेणि/वेणी (स्त्री०) कवरां, चोटी, गुथे हुए बाल। (जयो० १२/११)
वेणीयमेणीदृश एव भायाच्छ्रेणी,
सदा मेकल-कन्यकाया:।
हरस्य हाराकृतिमादधाना,
यूनां मनोमोहकरी विधानात्।।
(जयो० ११/७०)
०केशतति, केशपाश। श्रेणीति कालबालानां वेणी चेणीदृशो भृशम्' वक्ष्यते वीक्षमाणेभ्य: पन्नगीव विपन्नगी।। (जयो० ३/५५)
०प्रवाह, धारा, गति।
०नदी नाम विशेष।
वेणीकृत (वि०) केशपाश वाली।
वेणीगत (वि०) गुथे हुए बालों को प्राप्त हुई।
वेणीबन्ध: (पुं०) मींढी, केशपाश।
वेणीवेधिनी (स्त्री०) ०जोंक, ०कंघी। ०केश/बाल श्रृंगार प्रसाधिनी।
वेणीसंहार: (पुं०) ०केश गुंफन, केशबन्ध।
०भट्टनारायणकृत एक संस्कृत नाटक।
वेणु: (वेण्+उण्) बांस वृक्ष। (जयो० २१/३४)
०बांसुरी, मुरली, बंसी।
वेणुक (वि०) वेणूत्पन्न, वेणु से उत्पन्न।
वेणुक: (पुं०) बांसुरी, बंसी। (जयो० १०/२१)
वेणुकं (नपुं०) [वेणु+कन्] बांस की मूठ वाला अंकुश।
वेणुज: (पुं०) बांस का बीज।
वेणुदण्ड: (पुं०) बांस की लकड़ी। (जयो०वृ० १/३२)
वेणध्म: (पुं०) बंसीवादक।
वेणुनिसृति: (स्त्री०) इक्षु, गन्ना, ईख।
वेणुयष्टि: (स्त्री०) बांस की लकड़ी।
वेणुर्वाद्य: (पुं०) बांसुरी, मुरली। (जयो०वृ० १०/२०)
वेणुवाद: (पुं०) बांसुरी बजाने वाला।
वेणुवादक: (पुं०) बांसुरी बजाने वाला। ०बंसी वादक।
वेणुवादनं (नपुं०) बांसुरी, मुरली।
वेणूत्पन्न: (पुं०) बांसुरी, मुरली। (जयो०वृ० १०/२१)
वेणूदित (वि०) मुरली सम्पादित। (जयो० २२)
वेतंड: (नपुं०) हस्ति, हाथी।
वेतनं (नपुं०) [अज्+तनन् वीभाव:] किराया, मजदूरी, तनख्वाह, वृत्ति।
०अजीविका, जीवनयापन का साधन।
वेतनादानं (नपुं०) वृत्ति न देना।
वेतस: (पुं०) [अज्+असुन्+तुक् च वीभाव:] ०नरकुल, नरसल, बेंत।
वेतसी (स्त्री०) [वेतरु+ङीष्] नरकुल।
वेतस्वत् (वि०) [वेतस्+] नरकुल की बहुलता वाला स्थान।
वेताल: (पुं०) [अज्+विच्-वी आदेश: तल्+घञ्] भूतयोनि, प्रेतात्मा।
०अधिकार रखने वाला भूत।
वेत्तु (पुं०) ज्ञाता, जानकार, मुनि साधक।
०पति।
वेत्र: (पुं०) बेंत, नरसल।
०लाठी, छड़ी।
वेत्रवती (स्त्री०) द्वारपाल स्त्री।
वेत्रासनं (नपुं०) बेंत का आसन, गद्दी।
वेत्रिन् (पुं०) [वेत्र+इनि] द्वारपाल, दरबान, चौकीदार, पहरेदार।
वेथ् (सक०) प्रार्थना, प्रतिपादन करना, कहना, निवेदन करना।
वेद: (पुं०) [विद्+घञ्] [वेधत इति वेद:] ०ज्ञान, बोध, जानना-'वेद्यं यदा वेदकमेष वेद:' (भक्ति० ३०)
०वेदन, अनुभव। (सम्य० १०७) मृदन्तरा बीजवदीष्यतेऽद: पुन: किलास्पष्टसदात्मवेद:। (सम्य० १०७)
०जो अनुभव में आत्मा है वह वेद है।
०सुख-दु:ख का अनुभवन।
०जीव का पर्यायवाची शब्द।
०श्रुत के वाचक ४१ नामों से एक। अशेशपदार्थान् वेत्ति वेदिष्यति अवेदीदिति वेद: सिद्धान्त: (धव० १३/२८६)
०सिद्धान्त।
०वेदग्रन्थ, वेदशास्त्र-ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थवेद। 'वेदमेतन्नाम शास्त्रमतीत्य समुपेक्ष्यान्यत एव व्रजति' (जयो०वृ० ४/६७)
वेदक (वि०) वेदना वाला, दु:ख युक्त अनुज्ञात। (जयो० २३/४०) जानने वाला। (भक्ति० ३१)
वेदक: (पुं०) वेदक सम्यक्त्व का नाम है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वेदकसम्यक्त्वं (नपुं०) वेदक सम्यक्त्व। दर्शन मोहनीय कर्म के क्षयोपशम से वेदक सम्यक्त्व होता है।

वेदगर्भः (पुं०) वेद ज्ञाता।

वेदग्रन्थः (पुं०) वेद। (वीरो० २०/११) ०वेदशास्त्र।

वेदत्रयं (नपुं०) तीन वेद कर समूह।

वेदध्वनि (स्त्री०) आत्म कल्याणकारक ध्वनि, द्रव्यानुयोगशास्त्र की ध्वनि। महर्षि पठित वाक्य। (जयो० १/८७)

वेदनं (नपुं०) [विद्+ल्युट्] ०परिज्ञान, बोध।
हे छिन्नमोह जनमोदनमोदनाय,
तुभ्यं नमोऽशमन संशमनोदमाय।
निर्वृत्यपेक्षित निवेदन-वेदनाय,
सूर्याय मे हृदरविन्दविनोदनाय।। (जयो० १०/९६)
०वेद ज्ञान। (वीरो० ३/५)
०दु:ख, वेदना। (जयो० १/५९, वीरो० ३/५)
०भावना, संवेदन, पीड़ा, क्लेश, कष्ट। (सम्य० २४)
०अधिग्रहण।

वेदना (स्त्री०) दु:ख, पीड़ा, संताप, खेद। (सुद० ३/२८)

वेदनागत (वि०) दु:खित, पीड़ित, व्याकुल।

वेदनाजन्य (वि०) कष्ट युक्त, पीड़ा सहित।

वेदनाजन्यः (पुं०) आर्तध्यान के निदान, वेदनाजन्य, अनिष्टसंयोगज और इष्टवियोजग ये चार भेद हैं, उनमें दूसरा भेद वेदनाजन्य है। (मुनि० २१)

वेदनाधारः (पुं०) दु:ख का कारण, व्याकुलता का मूल आधार।

वेदनीय (वि०) सुख-दु:ख का कारण रूप कर्म, पीड़ा, कष्ट।

वेदनीयकर्मन् (पुं०) वेदनीयकर्म, आठ कर्मों में तीसरा कर्म-वेद्यत इति वेदनीयम्, अथवा वेदयतीति वेदनीयम्।

वेदनाप्राप्त (वि०) दु:खित, पीड़ित।

वेदनाभयः (पुं०) अज्ञानता पूर्ण भय।

वेदनाभावः (पुं०) परिज्ञान भाव।

वेदनामुक्त (वि०) आकुलता रहित।

वेदनायुक्त (वि०) रुग्णता युक्त, आधि-व्याधि सहित। (जयो०वृ० ११/८५)

वेदनिन्दक (वि०) पाखण्डी, श्रद्धाहीन।

वेदनिन्दा (स्त्री०) पाखण्ड, अविश्वास, ज्ञाननिन्दा।

वेदपदं (नपुं०) वेदसूत्र। ०वेद ऋचा। (वीरो० १४/३)

वेदपाठी (वि०) वेद पढ़ने वाला, आत्म ज्ञान करने वाला।

वेदपारगः (पुं०) वेदों में निपुण।

वेदबाह्य (वि०) वेद से विपरीत। (दयो० २४) (दयो० २६)

वेदमातृ (स्त्री०) वैदिक मन्त्र।

वेदमूढता (स्त्री०) पापजन्य उपदेश।

वेदवचनं (नपुं०) वेदवाक्य, ज्ञानसूत्र, आत्म कल्याणकारी शब्द व्यवहार।

वेदवाक् (नपुं०) ज्ञान वचन, सिद्धांत निरूपण, वेदज्ञान।

वेदवाक्यं (नपुं०) बोध जन्य वाक्य। (वीरो० १३/२१) आत्मकल्याणकारी वचन। 'सा देवता, तत्र गतो भवान्' इत्यादिभिर्वेदवाक्यैः कामोत्पादकवचनैः' (जयो०वृ० २४/३३)

वेदविद् (पुं०) वेदशास्त्र प्रवीण व्यक्ति, वेदविशारद। (दयो०२४)

वेदविहित (वि०) वेद निरूपित, आगम प्रतिपादित।

वेदवेदाङ्ग (वि०) वेद-पुराणादि का ज्ञाता। इत्येवमेतस्य सतीं विभूतिं स वेद-वेदाङ्गविदिन्द्रभूतिः' (वीरो० १३/२५)

वेदवेदाङ्ग-पारङ्गत (वि०) वेद और वेदपङ्गों में निपुण। (दयो० ९१)

वेदवेदाङ्गविद् (वि०) वेद-वेदाङ्ग का ज्ञाता। (वीरो० १३/२५)

वेदव्यासः (पुं०) एक वेद विचारक, जिसने वेदों के वर्तमान रूप को प्रस्तुत किया।

वेदसूत्रं (नपुं०) वेदपद। (वीरो० १४/३) ०ज्ञानसूत्र।

वेदानुयायिन् (वि०) हिन्दु जन, वेदशास्त्र के नियमों का पालक। (जयो० १४/७९) (वीरो० २२/१६)
०याज्ञिक। (वीरो० २२/१६) ०ज्ञानविज्ञ, वेदविज्ञ।

वेदाम्बुधिः (पुं०) वेदशास्त्र रूपी समुद्र। (वीरो० १३/२६)
०वेद रहस्य।

वेदार्थः (पुं०) वेदों का अर्थ। ०वेद रहस्य, ०वेदज्ञान। **धूर्तैः** समाच्छादि जनस्य सा दृक् वेदस्य चार्थः समवादि तादृक्। (वीरो० १/३२)

वेदिः (पुं०) विद्वान्, प्राज्ञ, विज्ञ, ज्ञ, ऋषि, ज्ञानी पुरुष।

वेदिः (स्त्री०) वेदी, कटनी, मूर्ति स्थापना के लिए बनाई गई कमर के ऊपर तक ऊँचा स्थान, जो मांगलिक प्रातिहार्यों एवं सुंदरता से युक्त होती है।
०मंदिर/देवालय का उच्चासन।
०सरस्वती।
०मुद्रा।
०अंगूठी।
०चबूतरा, चौकोर स्थान। (जयो०वृ० २/७८)

वेदिका (स्त्री०) [वेदि+कन्+टाप्] ०वेदी, चबूतरा, आसन।
०लतामण्डप, निकुंज।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वेदिकी (वि०) ज्ञानवती, वेदिनी, वेदज्ञातृ। (जयो०वृ० १४/९)

वेदिन् (पुं०) [विद्+णिनि] ०ज्ञाता, प्राज्ञ।
०व्याख्याकार, विवेचक।

वेदिन् (पुं०) ज्ञानी पुरुष, ०माहण, ब्राह्मण।

वेदिनी (वि०) संवेदन कत्री। ०ज्ञात करने योग्य।

वेदिघ्न: (पुं०) एक द्रव्य विशेष। (जयो० ६/३१)

वेदिलिम्पनं (नपुं०) चबूतरा का लिम्पन, आंगन का लींपना। गोमयेन खलु वेदिलिम्पनप्रायकर्म लभतामितो जन:। (जयो० २/७८)

वेदी (स्त्री०) वेदी, मूर्तियुक्त स्थान, अर्हत् विराजित उच्च आसन। 'वेदीं मनोहरतमां समगान्नवीनामालोकितुं दृगमुकस्य मुदामधीना। (जयो० १०/९४)
०वेदी देवाधिकरण भूता परिष्कृता भूमि:' (जयो०वृ० १०/९३)

वेद्य (वि०) [विद्+ण्यत्] जानने योग्य। (दयो० ३१)
०वेदनीय (सम्य० ८४) 'क्षान्ति शौचमिति सदवेद्यस्य' (सम्य० ८४)
०व्याख्येय, शिक्षणीय।
०विवाह योग्य, परिणय योग्य।

वेध: (पुं०) [विध्+घञ्] छेद करना, बींधना। नासिकादि बेधन।
०छिद्रयुक्त बनाना।
०गर्त, गड्ढा।
०गहराई।
०समय का माप।

वेधक: (पुं०) [विध्+ण्वुल्] नरक के एक प्रभाग का नाम।
०कपूर।

वेधकं (नपुं०) छेद।

वेधनं (नपुं०) [विध्+ल्युट्] छेदन, बीधना।
०शून्यीकरण।
०चुभोना, घायल करना।

वेधनिका (स्त्री०) [वेधनी+कन्+टाप्] अस्त्र विशेष, नुकीला शस्त्र। ०वर्मा, छेद करने का उपकरण।

वेधनी (स्त्री०) [वेधन+ङीप्] छेद करने का उपकरण, वर्मा। छेदनी।

वेधस् (पुं०) [विधा+असुन्] धाता, विधाता (जयो०वृ० ३/६२)
०स्रष्टा, ब्रह्मा। (वीरो० १/३६)
०सूर्य।
०मदार पादप। ०विज्ञ पुरुष।

वेधसं (नपुं०) हथेली का भाग।

वेधात्मक (वि०) संवेदन लाने योग्य। (सम्य० ३१)

वेधित (भू०क०कृ०) [वेध+इतच्] छिद्रित, बींधा हुआ, छेदा गया।

वेप् (अक०) कांपना, हिलना। वेपते (जयो० २५/७१) घबराना, डरना (जयो०वृ० ६/२४) 'स्वार्थक प्रत्यय: सत्प्रकम्पवती' (जयो० १७/३०)

वेपथु: (स्त्री०) [वेप्+अथुच्] प्रकम्पन। (जयो० १७/३०, १२/७६)
०थरथरी, कंपकपी।
०कंपन।

वेपथुकारिक (वि०) कम्पन उत्पन्न करने वाली। (भक्ति०१४)

वेपथुनिमित्तं (नपुं०) कम्प का कारण। (जयो०वृ० ७/२०)

वेपनं (नपुं०) कांपना, थरथराना।

वेमन् (पुं०/नपुं०) करघा, खंड्डी।

वेमपाक (वि०) ओजस्विता का परिणाम। (जयो० ३/१७)

वेर: (पुं०) ०शरीर।
०केसर। (जयो० ५/२०)
०बैंगन।

वेरम् (नपुं०) ०देह काय। ०केशर, ०बैंगन।

वेरट: (पुं०) क्षुद्र व्यक्ति।

वेल् (सक०) जाना, पहुंचना।

वेल् (अक०) कांपना।

वेलं (नपुं०) उद्यान, वाटिका, उपवन, आरामगृह।

वेला (स्त्री०) समय, अवसर। (सुद० ७३)
०ऋतुकाल, मौसम। (सुद० ७८)
०अवकाश, अन्तराल।
०लहर, प्रवाह, धारा।
०समुद्र तट।
०सीमा, हदबन्दी।
०भाषण, प्रवचन।

वेलाकुलं (नपुं०) ताम्रलिप्त क्षेत्र।

वेलातटं (नपुं०) समुद्री तट।

वेलातिग् (वि०) वेलामति गच्छतीति। अतिकांत तट। (जयो० ११/३९) ०उद्वेलित किनारा।

वेलामूलं (नपुं०) समुद्री किनारा। ०सीमा, ०धारा का उद्गम स्थल।

वेलारण्यं (नपुं०) समुद्र तटीय अरण्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वेल्ल् (सक०) जाना, पहुंचना।
वेल्ल् (अक०) कांपना, हिलना, घूमना, चक्कर काटना। (जयो० १९/९०)
वेल्ल: (पुं०) [वेल्ल्+घञ्] हिलना, कांपना।
०गतिशील होना, अग्रणी होना।
वेल्लत (वि०) प्रलुण्ठत, घूमते हुए। (जयो० १३/९०)
वेल्लनं (नपुं०) [वेल्ल्+ल्युट्] हिलना, कांपना।
वेल्लहल: (पुं०) लम्पट, लालची।
वेल्लि: (स्त्री०) [वेल्ल्+इन्] लता।
वेल्लित (भू०क०कृ०) [वेल्ल्+क्त] ०कंपायमान, हिलाया हुआ।
०टेढ़ा-मेढ़ा।
वेवी (सक०) जाना, प्राप्त करना, ग्रहण करना। ०गर्भधारण करना।
०व्याप्त करना।
०डाल देना, फेंकना।
०लाना।
वेश: (पुं०) [विश्+घञ्] ०प्रवेश, ०घुसना जाना, ०पहुंचना, ०अंदर होना।
०घर, आवास, निवास स्थल।
०चकला।
०परिधान, वेशभूषा, वस्त्र, कपड़े।
वेशक: (पुं०) [विश्+कन्] गृह, घर। ०आवास।
वेशन्त: (पुं०) [विश्+अच्] पोखर, तालाब।
वेशवार: (पुं०) मिर्च, लवणादि मसाला। (जयो० १२/३०)
वेशिन् (नपुं०) श्रृंगार, अलंकरण। (जयो० १०/७१)
वेशर: (पुं०) खच्चर, गधा।
वेशवान् (वि०) ललितवस्त्राभूषण विहित। (जयो० ५/२६)
वेशिनी (पुं०) प्रकशिनी। (जयो० २/४३)
वेश्मन् (नपुं०) [विश्+मनिन्] घर, निवास स्थल।
०भवन, आवास।
वेश्मकर्मन् (नपुं०) घर निर्माण, गृह बनाना।
वेश्मकलिंग: (पुं०) एक पक्षी।
वेश्म नकुल: (पुं०) छछूंदर।
वेश्मभू (स्त्री०) भूखण्ड, गृहभूमि।
वेश्यं (नपुं०) [विश्+ण्यत्] चकला, वेश्यालय।
वेश्या (स्त्री०) [वेशेन पण्ययोगेन जीवति-वेश्+यत्+टाप्] ०गणिका, पण्यइच्छुका।
०कामुका, रण्डी।
वेश्याचार्य: (पुं०) भडुवा, लौंडा, गांडू।
वेश्याश्रय: (पुं०) वेश्यालय, चकला।
वेश्यावशी (वि०) वेश्या के आधीन। (सुद० २१)
वेश्यायुगासीत् (वि०) वेश्या के द्वारा सेवित। (वीरो० १७/२१)
वेश्यासुता (पुं०) वेश्या की पुत्री। (वीरो० १७/१८)
वेषण (नपुं०) [विष्+ल्युट्] स्वामित्व, आधीनता।
वेषम्य (वि०) विषमता। (सुद० २/३) 'दृशो न वेषम्यमगात्कुतोऽपि स पाशुपत्यं महदाश्रितोऽपि। (सुद० २/३)
वेष्ट् (सक०) घेरना, लपेटना।
०मरोड़ना, वस्त्र पहनाना।
वेष्ट: (पुं०) घेरा, लपेटना।
०बाड़।
०पगड़ी।
वेष्टक: (पुं०) बाड़, बाड़ा, घेरा।
०लौकी।
वेष्टकं (नपुं०) पगड़ी।
०चादर।
०गोंद, रस।
०तार पीन।
वेष्टनं (नपुं०) [वेष्ट्+ल्युट्] ०लपेटना, घेरना।
०अंगूठी।
०ओढ़नी।
०संदूक।
०पगड़ी।
०बाड़ा, घेरा।
०तगड़ी, कमरबन्द।
०पट्टी।
०गुग्गुल।
०नृत्य की एक मुद्रा।
वेष्टनक: (पुं०) [वेष्टन्+कन्] संभोग की एक स्थिति।
०मिथुन क्रीड़ा।
वेष्टित (भू०क०कृ०) [वेष्ट्+क्त] आवृत्त। (जयो० ३/३६) घेरा हुआ, बांधा हुआ, लपेटा हुआ।
०लिपटा हुआ।
०रोका हुआ।
०विघ्न डाला हुआ।
०सुसज्जित किया हुआ।
वेष्य: (पुं०) जल, वारि, पानी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वेसरः (पुं०) खच्चर, गधा।
वेसवारः (पुं०) [वेस्+वृ+अण्] गर्म मसाला।
वेहाणसमरणं (नपुं०) फंदा लगाकर मरना।
वेहारः (पुं०) विवाद क्षेत्र।
वेहल् (सक०) जाना, पहुंचना।
वै (अक०) सूखना, शुष्क होना।
०म्लान, निढाल, अवसन्न।
वै (अव्य०) निश्चयात्मक अव्यय, स्वीकृतिजन्य अव्यय। (सुद० ३/२०) निःसंदेह, सचमुच, यथार्थ में ही, एव। धर्मेण वै संध्रियतेऽत्रवस्तु, न वस्तुसत्त्वं तमृते समस्तु। (सम्य० ७१)
०कभी कभी यह 'वै' सम्बोधन अर्थ में भी प्रयुक्त होता है।
वैंशतिक (वि०) बीस में खरीदा हुआ।
वैकक्षं (नपुं०) [विशेषेण कक्षति व्याप्नोति] ०उत्तरीय, अंगोछा, ओढ़नी, योग।
वैकटिकः (पुं०) जौहरी, पारिख।
वैकर्तनः (पुं०) कर्ण का नाम।
वैकल्प (वि०) [विकल्प+अण्] विकल्पता, ऐच्छिकता।
०संदिग्धता, अनिश्चय, असमंजस।
०संशय, संदेह।
वैकल्पिक (वि०) [विकल्प+ठक्] ०ऐच्छिक, विकल्प युक्त।
०अनिर्णीत, संदिग्ध, संशय।
वैकल्यं (नपुं०) [विकल+ष्यञ्] विकलता, निःसारता। (जयो० २८/२६)
०त्रुटि, कमी, अभाव। अस्तित्वाभाव।
०अक्षमता, विक्षोभ। (सम्य० १/६)
वैकारिक (वि०) [विकार+ठक्] विकृत, विकार विषयक।
वैकालः (पुं०) [विकाल+अण्] तीसरा प्रहर, मध्याह्नोत्तरकाल, सायंकाल।
वैकालिक (वि०) सायंकाल सम्बन्धी।
वैकुण्ठः (पुं०) विष्णु।
०इन्द्र।
वैकुण्डं (नपुं०) स्वर्ग।
०अभ्रक।
वैकुण्ठलोकः (पुं०) स्वर्ग स्थान।
वैकृत (वि०) परिवर्तित, बिगड़ा हुआ, बदला हुआ।
वैकृतं (नपुं०) परिवर्तन, अरुचि।
०अपशकुन, अनिष्ट सूचक घटना।
वैकृतिक (वि०) [विकृति+ठक्] परिवर्तित, संशोधित।
०विकृति सम्बंधी।
वैकृत्यं (नपुं०) [विकृत+ष्यञ्] परिवर्तन।
वैक्रान्तं (नपुं०) रत्न विशेष।
वैक्रिया (स्त्री०) एक ऋद्धि विशेष, जिसमें शरीर को सूक्ष्म से सूक्ष्म या बड़े से बड़ा किया जा सकता है। 'अष्टगुणैश्वर्ययोगादेकानेकाणु-महच्छरीरविविध-करणं विक्रिया' (स०सि० २/३६)
वैक्रियिकं (नपुं०) विक्रिया का प्रयोजन। 'विक्रिया प्रयोजनं वैक्रियिकम्' (त०वा० २/२६) 'विविधर्धिगुणयुक्तविकार-लक्षणं वैक्रियिकम्' (त०वा० २/४९)
वैक्रियिककाययोगः (पुं०) ऋद्धि के आश्रय से आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन होना।
वैक्रियिकशरीरः (पुं०) विक्रिया ऋद्धि युक्त शरीर।
वैक्लेव्ययुत (वि०) नपुंसकता रहित। (सुद० ८४)
वैखरी (स्त्री०) [विशेषेणं खं राति-रा+क+अण्+ङीप्] ०स्पष्ट उच्चारण, ध्वनि उत्पादन।
०वाक्शक्ति।
०वाणी, भाषण।
वैखानस (वि०) [वैखानसस्य इदम्+अण्] संयासी योगी से सम्बंधित।
वैखानखः (पुं०) वैरागी, वानप्रस्थ।
वैगुण्य (वि०) [विगुण+ष्यञ्] सद्गुण का अभाव, गुण विहीनता।
०त्रुटि, दोष, कमी।
वैचक्षणं (नपुं०) [विचक्षण+ष्यञ्] ०प्रवीणता, कुशलता, निपुणता।
वैचित्य (वि०) मानसिक विकलता, मन के भावों का अभाव, शोक।
वैचित्र्यं (नपुं०) [विचित्र+ष्यञ्] ०विविधता, विभिन्नता।
०नाना प्रकार।
०आश्चर्यजनक। (हित० १५)
वैचित्र्यसंदेशक (वि०) नाना प्रकार का संदेश देने वाला।
वैजननं (नपुं०) [विजनन+अच्] गर्भ का अन्तिम महिना। (जयो० २३/७५)
वैजयन्तः (पुं०) ध्वज, पताका,
०घर, भवन, महल।
०इन्द्र भवन, वैजयन्तदेव। (त०सू०पृ० ६६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वैजयन्तिका (स्त्री०) ध्वज, पताका, झण्डा ०मुक्ताहार।
वैजयन्ती (स्त्री०) [विजयन्त+अण्+ङीप्] पताका, ध्वजा। (जयो० ३/८६, सुद० २/२०)
०चिह्न, प्रतीक।
०उपहार भेंट।
०माला, कण्ठाहार।
वैजात्य (वि०) जाति की भिन्नता, वर्ण की भिन्नता।
०जातिबहिष्कृत, स्वेच्छाचारिता।
वैज्ञानिक (वि०) [विज्ञान+ठक्] ०विचारक, कुशल, चतुर।
०अनुसंधान कर्ता।
वैडूर्य (नपुं०) एक मणि विशेष। (जयो०वृ० १०/८६)
०विमान विशेष। (समु० ५/१५)
वैणः (पुं०) [वेणु+अण्-उकारस्य लोपः] बांस का कार्य करने वाला।
वैणव (वि०) बांस से निर्मित।
वैणव (नपुं०) बांस का डंडा।
वैणवं (नपुं०) बांस का बीज।
वैणविकर (वि०) बांसुरी वादक।
वैणविन् (वि०) शिव, महादेव।
वैणिकः (पुं०) वीणा वादक।
वैतंसिकः (पुं०) मांस विक्रेता।
वैतण्डिकः (पुं०) वितण्डावादी। छिद्रान्वेषी।
वैतनिक (वि०) वेतन पाने वाला।
वैतनिकः (पुं०) श्रमिक, मजदूर।
वैतरणिः (स्त्री०) [वितरेण दानेन लंध्यते वितरण+अण्+ङीष्] नरक नदी।
वैतस् (वि०) वेंत से सम्बंधित।
० घुटने टेकने वाला।
वैताढ्यः (पुं०) वैताढ्य पर्वत। (वीरो० २/८)
वैतान (वि०) [वितान+अण्] यज्ञ सम्बंधी, पवित्र।
वैतानं (नपुं०) यज्ञकार्य। आहुति।
वैताली (स्त्री०) वैताली छन्द जिसके प्रथम एवं तृतीय चरण में चौदह मात्रा, द्वितीय, चतुर्थ में सोलह मात्राएं हो, पदान्त में रगण, लघु और गुरु का प्रयोग हो।
वैदः (नपुं०) [वेद+अण्] बुद्धिमान व्यक्ति।
वैदग्ध (वि०) विदग्धता, क्षीणता।
०बुद्धिमत्ता, कौशल, चतुराई। (जयो० ११/४०)
०निपुणता, स्फूर्ति, दक्षण, कुशलता।
वैदग्ध्य देखो ऊपर।
वैदर्भः (पुं०) विदर्भ का राजा।
* रचना शैली, ०दमयन्ती, ० रुक्मणी।
वैदर्भी (स्त्री०) एक काव्य रचना की शैली, वैदर्भी रीति।
वैदल (वि०) [विदलस्य विकारः, विदल+अण्] बेंत निर्मित, टहनियों से निर्मित।
वैदलः (पुं०) एक रोटी विशेष।
वैदली (स्त्री०) डलिया, टोकरी, बांस से बनी हुई टोकरी।
वैदिक (वि०) [वेदं वेत्त्यधीते वा ठञ् वेदेषु विहितः वेद+ठक्] वेद सम्बन्धी, ज्ञान सम्बंधी।
०वेदविहित, ०पवित्र। ०आर्ष। (जयो० २/४)
वैदिकः (वि०) ०आर्य, वेद ज्ञाता ब्राह्मण।
वैदिक (वि०) अनुभव करने वाला।
वैदिकजनः (पुं०) वेद ज्ञान के ज्ञाता लोग।
०वैदिक मान्यता वाले लोग। (वीरो० २२/१३)
वैदिकधर्मः (पुं०) वेद वेत्ताओं का धर्म। (वीरो० १५/५७)
वैदिकनियमः (पुं०) आर्षरीति। (जयो०वृ० २/४)
वैदिकसम्प्रदाय (पुं०) वैदिक मान्यता के सम्प्रदाय। (वीरो० २२/१६)
वैदिकसम्प्रदाय-मान्य (वि०) वैदिक सम्प्रदाय द्वारा मानी गई स्नान, आचमन आदि विधि। (वीरो० २२/१६)
वैदिकसम्प्रदायिन् (वि०) वैदिक मान्यता वाले।
अत्युद्धतत्त्वमित वैदिक सम्प्रदायी प्राप्तोऽभवत्
कुवलये वलयेऽभ्युपायी। (वीरो० २२/१४)
वैदुषी (स्त्री०) [विद्वस्+अण्+ङीप्] ज्ञान, अधिगम, बुद्धिमत्ता।
वैदूर्य (वि०) [विदूर+ष्यञ्] विदूर से उत्पन्न।
वैदूर्य (नपुं०) वैदूर्यमणि, नीलम।
वैदेशिक (वि०) दूसरे देश से सम्बन्ध रखने वाला, विदेशी, परदेशी।
वैदेशिकः (पुं०) [विदेश+ठञ्] विदेशी व्यक्ति, परदेशी जन।
वैदेश्य (वि०) [विदेश+ष्यञ्] विदेशीपन।
वैदेहः (पुं०) [विदेह+अण्] विदेह देश का राजा।
०व्यापारी, वैश्य।
वैदेहकः (पुं०) व्यापारी।
वैदेहिकः (पुं०) सौदागर।
वैद्य (वि०) [वेद्+यत्] वेद सम्बन्धी, ज्ञान जन्य, आध्यात्मिक।
०आयुर्वेद सम्बन्धी, आयुर्वेद विषयक।
वैद्यः (पुं०) [विद्या अस्ति, अस्य-विद्या+अण्] प्राणाचार्य

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जयो० ६/१०)

०चिकित्सक, निदानक, भैषजज्ञ। (जयो०वृ० ६/७५) (मुनि० ३१)

०विद्वान् पुरुष, बुद्धिमान व्यक्ति।

वैद्यकः (पुं०) [वैद्य+कन्] चिकित्सक, वैद्य।

वैद्यकं (नपुं०) चिकित्सा पद्धति, औषध विज्ञान।

वैद्युत (वि०) [विद्युत+अण्] बिजली से उत्पन्न।

वैद्युतवह्निः (स्त्री०) बिजली की अग्नि।

वैद्युताग्निः (स्त्री०) बिजली से उत्पन्न आग।

वैद्युतानलः (पुं०) बिजली से प्राप्त होने वाली ऊर्जा।

वैद्योपक्रमः (पुं०) प्राणाचार्य उपक्रम।

०रोगी। (जयो० ६/१०)

वैधः (पुं०) नीति, व्यवहार, लोकाचार। (जयो० ५/४७)

वैधर्म्यं (नपुं०) [विधर्म+ष्यञ्] ०भिन्नता, असमानता।

०वैपरीत्य।

०अवैधता।

०अनौचित्य।

०अन्याय।

०पाखण्ड।

वैधवेयः (पुं०) [विधवा+ढक्] विधवा का पुत्र।

वैधव्य (वि०) [विधवा+ष्यञ्] विधवापन, पति विहीनता युक्त।

वैधुर्यं (नपुं०) [विधुर+ष्यञ्] ०विक्षोभ, सिहरन, कंपकंपी।

०व्याकुलता, आकुलता।

०शोकावस्था।

वैधेय (वि०) [विधि+ढक्] ०मूर्ख, मूढ, जड़, बुद्धु।

०नियमानुकूल, विहित।

०प्रतिपादित, कथित।

वैधेयः (पुं०) मूढ।

वैनतेयः (पुं०) [विनता+ढक्] गरुड़ पक्षी। (जयो०वृ० १/४४)

वैनयिक (वि०) [विनय+ठक्] शिष्टता, "विनयेन चरन्तीति वैनयिका" सौजन्य, सदाचरण। विनय को स्वीकार करने वाले।

वैनयिकः (पुं०) सामरिक रथ, युद्ध रथ।

वैनयिकवादः (पुं०) विनय को स्वीकार करने वाले मिथ्यादृष्टि।

वैनायक (वि०) [विनायक+अण्] गणधर सम्बंधी, गणेश सम्बंधी।

वैनायिकः (पुं०) [विनायं खण्डनमधिकृत्य कृतो ग्रन्थः विनाय+ठक्] बौद्धमत का एक दार्शनिक सम्प्रदाय।

वैनाशिकः (पुं०) [विनाश+ठक्]०दास।

०मकड़ी।

०ज्योतिष।

०बौद्धसिद्धांत।

वैपरीत्य (वि०) ०विपरीतता, विरोधिता। (दयो० १२२)

* निर्लोमता (जयो०वृ० ११/१८)

०असंगति। (सम्य० ६)

०विपरीत वृत्ति।

वैफुल्यं (नपुं०) [विपुल ष्यञ्] ०विस्तार, विशालता।

०पुष्कलता, ०बहुलता, ०अधिकता।

वैपुल्यं (नपुं०) [विफल+ष्यञ्] निष्फलपना, निरर्थकता, विफलता। (समु० ६/६)

वैबोधिकः (पुं०) [विबोध+ठक्] चौकीदार, पहरेदार, जागृति एवं सजगता उत्पन्न करने वाला गश्ती।

वैभवं (नपुं०) [विभु+अण्] बड़प्पन, यश, महिमा।

०शक्ति, दल। (सम्य० ४१) 'दूरारूढचरित्रवैभवबलां चञ्चच्चिदर्चिर्मयीम्' (सम्य० ४१)

वैभाविकी (स्त्री०) वैभाविकी शक्ति, जीव द्रव्य और पुद्गल द्रव्य इन दोनों में एक वैभाविकी शक्ति होती है। दूसरे से मिलने पर उसके प्रभाव को स्वीकार करना और अपना प्रभाव उस पर दिखाना। (सम्य० २३)

एकोन्यतः सम्मिलतीति,
यावद्वैभाविकी शक्तिरुदेति तावत्।
तयोरथैकाकिताऽन्वये तु,
शक्तिः पुनः सा खलु मौनमेतुः।।
(सम्य० २९)

वैभ्राज्यं (नपुं०) [विभ्राज+अण्] स्वर्गीय उपवन, स्वर्गीय आराम। ०रमणीय बगीचा।

वैमत्यं (नपुं०) [विमत+ष्यञ्] ०मतभेद।

०विचारभेद।

०अनबन।

०अरुचि।

वैमनस्यं (नपुं०) [विमनस्+ष्यञ्] ०शोक, उदासी, मानसिक वेदना, बैचेनी।

वैमात्रः (पुं०) सौतेली मां का बेटा।

वैमानिक (वि०) [विमान+ठक्] विमान में आसीन।

वैमानिकः (पुं०) विमानवासी देव। 'विमानेषु भवा वैमानिकाः'

वैमुख्यं (नपुं०) [विमुख+ष्यञ्] ०विमुखता। ०मुंह मोड़ना,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पलायन, प्रत्यावर्तन। वैमुख्यमप्यस्त्वभिमानिनीनामस्तीह' (वीरो० ९/३९)
०अरुचि।
०जुगुप्सा।

वैमेय: (पुं०) [विमेय+अण्] विनिमय, बदला।

वैयग्रं (नपुं०) [व्यग्र+अण्] व्यग्रता, बैचेनी, आकुलता, व्याकुलता।
०तल्लीनता, अनन्यभक्ति।

वैयर्थ्य (नपुं०) [व्यर्थ+ष्यञ्] व्यर्थता, अनुत्पादकता। (वीरो० १३/१३) वैयर्थ्य मावेदयितुं स्वमेष समीपमेति स्म सुदद्धुदेश:। (वीरो० १३/१३)

वैयधिकरण्यं (नपुं०) [व्यधिकरण+ष्यञ्] भिन्न स्थानों में होने वाला भाव।

वैया (स्त्री०) सेवा। वैयावृत्ति। (सम्य० ९२)

वैयाकरणं (नपुं०) [व्याकरणमधीते वेत्ति वा अण्] व्याकरण विषयक, व्याकरण सम्बंधी। (जयो० १/३१)

वैयाकरणमति: (स्त्री०) व्याकरण सम्बंधी दृष्टि। (दयो० ४)

वैयाघ्र (वि०) [व्याघ्र+अञ्] चीते की तरह।

वैयात्यं (नपुं०) [वियात+ष्यञ्] साहस।
०निर्लज्जता।
०अविनय।

वैयावृत्ति: (स्त्री०) ०सेवा, ०स्रुसुसा। ०प्रीतिभाव पूर्वक धर्मात्मा की सेवा। गुणानुरागात्तु करोतु वैयावृत्तयप्रणीतिं रुचयेऽस्तु वैया' (सम्य० ९२)

वैयावृत्यकर (वि०) सेवा करने वाला। (जयो० २८/४१)

वैयावृत्तियक्रिया (स्त्री०) सेवा भाव। (वीरो० ३/६)

वैयावृत्यतप: (पुं०) वंन्दनादि रूप उपकार का भाव।

वैयावृत्त्ययोग: (पुं०) वैयावृत्त्य में लगना। 'व्यापृते यत्क्रियते तद्वैयावृत्त्यम्' तस्य योग:'।

वैयासिक: (पुं०) [व्यासस्य अपत्यं, व्यास इञ्] व्यास का पुत्र।

वैरं (नपुं०) [वीरस्य भाव:]०विरोध, शत्रुता, कलह, द्वेष। (समु० ४/११)
०मनमुटाव, ईर्ष्या।
०निन्दा, ग्लानि। (जयो० १/७३()
०द्रोह, वैमनस्य। (सुद० १/१६)
०घृणा, प्रतिहिंसा।
०पराक्रम।
०शूरवीरता, बहादुरी।

वैरकर (वि०) वैर विरोध करने वाला, शत्रु विरोध करने वाला। 'आत्मीयजन शत्रुत्व विधायक:' (जयोवृ० ९/८१) 'स्वजनेषु वैरं करोतीति स्वजनवैरकर'।

वैरकार: (पुं०) शत्रुता का भाव।
०प्रतिहिंसा।

वैरकृत् (पुं०) शत्रु, द्रोह।

वैरक्तं (नपुं०) [विरक्त+अण्]०इच्छा का अभाव, सांसारिक आसक्तियों के प्रति उदासीनता।

वैरगत (वि०) शत्रुता युक्त, विरोध को प्राप्त हुआ।

वैरजन्य (वि०) विरोध स्वरूप।

वैरङ्गिक: (पुं०) [विरङ्गं विरागं नित्यमर्हति ठक्] * विरागी।
०सन्यासी, ०सद्मार्गी।

वैरनिर्यातनं (नपुं०) ०प्रतिहिंसा, ०विरोध भाव।

वैरभाव: (पुं०) विरोध भाव।

वैररक्षणं (नपुं०) विरोध की रक्षा।

वैरल्यं (नपुं०) [विरल+ष्यञ्] न्यूनता, विरलता, ढीलापन।
०मृदुता।

वैरहरणमंत्र (नपुं०) शत्रुहरण मन्त्र। (जयो० १९/६३)

वैराग्यं (नपुं०) [विरागस्य भाव+-ष्यञ्] विरक्ति, विरागी की अवस्था।
० संसार-शरीर-भोगेषु निर्वेदलक्षणम्' 'भवांग-भोग विरतिर्वैराग्यम्'
०उदासीनता, अरुचि, असंतोष।
०रंज, शोक।

वैराग्यभर्तु: (पुं०) वैराग्य स्वामी। (मुनि० ५)

वैराट: (पुं०) इन्द्रगोप नामक क्रीड़ा।

वैरात्रिक (वि०) रात्रि के पश्चात्, आधी रात पश्चात् दो घड़ी बीतने क समय विरात्री, उसका काल वैरात्रिक।

वैरिन् (वि०) [वैर+इनि] विरोधी, शत्रुतापूर्ण।

वैरिन् (पुं०) शत्रु, नाशक। (जयो० वृ० ३/१०९) दुश्मन, प्रतिपक्षी। प्रताप, शत्रु (जयो०वृ० १/४०)

वैरिसंग्रह: (पुं०) शत्रुसमूह। (जयो० ३/६)

वैरिआननं (नपुं०) वैरिमुख।

वैरिमुखं देखो ऊपर।

वैरिनिवारक (वि०) विरोध शान्त करने वाला। (जयो०२०/१९)

वैरूप्यं (नपुं०) [विरूप+ष्यञ्] विरूपता, कुरूपता। ०रूपों की विभिन्नता।

वैरीश: (पुं०) अरिनृप, शुत्रराजा। (जयो०वृ० ३/२७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वैरोचनः (पुं०) विरोचन का पुत्र।

वैलक्षण्यं (नपुं०) [विलक्षस्य भावः ष्यञ्] आश्चर्य ०विपरीतता, विरोध, ०अन्तर, भेद।

वैलक्ष्य (वि०) [विलक्ष+ष्यञ्] उलझन, गड़बड़ी। ०विरूपता, (सुद० ७८) कृत्रिमता, ०लज्जा।

वैलोक्यं (नपुं०) [विलोम+ष्यञ्] विरोध, व्युत्क्रम, वैपरीत्य।

वैवधिकः (पुं०) [विवध+ठक्] फेरी वाला, आवाज लगाकर वस्तु बेचने वाला।

वैवर्ण्यं (नपुं०) [विवर्णस्य भाव-ष्यञ्] निष्प्रभता, विविधता। विभिन्नता, विरूपता। (सुद० ७९)

वैवस्वतः (पुं०) [विवस्वतोऽपत्यम्-अण्] अन्तक, यमराज। (जयो०वृ० २/१३४)

वैवस्वती (स्त्री०) [वैवस्वत+ङीप्] दक्षिण दिशा। ०यमुना नदी।

वैवाहिक (वि०) विवाह सम्बंधी।

वैवाहिकं (नपुं०) परिणय, शादी।

वैवाहिकः (पुं०) पुत्रवधु का श्वसुर, दामाद का श्वसुर।

वैशद्यं (नपुं०) [विशद+ष्यञ्] 'वैशद्यं कुद्धेः ज्ञानस्य। ०विशदता, स्वच्छता, निर्मलता। ०सफेदी। धवलता। ०शान्ति, स्थिरता।

वैशसं (नपुं०) [विशस्+अण्] ० वध, विनाश, हत्या। ०दु:ख, सन्ताप, कष्ट, पीड़ा। ०कठिनाई।

वैशस्त्रं (नपुं०) [विशस्त्र+अण्] ०असुरक्षा, ०शस्त्रविहीनता, राजकीय शासन।

वैशाखः (पुं०) [विशाख+अण्] चान्द्रवर्ष का दूसरा माह। ०वैशाखमास।

वैशाखं (नपुं०) एक बाण चलाते समय की स्थिति।

वैशाखस्थानं (नपुं०) एक आसन विशेष, जिसमें एड़ियों पर जोर दिया जाता है।

वैशाखी (स्त्री०) वैशाख मास की पूर्णिमा।

वैशिक (वि०) [विशैन जीवति-वेश+ठक्] वैश्याओं की कला।

वैशाली (स्त्री०) बिहार प्रान्त में स्थित एक नगर-जिसका शासक राजा चेट कथा। एक गणराज्य का नाम। 'वैशाल्या भूमिपालस्य चेटकस्य समन्वयः' (वीरो० १५/१९)

वैशिष्ट्य (वि०) [विशिष्ट+ष्यञ्] ०भेद, अन्तर, विशेषता। ०विशिष्टिता, प्रधानता, अनुकूलता। (मुनि० १४) ०श्रेष्ठता, अच्छाई।

वैशेषिकं (नपुं०) वैशेषिक दर्शन, जिसके प्रणेता कणाद ऋषि माने जाते हैं।

वैशेष्यं (नपुं०) [विशेष+ष्यञ्] विशेषता, श्रेष्ठता, प्रधानता, प्रमुखता।

वैश्यः (पुं०) खेतीहर एवं वाणिज्य कर्ता। (हित०) ०दूसरे के कार्यों में सहयोग करने वाले। ०वैश्यावाणिज्ययोगतः। (हरि०वृ० ९/३९) ०वणिजोऽर्थार्जनान्यात्। (महा०पु० ३८/४६)
प्रयोजनं परेषां तु, सम्पादितुमुद्यतान्।
जंघा वलेन तानुक्त्वा, वैश्या इत्येतदाख्यया।।
(हित०सं० ८)

वैश्यकर्मन् (नपुं०) वैश्य का कर्म, व्यवसाय, वाणिज्य करना।

वैश्यकुलावतंसः (पुं०) वैश्य कुल का आभूषण। (सुद०२/१)
अथोत्तमो वैश्यकुलावतंसः सदेकसंसत्सरसीसुहंसः।।
(सुद० २/१)

वैश्यजाति (स्त्री०) वैश्य सम्प्रदाय।

वैश्यत्व (वि०) वणिक्पना। सैवाऽऽगतोऽस्ति वणिजामहहाद्यहस्ते, वैश्यत्ववर्मव हृदयेन सरन्त्यदस्ते। (वीरो० २२/२६)

वैश्यवर्गः (पुं०) वैश्य समूह। (वीरो० २२/२६)

वैश्यवर्णः (पुं०) वैश्यजाति। (जयो०वृ० १८/५०)

वैश्यवृत्तिः (स्त्री०) वैश्य का व्यवसाय, वैश्य की आजीविका।

वैश्रवणः (पुं०) [विश्रवणस्यापत्यम्] कुबेर, धनपति। ०रावण।

वैश्यागारः (पुं०) आपणक, दुकान।

वैश्याधारः (पुं०) वैश्य का आधार।

वैश्व (वि०) वार्ताजीवि। (जयो०वृ० २/१११)

वैश्वानरः (पुं०) [विश्वानर+अण्] अग्नि, आग, बह्नि। (वीरो० १/७)

वैश्वासिक (वि०) [विश्वास+ठक्] विश्वसनीय, गोपनीय।

वैषम्यं (नपुं०) [विषम+ष्यञ्] असमता, कठोरता। ०अन्याय। ०विपत्ति। संकट। ०आपत्ति। ०कठिनाई।

वैषम्यमित (वि०) विषमता। (वीरो० ३/१३) ०कठोरता, कठिनाई। ०आपत्ति, संकट। कालेन वैषम्यमिते नृवर्गे क्रौर्यं पशूनामुपयाति सर्गे। (वीरो० ११/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वैषयिक (वि०) [विषय+ठक्] विषयों से सम्बन्ध रखने वाला।
वैषयिकः (पुं०) कामुक, वासनाजन्य व्यक्ति।
वैष्टृः (पुं०) [विश+ष्ट्रन्] ०अंतरिक्ष।
०वायु, पवन।
०लोक, विश्व।
वैष्णवः (पुं०) एक सम्प्रदाय, जो शिव या विष्णु का भक्त होता है।
वैसारिणः (पुं०) [विशेषेण सरति विसारी मत्स्यः स एवं-विसा+रिन्+अण्] ०मछली, मत्स्य।
वैहायस (वि०) [विहायस्+अण्] पवन, हवा।
वैहार्य (वि०) [विशेषेण ह्रियते-वि-हृ+ण्यत्+अण्] उपहास करने योग्य व्यक्ति। साला आदि।
वैहासिकः (पुं०) [विहासं करोति-विहास+ठक्] विदूषक।
०हंसोकड़ा, मजाकिया।
वोढृ (पुं०) कुली, भार वाहक।
०पति।
०नेता, नायक।
वोढा (स्त्री०) नव विवाहिता। वोढा नवोढामिव भूमिजातरछाया-मुपान्तान्त जहात्यथानः। (वीरो०)
वोढारः (पुं०) उद्यत, तैयार। (वीरो० १६/४)
वोद्धार (वि०) समझाया गया। (जयो० १६/६८)
वोंटः (पुं०) डंठल, वृन्त।
वोद्धुर (वि०) झुकने वाला। (जयो० २/१३८)
वोद (वि०) तर, गीला, आर्द्र।
वोरकः (पुं०) लेखक, लिपिकार।
वोलः (पुं०) [वुल्+अच्] गुग्गुल, रसगन्ध।
वोल्लाहः (पुं०) अश्व विशेष।
वौषट् (अव्य०) आहूति शब्द।
व्यंशाकः (पुं०) [विशिष्टः अंशो यस्य] पर्वत, पहाड़।
व्यंशुकः (वि०) [विगतं अंशुकं यस्य] ०वस्त्रहीन, निर्वस्त्र, नग्न।
व्यंसकः (पुं०) [वि+अंस्+ण्वुल्] ०धूर्त, ठग।
व्यंसनं (नपुं०) [वि+अंस्+ल्युट्] ठगना, धोखा देना।
व्यकसत् (भू०) विकास भाव को प्राप्त हुआ। (जयो० १/८४)
व्यक्त (भू०क०कृ०) [वि+अज्ज+क्त] ०कथित, प्रतिपादित, विवेचित। (सम्य० १३५)
०प्रकटीकृत, प्रदर्शित।
०विकसित, रचित।
०स्पष्ट, साफ, स्वच्छ, सरल।
०विशिष्ट, श्रेष्ठ, उत्तम।
०ख्यात, प्रसिद्ध।
व्यक्तं (अव्य०) स्पष्ट रूप से।
व्यक्तगेयं (नपुं०) अक्षर एवं स्वर की स्पष्टता।
व्यक्तमङ्गलं (नपुं०) अभिव्यक्त मंगल। (जयो० ३/८४)
व्यक्ताव्यक्तं (नपुं०) कथित-अकथित, निरूपित-अनिरूपित। (सम्य० १३५) 'व्यक्ताव्यक्तस्वभावेनेहापूर्वकमिष्टानिष्ट' (सम्य० १३५)
व्यक्ताश्रयः (पुं०) संभाषण युक्त। (मुनि० २)
व्यक्तेश्वरनिषिद्ध (वि०) एक उत्पादन दोष, आहार क्रिया में लगने वाला दोष।
०व्यक्त ईश्वर के द्वारा रोके गए आहार को ग्रहण करना।
व्यक्तिः (स्त्री०) [वि+अञ्ज+क्तिन्] ०अभिव्यक्ति, कथन, विवेचन।
०प्रकटीकरण।
०विशद प्रत्यक्षज्ञान।
०पुरुष।
व्यग्र (वि०) [विरुद्धं अगति-वि+अग्+रक्] व्याकुल, संवेग युक्त, दुःखित, पीड़ित।
०भयभीत, शंकित, आतङ्कित।
व्यग्रताविहीन (वि०) अनाकुल, आकुलता रहित। (जयो० २३/६)
व्यङ्ग (वि०) [विगतं वा अङ्ग यस्य] ०अपंग, अंगहीन।
०विरूप, अपाहिज।
०कटाक्ष, हंसी।
व्यङ्गः (पुं०) लुञ्जा।
०मेंढक।
व्यङ्गता (वि०) कटाक्षता, हंसी। (जयो०वृ० १२/२५) 'व्यङ्गतयाऽवदत्-यद् हे आर्ये यत्त्वोक्तं भोक्तमारभेथाः' (जयो०वृ० १२/१२५)
व्यङ्गुलं (नपुं०) अंगुल का ६०वां अंश। लम्बाई का अत्यंत छोटा माप।
व्यङ्ग्य (वि०) [वि+अञ्ज्+ण्यत्] ध्वनित, व्यञ्जना शक्ति द्वारा कथित। परोक्षसंकेत द्वारा सूचित।
व्यङ्ग्यं (नपुं०) उपलक्षित संकेत।
व्यच् (सक०) ठगना, धोखा देना।
व्यचलत् (भू०) विचलित हुआ। (सुद० १२३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्यच्छादि (वि०) आच्छादित। (जयो० १५/७३)

व्यज: (पुं०) [वि+अज्+घञ्] विजन, बीजना, पंखा।

व्यजनं (नपुं०) [वि+अज्+ल्युट्] ०पंखा, हवा करने का उपकरण।

व्यञ्जक (वि०) [वि+अञ्ज्+ण्वुल्] संकेतित, प्रकटित, ०स्पष्ट भाव को प्राप्त। उपलक्षित।

व्यञ्जक: (पुं०) नाटकीय भाव, हाव-भाव, हास-परिहास।
०संकेत।
०प्रतीक।

व्यञ्जनं (नपुं०) [वि+अञ्ज्+ल्युट्] व्यञ्जन अक्षर-कवर्ग से लेकर पवर्ग तक। स्वर रहित अक्षरों या अवयवों का वर्ग (जयो० ३/४९)
०संकेत, प्रकट करना।
०चिह्न, निशान, स्मृति चिह्न।
०छद्मवेश, परिधान।
०लिंगबोधक चिह्न।
०मिष्ठान्न। (जयो०वृ० ३/६०)
०खाद्य पदार्थ, विविध प्रकार के पकवान। (दयो० ९५, जयो०वृ० १२/१११) शाकादि पकवान।
०व्यञ्जनं वास्तुकोद्भूतलक्षणं तत्र सम्मतम्। (जयो०२८/३४)
०तालवृन्त, पंखा। (जयो०वृ० १२/२२)

व्यञ्जनचित्रं (नपुं०) एक अलंकार, जिसमें समस्त श्लोक की रचना में एक व्यञ्जन को चित्रित किया जाता है।

व्यञ्जनदलं (नपुं०) खाद्य समूह। (सुद० ७२)
०शब्द प्रकाशन।

व्यञ्जनवय: (पुं०) शब्द के भेद से वस्तु का ग्रहण, वस्तु भेद का अध्यवसाय।

व्यञ्जननिमित्तं (नपुं०) तिल, मशादि से सुख का कारण, चिह्न का हेतु। ०प्रतीति का कारण।

व्यञ्जनपर्याय: (पुं०) चक्षु से ग्रहण करने योग्य पर्याय, सामान्य ज्ञान का विषय।

व्यञ्जनशुद्धि (स्त्री०) व्यञ्जनाक्षर में शुद्धि।

व्यञ्जनसंक्रान्ति: (स्त्री०) श्रुतवचन का आलम्बन।

व्यञ्जनाचार: (पुं०) प्राप्त अर्थ का ग्रहण। 'व्यञ्जनमव्यक्तं शब्दादिजातम्' तस्यावग्रहो (जैन०ल० १०२६) 'पत्तत्थगहणं वंजणावग्गहो' (धव० १/३५५)

व्यञ्जित (भू०क०कृ०) [वि+अञ्ज्+क्त] ०ध्वनित, व्यक्त, प्रकट हुआ।
०साफ किया गया, संकेतित।
०चिह्नित, चित्रित, अभिव्यक्त।

व्यडम्बक: (पुं०) अरण्ड पेड़।

व्यतिकर: (पुं०) [वि+अति+कृ+अप्] संज्ञापरिवर्तन, अदला-बदली। (जयो० ११/५७)
०मिश्रण, इकट्ठा मिला देना।
०सम्मिलन, मिलाप, सम्पर्क।
०रगड़ना।
०घटना।
०सम्भूति।
०वृत्तान्त।
०अवसर।
०संकट।

व्यतिकीर्ण (भू०क०कृ०) [वि+अति+कृ+क्त] मिश्रित, मिला हुआ, संयुक्त।

व्यतिक्रम: (पुं०) [वि+अति+क्रम्+घञ्] ०अतिक्रमण, विचलन, उल्लंघन।
०भंग विनाश।
०अवहेलना, उपेक्षा, भूल।
०वैपरीत्य, उलट।
०विपर्यस्त।
०बीता हुआ, गुजरा हुआ।
०ग्रहण करने में दोष लगना, अतिचार आना। 'विशेषेण पद भेदकारणतोऽतिक्रमो व्यतिक्रम:' (जैन०ल० १०३७)

व्यतिक्रमणं (नपुं०) विषयोपकरण में प्रवृत्ति, उपेक्षा भाव की वृत्ति।

व्यतिक्रान्त (भू०क०कृ०) [वि+अति+क्रम+क्त] ०वियुक्त, भिन्न, पृथक्।
०अतिक्रमण, उल्लंघन।
०उपेक्षित, बीता हुआ।

व्यतिरिक्त (भू०क०कृ०) [वि+अति+रीच्+क्त] ०वियुक्त, भिन्न। (हित० १८)
०प्रत्याहृत, रोका हुआ।

व्यतिरेक: (पुं०) [वि+अति+रिच्+घञ्] ०भेद, अन्तर।
०वियोग।
०निष्कासन, अपवर्जन।
०वैषम्य।
०असमानता।
०अनन्वय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०एक अलंकार (जयो०वृ० १/३) जिसमें किसी विशेष दशाओं में उपमान की अपेक्षा उपमेय को श्रेष्ठतम बताया जाता है। (जयो०वृ० १/३) 'उपमानाद्यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः' (काव्य० १०) केनचिद्यत्र धर्मेण द्वयोः संसिद्धसाम्ययोः भवत्येकतराधिक्यं व्यतिरेकः स उच्यते।। (वाग्भटालंकार ४/८३) 'गुप्तिभागिह च कामवत्तुः न, पक्षपाति च शीतरश्मिवत्पुनः। (जयो० ३/१५)

०भिन्न संतान, जो विसदृशता रूप अवस्था है।

०कारण के अभाव में जो कार्य का भी अभाव है। (वीरो० १९/२०)

०अन्वय के साथ कार्य-कारण का भाव। (हित० सं०१६)

व्यतिरेकदृष्टान्तः (पुं०) साध्य के अभाव में साधन का अभाव जहां कहा जाता है। 'साध्याभावे साधनाभावो यत्र कथ्यते स व्यतिरेकदृष्टान्तः' (परीक्षा ३/४४)

व्यतिरेकिन् (वि०) [व्यतिरेक+इनि] ०आगे बढ़ जाने वाला, आगे निकल जाने वाला।

०अपवर्जन करने वाला।

०अभाव दर्शाने वाला।

व्यतिरेकोपमा (स्त्री०) व्यतिरेक अलंकार और उपमा। (जयो० ३/१५)

व्यतिषक्त (भू०क०कृ०) [वि+अति+शञ्ज्+क्त] पारस्परिक सम्बन्धयुक्त, आपस में मिला हुआ, संसक्त, मिश्रित।

व्यतिषंगः (पुं०) [वि+अति+शञ्ज्+घञ्] ०संयोग, मिलाप।

०पारस्परिक सम्बंध।

०अन्योन्य सम्बन्ध, एकनेकता।

व्यतिहारः (पुं०) [वि+अति+हृ+घञ्] ०विनिमय।

०लेन-देन।

०अदला-बदली।

व्यतीत (भू०क०क०) [वि+अति+इ+क्त] ०बीता हुआ हुआ।

०समाप्त। (समु० ४/१९)

०यापित। (जयो०वृ० १८/८२)

०विसर्जित, परित्यक्त, छोड़ा गया।

व्यतीति (वि०) व्यपगम। (जयो० १८/)

व्यतीत्य (वि०) हितकर। (जयो० १/६) (सुद० ११६)

व्यतीपातः (पुं०) [वि+अति+पत्+घञ्] ०अनादर, अपमान, तिरस्कार।

०पूर्ण प्रयाण, अति गतिशीलता।

०सम्पूर्ण विचलन।

व्यत्य (वि०) समाप्त। (सुद० १/४६)

व्यत्ययः (पुं०) [वि+अति+इ+अच्] ०पार करना।

०उस पार होना।

०अभिप्राय। (जयो० २२/५८)

०व्युत्क्रान्ति।

०अन्तः परिवर्तन, (जयो० ६/६९) रूपान्तरण।

०अवरोध, अड़चन।

०विरोध।

०विपर्यस्त, वैपरीत्य।

व्यत्यस्त (भू०क०कृ०) [वि+अति+अस्+क्त] व्युत्क्रान्त, विपर्यस्त।

०विपरीत, विरोधी।

०असंगत।

०विकीर्णगत।

व्यत्यासः (पुं०) [वि+अति+अस्+घञ्] ०विरोध, असंगत विपरीतता।

०व्युत्क्रान्त।

व्यथ् (अक०) व्यथित होना, व्याकुल होना।

०दु:खी होना, कष्ट होना।

०शोकाक्रान्त होना, अशान्त होना।

०खिन्न होना, म्लान होना।

०कांपना, भयभीत होना।

व्यथक (वि०) [व्यथ्+णिच्+ण्वुल्] ०दु:खद, कष्टकर, व्याकुलित।

व्यथनं (नपुं०) [व्यथ्+ल्युट्] सताना, पीड़ा देना।

व्यथा (स्त्री०) [व्यथ्+अङ्+टाप्] पीड़ा, कष्ट, वेदना। (जयो० २/४८)

०भय, चिंता, व्याकुलता।

०विक्षोभ, अशांति।

०रोग।

व्यथाकथा (स्त्री०) व्यर्थ कथा। व्यथाकथामेष कुतः प्रयातु। (वीरो० १२/३४)

व्यथाकर (वि०) व्यथां करोतीति व्यथाकरः, बाधाकारक। (जयो० २/२६)

व्यथित (भू०क०कृ०) [व्यथ्+क्त] ०पीड़ित, दु:खी, कष्ट युक्त। (जयो० १/८)

०आतङ्कित।

०विक्षुब्ध।

०अशान्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्यध् (सक०) बींधना, कष्ट पहुंचाना। ०प्रहार करना, मारना, घात करना।
०छिद्र करना, खोदना।
०गर्त बनाना।

व्यधः (पुं०) [व्यध्+अच्] बींधना, प्रहार करना, नष्ट करना, घात करना।
०घायल करना।
०छिद्र करना।

व्यधिकरणं (नपुं०) [वि+अधि+कृ+ल्युट्] भिन्न आधार, पृथक् आश्रय।

व्यध्यः (पुं०) [व्यध्+ण्यत्] निशाना, लक्ष्य।

व्यनक्तिः (स्त्री०) प्रकटीकरण। (जयो० ११/१३)

व्यनपायि (वि०) विच्छेदरहित, अखण्ड। (जयो० १३/२७)

व्युनुनादः (पुं०) प्रतिध्वनि, ऊँची गूंज।

व्यन्तरः (पुं०) [विशिष्टः अन्तरो यस्य] ०पिशाच, यक्ष। अनेक प्रकार के निवास युक्त देव। (भक्ति० ३५) 'विविधदेशान्तराणि येषां निवासास्ते व्यन्तरा।'' व्यन्तर जाति के देव। 'व्यन्तरा किन्नर किं पुरुष-महोरग-गन्धर्व' यक्ष-राक्षस-भूत-पिशाचा (त०सू० ४/११)
०चार निकायों के देवों में द्वितीय व्यन्तरदेव। (त०सू०पृ० ५६)

व्यन्तरी (स्त्री०) यक्षिणी। (सुद० १३३) देवी (सुद० ११६)

व्यप् (सक०) फेंकना।
०घटाना।
०दूर हटाना।
०अलग करना।

व्यपकृष्ट (भू०क०कृ०) [वि+अप्+कृष+क्त] ०हटाया हुआ, दूर किया हुआ।

व्यपगत (भू०क०कृ०) [वि+अप्+गम+क्त्] ०विसर्जित, *हटाया गया, दूर किया गया।
०अन्तर्हित।

व्यपगमः (पुं०) [वि+अप्+गम+अप्] विसर्जन, अन्तर्धान।

व्यपत्रय (वि०) [विगता अपत्रया यस्य] निर्लज्ज, ढीठ, लज्जा रहित।

व्यपदिष्ट (भू०क०कृ०) [वि+अप्+दिश्+क्त] नामांकित किया गया।
०प्रस्तुत किया गया।

व्यपदेशः (पुं०) [वि+अप्+दिश्+घञ्] व्याजता (वीरो० ६/३६)
०संदेश।
०छल (जयो० ५/४५) सूचना, निरूपण।
०नाम, अभिधान।
०उपाय, प्रयत्न।

व्यपदेष्टृ (पुं०) [वि+अप+दिश+तृच्] छलिया, ठग।

व्यपरोपणं (नपुं०) [वि+अप्+रुह्+णिच्+ल्युट्] ०उन्मूलन, उखाड़ना,
०हटाना, भगाना
०फाड़ना, काटना।

व्यपहारः (पुं०) आहार सम्बंधी दोष।

व्यपाक् (सक०) निकाल देना, बचाना। (मुनि० ६)

व्यपाकृतिः (स्त्री०) [वि+अप+अ+कृ क्तिन्] ०निष्कासन, दूरीकरण, निकाल देना।

व्यपायः (पुं०) [वि+अप+इ+घञ्] ०अन्त, समाप्ति, अभाव नाश, विनाश, क्षति।
०लोप।

व्यपायि (वि०) अपाययुक्त। (जयो०वृ० २/१३५)
०भयभीत। (जयो०वृ० २/१३५)

व्यपाश्रयः (पुं०) [वि+अप+आ+श्रि+अप्] ०शरण लेना, सहारा लेना, आश्रय लेना।
०विश्वास करना।

व्यपेक्षा (स्त्री०) [वि+अप्+ईक्ष्+अङ्+टाप्] ०आशा, इच्छा, वाञ्छा।
०विचार, व्यवहार, सम्बन्ध।

व्यपेत (भू०क०कृ०) [वि+अप्+इ+क्त] ०वियुक्त, रहित। (भक्ति० १६)
०विसर्जित, परित्यक्त।

व्यपोढ (भू०क०कृ०) [वि+अप्+वह्+क्त] ०विपरीत, विरोधी।
०प्रदर्शित, बतलाया।
०प्रकटीकृत।

व्यपोहः (पुं०) [वि+अप्+ऊह्+घञ्] ०दूर करना, अलग करना, निकालना।

व्यभिधरित (वि०) ०विलक्षण होता हुआ, ०समझा जाता, ०दिखाई पड़ता है। (हित० १८)

व्यभिचारः (पुं०) [वि+अभि+चर्+घञ्] ०कुकर्म, कुशील, कुसेवन।
०कुमार्गनुसरण, दुराचरण।
०दुःशीलाचरण। (जयो० १/४०)
०अतिक्रमण, उल्लंघन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०मारण कर्म। (जयो०वृ० १/४०)

०विच्छेद्यता, अनास्था, अविश्वास।

०अभक्ति, अशुद्धि, पाप।

०असंगति, अनियमितता, अपवाद।

०हेत्वाभास, साध्य के न होने पर भी हेतु की विद्यमानता। विलक्षणत्वादिव्यत्र, व्यभिचारः पुरादिना। (हित० १८)

व्यभिचारभृत (वि०) अनियमित्ता होना। पदत्वाद् ब्राह्मण पदमद्वैते व्यभिचारभृत्।

व्यभिचारलीन (वि०) व्यभिचार में तत्पर। (जयो० १/४०) (हित० सं० १८)

व्यभिचारिणी (स्त्री०) व्यभिचारिणी स्त्री, सतित्व विहीन स्त्री, पररमणरती स्त्री।

व्यभिचारिन् (वि०) [व्यभिचार+इनि] ०अनियमित, असंगत।

०असत्य, मिथ्या।

०दुःशीलाचरण। (जयो०वृ० १/४०)

०पथभ्रष्ट, भ्रान्त।

०श्रद्धाहीन, परस्त्रीगामी पुरुष।

व्यभिचारिभावः (पुं०) ०असंगत भाव, ०मिथ्याभाव, रस के विभाव, अनुभाव और व्यभिचारि भाव।

०नियमित रूप से किसी रस के साथ न रहने से व्यभिचारिभाव है। संचारी भाव का नाम व्यभिचारि भाव है।

व्यय् (सक०) जाना, पहुंचना। ०व्यय करना, प्रदान करना, अर्पण करना।

०फेंकना, डालना, छोड़ना।

०हांकना।

व्यय (वि०) [वि+इ+अच्] विनाश, लोप, हानि। (भक्ति०४)

०परिवर्तनशील, परिणमन युक्त।

०क्षय, ह्रास, अधःपतन।

०सर्च, परिव्यय, विनियोग। (जयो० २/११३)

०अपव्यय। 'पूर्व भावविगमो व्ययनं व्ययः'

०पूर्व पर्याय का विनाश।

व्ययनं (नपुं०) [व्यय्+ल्युट्] खर्च करना, विनाश करना, हानि करना।

व्ययस्थान (नपुं०) नाशस्वरूप, राहुग्रहनाश रूप। (जयो० १५/६९)

व्ययार्थ (वि०) [व्यगतोऽर्थो यस्य तद् व्ययार्थम्] अन्यथा बात, निष्प्रयोजन। (जयो० १२/१४६)

०विनाशनार्थ, खर्च हेतु।

व्ययित (भू०क०कृ०) [व्यय्+क्तु] व्यय किया गया, खर्च किया गया, क्षय ग्रस्त।

०हानियुक्त, विनाश युक्त।

व्ययिनी (वि०) हानिकर्त्री। (जयो० १५/३७)

व्ययीकरणं (नपुं०) विनाश रूप। (जयो०वृ० ९/१)

व्यर्थ (वि०) [विगतोऽर्थो यस्मात्] निरर्थक, विफल, अर्थ हीन, निष्प्रयोजन (जयो० २/७१) प्रयोजन रहित। व्यर्थमेव गुरुताप्रकाशिनः कं श्रयन्तु किल शर्मनाशिनः (जयो० २/७१)

व्यर्थता (वि०) निष्प्रयोजनता, निरर्थकता। (हित० १५)

गोत्ववत् सदृशाकारं, विप्रत्वमिति चोदितम्।

तथा प्रतीत्यभावेन, व्यर्थतामेव गच्छति।। (हित० १५)

व्यर्थीकृत (वि०) बेकार किया हुआ, निरर्थक हुआ, निष्प्रयोजन को प्राप्त हुआ। (वीरो० १४/३३)

व्यलीक (वि०) [विशेषेण अलति-वि+अल्+कीकन्] ०मिथ्या, झूठ, असत्य।

०कुत्सित, असुखद, अनभिमत।

व्यलीकं (नपुं०) अप्रिय, दुःखद।

०पीड़ा शोक, दुःख, संताप।

०व्याकुलता।

०झूठ, असत्य।

व्यलीकिन् (वि०) असत्य बोलने वाला, झूठ बोलने वाला।

व्यलीकिनोऽप्रत्ययसम्विधाऽतः प्रोत्पादयेस्तं न कदापि मातः।

व्यलोक (वि०) देखा गया। (दयो० ५६) (समु० १/९)

व्यलोपिन् (वि०) हरण करने वाला, लोपमि। (जयो० १/६२)

'लुप्तप्राया जातेत्यर्थः' (जयो० ३/३२)

व्यवकलनं (नपुं०) [वि+अव+कल+ल्युट्] वियोग, विछोह, घटाना, एक राशि से दूसरी राशि को कम करना।

व्यवक्रोशनं (नपुं०) [वि+अव+क्रुश+ल्युट्] ०तू तू मैं मैं करना, गाली-गलौच करना।

०व्यर्थ में विवाद करना।

व्यवच्छिन्न (भू०क०कृ०) [वि+अव+छिद+क्त] ०वियुक्त, विभक्त, विभाजित।

०अंकित, चिह्नित।

०अवरुद्ध, बाधित।

०काट डाला गया, फाड़ा गया।

व्यवच्छेदः (पुं०) [वि+अव+छिद्+घञ्] ०विभाजन, वियोजन, विनाश, घात।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०विभेदक, भिन्न भिन्न करना।

०वैषम्य, विपरीतता।

०ग्रन्थ का परिच्छेद, अनुभाग।

व्यवधा (स्त्री०) [वि+अव+धा+अङ्+टाप्] ०परदा, व्यवधान, रोक, आवरण।

व्यवधानं (नपुं०) रोक, आवरण, परदा। (जयो० १७/२५)

०अवरोध, हस्त:क्षेप, वियोग।

०छिपाना, अन्तर्धान, व्यंशन।

०अवकाश, अन्तराल।

व्यवधायक (वि०) [वि+अव+धा+ण्वुल्] ०आवरण, रोक, ढकना।

०अवरोध, अन्तर्धान।

व्यवधि: (स्त्री०) [वि+अव+धा+कि] ०आवरण, हस्तक्षेप, गतिरोध।

व्यवसाय: (पुं०) [वि+अव+सो+घञ्] ०प्रयत्न, व्यापार, चेष्टा।

०उद्योग, वाणिज्य, व्यवहार।

०अवाय, अनुष्ठेय के अनुष्ठान में उत्साह रखना।

०कृत्य, कर्म, क्रिया। (जयो०वृ० ३/१७)

०नौकरी, धन्धा, प्रवृत्ति।

व्यवसायगत (वि०) प्रयत्नशील।

व्यवसायघोष: (पुं०) वाणिज्य संघ।

व्यवसायचेष्टा (स्त्री०) उद्योग की चेष्टा। (समु० १/३१)

व्यवसायजन्य (वि०) व्यवहार युक्त।

व्यवसायहीन (वि०) प्रयत्न रहित, उद्योग से विमुख। (समु० १/३३)

व्यवसायिन् (वि०) [व्यवसाय+इनि] ०उद्योगी, परिश्रमी, ऊर्जाशील।

०चेष्टायुक्त, प्रयत्नशील।

०दृढ़ संकल्पी, धैर्यगत।

व्यवसित (भू०क०कृ०) [वि+अव+सो+क्त] संकल्पित, धैर्ययुक्त, प्रयत्नशील, उद्यमवान्।

०निश्चित, निर्धारित, आयोजित।

०प्रयास किया गया।

व्यवस्था (स्त्री०) [वि+अव+स्था+अङ्+टाप्] ०स्थिरता, निश्चितता।

०दृढ़ता, धैर्यता।

०विभाग, विभाजन। (वीरो० १८/१३)

०क्रम स्थापन।

०नियम पद्धति। (सम्य० १२५)

०सहमति, स्वीकृति।

०अवस्था, दशा। वीक्ष्येदृशीमङ्गभृतामवस्थां तेषां महात्मा कृतवान् व्यवस्थाम्। (वीरो० १८/१३) विभज्य तान् क्षत्रिय-वैश्य-शूद्रभेदेन मेधा-सरितां समुद्र:।। (वीरो० १८/१३)

व्यवस्थापनं (नपुं०) [वि+अव+स्था+ल्युट्] ०क्रमबन्धन, समाधान, निर्धारण।

०नियम, विधान, निश्चय।

०स्थिरता।

०दृढ़ता, धैर्य।

०वियोग।

व्यवस्थापक (वि०) [वि+अव+स्था+णिच्+ण्वुल्]०व्यवस्था करने वाला, प्रबन्धक।

०संयमक।

व्यवस्थापनं (नपुं०) [वि+अव+स्था+णिच्+ल्युट्] ०निर्धारण, निश्चयकरण। (जयो०वृ० २/२)

०स्थिर करना, दृढ़ करना, नियमित करना।

व्यवस्थापित (भू०क०कृ०) [वि+अव+स्था+णिच्+क्त]

०क्रमबद्ध, निश्चित।

०अवस्थित, दृढ़ता युक्त।

व्यवस्थित (भू०क०कृ०) [वि+अव+स्था+क्त] ०निश्चित, अवस्थित, स्थिर।

०निर्धारित, नियमित।

०अवलम्बित, आधारित।

०वियुक्त, क्रम युक्त किया गया।

व्यवस्थिति (स्त्री०) स्थिरता। (जयो० २/२)

व्यवहर्तृ (पुं०) [वि+अव+हृ+तृच्] ०प्रबन्धकर्ता, व्यवस्थापक।

०न्यायधीश।

०नियमन कर्ता, निर्धारण करने वाला व्यक्ति।

व्यवहृ (अक०) घूमना, चलना, परिभ्रमण करना। (समु०२/२०) व्यवहारन-संचरन् (जयो०वृ० २/१८)

व्यवहार: (पुं०) [वि+अव+हृ+घञ्] ०वृत्ति, प्रवृत्ति।

०व्यवसाय। (जयो०वृ० १३/९)

०आचरण, क्रिया, कर्म। (सम्य० १२६) 'विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहार:' (जैन०ल० १०३९)

०रीति, पद्धति, नियम।

०प्रचलन, प्रथा, प्रशासन।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०विशेष का कथन करने वाला, विकल्प प्रतिपादक।
सद्वृत्तिरूपं चरणं श्रुतं च तथैव नाम व्यवहारमंचत्।
(सम्य० १२८)
०वस्तु विवेचन/स्वरूप विवेचन की पद्धति-
श्रद्धानाधिगमोपेक्षाः याः पुनः स्युः परात्मनाम्।
सम्यक्त्वज्ञानवृत्तात्मा, स मार्गो व्यवहारतः।। (सम्य० ८३)

व्यवहारज्ञ (वि०) व्यवसाय को समझने वाला, विशेष भेदादि का ज्ञायक।

व्यवहारतन्त्रं (नपुं०) आचरणक्रम।

व्यवहारतन्तुः (पुं०) मोक्षमार्ग, व्यवहार से सम्बन्धित मोक्षमार्ग। (सम्य० १२६)

व्यवहार दर्शनं (नपुं०) आचरण प्रधान दर्शन।
०व्यवहार से श्रद्धाभाव।

व्यवहारध्यानं (नपुं०) जिस ध्यान में आत्मा के अति अन्य का आवलम्बन होना।

व्यवहारनयं (नपुं०) सामान्य के अभाव के लिए सब द्रव्यों में जो प्रवृत्त होता है।
०संग्रहनय ने द्वारा ग्रहण किये गए पदार्थों का भेद व्यवहार-नय है।

व्यवहारपदं (नपुं०) व्यवहार का विषय।

व्यवहारपरमाणु (पुं०) आठ सन्ना सन्न द्रव्यों का एक व्यवहार परमाणु होता है।

व्यवहारपल्यं (नपुं०) एक प्रमाण विशेष, प्रमाणांगुल से निष्पन्न योजन प्रमाण चौड़े, लम्बे और गहरे तीन गढ्डे करें। उसमें वालाग्र से भरना व्यवहारपल्य है।

व्यवहारमातृका (स्त्री०) कानूनी प्रक्रिया।

व्यवहारविधिः (स्त्री०) विधि संहिता, कानून नियम।

व्यवहारविषयः (पुं०) कानून योग्य विषय।

व्यवहारसत्यं (नपुं०) लोक व्यवहार से सम्मत सत्य, जैसे-रोटी पकाओ।

व्यवहार सूर्यः (पुं०) सौभाग्यसूर्य।

व्यवहारहिंसा (स्त्री०) शस्त्रादि से हिंसा।

व्यवहारिन् (वि०) व्यवहार अनुष्ठान में प्रवृत्त।

व्यवहित (वि०) अन्तर्हित हेतु विषयक कथन, अलग-अलग रखना हुआ, बाधित, रोका गया।

व्यवहृतिः (स्त्री०) व्यवहार। (जयो० २/५) अभ्यास, प्रक्रिया।

व्यवहारिका (स्त्री०) प्रथा, पद्धति, रीति।

व्यवायः (पुं०) [अव+अय्+अच्] ०सम्भोग, मैथुन, सुरत। व्यवसायः सुरतेऽन्तर्द्धौ'इति विश्वलोचनः। (जयो०वृ० २७/१२)
०विश्लेषण, पृथक्करण, वियोजन।
०विघटन।
०आवरण, आच्छन्न, आवृत्त।
०हस्तक्षेप, अंतराल, व्यवधान।

व्यवायं (नपुं०) आभा, कान्ति, दीप्ति।

व्यवायिन् (पुं०) [व्यवाय+इनि] ०कामुक व्यक्ति, भोगाकांक्षी पुरुष।
०कामोद्दीपक।

व्यवेत (भू०क०कृ०) [वि+अव+इ+क्त] वियोजित, विश्लिष्ट।
०पृथक् भिन्न।

व्यशेषन् (भू०) भरा हुआ। (जयो० १/२६)

व्यष्टि (स्त्री०) एकाकीपन, वैयक्तिकता।
०वितरण शील विस्तार।

व्यसनं (नपुं०) [वि+अस्+ल्युट्] ०बुरी आदत, बुरी लत।
०अनुपसेव्य का सेवन, अभक्ष का भक्षण, अखाद्य का उपयोग।
०अपेय का पीना।
क्षौद्रं किलाक्षुद्रमना मनुष्यः किमु सञ्चरेत्।
भङ्गातमाखुसुलफादिषु व्यसनितां हरेत्।। (सुद० १३०)
अभ्यास-खङ्गस्तस्य व्यसनमभ्यासस्तस्य आपद्विपत्तिर्यस्य (जयो०वृ० १/७५)
०पाप। (जयो०वृ० १/१०९)
०विपत्स्थान, कष्टमयस्थान। (जाये०६/४९)
०कल्याणमार्ग को भ्रष्ट करने वाला, श्रेयस्कर मार्ग घातक।
०विपत्ति, आधि, रोग, कष्ट।
०अनिष्ट, संकट, अभाग्य।
०पतन, पराजय, दोष, विविध कष्ट। (जयो०वृ० २/१२५)
०हानि, विनाश, क्षति, आघात।
०जुटना, संलग्न होना।
०हवा, वायु, पवन।

व्यसनगत (वि०) व्यसन को प्राप्त हुआ।

व्यसनभाव (पुं०) दोष भाव।

व्यसनसङ्कुलः (वि०) व्यसन समूह युक्त, विविध कष्टों से घिरा हुआ। 'व्यसनैर्विविधकष्टैः संकुला व्याप्ता भवेदिति' (जयो०वृ० २/१२५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्यूत-मांस-मदिरा-पराङ्गनापण्यदार-मृगयाचुराश्च ना।
नास्तिकत्वमपि संहरेत्तरामन्यथा व्यसनसङ्कुला धरा।।
(जयो० २/१२५)

व्यसनिन् (वि०) [व्यसन+इनि] दुव्यसनी। (दयो० ४१)०अभागा, भाग्यहीन, दुश्चरित्र शील।

व्यसु (वि०) [विगता: असव: प्राणा: यस्य] मृतक, निर्जीव, अचेतन।

व्यस्त (भू०क०कृ०) [वि+अस्+क्त]०वियुक्त, विभक्त।
०विक्षुब्ध, कष्टमय, अव्यवस्थित।
०क्रमहीन, क्रमरहित, विश्रृंखिल।
०विक्षिप्त, डाला हुआ, फेंका गया।
०बिखेरा हुआ, हटाया हुआ।

व्यस्तार: (पुं०) गंडस्थल से मद झरना।

व्याकरणं (नपुं०) [व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दा: येन-वि+आ+कृ+ल्युट्] विग्रह, विश्लेषण।
०एक ग्रन्थ, जिसमें संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, कृदन्त, तद्धित, समास, सन्धि आदि का स्पष्टीकरण होता है। (जयो०वृ० १५/३५) (जयो०वृ० १/९५) 'धातुतो भू प्रभृतेरग्रे पुरतो विधिर्विधानं प्रत्ययादिप्रदानलक्षणं येन स:। गुणश्च वृद्धिश्च गुणवृद्धी व्याकरणशास्त्रोक्ते संज्ञे तद्वान्, पुनस्तद्धितं संज्ञात: संज्ञान्तरकरणार्थं प्रत्ययविधानम्। (जयो०वृ० १/९५)

व्याकरणाज्ञानं (नपुं०) शब्द प्रक्रिया का बोध। (जयो०वृ०१/९५)

व्याकरणशास्त्रं (नपुं०) व्याकरण ग्रन्थ। (जयो०वृ० ५/४२)

व्याकार: (पुं०) [वि+आ+कृ+घञ्] ०रूपान्तरण, रूपपरिवर्तन।
०विरूपता, विवर्णता।

व्याकीर्ण (भू०क०कृ०) [वि+आ+कृ+क्त] बिखेरा हुआ, फैला हुआ, विस्तृत किया हुआ।
०अस्तव्यस्त किया।
०यत्र तत्र विक्षिप्त।

व्याकुल (वि०) [विशेषेण आकुल:] ०आकुल, खेदयुक्त, विक्षुब्ध।
०उत्कल। (जयो०वृ० २१/९)
०घबराया हुआ, दु:खी, पीड़ित।
०किंकर्त्तव्य विमूढ़, शोकाकुल। (जयो० १२/१२९)
०आतंकित, उद्विग्न, भयभीत, भयाक्रान्त।
०संलग्न, तत्पर, व्यस्त।

व्याकुलित (वि०) [वि+आ+कुल+क्त] ०आतंकित, उद्विग्न, शोकग्रस्त।
०भयभीत, घबराया हुआ।

व्याकुलीभूत (वि०) घबराया हुआ। (जयो०वृ० १/५९)

व्याकूति: (स्त्री०) धोखा, छल, छद्मवेश।

व्याकृ (सक०) बिगाड़ना, विकृत करना, रूप परिवर्तन करना। स्पष्ट करना। (जयो०वृ० २/४३)
०स्पष्ट करना, व्याख्या करना।

व्याकृत (भू०क०कृ०) [वि+आ+कृ+क्त] ०विश्लिष्ट, व्याकृष्ट।
०व्याख्यात, कथित, निरूपित।
०स्पष्ट किया गया, समझाया गया।
०विकृत, बिगाड़ा गया, विरूपित।

व्याकृति: (स्त्री०) व्याकरण शास्त्र। व्याकृतिं व्याकरणं (जयो०वृ० २/५५) 'व्याकृतेर्व्याकरणस्य सत्क्रिया प्रतिभाति' (जयो०वृ० १५/३५)

व्याक्रोश (वि०) [वि+आ+क्रुश्+अच्] ०पुष्पित, प्रफुल्लित, खिला हुआ।
०मुकुलित, विकसित।
०विकास युक्त।

व्याक्षेप: (पुं०) [वि+आ+क्षिप्+घञ्] ०उछालना, ऊपर फेंकना, इधर-उधर विकीर्ण करना।
०अवरोध, गतिरोध, रुकावट।
०विलम्ब, उलझन।

व्याख्या (स्त्री०) [वि+आ+ख्या+अङ्+टाप्] ०स्फुटिक्रिया प्राप्त टीका। (जयो० ३/३६)
०स्पष्टीकर, व्याख्या, वृत्ति, टीका, विवरण, टिप्पण, भाष्य।
०वृतान्त, वर्णन।

व्याख्यात (वि०) [वि+आ+ख्या+क्त] ०कथित, निरूपित, प्ररूपित।
०वर्णित, विवेचित।
०स्पष्टीकरण युक्त, विवृत, भाष्य युक्त।

व्याख्यानं (नपुं०) [वि+आ+ख्या+ल्युट्] ०भाषण, प्रवचन, उपदेश। (जयो०वृ० १/५५)
०सूचना, वर्णन, कथन।
०स्पष्टीकरण, विवृति, अर्थ निरूपण।

व्याख्याकरणं (नपुं०) विवरण, विवेचन। (जयो०वृ० ५/९५)

व्याख्याप्रज्ञप्ति (स्त्री०) एक आगम, जिसमें आठ हजार प्रश्नों का निरूपण है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्याख्याय (सक०) व्याख्यान करना, उपदेश करना। (भक्ति० ३२)

व्याघट्टनं (नपुं०) [वि+आ+घट्+ल्युट्] ०मथना, रगड़ना। ०बिलोना, मंथन क्रिया। ०घर्षण करना, माजना।

व्याघात: (पुं०) [वि+आ+हन्+क्त] प्रहार, विघ्न, बाधा, विघात, रुकावट। ०वचन अवरोध, आघात।

व्याघ्र: (पुं०) [व्याजिघ्रति-वि+आ+घ्रा+क] ०बाघ, चीता। ०मुख्य, प्रधान, प्रमुख।

व्याघ्रनायक: (पुं०) गीदड़।

व्याघ्रि (स्त्री०) मादा चीता, बाघिन। (दयो० २०) अनेन चिन्तातुरमानसा तु सा, विपद्य च व्याघ्रि अभूदहो रुषा। (समु० ४/८)

व्याघ्री (स्त्री०) चीता, बाघिन।

व्याच्छन्न (वि०) कृशीकरण, तंग, क्षीणता युक्त। (जयो०वृ० १३/६७)

व्याज: (पुं०) [व्यजति यथार्थव्यवहारात् अपगच्छति अनेन-वि+अज्+घञ्] ०धोखा, छल, जालसाजी। छद्मभाव। (जयो० ७/४) ०बहाना, व्यपदेश, आभास। ०कूटयुक्ति, कूटवचन। ०छल। (जयो०वृ० १/३३)

व्याजनिन्दा (स्त्री०) छल पूर्वक निन्दा।

व्याजस्तुति: (स्त्री०) एक अलंकार जिसमें किसी कारण के स्पष्ट फल का जानते हुए भी कोई अन्य कारण प्रतिपादित किया जाए, जहां वास्तविक भावना को कोई दूसरा कारण बताकर छिपा लिया जाता है।
त्रिवर्गसम्पत्तिमतोऽत्र मन्तुमदक्षराणां कलना: क्व सन्तु।
न वेति वार्थान्निधयो भवन्तु तस्येतिवार्तास्तु लयं व्रजन्तु।। (जयो० १/३९)

व्याड: (पुं०) [वि+आ+अड्+अच्] मांस भक्षी जानवर। ०गुण्डा, बदमाश।

व्याडि (पुं०) एक वैयाकरण।

व्यात्त (भू०क०कृ०) [वि+आ+दा+क] ०विस्तृत, विस्तीर्ण, फैला हुआ।
०फुलाया गया।

व्यात्युक्षी (स्त्री०) [वि+आ+अति+उक्ष्+णिच्+अज्+ङीष्] जलक्रीड़ा, जलविहार।

व्यादानं (नपुं०) [वि+आ+दा+ल्युट्] ०उद्घाटन, खोलना।

व्यादिश: (पुं०) [विशेषणे आदिशति स्वे स्वे कर्मणि नियोजयति वि+आ+दिश्+क] विष्णु, हरि।

व्याध: (पुं०) [व्यध्+ण] शिकारी, वहेलिया। (समु० ४/३८)

व्याधकुलज (वि०) शिकारी के कुल में उत्पन्न हुआ। (जयो०वृ० २/१३०)

व्याधभीत (वि०) शिकारी से डरा हुआ।

व्याधभीत: (पुं०) हरिण, मृग।

व्याधि: (स्त्री०) [वि+आ+धा+कि] ०रोग, शारीरीक अवस्था, रुजा। शारीरिक रोग (जयो० २६/१०१) ०दु:ख, आतंक, शोक, चिन्ता।

व्याधिकर (वि०) अस्वास्थ्यकर, रोगजनक।

व्याधिगत (वि०) रोग ग्रस्त।

व्याधिजात (वि०) आतंक को प्राप्त हुआ।

व्याधित (वि०) [व्याधि: सञ्जातोऽस्य] रोगाक्रान्त, दु:खी। बीमार। (दयो० ४८)

व्याधिप्रतीकारक (वि०) आयुर्वेदविज्ञान विज्ञ। चिकित्सक, वैद्य। (जयो०वृ० १/७६) आयुर्वेदी स एवात्मन: परस्य च व्याधिप्रतीकारक:।

व्याधूत (भू०क०कृ०) [वि+आ+धू+क्त] कांपता हुआ, घबराता हुआ, डरता हुआ।

व्यान: (पुं०) [व्यानिति सर्वशरीरं व्याप्नोति] [वि+आ+अच्+अच्] प्राण तत्त्व की व्यापकता। ०जो वायु समस्त शरीर को व्याप्त करती है।

व्यानतं (नपुं०) [वि+आ+नम्+क्त] रतिबन्ध, मैथुन पद्धति।

व्याप् (सक०) [वि+अच्] विस्तृत होना, फैलना। (दयो०३६)

व्यापकं (वि०) [विशेषेण आप्नोति-वि+आप्+ण्वुल्] विस्तृत, विस्तीर्ण। ०फैला हुआ, प्रसारित। ०बहुमुखी।

व्यापक: (पुं०) अन्तर्हित गुण, सहवर्ती गुण।

व्यापत्ति: (स्त्री०) [वि+आ+पद्+क्तिन्] ०आपत्ति, संकट, दुर्भाग्य। ०मरण, मृत्यु, हनन।

व्यापद् (स्त्री०) [वि+आ+पद्+क्विप्] संकट, कष्ट, दुष्ट। ०दुर्भाग्य। ०रोग, विश्रृंखलता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०चित्त विक्षेप।
०मृत्यु, मरण, निधन।

व्यापाद्यमान (वि०) मरण को प्राप्त। (जयो०२३/५५)

व्यापन्नं (नपुं०) विनाश, हानि, नाश, क्षय, क्षति।
०फैलना, सर्वत्र फेलना।

व्यापन्न (भू०क०कृ०) [वि+आ+पद्+क्त] क्षत किया गया, मारा गया। (दयो० ८६)
०खिन्न, खेद, दु:ख। (जयो०वृ० ३/१९०)
०विस्तृत, फैला हुआ, (जयो०वृ० ३/८४) व्यापक। (हित० ४७)

व्यापार: (पुं०) [वि+आ+पृ+घञ्] व्यवसाय, धन्धा, व्यवहार।
* आरम्भ (जयो०१/१०) 'ग्रन्थारम्भसमये परिग्रह-व्यापाररूपे'
०चेष्टा, प्रयत्न, उद्योग, कार्य शैली। 'मनोवचनकाव्य-व्यारकरणम्' (सम्य० १३५)
०नियोजन, संलग्नता, तत्परता, उद्यमशीलता।
०वाणिज्य, काम, कृत्य, प्रभाव।

व्यापारकार्यार्थ (वि०) व्यवसाय कार्य के लिए। (समु०१/३२)

व्यापारकृ (वि०) भाग लेना, प्रभाव डालना।

व्यापारगत (वि०) प्रयत्नशील, उद्यमशील।

व्यापाजन्य (वि०) चेष्टा युक्त।

व्यापारधर्मन् (पुं०) व्यवहार धर्म।

व्यापारधर्मिन् (पुं०) व्यवसाय धर्म करने वाला।

व्यापारमन्त्रं (नपुं०) उद्योग क्रिया।

व्यापारवन्त (वि०) उद्यमशीलता। (जयो० १२/१३३)

व्यापारित (भू०क०कृ०) [वि+आ+दृ+णिच्+क्त] नियोजित, चेष्टा युक्त, कार्य में लगाया हुआ।
०स्थापित, नियुक्त।
०रक्खा हुआ।
०निश्चित।

व्यापारिन् (पुं०) [व्यापार+इनि] व्यवसायी, व्यापारी, विक्रेता।

व्यापार्थ (वि०) व्यर्थ व्यय करने के लिए। (वीरो० १९/४२)

व्यापिन् (वि०) [वि+आप्+णिनि] ०व्याप्त होने वाला, सर्वव्यापक। (वीरो० १९/३२)
०अधिकार करने वाला।

व्यापृत (भू०क०कृ०) [वि+आप्+क्त] व्यस्त, नियोजित।
०स्थापित, स्थिर किया हुआ।

व्यापृत: (पुं०) कर्मचारी, सचिव, मन्त्री।

व्यापृति: (स्त्री०) [व्यापृ+क्तिन्] व्यवसाय, व्यापार।
०कार्य, कर्म।
०चेष्टा, प्रयत्न।
०उद्यम, उद्योग।

व्याप्त (भू०क०कृ०) [वि+आप्+क्त] ०व्यापक, फैला हुआ, विस्तृत। (सुद० १/३०)
०परिपूर्ण, भरा हुआ।
०स्थापित, जमाया हुआ।
०प्राप्त किया हुआ।
०अधिकृत।
०सम्मिलित।
०प्रसिद्ध, विख्यात, ख्यात, तान्त। (जयो०वृ० १२/७९)
०कीर्ण। (मुनि० २९)
०प्रसरित। (जयो०वृ० १/२३)

व्याप्तता (वि०) व्यापकता। (जयो०वृ० १/२३)

व्याप्ति: (स्त्री०) [वि+आप्+क्तिन्] ०प्रसार, फैलाव, विस्तार।
०सार्वजनिक नियम, विश्वव्यापकता।
०पूर्णता।
०प्राप्ति।
०साध्य और साधन में अविनाभाव होना। व्याप्तिर्हि साध्य-साधनयोरविनाभाव:। (जैन०ल० १४४)

व्याप्तिकर्त्री (वि०) आप्तकर्त्री, व्यापकता प्रकट करने वाला। (जयो०वृ० १६/४९)

व्याप्तिज्ञानं (नपुं०) साध्य-साधन का ज्ञान, किसी एक पदार्थ में दूसरे पदार्थ का पूर्ण रूप से मिला होने का ज्ञान। साहचर्य नियम का बोध-यत्र यत्र धूम: तत्र अग्निरिति साहचर्य नियमो व्याप्ति:।

व्याप्तिदोष: (पुं०) साध्य-साधक में दोष। (हित० १७)

व्याप्तिमती (वि०) सर्वत्र गमनशील। (जयो०वृ० १३/५४)

व्याप्य (वि०) [वि+आप्+ण्यत्] व्यापकता युक्त, पूर्णता युक्त।
०भरे जाने योग्य।

व्याप्यं (नपुं०) अनुमान प्रक्रिया का चिह्न। (हेतु, साधन)

व्याप्यत्व (वि०) नित्यता।

व्याम: (पुं०) एक माप विशेष।

व्यामनं (नपुं०) माप विशेष।

व्यामिश्र (वि०) [वि+आ+मिश्र+अच्] मिश्रित, मिला हुआ।
०एकमेक किया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्यायोडित (वि०) मोड़ा गया, विवलित (जयो०वृ० १८/८५)

व्यामोहः (पुं०) [वि+आ+मुह्+घञ्] ०व्याकुलता, आकुलता, परेशानी।

०उन्माद, प्रणयमद।

व्यायत (भू०क०कृ०) [वि+आ+यम्+क्त] विस्तृत, विस्तीर्ण, लम्बा, फैला।

०अधिकृत, दृढ़, गहन।

०व्यापक, अत्यधिक।

०गहरा, शक्तिपूर्ण, बलिष्ठ।

व्यायतत्त्वं (नपुं०) [व्यायत+त्व] पुट्ठों का पुष्ट होना, फैलना।

व्यायामः (पुं०) [वि+आ+यम्+घञ्] ०फैलाना, विस्तार करना।

०कसरत, श्रम, थकान, उद्यम, प्रयत्न।

०चेष्टा, संघर्ष। शरीरयासजननी क्रिया व्यायामः। (जैन०ल० १०४४)

०अभ्यास, मल्यादिकला शिक्षा।

व्यायामभूमिः (स्त्री०) अखाड़ा। (जयो०वृ० २५/७४)

व्यायामिक (वि०) [व्यायाम+ठक्] शारीरिक श्रम सम्बंधी कार्य, मल्यविद्या विषयक सीख सीखने वाला।

व्यायोगः (पुं०) [वि+आ+युज्+घञ्] नाट्यसाहित्य की एक पद्धति।

व्याल (वि०) [वि+आ+अल्+अच्] दुष्ट, व्यसनी।

०अधम, नीच।

०क्रूर, पापी।

व्यालः (पुं०) सप्र, सांप। (जयो० १०१) बाघ, चीता।

०ठग, छली।

व्यालग्राहिन् (पुं०) सपेरा।

व्यालनखः (पुं०) एक जड़ी बूटी।

व्यालमृगः (पुं०) शिकारी, जंगली जानवर।

व्यालम्बः (पुं०) एरंड पादप।

व्यालोल (वि०) [वि+आ+लोड्+अच्] कंपनशील, अव्यवस्थित, अस्त व्यस्त।

व्यावकलनं (नपुं०) [वि+आ+अव्+कल्+ल्युट्] घटना, कम करना।

व्यावक्रोशी (वि०) [वि+आ+अव्+क्रुश्+णिच्+अञ्+ङीप्] दुर्वचन कहना, कुवचन बोलना।

व्यावर्तः (पुं०) [वि+आ+वृत्+घञ्] ०घेरना, लपेटना,

०क्रान्ति।

०परिभ्रमण।

०चक्कर लगाना।

व्यावर्तक (वि०) [वि+आ+वृत्+णिच्+ण्वुल्] ०लपेटने वाला, घेरने वाला।

०अपवर्जन करने वाला, वियुक्त करने वाला।

०मुड़ने वाला।

व्यावर्तनं (नपुं०) [वि+आ+वृत्+ल्युट्] घेरना, लपेटना।

०घूमना, मुड़ना।

०पट्टी, गोल लपेट।

व्यावर्ण्य (वि०) निवेद्य। (जयो० २३/८३)

व्यावल्गित (भू०क०कृ०) [वि+आ+वल्ग्+क्त] ०द्रवित, विक्षुब्ध, पसीजा हुआ।

व्यावहारिक (वि०) [व्यवहार+ठक्] प्रयोगात्मक, व्यवहार नय सम्बंधी। (जयो०वृ० २/३)

०कानूनी, वैध।

०प्रथागत, प्रचलित।

०भ्रमात्मक।

व्यावहारिकः (पुं०) मन्त्री, परामर्शदाता।

व्यावहारी (वि०) व्यवसायी, व्यापारी।

व्यावहासी (वि०) [वि+आ+अव्+हस्+णिच्+अञ्+ङीप्] पारस्परिक अवज्ञा।

व्यावृत्तिः (स्त्री०) [वि+आ+वृत्+क्तिन्] ०आवरण, परदा, डालना।

०निकाल देना, निष्कासन।

व्यावृत्त (भू०क०कृ०) [वि+आ+वृत्+क्त] हटाया गया, अलग किया गया।

०वियुक्त किया गया।

०निकाला हुआ।

०लपेटा हुआ, घिरा हुआ।

०रुका हुआ।

०उपरत।

व्यासः (पुं०) [वि+अस्+घञ्] वितरण, विभाजन, विश्लेषण।

०पृथकता, अलगाव।

०प्रसार, फैलाव। (वीरो० ८/२०)

०वृत्त का व्यास, फैलाव, विस्तार। (जयो० १/६१)

०व्यवस्था, सँकलन।

०व्यवस्थापक।

०व्यास ऋषि।

व्यासक्त (भू०क०कृ०) [वि+आ+सञ्ज+क्त] ०संयुक्त, जुटा

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हुआ, लगा हुआ, व्यस्त।
०नियुक्त, अलग किया हुआ।

व्यासङ्गः (पुं०) [वि+आ+सञ्ज्+घञ्]
०प्रसंग। (दयो० ६५)
०ध्यान।
०भक्ति।
०एकाग्रता, संयोग, तल्लीनता।

व्यासर्षिन् (पुं०) व्यास ऋर्षि। पाण्डवों के दादा।
व्यासर्षिणाथो भविता पुनस्ताः,
प्रयत्नतः सङ्कलिताः समस्ताः।
यथोचितं पल्लविताश्च तेन,
सङ्कल्पने बुद्धिविशारदेन॥
(वीरो० १८/५४)

व्यासिद्ध (भू०क०कृ०) [वि+आ+विध्+क्त] ०निषेधित।
०प्रतिषिद्ध, वर्जित।

व्यासोपसंगृहीत (वि०) वेद व्यास जी द्वारा संकलित। (वीरो० ८/२०)

व्याहत (भू०क०कृ०) [वि+हन्आ+हन्+क्त] अवरुद्ध, रोका हुआ।
०हटाया हुआ, पीछे किया हुआ।
०विफल किया हुआ।
०निराश।
०व्याकुल, घबड़ाया हुआ, आतंकित।

व्याहरणं (नपुं०) [वि+आ+हृ+ल्युट्] बोलना, उच्चारना करना।
प्ररूपण, कथन, प्रतिपादन, निरूपण।
०वर्णन, व्याख्यान।

व्याहारः (पुं०) [वि+आ+हृ+घञ्]०कथन, प्रवचन, व्याख्यान।
०भाषण, उपदेश।
०स्वर, ध्वनि, गूंज।

व्याहृत (भू०क०कृ०) [वि+आ+हृ+क्त] कहा हुआ, बोला हुआ, उच्चारण किया हुआ, कथित। (जयो०वृ० २/३७)
प्रतिपादित, निरूपित।

व्याहृति (स्त्री०) [वि+आ+हृ+क्तिन्] उच्चारण, कथन, विवेचन।

व्युच्छित्तिः (स्त्री०) [वि+उत्+छिद्+क्तिन्] ०उन्मूलन, विनाश।
०पृथक् करण, विभाजन।

व्युत्क्रमः (पुं०) [वि+उत्+क्रम्+घञ्] अतिक्रमण, विचलन, उल्लंघन।
०वैपरीत्य, उलटाक्रम।
०अव्यवस्था।

व्युत्क्रान्त (भू०क०कृ०) [वि+उत्+क्रम्+क्त]
०अतिक्रान्त, उलंघित।
०विसर्जित।
०परित्यक्त, छोड़ा गया।
०बिदा किया गया।

व्युत्थानं (नपुं०) [वि+उत्+स्था+ल्युट्] महान् क्रिया कलाप, रुकावट।
०स्वतंत्र कर्म।

व्युत्थित (वि०) आनन्दित, हर्षित। (जयो० २३/१५)

व्युत्पत्तिः (स्त्री०) [वि+उत्+पद्+क्तिन्] ०मूल उत्पत्ति, मूल कथन।
०विवेचन, व्युत्पादन, पूर्ण विवरण। (दयो० १/९)
०पूर्ण जानकारी, शब्द संज्ञा, क्रियादि की विवेचना पूर्वक ज्ञान।

व्युत्पन्न (भू०क०कृ०) [वि+उत्+पद्+क्त] ०विद्वान्, ज्ञानी, प्रज्ञ। (सुद० ४/३८) प्रवीण।
०निरुक्त, निर्वचन द्वारा प्रतिपादित।
०व्याकरण के नियम द्वारा निष्पन्न।
०पूरा किया गया, सम्पन्न किया गया।

व्युत्त (भू०क०कृ०) [वि+उन्द्+क्त] क्लिन्न, आर्द्र, भिगोया हुआ।

व्युत्सर्गः (पुं०) छोड़ना, त्यागना, ममत्व त्याग, व्युत्सर्ग समिति।

व्युदस्त (भू०क०कृ०) [वि+उद्+अस्+क्त] अस्वीकृत, तिरस्कृत, दूर किया हुआ।

व्युदासः (पुं०) [वि+उद्+अच्+घञ्] अस्वीकृत, निष्कृति।
०निकाला गया।
०उपेक्षा, उदासीनता।
०घात, विनाश, क्षति।

व्युपदेशः (पुं०) [वि+उप+दिश्+घञ्] ब्याज, बहाना।

व्युपरत (वि०) निवर्तित, रहित।

व्युपरतः (पुं०) क्रिया निवर्ति ध्यान का भेद। (भक्ति० ३३)

व्युपरतक्रियावृत्तिः (स्त्री०) क्रिया से रहित ध्यान, चौथा शुक्लध्यान। 'विशेषेणापरता निवृत्ता क्रिया यत्र तद्, व्युपरतक्रियां च तद्निवृत्ति चानिवर्तकं च तद्व्युपरतक्रिया-निवृत्तिसंज्ञं चतुर्थं शुक्लध्यानम्। (जैन०ल० १०/४६)

व्युपरमः (पुं०) [वि+उप+रम्+अप्] यति, समाप्ति, पूर्णता, विराम।

व्युपशमः (पुं०) [वि+उप+शम्+अच्] ०अशान्ति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०अभाव, विराम।
०अलगाव।
व्युष्ट (भू०क०कृ०) [वि+उष्+क्त] प्रज्ज्वलित किया हुआ, उज्ज्वल किया हुआ।
०प्रभात, पौफटी।
व्युष्टं (नपुं०) पौ फटना, प्रभात।
व्युष्टिः (स्त्री०) [वि+वस्+क्तिन्] ०प्रभात, प्रातःकाल, पौ फटना।
०समृद्धि, प्रशंसा।
०फल परिणाम।
व्यूढ (भू०क०कृ०) [वि+वह्+क्त] ०विशाल, विस्तृत, व्यापक।
०फुलाया हुआ, विकसित।
* व्यवस्थित, क्रमहीन।
व्यूत (वि०) [वि+वे+क्ता] अन्तर्बलित, सीया हुआ।
व्यूतिः (स्त्री०) [वि+वे+क्तिन्] बुनाई, सिलाई।
व्यूहः (पुं०) [वि+ऊह्+घञ्] ०सैनिक रचना, सैन्य प्रक्रिया।
०शत्रु को घेरने की पद्धति।
०सेना, समूह, दल।
०समवाय, समुच्चय, संग्रह, समुदाय।
०शोध।
०भाग, अंश, उपशीर्ष।
०संरचना, निर्माण।
०तर्कना, तर्क।
व्यूहनं (नपुं०) [वि+ऊह्+ल्युट्] सेना को व्यवस्थित करना, सेना को क्रमबद्ध करना।
व्यृद्धिः (स्त्री०) [विगता ऋद्धि] समृद्धि का अभाव।
व्ये (सक०) ढकना, सिलना, सिलाई करना।
व्योकारः (पुं०) [व्ये+मनिन्] आकाश, अंतरिक्ष, गगन, नभ (जयो० ३/१११)
०जल।
०सूर्यमन्दिर।
०अभ्रक।
व्योमकेशः (पुं०) शिव, महादेव।
व्योमकेशिन् (पुं०) शिव।
व्योमचारिन् (पुं०) पक्षी, खग।
०तारा, नक्षत्र।
व्योमतलं (नपुं०) आकाश भाग। (वीरो० २१/७)
व्योमधूमः (पुं०) मेघ, बादल।
व्योमनाशिका (स्त्री०) बटेर, लवा।
व्योमभंजरं (नपुं०) ध्वजा, पताका।
व्योममण्डलं (नपुं०) ध्वजा, पताका।
व्योममुद्गरः (पुं०) पवन का वेग, वायु प्रवाह।
व्योमयानं (नपुं०) ०विमान, ०आकाशयान, ०हवाई जहाज ०वायुयान। (समु० ४/३६) (जयो० १०/८६)
व्योमसद् (पुं०) देव, सुर, गन्धर्व,
०भूतप्रेत, पिशाच, राक्षस।
व्योमसर्सिणी (वि०) आकाश व्यापिनी। (जयो० ३/५७)
व्योमस्थली (वि०) गगनचुम्बी, आकाश को छू जाने वाली।
व्रज् (सक०) जाना, चलना, प्रगति करना। (सुद० २/२४)
०पधारना, पहुंचना। व्रजिष्यासि (दयो०६०२, जयो०१/३९)
०आना-'अपि निर्भयमास्थिताः कथं व्रजतीतः खलु वाजिनां व्रजः। (जयो० १३/१४) व्रजः समूहो व्रजति
०अनुगमन करना-विपदि वज्रायते सत्वाद् (सुद० १२४)
व्रजः (पुं०) समूह, समुच्चय, समुदाय। (जयो० ५/८, जयो० १३/१४) वज्रः समूहो व्रजति (जयो०वृ० १३/१४)
०चरगाह स्थान, गौशाला, गोष्ठ।
०आवास, आरामगृह, विश्रामालय।
०पथ, मार्ग, रास्ता, सड़क।
०मथुरा के समीपस्थ स्थान।
व्रजनं (नपुं०) [व्रज्+ल्युट्] घूमना, विचरण करना, हिंडन, भ्रमण, परिभ्रमण।
०फिरना, टहलना।
०निर्वासन, देश निकाला।
व्रज्या (स्त्री०) [व्रज्+क्यप्+टाप्] ०प्रव्रजित होकर घूमना।
०प्रस्थान, गमन।
०आक्रमण।
०समुदाय, ओघ, सम्प्रदाय।
०रंगभूमि, नाट्यशाला।
व्रण् (अक०) ध्वनि करना, शब्द करना।
०चोट पहुंचाना, घायल करना।
व्रणः (पुं०) [व्रण+अच्] दाग, चिह्न, कलंक। (जयो० १५/५६)
०घाव, चोट। (मुनि० ३१)
०व्रणसद्भाव। (जयो० ११/६३)
०फोड़ा, नासूर।
व्रणकृत् (वि०) घाव करने वाला।
व्रणकृत् (पुं०) एक वृक्ष विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्रणविरोपण (वि०) घाव भरने वाला।
व्रणशोधनं (नपुं०) फोड़ा साफ करना, पट्टी बांधना।
व्रणहः (पुं०) एरंड पादप।
व्रणारिः (स्त्री०) एक गन्ध विशेष।
व्रणित (वि०) [व्रण्+इतच्] घायल।
व्रणित्व (वि०) घाव युक्त, चोट ग्रस्त। (जयो०वृ० २०/७०)
व्रतः (पुं०) प्रतिज्ञा, नियम, साधना।
व्रतं (नपुं०) ०संकल्प, दृढ़ता, निश्चय। (जयो० २८/१०७)
०संस्कार, अनुष्ठान, अभ्यास।
०आचरण, चर्या।
०कर्म, कार्य। ०प्रतिज्ञा, नियम, साधना।
०कर्त्तव्य।
०हिंसादि से विरत होना।
०संकल्पर्वूक नियम का सेवन। (सम्य० ८४)
०सार्वसावद्ययोग की निवृत्ति।
०सर्वसंग/परिग्रह का त्याग। (सम्य० ९८)
व्रतकारिन् (वि०) आचरण करने वाला।
व्रतगत (वि०) अभ्यास को प्राप्त हुआ।
व्रतग्रहणं (नपुं०) नियम लेना, संकल्प करना।
व्रतचर्य (वि०) ०प्रतिज्ञाशील, ०अहिंसादि व्रतों का आचरण करने वाला।
व्रतचर्या (स्त्री०) नियम आचरण, साधना में तत्पर।
व्रतजन्य (वि०) अनुष्ठान युक्त।
व्रतति (स्त्री०) लता, बेल।
व्रतधारणं (नपुं०) कर्त्तव्य पालन। (सुद० ९६)
व्रतधारिन् (वि०) व्रत को धारण करने वाला।
व्रतपरिरक्षणं (नपुं०) व्रत निर्वाह। व्रतपरिरक्षणमेव चात्मपरिक्षण-मतस्तदेव सम्भालनीयमितियतो (दयो० १६)
व्रतपारणा (स्त्री०) व्रत-उपवास विधि की समाप्ति, व्रत खोलना, व्रत समाप्त करना।
व्रतपूर्वक (वि०) नियम सहित। तदुत्तमं यदव्रतपूर्वकं स ययौ नन्दतटाकहंसः। (दयो० ४३)
व्रतभङ्गः (पुं०) नियम भङ्ग, व्रत में अतिचार, व्रत में दोष, व्रत में शिथिलता, शिथलाचार।
०प्रतिज्ञा तोड़ना।
व्रतभिक्षा (स्त्री०) व्रत की याचना।
व्रतलोपनं (नपुं०) प्रतिज्ञा तोड़ना।
व्रतवैकल्पं (नपुं०) व्रत में अतिचार लगना, व्रतभङ्ग होना, व्रत पूर्ण न होना।
व्रतसंयुज (वि०) व्रत/नियम में लगा हुआ, व्रताधीन। (सुद०९५)
व्रताचरणं (नपुं०) व्रत पालन।
व्रताचारः (पुं०) व्रताचरण, व्रत की प्रतिज्ञा का निर्वाह। (वीरो० ८/३८)
व्रतादेशः (पुं०) व्रत धारण, व्रत का संस्कार।
व्रताश्रिति (स्त्री०) त्यागगत। (जयो० १/८१)
व्रतित्व (वि०) व्रत वाला, नियम युक्त। (हित० १२)
व्रतिन् (वि०) [व्रत्+इनि] व्रत पालक। व्रताभिसम्बन्धिनो व्रतिमः। नियमधारी, दृढ़संकल्पी। (मुनि० ६) निशल्योव्रती (त०सू०७/१८)
अन्तो भोगभुगुपरि तु योगो
बकवृत्तिर्वृतिनो नियता।
(सुद० १०५)
व्रतिनी (स्त्री०) विधवा स्त्री, पतिविहीन स्त्री।
नयनोत्पलवासिजलैः,
प्रपां ददात्यरिवधूर्व्रतिनी। (जयो० ६/८६)
०नियमवती, सती। (जयो०वृ० ६/८६)
व्रश्च् (सक०) काटना, फाड़ना, चीरना।
०घायल करना।
व्रश्चनं (नपुं०) [व्रश्च्+ल्युट्] छोटी आरी, कररेंत, ०करोंत।
व्राजिः (स्त्री०) [व्रज्+इञ्] पवन प्रवाह। झंझावात, हवा का झौंका।
व्रातः (पुं०) [वृ+अतच्] समूह, शोध। (जयो०)
० समुदाय, समुच्चय।
व्रातं (नपुं०) शारीरिक श्रम।
व्रातीन (वि०) [व्रातेम जीवति-व्रात+न] बेलदार, दैनिक मजदूरी वाला।
व्रात्यः (पुं०) [व्रातात्, समूहात् च्यवतियत्] अधम व्यक्ति।
व्री (सक०) छांटना, चुनना, चयन करना।
व्रीड् (अक०) लज्जित होना, शर्मिन्दा होना। ०फेंकना, डालना।
व्रीडा (स्त्री०) [व्रीड्+भ+टाप्] ०लज्जा, (दयो० ५४)
०विनयशीलता, नम्रता।
व्रीडित (भू०क०कृ०) [व्रीड्+क्त] लज्जाशील, लज्जित किया गया।
व्रीस् (सक०) क्षति पहुंचाना, घात करना, हनन करना।
व्रीहिः (स्त्री०) [व्री+हि] धान्य, चावल। (जयो० ३/८)
व्रीहि-अगारं (नपुं०) धान्यागार, धान्य का कोठार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्रीहिकाञ्चनं (नपुं०) मसूर की दाल।

व्रीहिराजिकं (नपुं०) चना।

व्रुड् (सक०) ढकना, आच्छादित करना।

०डूबना, संचय करना।

व्ली (सक०) जाना, पहुंचना।

व्लेक्ष् (सक०) देखना।

श

शः (पुं०) यह उष्म ध्वनि है, इसका उच्चारण स्थान तालु है, इसलिए इसे तालव्यी 'श' कहते हैं।

शः (पुं०) शिव, महादेव।

०शस्त्र।

०काटने वाला, कतरने वाला विनाशक।

शं (नपुं०) आनन्द, हर्ष, कल्याण, मंगल। 'शं हिंसामटतीति शाटी वधकर्त्री' (जयो०वृ० ३/३९)

'शमानन्दमटतीति शाटी शर्मसम्पन्नेत्यर्थः' (जयो०वृ०३/३९)

०शस्य, प्रशंसनीय। (नास्ति दया तव शस्य) (सुद० ९४)

०सुख स्थान। (जयो०१२/१०८)

०शान्ति। (जयो०वृ० ३/८७) 'शं शान्तिं पातीति शम्पा' (जयो०वृ० ३/८७)

०सुख, शान्ति (जयो० १५/४१) (जयो० १८/४८)

शंयु (वि०) [शं शुभं अस्त्यस्य-शम्+युस्] प्रसन्न, समृद्ध, सुख, आनन्द।

शंवः (पुं०) [शम्+व] आनन्द, कल्याण, प्रसन्न, हर्ष।

०इन्द्र वज्र।

शंस् (सक०) प्रशंसा करना, स्तुति करना।

०कहना, बोलना, अभिव्यक्ति करना।

०संकेत करना, जताना।

०प्रशंसा करना। (जयो० २/१५८)

०क्षति पहुंचाना, चोट करना।

०विवरण देना, वर्णन करना।

०अनुमोदन करना, सराहना करना।

शंस (वि०) श्रद्धायुक्त। (जयो० २/१०६)

शंसनं (नपुं०) [शंस+ल्युट्] प्रशंसा करना, कथन, निरूपण, प्रतिपादन।

०पाठ करना।

शंसा (स्त्री०) श्लाघा, प्रशंसा। (समु० १/४)

०अभिलाषा, इच्छा, आशा, चाह।

०दोहराना, वर्णन करना, विवेचन करना।

शंसित (भू०क०कृ०) [शंस्+क्त] ०श्लाघित, प्रशंसित।

०अभिलषित, इच्छित, वाञ्छित।

०कथित, प्रतिपादित, विवेचित।

०निश्चित, निर्धारित, निरूपित, स्थापित, नियुक्त।

०बोला गया, कहा गया।

०उक्त, घोषित।

शंसिन् (वि०) [शंस्+इनि] ०श्लाघा करने वाला, प्रशंसा करने वाला।

०घोषित, निरूपित, प्रतिपादित।

०कथित, भाषित।

०संकेतित, सूचित करने वाला।

शक् (अक०) सक्षम होना, समर्थ होना, योग्य होना, सम्भव होना। शक्यते (जयो० २/५८) शक्नोति (सुद० ९४)

०सहन करना, सहना, अमल करना।

शकः (पुं०) [शक्+अच्] एक राजा।

०शक संवत्।

शकटः (पुं०) गाड़ी, छकड़ा, भारी बोझ ले जाने में समर्थ। (जयो०वृ० १३/३४)

शकटः (पुं०) सैनिक व्यूह, सैन्य रचना।

०एक तौल विशेष। ०एक राक्षस।

शकटकर्मन् (पुं०) गाड़ी चलाकर जीविका चलाना।

शकटाङ्गं (नपुं०) चक्रवाक पक्षी। (जयो० १०/८)

शकटजीविका (स्त्री०) गाड़ी बनाकर जीविका चलाना।

शकटिका (स्त्री०) [शकट+ङीष्+कन्+टाप्] छोटी गाड़ी, बाल गाड़ी, मृच्छकटिका, मिट्टी की गाड़ी।

शकटी (स्त्री०) गाड़ी। (जयो०वृ० ११/९०)

शकन् (नपुं०) मल, विष्ठा, गोबर।

शकनार्थनामधर

शकनाभिमान (वि०) शक्ति का अभिमान करने वाला, सामर्थ्य का अहंकारी। (जयो०वृ० २४/८६)

तत्याज शक्रः शकनाभिमानं

पुनीत यावत्तव कीर्तिगानम्। (जयो० २४/८६)

शकनस्याभिमानं शक्रोऽपि

शकनार्थनामधरोऽपि' (जयो०वृ० २४/८६)

शकलः (पुं०) [शक्+कलक्] भाग, अंश, खण्ड। (जयो० ६/२५)

०हिस्सा, टुकड़ा। ०परत, छिलका।

शकलित (वि०) [शकल+इतच्] खण्ड-खण्ड किया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शकलिन् (वि०) [शकल+इनि] मछली।

शकार: (पुं०) एक आदिवासी जाति।

०शूद्रक द्वारा रचित मृच्छकटिकम। नाटक का पात्र।

शकुन: (पुं०) [शकु+उनन्] पक्षी, गिद्ध, चील, बाज़।

शकुनं (नपुं०) सगुन, शुभ-अशुभ संकेत, चिह्न, शंका युक्त कारण। (समु० ३/१६)

शकुनज्ञ (वि०) सगुन जानने वाला, शकुन विशेषज्ञ।

शकुनज्ञानं (नपुं०) भवितव्यता का बोध, भविष्य ज्ञान, दृश्यगत वस्तु से भविष्य का आंकलन।

शकुनशास्त्रं (नपुं०) शुभाशुभ शकुन का विवेचन करने वाला शास्त्र। (वीरो० १५/६)

शकुनि: (पुं०) धृतराष्ट्र की पत्नि गान्धारी का भ्राता। दुर्योधन का मामा।

शकुनि: (स्त्री०) पक्षी।

शकुनिप्रण (स्त्री०) पक्षियों की प्याऊ।

शकुनिवाद: (पुं०) पक्षी कलरव, खग गुंजन।

शकुनिशास्त्र (नपुं०) पक्षी शास्त्र। (वीरो० १५/६)

शकुनि समूह: (पुं०) पक्षी समूह, खगकुल। (जयो०वृ० १/८७)

शकुनी (स्त्री०) गैरेया, एक पक्षी विशेष।

शकुन्त: (पुं०) पक्षी। नीलकण्ठ।

शकुन्तक: (पुं०) [शकुन्त+कन्+घञ्] पक्षी।

शकुन्तगण: (पुं०) पक्षी समूह। (जयो० १८/३) सूक्तिं प्रकुर्वति शकुन्तगणेऽर्हतीव' (जयो० ७८/३)

शकुन्तला (स्त्री०) दुष्यंत भार्या। [शकुन्तै: लायते-ला घञर्थे क+टाप्]

शकुन्ति: (स्त्री०) [शक्+उन्नि] पक्षी।

शकुन्तिका (स्त्री०) [शक्+उन्ति+कन्+टाप्] पक्षी, ट्ड्डिडी, झींगुर।

शकुल: (पुं०) [शक्र+उलच्] मछली विशेष।

शकुलादनी (स्त्री०) एक जड़ी-बूटी, कटकी, कुटकी।

शकुलार्भक: (पुं०) मत्स्यडिम्भ, मछली का बच्चा। (जयो० ६/६७)

शकृत् (नपुं०) [शक्+ऋतन्] गोमय, गोबर। (जयो० २/८७) ०मल, विष्ठा।

शकृत्करिन् (पुं०) वत्स, बछड़ा।

शकृत्करी (पुं०) वत्स, बछड़ा। शकृत्करिस्तु वत्स: स्यात् इत्यमरकोषे (जयो० २५/६८)

शकृतद्वारं (नपुं०) मलद्वार, गुदा।

शकृतपिण्ड: (पुं०) गोबर का गोला।

शक्कर: (पुं०) बैल, सांड।

शक्करी (स्त्री०) [शक्कर+ङीष्] नदी।

०करधनी, कंदौरा, मेखला।

शक्त (भू०क०कृ०) [शक्+क्त] ०सक्षम, योग्य, सामर्थ।

* दृढ़, ताकतवर, समृद्धशाली।

०सार्थक, अभिव्यञ्जक।

०चतुर, प्रवीण, कुशल।

शक्ति: (स्त्री०) [शक्+क्तिन्] बल, वीर्य।

०पराक्रम, योग्यता, धैर्य। (जयो० १/४०)

०ऊर्जा, ताकत, कार्यशीलता।

एकोन्यत: सम्मिलतीति यावद्धै
भाविकी शक्तिरूदैति तावत्।
तयोरथैकाकिताऽन्वये तु,
शक्ति: पुन: सा खलु मौनमेतु।। (सम्य० २३/१३)

०शस्त्र विशेष, बर्छी, भाला, कुंतल, त्रिशूल। (जयो० ८/१५)

०शब्दसंकेत, अभिधा शक्ति।

०शक्ति नामक पुत्री। (जयो०वृ० १/४०)

०रचना कला, काव्यप्रतिभा।

शक्तिकुण्ठनं (नपुं०) शक्ति को क्षीण करना।

शक्तिग्रह (वि०) शक्तिधारी, भाला युक्त।

शक्तिग्राहक (वि०) शब्द शक्ति को स्थापित करने वाला।

शक्तिघात: (पुं०) शक्तिघात। (दयो० ९३)

शक्तित्रयं (नपुं०) राज्यशक्ति के तीन घटक।

शक्तिधर (वि०) शक्तिशाली, बलिष्ठ।

शक्तिपाणि: (पुं०) बर्छीधारी।

शक्तिभृत् (पुं०) शक्तिधारक व्यक्ति।

शक्तिपूजक: (पुं०) शाक्त।

शक्तिपूजा (स्त्री०) शक्ति अर्चना।

शक्तिवैकल्यं (नपुं०) शक्ति की क्षीणता, बल की कमी।

शक्तिशालिता (वि०) शक्ति युक्त। (जयो०वृ० १/४४)

शक्तिहीन (वि०) बलहीन। (जयो० २२/७३)

शक्तुसार: (पुं०) स्ववश, अपनी शक्ति के अनुसार। (जयो०वृ० २/८४)

शक्न (वि०) [शक्+न] मिष्ठभाषी, प्रियवादी, हितवादी।

शक्य (सं०कृ०) [शक्+यत्] संभव, क्रियात्मक, किये जाने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

योग्य, समर्थ। (जयो० २/१६)

०अभिहित, प्रतिपादित।

शक्यार्थ (वि०) अभिहितार्थ।

शक्रः (पुं०) [शक्+इक्] इन्द्र, पुरिन्दर। (जयो०वृ० ३/२९)

०अर्जुन तरु।

०कुटल वृक्ष।

०उल्लू।

०ज्येष्ठा नक्षत्र।

शक्रगोपः (पुं०) इन्द्रगोप, एक तरल क्रीड़ा।

शक्रचापः (पुं०) इन्द्रधनुष। (जयो० ५/६५)

शक्रजातः (पुं०) काक, कौवा।

शक्रजित् (पुं०) मेघनाद।

शक्रद्रुमः (पुं०) देवदारु का वृक्ष।

शक्रधनुष् (पुं०) शक्र की पताका, इन्द्र पताका।

शक्रपदं (नपुं०) इन्द्रपद।

शक्रपर्यायः (पुं०) कुटज वृक्ष।

शक्रपादपः (पुं०) कुटज वृक्ष।

०देवदारु का वृक्ष।

शक्रपुरं (नपु०) इन्द्र की नगरी। (समु० ६/१)

शक्रप्रस्थः (पुं०) इन्द्रप्रस्थ।

शक्रभवनं (नपुं०) स्वर्ग, इन्द्रलोक।

शक्रभुवनं (नपुं०) इन्द्रलोक।

शक्रभिद् (पुं०) मेघनाद।

शक्रलोकः (पुं०) इन्द्रलोक। ०शक्रभुवन।

शक्रवासः (पुं०) स्वर्गपुरी।

शक्रवाहनं (नपुं०) मेघ, बादल।

शक्रशाखिन् (पुं०) कुटज तरु।

शक्रसारथिः (पुं०) इन्द्र का यान चालक।

शक्रसुतः (पुं०) जयन्त।

०अर्जुन।

०बालि।

शक्राणी (स्त्री०) [शक्र+ङीष्-आनुक्] शचि, इन्द्राणी, इन्द्र की भार्या।

शक्रि (पुं०) मेघ, बादल।

०वज्र।

०हस्ति, हाथी।

०पर्वत।

शङ्कु (अक०) संदेह होना, शंका होना, संकोच होना, संदिग्ध होना। (शङ्क्यन्ते (सुद० ९५)

०डरना, भय होना, त्रस्त होना। शङ्क्यते हृदि (दयो०१०२)

०सोचना, विश्वास करना, उत्प्रेक्षा करना।

०कल्पना करना, आक्षेप करना।

शङ्कः (पुं०) [शङ्क+अच्] कर्षक बैल, कठोर वृषभ।

शङ्कर (वि०) [शं सुखं करोति] आनन्ददायक, सुख दायक।

०मङ्गलमय, आनन्दमय।

०शुभसूचक।

शङ्करः (पुं०) महादेव, शिव, ०ऋषभदेव।

०शङ्कराचार्य।

शङ्करी (स्त्री०) पार्वती, गौरी, शिवा।

शङ्का (स्त्री०) [शङ्क+अ+टाप्] आशंका, अविश्वास। (सुद० २/१४)

०कण्टक, काटा। (जयो०वृ० १/८९)

०आतंक, भय, डर। (सुद० १/६)

०संदेह, दुविधा।

शङ्काकारिन् (वि०) अविश्वास करने वाला।

शङ्कागत (वि०) आतंक को प्राप्त हुआ, भययुक्त।

शङ्काचर (वि०) दुविधाशील।

शङ्काजात (वि०) आशंका को प्राप्त हुआ।

शङ्काधर (वि०) संदेह धारक।

शङ्काभावः (पुं०) भय-भाव।

शङ्कामतिः (स्त्री०) आतंकित बुद्धि।

शङ्कारहित (वि०) आंशका से मुक्त। (जयो० १३/४८) निर्भय।

शङ्काशील (वि०) आशंका युक्त।

शङ्काकृत (वि०) डर से युक्त।

शङ्कित (भू०क०कृ०) [शङ्क्+क्त] सन्दिग्ध, संशय युक्त, अविश्वासपूर्ण।

०भ्रान्त, विभ्रम युक्त, भययुक्त। (मुनि० ११)

०आतंकित।

शङ्कितचित्त (वि०) भीरु, डरपोक, भयाक्रान्त, शंका से युक्त हृदय वाला, शंकाकुल।

शङ्किन् (वि०) [शङ्का+इनि] संदेह करने वाला, अविश्वास करने वाला, शंकाशील। (जयो० २/५७)

शङ्कुः (स्त्री० [शङ्क्+उण्] कांटा, बर्छी, त्रिशूल। शल्य। (जयो० ४/१३)

०कील। (जयो०१३/६७)

०खूंटा, खम्भा, स्तम्भ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०बाण का तीक्ष्ण भाग।
०विष।
०वामी।
०राक्षस।

शङ्कुला (स्त्री०) [शङ्क+उलच्] ०चाकू।
०सरौंता।

शङ्कुलाशोधननिभ (वि०) शल्योद्धरणकल्प, कांटा निकालने वाला। (जयो० ४/१३)

शङ्खः (पुं०) घोंघा, शंख। ०एक द्वीन्द्रिय जलजीव।

खङ्खं (नपुं०) शंख, घोंघा, कम्बल। (जयो०वृ० २४/५१) 'शङ्खस्तु प्रभाते देवालयादौ सहजमेव ध्वन्यते' (जयो०वृ० १८/४९)
०मस्तक की हड्डी।
०काशी का एक राजा। (वीरो० १५/२०)

शङ्खकः (पुं०) शंख, कम्बुक, दो इन्द्रिय जीव।
०कड़ा, कंगन।

शङ्खकारः (पुं०) एक नाम विशेष।

शङ्खचरिन् (पुं०) चन्दन का तिलक।

शङ्खचूर्ण (नपुं०) शंख का चूरा, शंखभस्म।

शङ्खत्व (वि०) शंखपना। (वीरो० २/४८)

शङ्खद्रावः (पुं०) शंख भस्म का घोल।

शङ्खध्मः (पुं०) शंख ध्वनि वाला, शंख बजाने वाला।

शङ्खध्वनिः (स्त्री०) शंख की आवाज।

शङ्खनकः (पुं०) छोटा शंख, घोंघा।

शङ्खनादः (पुं०) शंखध्वनि। (वीरो० ७/२)

शङ्खप्रस्थः (पुं०) चन्द्र कलक।

शङ्खभृत् (पुं०) विष्णु।

शङ्खमुखः (पुं०) घड़ियाल, मगर।

शङ्खश्वनः (पुं०) शंखध्वनि।

शङ्खसद्ध्वनि (स्त्री०) शंखनाद (वीरो० ७/२)

शङ्खिन् (पुं०) सागर, समुद्र।
०शंखवादक।

शङ्खिनी (स्त्री०) [शङ्खिन्+ङीप्] अप्सरा, परी, सुन्दरी, पद्मिनी।

शच् (सक०) बोलना, कहना, समझाना, बतलाना, बोधित करना, ज्ञान कराना।

शचिः (स्त्री०) [शच्+इन्] इन्द्राणी, शक्रिणी। इन्द्रभार्या।

शचिपतिः (पुं०) इन्द्र-'निर्माता तु शचीपतेः प्रतिनिधिः श्रीमान् कुबेरोऽग्रणी (वीरो० १२/५३)

शची (स्त्री०) पुलोमजा, इन्द्राणी, शक्रिणी। (सुद० १/३०) (जयो०वृ० १२/९९)

शचीभतृ (पुं०) इन्द्र।

शचीन्द्रिरा (स्त्री०) शचि रूप लक्ष्मी। (वीरो० ७/१४)

शञ्ज् (सक०) जाना, पहुंचना।

शट् (अक०) बीमार होना।
०बांटना, वियुक्त करना।

शट (वि०) [शट्+अच्] खट्टा, अम्ल, कसैला।

शटा (स्त्री०) [शट+टाप्] जटाएं, बाल के झुण्ड।

शटिः (स्त्री०) [शट्+इन्] कचूर पादप, आमा हल्दी।

शठ् (सक०) धोखा देना, ठगना, धूर्तता करना।
०हनन करना।
०कष्ट उठाना।
०समाप्त करना, नाश करना।

शठ (वि०) [शठ्+अच्] चालाक, धोखेबाज, कपटी, छली, बेईमान।

शठः (पुं०) ठग, धूर्त, मूर्ख।
०मक्कार, झूठा। (जयो०२३/६४) (मुनि० २९)
०मूढ, बुद्धु।
०सुस्त, परिश्रमहीन, उद्यमहीन।
०आलसी, प्रमादी, मोही, आसक्तजन।

शठं (नपुं०) केसर, जाफरान।
०अयस्क, लोहा।

शठकार्यः (पुं०) धूर्ततापूर्ण कार्य।

शठगत (वि०) मूढता युक्त।

शठग्राहिन् (वि०) आलस्य को ग्रहण करने वाला, आलस्य की ओर अग्रसर होने वाला।

शठजनः (पुं०) धूर्तजन, मूढव्यक्ति। (मुनि० २९)

शठचारिन् (वि०) झूठ का सहारा लेने वाला, झूठ का आचरण करने वाला।

शठभावः (पुं०) ठगभाव, छलभाव।

शठमतिः (पुं०) प्रमाद सहित प्रवृत्ति, प्रमाद का संयोग।

शठराज (पुं०) शठ शिरोमणि, धूर्तराज। (वीरो० ६/३४)

शठशिरोमणि (पुं०) धूर्तराज। (वीरो० ६/३४)

शणं (नपुं०) [शण्+अच्] सन, पटसन। (समु० १/१७)

शणसूत्रं (नपुं०) सन से निर्मित बोरी। रस्सियां, डोरिया।

शण्डः (पुं०) [शण्ड्+अच्] नपुंसक, हिंजड़ा।
०सांड।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शण्डं (नपुं०) संग्रह, समुच्चय।
 ०खण्ड।
शण्ढः (पुं०) [शाम्यति ग्राम्यधर्मात् शम्+ढ] हिजड़ा, नपुंसक।
 ०टहलुआ, अन्त:पुर का सेवक।
 ०सांड।
 ०उन्मत व्यक्ति।
शतं (नपुं०) [दश दशत: परिमाणस्य दशन् त, श आदेश:] सौ, सौ की संख्या। (जयो० ३/९३) सञ्जातानि मनोहराणि शतशो मुक्ताफलानि स्वयम्। (जयो० ३/९३) शतानि (सम्य० ३)
शतक (वि०) [शत+कन्] सौ से युक्त।
शतकं (नपुं०) शताब्दी, सौ श्लोकों का संग्रह। 'नीतिशतकं, वैराग्यशतकं, श्रमणशतकम्'
शतकार्यः (पुं०) सैकड़ों कार्य।
शतकेन्द्रः (पुं०) सौ केंद्र।
शतकुम्भः (पुं०) सौ घट।
शतकृत्यः (अव्य०) सौ गुणा।
शतकोटि (स्त्री०) सौ करोड़।
शतक्रतु (पुं०) इन्द्र। (जयो० २४/४०)
 ०सैकड़ों यज्ञ में तत्पर। (जयो० २२/६६)
 ०पूर्व दिक्पाल। (जयो० २२/६६)
शतखण्डं (नपुं०) सोना, स्वर्ण।
शतगु (वि०) सौ गायों का स्वामी।
शतगुण (वि०) सौ गुणा।
शतग्रन्थिः (स्त्री०) दूर्वाघास।
शतघ्नी (स्त्री०) ०गले का रोग।
 ०एक शिला।
 ०एक अस्त्र विशेष।
शतच्छदं (नपुं०) कमल। (जयो० १७/७१)
शतजिह्वः (पुं०) शिवा।
शततम (वि०) सौंवा।
शततारका (स्त्री०) शतभिषा नक्षत्र।
शतत्व (वि०) सौ संख्या वाला। (जयो० १/२६)
शतदल (नपुं०) कमल, अरविंद, पद्म।
शतदला (स्त्री०) सफेद गुलाब।
शतधा (अव्य०) [शत+धाच्] सौ तरह से, सौ भागों से।
शतधामन् (पुं०) विष्णु।
शतधार (वि०) सौ का धारक।
शतधारं (नपुं०) वज्र।
शतधृतिः (स्त्री०) ०इन्द्र।
 ०ब्रह्मा।
शतपत्रं (नपुं०) कमल, पद्म। (जयो० २६/८१) खुटबढ़ई।
शतपत्रकं देखो ऊपर। ०अरविंद, सरोज।
शतपत्रनीति (स्त्री०) शतपत्र रूप कथन। पत्राणां शतं तदेवैकी भूयं शतपत्रं कमलमिति कथन रूपा सत्या।
 ०दार्शनिक दृष्टि–अङ्ग और अङ्गी, अवयव और अवयवी में ऐक्य अभेद नहीं हैं, पृथक्ता ही है, ऐसा कहना ठीक नहीं जान पड़ता, परन्तु अभेद कथन शतपत्र के समान सत्य है। जैसे कि सौ पत्रों-कलिकाओं का समूह शतपत्र/कमल कहलाता है। यहां सौ पत्रों और कमल में भेद नहीं है, अभेद है, क्योंकि एक एक पत्र के पृथक् करने पर शतपत्र/कमल ही नष्ट हो जाता है। यही बात गुण और गुणी में है। प्रदेश भेद न होने से गुण-गुणी में अभेद है, क्योंकि गुणों के नष्ट होने पर गुणी भी नष्ट हो जाता है।
शतपद (वि०) सौ पैरों वाला।
शतपक्ष (स्त्री०) कनखजूरा।
शतपद्मं (नपुं०) सौ पत्रों वाला कमल, श्वेत कमल।
शतपर्वन् (पुं०) बांस। ०आश्विन मास की पूर्णिमा।
 ०दूर्वाघास।
 ०कटुक पादप।
शतमखः (पुं०) इन्द्र।
शतमन्यु (पुं०) इन्द्र।
 ०उल्लू।
शतमुख (वि०) सौ द्वार वाला।
शत यज्वन् (पुं०) इन्द्र।
शतयज्ञ (वि०) सौ यज्ञ वाला। (सुद० ४/४७) पौलोमी शतयज्ञतुल्यकथनौ कालं तकौ निन्यतु:। (सुद० ४/४७)
शतरञ्जः (पुं०) शतरञ्ज, जिसमें वजीर, बादशाह, घोड़ा, हाथी आदि की कल्पना करके खेला जाने वाला खेल। (वीरो० १७/४)
शतरञ्जतूर्णः (नपुं०) शतरंज का खेल। (वीरो० १७/१४)
शतरञ्जाख्यखेलनं (नपुं०) शतरंज नामक खेल।
 श्रुतमस्ति भवान् दक्ष:, शतरञ्जाख्यखेलने,
 भवता कलयिष्यामि, तदद्य गुण शालिना।। (समु० ३/४१)
शतवर्षं (नपुं०) सौ वर्ष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शतशस् (अव्य०) [शत+शस्] सैंकड़ों, सौ सौ करके। सौ बार। (जयो० ४१/२६) अनुभूता शतशो मयाऽहो दशा परिभ्रमणस्य। (सुद०पृ० ९४)

शतसहस्त्रं (नपुं०) सौ हजार।

शतसाहस्त्र (वि०) सौ हजार से युक्त।

शतह्रदा (स्त्री०) विद्युत, बिजली, चपला।
०इन्द्र का वज्र।

शतक्षी (स्त्री०) रात्रि, रजनी।
०दुर्गादेवी।

शताग्रगण्य (वि०) सौ में अग्रणी। (वीरो० १८/४६)

शताङ्गः (पुं०) गाड़ी, रथ, यान। (जयो० १३/२६)

शताङ्गं (नपुं०) उन्नत अंग, समुन्नताङ्ग, (जयो०वृ० ८२५)

शताङ्गमाला (स्त्री०) [रथानां माला] रथपंक्ति, रथ तति। (जयो० १३/२६)

शतानीकः (पुं०) वृद्ध पुरुष, बूढ़ा व्यक्ति, सौ सिपाहियों का नायक।

शतानकं (नपुं०) श्मशान।

शतानन्दः (पुं०) जनकराज का पुरोहित।

शतायुस् (वि०) सौ वर्ष की आयु वाला।

शतावधानं (वि०) प्रहार बुद्धिशाला, तीव्र शक्तियुक्त, तीव्र स्मरण।

शतवधानि (वि०) सौ का उदारक, सौ तक की संख्या का ज्ञातक।

शतावधिः (स्त्री०) सौ दिन की अवधि। (मुनि० ७)

शतावर्तः (पुं०) विष्णु।

शतिक (वि०) सौ से युक्त/सौ से प्रभावित।

शतिन् (वि०) [शत+इनि] सौ गुणा।
०असंख्य।

शत्रिः (पुं०) [शद्+त्रिप्] हस्ति, हाथी।

शत्रुः (पुं०) [शद्+त्रुन्] वैरी, विरोधी, दुश्मन।
०प्रतिपक्षी। (सुद० ११८) शत्रुश्च मित्रं च न कोऽपि लोके ह्यय्ज्जनोऽज्ञो निपतेच्च शोके। (सुद० ११०)

शत्रुकर्षण (वि०) शत्रु का दमन करने वाला, शत्रु संहारक।

शत्रुखण्डं (नपुं०) शत्रु समूह।

शत्रुगत (वि०) शत्रु भाव युक्त, दुष्ट भाव गत।

शत्रुघ्नः (पुं०) सुमित्रा पुत्र, लक्ष्मण भ्राता।
०शत्रुनाशक।

शत्रुचक्र (नपुं०) दुष्ट का चाक।

शत्रुजालं (नपुं०) प्रतिपक्षी का व्यूह।

शत्रुञ्जयः (पुं०) एक तीर्थ, पालीताना में स्थित।
०[शत्रु+जि+खच्] हस्ति, हाथी।
०एक पर्वत, गिरनार पर्वत।

शत्रुत्व (वि०) शत्रुता, विरोधिता। (वीरो० १६/११, सुद०४/९)

शत्रुदमन (वि०) शत्रुघातक।

शत्रुन्तप (वि०) [शत्रु+तप्+खच्] शत्रु को परास्त करने वाला, शत्रुजयी।

शत्रुपक्षः (पुं०) विरोधी का पक्ष। प्रतिपक्षी।

शत्रुभूपः (पुं०) शत्रु नरटाट्। (जयो० ३/१०९)

शत्रु विनाशन (वि०) विरोध नाशक।

शत्रुसदृश (वि०) शत्रु के समान। (जयो०वृ० १/३८)

शत्रुसमूहः (पुं०) परचक्र। शत्रुदल। (जयो०वृ० २/१२१)

शत्रुरूपी (स्त्री०) शत्रु की स्त्री। (जयो०वृ० १/२६)

शत्रुहत्या (स्त्री०) शत्रुघात।

शत्रुहन् (वि०) विरोधी का हनन।

शत्रुहानि (वि०) प्रतिपक्षी की समाप्ति।

शत्वरी (स्त्री०) रजनी, रात्रि, रात।

शद् (अक०) पतन होना, नाश होना, क्षीण होना।
०मुर्झाना, म्लान होना।

शद् (सक०) पहुंचाना, ठेलना, गिराना, फेंकना, डालना, वध करना, नष्ट करना।

शदः (पुं०) [शद्+अच्] खाद्य, शाक भाजी, फल-सब्जी।

शद्रि (पुं०) [शद्+किन्] ०हस्ति, हाथी। ०मेघ (जयो० १५/२३) बादल। ०अर्जुन।

शद्रिः (स्त्री०) विद्युत्, बिजली।

शद्रु (वि०) [शद्+रु] गतिशील, प्रवाहमान।
०पतनशील, ०नश्वर, क्षीण होने वाला।

शनकैः (अव्य०) [शनैः+अनच्] शनैः शनैः, धीरे धीरे, मंद से मद। मन्दगत्या (जयो०वृ० १३/५१)
विनोदवार्तामनुसम्विधात्री
समं तयाऽगाच्छनकैः सुगात्री। (वीरो० ५/३७)
शनकै! समितोऽपि तन्द्रितां
न शेते पुनरेष शायितः। (सुद० ३/२६)

शनिः (पुं०) [शो+अनि] शनिग्रह।
०सूर्यपुत्र। ०शनिवार।

शनिपित (पुं०) सूर्य, दिनकर। (जयो० ६/३८)

शनिप्रदोषः (पुं०) सन्ध्यार्चना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शनिप्रियं (नपुं०) नीलम।
शनिवारः (पुं०) शनिवार का दिन।
शनैस् (अव्य०) [शण्+डैस्] धीरे से, चुपके से। मंद से मंद। (जयो० १/८९)
०उत्तरोत्तर, उपयुक्त कर्म से।
प्रत्युक्तया शनैरास्यं
सनैराश्यमुदीरितम्' (सुद० ८४)
शनैश्चरः (पुं०) शनिग्रह।
शनैश्चर (वि०) धीरे-धीरे चलने वाली। मंद यामि। (जयो० ५/९१)
शनैःशनैः (अव्य०) धीरे धीरे, अहिस्ता, आहिस्ता। श्रयन् गोपपति। प्राप गोपुरं स शनैः शनैः' (जयो० ८/१०७)
शन्तनुः (पुं०) [शं मंगलात्मका तनुर्यस्य] एक वंशी नृप।
शप् (सक०) शपथ लेना, प्रतिज्ञा करना, कोसना, विरोध करना-शयन्ति क्षुद्रजन्मानो (वीरो० १०/३४) सौगन्ध उठाना।
०विश्वास को उत्पन्न करना। विशाखनन्दो शपति स्म भूरि ततोऽगमं रोषमहं च सूरिः। (वीरो० ११/१५)
शपः (पुं०) [शप्+अच्] अभिशाप, कोसना।
०शपथ, सौगन्ध।
शपथः (पुं०) [शप्+अथन्] प्रतिज्ञा, घोषणा।
०सौगंध लेना।
०कोसना, अभिशाप।
०आक्रोश, फटकार।
शपथपूर्वक (वि०) सौगन्धपूर्वक। (दयो० ४७)
शपनं (नपुं०) [शप्+ल्युट्] शपथ, सौगन्ध, प्रतिज्ञा।
शप्त (वि०) उष्ण। (वीरो० १२/८)
शफः (पुं०) [शप्+अच्] वृक्ष की जड़।
शफं (नपुं०) खुर। (जयो० ८/१६)
शफरः (पुं०) [शफ-राति-रा+क] चमकीली मछली।
शफरता (वि०) झषता, मछली युक्त-रसयोरभेदात् सफलता झषेत वा कुत। (जयो० ९/१४)
शफराजयः (पुं०) खुररेखा, खुरचिह्न। 'वैरीश-वाजि-शफराजिभिरप्यगम्याम्' (जयो० ३/२७)
शबरः (पुं०) भीलजाति, आदिवासी व्यक्ति। ०भिल्ल। (जयो० ७/७८)
शबरनायक (पुं०) म्लेच्छ राजा। (जयो० २१/४१)
०शिव, शंकर। (जयो० २०/६०)
शबरी (स्त्री०) भीलनी, भील स्त्री।
शबरालयः (पुं०) पर्वतीय स्थल।
शबल (वि०) मिश्रित, मिला हुआ। (जयो० २३/५७)
शब्द् (सक०) शब्द करना, ध्वनि करना, शोर करना।
शब्द् (सक०) बुलाना, पुकारना, आवाज देना। (जयो०वृ०१/३८)
शब्दः (पुं०) [शब्द्+घञ्] ध्वनि, स्वर, गूंज। (जयो०वृ०१/१९) राव-रव (जयो० ५/७०)
०निश्वन। (जयो० १९/९३)
०वचन, सार्थक प्रयोग।
०कलरव, कोलाहल।
०आकाश गुण।
०ज्ञानाचार का एक भेद-शब्दाचार। (भक्ति० ८)
०शब्द-अर्थ को बतलाना।
०श्रोत्रेन्द्रिय की विषयभूत ध्वनि।
०शब्दनमभिधानम्।
०श्रवणेन्द्रियगोचर।
०वर्ण, पद एवं वाक्यात्मक ध्वनि।
शब्द कोशः (पुं०) अभिधान, शब्दसंग्रह। ०ज्ञाननिलय, * शब्दागार, ०शब्दनिचय।
शब्दगत (वि०) शब्द के अन्दर रहने वाला।
शब्दग्रहः (पुं०) शब्द पकड़ना, श्रवण, श्रोत्र, कर्ण, करन।
शब्दचातुर्यं (नपुं०) वाक्पटुता, वचन प्रवीणता।
शब्दचित्रं (नपुं०) कर्णमधुर आभास।
शब्दचोरः (पुं०) साहित्य चोर।
शब्दच्छल (नपुं०) शब्द का कारण। (जयो०वृ० १/१५)
शब्दतन्मात्र (नपुं०) ध्वनि का सूक्ष्म तत्त्व।
शब्ददोषः (पुं०) मौन तोड़कर बोलना।
शब्दन (वि०) शब्द करने वाला, ध्वनि करने वाला। (वीरो०१५/६)
शब्दनयः (पुं०) शब्दार्थ ग्राह्य नय। (त०सू० १/३३)
शब्दपातिन् (वि०) शब्दवेधी, शब्द पर निशाना लगाने वाला।
शब्दप्रमाणं (नपुं०) मौखिक प्रमाण।
शब्दबोधः (पुं०) ध्वनि ज्ञान।
शब्दब्रह्म (नपुं०) वेद, शब्द निहित आध्यात्मिक ज्ञान।
शब्दभेदिन् (वि०) निशाने में प्रवीण, शब्दपूर्वक निशाना साधने वाला। ०ध्वनि पर लक्ष्य साधने वाला।
शब्दभेदिन् (पुं०) अर्जुन।
शब्दयोनिः (पुं०) धातु, मूल शब्द।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शब्दविद्या (स्त्री०) शब्दशास्त्र, व्याकरण ग्रंथ।

शब्दविरोधः (पुं०) शब्दों के प्रति विरोध।

शब्दविशेषः (पुं०) ध्वनि भेद।

शब्दवृत्तिः (स्त्री०) शब्द प्रयोग।

शब्दवेधिन् (वि०) ध्वनि सुनकर निशाना लगाने वाला।

शब्दवेधिन् (पुं०) अर्जुन।

शब्दव्युत्पत्ति (स्त्री०) सूक्त विग्रह। (जयो०वृ० १८/९१)

शब्दशक्तिः (स्त्री०) शब्दों का प्रयोग, स्थान, प्रयत्नादि पूर्वक प्रयोग। (जयो०वृ० १०/५२)

शब्दशास्त्रं (नपुं०) व्याकरण शास्त्र। (जयो० २/५२)

शब्दशुद्धि (स्त्री०) शब्दों की शुद्धि, प्रयत्नादि पूर्वक शुद्धि।

शब्दसंग्रहः (पुं०) शब्दकोश। (जयो०वृ० १/२४)

शब्दसञ्चारणं (नपुं०) पदरीति। (जयो०वृ० १/३१)

शब्दसौष्ठवं (नपुं०) पद लालित्य। प्राञ्जल शैली।

शब्दाकुलिन (वि०) शब्द की आलोचना करने वाला।

शब्दातीत (वि०) अनिवर्चनीय, शब्दों से परे।

शब्दाधिष्ठानं (नपुं०) कर्ण, कान, श्रवणेन्द्रिय।

शब्दाध्याहारः (पुं०) शब्दपूर्ति।

शब्दानुपात (पुं०) शब्द की मर्यादा तोड़ना।

शब्दानुशासनं (नपुं०) व्याकरणशास्त्र।

शब्दार्थः (पुं०) शब्द और अर्थ।

शब्दालंकारः (पुं०) एक अलंकार विशेष, जो शब्द सौंदर्य पर निर्भर रहता। भ्रमन्ति ययं परितो मदोत्कटाः। कटा श्रयन्ते ननु चेतनात्मनाम्। (जयो० २४/१८)

शब्दित (वि०) ध्वनित। ०उच्चरित, ०कथित।

शब्दोच्चारणं (नपुं०) संवेदन, प्रवचन, कथन। (जयो०वृ० १८/५०)

शम् (अव्य०) [शम्+क्विप्] ०कल्याण, आनंद, हर्ष, खुशी। (जयो० ३/२२)
०समृद्धि, मंगल कामना।

शम् (अक०) शांत होना, प्रसन्न होना, खुश होना।
०थमना, ठहरना, विश्राम लेना, रुकना।
०प्रशान्त होना।
०धीरज रखना, सान्त्वना देना।

शमः (पुं०) [शम+घञ्] ०धैर्य, शान्ति, प्रसन्नता। शमाम्बुधिर्मेरुरिवेद्धधैर्य (भक्ति० २३)
०विश्राम, आराम, ठहराव।
०शान्त। (जयो० ९/२३)
०निराकरण, लघूकरण।
०प्रथम, प्रशांत, उन्नयन, प्रशमन।
०कषायेन्द्रिय जय
०निर्विकारमन।

शमथः (पुं०) [शम्+अथच्] शन्ति, स्थिरता, धैर्य, प्रशान्त मुद्रा।

शमनं (नपुं०) [शम-ल्युट्] प्रशमन, शान्त, निराकरण, उपशमन, क्षय, शान्ति। (जयो०वृ० १८/९९)
०बुझाना-'लग्नस्य वाश्रयभुजः शमनेऽपि शापम्' (वीरो० २२/२४)
०प्रसन्न करना, निराकरण करना, उन्नयन करना।
०स्थैर्य, स्थिरता, व्याकुलता का अभाव। (मुनि० १०)

शमनः (पुं०) यमराज, अन्तक। शमनमेष शिरः स्थितमीक्षतां नहि पुनः कवलेऽपि रुचिस्तता। (जयो० २५/४०) बालोऽस्तु कश्चित्स्थविरोऽथवा तु न पक्षपातः शमनस्य जातु। (सुद० १२१)

शमनी (स्त्री०) [शमन+ङीप्] रजनी, रात्रि।
०राक्षस, पिशाच, भूत-प्रेत।

शमलं (नपुं०) [शम्+कलच्] मल, विष्ठा, लीद।
०गोमय, गोबर।
०पाप, नैतिक मलिनता। 'शमलं च मलं शकृत् इत्यमरकोषे' (जयो०वृ० २५/२६)

शमश (वि०) कल्याण सहि-शम एव शो धर्मो यस्य स (जयो० २६/)

शमितं (भू०क०कृ०) [शम्+णिच्+क्त] ०प्रशान्त किया गया, प्रसन्न किया गया।
०समझाया गया।
०विश्राम दिया गया।
०सौम्य, शान्त।

शमितविवाद (वि०) विसंवादरहित। (जयो० २/१३७)

शमिन् (वि०) [शम्+इनि] सौम्य, शान्त।
०प्रशान्त। (सुद० १२४)
०आत्मनियन्त्रित।

शमिना (स्त्री०) भूमि, भू, धरा, पृथ्वी। (मुनि० ६) 'संतापादिविवर्जितेन शमिनामीशेन संपश्यता' (मुनि० ६)

शमी (स्त्री०) [शम्+इन्+ङीप्] प्रशमभाव, प्रशान्त भाव (सुद० ११७)
०फली, सेम, छीमी।

शमीगर्भः (पुं०) अग्निहोत्री ब्राह्मण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शमीनः (पुं०) समत्वधारी व्यक्ति। समन्तातः समतां शमीनः (वीरो० १२/३३)

शमीधान्यं (नपुं०) द्वि दल युक्त दाल।

शमीशानः (पुं०) ऋषिराज, समता सम्पन्न, समत्व शिरोमणि। (जयो० १/८७)

शम्पा (स्त्री०) [शम्+पा+क] विद्युत बिजली। (जयो० ८/८) (वीरो० २/३३) 'शं शान्तिं पातीति शम्पा' (जयो० ३/८७)

शम्फली (स्त्री०) सम्भली, विलासिनी। (जयो० २६/१७)

शम्ब् (सक०) जाना, पहुंचना।
 ०संचय करना, एकत्रित करना।

शम्ब (वि०) [शम्ब्+अच्] ०प्रसन्नता, खुशी, आनंद।
 ०भाग्यशाली, अभागा।

शम्बः (पुं०) [शम्ब्+अरच्] एक राक्षस विशेष।
 ०पर्वत, गिरि।
 ०युद्ध, संग्राम।

शम्बरं (नपुं०) जल, वारि।
 ०मेघ, बादल।

शम्बरी (स्त्री०) [शम्बर+ङीष्] माया, जादू। जादूगरनी स्त्री।

शम्बलः (पुं०) ०तट, किनारा।

शम्बलं (नपुं०) ०पाथेय, मार्गव्यय।
 ०स्पर्धा, ईर्ष्या।

शम्बली (स्त्री०) कुटनी, दूती।

शम्बु/शम्बुकः (पुं०) घोंघा। ०शंख।

शम्भः (पुं०) [शम्+भः] इन्द्र वज्र। ०हर्षित व्यक्ति।

शम्भली (स्त्री०) [शम्भल+ङीष्] दूती, कुटनी।

शम्भु (वि०) [शमृ+भू+डु] हर्षित करने वाला, आनन्द देने वाला, कल्याणकर। (जयो० १/३०)

शम्भुः (पुं०) शिव, महादेव, रुद्र। (जयो० १/३०) प्रजासु शम्भुः कल्याणकरः, रुद्रश्च सन् महीभृतां राज्ञां शिरस्सु (जयो०वृ० १/३०)

शम्भुतनयः (पुं०) कार्तिकेण, गणेश।

शम्भुनन्दनः (पुं०) गणपति, गणेश। ०शिवतनय।

शम्भुप्रिया (स्त्री०) दुर्गादेवी।

शम्भुवल्लभं (नपुं०) श्वेत कमल।

शम्भुस्तुतः (पुं०) कार्तिकेय, गणेश।

शम्मुक् (स्त्री०) दन्तकान्ति, दशनप्रभा। 'शमानन्दं मुञ्चतीति शम्मुक्'। (जयो०वृ० ३/२२)

शम्या (स्त्री०) [शम्+यत्+टाप्] छड़ी, डंडा, झांझ।

शय (वि०) [शी+अच्] शयन करने वाला, सोने वाला।

शयः (पुं०) निद्रा, नींद।
 ०शय्या, आसन, विस्तरा।
 ०हाथ।
 ०अजगर
 ०अभिशाप।
 ०हस्त (जयो० ६/२०) (जयो० १/४७, ११/४१)

शयण्ड (वि०) [शी+अण्डन्] निद्रालु।

शयथ (वि०) [शी+अथच्] निद्रालु, आलसी।

शयथः (पुं०) मृत्यु, मरण।
 ०अजगर।
 ०मत्स्य, मछली।

शयनं (नपुं०) [शी+ल्युट्] निद्रा, सोना, शयन करना, नींद लेना। चकार शय्यां शयनाय तस्याः (वीरो० ५/३८)
 ०शय्या। (सुद० ९९)
 ०संभोग, मैथुन।

शयनगृहं (नपुं०) शयनकक्ष, निद्रालय, सोने का कमरा।

शयनजन्य (वि०) निद्रा को प्राप्त।

शयनभावः (पुं०) स्वप्न। (जयो० ५/१०)

शयनविकल्पः (पुं०) स्वप्न। (जयो०वृ० २२/५८)

शयनसखी (स्त्री०) शय्याकेली की सहेली।

शयनसदनं (नपुं०) शय्यागृह, शयनकक्ष। (जयो० १८/२४)

शयनस्थानं (नपुं०) शय्या स्थल, शयन स्थल, सोने का स्थान।

शयनार्थ (वि०) शय्यार्थ, शयन के लिए प्राप्त। (दयो० ८९)

शयनावस्था (स्त्री०) शयनभाव। (जयो०वृ० ५/१०)

शयनीय (वि०) [शय+अनीयर्] शय्या को प्राप्त हुआ, शय्यागत। (सुद० ३/२२)

शयनीयं (नपुं०) शयन, बिस्तरा, बिछौना।

शयप्रद (वि०) शय प्रदान करने वाला। (समु० ३/८)
 * शय्याप्रदायक, ०आसनदायक।

शयानकः (पुं०) [शी+शानच्+कन्] गिरगिट।
 ०सर्प, अजगर।
 ०शय्या। (सुद० ९८)

शयाना (वि०) सोती हुई, शयन करती हुई। (सुद० २/१०)

शयालीन्द्रियकुशेशयः (पुं०) भ्रमर रूप नेत्र। (वीरो० २१/६)

शयालु (वि०) [शी+आलुच्] सोए हुए (सम्य० १/७) निन्द्रालु, आलसी, तन्द्रालु।

शयालुः (पुं०) सर्प, सांप, अजगर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शयित (भू०क०कृ०) [शी+कर्तरि+क्त] सुप्त, सुसुप्त, सोया हुआ।
०लेटा हुआ।

शयु (पुं०) अजगर सर्प, सांप। (समु० ५/३२)

शयोपचित (वि०) हाथ में स्थित, करगत, हस्त गत। (जयो० १२/११)

शयोभयोपयोक्त्री (वि०) दोनों हाथ जोड़ने वाली। खड़ी। शययोरुभयस्य हस्तद्वयस्य उपयोक्ती भवामि। (जयो०वृ० १२/३)

शय्या (स्त्री०) [शी आधारे क्यप्+टाप्] आसन, बिछौना, विस्तरा, संस्तर। (सुद० ७८)
समदायि जनेश्वरेण मह्यामपि पद्मप्रणयेश्वराय शय्या।
यदहीनगुणैर्नरोत्तमाय विषदैः सङ्घटितेऽपि सम्प्रदाय।।

शय्यागारः (पुं०) शयन भवन, शय्यागृह।

शय्यागृहं (नपुं०) शयन स्थान। (जयो० १५/७३)

शय्यापालः (पुं०) नृप शय्या अधीक्षक।

शय्यापालः (पुं०) नृप शय्या का अधीक्षक।

शय्यामूलं (नपुं०) शय्यास्थान। (जयो० १८/९५)

शय्यासदृशी (वि०) शयनके सदृश, शय्या के समान। (जयो०वृ० १६/२४)

शय्यास्थं (नपुं०) शय्यास्थान, शय्यागृह, शयनकक्ष। (जयो० १८/९५)

शय्योत्सङ्गः (पुं०) पलंग का पार्श्वभाग, पलंग का पीछे का हिस्सा।

शरः (पुं०) [शृ+अच्] बाण, तीर। (सुद०१/४०) तेजनक, तीक्ष्ण। (जयो० ३/२७)
०पांच की संख्या।
०चोट, क्षति, घाव।
०मलाई।

शरटः (पुं०) [श+अटन्] गिरगिट।
०कुसुम्भ।

शरणं (नपुं०) [शृ+ल्युट्] ०आश्रय, सहारा, स्थान, विश्रामस्थल। (भक्ति० २५)
०प्रतिरक्षा, सहायता, साहाय्य।
०ओट।

शरण्डः (पुं०) [शृ+अंडच्] पक्षी, गिरगिट।
०ठग, धूर्त, छली।
०लम्पट, स्वेच्छाचारी।
०एक आभूषण विशेष।

शरण्य (वि०) [शरणे साधुः यत्] प्रतिरक्षक, रक्षा करने योग्य, बचाने योग्य।
०आश्रय योग्य, आधार योग्य।

शरण्यं (नपुं०) आश्रय स्थल, शरणगृह, प्रतिरक्षा, सुरक्षित स्थान।

शरण्युः (पुं०) प्रतिरक्षण, मेघ।

शरत्कालः (पुं०) शरद ऋतु। (जयो०वृ० ४/५६)

शरत्कालीन (वि०) शरद ऋतु सम्बंधी।

शरत्सम्मुखः (पुं०) शरद ऋतु के समीप। (वीरो०२१/९)

शरत्समनुयायिनी (वि०) शरद ऋतु का अनुसरण करती हुई। शरदृतोरनुकरणशीला (जयो०वृ० ३/८)

शरद् (स्त्री०) [शृ+अदि] शरत्काल, शीतकाल, आश्विन एवं कार्तिक मास में होने वाली ऋतु। (सुद० ३/३२, जयो० ३/५७) (सुद० १/८)
०शरं ददातीति शरदं-मुक्तावली सहित। ०हार देने वाली। (जयो०वृ० २२/२)
०वर्षावसान समय (जयो० ४/९)
पक्वबाल सहिता शरदेषा शालिकालिभिरुपाद्रियते वा।
(जयो० ४/५७) भूरिधान्यहितवृत्तिमतीतन्निर्जरत्वधि-गन्तुमपीतः।
संविकाशयति वा जडजातमप्युदर्कमनुयात्यथवाऽतः।।
(जयो० ४/५८)
शरदि उज्ज्वलैर्विकाशिभिः जलोद्भवेः कमलैर्निष्ठं युक्तं तथा, प्रोल्लसत्तमेन परमप्रसक्तियुक्तेन मरालेन हंसेन विशिष्टं नीरं सरोवरजलं तत् तस्य। (जयो०वृ० ४/५९)

शरद्धरा (स्त्री०) शरत्काल की पृथ्वी। (वीरो० २१/३)

शरद्मेघः (पुं०) शरद्कालीन बादल।

शरदा (स्त्री०) [शरद्+टाप्] ०पतझड़। ०वर्ष।

शरदिज (वि०) [शरदिजायते-जन्-ड सप्तम्या अलुक्] पतझड़ से संबंध रखने वाला।

शरदीव (वि०) शरद ऋतु की तरह। (सुद० ७८)

शरद्योगिसभा (स्त्री०) शरद ऋतु में रोगियों की सभा।
विलोक्यते हंसरवः समन्तान्मौनं पुनर्भोगभुजो यदन्तात्।।
दिवं समाक्रामति सत्समूहः सेयं शरद्योगिसभाऽस्मदूहः।।
(वीरो० २१/५)

शरधि (पुं०) तूणीर, तरकश। (वीरो० ८/१९)
०जलधि, समुद्र। (वीरो० ८/१९)

शरन्नवोढा (स्त्री०) शरद ऋतु रूपी नवोढा बहु। (वीरो० २१/२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शरपुंखः (पुं०) बाणों के पंख।

शरप्रवृत्ति (स्त्री०) शरसंचालन की प्रवृत्ति, शीतकाल स्थिति। (वीरो० ९/२८)

शरभः (पुं०) [शृ+अभच्] हस्ति शावक।
०टिड्डी।
०ऊँट।

शरयु (स्त्री०) [शृ+अयुः] सरयु नदी।

शरलकं (नपुं०) पानी, जल।

शरवर्षशतोत्तरि (वि०) पांच सौ वर्ष पीछे। (वीरो० २२/६)

शरव्यं (नपुं०) [शरवे शरशिक्षायै हितं-शरु-यत्] निशाना, लक्ष्य।

शराग्रयः (पुं०) तीक्ष्ण तीर।

शराक्षेपः (पुं०) बाण क्षेपण, बाणों की वर्षा।

शराटिः (पुं०) पक्षी विशेष।

शराधिकारि (पुं०) जल अधीक्षक, पानी की अधिकारी। (समु० ६/१०)

शरारु (वि०) [शृ+आरु] अहितकर, कष्टकर, हानिकारक।

शरार्पित शाप (वि०) बाणों से आविद्ध। (जयो० ५/९)

शरावः (पुं०) कोरा, कड़वका, सकोरा।

शरावं (नपुं०) ०पात्र विशेष। मिट्टी का एक छोडा पात्र। (जयो० ५/१०५) ०सकोरा।

शरावती (स्त्री०) एक नगरी विशेष।

शरिमन् (पुं०) [शृणाति यौवनं-शृ+इमन्] पैदा करना, जन्म देना।

शरीरं (नपुं०) [शृ+ईरन्] देह, काया, तनु। शीर्यन्त इति शरीराणि। 'शरीरमेन्तमलमूत्रकुण्डं यत्पूतिमांसास्थिवसादिझुण्डम्। (सुद० १०१)
०कलेबर (जयो०वृ० २५/५८) जानाम्यनेकाणुमितं शरीरं जीवः पुनस्ततप्रमितं च धीरः। (वीरो० १४/३०) भोगायतन, भोगस्थान। (सम्य० २४)
०औदारिक आदि शरीर। (सम्य० ४२)

शरीरकर्तृ (पुं०) पिता, जनक।

शरीरकर्मन् (नपुं०) शरीर का कार्य।

शरीरकर्षणं (नपुं०) शरीर की कृषता।

शरीरगत (वि०) देहगत। (सुद० १३६)

शरीरच्छायः (पुं०) शरीर प्रतिबिम्ब, शरीर की परछाई। (जयो०१२/१२०)

शरीरजः (पुं०) रोग, आधि, व्याधि।
०पुत्र, सन्तान।
०कामोद्दीपन।

शरीरतुल्य (वि०) देह सदृश।

शरीरदण्डः (पुं०) देह दण्ड्, शारीरिक दण्ड।

शरीरदेशः (पुं०) काय के प्रदेश (सुद० १२३)

शरीरधारिन् (वि०) देह को प्राप्त षट् काय जीवादि।

शरीरधृक् (वि०) शरीर धारक।

शरीर नन्दिन् (वि०) देहगत आनन्द मनाने वाला।

शरीरपतनं (नपुं०) मृत्यु, मौत, मरण।

शरीरपर्याप्ति (स्त्री०) शरीर रूप परिणमन।

शरीरपातः (पुं०) मरण, मृत्यु।

शरीरबद्ध (वि०) शरीरी।

शरीरबन्धः (पुं०) दैहिक रचना प्रक्रिया, शरीर की बनावट।

शरीर भेदः (पुं०) शारीरिक अन्तर, शरीर वियोग मृत्यु, मरण।

शरीरयष्टिः (स्त्री०) दैहिक क्षीणता, पतला शरीर, कृशकाय।

शरीरयात्रा (स्त्री०) जीवन-यापन, देह पुष्टि का साधन।

शरीरवर्गः (पुं०) संसारी जन। (जयो० १६/२५)

शरीरवर्जित (वि०) अङ्गातिग, देह रहित। (जयो०वृ० २/१५३)

शरीरविवेकः (पुं०) सुख-दु:खादि का विवेक।

शरीरशोभा (स्त्री०) देहप्रभा, शरीर की चमक। (जयो०१/७०)

शरीरसंघातः (पुं०) शरीरगत शुद्धि।

शरीरसंलेखना (स्त्री०) आहारादि का त्याग करना।

शरीरसंस्कारः (पुं०) देह को सजाना।

शरीरस्थितिः (स्त्री०) देह पुष्टि। (दयो० ३४/)

शरीरहानि (स्त्री०) क्षीण शरीर। (वीरो० १८/२४)
०मरण, मृत्यु।

शरीराङ्गोपाङ्गनाम (पुं०) अंग-उपांग की उत्पत्ति, शरीर रचना।

शरीरिन् (वि०) [शरीर+इनि] शरीरधारी, शरीर युक्त।
०जीवित, चेतनामय, प्राणयुक्त। संचेत्यते यावदसंज्ञिकर्मफलं शरीरीपरिभिन्नमर्म।
यतो नहि ज्ञानविधाथियकर्मकर्तुं तदा प्रोत्सहतेऽस्य नर्म।। (सम्य० ४१)
०जिसके शरीर होता है-शरीरमस्यास्तीति शरीरी। (धव० ९/२२१) सरीरमेयस्स अत्थि त्ति सरीरी (धव० १/१२०)

शर्करजा (स्त्री०) [शृ+कान्-जन्+ड+टाप्] मिश्री।

शर्करा (स्त्री०) [शृ+कान्+टाप्] शक्कर खाण्ड।
०कंकड़ी, रोड़ी, बजरी।
०बालू से युक्त भूमि, रेत।
०ठींकरा।

शर्करायुक्त (वि०) सिताश्रित, शर्करा मिश्रित, शक्कर युक्त। (जयो०वृ० १६/९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शर्करिक (वि०) कंकर, कंकड़ी, बजरीयुक्त। (जयो० २७/४९) किरकिरा, कंकरीला।

शर्करिलः (वि०) देखो ऊपर।

शर्करी (स्त्री०) नदी।

०करधनी, मेखला, कंदौरा।

शर्धः (शृध्+घञ्) अफारा, अपानवायु का छोड़ना, पदास, पादना।

०दल, समूह।

०सामर्थ्य, शक्ति।

शर्धजह (वि०) [शर्ध+हा+खश्] अफारा उत्पन्न करने वाला, वायु विकार वाला।

शर्धजहः (पुं०) [शर्ध+हा+वश्+घञ्] उड़द, माष।

शर्धनं (नपुं०) [शृध्+ल्युट्] पादना, उदास, वायु छोड़ना।

शर्ब् (सक०) जाना, पहुंचना।

०नाश करना, क्षतिग्रस्त करना।

शर्मकारि (वि०) सुख दायक।

शर्मन् (पुं०) [शृ+मनिन्] दास, गुप्ता।

शर्मन् (नपुं०) प्रसन्नता, आनन्द, खुशी।

०आशीर्वाद।

०आश्रय, आधार। स्त्री प्रसंगादि सुख (जयो० ३/१,) कल्याण, सुख। (जयो० २/४४, १२/४८)

शर्मरः (पुं०) [शर्मन्+रा+क] वस्त्र विशेष, परिधान विशेष।

शर्मलेखिनी (स्त्री०) आनन्द समुद लेखकर्त्री। (जयो० १२/८१)

शर्मवत् (वि०) सुख सदृश। (जयो० ७/१००)

शर्मवारि (नपुं०) सुखपूर्ण जन। ०स्वच्छ जल।

शर्मसूक्ति (स्त्री०) कल्याणोत्पत्ति। (जयो० २३/२१)

शर्माज्झिति (स्त्री०) सुख त्याग। (मुनि० १७)

शर्मार्थ (वि०) शान्तिलाभार्थ। (जयो० २३/६९)

शर्या (स्त्री०) [शृ+यत्+टाप्] रजनी, रात्रि।

०अंगुली।

शर्व् (सक०) जाना, पहुंचना।

०क्षति पहुंचना, मारना, घात करना।

शर्वः (पुं०) विष्णु।

शर्वरः (पुं०) [शृ+ष्वरच्] कामदेव।

शर्वरं (नपुं०) तम, अन्धकार।

शर्वरी (स्त्री०) तम, अंधकार।

शर्वरी (स्त्री०) [शृ+वनिप्+ङीप्] रजनी, रात्रि (जयो० १५/३४) (जयो० ११/९३) 'शर्वरी तु त्रियामायां हरिद्रायोषितो रपि' इति विश्वलोचनः (जयो० १८/४७) युवती शर्वरी तु त्रियामायां हरिद्रायोषतोरपि' इति विश्वलोचन (जयो०वृ० २२/१७)

शल् (सक०) हिलाना, हरकत देना।

०क्षुब्ध करना।

०कांपना।

शलः (पुं०) [शल्+अच्] सांग, चन्द्र। (जयो० २४/४९) बर्छी।

०मेख।

०ब्रह्मा। शलं तु शल्लकीलोक्नि शलो भृङ्गिगणे विधौ इति वि

शलकः (पुं०) [शल+कन्] मक्कड़ मकड़ा।

शलक्ष (वि०) चिकना।

शलक्षकेशः (नपुं०) चिकने केश। (सुद० २/७)

शलङ्गः (पुं०) [शल्+अङ्गच्] नृप, राजा।

०प्रभु, स्वामी।

शलभः (पुं०) [श्शल्+अभच्] पतंगा। (जयो० २५/२४) झषचातकशलभाशीः (सुद० १/४९) अनवयन्दहनं शलभोऽतति वडिशमांसमितश्च झषोऽमतिः। (जयो० २५/७७)

शलभपंक्तिः (स्त्री०) पतङ्गावलि। (जयो० १०/११५)

शलभसमूहः (पुं०) पतंग समूह।

शललं (नपुं०) [शल्+अलच्] साही का कांटा।

शलली (स्त्री०) छोटी साही।

शलाका (स्त्री०) [शल्+आक्ः+टाप्] छोटी खूंटी, कील, टुकड़ा, सींखचा। लोह कीलक (३/१७)

०सलाई, अंजन आंजने की तीली।

०बाण, तीर।

०सांग।

०अंकुर, फुनगी, कोंपल।

०दंत कुदेरनी, दंत प्रक्षालिनी।

०महत् व्यक्तिव युक्त पुरुष तत्व। (जयो० १/५९)

०विशिष्ट व्यक्ति, वीतरागानुगामी पुरुष।

शलाकापुरुषः (पुं०) वीतरागानुगामी पुरुष। विशिष्ट पुरुष, तीर्थंकर, चक्रवर्ती बलदेव, वासुदेव आदि।

एत्तो सलायपुरिसा, तेसट्ठी सयल-भुवण विक्खादा।
जायेति भरखेत्ते णरसीहा पुण्णपाकेण।। (ति०प० ४/५१७)

शलाटु (वि०) [शल्+आटु] अनपका, अपरिपक्व।

शलोपलः (पुं०) चन्द्र कान्तमणि। (जयो०२४/४९)

शल्कं (नपुं०) मछली।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०बल्कल, छाल।

०भाग, अंश, खण्ड।

शल्कलिन् (पुं०) [शल्कल+इनि] मछली।

शल्भ् (सक०) प्रशंसा करना।

शल्मलिः (स्त्री०) [शल्+मलच्+इन-] सेमल वृक्ष।

शल्यं (नपुं०) [शल+यत्] 'ऋणति हिनस्तीति शल्यं' (स०सि० ७/१८) बाण।

०अन्तर्निविष्ट परिणाम तीर।

०कांटा, कील। (जयो० २/१०)

०शूल। (जयो० २/७०)

०खूंटी, थूणी।

०कष्ट, दुःख, पीड़ा।

शल्यः (पुं०) शल्यक्रिया, एक चिकित्सा विधि, जिसमें शरीर भेदन कर पीड़ा को शान्त किया जाता है।

शल्यकः (पुं०) सलाख, खपची, कांटा, फांस।

शल्यक्रिया (स्त्री०) शल्यशास्त्री की क्रिया।

शल्यलोमन् (नपुं०) साही का कांटा।

शल्यशास्त्रं (नपुं०) शल्यक्रिया सम्बंधी ग्रंथ।

शल्यहर्तृ (पुं०) चिकित्सक, वैद्य।

शल्लः (पुं०) [शल्ल्+अच्] मेंढक।

शल्लं (नपुं०) वल्कल, छाल।

शल्लकी (स्त्री०) [शल्लक+ङीष्] साही। जीव विशेष।

शल्लकीद्रवः (पुं०) धूप, लोबान।

शल्वः (पुं०) एक देश विशेष।

शव् (सक०) जाना, पहुंचना।

०बदलना, परिवर्तन करना।

शवः (पुं०) [शव्+अच्] लाश, मुर्दा, मृतक। (जयो० ८/३९)

शवं (नपुं०) जल, वारि, पानी।

शवकाम्यः (पुं०) श्वान, कुत्ता।

शवगत (वि०) मृतक हुआ, मरा हुआ, मृत्यु को प्राप्त हुआ।

शवभू (स्त्री०) श्मशान, भूमि, शवस्थल। (सुद० ९२)

शवभूदा (स्त्री०) श्मशानस्थल।

शवयानं (नपुं०) अरथी, मृतक यान।

शरथः (पुं०) अरथी, शवयान।

शवशिविका (स्त्री०) अरथी, परेतरथान्त। (जयो०वृ० २५/४७)

शवसानः (पुं०) [शव+असानच] यात्री, पथ, मार्ग, रास्ता।

शवसानं (नपुं०) श्मशानभूमि, शवस्थान, शवस्थल।

शश् (अक०) समर्थ युक्त, शशाक। (सुद० ७६)

शशः (पुं०) [शश्+अच्] खरगोश, खरहा। (दयो० ७६)

०चन्द्र कलंक।

शशकः (पुं०) खरगोश, खरहा। (दयो० ७६)

शशकृत् (पुं०) खरगोश। (सुद० ९२)

शशधरः (पुं०) चंद्रमा, चन्द्र, शशि। (दयो० ५४)

शशभृत् (वि०) चुद्रतुल्य, चन्द्र सदृश। नर्मेष्टिं सुमुखेट्टगेतु शशभृत्कल्पे कथं नाथः नः' (जयो० ११/१००)

शशभृत् (पुं०) शिव, महादेव।

शशमूर्तिः (स्त्री०) चन्द्रमा, शशि।

शशमौलिः (पुं०) महादेव, शिव, शंकर।

शशलक्ष्मणः (पुं०) चंद्रमा, शशि।

शशलाच्छनः (पुं०) चंद्रमा, शशि। चन्द्रचिह्न। (जयो० ९/९५) तत्रासीच्छशलाञ्छनस्य रसनात् प्रारब्धपूर्णात्मनो' (जयो०वृ० ९/९५)

शशलेखा (स्त्री०) चन्द्रकला, चन्द्ररेखा।

शशलोमन् (पुं०) खरगोश की रोम राजि।

शशविषाणं (नपुं०) खरगोश के सींग।

शशस्थली (स्त्री०) गंगा के बीच की भूमि। दोआबा।

शशाङ्कः (पुं०) चन्द्र। ०कपूर। (सुद० १/४०)

शशादः (पुं०) बीज, स्येन, ०पुरंजय के पिता का नाम।

शशादनः (पुं०) बाज, स्येन।

शशार्धमुख (वि०) अर्ध चन्द्र की आकृति युक्त बाण।

शशिन् (पुं०) [शशोऽन्त्यस्य इनि] सर्वात्मना कमनीयत्वलक्षण-मन्नर्थमाश्रित्य चन्द्रः। चन्द्र, शशि, चन्द्रमा (सुद० ३/३) शशिना शुचिशर्वरीव सा दिनवच्छ्रीर विणा महायशाः। (सुद० ३/१६)

शशिकला (स्त्री०) चन्द्ररेखा, चन्द्र प्रभा, चन्द्रकिरण।

शशिकान्त (वि०) शुद्धतम, अतिस्वच्छ। (जयो० ३/६४)

शशिकान्तः (पुं०) शशिकान्तमणि।

शशिकान्तं (नपुं०) कमलिनी।

शशिकान्ति (स्त्री०) चन्द्र प्रभा।

शशिकोटिः (स्त्री०) चद्रश्रृङ्ग।

शशिगृहं (नपुं०) चन्द्रग्रहण।

शशिग्रहणं (नपुं०) चन्द्रग्रहण।

शशिजः (पुं०) बुध।

शशिनीत्थः (पुं०) शान्त अवस्था। (जयो० २६/२३)

शशिप्रभा (स्त्री०) चन्द्र किरण।

शशि भा (स्त्री०) आदित्य राजा की रानी। विजयार्ध पर्वत के राजा की रानी। (जयो० २३/५१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शशिभृत् (पुं०) महादेव, शिव।
शशिमौलिः (पुं०) महादेव, शिव।
शशिलेखा (स्त्री०) चन्द्र किरण।
शशिशेखः (पुं०) महादेव, शिव।
श्रन्थः (पुं०) [श्रन्थ्+घञ्] ढीला करना, स्वतन्त्र करना।

श्रन्थनं (पुं०) [श्रथ्+ल्युट्]
०ढीला करना, खोलना।
०चोट पहुंचाना, मारना।
०विनाश करना, बांधना।

श्रपणं (नपुं०) [श्रा+णिच्+ल्युट्] गरम करना, उबालना, खोलाना।

श्रपित (भू०क०कृ०) [श्रा+णिच्+क्त] गरम किया गया, उबलाया गया।

श्रपिता (स्त्री०) मांड, कांजी।

श्रम् (अक०) चेष्टा करना, उद्योग करना, प्रयत्न करना। परिणाम करना। (जयो० १८/३२)
०परिश्रम करना, मेहनत करना।
०ताश्चर्या करना, इन्द्रिय दमन करना।
०श्रान्त होना, थकना।
०दुःखी होना, म्लान होना, खिन्न होना।
०विश्राम करना। (जयो० २७/५८) श्राम्यति-विश्रामं करोति।

श्रमः (पुं०) [श्रम्+घञ्] परिश्रम, चेष्टा प्रयत्न। (जयो० ३/८१)
०थकान, श्रान्त, परिभान्ति। (दयो० ३९)
०कष्ट, दुःख।
०तपस्या, साधना। (वीरो०)
०इन्द्रियदमन।
०व्यायाम। (जयो० ३/८२)

श्रमकर्मिन् (वि०) मेहनती, परिश्रमी।

श्रमकर्षित (वि०) थकाहारा।

श्रमगतः (वि) परिश्रम को प्राप्त हुआ।

श्रमजनित (वि०) परिनिःस्विन्न। (जयो० १३/७१)

श्रमजलं (नपुं०) पसीना।

श्रमण (वि०) [श्रम्+युच्] परिश्रमी, मेहनती।

श्रमणः (पुं०) साधु, अनगार। संयती।
०त्यागी-क्षमायामस्तुविश्रामः
श्रमणानां तु भो गुण!
सुराजा राजते वंश्यः
स्वयं माञ्चकमूर्धनि।। (जयो० ७/४६)
०समो सव्वत्थ मणो जस्स भवइ स समणो।
०सर्वग्रन्थविनिर्मुक्त, तपोनिष्ठ।
०श्रमणाः श्रमहन्तारं सत्त्वानां सन्ति साम्प्रतम्। (दयो० १/६)

श्रमणकर्मिन् (वि०) तपस्वी कर्म वाला।

श्रमणगत (वि०) साधुपने को प्राप्त हुआ।

श्रमणचर्या (स्त्री०) संयती की चर्या।

श्रमणतपश्चर्या (स्त्री०) महाव्रती की तपाराधना।

श्रमणधीरत्व (वि०) श्रमण की धीरता।

श्रमण संघः (पुं०) साधु संघ।

श्रमणसूक्तं (नपुं०) श्रमण सम्बंधी विचार। (दयो०)

श्रमहन्तार (वि०) थकान दूर करने वाला। (दयो० १/१६)

श्रमणाचारः (पुं०) संयत के आचार-विचार।

श्रमणाधारः (पुं०) श्रामणों का अवलम्बन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रमणिडा (स्त्री०) श्रमणी, सन्यासिनी। (मुनि० ११)
श्रमभारः (पुं०) थकावट, थकान। (जयो० १३/७५)
श्रमलवः (पुं०) पसीने की बूंद। (जयो० ६/५९)
श्रमपारिषातित (वि०) प्रस्वेद युक्त। (जयो० ७३/७७)
श्रमहा (वि०) श्रमहर्त्री, थकान दूर करने वाली। (जयो० २२/४२)
श्रमी (स्त्री०) परिश्रमी। (वीरो० १८/५७)
श्रमणाभासः (पुं०) संयत होता हुआ भी वस्तु तत्त्व से प्रति अश्रद्धानी।
श्रमणी (स्त्री०) साध्वी, आर्यिका। भिक्षुणी, सन्यासिनी।
श्रमनीरनिर्झरः (पुं०) स्वेद जल पुर, पसीने की धारा। (जयो० १३/७६)
श्रमारम्भः (पुं०) स्वेद जल। (जयो० १९/९९)
श्रम्भू (अक०) उपेक्षक होना, असावधान होना, उपेक्षा करना। लापरवाह होना।
श्रयः (पुं०) [श्रि+अच्] शरण, आश्रय, आधार, सहारा।
श्रयणं (नपुं०) [श्रि+ल्युट्] शरण, सहारा, आश्रय, आधार।
श्रणणीय (वि०) ग्रहण करने योग्य। (जयो० २८/१०६)
श्रयंतु (विधि) चाहे, सेन को। (जयो० २/७१)
श्रयेत् (वि०) अध्ययन करे।
श्रवः (पुं०) [श्रु+अप्] सुनना, श्रवण करना।
श्रवणः (पुं०) कर्ण, कान।
श्रवणं (नपुं०) सुनने की क्रिया। (समु० ४/२२)
०ख्याति, प्रसिद्धि, कीर्ति।
श्रवणकुमारः (पुं०) एक मातृ-पितृ भक्त कुमार।
श्रवणकार्यः (पुं) सुनने का कार्य।
श्रवणगत (वि०) कर्णभाग को प्राप्त हुआ।
श्रवणगोचर (वि०) कर्णभाग में समाहित।
श्रवणगोचरः (पुं०) सुनाई देने की सीमा।
श्रवणपथः (पुं०) कर्णपथ।
श्रवणपथागत (वि०) कर्णमार्ग का आया हुआ। (जयो०वृ० १/६४)
श्रवणपालिः (स्त्री०) कर्ण भाग, कान का हिस्सा।
श्रवणपूरः (पुं०) कर्ण से उत्पन्न, कर्णपथ। श्रवणसम्भव। (जयो० ६/८९)
श्रवणपूरमुपेत्य विलासिनी
हृदयमाशु ददावकनाशिनी। (जयो० ९/७८)
श्रवणाविषयीकृत (वि०) कर्ण प्रान्त गत। (जयो० १/६९)
श्रवणशील (वि०) सुनने वाला। (जयो०वृ० १/२६)
श्रवणसन्निहित (वि०) कर्णप्रानत में समाहित। (वीरो० २/१३)
श्रवणसुभग (वि०) कर्णप्रिय।
श्रवणासुभग (वि०) सुनने में बुरा। (दयो० ६४)
श्रवःस्रुचः (पुं०) कर्णपात्र। (जयो० २७/१९)
श्रवस् (नपुं०) [श्रु+असि] कर्ण, कान। (वीरो० ३/१४)
०ख्याति, प्रसिद्धि।
०धन, वैभव।
श्रवसोस्तृप्तिः (स्त्री०) कर्णतृप्ति वदत्यपि जनस्तस्यै श्रवसोस्तृप्तिकारणम्। (वीरो० ८/३६)
श्रवस्यं (नपुं०) [श्रवस्+यत्] कीर्ति, यश, प्रसिद्धि, ख्याति।
श्राविष्ठा (स्त्री०) [श्रवः ख्यातिः, अस्ति अस्याः श्रव+मतुप्-इष्ठनि मतुवो लुक्] घनिष्ठा नक्षत्र।
०श्रवणा नक्षत्र।
श्रव्य (वि०) [श्रु+यत्] सुनने योग्य। (वीरो० १८/३१)
श्रा (अक०) पकाना, उबालना, परिपक्व करना।
०भोजना बनाना।
श्राण (वि०) [श्रा+क्त] पकाया हुआ। परिपक्व किया हुआ।
०आर्द्र, गीला, तर।
श्राणा (स्त्री०) [श्राण+टाप्] कांजी, यवागू।
श्राद्ध (वि०) [श्रद्धा हेतुत्वेनास्त्यस्य अण्] निष्ठावान्, श्रद्धावान्, विश्वास करने वाला।
०श्रद्धापूर्वक आदि देने वाला। (जयो० १८/५)
श्राद्धं (नपुं०) अनुष्ठेय संस्कार। (जयो० २/८८)
श्राद्धकर्मन् (नपुं०) अन्त्येष्टि संस्कार। (वीरो० १५/६१)
श्राद्धक्रिया (स्त्री०) अन्त्येष्टि संस्कार।
श्राद्धकृत् (स्त्री०) अन्त्येष्ठि संस्कार करने वाला।
श्राद्धदः (पुं०) श्राद्ध का उपहार।
श्राद्धदिन् (पुं०) सम्मान दिवस, पुण्यतिथि।
श्राद्धदिनं (नपुं०) पुण्यतिथि।
श्राद्धदेवः (पुं०) अष्ठिात्री देव।
श्राद्धिक (वि०) श्राद्ध सम्बंधी। (वीरो० २०/२२)
श्राद्धीय (वि०) श्राद्ध संबंधी।
श्रान्त (भू०क०कृ०) [श्रम्+क्त]
०थका हुआ, परिश्रम युक्त।
०क्लान्त, परिश्राक्त। (दयो० १८)
०शन्त, सौम्य।
श्रान्तः (पुं०) संयत, श्रमण, साधु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रान्ततार (वि०) आलस्य भाव युक्त। (जयो० २१/१९)

श्रान्तिः (स्त्री०) [श्रम्+क्तिन्] ०क्लान्ति, ०परिश्रन्ति। (दयो० ६२)

०थकान, थकावट।

श्रान्तिवशः (वि०) थका हुआ। (दयो० ६२)

श्रामः (पुं०) [श्राम्+अच्] समय, काल।

०अस्थायी, ०छाजन।

श्रामण्यकर्मन् (पुं०) जिनदीक्षा। (वीरो० ११/३)

श्रामण्यात्मबोधः (पुं०) श्रमणपना अंङ्गीकार का ज्ञान। (वीरो० १५/२६)

श्रायः (पुं०) [श्रि+घञ्] आश्रय, आधार, सहारा, शरण, संरक्षण।

श्रावः (पुं०) [श्रु+घञ्] सुनना, कर्णदेना, कान लगाना।

श्रावकः (पुं०) [श्रु+ण्वुल्] व्रती, अणुव्रत, धारक व्यक्ति, बारह व्रत पालक व्यक्ति।

०सप्त व्यसवत्यागी पुरुष।

०सुदृढोपयोग व्यक्ति। (जयो०वृ० ७/३४)

०उपासक। (जयो०वृ० १/१३३)

०श्रोता।

०शिष्य छात्र।

श्रावण (वि०) [श्रवण+अण्] कर्ण सम्बंधी।

०श्रवण नक्षत्र में उत्पन्न।

श्रावणमासः (पुं०) सावन मास। (वीरो० १३/२९) वि०सं० १९८३ के सावन मास की सुदी पूर्णिमा में जयोदय महाकाव्य की रचना की गई।

श्रावणमासमितिं प्रति याति पूर्णं
निजपरहितैक जाति। (जयो० २८/१०९)

श्रावणिक (वि०) श्रावण मास सम्बंधी।

श्रावणिकः (पुं०) सावन मास।

श्रावणी (स्त्री०) [श्रवणेन नक्षत्रेण युक्ता मौर्णमासी-श्रवण+अण्+ङीप्] श्रव्रवण मास की पूर्णिमा।

श्रावस्ति (स्त्री०) श्रावस्ती नामक नगर, गंगा नदी के उत्तर में स्थित एक नगर।

श्राविका (स्त्री०) व्रती गृहिणी। व्रत पालन करने वाली स्त्री। (वीरो० १५/२९)

सुधर्मस्वामिनः पार्श्वं
उष्ट्रदेशाधियो यमः।
दीक्षा जग्राह तत्पत्नी
श्राविका धनवत्यभूतः। (वीरो १५/२९)

०उपासिका, जो शक्ति के अनुसार मूल गुण और उत्तर गुण का पालन करती है।

श्राव्य (वि०) [श्रु+णिच्+यत्] सुने जाने योग्य, श्रवण करने योग्य।

०सुनने में स्पष्ट।

श्रि (सक०) शरण लेना, सहारा लेना, आश्रय लेना। (सुद० १/१८) श्रयन्ति।

०चाहना, सेवन करना, इच्छा करना। (जयो०वृ० २/७१)

०अध्ययन करना, शिक्षा लेना। (जयो०वृ० २/४७)

०मानना, स्वीकार करना। (सुद० १२१)

०जाना, पहुंचना, धारण करना।

०निवास करना, वसना।

०सम्मान करना, सेवा करना।

०पूजा करना, अर्धना करना।

०चुनना, चयन करना, छांटना।

०कहना, बोलना। (जयो० १५/१२)

०ग्रहण करना। (जयो० ३/१०७)

श्रित (भू०क०कृ०) [श्रि+क्त] गया हुआ, (जयो० १३/१२) संबद्ध।

०आच्छादित, बिछाया हुआ।

०युक्त, पूरित।

०सहित, सम्पन्न। (सुद० ४/१४)

श्रिताडिम्बः (पुं०) विप्लव। (जयो० ५/२३)

श्रितवान् (वि०) गया हुआ। (सुद० ३/८)

श्रिता (वि०) पालिता। (सुद० ४/३३)

श्रितिः (स्त्री०) [श्रि+क्तिन्] आश्रय, आधार, शरण, अवलम्ब।

०पहुंच।

श्रिस् (सक०) जलाना, प्रज्वलित करना।

श्री (स्त्री०) [श्री+क्विप्] धन, सम्पत्ति, वैभव, सम्पदा, समृद्धि। (सम्य० १५६)

०ऐश्वर्य, राजसत्ता, सम्प्रभुता। (सम्य० ६७)

०सौन्दर्य, चारुता, लालित्य, कान्ति।

०शोभा, आभा, प्रभा। (सुद० १३६)

०उत्तम, श्रेष्ठ। (सुद० ८३)

०लक्ष्मी, विष्णुप्रिया।

श्री लक्ष्मी भारती शोभा प्रभासु सरलद्रुमे इति विश्वलोचनः। (जयो० १५/१५)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीदेव भूषयति या मम वामभागम्। (दयो० १०९)
गुण, श्रेष्ठता, बृद्धि, समझ।
श्रीकदः (पुं०) लक्ष्मी के हाथ। ०विष्णु।
श्रीकर (वि०) शोभा दायक। (सुद० १३६)
श्रीकरण (वि०) शोभाधारक। (वीरो० ६/२५)
श्रीकरणं (नपुं०) लेखनी, कलम, निर्झरणी।
श्रीकशः (पुं०) जल से परिपूर्ण कुम्भ। (जयो०१५/७१)
श्रीकान्तः (पुं०) विष्णु।
श्रीकारिन् (पुं०) बारहसिंहा।
श्रीखण्ड (पुं०) श्रीखण्ड, एक खाद्य पदार्थ, जो दही एवं शर्करा के मिश्रण से बनता है।
श्रीखण्डं (नपुं०) चन्दन की लकड़ी।
श्रीगदितं (नपुं०) लघु नाटिका।
श्रीगर्भः (पुं०) विष्णु, तलवार।
श्रीगुणः (पुं०) क्षमा गुण। (जयो० १/११३)
श्रीग्रहः (पुं०) पानी पिलाने की कुण्डी।
श्रीधनं (नपुं०) खट्टा दही।
श्रीचक्रं (नपुं०) भूमण्डल, भूचक्र।
श्रीचक्रपाणि (स्त्री०) भरत चक्रवर्ती का विशेषण। (जयो० १/६)
श्रीजः (पुं०) काम, इच्छा, वासना।
श्रीजिनः (पुं०) अर्हत् प्रभु। (सुद० ७०)
श्रीजिनकृष्णा (स्त्री०) जिनदेव की कृपा। (सुद० ७३)
श्रीजिनामोच्चारणं (नपुं०) जिनदेव के नाम का उच्चारण। (सुद० ८६) जिनप्रभु का स्मरण।
श्रीजिनराजः (पुं०) अर्हत प्रभु। (सुद० २/२३)
श्रीछान्दसी (स्त्री०) अनुकूल स्वभावी।
०शोभन छंद वाला। (जयो० २२/८१)
श्रीतिलकः (पुं०) सौभाग्य सूचक तिलक। (जयो० १२/१४) पुष्प (जयो० १४/२९)
श्रीदः (पुं०) कुबेर, धनपति।
श्रीदत्तः (पुं०) उज्जयिनी का एक सार्थवाह। (दयो० १/२०)
श्रीडयितः (पुं०) विष्णु।
श्रीदेवादि (पुं०) सुमेरु पर्वत। (सुद० ९७)
श्रीधरः (पुं०) श्रीधर नामक देव। (समु० ४/३६)
०विष्णु, ०श्रीधर नामक राजा। (जयो० ७/८८)
०कुबेर (जयो० ३/३०) एतन्नामकः कुबेरः'
०श्रीधर नामक राजा। (जयो० ३/३७) अकम्पन का नाम।
'श्रियं धरतीति श्रीधर इत्येवमुक्तः' (जयो०वृ० १२/५४)
०श्रीराचार्य-विश्वलोचनकोश कर्ता। (जयो०वृ० १/१७)
श्रीधरपुत्रिका (स्त्री०) अकम्पन राजा की पुत्री सुलोचना। (जयो० ८/६३)
श्रीधरसन्निवेशः (पुं०) भाण्डागार। (जयो० १/१७)
०श्री सम्पन्न।
०राजा का परिवेश। कुबेर की सम्पन्नता। (सुद० १/३२)
श्रीधरा (स्त्री०) अलकापुरी के राजा दर्शक की रानी। (समु० ५/२१) धरणी तिलक नगर के राजा आदित्यवेग। सुलक्षणा दासी की पुत्री, श्रीधरा। (समु० ५/१९)
श्री नगरं (नपुं०) श्रीनगर।
श्रीनन्दन (पुं०) राम।
श्रीनिकेतनः (पुं०) विष्णु।
श्रीनिवासः (पुं०) विष्णु।
श्रीपट्टदमहादेवी (स्त्री०) गंगहेमाण्डिमान्धाता की सहधर्मिणी। (वीरो० १५/४४)
श्रीपञ्चशास्त्रः (पुं०) हस्त। ०कल्पद्रुम। (जयो० १/५१)
श्रीपतिदर्शनं (नपुं०) जिनदर्शन। (जयो० १९/२३)
श्रीपद (नपुं०) गुरचरण। (जयो० २७/१३)
श्रीपथः (पुं०) राजमार्ग, मुख्य सड़क। (सुद० ३/४०)
श्रीपद्मखण्डः (पुं०) एक नगर विशेष। (समु० १/२९)
श्रीपर्णं (नपुं०) कमल।
श्रीपर्वतः (पुं०) एक पर्वत विशेष।
श्रीपादपः (पुं०) कल्पवृक्ष, फलशाली वृक्ष। (सुद० १/१७ भक्ति १३)
श्रीपाद पपः (पुं०) चरणाविर। (जयो० १/६८)
श्रीपादपीठः (पुं०) सिंहासन। (जयो० २०/१७)
श्रीपिष्टः (पुं०) तारपीन।
श्रीहिताश्रवः (पुं०) तपस्वी। (समु० ६/३१)
श्रीपुष्पं (नपुं०) लवंग।
श्रीपालः (पुं०) श्रीपाल नामक राजा, जो कुष्ठ रोगी था, बाद में मैनासुंदर की भक्ति एवं सेवा/श्रद्धा से पूर्ण सुंदर हो गया। (सम्य० ६७)
श्रीप्रमाणदेवी (वि०) व्याकरणज्ञ। (जयो० ५/५२)
श्रीफलः (पुं०) बेल तरु। बिल्ववृक्ष। नारियल (जयो०वृ० १२/१०९)
श्रीफला (स्त्री०) नील का पौधा। आंवला, आमली। आमलकी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीशाज् (पुं०) श्रीमन्। (सुद० ११०)
श्रीभूति (पुं०) राजा सिंहसेन का मंत्री। (समु० ३/२१)
श्रीभ्रातृ (पुं०) चन्द्र। ०अश्व।
श्रीमत् (वि०) [श्री+मतुप्] श्रीमंत।
०श्रीसहित। (जयो० १/१११)
०सम्भसत। (जयो० ३)
०आपकी। (दयो० ७३)
०भाग्यशाली, महाभाग। (सुद० ३/४५)
०महापुरुष। (जयो० २/४६)
०लक्ष्मीवान्, धनवान्।
०सुखी, सौभाग्यशाली, शोभा युक्त। (सुद० २/७)
०सुंदर, सुहावना, सुखद।
०विख्यात, प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित।
श्रीमत् (पुं०) कुबेर। ०विष्णु।
०शिव। ०अर्हत्।
०तिलकवृक्ष।
श्रीमता (वि०) अर्हता। (जयो० २/७५)
श्रीमती (स्त्री०) कान्तिमति। (जयो० २/४१)
सौभाग्यशालिनी श्री। (सुद० ९४)
श्रीमत्तरङ्गिणी (स्त्री०) श्रीमती तां तरंगिणी रांगाभुक्त।
०गंगा नदी।
श्रीमत्तोरणं (नपुं०) शोभनीय। (जयो० २०/४६) तोरण द्वार। (जयो० ३/८१)
श्रीमद (वि०) श्रीमन्, श्रीमान्।
०धनवान्, भाग्यवान्।
श्रीमद्भागवत: (पुं०) एक पुराण ग्रन्थ। भगवत् गीता। (जयो० ३०)
श्रीमदहीन (वि०) लक्ष्मी मद से रहित। (जयो० १/३०) वैभव मद से हीन।
श्रीमन्त (वि०) श्रेष्ठ जन, विशिष्ठ जन। (जयो० ३/८६)
श्रीमस्तक: (पुं०) लहसुन।
श्रीमुद्रा (स्त्री०) तिलक विशेष।
श्रीमान् (वि०) भद्र! (सुद० १३२)
धर्माख्यकल्पद्रुमवरोऽभ्युदरा:
श्रीमान् स जीयात्समितिप्रसार:। (सुद० १३२)
०शव्यात्मन्।
दास्यासऽदर्शि सुदर्शनो मुनिरिव
श्रीमान् दृशा सूत्कया। (सुद० ९८)
०महाशय। (दयो० ६७)
'श्रीमान् य: खलु पूर्वपरिचित इव।' (दयो० ६७)
श्रीमानमूच्छ्री (स्त्री०) श्री रूपी पृथ्वी की श्री। (जयो० १/४३)
हंस: स्ववंशोरूसरोवरस्य
श्रीमानभूच्छ्रीसुहृदां वयस्य:'
श्रीमूर्ति: (स्त्री०) लक्ष्मी की मूर्ति।
श्रीयुक्त (वि०) भाग्यशाली, महाशय। महादश (जयो० ३/१०१) शोभा सहित (जयो० ३/१३)
श्रीरङ्ग: (पुं०) विष्णु।
श्रीरस: (पुं०) तारपीन। ०राल।
श्रीरोद् (स्त्री०) पृथवी, भू, धरा। (सुद० १/३१)
श्रीवत्सकिन् (पुं०) अश्व चिह्न युक्त।
श्रीवनञ्चानुकुर्वत (वि०) वनरक्षक, वनपाल, माली। (जयो० १/८८)
श्रीवर: (पुं) जिनवर। (सुद० ७४)
०श्रीमन्त। (जयो० २/९६)
०विष्णु।
श्रीवल्लभ: (पुं०) विष्णु।
श्रीवामरूप (वि०) महादेव रूप। (जयो० १/४६)
०शोभा से रमणीय रूप वाला।
श्रीवास: (पुं०) विष्णु। शिव, ०कमल, ०तारपीन।
श्रीवासस् (पुं०) तारपीन।
श्रीवासुपूज्य: (पुं०) बारहवें तीर्थंकर का नाम। (सुद० १/३५)
श्रीविभु (पुं०) श्रीप्रभु। (वीरो० १९/३३)
श्रीवी: (वि०) श्रेष्ठ पक्षी। (जयो०वृ० १/४४)
श्रीवीर: (पुं०) वीर प्रभु, महावीर, चौबीसवें तीर्थंकर महावीर का अपर नाम। (जयो० १/४४)
श्रीवीरदेव: (पुं०) तीर्थंकर महावीर।
श्रीवीरदेवस्य यशोभिरामं,
वप्रं तपो राजतमाश्रयाम:। (वीरो० १३/१२)
श्रीवृक्ष: (पुं०) बिल्व तरु।
श्रीवेष्ट: (पुं०) तारपीन। ०राल।
श्रीश (वि०) श्रीमत्, महायश, सौभाग्यशाली। (जयो० २६/५६)
श्रीश्रुतसागर: (पुं०) आचार्य शिरोणि श्रुतसागर। (वीरो० ११/३०)
श्रीश्रेष्ठिन् (वि०) लक्ष्मी विभूषित श्रेष्ठी। (सुद० २/३६)
श्रीश: (पुं०) श्री के ईश, जिनेन्द्र देव। (जयो० २४/७५)
०विष्णु

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीशरणं (नपुं०) समवशरण।
वृत्तं तथा योजनमात्र मञ्चं
सार्द्धद्वय क्रोश समुन्नतं च।
ख्यातं च नाम्ना समवेत्य यत्र
ययुर्जनाः श्रीशरणं तदत्र।। (वीरो० १३/१)

श्रीश्रेष्ठिन् (पुं०) श्री वृषभदास सेठ। (सुद० २/९)

श्रीसंज्ञं (नपुं०) लवंग, लौंग।

श्रीसद्भः (पुं०) काश रोग, खांशी, श्वांस रोग। (जयो० १८/२२)

श्रीसहोदरः (पुं०) चन्द्र।

श्रीसुंदरी (स्त्री०) कामसुंदरी। (सम्य० ६७)

श्रीसवला (वि०) ०प्रमोद सहिता। आनन्द युक्ता श्रीबलमुत्सवे लातीति धीसबला। (जयो० १५/५४)

श्रीसमागमः (पुं०) सौभाग्य प्राप्ति।
श्रियः सौभाग्यसम्पत्तेः समागमः प्राप्तिः' (जयो० ३/११५)
'श्रीयुक्तः सम्यगागम आप्तोपज्ञो ग्रन्थः' (जयो०वृ० ३/११५)

श्रीसरिता (स्त्री०) उत्तम सरिता। (वीरो० २/१५)

श्रीसुमन (वि०) कुसुम युक्त। (जयो० १/७७)

श्रीसूक्तं (नपुं०) एक वैदिक ग्रंथ।

श्रीस्थितिः (स्त्री०) बिल्वफल। (जयो०वृ० २८/३०)

श्रीहर (वि०) शोभापहारक। (जयो० १२/६४)

श्रीहरि (पुं०) विषु।

श्रु (सक०) जाना, पहुंचना।
०सुनना, श्रवण करना। (वीरो० १४) श्रुणु (जयो०वृ० १/२६)
०अधिगम करना, अध्ययन करना।
०समाचार देना।

श्रुत (भू०क०कृ०) [श्रु+क्त] श्रृणोति श्रवणमात्रं का श्रुनम्। सुना हुआ, श्रवण किया हुआ। (जयो० २/४०) (समु० ३/४१)
श्रुतमश्रुतपूर्वमिदं तु कुतः
कपिले त्वया स वैक्लैव्ययुतः। (सुद० ८४)
'सुज्ञात, प्रसिद्ध, विख्यात, विश्रुत।

श्रुतं (नपुं०) शास्त्र, धर्म विवेचन। (जयो० २/१४०)
०आप्तवचन निबन्धन।
०आगम, सिद्धांत। (जयो० २/५६)
०अस्पष्ट ज्ञान।
०विख्यात। (जयो० २६/४०)
०श्रुत ज्ञान के भेदों में द्वितीय ज्ञान। (जयो० १/३)
'मतिज्ञान के विषयभूत पदार्थ से सम्बन्ध रखने वाले किसी दूसरे पदार्थ का जानना। (त० सू० पृ० १७)

श्रुतकीर्तिः (पुं०) एक आचार्य विशेष।

श्रुतकेवली (वि०) जो श्रुत द्वारा शुद्धात्मा को जानता है। जो सुदणाणं सव्वं जाणादि सुदकेवलिं। (सम०पा० ९/१०)

श्रुतज्ञानं (नपुं०) ज्ञान का द्वितीय भेद। मति पूर्वक जाना गया ज्ञान। (सम्य० १३०)
श्रुतज्ञान विभाव के साथ नियम से अन्वय वाला होता है।
'श्रुतं विभावान्वयि' (सम्य० १३०)

श्रुतज्ञानमंत्रं (नपुं०) 'णमो चोद्दसपुव्वीण' ऐसा श्रुतज्ञान मंत्र है।

श्रुतदेवी (स्त्री०) सरस्वती, भारती।

श्रुतधरः (वि०) आगम श्रावक।

श्रुतधर्मः (पुं०) श्रुत/शास्त्र के स्वभाव का बोध।

श्रुतभक्तिः (स्त्री०) द्वादशांग भक्ति। (भक्ति०वृ०५)

श्रुतप्रमाणं (नपुं०) आगम प्रमाण।

श्रुतप्रान्तगत (वि०) श्रवण विषयकृत, कर्ण प्रान्त को प्राप्त हुआ। (जयो० १/६९)

श्रुतरचरिन् (वि०) श्रुतरसज्ञ, शास्त्र में रुचि लेने वाला। (जयो० २/८१)

श्रुतवत् (वि०) [श्रुत्+मतुप्] वेदज्ञ, वेदज्ञाता। श्रुतज्ञाता, शास्त्रज्ञ, सिद्धान्तज्ञ।
०आगम प्रवीणता युक्त।

श्रुतवाक् (नपुं०) आगम वचन, सिद्धांत वचन। (मुनि० ८)

श्रुतवाचनं (नपुं०) आगम वचन। (मुनि०८)

श्रुतविनयं (नपुं०) सूत्रार्थ का ग्रहण।

श्रुतसंहरहः (पुं०) श्रुत प्रवीण, शास्त्र में चतुर, ०आगम प्रवीण। (जयो० १९/६६)

श्रुतसारः (पुं०) श्रुतसागर आचार्य।
आचार्य शिरोमणि श्रुतसागर।
दिगम्बरीभूय तपस्तपस्समायमात्मा
श्रुतस्मपमस्यन् (वीरो० ११/३१)

श्रुतस्थविरः (पुं०) श्रुतधारक स्थविर।

श्रुता (वि०) सुना गया। (सुद० ३/४१)

श्रुताज्ञान (वि०) निरर्थक आदेश वाला।

श्रुतातिचारः (वि०) श्रुत पढ़ने में दोष।

श्रुताधिगम्य (वि०) श्रुत पढ़ने की ओर लगने वाला। (वीरो० २०/१८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रुताराम (वि०) तत्त्वार्थ शास्त्र पर आधारित। (जयो०वृ० १८/४)

श्रुतावर्णवादः (पुं०) श्रुत की जाने वाली निन्दा।

श्रुतिः (स्त्री०) आगम, वेद। (जयो० २७/४८)

०शास्त्र। (जयो० २/९५)

०श्रवणश्रुति सूयते वा।

०श्रवणपथ आगत। (जयो० १/६४)

०सुनना, धर्म प्रतिपादक शास्त्र श्रवण। (जयो० ३/१५)

श्रुतिदेशः (पुं०) कर्णप्रदेश। (जयो० ४/२०)

श्रुतिपान्तगत (वि०) कर्ण भाग को प्राप्त हुआ। (सुद० २/८)

श्रुतिपुत्री (वि०) सुनने वाला। (दयो० ८२)

श्रुतिलङ्घनोत्सुकः (पुं०) अध्यात्म शास्त्र का उल्लंघन। (जयो० १६/८०)

श्रुती (स्त्री०) कर्ण, कान। (वीरो० ५/१३, जयो० १०/३८)

श्रेष्ठि (स्त्री०) गणनांग।

श्रेणिः (स्त्री०/पुं०) [श्रि+णि] रेखा, पंक्ति, शृंखला।

०प्रवाह। (जयो० ११/७०)

०दल, संचय, समूह।

०एक प्रमाण विशेष। (सम्य० १०८)

श्रेणिकः (पुं०) श्रेणिक राजा, राजगृह नगर का अधिराज।

राजगृहाधिराजो यः श्रेणिको नाम भूपतिः।

लोक प्रख्यातातिमायातो बभूव श्रोतृषूज्ञमः।। (वीरो० १५/१६)

श्रेणिका (स्त्री०) [श्रेणि+कन्+टाप्] तम्बू, खेमा, डेरा, पड़ाव।

श्रेष्ठिपृष्ठपदं (नपुं०) मध्य भाग। (जयो०वृ० १३/९५)

श्रेणी (स्त्री०) पंक्ति, रेखा, शृंखला।

श्रेणी समन्ताद्विलसत्पलीनां

पान्थोपधोराय कशाप्यदीना।। (वीरो० ६/२६)

श्रेयम् (वि०) [अतिशयेन प्रशस्यं ईयसुन्] श्रेष्ठतर, अपेक्षाकृत, अच्छा, वरीयस्।

०सकल दुःख निवृत्तिः। (त० लो०)

०कल्याण। (जयो० ७/५२)

०सर्वोत्तम, श्रेष्ठतम, आनन्ददायक।

०मोक्ष, मुक्ति, शुभ अवसर।

श्रेयसभा (वि०) कल्याणकारी। (मुनि० ३३)

श्रेयांसः (पुं०) ०ग्यारहवें तीर्थंकर का नाम। ०श्रेयांसनाथ। (भक्ति० १९)

श्रेयांसकुमारः (पुं०) जयकुमार का चाचा। (जयो०वृ० ९/८२) दान देने अग्रणी।

'दानेऽनृणीजयपितृव्यज्ञनः

श्रेयासंकुमारोऽस्ति। (जयो०वृ० ९/८२)

श्रेयार्थी (वि०) कल्याणार्थी। (मुनि० २७)

श्रेयोमार्गनेता (वि०) मोक्ष मार्ग का नेता।

श्रेष्ठ (वि०) [अतिशयेन प्रशस्यः]

०उत्तम, श्रेष्ठ, अच्छा।

०समृद्ध, उन्नत।

०अत्यंत प्रिय।

श्रेष्ठः (पुं०) आर्य। (जयो०वृ० २२/८३)

०कुलकर, कुलश्रेष्ठ।

कुलकरस्तु कुलश्रेष्ठे इति विश्वलोचनः। (जयो०वृ० ४/१६)

०विज्ञ, प्रज्ञ, विद्वान्, सज्जन कुमार।

श्रेष्ठज्ञानी (वि०) विज्ञवर। (वीरो० १२/४४)

श्रेष्ठगतिः (स्त्री०) उत्तम गति।

श्रेष्ठजन्मन् (वि०) उत्तम जन्म वाला।

श्रेष्ठचारित्र (वि०) अच्छे चारित्र वाला, सदाचरण युक्त।

श्रेष्ठदानं (नपुं०) उत्तम दान, पात्रोचित दान।

श्रेष्ठदानी (वि०) उत्तम दान देने वाला।

श्रेष्ठधनी (वि०) परिपूर्ण धन से युक्त।

श्रेष्ठनायिका (स्त्री०) उत्तम नायिका। अभिनय में परिपूर्ण अभिनेतृ।

श्रेष्ठपदं (नपुं०) उचित स्थान।

श्रेष्ठफल (नपुं०) रुचिकर फल।

श्रेष्ठभक्तिः (स्त्री०) उत्तम भक्ति।

श्रेष्ठभावः (पुं०) उचित परिणाम।

श्रेष्ठयोनिः (स्त्री०) उत्तम जन्म।

श्रेष्ठ यौवनं (नपुं०) परिपूर्ण यौवन।

श्रेष्ठरत्नं (नपुं०) श्रेष्ठ रत्न, सर्वोत्तम रत्न।

श्रेष्ठ राशिः (स्त्री०) उत्तम राशि।

श्रेष्ठसमागम (वि०) अच्छा योग।

श्रेष्ठाचार (वि०) सद्गुणी।

श्रेष्ठरधार (वि०) उचित आधार वाला।

श्रेष्ठार्थक (वि०) उत्तमार्थक। (जयो०वृ० २/२५)

श्रेष्ठिकुमारः (पुं०) सेठ पुत्र। (दयो० २६)

श्रेष्ठिन् (वि०) [श्रेष्ठं धनादिकमस्त्यस्य इनि]

०सेठ, धनी। (इति श्रेष्ठिसमाकृतं निशक्याऽऽयनीश्वरः (सुद० ४/९)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०पूज्य, समादरणीय।
०भद्र, महायश। (दयो० १/१४)

श्रेष्ठिचतुर्भुज (पुं०) चतुर्भुत नामक सेठ। आचार्य ज्ञानसागर के गृहस्थ जीवन के पिता।
ब्र० भूमामल के पिताश्री।
श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे
भूरामलोपाह्वयं
वाणीभूषण वर्णिनं घृतवरी
देवी च यधीचयम्। (जयो० २/पृ०१३०)
वीरो जयोदय के प्रत्येक सर्ग के अंत में उक्त पंक्तियां दी गई हैं।

श्रेष्ठिपदं (नपुं०) सेठ पद। (समु० ४/३)

श्रेष्ठिवर्य (वि०) सेठ, उत्तम सेठ, नगर सेठ। (सुद० २/१)
श्री श्रेष्ठिवर्यो वृषभस्य दासः।

श्रेष्ठिसत्तम (वि०) श्रेष्ठिवर्य। (सुद० ३/४७)

श्रेष्ठोक्ति (स्त्री०) कुलकोक्ति-'कुलकरस्तु कुलश्रेष्ठे इति विश्वलोचनः' (जयो०वृ. ४/१६)

श्रे (सक०) पकाना, उबालना। पसीना निकालना, स्वेद आना।

श्रोण् (सक०) एकत्र करना, ढेर लगाना।

श्रोण (वि०) [श्रोण्+अच्] विकलांग, लगड़ा।

श्रोणः (पुं०) एक रोग विशेष।

श्रोणा (स्त्री०) [श्रोण्+टाप्] कांजी।
०श्रवण नक्षत्र।

श्रोणिः (स्त्री०) [श्रोण्+इन्] कटी, कमर। (जयो०वृ० २१/३१)
कूल्हा, नितम्ब, चूतड़। (जयो०वृ०)
०कटिरपुरभाग। (वीरो० ३/२२)
'श्रोणौ विशालत्वमथो धराया'
०वृक्ष विशेष। श्रोणि नामक वृक्ष। (जयो०वृ० २१/३०)

श्रोणिकरधनी (स्त्री०) कूल्हे पर करधनी।

श्रोणिगत (वि०) नितम्ब युक्त।

श्रोणिबद्ध (वि०) नितम्ब पर बंधी हुई, कूल्हे पर स्थित।
'श्रोणिवद्धसुरसासमन्वितः' (जयो० २४/३१)
'कटः श्रोणो शयेऽत्यल्पे
किलिञ्जगजगण्डयो इति
कटी स्यात्कटिभागध्यो' इति विश्वलोचनः (जयो०वृ० २१/३१)
०श्रोणिश्च वृक्ष विशेषस्तेन बद्धा। (जयो०वृ० २१/३१)
'श्रोणौ वा संकटीप्रदेशे वा बद्धा। (जयो०वृ० २१/३१)

श्रोणि बिम्बं (नपुं०) नितम्ब चक्र, श्रेष्ठ वर्तुलाकार नितम्ब बिम्ब। (जयो० ११/७) श्रोणिबिम्बे भूभुजां दुर्गस्थाने। श्रोणिभार्ययोः इति विश्वलोचनः (जयो०वृ० ११/७)
०कमरपट्टा, करधनी, कंदौर।

श्रोणिसूत्रं (नपुं०) मेखला, करधनी।

श्रोणी (स्त्री०) नितम्ब, कूल्हा, कटिपुर भाग।

श्रोतस् (नपुं०) [श्रु+असुन् तुट् च]
०कर्ण, कान, श्रवण। (जयो०वृ० २७/१६)
०हस्तिसुंड।
०ज्ञानेन्द्रिय।
०सरिता, प्रवाह।

श्रोतृ (पुं०) [श्रु+तृच्] छात्र, शिष्य, विद्यार्थी सुनने वाला। (वीरो० १/१)
०श्रोता।

श्रोतृजनः (पुं०) श्रोताजन।
श्रिये जिनः सोऽस्तु यदीयसेवा,
समस्त संश्रोतृजनस्य सेवा। (वीरो० १/१)

श्रोतृषूत्तम (वि०) श्रोताओं में उत्तम। (वीरो० १५/१६)

श्रोता (वि०) सुनने वाला। (समु० १/३५)

श्रोतुः (ष०ए० श्रेतृ०) क्रोता के वक्तु श्रोतुः क्षेमहेतवे' (समु० ३/३१)

श्रोत्रं (नपुं०) [श्रूयतेऽनेन-श्रु-करणे ष्ट्रन्] कर्ण, कान, श्रवण, श्रवणेन्द्रिय। (जयो०वृ० २७/१६)

श्रोत्रदेशः (पुं०) कर्णवाली। (जयो०वृ० २७/१६)

श्रोत्रमूलं (नपुं०) कान की जड़।

श्रोत्रिय (वि०) [छन्दो वेदमधीयते वेति वा छन्दस्+घ-श्रोत्रादेशः] वैदिक ब्राह्मण।
'श्रोत्रिया इव नित्य होत्रिणो वैदिक ब्राह्मणा इव' (जयो०वृ० ३/१६)

श्रौत (वि०) [श्रुतौ विहितं अण्]
०वेद से सम्बन्धित।
०कर्ण से सम्बन्धित।

श्रौतं (नपुं०) वेद विहित कर्म, याज्ञिक अनुष्ठान, क्रिया खण्ड।

श्रौतकर्मन् (नपुं) वैदिक क्रिया।

श्रौतगत (वि०) अनुष्ठान को प्राप्त हुआ।

श्रौतजन्म (वि०) याज्ञिक क्रिया की उत्पत्ति।

श्रौतदान (वि०) याज्ञिक दान वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रौतभाव (वि०) याज्ञिक भाव वाला।
श्रौत सूत्रं (नपुं०) वेदसूत्र संचय।
श्रौत्रं (नपुं०) [श्रोत्र+स्वार्थे अण्] कर्ण, कान। वेद प्रवीणता।
श्रौषट् (अव्य०) आहूति सम्बंधी उच्चारण, पूजन के समय आह्वान पर बोला जाने वाला शब्द।
श्लक्ष्ण (वि०) [श्लिष्+कस्न] ०मृदु, ०कोमल, ०सौम्य, ०स्निग्ध।
०चिकना, चमकदार।
०स्वल्प सूक्ष्म, पतला, सुकुमार।
०सुंदर, लावण्य युक्त।
श्लक्ष्णकं (नपुं०) [श्लक्ष्ण+कन्] सुपारी, पूगीफल।
श्लक्ष्णत्व (वि०) सचिक्कणता, चिकनापन। (वीरो० ३/३२)
श्लक्ष्णदेहं (नपुं०) स्निग्ध शरीर। कृश शरीर, पतला शरीर।
श्लक्ष्णभावः (पुं०) मृदुभाव, कोमल परिणाम।
श्लक्ष्णशरीर: (पुं०) स्निग्धतनु। (जयो०वृ० १३/८)
श्लङ्क् (सक०) जाना, पहुंचना।
श्लङ्ग् (सक०) शिथिल होना, ढीला होना। बल होना।
०चोट पहुंचना, क्षति पहुंचाना।
श्लथ (वि०) [श्लथ्+अच्] शिथिल, ढीला, थकान युक्त।
०खुला हुआ, फिसला हुआ।
०जकड़ा हुआ।
०बिखरा हुआ।
श्लथीकृत् (वि०) आश्लेष, शिथिल हुआ। (जयो० १८/९२)
श्लाख् (अक०) व्याप्त होना, प्रविष्ट होना।
श्लाघ् (सक०) प्रशंसा करना, स्तुति करना, पूजा करना, अर्चना करना।
०गुणगान करना, कीर्तन करना, सराहना करना।
श्लाघनं (नपुं०) [श्लाघ्+ल्युट्] प्रशंसा करना, पूजा करना, गुणगान करना।
०कीर्तन, सराहना।
श्लाघनीय (वि०) [श्लाघ्+अनीयर] प्रशंसनीय। (दयो० ३१) प्रशस्य (जयो० १८/४१)
श्लाघा (स्त्री०) [श्लाघ्+अ+टाप्]
०प्रशंसा, स्तुति, सराहना। (जयो० २/१५८)
०प्रशस्ति। (जयो०वृ० १/१६)
०सर्वप्रिया। (वीरो० १/१६)
साधुर्गुणग्राहक एष आस्तां
श्लाघा ममारादसतस्तु तास्ता:'
०सेवा, वैयावृत्य।
०कामना, इच्छा, वाञ्छा, चाह।
श्लाघित (भू०क०कृ०) [श्लाज्+क्त] प्रशंसा किया गया, स्तुति किया गया।
०प्रशंसित, स्तुत्य, प्रशस्य।
श्लाघ्य (वि०) [श्लाघ्+ण्यत्]
०प्रशस्य, स्तुत्य। (जयो० १/५५)
०प्रशंसनीय, महनीय। (जयो० १८/९६)
०प्रशस्त, धन्य। (जयो०वृ० १/१०७)
०संश्लिष्ट। (जयो०वृ० १/६१)
श्लिकु (वि०) कामुक, लंपट, लालची।
०दास, आश्रित।
श्लिकु (नपुं०) नक्षत्र विद्या, फलित ज्योतिष।
श्लिक्युः (वि०) लंपट, सेवक।
श्लिष् (अक०) जलना, तप्त होना।
श्लिष् (सक०) आलिंगन करना, गले लगाना।
०ग्रहण करना, लेना, समझना।
०अंगीकार करना।
०जोड़ना, सम्मिलित करना। मिलाना।
श्लिषा (स्त्री०) [श्लिष्+अ+टाप्]
०आलिंगन, भेंट, मिलन।
०चिपकना, जुड़ना।
श्लिष्ट (भू०क०कृ०) [श्लिष्+क्त]
श्लिष्टिः (स्त्री०) [श्लिष्+क्तिन्] आलिंगन, परिरभण।
श्लिष्टोपमा (स्त्री०) श्लिष्टोपमा नामक अलंकार। जहां दो अर्थों की संभावना के साथ उपमा हो।
यत्रास्ति द्व्यर्थानां च संभावयहेव तु।
उपमा सादृशं अपि, श्लिष्टोपमा च उच्यते।। (जयो० वृ० ३/७७, ३/७६, ३/७५, ७९, ८/३२, ८/३३, १३/५८)
कर्बुरासारसम्भूतं पद्मरागगुणान्वितम्।
राजहंसनिषेव्यं च रमणीयं सरो यथा।। (जयो० ३/७६)
कर्बुर सुवर्णस्य य आमार:
प्रसारस्तेन सम्भूतं सम्पन्नम्।
वह मण्डप सरोवर के समान रमणीय है, क्योंकि सरोवर में तो कर्बुर अर्थात् जल का आसार/समूह होता है तो मण्डप भी कर्बुर या सुवर्ण से बना हुआ है।
सरोवर में पद्म/कमल होते हैं तो यह मण्डप भी पद्मराग मणि से युक्त है। सरोवर में राजहंस होते हैं तो यह मण्डप भी श्रेष्ठ राजाओं से सेवित है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्लीपदं (नपुं०) [श्री युक्तं वृत्ति युक्तं पदम् अस्मात्] सूजी हुई टांग, एक रोग विशेष।

श्लील (वि०) [श्री अस्ति अस्य+लच्] भाग्यशाली, समृद्ध।

श्लेषः (पुं०) [श्लिष्+घञ्]

०आलिंगन मिलन, चिपकना।

०जुड़ना, संलग्न होना।

०मिलाप, संपर्क, सम्बन्ध, संगम।

०श्लेषालंकार, अनेकार्थ शब्द प्रयोग, किसी भी शब्द या वाक्य में दो या दो से अधिक अर्थों की संभावना होती है। (जयो०वृ० ३/४६, ३/३०)

पदैस्तैरेव भिन्नैर्वा
वाक्यं वक्त्येकमेव हि।
अनेकमर्थं यत्रासौ
श्लेष इत्युच्यते यथा। (वाग्भट्टालंकार ४/१२७)

जहां उन्हीं पदों से अथवा भिन्न पदों से एक ही वाक्य अनेक अर्थों को व्यक्त करता है वहां श्लेषं अलंकार होता है।

संसदी तवर्गमण्डितेऽथा
पवर्गपरिणामपण्डिते।
श्रीत्रिवर्गपरिणायके तथा
तिष्ठतीष्टकृदसाव भूत्कथा।। (जयो० ३/२०, ७/८१, ७/८६ (जयो०वृ० १६/१६, २४/१२८, ३/४, ५/२१) (वीरो० २/३७)

श्लेष-गर्भोत्प्रेक्षा (स्त्री०) श्लेष सहित उत्प्रेक्षा। (जयो०वृ० ३/४२)

श्लेषगर्भो वक्रोक्त्यङ्कारः (पुं०) श्लेष सहित वक्रोक्ति अलंकार। (वीरो० ३/३)

श्लेषपूर्वक-उत्प्रेक्षा (स्त्री०) श्लेष सहित उत्प्रेक्षा अलंकार। (जयो०वृ० ३/५६)

इङ्गितेनोभयोः श्रेयस्करीहामुत्र पक्षयोः।
दुहिता द्विहिता नामैतादृशीपुण्यपाकतः।। (जयो०वृ० ३/५६)

श्लेषरूपकः (पुं०) श्लेष सहित रूपक अलंकार।

रूपामृतस्रोतस एव कुल्यामिमा-
मतुल्यामनुबन्धमूल्याम्।
लब्ध्वाऽक्षिमीन-द्वितयी नृपस्य,
सलालसा खेलति सा स्म तस्य।। (जयो० ११/१, जयो०वृ० २२/१९)

श्लेषपूर्वोपमालङ्कारः (पुं०) श्लेषपूर्वक उपमा अलंकार। (जयो० ५/२८, ७/८५)

राजमाप इव चारघट्टतो
भेदमाप कटकोऽपि पट्टतः।
यस्ततस्तु दररूपधारकः
सम्भवन्निह स सूपकारकः।। (जयो० ७/८५)

श्लेषात्मकोत्प्रेक्षा (स्त्री०) श्लेष सहित उत्प्रेक्षा। (जयो० ८/७)

श्लेषमिश्रितोत्प्रेक्षा (स्त्री०) अलंकार का नाम, जहां श्लेष सहित उत्प्रेक्षा हो। (वीरो० २/२८)

श्लेषानुप्राणित-रूपकालङ्कारः (पुं०) श्लेष समन्वित रूपक अलंकार। (जयो० ७/८४)

तस्य शुद्धतरवारिसञ्चरे
शौर्यसुंदरसरोवरे तरेः।
ईक्षितुं श्रियमुदस्फुरद्धुजा
शौचवर्त्मनि गुणेन नीरजा। (जयो० ७/८४)

श्लेषोऽनुप्रासः (पुं०) श्लेष सहित अनुप्रास का प्रयोग जहां हो।

मुहुर्नुबद्ध बद्धाञ्जलिरेष दासः
सदा सील! प्रार्थयते सदाशः।
कुतः पुनः पूर्णपयोधरा वा
न वर्तते सत्करकस्वभावा।। (जयो० १६/१३)

श्लेषोपमा (स्त्र०) श्लेष युक्त उपमा अलंकार। (जयो०वृ० ३/५९, २१/४३) ३/१०, ३/७, ५/२७, ३/८४, ३/८०, वीरो० १/१४, २/४४)

सुवृत्तभावेन समुल्लसन्तः
मुक्ताफलत्वं प्रतिपादयन्तः।
गुणं जनस्यानुभवन्ति सन्तस्तत्रा,
दरत्वं प्रवहाम्यहं तत्। (वीरो० १/१४)

श्लेष्मक (वि०) [श्लेष्मन्+कन्] कफ वाला, बलगम युक्त।

श्लेष्मकः (पुं०) कफ, बलगम।

श्लेष्मघ्नी (स्त्री०) मल्लिका, केतकी, केवड़ा।

श्लेष्मज (वि०) [श्लेष्मन्+लच्] कफ से उत्पन्न, कफ मूलक।

श्लेष्मन् (पुं०) [श्लेष्मन्+लच्] कफ की प्रकृति का बलगमी।

श्लेष्मातः (पुं०) एक वृक्ष विशेष।

श्लेष्मोजस् (नपुं०) कफ की प्रवृत्ति।

श्लोकः (पुं०) [श्लोक्+अच्]

०प्रबन्ध, छन्दोबद्ध रचना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०पद्य, कविता, काव्य।
०स्तोत्र, स्तुति, प्रशंसा।
०ख्याति, प्रसिद्धि, विश्रुति, यश।

श्लोकरचना (स्त्री०) काव्य मय प्रस्तुति।
०प्रशंसात्मक रचना।

श्लोकवार्तिकः (पं०) कुमारिक भट्ट का व्याख्या, मीमांसक मत का एक ग्रन्थ। (वीरो० १९/१७)

श्लोकसङ्कलितः (पुं०) प्रबन्ध काव्य। (जयो० ५/५)

श्लोण् (सक०) एकत्र करना, इकट्ठा करना, संग्रह करना।
०बीनना, चयन करना, चुनना।

श्लोणः (पुं०) [श्लोण्+अच्] विकलांग, लंगड़ा।

श्व (अव्य०) आगामी काल। (जयो० २१/५६)

श्वङ्क् (सक०) जाना, पहुंचना।

श्वच् (सक०) निन्दा करना, अलंकृत करना।

श्वण्ठ् (सक०) निन्दा करना।

श्वन् (पुं०) [श्वि+कनिन्] कुत्ता, कुक्कुर। (सुद० १२१, जयो, २/१३१, समु० २/३४)

श्वनक्रीडिन् (पुं०) पालतू कुत्ता।

श्वनगणिका (पुं०) शिकारी, बहेलिया।

श्वन्धूर्तः (पुं०) गीदड़।

श्वन्नरः (पुं०) नीच व्यक्ति, अधम पुरुष।

श्वन्निशं (नपुं०) कुत्ते के भौंकने की रात।

श्वन्पचः (पुं०) चाण्डाल, अधम।

श्वन्पदं (पुं०) कुत्ते का पैर।

श्वभ्र (सक०) जाना, पहुंचना।
०बींधना, मिलना।
०छिद्र करना।

श्वभ्रं (नपुं०) [श्वभ्र+अच्] रन्ध्र, छिद्र, विवर।

श्वयः (पुं०) [श्वि+अच्] शोथरोग, सूजन।
०वृद्धि।

श्वयथु (पुं०) ०सूजन, ०शोथरोग। ०स्थूलत्व, ०रतौंधी। (जयो० १८/१८)

श्वयौंची (स्त्री०) रतौंधी, रोग।

श्वल् (अक०) दौड़ना, भागना। जाना।

श्वल्ल् (अक०) दौड़ना, भागना।

श्वशुरः (पुं०) [शु आशु अश्नुते आशु+अश्+उरच्] ससुर, पति का पिता। (जयो० १२/२०)
श्वशुराश्वसुराजिरेषका मे
मनसे किन्न भवेद् भसद्यवामे। (जयो० १२/२०)

श्वशुरकः देखो ऊपर।

श्वशुरालवर्तित् (वि०) वल्लभपक्षीय, पति पक्ष वाला, ससुराल।
श्वशुरालवर्तिनो निजे पतितां दृग्भ्रमरीं मुखाम्बुजे। (जयो० १०/७०)

श्वशुर्यः (पुं०) [श्वशुरस्यापत्यं श्वशुर+यत्] साला, पत्नी का भाई।

श्वश्रुः (स्त्री०) [श्वशुर+ऊङ्] सासू। (दयो० १७) सास, पति की मां या पत्नी की मां। (दयो० १०७)

श्वस् (सक०) श्वांस लेना, सांस निकालना।
०आह भरना, हांपना, फूत्कार करना।
०सांत्वना देना, आराम देना, प्रसन्न करना।

श्वस् (अव्य०) पवन, वायु, हवा।

श्वसनं (नपुं०) श्वांस, सांस लेना।
०आह भरना।
०स्वादिष्ट। (भक्ति० १७)

श्वासनाशनः (पुं०) सर्प, सांप।

श्वसनीश्वरः (पुं०) अर्जुन वृक्ष।

श्वसनोत्सुकः (पुं०) सर्प, सांप।

श्वसित (भू०क०कृ०) [श्वसृ+क्त] सांस लिया हुआ, आह भरी हुई।

श्वसितं (नपुं०) सांस लेना।

श्वस्तन (वि०) ०भावी, ०भविष्यत्काल सम्बंधी। ०आने वाला समय।

श्वस्तावत् (वि०) अनागत-दिवस पर्यन्त, आने वाले दिन से सम्बन्धित। (जयो० २१/५६)

श्वा (पुं०) कुक्कुट, कुत्ता। (जयो० १७/४२)

श्वाकर्णः (पुं०) [शुनः कर्णः] कुत्ते के कान।

श्वागणिक (वि०) कुत्ते को गिगने वाला।

श्वादन्तः (पुं०) कुत्ते के दांत।

श्वानः (पुं०) [श्वैन+अण्-न टिलोपः]
कुत्ता। (सुद० १२१)

श्वापद (वि०) [शुन इव आपद अस्मात्] बर्बर, हिंस।

श्वापदः (पुं०) [शवन्+आपद्+अच्] जंगली जानवर।
०बाघ, चीता।

श्वापुच्छः (पुं०) कुत्ते की दुम।

श्वापुच्छ (नपुं०) श्वान् पूंछ।

श्वाविध् (पुं०) [शुना आविध्यते श्वन्+आ+व्यध् क्विप्] साही, शल्यक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्वासः (पुं०) [श्वस्+घञ्] ०सांस लेना, ०आह, ०हांपना। ०निश्वास, ०आश्वास।
बाह्यस्य वायोरामनं श्वासः' (योगशास्त्र स्वो० ५/४)
०दमा रोग, इसके लिए आचार्य ज्ञानसागर ने यह मन्त्र दिया-
'णमो पादाणुसारीणं
आं ह्रीं अहं सम्भिन्नसोहाराणम्। (जयो० १९/६३)

श्वासोच्छवासः (पुं०) प्राण तत्व। (जयो०वृ० १९/१३)

श्वि (सक) ०विकसित होना, ०बढ़ना, ०सूजना, ०फलना-फूलना। ०समृद्ध होना।

श्वित् (अक०) श्वेत होना, स्वच्छ होना, सफेद होना।

श्वित (वि०) [श्वित्+क] सफेदी। धवलता, स्वच्छता।

श्वितिः (स्त्री०) [श्वित्+इन्] सफेदी, धवलता।

श्वित्य (वि०) [श्वित्+यत्] सफेदी, धवलता, स्वच्छता।

श्वित्रं (नपुं०) [श्वित्+रक्] सफेद कोढ़, कुष्ठ रोग।

श्वित्रिन् (पुं०) कोढ़ी।

श्वेत (वि०) [श्वित्+घञ्] धवल, शुभ्र, सफेद।

श्वेतः (पुं०) धवल, शुभ्र, सफेद रंग।
०कौड़ी।
०रति पादप।
०जीरा।
०पर्वतश्रेणी।

श्वेतं (नपुं०) रजत, चांदी।

श्वेतक (पुं०) [श्वेत+कन] कौड़ी।

श्वेतकं (नपुं०) रजत, चांदी।

श्वेतकमलं (नपुं०) सफेद कमल।

श्वेतकुञ्जरः (पुं०) ऐरावत हाथी।

श्वेतकुष्ठः (नपुं०) सफेद कोढ़।

श्वेतकेतुः (पुं०) श्रमण साधु।

श्वेतकेश (नपुं०) पलित केश। (जयो०वृ० १८/४१) सफेद बाल।

श्वेतकेशैरुज्ज्वलः (पुं०) पतितोज्जवल। (जयो०वृ० १/३६)

श्वेतगजः (पुं०) सफेद हाथी, ऐरावती हाथी।

श्वेतगरुत् (पुं०) हंस पक्षी।

श्वेतछन्दः (पुं०) हंस पक्षी।
०सफेद तुलसी।

श्वेतजलं (नपुं०) शुभ्रजल। (जयो०वृ० ६/१०७)

श्वेतता (वि०) शुक्लता, शुभ्रता। (जयो०वृ० १५/५८)

श्वेतद्विपः (पुं०) एक महाद्वीप।

श्वेतधामन् (पुं०) चन्द्र, शशि। (जयो० २०/२६)
०कपूर, समुद्रफेन।

श्वेतनीलः (पुं०) मेघ, बादल।

श्वेतपत्र (पुं०) हंस।

श्वेतपाटला (पुं०)शृंगवल्ली का पुष्प।

श्वेतपिङ्गः (पुं०) सिंह, शेर।

श्वेतमरिचं (नपुं०) सफेद मिर्च।

श्वेतमालः (पुं०) मेघ, बादल।

श्वेतभृत्तिका (स्त्री०) धवल मिट्टी। (जयो०वृ० ७९)

श्वेतरक्तः (पुं०) गुलाबी रंग।

श्वेतरञ्जनं (नपुं०) सीसा।

श्वेतरथः (पुं०) शुक्रग्रह।

श्वेतरोचिस् (पुं०) गरुड़।

श्वेतवल्कलः (पुं०) गूलर तरु।

श्वेतवाजिन् (पुं०) चन्द्र, ०अर्जुन।

श्वेतवाह् (पुं०) इन्द्र।

श्वेतवाहः (पुं०) अर्जुन। ०इन्द्र।

श्वेतवाहनः (पुं०) अर्जुन। ०इन्द्र।

श्वेतवाहिन् (पुं०) ०अर्जुन, ०इन्दु।

श्वेतशृङ्गः (पुं०) जौ।

श्वेसरोजः (पुं०) पुंडरीक, सफेद कमल। (जयो० १३/६३)

श्वेता (स्त्री०) [श्वित्+अच्+टाप्]
०स्फटिक।
०वंशलोचन।
०कोड़ा, कपर्दिका।

श्वेताम्बरः (पुं०) जैन परम्परा का एक पंथ।

श्वेतांशु (नपुं०) श्वेत किरण। (सु० ८७)

श्वेतौही (स्त्री०) [श्वेताह+ङीष्] शचि, इन्द्राणी।

श्वेत्रं (नपुं०) सफेद कोढ़।

श्वैत्यं (नपुं०) [श्वेत+ष्यञ्] सफेदी धवलता।

ष

षः (पुं०) उष्म ध्वनि, इसका उच्चारण स्थान मूर्धा है। षत्व-सकार गर्विष्टत्व सकारत्वेन। (जयो० ९/२५)

षः (वि०) सर्वोत्तम, सर्वोत्कृष्ट।

षः (पुं०) हानि, विनाश। ०अन्त। शेष, अवशिष्ट। ०मुक्ति, मोक्ष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

षकारः (पुं०) श्रेष्ठ, उत्तम, षकाररस्तु मतः श्रेष्ठो सकारो ज्ञाननिर्णये इतिकोष (जयो० १८)

षट् (वि०) छह। (समु० २/१७)

षट्क (वि०) [षड्भिः क्रीतं-षष्+कन्] छः गुना। विचक्राय भ्रों भ्रौं अप्रतिचक्र फट। (जयो० १९/५५)

षट्कं (नपुं०) ०छह की समष्टि। ०मंत्र विशेष। (जयो०वृ० १९/५५)

षट्खण्डागमः (पुं०) जैन सिद्धांत का एक प्राचीन ग्रन्थ, जो शौरसेनी प्राकृत में निबद्ध है। पुष्पदंत भूतबलि आचार्य की प्रसिद्ध सूत्र रचना है। (हित०सं० २६)

षट्खण्डं (नपुं०) छहखण्ड।

षट्कर्मविधिः (स्त्री०) छहकर्म की विधि, छह आवश्यक कर्म विधि।

०छः आजीविका के उपाय-असि, मषि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और कला।

प्रज्ञासु आजीवनिकाम्भुपाय,

मस्यादिषट्कर्मविधिं विधाय।

षट्कायिक (वि०) षडावश्यक कर्म सम्बंधी। षडावश्यक कर्म सम्बंधी। (प्रव० १४७)

षट्वोणः (वि०) छः कोनों वाला।

षट्खण्डक (वि०) छः खण्ड वाला।

षट्खण्डकः (पुं०) चक्रवर्ती।

षट्खण्ड भूमीश्वरः (पुं०) चक्रवर्ती। (वीरो० ११/३३)

षट्खण्डविभूतिजन्य (वि०) छः खण्ड की विभूतियों से युक्त। (मुनि० १५)

खट्खण्डिन् (पुं०) चक्रवर्ती। चक्राधिपति। (जयो० १३/४६)

'षट्खण्डिबलाधिराडितः' (जयो०वृ० १३/४६)

षट्खण्डिनश्चक्राधिपतेर्बलस्याधिराट्।

खट् खण्डाधिपतिः (पुं०) चक्रवर्ती द्वात्रिंशत्सहस्त्रराजस्वामी छः खण्डभूत भरतक्षेत्र का स्वामी, जिसके आधीन बत्तीस हजार मुकुटबद्ध राजा रहते हैं।

षट्चर (वि०) मुनि के छः आवश्यक कर्म का आचारण करने वाले।

०असि, मषि, कृषि आदि कर्म वाले।

०गृहस्थ के आवश्यक कर्म आदि। (सुद० ८२)

दिगन्तव्याप्तकीर्तिमयः

प्रथिषट्चरण सङ्गीतिः। (सुद० ८२)

षट्चरण

षट्चरणस्थितिः (स्त्री०) छः कर्मोंके परिपालन की स्थिति। (सुद० ९७)

'षट्चक्रं (नपुं०) शरीर के छः चक्र।

षट्पदः (पुं०) भ्रमर, भौंरा।

'षडभिः पदैरित्यस्मात्पूर्वमपि'

०षट्कर्म-षट्कर्माणि दिने दिने गृहस्थ कर्म। (जयो०वृ० १२/३२) कौतुकपरिपूर्णतया याऽसौ षट्पदमतगुञ्जाभिमता। (सुद० ८२)

षट्पदच्छायः (पुं०) भ्रमर की छाया। कलंक (जयो०वृ० २०/३७)

षट्त्रिंशत् (स्त्री०) छत्तीस।

षट्पदराजिः (स्त्री०) भ्रमर समूह। (जयो० २४/१०८)

षट्पदी (स्त्री०) भ्रमरी। (वीरो० ३/३३)

षट्परमस्थानं (नपुं०) छः उत्कृष्ट स्थान। (हित० सं० २९)

षट्स्थानवृद्धि (स्त्री०) छः स्थानपतित वृद्धि रूप।

षट्स्थानहानि (स्त्री०) छः स्थानपतित हानि।

षड्गवं (नपुं०) छः बैलों की जोड़ी।

षड्गुण (वि०) छः गुना।

षड्ग्रन्थि (वि०) पिप्परामूल।

षड्विकायः (पुं०) छः जीव निकाय।

षड्रसमयी (वि०) छः रस मयी।

यतः सौभाग्यं भायात्-

षड्रसमय-नानाव्यञ्जन

दलमविकलमपि च सुधायाः।

षड्दर्शनं (नपुं०) छः दर्शन-चार्वाक, बौद्ध, जैन न्याय, वैशेषिक, सांख्य योग, मीमांसक। (सुद० १३२)

षर्डाङ्घ्रमाला (स्त्री०) भ्रमरतति। (जयो० २४/८३, सुद० ७२) ०अलि समूह।

षडरचक्रबन्धः (पुं०) एक छन्द की विशेष योजना।

प्रातः सन्ध्यामधिकुर्यादेवभवन्ध्यां

तत्त्वार्थाध्ययनेकुशलस्तस्मादाविः।

सम्भूयाच्च हरेत् कुवासनाया वादं

दम्भप्रायं तदसम्बन्ध्यात्मविषादम्।। (जयो०वृ० १९/९५, जयो०वृ० २१/९२)

षण्डः (पुं०) [सन्+ड] ०सांड, बलीवर्द।

०नपुंसक। (सुद० १/७)

'निवेषमाणो मयियस्तु षण्डः'

स केवलं स्यात् परिफुल्लगण्डः। (सुद० १)

०समूह, समुच्चय, संग्रह, ढेर, राशि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

षण्डक् (पुं०) नपुंसक, हिजड़ा।

षण्डाली (स्त्री०) [षण्ड+अल+अच्+ङीष्] सरोवर, तालाब, जोहड़।
०व्यभिचारिणी। ०असती स्त्री।

षण्ढः (पुं०) [सन्+ढ] नपुंसक, हिजड़ा।

षष् (संख्या वा०वि०) छः।

षष्टि (वि०) [षड्गुणिता दशतिः] साठ।

षष्ठिभागः (पुं०) शिव।

षष्टिमत्तः (पुं०) साठ वर्ष की आयु का हस्ति।

षष्ठ (वि०) छठा, छटवां। (सुद० ९३) (दयो० ७६)

षष्ठसत (वि०) षष्ठांश युक्त। (जयो० २५/८)

षष्ठसर्ग (वि०) छठा सर्ग।

षष्ठांशः (पुं०) छठा भाग। (जयो० २५/८) छठा हिस्सा। (जयो०वृ० ११/३८)

षष्ठाक्षरं (नपुं०) छठा अक्षर युक्त छन्द। (जयो०वृ० २४/१४४)
जग्मुर्निवृतिसत्सुखं समधिकं निर्देशतातीतिपं' (जयो०वृ०२७/६६)

षष्ठी (स्त्री०) [षष्ठ+ङीप्] छठी विभक्ति।

षष्ठीतत्पुरुषः (पुं०) तत्पुरुष समास का भेद।

षष्ठीपूजनं (नपुं०) छठी देवी का पूजन।

षहसानु (पुं०) मयूर, मोर। ०यज्ञ।

षाटु (अव्य०) [सह+ण्वि] सम्बोध संबंधी अव्यय।

षाट्कौशिक (वि०) [षट्कोश+ठक्] छः परतों में लिपटा हुआ।

षाडवः (पुं०) [षड्+अव+अच्] ततः स्वार्थे अण्। ०राग, मनोयोग। ०संगीत स्वर। ०गीत।

षाड्गुव्यं (नपुं०) [षड्गुण+ष्यञ्] छः गुणों की समष्टि। छः उपाय।

षाड्गुण्यप्रयोगः (पुं०) राजनीति के छः उपाय।

षाण्मातुरः (पुं०) [षणां मातृणाम् अपत्यम्, षण्मात्+अण्-उत्व रपर] छः माताओं वाला। कार्तिकेय।

षाण्मासिक (वि०) [षण्मास+ठक्] छमाही, अर्धवार्षिक।

षायात् (विधि काल) रक्षा करे। (सुद० ७५)

षाष्ठ (पुं०) छठा।

षिड्गः (पुं०) [सिट्+गन्] विलासी, कामुक।
०असंगत, प्रेमी।

षुः (स्त्री०) [सु+डु] प्रसूति, प्रजनन।

षोडश (वि०) सोलहवां। (वीरो० ३/३०)

षोडशं (नपुं०) [संख्या०वि०] सोलह। (जयो० १९/३१)

षोडशकलः (पुं०) चन्द्र, शशि।

षोडशकारणं (नपुं०) सोलह कारण भावना। (जयो० २४/८)

षोडशगत (वि०) सोहल को प्राप्त हुआ।

षोडशब्धि (पुं०) सोलह समुद्र।

षोडशभावना (स्त्री०) सोलह कारण भावना।

षोडशभुजा (स्त्री०) दुर्गा की मूर्ति।

षोडशमातृका (स्त्री०) सोलह दिव्य माताएं।

षोडशयामः (पुं०) सोलह प्रतर। (सुद० ९६)

षोडशवर्षिका (स्त्री०) सोलह वर्ष वाली स्त्री। (जयो० १५/४८)

षोडशसर्गः (पुं०) सोलहवां सर्ग।

षोडशस्वर्गपतिः (पुं०) सोलह स्वर्ग का पति। अच्युतेन्द्र देव। (जयो० २८/६९)

षोडशस्वप्नं (नपुं०) सोलह स्वप्न। (वीरो० ४/२७)

षोडशी (स्त्री०) सोलह वर्ष की स्त्री। (वीरो० ४/३५)

षोडशिक (वि०) सोलह भागों से युक्त।

षोठा (अव्य०) छह प्रकार से।

ष्ठिव् (अक०) थूंकना, खखारना।
०प्रक्षेपण करना।

ष्ठीवनं (नपुं०) [ष्ठिव्+ल्युट्] थूकना। ०लाट, ०खखार।

ष्वक्क् (सक०) जाना, पहुंचना।

स

सः (पुं०) यह उष्म ध्वनि है, इसका उच्चारण स्थान दन्त्य है।
स-(सर्वनाम शब्द तत्)

स (अव्य०) क्रिया विशेषण बनाने के लिए शब्द से पूर्व स उपसर्ग लगाने पर के साथ, मिलाकर, संयुक्त होकर, सहित, सह, सम, तुल्य आदि का अर्थ व्यक्त होता है। 'सलक्षण (जयो० १५/६६) लक्षणयुक्त। सदोष-रात्रि सति। (जयो० १५/८५)

सः (पुं०) सर्प, सांप। ०पवन, वायु, हवा।
०पक्षी, ०षड्ज स्वर।
०शिव, शंकर।

संधृ (सक०) धारण करना। (दयो० ३९)

संधूप् (अक०) धुंआ देना, संधूपयित्वा। (जयो०वृ० १९/७६)

संधृत (वि०) धारण किया गया। (वीरो० १/८)

संयः (पुं०) [सम्+यम्+ड] कंकाल, पंजर।

संयत् (स्त्री०) [सम्+यम्+क्विप्] युद्ध, संग्राम, लड़ाई।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संयत (भू०क०कृ०) [सम्+यम्+क्त] संयमित, दमित, दबाया हुआ, वश में किया हुआ। (जयो०वृ० १/२)
०बन्दी, कैदी।
संयतः (वि०) कर्म को वश में किए हुए।
संयतगतिः (स्त्री०) नियन्त्रित गति।
संयतचेतस् (वि०) नियन्त्रित मन वाला।
संयतमनः परावर्तनं (नपुं०) मन स्थिर करना।
संयतवाक् (वि०) मूक, मौन।
संयतवाक् परावर्तनं (नपुं०) अरहंत पद का उच्चारण करना।
संयतासंयतः (पुं०) जो हिंसादिक से देशतः निवृत्त है।
संयतीदोषः (पुं०) व्रत में दोष होना।
संयत्त (वि०) [सम्+यत्+क्त] तत्पर, सन्नद्ध, तैयार, उद्यत।
०सावधान, सतर्क।
संयमः (पुं०) [सम्+यम्+अप्] धारण, पालन, निग्रह, त्याग। (सम्य० ८४)
०योगनिग्रह। ०आस्रवद्वार रहित। इन्द्रियदमन। (जयो० २८/३७)
०विषय कषाय उपरत।
०नियन्त्रण, प्रतिबन्ध, रोक।
०अनुप्रवर्तन।
०धर्म प्रयत्न। संयम धर्म। (जयो० २८/३७)
०सकलेन्द्रिय व्यापार परित्याग।
०मन की एकाग्रता।
०तपससाधना।
संयमनं (नपुं०) [सम्+यम्+ल्युट्]
०निरोध, निग्रह, रोक, प्रतिबन्ध।
शान्तेस्तथा संयमनस्य नेता (वीरो० १४/३६)
०बांधना, रोकना।
संयमनः (पुं०) शासक, नियामक।
संयमधर्मः (पुं०) समितियों में प्रवर्तन।
०दश धर्मों में छठा धर्म।
संयमयुक्त (वि०) संयम सहित।
संयमविराधना (स्त्री०) किसी का घात।
संयमस्थानं (नपुं०) यम, नियम आदि के लिए प्रयत्न।
संयमा संयमः (पुं०) स्थूल प्राणातिपात से निवृत्ति। त्रस-स्थावर का रक्षण।
संयमित (भू०क०कृ०) [संयम+णिच्+क्त] नियन्त्रित, संयत।
०बद्ध, जकड़ा हुआ।
०निरुद्ध, रोका हुआ। संयम युक्त, इन्द्रिय निग्रह से परिपूर्ण। (भक्ति० २४)
संयमिन् (वि०) [सम्+यम्+णिनि] दमन करने वाला, नियन्त्रित करने वाला।
०संन्यस्त, वैरागी। संयमी (सुद० ११८)
संयमिनामधारिन् (वि०) संयमी नाम धारक। (वीरो० १९/२९)
संयम्य (सं०कृ०) वश में करके-संयम्य योग परिशाधश्च। (समु० ८/४०)
संयानः (पुं०) [सम्+या+ल्युट्] सांचा।
संयानं (नपुं०) यात्रा करना, प्रगति करना।
०ले जाना।
संयामः (पुं०) संयम।
संयावः (पुं०) [सम्+यु+घञ्] हलुवा।
संयुत (वि०) सहित, युक्त। (सम्य० १५५) (समु० ५/३)
संयुक्त (भू०क०कृ०) [सम्+युज्+क्त]
०मिला हुआ, जुड़ा हुआ। (जयो०वृ० १३/१२)
०सम्मिलित, सम्मिश्रित।
०मिली हुई, ०सहित, युक्त।
०सम्पन्न, अन्वित।
०बना हुआ।
संयुगः (पुं०) [सम्+युज+क]
०संयोजन, मिलाप, मिश्रण।
०युद्ध, संघर्ष, संग्राम, लड़ाई।
संयुञ् (सक०) समागम करना, बुलाना। (जयो० ३/८७)
संयुज् (वि०) [सम्+युज्+क्विन्] संबद्ध, सम्बन्ध रखने वाला।
संयुत (भू०क०कृ०) [सम्+यु+क्त]
०मिला हुआ, संबद्ध।
०मिला हुआ, मिश्रित।
०संपन्न, सहित।
०भरा हुआ। (जयो० ४/५३)
संयोगः (पुं०) [सम्+युज्+घञ्]
०संयोजन, मिलाप, मिश्रण। (जयो०वृ० १/२२)
०संगम, मिलान। (जयो०वृ० ३/६२)
यथौदनस्य शोभा सूपसंयोगे भवति। (जयो० ३/६२)
०जोड़, पृथक् भूत पदार्थों के मेल का नाम।
०समुच्चय।
संयोगगति (स्त्री०) निमित्त से उत्पन्न गति।
संयोगज (वि०) संयोग सहित। (मुनि० २१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संयोगिन् (वि०) [संयोग+इनि]
०सम्मिलित, मिलाया हुआ।
०मिलने वाला।

संयोजनं (नपुं०) [सम्+युज्+ल्युट्]
०मिलाप, मिश्रण, योग।
०संगम, जोड़ना।
०मैथुन, संयोग।

संयोजनक (वि०) मेल, योग।
सहोपयोगेनशुभेन शस्यं
योगस्यसंयोजनकं समस्य। (समु० ८/३८)

संयोजना (स्त्री०) संसार से संयुक्त करना।

संरक्त (भू०क०कृ०) [सम्+रञ्ज्+क्त]
०आवेशपूर्ण, कामुक वासना से दग्ध।
०मुग्ध, मोहित।
०लावण्य-सुंदर
०रंगीन, लाल।

संरक्षः (पुं०) प्ररक्षण, देखभाल, संधारण।

संरक्षणं (नपुं०) [सम्+रक्ष्+ल्युट्]
०प्ररक्षण, संधारण। (जयो०वृ० ३/१)
०उत्तरदायित्त, सुरक्षा प्रदान।
०रक्षा भाव।

संरब्ध (भू०क०कृ०) [सम्+रम्भ्+क्त]
०उत्तेजित, विक्षुब्ध।
०प्रज्ज्वलित, भयानक।
०वर्धित, बढ़ा हुआ।
०अभिभूत।

संरम्भः (पुं०) [सम्+रभ्+घञ्]
०आरम्भ, विक्षोभ, हिंसा। संकल्प
०प्रभाद प्रयत्नावेश।
०उत्तेजना, रोष, क्रोध, कोप।

संरंभिन् (वि०) [संरम्भ+इनि]
०उत्तेजित, विक्षुब्ध, क्रुद्ध।
०रोषयुक्त, क्रोधित।

संरस (वि०) रसत्व, स्वाद/रस युक्त। (समु० २/२७)
किं पश्यस्यपि संरसेऽपि न किं
नो रोचकं व्यञ्जनम्। (जयो० १२/१२८)

संरागः (पुं०) [सम्+रञ्ज्+घञ्]
०प्रणय प्रसंग, रतिभाव।
०रागभाव, अनुराग, अनुरक्ति।
०रोष, क्रोध, कोप।

संराधनं (नपुं०) [सम्+राध्+ल्युट्]
०प्रसन्न करना, खुश करना।
०हर्ष उत्पन्न करना, तुष्ट करना।

संरावः (पुं०) [सम्+रु+घञ्]
०शोरगुल, हल्लागुल्ला।
०कोलाहल।

संरुग्ण (भू०क०कृ०) [सम्+रुज्+क्त]
०बाधित, रोका गया।
०भरा हुआ, वेष्टित।
०उपरुद्ध, आवृत।
०छिपाया गया, आवरण युक्त किया गया।
०अस्वीकृत, अटकाया हुआ।

संरुढ (भू०क०कृ०) [सम्+रुह्+क्त]
०साथ-साथ उगा हुआ।
०फूटा हुआ, अंकुर निकाला हुआ।
०मुकुलित, विकसित।
०उत्पन्न हुआ, उपजा हुआ।
०साहसी, भरोसे का।

संरोधः (पुं०) [सम्+रुध्+घञ्]
०विघ्न, बाधा, अड़चन।
०रोक, अवरोध।
०बन्धन, घेरा, रुकावट।
०बेड़ी, हथकड़ी।
०फेंकना, डालना।

संरोधनं (नपुं०) [सम्+रुध्+ल्युट्]
०रुकावट, अवरोध।
०रोकना, घेरना।

संरोधिन् (वि०) रोकने वाला, अवरोध उत्पन्न करने वाला। (जयो० २८/६२)

संलक्षणं (नपुं०) [सम्+लक्ष्+ल्युट्] चित्रण करना, वर्णन करना
०बतलाना, प्रतिपादन करना।

संलग्न (भू०क०कृ०) [सम्+लग्+क्त] समासक्त। (जयो०१७/५५)
०संयुक्त, मिश्रित, मिला हुआ।
०तत्पर, तैयार, उद्यमशील।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०संहत, जुड़ा हुआ। (सुद० १/३१)

०घनिष्ट।

संलग्नकथा (स्त्री०) [सम्+ली+अच्]

०लेटना, शयना करना, सोना।

०घुल जाना, मिलना।

संलप् (सक०) बोलना, कहना, समझाना। (जयो० ७/६१)

संलभ् (सक०) थाना, ग्रहण करना। (जयो० ४/३९)

संलयनं (नपुं०) [सम्+ली+ल्युट्]

०जुड़ना, मिलना, चिपकना।

०घुलना, संयुक्त होना।

संललित (भू०क०कृ०) [सम्+लल्+क्त]

०स्नेहित, प्रिय, प्यार किया हुआ।

संलापः (पुं०) [सम्+लप्+घञ्]

०बातचीत, वार्तालाप।

०प्रवचन, उपदेश। (मुनि० ३)

०स्वाद, अन्योन्य वार्ता।

०सम्भाषण।

संलापकः (पुं०) [संलाप+कन्] उपरूपक, संवादात्मक विचार।

संलापादिवर्जित (वि०) वार्तालाप आदि रहित। (मुनि० ६)

संलीढ (भू०क०कृ०) [सम्+लिह्+क्त]

०चाटा हुआ, अवलेहित किया।

संलीन (भू०क०कृ०) [सम्+लीरुक्त] चिपका हुआ, जुड़ा हुआ।

०मिलाया हुआ, छिपाया हुआ।

संलिख् (सक०) लिखना, समाचार होना। (जयो० २/१३)

संलेखना (स्त्री०) शरीर कृश करना, अच्छी तरह अपना प्रमार्जन करना।

संलोडनं (नपुं०) [सम्+लोड्+ल्युट्] बाधा डालना, व्यधान।

०अवरोध।

संल्लग्नता (वि०) अनुयोग से युक्त। मिला हुआ, संयुक्त हुआ।

संल्लभ् (सक०) प्राप्त होना, ग्रहण होना।

सं शब्दस्य इह अप्रशस्तार्थे ग्रहणं महत्तरवत्' (जयो०वृ० १/२४)

संलमालित (भू०क०कृ०) [सम्+लाल्+क्त] वर्द्धित, बढ़ाया हुआ, पालित, संरक्षित।

संवत् (अव्य०) [सम्+वय्+क्विप्]

०वर्ष, साल।

संवत्सरः (पुं०) [संवसंति ऋतवोऽत्र संवस्-सरन्] वर्ष, साल, अब्द। (जयो० २२/२९)

०दो अयन या छह-छह माह का एक संवत्सर।

संवत्सरतुल्यः (पुं०) अब्दप्रमाण, लवर्तमान। (जयो० २२/२९)

संवदनं (नपुं०) [सम्+वद्+ल्युट्]

०संवाद, वार्तालाप, शब्दोच्चारण। (जयो० १८/५०)

०परीक्षण, समाचार देन।

संवरः (पुं०) [सम्+वृ+अप् वा अच्]

०निरोध, संपीडन, संकोचन।

०बांध, सेतु, पुल।

०रोकना, आत्मनियन्त्रण करना।

०सहनशीलता, छिपाव।

०रुक जाना, न होना। (त०सू०पृ० १३८)

०संवरण-कर्म संवरण।

०मिथ्यादर्शनादि परिणाम का निरोध।

०इन्द्रिय-नो इन्द्रिय गोपन।

संवरकारक (वि०) इन्द्रिया निग्रह करने वाला। (भक्ति० १५)

संवरणं (नपुं०) [सम्+वृ+ल्युट्]

०आवरण, आच्छादन, संपीडन।

०निरोध, रोक।

संवरानुप्रेक्षा (स्त्री०) संवर के गुणों का विचार।

संवर्जनं (नपुं०) [सम्+वृज्+ल्युट्]

०रोकना, निरोध करना।

०आत्मसात्करण, संभुजन।

संवर्तः (पुं०) [सम्+वृत्+घञ्]

०मुड़ना, घुलना।

०विनाश, क्षय, नाश।

०मेघ, बादल।

०वर्ष, संग्रह, समुदाय, समुच्चय।

संवर्तकः (पुं०) [सम्+वृत्+णिच्+ण्वुल्]

०प्रलयाग्नि, बड़वानल।

संवर्तकिन् (पुं०) बलराम।

संवर्तिका (स्त्री०) [सवर्तक+टाप्] कमलपर्ण, पारकुड़ी।

संवद् (सक०) कहना, समझना। (जयो० ४/३०, ३/२३)

संवर्धक (वि०) [सम्+वृध्+ण्चि्+ण्वुल्]

०बढ़ने वाला, वृद्धि करने वाला।

संवर्धित (भू०क०कृ०) [सम्+वृध्+णिच्+क्त]

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०बढ़ाया हुआ, पालित, संरक्षित।

संवलित (भू०क०कृ०) [सम्+वल्+क्त]

०मिश्रित, मिलाया हुआ।

०संबद्ध, संयुक्त, तर किया हुआ।

संवल्गित (वि०) [सम्+वल्ग्+क्त] पद दलित किया हुआ, रौंधा गया।

संवशिन् (वि०) जितेन्द्रिय, मन निग्रहकर। (जयो०वृ० २५/५७)

संवश (वि०) वश में रहने वाला। (जयो० २/७३) 'सम्यग्वशीभूताऽस्तु।'

संवसथः (पुं०) [सम्+वस्+अथच्] ग्राम, बस्ती खेड़ा।

संवहः (पुं०) [सम्+वह्+अच्] प्रवाह। वायुवेग।

संवादः (पुं०) [सम्+वद्+घञ्]

०वार्तालाप, कथोपकथन।

०चर्चा, वाद-विवाद, आपस में कथन।

०सूचना, समाचार। ०स्वीकृति, सहमति।

०समानुरूपता, समानता।

०सादृश्यता।

संवारः (पुं०) [सम्+वृ+घञ्] आवरण, आच्छादन।

०संरक्षण, संवाराण।

संवासः (पुं०) [सम्+वस्+घञ्] समुदाय, मण्डली।

०घर, आवास, निवास।

संवासानुमति (स्त्री०) आरंभ की अनुमति।

संवाहः (पुं०) [सम्+वह्+घञ्]

०पर्वतादि का स्थान।

०मालिश, संमर्दन, दबाना।

०मुट्ठी भरना, दबोचना।

संवाहकः (वि०) मालिश करने वाला।

संवाहनं (नपुं०) [सम्+वह्+णिच्+ल्युट्] बोझा ढोना, मालिश करना।

०निपीडन। (वीरो० ५/३८)

०संमर्दन, दबाना।

संवाहन योग्यः (पुं०) संर्दन योग्य, ढोने योग्य। (जयो० ११/८०)

संविकास (वि०) अच्छी तरह विकसित। (सुद० २/८)

संविकाशफ (सक०) प्रसन्न पना। (जयो० ४/५८)

संविक्त (वि०) [सम्+विज्+क्त]

०अलग किया हुआ, विभक्त।

०विभाजित।

संविग्न (वि०) [सम्+विज्+क्त]

०विक्षुब्ध, उत्तेजित, व्याकुल।

०अशान्त, उद्विग्न।

०त्रस्त, भयभीत।

संविज्ञात (भू०क०कृ०) [सम्+वि+ज्ञा+क्त] सर्वसम्मत, पूर्वाज्ञान।

संविचार्य (वि०) अच्छी तरह समझकर। (जयो० २/४२)

संवितानं (नपुं०) शान्दियिनी। (जयो० २३/५४)

संवित्तत्व (वि०) पाण्डित्यपूर्ण। (जयो०वृ० २८/६०)

संवित्तिः (स्त्री०) [सम्+विद्+क्तिन्] ज्ञान, चेतना, बुद्धि समझ। समस्त विकल्प नाशक। लक्षण के आश्रय में अपने लक्ष्य का अनुभव करना।

०पहचान, प्रत्यास्मरण।

संविक्षिभज (वि०) ज्ञानी। (मुनि० १७)

संविद् (स्त्री०) [सम्+विद्+क्विप्] ज्ञान, बुद्धि, समझ, प्रज्ञा।

०प्रतिज्ञा, अनुबन्ध।

०स्वीकृति, सहमति।

०नाम अभिधान, संकेत, चिह्न।

०सहानुभूति, साथ देना।

०वार्तालाप, कथोपकथन, संवाद।

०युद्ध, संग्राम, लड़ाई। (जयो० ७/९०)

संविदम्बरं (नपुं०) युद्ध रूपी गगन।

संविदोरणस्याम्बरे रसे गगने वा' (जयो०वृ० ७/९०) रणे सम्भाषणे-तथा अम्बरं रसे कार्पासे इति च। विश्वलोचन। (जयो०वृ० ७/९०)

संविदा (स्त्री०) [संविद्+टाप्] प्रतिज्ञा, अनुबन्ध।

संविदात (वि०) जानने वाला। ०प्रतिभशाली।

संविदित (भू०क०कृ०) [सम्+विद्+क्त]

०ज्ञात, समझा हुआ, पहचाना हुआ।

०सुविदित, विश्रुत। ०अन्वेषित।

०उपदिष्ट, समझाया हुआ।

संविध (स्त्री०) [सम्+वि+धा+अङ्+टाप्]

०व्यवस्था, उपक्रमण, आयोजन।

०सम्यग् विधानकारण। (जयो० १३/१७)

०रीति, ०अनुष्ठान। ०अनुपमेय (जयो० १९/१७)

संविधानं (नपुं०) [सम्+वि+धा+ल्युट्]

०प्रबन्ध, व्यवस्था। सौभाग्य। (जयो० १/५१)

०आयोजन, समायोजन, सम्भावन। (वीरो० २/१०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०रीति, पद्धति, विधि।
०कारण। (जयो० २३/४९)

संविधानकं (नपुं०) [संविधान+कन्] घटनाक्रम, कथावस्तु क्रम।
०अद्‌भुतकर्म, ०असाधारण घटना।

संविभजनीय (वि०) परिहारयोग्य। (जयो० ६/२५)

संविभागः (पुं०) [सम्+वि+भर्ज्+घञ्]
०विभाजन, बांटना, पृथक् करना।
०भाग, अंश, हिस्सा।

संविभागिकृत (वि०) सहज में लगाया गया, सम्यक्-कथा करने वाला। (जयो० २/११०)

संविभागिन् (पुं०) [संविभाग+इनि] सहभागी, हिस्सेदार, साझीदार।

संविरागिणी (स्त्री०) सम्यक् विरक्ता स्त्री। (२३/४३)

संविरोधिन् (वि०) ०विपरीत। (जयो० २/१८) ०अवरोधक (जयो० २४/४६) ०अधिक रोध युक्त।

संविवेचनं (नपुं०) पृथक्करण, अनुसन्धान। (जयो० ४/३८)

संविष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+विश्+क्त]
०सोता हुआ, लेटा हुआ।
०प्रविष्ट, घुसा हुआ।

संविह् (सक०) छोड़ना, त्यागना। (जयो० ४/२६)

संवीक्षणं (नपुं०) [सम्+वि+ईक्ष्+ल्युट्] पूर्ण रूप से देखना, अवलोकन करना, परीक्षण करना।
०जांचना, परखना।

संवीत (भू०क०कृ०) [सम्+व्ये+क्त] वस्त्रों से सुसज्जित, परिधान युक्त।
०आवृत, ढका हुआ।
०अलंकृत, आच्छादित, परिवेष्टित।
०अभिभूत, लिपटा हुआ।

संवृक्त (भू०क०कृ०) [सम्+वृज्+क्त] ०उपभुक्त, खाया हुआ। ०नष्ट।

संवतृं (नपुं०) गुप्त स्थानं, एकान्त स्थल।
०गोपनीयता। ०दुरुपलक्ष।
सम्यग्वृतः संवत इति दुरुपक्षः। (त०वा० २/३२)

संवृतयोनिः (स्त्री०) दुरुपलक्षणयोनि।

संवृंतिः (स्त्री०) [सम्+वृ+क्तिन्] आवरण, अच्छादन।
०छिपाव, दबाना। गुप्त रखना, ढांकना।

संवृतिसत्य (नपुं०) वचन व्यवहार वाला सत्य।

संवृत्त (भू०क०कृ०) [सम्+कृत्+क्त] घटा, घटित हुआ।
०भरा गया। सम्पन्न। ०संचित, एकत्रित।
०ढका हुआ।

संवृत्तिः (स्त्री०) [सम्+वृत्+क्तिन्]
०होना, घटित होना।
०निष्पन्नता।
०आवरण, आच्छादन।

संवृद्धिः (स्त्री०) वृद्धि, प्रसार।

संवृद्धि (भू०क०कृ०) [सम्+वृध्+क्त]
०पूर्ण विकसित, बढ़ा हुआ।
०वृद्धिगत, ०समृद्धिशाली।

संवेगः (पुं०) [सम्+विज्+घञ्]
०संसार भीरुत्व विक्षोभ, हड़बड़ी, उत्तेजना।
०भीति, भय।
०प्रचण्डगति, तीव्रता, प्रचण्डता।
०अभिलाषा, इच्छा।

संवेजनीकथा (स्त्री०) तप प्रधान कथा।

संवेदः (पुं०) [सम्+विद्+घञ्]
०प्रत्यक्षज्ञान, स्पष्ट ज्ञान।
०अनुभव, ज्ञान, चेतना, जानकारी।
०अनुभूति, आत्मसमर्पण।

संवेशः (पुं०) [सम्+विश्+घञ्]
०विश्राम, आराम।
०निन्द्रा, नींद।
०स्वप्न, आसन। ०मैथुन।

संवेशनं (नपुं०) [सम्+विश्+ल्युट्] ०मैथुन, संभोग, रतिबन्ध।

संव्रज् (सक०) चलना, जाना। (जयो० ५/८)

संव्यवहारः (पुं०) समीचीन व्यवहार, समीचीन प्रवृत्ति।
समीचीन प्रवृत्तिरूपो व्यवहारः संव्यवहारः (जयो०)

संव्यानं (नपुं०) [सम्+व्ये+ल्युट्] आवरण, आच्छादन, पर्दा, परिवेष्टन।
०वस्त्र, कपड़ा, परिधान। (जयो० १८)
०उत्तरीय वस्त्र।

संशनकृत् (वि०) प्रशंसा करने वाला। (भक्ति० ४३)

संशप्तकः (पुं०) [सम्यक् शप्तमङ्गीकारो यस्य कप्] शपथ युक्त व्यक्ति।

संशब्द (वि०) अप्रशस्तार्थ। (जयो०वृ० १/२४)

संशब्दित (वि०) विशिज्ञ। (जयो०वृ० १७/७०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संशयः (पुं०) [सम्+शी+अच्] संदेह, अनिश्चितता, संकोच। ०मिथ्या। (जयो० २/८६)
०शंका, शक- ०अनिर्णय की स्थिति।
०अनवस्थित कोटि।

संशयगत (वि०) शंका को प्राप्त हुआ।

संशयछेदः (पुं०) आशंका का निवारण।

संशयनिवारक (वि०) संदेह प्रतिकारी। (जयो०वृ० ३/९६)

संशयमिथ्यात्वं (नपुं०) वस्तु स्वरूप का निश्चय न होना-सम्यग्दर्शन ज्ञान-चारित्राणि मोक्षमार्गः किं भवेन्नो वा।

संशयवचनीभाषा (स्त्री०) संदिगध वचन युक्त भाषा।

संशयान् (वि०) [सम्+शी+शानच् संशय+आलुच्] संदेहपूर्ण, अस्थिर, अनिश्चित, चंचल।

संशयालंकारः (पुं०) संशय अलंकार। जिसमें धर्मसाम्य के कारण अमुक वस्तु यह है कि यह है इस प्रकार जब संशय की उद्‌भावना होती है तब संशय अलंकार होता है।
इदमेतदिदं वेति साम्याद् बुद्धिर्हि संशयः।
हेतुभिर्निश्चयः सोऽपि निश्चयान्तः स्मृतोयण। (वाग्भट्ट०४/७८)
धान्यस्थली पालक-बालिकानां
गीतश्रुतेर्निश्चलतां दधानाः।
चित्तेऽध्वनीनस्य विलेप्यशङ्का-
मुत्पादयन्तीह कुरङ्गरङ्का।। (वीरो० २/१३)

संशयित (वि०) शंका से युक्त।

संशयितमिथ्यात्वं (नपुं०) संशयपूर्वक श्रद्धान होना।

संशरणं (नपुं०) [सम्+शॄ+ल्युट्] आक्रमण, युद्ध का आरम्भ। ०चढ़ाई, धावा।

संशायिन (वि०) शयन भाव युक्त। (जयो० १७/१८)

संशित (भू०क०कृ०) [सम्+शो+क्त]
०तेज, तीक्ष्ण।
०निर्णीत, सुनिश्चित, निर्धारित निश्चित।
०क्रियान्वित, पूर्ण किया गया।

संशीरः (पुं०) संश्रित। (वीरो० १२/१४)

संशुच् (अक०) सोचना, विचारना-संशोच्यताम्। (जयो० १८/४१)

संशुद्ध (भू०क०कृ०) [सम्+शुध्+क्त]
०विशुद्ध, पवित्र, श्रेष्ठ। (जयो०वृ० १/१५)
०सुसंस्कृत, अभीष्ट।

संशुद्धि (स्त्री०) [सम्+शुध्+क्तिन्] विशुद्धि, परिशुद्धि, विशेष शुद्धि, पूर्णनिर्मलता, स्वच्छता।
०परिशोधन, संशोधन, समाधान।
'आग संशुद्धये राजा सुदर्शनमहात्मनः' (सुद० १०९)

संशुध् (सक०) पवित्र करना, स्वच्छ करना, संशोधन करना। निर्मल करना। संशोधयेमुर्दभत्सदारीङ्गना। (वीरो० १७/१५)
०प्रतिक्रमण करना।
'तदर्थं प्रतिक्रमणं करोतीत्यर्थः' (जयो० २७/५१)
०साफ करना, परिमार्जित करना। (जयो०वृ० १३/१६)
संशोधयेत्। (मुनि० १२)

संशोचनीय (वि०) विचारणीय। (वीरो० ९/४५)

संशोधनं (नपुं०) [सम्+शुध्+ल्युट्]
०समन्वेषण। (जयो० २४/९८)
०पवित्रीकरण, स्वच्छ, शुद्ध।
०परिमार्जन, प्रक्षालन। (मुनि० १३)

संशोधनकर्त्री (स्त्री०) विशोधिनी, परिमार्जित करने वाली स्त्री। (जयो० १२/९६)

संशोधित (भू०क०कृ०) परिमार्जित। (वीरो० २२/४)
स्वच्छता युक्त-संशोधितं में भवताच्चरित्रम्। (भक्ति० ४९)

संश्चत् (नपुं०) [सम्+श्चु+डति] दाव-पेंच, जादूगरी, इन्द्रजाल, मरीचिका।

संश्यान (भू०क०कृ०) [सम्+श्यै+क्त] संकुचित, सिकुड़ा हुआ। ०जमा हुआ, ठिकुरा हुआ, ०लपेटा हुआ, ०अवसन्न।

संश्रत (वि०) आरुढ़। (मुनि० ३)

संश्रयः [सम्+श्रि+अच्] आवास स्थल, निवास स्थान, आरामगृह, विश्राम स्थल। (सुद० १/१५)
तदेकदेशः शुचिसन्निवेशः
श्रीमान् सुधीमानवसंश्रये सः। (सुद० १/१५)
०आश्रय, आधार, शरण, आश्रम।

संश्रवः (पुं०) [सम्+श्रु+अप्] प्रतिज्ञा। (जयो० १३/२०) वचनबद्धता। ध्यानपूर्वक सुनना।

संश्रवणं (नपुं०) [सम्+श्रु+ल्युट्] सुनना। ०कर्ण, कान। निशमन। (जयो० ६/३९)

संश्रि (सक०) आश्रय देना। (जयो० ३/६५)

संश्रित (भू०क०कृ०) [सम्+श्रि+क्त] आश्रय दिया हुआ, सहारा दिया हुआ।
०शरण में गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संश्रु (अक०) सुनना, संयुक्त होना। (सुद० २/३५) (जयो० १८/४३) संश्रूयते।

संश्रुत (भू०क०कृ०) [सम्+श्रु] प्रतिज्ञात, भलीभांति सुना हुआ।

संश्रुतापादप: (पुं०) प्रसिद्ध वृक्ष-महात्मनां संश्रुतपाद पाना पत्राणि जीर्णानि किलेतिमावात। (वीरो० ९/३४)

संश्रोतृ (वि०) श्रोता। (वीरो० १/१)

संश्रृंखडल (वि०) श्रृंखला सहित, सांकल युक्त, जंजीर सहित। (जयो० १३/११०)

संश्लिष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+श्लिष्+क्त]
०संयुक्त, मिला हुआ, जुड़ा हुआ।
०श्लाघ्य, प्रशंसनीय। (जयो०वृ० १/७९)
'महर्षि संश्लिष्टाशायां जगाम, वन्दनार्थमित्यर्थ:' (जयो०वृ० १/७९) सश्लिष्टं श्लाघ्यं बभूव। (जयो०वृ० १/६१)
०सुसज्जित।
०संस्पर्शी, आलिंगित।

संश्लेष: (पुं०) [सम्+श्लिष्+घञ्] आलिंगन, परिरंभण, मिलाप सम्बंध, सम्यक। (जयो० १७/७७)

संश्लेषजन्य (वि०) हर्षजन्य। (जयो०वृ० १२/६६)

संश्लेषणं (नपुं०) [सम्+श्लिष्+ल्युट्] आलिंगन, भींचना, दबाना।

संसक्त (भू०क०कृ०) [सम्+सञ्ज्+क्त]
०जुड़ा हुआ, मिला हुआ।
०संलग्न, आसक्त, सटा हुआ।
०आसन्न, निकट।
०प्रयुक्त। (जयो० ६/६७)
०मिश्रित, संपन्न, प्रतिबद्ध।

संसक्ति: (स्त्री०) [सम्+सञ्ज्+क्तिन्]
०संगम, मिलन, मिलाप।
०बांधना, घनिष्टता।
०आपसी मेलजोल।

संसज् (अक०) द्रवीभूत होना। (मुनि० २८)

संसद् (स्त्री०) [सम्+सद्+क्विप्]
०सभा, सम्मिलन, मंडल। (जयो० ३/९२) (सुद० २/१)
०परिषद। ०समिति। (जयो० १०/२)
इत्थं वारिविवर्षैरङ्कुरयन् संसदे तथैव रसै:। (जयो० ३/९२)

संसमान (वि०) प्रस्खलित हुआ। (जयो० २४/३५)

संसरणं (नपुं०) [सम्+सृ+ल्युट्]
०प्रगति, जाना।
०देशान्तरगमन। (जयो०वृ० १/२२)
०संसार, लौकिक जीवन, सांसारिक। (जयो०वृ० १/९५)
०जन्म-जमान्तर। (जयो० १/२२)
०निर्बाध कूच। ०प्रयाण।

संसरणनिवृत्ति: (स्त्री०) संसार से हटना, सांसारिक कार्यों से अलग होना। (जयो०वृ० १/९५)

संसर्ग: (पुं०) [सम्+सृज्+घञ्] संगम, मिलन, मिश्रण।
०संगति, सम्पर्क, साहचर्य।
०परिचय, मेल-जोल।
०सामीप्य, संस्पर्श।
०मैथुन, संभोग।
०प्रसक्ति। (वीरो० २/१२)

संसर्गप्रभव: (पुं०) संसर्ग से उत्पन्न। (मुनि० २८)

ससर्गविधा (स्त्री०) संगति प्रधान नीति। (सुद० १/२३)
विसर्गमात्मश्रिय ईहमान:
स साधुसंसर्गाविधानिधान:। (सुद० १/२३)

संसर्गिन् (वि०) [संसर्ग-इनि] संयुक्त, मिश्रित, मिला हुआ, सम्बंधित। संस्पर्शित।

संसर्गिन् (पुं०) सहचर, साथी।

संसर्जनं (नपुं०) [सम्+सृज्+ल्युट्]
०परित्याग करना, छोड़ना, विसर्जन करना।
०अलग करना, पृथक् करना, हटाना।

संसर्प: (पुं०) [सं+सृप+ल्युट्] सरकना, रेंगना।

संसर्पणं (नपुं०) [सम्+सृप्+ल्युट्] सरकना।

संसर्पिन् (वि०) [संसर्प+इनि] सरकने वाला, रेंगने वाला।

संसाद: (पुं०) [सम्+सद्+घञ्] सभा, समिति।

संसाधनं (नपुं०) उचित साधना। (दयो० २/२६)

संसाध्य (वि०) प्राप्त करने योग्य। (मुनि० १६)

संसार: (पुं०) [सम्+सृ+घञ्] लोक, विश्व।
०संसरण, परिभ्रमण, गति, प्रगति।
गुणोऽस्ति जीवस्य किलोपयोगस्तेनाप्य जीवेन समं योग:।
ततो हि संसार इयानिहास्ति, वियोग एवास्तु
शिवाश्युपास्ति। (समु० ८/६)
०संसृति-प्रापय यामपि तु तामसारतां संसृतिस्त्यजति तामसारताम्। (जयो० ११/९४)
०आवागमन, पुनरागमन, पुनर्जन्म।
०परम्परा, रीति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०चार गतियों में परिभ्रमण।
०ग्रन्थानुबन्धी।
०गर्भादिसंचराण।
०भवान्तर प्राप्ति।
०भवानुभूति।
०कर्मकलाप युक्त।
'भव: पवित्रसारहित: संसार:' (जयो० १/१५)

संसारकर्मन् (नपुं०) सांसारिक क्रिया।
संसारखिन्न (वि०) संसार से उदासीन।
संसारगत (वि०) संसार को प्राप्त।
संसारगति (स्त्री०) संसार परिभ्रमण।
संसारजन्य (वि०) संसरण को प्राप्त।
संसारतत्वं (नपुं०) परिभ्रमण शील तत्त्व।
संसारधृत (वि०) संसार को पकड़ने वाला।
संसारपरीत (वि०) संसार को परिमित करने वाला।
संसारपार (वि०) संसार को पार करने वाला।
संसारबन्ध (वि०) संसार में बंधने वाला।
संसारभाव: (पुं०) संसार का कारण।
संसारसिन्धु (पुं०) संसार सागर। (मुनि० ३४)
संसारस्फीति: (स्त्री०) संसार से छूटना।
संसारमोक्ष: (पुं०) योनिक जीवन से छूटना।
संसारसाग: (पुं०) संसार रूपी समुद्र। (जयो० १/१०३)
संसारात्तरणं (नपुं०) संसार से पार। (मुनि० ५)
संसारभाव: (पुं०) संसार का अभाव।
संसारानुप्रेक्षा (स्त्री०) संसार भावना।
संसारिन् (वि०) [संसार+इनि] लौकिक, ऐहिक, संसार से सम्बन्धित। संसार में परिभ्रमण करने वाले।
निजेङ्गिताङ्गविशेषभावात्।
संसारिणोऽमी ह्यचराश्चरा वा।
तेषां श्रमो नारकदेवमर्त्यतिर्यक्त्या
तावदित: प्रवर्त्य:। (वीरो० १९/२६)
संविदन्नपि संसारी स नष्टो नश्यतीतर: (वीरो० १०/५)

संसारिजन् (पुं०) परिभ्रमणशील, शुभाशुभ परिणाम जन्य जीव।
संसारीतावस्था (स्त्री०) मुक्ति/मोक्ष अवस्था। (जयो० १८/३)
संसारोचितवर्त्मन् (नपुं०) संसार के अनुकूल मार्ग।
मनोऽपियस्य नो जातु
संसारोचितवर्त्मनि। (सुद० १३२)

संसारोदयवर्तिन् (वि०) संसार के मध्य रहने वाले।
सोऽयं जन्मजरान्तकत्रयभवं सन्तायमुन्मूलयन्।
संसारोदयवर्तिनां तनुभृतां शान्तिं च सम्पादयन्।। (मुनि०७)

संसिक्त: (वि०) छोड़ी गई। (जयो०वृ० १२/६५)
संसिद्ध (भू०क०कृ०) [सम्+सिध्+क्त] सर्वथा निष्पन्न, पूर्ण तैयार हुआ।
०पकाए गए। (वीरो० २२/२३)
०मुक्त, विमुक्त, सिद्धि को प्राप्त हुए।

संसिद्धि (स्त्री०) [सम्+सिध्+क्तिन्]
०मुक्ति, मोक्ष। (जयो० २४/९६)
०कैवल्य, परमगति, सिद्धगति।
०प्रकृति, नैसर्गिक वृत्ति।

संसूच् (सक०) प्रकट करना, सूचित करना, सिद्ध करना।
०संकेत करना, भेद खोलना।
०भर्त्सना, झिड़कना।

संसूचक (वि०) प्रतिपादक, निवेदक। (जयो० ६/३०)
संसूचका (स्त्री०) विजय सूचक ध्वनि। (जयो०वृ० २६/१८)
संसूचनं (नपुं०) [सम्+सूच्+ल्युट्]
०सूचित करना, समाचार देना।
०संकेत करना, निर्देश देना।
०निर्देशन, प्रवेदन।
०कथन, प्रतिपादन।
०भर्त्सना, झिड़कना।
०भेद खोलना, रहस्य प्रकट करना।

संसूय (अक०) उत्पन्न होना। (जयो० १८/४३)
संसूयित्री (स्त्री०) संकेत करने वाली। (जयो०वृ० १६/७५)
संसृति: (स्त्री०) संसार, जगत, विश्व। संसारचक्र, लौकिक जीवन। (दयो० ८, जयो० १९/९४, २/१२)
०मार्ग, पथ, ०धारा, प्रवाह, ०आवागमन।

संसृतिनापक: (पुं०) यमराज। (समु० ७/१०)
संसृतिवत् (वि०) संसारवत्, संसरण की तरह।
संसृतिविलासवासिन् (वि०) विविध सांसारिक आरंभ-परिग्रह में आसक्त। ( )
'संसृतेर्विलासास्तेषु वसन्ति तान्
विविधारम्भ-परिग्रहासकान्' (जयो० २/)

संसृष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+सृज्+क्त] ०मिश्रित, मिला हुआ, सम्मिलित किया हुआ।
०प्रशान्त, ०पुनर्युक्त, ०निर्मित, बनाया हुआ।
०परिष्कृत् संस्कारित। (जयो०वृ० २/७७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संसृष्टता (वि०) [सम्+सृज्+क्त] समाज, संघ।
संसृष्टत्व देखों ऊपर।
संसृष्टिः (स्त्री०) [सम्+सृज्+क्तिन्]
०सम्बंधी, जोड़, मिलाप, मिलन।
०साहचर्य, सहभागिता, साझीदारी।
०संग्रह, संचय करना, जोड़ना।
संस्रवत (वि०) भरता हुआ, प्रच्यवत। (जयो० १०/६१)
संसेकः (पुं०) [सम्+सिच्+घञ्] तर करना। (वीरो० १३/१५)
संसेवमान् (वि०) सेवा करने वाला। छिड़कना।
संस्रोतर (वि०) उक्ति प्रवाह। (जयो० ३/९३)
संस्कृ (सक०) संस्कारित करना, योग्य बनाना। (सुद० ३/१२)
संस्कर्तृ (पुं०) [सम्+कृ+तृच्] संस्कारित करना, बनाना, तैयार करना।
संस्कारः (पुं०) [सम्+कृ+घञ्] संस्कृति। (जयो० २२/८३)
०सजावट। (मुनि० ३)
०शिक्षा, अनुशासन, सीख, प्रशिक्षण।
०सत्क्रिया। ०अलंकरण।
०अन्तःशुद्धि, पवित्रीकरण।
०पुनीतकार्य, अच्छे भाव।
०रश्मि, आशा। (जयो०वृ० ४/४३)
०प्रमार्जन, प्रक्षालन।
०प्रत्यास्मरण शक्ति, संस्मरण।
संस्कारधारा (स्त्री०) परम्परागत धारा। (जयो०२/१११)
संस्काराभावः (पुं०) संस्कार का अभाव, अनुशासन की कमी। (हित० २४)
संस्कृत् (भू०क०कृ०) [सम्+कृ+क्त]
०परिष्कृत्, परिमार्जित।
०संस्कारित, संस्कार युक्त किया गया।
०अनुभावित। (जयो० ३/५९)
०सुनिर्मित, सुसम्पादित, सुरचित।
०विधिवत् घटित, अच्छी तरह व्यवस्थि किया गया।
०व्याकरण निष्ठ बनाया गया।
०भासित। (जयो० १०/८९)
अर्थसंस्कृतकुड्येषु संक्रातप्रतिमा नराः।
विलोक्यते स्फुटं यत्र चित्राङ्का इव मञ्जुलाः। (जयो० १०/८९)
०'संस्कृतस्य जगतो देववाणी। (जयो०वृ० २२/८६)
संस्कृतिः (स्त्री०) संस्कारित विधि, परिष्कृत विधि, जिसमें संस्कारों में बल दिया जाता है। संस्कार (जयो० २२/८३)
यस्मात् गेहिभिन्नसंस्कृति-
विधौ नाना त्रुटि ह्रीऋषिः। (मुनि० ३१)
संस्क्रिया (स्त्री०) संस्कार युक्त क्रिया। (सुद० १/३१) शुद्धि संस्कार, परिमार्जित, क्रिया, अनुशासत्मक क्रिया।
संस्तम्भः (पुं०) [सम्+स्तम्भ्+घञ्]
०आश्रय, आधार, सहारा। ०टेक।
०दृढ़ करना, सबल बनाना।
०विराम, यति। ०जड़ता।
संस्तपनः (पुं०) सूर्य, रवि-संस्तापितः संस्तपनस्य पादैः पथि प्रजन् पांशुभिरुत्कृदङ्गः (वीरो० १२/११)
संस्तरः (पुं०) [सम्+स्तृ+अप्] शय्या, पलंग, आसन, बिछौना, बिस्तर।
संस्तरणं (नपुं०) बिछाना, फैलाना।
०शय्या, पलंग।
संस्तवः (पुं०) [सम्+स्तु+अप्] प्रशंसा, स्तुति, पूज्य। (समु० २/१४)
०सम्मान योग्य, समादरित।
०रक्षण करना, स्तवन करना। (जयो० ३/७)
०जान-पहचान, घनिष्टता।
०प्रार्थना, विनय, भक्ति। (मुनि० २७)
मुक्तात्मभावोदरिणी जवेन
समर्हणीया गुणसंस्तवेन। (जयो० २/४२)
संस्तवनं (पुं०) [सम्+स्तु+घञ्] प्रशंसा, ख्याति।
०स्तुतिपाठ, प्रार्थना।
संस्तुत (भू०क०कृ०) [सम्+स्तु+क्त] प्रशस्त, प्रशंसित।
०पूजित, अर्जित। (समु० ४/२४) (वीरो० १०/२, समु० २/१९)
०महिमा युक्त, प्रसिद्ध। (सुद० ३/६)
०सम्मत, सम्वादी।
०घनिष्ट, परिचित।
संस्तुतिः (स्त्री०) [सम्+स्तु+क्तिन्] प्रशांस, स्तुति, गुणगान।
संस्त्यायः (पुं०) [सम्+स्त्ये+घञ्] संचय, राशि, संघात, सामीप्य।
०प्रसार, विस्तार।
०घर, आवास, निवास।
सांस्थ (वि०) [सम्+स्था+क] स्थित रहने वाला, ठहरने वाला।
०विद्यमान, मौजूद, उपस्थित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०समाप्त, मृत, नष्ट।
०स्थिर, अचल।
०सूख गया। (वीरो० १२/३१)

संस्थः (पुं०) निवासी, वास्तव्य पड़ौसी, स्वदेशी। ०गुप्तचर।

संस्था (स्त्री०) [सम्+स्था+अङ्+टाप्]
०सभा, समुदाय, समूह, समिति।
०परिषद्।
०धन्धा, व्यवसाय।
०अन्त, पूर्ति, क्षति, नाश।
०प्रलय, ०राजकीय आज्ञा।

संस्थान (नपुं०) [सम्+स्था+ल्युट्]
०संचय, राशि।
०आकार-प्रकार। (सुद० ८३)
०आकृति विशेष।
०विन्यास, अनुकृति।
०रूप, आकृति, दर्शन, सूरत।
०संरचना, निर्माण, संस्थिति।
०निशान, चिह्न।
०नाश।
०समचतुरस्रनादिलक्षण, औदारिक शरीर का आकार।

संस्थानविचयः (पुं०) द्रव्य, क्षेत्र आकारादि का चिंतन। (समु० ८/३९)

संस्थापनं (नपुं०) [सम्+स्था+णिच्+ल्युट्] निर्धारण, जमाना, बिठाना, स्थपित करना।
०नियंत्रण करना, दमन करना।
०संचय करना, संग्रह करना।

संस्थापना (स्त्री०) नियंत्रण, दमन।

संस्थापकार्थ (वि०) मारणानार्थ, उपनिवेश, रोकने के लिए। (जयो० ८/५४)

संस्थित (वि०) स्थित, विद्यमान।
०संचित, स्थापित, रखा हुआ।
०मृत, उपरत।
०निष्पन्न समाप्त।

संस्थितिः (स्त्री०) [सम्+स्था+क्तिन्]
०निवासस्थान, आवासस्थल, विश्रामगृह।
०निकटता, समीपता।
०संचय, ढेर।
०अवधि, कालावधि।
०अवस्थान, स्थिति, जीवन की दशा।
०प्रतिबंध।

संस्पर्शः (पुं०) [सम्+स्पृश्+घञ्] ०संपर्क, ०छूना, ०सम्मिलन, ०मिश्रण।
०संवेदन, प्रत्यक्षज्ञान।

संस्पर्शी (स्त्री०) [सम्+स्पृश्+अच्+ङीष्] गंध युक्त पौधा।

संस्पृत्यालु (वि०) अभिलाषी। (जयो० २७/२३)

संस्फालः (पुं०) [सम्यक् स्फाल स्फुरणं यस्य] ०मेंढा।
०मेघ, बादल।

संस्फुर् (सक०) प्रकट करना, व्यक्त करना। (जयो० १६/७६)

संस्फेटः (पुं०) संग्राम, युद्ध लड़ाई।

संस्मरणं (नपुं०) [सम्+स्मृ+ल्युट्] याद करना, मन में लाना, विचारना, चिन्तन करना। (जयो० २७/५५)

संस्मारक (वि०) स्मरण। (जयो० १९/२)

संस्मृ (सक०) चिन्तन करना, याद करना, स्मरण करना। (जयो० ४/६२) स्मरण (मुनि० १७)

संस्मृत (वि०) [सम्+स्मृ+क्त] याद किया हुआ।
०स्मरित, स्मरण किया हुआ। (दयो० ३९)

संस्मृति (स्त्री०) स्मरण, याद चिंतन, (जयो० ४/६२) विचार। (जयो० ९/४८)
'स्वं यशोऽग्रजननाम संस्मृतिः' (जयो० २/१०५)

संस्रवः (पुं०) [सम्+स्रु+अप्] बहना, टपकना, रिसना, झरना।
०सरिता।

संहत (भू०क०कृ०) [सम्+हन्+क्त] ०बन्द, अवरुद्ध।
०समुदित, एकत्रित। (जयो० २/२०)
०सम्पृक्त, संबद्ध, युक्त, जुड़ा हुआ।
०संघात, संचित।

संहतता (स्त्री०) [संहत+तल+टाप्] मेल, मिलन, संहति।
०संपर्क, घनिष्ट मेल।
०संयोजन, सहमति, एकता।

संहतिः (स्त्री०) [सम्+हन्+क्तिन्] संपर्क, मेल।
०संचय, समुदाय, ढेर।
०पिण्ड, समवाय।

संहननं (नपुं०) [सम्+हन्+ल्युट्]
०सघनता, दृढ़ता, सामर्थ्य शक्ति।
०अस्थि-निबन्धन, हड्डियों की बनावट।
०हड्डियों का संचय। ०देह रचना।

संहरणं (नपुं०) [सम्+हृ+ल्युट्] लेना, ग्रहण करना।
०मिलाना, संचय करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संहर्तृ (पुं०) [सम्+हृ+तृच्] विनाशक, नष्ट करने वाला।
संहर्ष: (पुं०) [सम्+हृष्+घञ्] आनन्द, हर्ष, खुशी।
०रोमांच।
०पवन, वायु। ०रगड़ना।
संहात: (पुं०) [सम्+हन्+घञ्] संघात।
संहार: (पुं०) [सम्+हृ+घञ्] संकोचन, भींचना, संक्षेपण, प्रतिबन्ध लगाना।
०विनाश, समाप्ति। ०उपसंहार।
०संघात, समूह।
संहारक (वि०) विनाशक, घातक। (जयो० ६/६८)
०संघातकाय (जयो०वृ० १/९४)
संहारक: (पुं०) महादेव, शिव। (जयो०वृ० ३/५४)
संहारकृत् (वि०) विनाश करने वाला, घातक। (वीरो० ९/४०)
संहार्यमति: (स्त्री०) असमीचीन बुद्धि।
संहित (भू०क०कृ०) [सम्+धा+क्त हि आदेश:]
०संयुक्त, मिला हुआ, समाहित।
०संचित, अन्वित, सहित, युक्त।
०सहमत, समनुरूप, अनुकूल।
संहिता (स्त्री०) [संहित+टाप्] सम्मिश्रण, समायोजन।
०संचय, संकलन, संग्रह।
०नियम, विधि।
०संहिता शास्त्र-सूत्र की व्याख्या।
०पद विन्यास, उच्चारण की विशेषता।
शस्तमस्तु तदुताप्रशस्तकं
व्याकरोति विषयं सदा स्वकम्।
पारवश्यक विचारवेशिनी
संहिता हि सकलाङ्गदेशिनी।। (जयो० २/४३)
संहितासद्भाव: (पुं०) कार्य प्रारम्भ। (जयो० ३/७१)
०संगठित शक्ति।
संहितत्व (वि०) परम्परा युक्त। (वीरो० ११/२४)
संहूति: (स्त्री०) [सम्+ह्वे+क्तिन्] चीखना, चिल्लाना, शोरगुल करना।
संहृ (सक०) खींचना, दबाना।
०नियंत्रण करना। नष्ट करना। (सुद० १२८)
संहृत (भू०क०कृ०) [सम्+हृ+क्त] ०संचित, संगृहित।
०पकड़ा हुआ। दबाया हुआ।
संहृति: (स्त्री०) [सम्+हृ+क्तिन्] सिकुड़न, भींचना।
०विनाश, हानि, क्षति, संहार। (वीरो० ९/५)
०लेना, ग्रहण करना, पकड़ना।
०प्रतिबन्ध, संचय।
संहृष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+हृष्+क्त] हर्षित, रोमांचित, पुलकित।
संह्राद: (पुं०) [सम्+ह्रद्+घञ्] चीत्कार, कोलाहल, होहल्ला।
संह्रीण (वि०) [सम्+ह्री+क्त] लज्जालु, शर्मीला, विनयशील।
सकं (नपुं०) सुख, आनंद, हर्ष।
'इत्येवं सकं सुखं ददातीति तत्प्रकार:' (जयो० ११/४३)
सक: (पुं०) अर्ककीर्ति राजा। (जयो० ८/७४)
सकज्जलं (वि०) [कज्जलेन सहति] कज्जल सहित। ०कालिमा युक्त। (जयो० ७/९९)
सकट (वि०) [कटेन अशुचिना शवादिना सह वर्तमान:] दुष्ट, बुरा, कुत्सित।
सकण्टक (वि०) [कण्टेन सह] कांटेदार, चुभने वाला। (दयो० २/९)
०कष्ट प्रद भयानक।
सकण्टक: (पुं०) शेवाल जलीय घास।
सकन्दल (वि०) [कन्दलेन कलहेन सहितं] कलह सहित। आघात (जयो० १३/७०)
सकम्प (वि०) ०कम्पेन सह, ०कांपता हुआ, ०कम्पमान। (जयो० ८/८) ०डरता हुआ, ०थरथराता हुआ।
सकम्पन (वि०) [कम्पनेन सह] कांपता हुआ, थरथराता हुआ।
स-करुण (वि०) करुणया सह, करुणा युक्त, कोमल, दयालु।
सकर्ण (वि०) [कर्णेन सह] कान सहित, सकर्मक क्रिया। जिसमें कर्ता के साथ कर्म को महत्त्व दिया जाता है।
०कर्म से युक्त, कर्म रखने वाला।
सकल (वि०) [कलया कलेन सह वा]
०समग्र, सम्पूर्ण, सब, समस्त। (जयो० १८/१६)
भूरानन्दमयीयं सकला। (सुद० ८१) (जयो० २/१६)
०कृत्स्नं। (जयो० १८/१६)
०कोई भी-विश्वं सुदर्शनमयं विवभूव तस्या।
रुच्या न जातु तमृते सकला समस्या।। (सुद० ८६)
०कला सहित। (सुद० १/२८)
०भागो सहित, अंश युक्त।
०सब अंकों से युक्त।
सकलजन: (पुं०) सम्पूर्ण व्यक्ति, समस्त मानव। (सुद०९७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सकलजनानां निजवित्तस्य च
लुण्टाकेभ्यस्त्रात्री-यमायाताऽरमहो कलिरात्रि। (सुद०९७)

सकलज्ञ (वि०) सर्वज्ञ, भगवान्।
सकलज्ञं सर्वत्रं भगवन्तं
सम्प्रार्थयितुमाप्तवान्' (जयो० ८/८८)

सकलज्ञता (वि०) सर्वज्ञता, सर्व वस्तु जानने वाला।
व्याख्याति तत्त्वं सकलज्ञतातः
बहिर्न किञ्चिद्यदुपेयतातः। (भक्ति० ३२)

सकलङ्क (वि०) [कलङ्क सहितः] कलंक सहित।
सकलङ्कः पृषदङ्कक:
स क्षय सहितः सहजेन। (सुद० ८७)

सकलजातिः (स्त्री०) सम्पूर्ण जाति।

सकल-तापस् (वि०) समस्त तपस्वी।

सकलदत्ति कारकत्व (वि०) महादान के दाता। (जयो०वृ० १/१०८)

सकलदानं (नपुं०) समग्रदान।

सकलदोषः (पुं०) सम्पूर्ण सम्पत्ति।

सकलधनं (नपुं०) समस्त धर्म।

सकल परमात्मन् (पुं०) सकल परमात्मा।

सकलभावः (पुं०) सम्पूर्ण परिणाम।

सकलभेदः (पुं०) समस्त भेद।

सकलयोनिः (स्त्री०) सम्पूर्ण उत्पत्ति स्थान।

सकलराशिः (पुं०) समस्त राशि।

सकलविद्या (स्त्री०) समस्त विद्याएं।
कुशल सद्भावनोऽम्बुधिवत्,
सकलविद्या सरित्सचिवः। (सुद० ३/३०)

सकलव्यञ्जनं (नपुं०) समस्त पकवान्।
सकलानि व्यञ्जनानि। (जयो० १२/११५)

सकलसम्मत (वि०) जनमान्य। (दयो० १/१४)

सकलाङ्गदेशिनी (वि०) सांगोपांग वर्णन करने वाली।
सकलान्यङ्गनि दिशतीति
साङ्गोपाङ्गनिर्देशिनी भवति। (जयो० २/४३)

सकलादेशः (पुं०) प्रमाण वृत्ति। (जयो० २८/४४)

सकलाधर (वि०) कलायुक्त। (दयो० १०४)

सकलित (वि०) सम्पादित। (जयो० १२/१३२)

सकलेन्द्रियः (पुं०) समस्त इन्द्रियां, पंचेन्द्रिय।
यामि चेत्तु सकलेन्द्रियभोग-
भोगिनोनुरिह कोऽस्तु नियोगः। (समु० ५/७)

सकरङ्कः (वि०) कन्यादानार्थ कर झारी, शृंङ्गारक। झारी युक्त हस्त। (जयो० १२/५३)

सकल्प (वि०) [कल्पेन सहितं] कल्प/क्रिया सहित।

सकाम (वि०) [कामेन सह] कामना युक्त, कामी, लब्ध काम, तुष्ट, तृप्त।

सकामनिर्जरा (स्त्री०) निर्जरा का एक भेद।

सकाय (वि०) [कायेन सह] शरीर सहित, शरीरधारी। (जयो० १५/३९)

सकाल (वि०) [कालेन सहितः] काल सहित। ऋतु के अनुकूल। समयोचित।

सकालं (अव्य०) कालानुरूप, समय से पूर्व, ठीक समय पर।

सकावशस्य (वि०) कंकर सहित धान्य। (जयो० २/१७)

सकाश (वि०) [काशेन सह] दृश्य, प्रस्तुत निकटवर्ती।
'सकाशात् प्रतिष्ठां गतः' (जयो०वृ० १/१६)

सकाशः (पुं०) उपस्थिति, पड़ौस, सामीप्य।
०निकट।

सकुक्षि (वि०) [सह समानबुद्धिः] सहोदर, एक ही माता से जन्म लेने वाले।

सकुल (वि०) [कुलेन सह] कुल से सम्बंध रखने वाला। एक ही परिवार सका, सपरिवार।

सकुलः (पुं०) सम्बंधी जन, निकटवर्ती लोग।

सकुल्यः (पुं०) [समाने कुले भावः] ०एक ही परिवार सम्बंधी जन।

सकूर्चक (वि०) [सहित सकूर्चक] दाढ़ी-मूंछ युक्त। (जयो० २/१५३)

सकृत् (अव्य०) एक बार, एक समय, एक अवसर, पहले दफा का।
०साथ-साथ। (जयो० ४/४९)

सकैतव (वि०) [कैतवेन सह] धोखा देने वाला, जालसाज।

सकैतवः (पुं०) ठग, धूर्त।

सकोप (वि०) [कोपेन सह] क्रोधित, क्रुद्ध, कुपित।

सकोपं (अव्य०) क्रोधपूर्वक, गुस्से से।

सकौतुक (वि०) जिनोदभाव युक्त। (जयो० १/८६)

सक्त (भू०क०कृ०) [सज्+क्त] ०चिपका हुआ, ०संसक्त, ०जुड़ा हुआ।
०भक्त, अनुरक्त, आसक्त।
०सम्बन्ध रखने वाला। संलग्न। (सुद० १२७)

सक्तिः (स्त्री०) [सञ्ज्+क्तिन्] संपर्क, स्पर्श, मेल, सङ्गम।
०अनुराग, आसक्ति, भक्ति। (जयो० २/२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सक्तु (पुं०) सत्तू, जौ का सत्तू।
सक्थि (नपुं०) [सञ्ज्+क्थिन्] जंघा।
०हड्डी।
०गाड़ी का लट्ठा।
सक्रिय (वि०) [क्रियया सह] गतिशील, तत्पर, उद्यमशील।
सक्षण (वि०) [क्षणेन सह] अवकाश वाला। समय युक्त।
सखि (पुं०) [सह समानं ख्यायते ख्या+डिन्] मित्र, सहचर, साथी। (सुद० ७०, ९०)
सखिराजन् (पुं०) राज राजेश्वर। (वीरो० ३/८) मित्रकर, (जयो० ४/३६)
सखी (स्त्री०) सहेली, सहचरी, संगिनी, सहभागिनी।
सखीकृत् (वि०) आत्मसात्कृत्, मैत्रीकृत। (जयो० ३/५१)
सखिसमूहः (पुं०) सहेली वर्ग। आलिमण्डल। (जयो०वृ० १२/५८)
सख्यं (वि०) मित्रता, मैत्री, घनिष्टता। (वीरो० २/३८)
सखैर (वि०) साहसपूर्वक।
सखायमीरयति-सखैरः
सखं बुद्धिसहितमीरयति। (जयो०८)
सख्यः (पुं०) मित्र, सहचर, साक्षी।
सगणय (वि०) [गणेन सह] गण सहित, दल-बल सहित।
सगणः (पुं०) शिव, महादेव।
सगदेव (स्त्री०) रोगिणी की तरह। (सुद० ८४)
सगर (वि०) [गरेण सह] विषैला, विषयुक्त। सगर-नगरं त्यक्त्वा विषभेऽपि सर्भरसः, जहरीला। (वीरो० १०/१९) (सुद० ९०)
सगरः (पुं०) एक राजा।
सगरी (वि०) (दे) सारी, समस्त। (जयो० ३/७८)
सगरोदनः (वि०) विष सहित जल। (सुद० ९०)
सगर्भः (पुं०) [सह समानो गर्भो यस्य] सहोदर भाई।
सगुण (वि०) [गुणेन सह] गुणों से युक्त, सद्गुणी।
०डोरी से युक्त, रस्सी सहित।
०ज्यायुक्त।
०साहित्यिक गुणों से परिपूर्ण।
सग्रन्थः (वि०) गांठ सहित, हृदय ग्रन्थि युक्त। (सुद० १/१६)
सग्रंथकन्था (स्त्री०) फटी हुई गुदड़ी। (वीरो० ९/२५)
सगोत्र (वि०) [सह समानं गोत्रमस्य] बन्धु, कुटुम्बी, एक ही गोत्र में उत्पन्न हुआ।
सगोत्रः (पुं०) परिवार, कुल, वंश।
सग्धिः (स्त्री०) साथ-साथ, भोजन करना।
सघन (वि०) अतिगम्भीर। रथपुट। (जयो० २३/१३) (जयो० १०/१६)
सघनः (पुं०) मोथा। (जयो०२१/३४)
सघनीभूत (वि०) गाढता युक्त। (जयो० १३/४८) गढ़ी।
सङ्कट (वि०) [सम्+कटच्] [सम्+कट्+अच्] कठिनाई, डर, जोखिम।
०संकीर्ण, अभद्य।
सङ्कटं (नपुं०) भय, आपत्ति, व्याधि।
०कष्टमयी। (सुद० ९४)
०कष्ट परम्परा। (जयो०वृ० २/१२६)
'सङ्कटघटोपटोपिणी'
सङ्ककृत (वि०) कष्टकारि। (जयो०१२/१२४)
सङ्कटगत (वि०) कष्ट को प्राप्त हुआ।
सङ्कटबहुल (वि०) कष्ट की अधिकता। (जयो०वृ० १/१०९)
सङ्कटसमाहित (वि०) कष्ट से परिपूर्ण।
सङ्कथ (वि०) मनोरथ, अंतरंगाभिप्राय। (जयो० २६/२०)
सङ्कथा (स्त्री०) [सम्+कथ्+अ+टाप्] कीर्तिवार्ता, प्रासंगिक कथा, विशेष कथन। (जयो० ५/२६) समालाप।
०बातचीत, वार्तालाप।
सङ्करः (पुं०) [सम्+कृ+अप्] सम्मिश्रण, मिलावट, मेल। मिश्रण।
०धूल, रजकण, बुहारन्।
सङ्कर्षणं (नपुं०) [सम्+कृष्+ल्युट्] खींचना, आकर्षण।
०सिकुड़न।
सङ्कल् (सक०) [समृ+कल्] संग्रह करना, इकट्ठा करना, संचना करना। सङ्कलितं। (जयो० २/६५)
सङ्कल (वि०) [सम्+कल्+अच्] व्याप्त, पूर्ण, भरा हुआ। (जयो०वृ० २/१२५)
सङ्कलः (पुं०) [सम्+कल्+अच्] संग्रह, संचय, एकत्र करना।
सङ्कलनं (नपुं०) [सम्+कल्+ल्युट्] सम्पर्क, संगम।
०संचय, संग्रह।
०योग, जोड़।
०पकड़ा गया, हाथ में लिया गया।
सङ्कलित (भू०क०कृ०) [सम्+कल्+क्त] संचित किया गया, एकत्रित किया गया। (दयो० ६५) संग्रही। द्वात्रिंशद्वर्णात्मक-वृत्तविशेष सकंलनम्। (जयो० ६/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०संपादित। (जयो० ३/६)

०जोड़ा गया, मिलाया गया, संकलन किया गया।

सङ्कलितुम् [सम्+कल्+तमुन्] संकलन करने के लिए। (वीरो० १६/१६)

सङ्कल्पः (पुं०) [सम्+कृप्+घञ्]

०उद्देश्य, विचार, उत्प्रेक्षा।

०इच्छाशक्ति, प्रबल भावना। (भक्ति० ५०)

०दृढ़ता, बलवती इच्छा।

सङ्कल्पता (वि०) संकल्प शीलता। (सुद० ३/२९)

सङ्कल्पजः (पुं०) कामदेव, मदन।

सङ्कल्पकारिन् (वि०) विचारशीलता। (जयो०वृ० १/४२)

सङ्कल्पजन्मन्

सङ्कल्परूपः (पुं०) ऐच्छिक भाव।

सङ्कसुक (वि०) [सम्+कस्+उकञ्] अस्थिर, चंचल, परिवर्तनशील।

०अनिमित, ०अनिश्चित।

०संदिग्ध, दुष्ट, बुरा, अहितकर।

०बलहीन, शक्ति रहित।

सङ्कारः (पुं०) [सम्+कृ+घञ्] धूल, बुहारन, कूड़ाकरकट।

सङ्कारी (स्त्री०) [सङ्कार+ङीष्] नई दुलहन।

सङ्काश (वि०) [सम्+काश्+अच्] सदृश, समान, मिलता-जुलता। (सुद० २/८)

०निकट, समीप, पास।

सङ्काशः (पुं०) दर्शन, उपस्थिति।

०पड़ौस।

सङ्किलः (पुं०) [सम्+किल्+क] मशाल, जलती हुई लकड़ी।

सङ्कीड (वि०) साथ में खेलने वाला। (समु० ३/४२)

सङ्कीर्ण (भू०क०कृ०) [सम्+कृ+क्त] अव्यवस्थित।

०बिखरा हुआ।

०तुच्छ, संकुचित, कुंठित।

०तंग।

सङ्कीर्णः (पुं०) संकर जाति का व्यक्ति।

सङ्कीर्णजातिः (स्त्री०) वर्णसंकर।

सङ्कीर्णधारा (स्त्री०) तुच्छ धारा।

सङ्कीर्णयोनि (वि०) वर्णसंकर युक्त योनि।

सङ्कीर्णयुद्धं (नपुं०) अव्यवस्थित लड़ाई। रणसंकुल।

सङ्कीर्तनं (नपुं०) [सम्+कृत्+णिच्+ल्युट्]

०प्रशंसा करना, गुणगान करना।

०सराहना, स्तुति।

सङ्कीर्तित (वि०) वर्णित। (जयो०वृ० २८/३९)

सङ्कुच् (अक०) संकुचित होना, संकीर्ण होना। संकोच करना। (जयो० १७/५८) सङ्कुचति, सङ्कोचमञ्चति। (जयो० ११/२५)

सङ्कुच (वि०) दृढद्व कुच। (जयो० ३/६०)

सङ्कुचता (स्त्री०) संकुचित रहना। (सुद० ७/४)

सङ्कुचित (भू०क०कृ०) [सम्+कुच्+क्त] सिकोडता हुआ, संक्षिप्त किया हुआ, संकुचित किया हुआ।

०ढका हुआ, बन्द किया हुआ।

०आवृत, आवरण।

०हीन, तुच्छ।

सङ्कुचितत्व (वि०) संक्षिप्तिकरण। (वीरो० ९/४३)

सङ्कुल (वि०) [सम्+कुल्+क] व्याप्त, पूर्ण, भरा हुआ। (जयो० १३/७४)

०आकीर्ण, परिपूर्ण। (वीरो० १/३९)

०संकीर्ण। (जयो० १०/६०)

०अव्यवस्थित, विकृत।

सङ्कुलं (नपुं०) भीड़, जमघट। संग्रह, छत्ता झुण्ड। समूह।

०रणसंकुल। असंगत।

सङ्कृष्ट (वि०) खींची गई। (जयो० ११/२९)

सङ्केतः (पुं०) [सम्+कित्+घञ्] इंगित, इशारा।

०चिह्न, निशान। (सुद० २/३२)

०प्रतीक, अंकन। मुद्रा।

०प्रतिबन्ध, शर्त।

सङ्केतकः (पुं०) [सङ्केत+कन्] अहमति, सम्मिलन।

०नियुक्ति, निर्देशन।

सङ्केतकालः (पुं०) सम्मिलन का समय। (जयो०वृ० १२/१२९)

सङ्केतगृहं (नपुं०) निर्दिष्ट स्थान।

सङ्केतनिकेतनं (नपुं०) चिह्नित घर।

सङ्केतित (वि०) [सङ्केत+इतच्]

०निर्धारित, निर्देशित, चिह्नित।

०ठहराया हुआ, निर्दिष्ट। (जयो०वृ० ६/२०)

०आमन्त्रित, बुलाया हुआ।

सङ्कोचः (पुं०) [सम्+कुच्+घञ्]

०लज्जा। (वीरो० ५/२१, २२/२३)

०कुड्मली भाव। (वीरो० ५/२६)

०संक्षेपण, न्यूनीकरण,

०सीचना, ०त्रास, भय।

०बंद करना, मूंदना, बांधना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सङ्कोचं (नपुं०) केसर, जाफरान।
सङ्कोचकरणं (नपुं०) न्यूनीकरण। (दयो० ६१)
सङ्कोचतती (वि०) लज्जालुता । (जयो० १७/१२)
सङ्कोचदशा (स्त्री०) मुद्रितदशा।
'वनवासिषु सङ्कोचदशा सा' (सुद० ९७)
सङ्कोचनं (नपुं०) निमीलन। (जयो०वृ० १५/४९)
सङ्कोचशलि (पुं०) लज्जालु। (जयो० १६/४५)
सङ्कोचशील (वि०) विनम्रीभूत, समेटते हुए। (जयो० १/१००)
सङ्कोचवर्जित (वि०) निर्लज्जता। (जयो०)
सङ्कृतिः (स्त्री०) संकटनामक दोष। (जयो० २६/८२)
सङ्क्रन्दनः (पुं०) [कृष्ण]
सङ्क्रमः (पुं०) [सम्+क्रम्+घञ्]
०सहमति, संगमन।
०संक्रान्ति, यात्रा।
'समीचीनशामित क्रमः शक्लौपरिपाटयाम् इति वि० (जयो० ५/७७)
०स्थानान्तरण, प्रगति। गमन। (जयो० २३/३६)
सङ्क्रमं (नपुं०) कठिन मार्ग, संकरा मार्ग।
०सेतु, पुल।
०संक्रमण। (समु० ८/१५)
सङ्क्रमणं (नपुं०) [सम्+कम्+ल्युट्]
०संक्रान्ति, प्रगति, गमन, यात्रा।
०संगमन, सहमति।
०एक बिन्दु से दूसरी बिन्दु पर जाना।
सङ्क्रमित (वि०) चलायमान। (जयो० ५/७३)
सङ्क्रमोदित (वि०) प्रसिद्धि प्राप्त हुई। (जयो० २२/२०)
सङ्क्रान्त (भू०क०कृ०) [सम्+क्रम्+क्त]
०संगमन, मेल, मिलान।
०हस्तान्तरण, स्थानान्तरण।
०प्रतिमा, प्रतिबिम्ब।
सङ्क्रीडनं (नपुं०) [सम्+क्रीड्+ल्युट्] साथ में खेलना, एक साथ कीड़ा करना।
सङ्क्रीणं (नपुं०) खरीदना। (जयो० ३/६१)
सङ्क्लेदः (पुं०) [सम्+क्लिद्+घञ्] तरी, नमी।
सङ्क्रशित (वि०) क्लेश सहित। (जयो० २/१२७)
सङ्क्लेश (पुं०) दुःख। (वीरो० १८/११)
सङ्क्लेशकृतत्व (वि०) क्लेश करने वाला। (सुद० २/२६)
सङ्क्लेशदेशः (पुं०) कष्टभाव। (जयो० २६/९७)
सङ्क्षयः (पुं०) [सम्+क्षि+अच्] विनाश, घात, हानि, क्षय। उपभोग।
०अन्त, प्रलय।
सङ्क्षालन् (नपुं०) धोना। (जयो० २७/९)
) संघसङ्गमात्। (सुद०४/२९)
सङ्गिरा (स्त्री०) ओष्ठ वचन। (जयो० ५/५५)
सङ्गिन् (वि०) [सञ्ज्+घिनुण्]
०संयुक्त, मिला हुआ।
०अनुरक्त, स्नेहशील।
०संगम युक्त, संगत सहित।
सङ्गीत (भू०क०कृ०) [सम्+गै+क्त] सहगान, सामूहिक गान, मिलकर गाया गया गान।
सङ्गीतं (नपुं०) सामूहि ज्ञान/गायन, गान, मधुर तान।
०गोष्ठी, सहसंगीत।
सङ्गीतगुणः (पुं०) नीचे का गुण, गायन की विशेषता। (जयो० २८/२९)
सङ्गीतशाला (स्त्री०) गायन शाला।
सक्षिप्तपदं (नपुं०) लघुमंदचरणक्षेप। (जयो० २४/५२)
सङ्क्षिप्तिः (स्त्री०) [सम्+शिप्+क्तिन्]
०भींचना, संक्षेपण।
०फेंकना, भेजना।
सङ्क्षेपः (पुं०) [सम्+क्षिप्+घञ्]
०छोटा करना।
०लाघव, संहति, ह्रास।
०निचोड़, सरांश।
०फेंकना, भेजना।
०अपहरण करना।
सङ्क्षेपणं (नपुं०) [सम्+ष्विप्+ल्युट्]
०लघूकरण, छोटा करना।
०ह्रस्वीकरण, संक्षिप्तिकरण।
सङ्क्षोभः (पुं०) [सम्+क्षुभ्+घञ्]
०आंदोलन, कपकंपी।
०बाधा, हलचल।
०अहंकार, अभिमान।
०दुःख, व्याकुलता, कष्ट।
सङ्ख्यं (नपुं०) [सम्+ख्या+क] संग्राम, युद्ध, लड़ाई।
सङ्खननं (नपुं०) खुदवाना। (वीरो० २२/२४)
सङ्ख्या (स्त्र) [सम्+ख्या+अङ्+टाप्]

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०गणना, गिनती।
०जोड़, संग्रह, गुणन।
०हेतु, समझ, प्रज्ञा।
०रीति, पद्धति, विचार, विमर्श।

सङ्ख्यात (भू०क०कृ०) [सम्+ख्या+क्त] गिना हुआ, गणना किया हुआ।
०गणित किया गया।
०संख्या का क्रम।

सङ्ख्यातं (नपुं०) अंक, गिनती।

सङ्ख्याति (स्त्री०) प्रसिद्धि, प्रशंसा। (जयो० ११/८८)

सङ्यातीत (वि०) असंख्य, अनगिनत। अगणित। (जयो०वृ० १/९४)

सङ्ख्यावाचकः (पुं०) संख्याबोधक अंक।

सङ्गः (पुं०) [सञ्ज्+मात्रे घञ्] संसर्ग। (जयो० १२/७६)
०सम्मिलन, संगम स्थान।
०संस्पर्श।
०मेल, मिलान।
०संगति, साहचर्य, मैत्री, अनुराग, प्रीति। अनुरक्ति। (जयो०वृ० १/२०)
०आसक्ति। मुठभेड़, लड़ाई।

सङ्गकृत (वि०) प्रसंग कर्ता। (जयो० १७/२४)

सङ्गच्छन् (वि०) साथ चलने का इच्छुक। (सुद० १२३)

सङ्गजगं (वि०) गजाकार। (जयो० ८/११)

सङ्गडः (पुं०) साधन। (जयो० २/५८)

सङ्गतहा (वि०) रोग देने वाली। संगं ददातीति (जयो० १४/४३)

सङ्गणिका (स्त्री०) [सम्+अण्+ण्वुल्+टाप्] श्रेष्ठ प्रवचन, अनुपम उपदेश।

सङ्गत (भू०क०कृ०) [सम्+गम्+क्त] मिला हुआ, जुड़ा हुआ।
०स्पर्शित। संसर्गित, सम्मिलित।
०संचित, संयोजित, एकत्रित।

सङ्गतं (नपुं०) [सम्+गम्+क्त] सम्मिलन, मिलाप, मेल।
०वर्णित। (जयो०वृ० १/११३)
०समन्वित। (जयो० १९/८३)
०समाज, मण्डली।
०परिचय, मित्रता घनिष्टता।
०सुसंवत वाणी।

सङ्गतदृष्टि (स्त्री०) आसक्त दृष्टि। (वीरो० २१/२२)

सङ्गतात्मन् (वि०) संश्लिष्टात्मन्। (जयो० २४/१९)

सङ्गतिः (स्त्री०) [सम्+गम्+क्तिन्]
०संगम, मेल, मिलना। (सुद० ९१)
०संसर्ग, सहयोगिता, साहचर्य।
वारीणां किल संस्काराभावतः काऽस्य संगतिः (हित० २३)
०मैथुन, संभोग।
०सहावस्थान। (जयो० २/४७)
०दुर्घटना, दैवयोग, आकस्मिक घटना।
०संगत, सम्बंध
०दर्शन करना, बारबार जाना।

सङ्गम् (सक०) पहुंचना, जाना-सङ्क्मिष्यासि। (दयो० १०४) आगमन् (जयो० ६/१२९)

सङ्गमः (पुं०) [सम्+गम्+अप्] मिलना, मेल। (जयो० १३/९१)
०साहचर्य, संगति, सहभागिता। (सुद० ८६)
०सहकारिता, परस्परिक सम्बंध।
०संयोग। (जयो० १०/२४)
०संपर्क, स्पर्श।
०मैथुन, रति क्रिया।
०योग्यता, अनुकूलन।
'लोपेऽपि गङ्गा-यमुना-सरस्वतीनां सङ्गमः प्रयाग इति सुप्रसिद्धम्' (जयो० ६/१०७)
०अनुरक्ति, अनुराग। (जयो० ४/५५)

सङ्गमतीर्थः (पुं०) प्रयागराज। (जयो०वृ० ६/४३)

सङ्गमनं (नपुं०) [सम्+गम्+ल्युट्]
०मिलना, मेल, संगति।
०साहचर्य। (भक्ति० ९)
०संगत, सम्बन्ध। (सुद० ११९)

सङ्गमात्तर (वि०) संगम युक्त। (जयो०वृ० ४/५५)

सङ्गमान्तरवती (वि०) संगम वाली।
'सङ्गभान्तरं द्वितीयसङ्गमोऽस्या,
अस्तीति सङ्गभान्तरवती युवती। (जयो०वृ० ४/५५)

सङ्गमित (वि०) प्रशंसा योग्य। संगम के योग्य। (जयो० ५/६१)

सङ्गरः (पुं०) [सम्+गृ+अप्]
०प्रतिज्ञा, करार।
०कलह-नारी-नरयोश्च सङ्गरः। (वीरो० ९/८)
०रणकार्य। (जयो० ८/८६)
०संग्राम, युद्ध, लड़ाई। (जयो० १/७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०स्वीकृति।

०दुर्भाग्य, संकट। ०विष।

सङ्गराश्रयः (पुं०) युद्धाश्रय। (जयो० २१/३८)

सङ्गरलेकमूर्ति (स्त्री०) पूर्ण विषभरी मूर्ति। (जयो० १/७)

सङ्गरल (वि०) रण करने वाला। (जयो० १/७)

सङ्गवः (पुं०) [संगता गावो दोहनाय अत्र] चरगाह का समय।

सङ्गसुखं (नपुं०) गृहवास सुख। (जयो० २५/३१)

सङ्गाढसंदेशिन् (वि०) सुदृढ़संदेशकारी। (जयो० २३/२८)

सङ्गादः (पुं०) [सम्+गद्+घञ्] प्रवचन, वार्तालाप, समालाप।

सङ्गामः (पुं०) समागम।

तत्रास्याः पुण्ययोगेनाप्यार्यिका।

सङ्गालित (वि०) छाते हुए। सङ्गलिते वारिणि जीवजन्तु। (वीरो० १९/२१

सङ्गीतशास्त्रं (नपुं०) गायनशास्त्र।

सङ्गीति (स्त्री०) विचारगोष्ठी, श्रुताचार्य की विचार गोष्ठी, वाचना, आगम-विचार गोष्ठी। (सुद० ८२)

०उदय। (जयो० १४/६)

दिगन्तव्याप्तकीर्तिमयः

प्रथिमतषट्चरण सङ्गीतिः। (सुद० ८२)

सङ्गीतिपरायणः (पुं०) गोष्ठी में निपुण। (सुद० १२३)

सङ्गीर्ण (भू०क०कृ०) [सम्+गृ+क्त]

०सम्मत, स्वीकृत।

०प्रतिज्ञात। समर्थित। (जयो० १/६९) युक्त। (जयो० ३/३९)

सङ्गुणित (वि०) पूर्वापेक्ष गुणवत्। (जयो०वृ० ११/१०)

सङ्गुप्त (वि०) निग्रहयुक्त। आवृत। (सुद० ७७)

सङ्गुष्ट (वि०) अंगुष्ट सहित।

सङ्ग्रहः (पुं०) [सम्+ग्रह्+अप्]

०समूह। (जयो० २१/५)

०संचय। (जयो० २/८२)

'को न संवदति सङ्ग्रहे पुनर्मो,

घृणोद्धरणमात्रवस्तुनः। (जयो० २/८२)

०उत्तम ग्रह। (जयो०वृ० ५/५१)

०सभासंघ-करसौम्यमूर्तिर्मम कौमुदाश्रयोऽस्मिन्

सङ्ग्रहे स्यातु शनैश्चरात्यहम्। (जयो० ५/९१)

०भरना, संचय करना, संग्रह करना।

०अवधारणा, संकलन।

०सारांश, सार, संक्षेपण।

०जोड़, राशि।

०प्रयत्न, चेष्टा।

०उल्लेख, संकेत।

सङ्ग्रहणं (नपुं०) [सम्+ग्रह्+ल्युट्]

०संलन, संचय। (जयो० १/१६)

०मंढना, जड़ना।

०आशा स्वीकार।

०स्वीकार करना।

०मैथुन, स्त्रीसंभोग।

०व्यभिचार।

०पकड़ना, लेना।

०सहारा देना।

०प्रोत्साहित करना।

सङ्ग्रहणता (वि०) जकड़े रहने वाला।

सङ्ग्रहिन् (वि०) संग्राहक। (जयो०वृ० २/२१, जयो० २/१०७)

सङ्ग्रहीतृ (पुं०) [सं+ग्रह्+तृच्] सारथि।

सङ्ग्रहणानुरागः (पुं०) उपचर्याकरणानुराग। (जयो० २७/७)

सङ्गुणित (वि०) गुण सहित। (जयो० ११/१०)

सङ्ग्रामः (पुं०) [सङ्ग्राम्+अच्] रण, युद्ध। (जयो० ६/३८)

०समाहव/युद्ध। (जयो०वृ० /३२)

सङ्ग्रामकर (वि०) युद्ध करने वाला। (जयो० ७/११३)

सङ्ग्राहः (पुं०) [सम्+ग्रह्+घञ्] ग्रहण करना। पकड़ना, ले लेना।

०हाथ डालना।

सङ्ग्राहक (वि०) ग्रहण करने वाला। (सम्य० ९६)

सङ्ग्राहिन् (वि०) पकड़ने वाला, छीनने वाला।

संग्रहण तल्लीन, संगृह्णातीति संग्राही। (जयो०वृ० २८/४५)

सङ्ग्राहिणी (वि०) ग्रहण करने वाली।

'कविता च सम्यग्रूपाणां सुप्तिङन्तानां

पदानां शब्दानां सङ्ग्रहिणी' (जयो०वृ० ३/४१)

सङ्घः (पुं०) [सम्+हन्+अप्] ०समूह, ०समुदाय, ०संगठन, ०झुण्ड, ०समुच्चये, ०संग्रह, चतुर्विध संघ।

सङ्घगत (वि०) समूह युक्त।

सङ्घचारिन् (वि०) साथ में चलने वाला।

सङ्घटनं (नपुं०) समुदाय, समुच्चय, समूह, एकता, सामञ्जस्य। (जयो० ५/९०)

०निर्माण। (जयो० ११/७५)

पदयोर्निर्माणकाले संघटनेसमये' (जयो०वृ० ११/७५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सङ्घटना (स्त्री०) सम्मेल, सम्मिलन।
०एकता, एकरूपता।
सङ्घटित (वि०) [सम्+घत्+णिच्+क्त]
०सम्मिलित, एकत्रित, समूहगत।
'स्वाहितार्थमेव धर्माचरणे सङ्घटिता भवन्ति। (जयो०वृ० २/२०)
सङ्घटिता (वि०) घटित होती हुई।
उद्धूलिता धूलिरहस्करा याप्यपेत्य
सा मूर्ध्नि नुरस्त्विलायाः।
इमां सदुक्ति वलये प्रसिद्धा-
मुपैति मे संघटिता सुविद्धा।। (दयो० ९६)
सङ्घट्टः (पुं०) [सम्+घट्ट+अच्]
०टक्कर, मुठभेड़।
०संघर्ष, भिडंत।
०सम्मिलन, मेल, मिलन।
०आलिंगन, भेंट।
सङ्घट्टनं (नपुं०) [सम्+घट्ट+ल्युट्]
०संघर्षण, रगड़ना।
०संपर्क, मेल।
०पारस्परिक चिपकना।
०मिलना।
सङ्घतः (पुं०) [सम्+हन्+घञ्] हत्या, वध।
०समुदाय, समुच्चय, समूह।
०संघ, मिलाप, समाज।
सङ्घशस् (अव्य०) [संघ+शस्] झुंडों में, दल बनाकर।
सङ्घर्षः (वि०) [सम+घृष्+घञ्]
०टक्कर, भिडंत, जूझना।
०लड़ना, भिड़ना।
०प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिस्पर्धा।
०होड़।
०ईर्ष्या, डाह।
सङ्घाटिका (स्त्री०) [सम्+घट्+णिच्+ण्वुल्+टाप्] जोड़ा, सम्पत्ति।
०दूती, कुटनी।
सङ्घाणकः (पुं०) नाक का मल, सिणक।
सङ्घृणा (स्त्री०) निरादर। (जयो० २१/७९)
सङ्घूर्ण (अक०) हिलना। (जयो० १८/९१)
सङ्घूर्णमान (व०कृ०) हिलता हुआ। (जयो० १८/४१)

सचकित (वि०) विस्मित, आश्चर्यजनक।
०भयभीत।
सचकितं (अव्य०) चौकन्ने होकर, विस्मित होकर।
सचिः (पुं०) [षच्+इन्] मैत्री, मित्र।
सचित्त (वि०) सजीव, चेतनतन युक्त।
धूलिः पृथिव्याः कणशः सचित्तास्तत्कायिकैरार्हतसूक्तवित्तात्। (वीरो० १९/२८)
सचिल्लक (वि०) [सह क्लिन्ने, सहस्य स+कप्] चकाचौंध युक्त अक्षि।
सचिवः (पुं०) [सचि+वा+क] ०मन्त्री। (समु० ३/२१), (जयो०वृ० ३/१४) परामर्शदाता।
०मित्र, सहचर, अनुगामी।
तत्र तस्य सचिवेन सदक्तं वाच्यमेव समये खलु युक्तम्। (जयो० ४/२२)
०सम्पन्न। (सुद० ३/३०)
सचिहितकृत (वि०) मैत्री पूर्ण व्यवहार करने वाला। (दयो०)
सचेतन (वि०) जीवधारी, प्राणवान्। (मुनि० २५)
०विवेकपूर्ण।
सचेतस् (वि०) [सह चेतसा] प्रज्ञावान्। विचाशील (जयो० १४/३५)
०भावुक, ०एकमत। चेतनायुक्त।
०जाग्रत।
सचेता (स्त्री०) विचारशीला स्त्री। (जयो० १४/३५)
सचेल (वि०) [सह चेलेन] वस्त्रों में सुसज्जित, वस्त्र सहित।
सचेलकत्व (वि०) सचेकता, वस्त्र सहित।
सचेष्टः (पुं०) [सच्+अच्, तथा भूतः सन् इंष्टः] आम्र वृक्ष।
सचेष्ट (वि०) चेष्टा सहित।
सच्च्यमरीचय (वि०) अरण्य गाय के संग्रह युक्त।
सतीना चमरीणां वनगवां च यस्य संग्रहस्य। (जयो० २४/२४)
सच्चवचा (स्त्री०) सत्यवादी। (समु० ६/३७)
सच्चाक्ष (वि०) सत्काम। (जयो० १०/४५)
सच्चितत्त्व (वि०) सौमनस्य। (जयो०वृ० ११/७४)
सच्चिदानन्दः (पुं) सम्यक् आनन्द रूप आत्मा। (सुद० ४/१)
सच्छिर (वि०) शिरसहित। (जयो० २/१३८)
सच्छिद्रकर (वि०) मन्दफल। (जयो०वृ० १२/१३१)
सच्छकुन (वि०) शोभन लक्षण। (जयो० ३/८६)
सजन (वि०) [सह जनेन] प्राणियों सहित।
सजनः (पुं०) बन्धु, कुटुम्बीजन, पारिवारिक लोग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सजन्य (वि०) मातृ सहित।
जन्यया मुदा सहितः सजन्यो
जन्या मातृसखीमुदो' इति वि (जयो० २७)
०जन समुदाय युक्त।
सजप (वि०) जपा सहितेषु-सजपेषु, जपा कुसुम सहित। (जयो० ६/६४)
सजल (वि०) [सह जलेन] जल युक्त, जल सहित।
०आर्द्र, गीता तर।
सजाति (वि०) [समान जातिः अस्य] एक ही जाति का, एक ही वर्ग का।
सजातिसमूहः (पुं०) कुटुम्बीजन, जाति के लोग। परिवार। (जयो०वृ० ५/३)
सजातीय (वि०) समान वर्ग के, एक से, एग वर्ग के।
सजीव (वि०) चेतनता सहित।
सजीववेशः (पुं०) दिगम्बर वंश। जन्माज बालक का वेष। (भक्ति० ४४)
सजुष् (वि०) [सह जुषते-जुष्+क्विप् सहस्य स]
०प्रिय, अनुरक्त।
०मित्र, साथी, सम्बंधी।
सजुष् (अव्य०) सहित, युक्त।
सज्ज (वि०) [सस्ज्+अच्] तत्पर, तैयार किया हुआ।
०वस्त्रों से सुसज्जित।
०समयानुकूल, परिपूर्ण, प्रशस्य। (जयो० ७/५७)
सज्जघनं (नपुं०) सुश्रोणी-श्रेणी पुरभाग। सज्जानि धनानि च तानि। (जयो० ३७/११३)
सज्जङ्घभावः (पुं०) तल्लीनता के भाव।
०दृढ़ जंघा युक्त-सती समीचीना चासौ
जङ्घा च तस्या भावं भजतो धारयतः'
सुदृढजङ्घावत इत्यर्थः। (जयो०वृ० १/४८)
सज्जनः (पुं०) भद्र व्यक्ति, उत्तम व्यक्ति। (जयो० १/१८) (सुद ८२) सत्पुरुष। (जयो० २/१२)
'सन्ति गेहिषु च सज्जना अहा,
भोसंसृतिशरीरानि, स्पृहा।
तत्त्ववर्त्मनिरता यतः
सुचित्रप्रस्तरेषु मणयोऽपि हि क्वचित्। (जयो० २/१२)
सज्जनं (नपुं०) [सस्ज्+णिच्+ल्युट्]
०बांधना, जकड़ना, धारण करना।
०सुसज्जित करना।
०चौकीदार, पहरेदार।
०घाट।
सज्जक्रमकर (वि०) सज्जनक्रम पर चलने वाला। (जयो० ६/८१)
सज्जनता (वि०) भद्रता, समीचीनता, श्रेष्ठता।
समी समीचीना चासौ जनता तया,
पक्षे सज्जनस्य भावः सज्जनता तया। (जयो० १४/४०)
सज्जनपतिः (पुं०) शिरोमणि। (जयो० १/१०५)
सज्जनपालकः (वि०) सत्पुरुष पालक। (समु० ४/२३)
०नृप, राजा।
सज्जनपुरुषः (पुं०) नृराट्, नृपराज। (जयो०वृ० २/५९)
सज्जनसहवासित्व (वि०) सत्समागत युक्त। (जयो०वृ० ३/४)
०नक्षत्र सहित। (जयो०वृ० ३/४)
सज्जनोहः (पुं०) सज्जनों का ज्ञान। (सम्य० ११०)
सज्जवाणी (स्त्री०) समयानुकूल वाणी। (जयो०वृ० ७/५७)
सज्जल (वि०) उत्तम जल। (जयो० ३/१०, जयो० १/३०)
सज्जा (स्त्री०) [सस्ज्+अ+टाप्] सजावट, चित्रकारी।
०वेशभूषा।
०कवच, सैन्य सुरक्षा कवच।
सज्जाति (वि०) उत्तम जाति वाला। (जयो०वृ० १२/७३) विशुद्ध जाति।
सज्जित (वि०) [सज्जा+इतच्] सजाया हुआ, वस्त्र धारण किये हुए।
०तैयार किया हुआ।
०संवारा गया, सुसज्जित किया गया।
सज्जीकरणं (नपुं०) [सत्क्रिया] उत्तम कार्य। (जयो०वृ० २१/४)
सज्जीकृत (वि०) सम्यक् सम्पादित। (जयो० ३/१०२)
सज्य (वि०) [सहज्यया-सहाय सः] धनुष की डोरी सहित। डोरी से कसा हुआ।
सज्योत्स्ना (स्त्री०) [सह ज्योत्स्नया] चांदनी रात, स्वच्छ रजनी।
सञ्गद् (वि०) कथित कहा, सञ्गाद। (सुद० ११०)
सञ्चः (पुं०) [संचीयते अत्र सम्ः+चि+ड] पत्र संग्रह।
सञ्चत् (पुं०) [सम्+चत्+क्विप्] ठग, धूर्त, दगाबाज।
सञ्चयः (पुं०) [सम्+चि+अच्]
०ढेर, राशि, समूह, मण्डन। (सुद० १०७)
०संग्रह। ०निश्चित। (जयो० २३/५९)
०एकत्र करना, इकट्ठा करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सञ्चयनं (नपुं०) [सम्+चि+ल्युट्]
०चयन, चुनना, इकट्ठा करना।

सञ्चर (अक०) ०घूमना, ०यात्रा करना, ०पर्यटन करना। (जयो० ७/२) ०व्यवहार करना। (जयो० २/१८)
०गमन करना। (जयो० २/३२)

सञ्चरः (पुं०) [सम्+चर्+क]
०पथ, रास्ता, मार्ग।
०संकरा मार्ग, संकीर्ण पथ।
०प्रवेश द्वार।
०शरीर, देह।

सञ्चरणं (नपुं०) [सम्+चर्+ल्युट्] ०गमन, ०गति, ०जाना। (जयो० १/५८)
०प्रस्थान करना, यात्रा करना।

सञ्चरितपदं (नपुं०) समीचीन चरित पद। समीचीनं चरितं ददादीति सञ्चरितपदं। (जयो० १४/९६)

सघृण (वि०) घृणोपादक। (जयो० २५/२६)

सङ्घटनं (नपुं०) समुदाय, समुच्चय, समूह, एकता, सामञ्जस्य। (जयो० ५/९०)

सञ्चल (वि०) [सम्+अल्+अच्]

सञ्गद् (वि०) कथित, कहा सञ्जगाद। (सुद० ११०)

सञ्चः (पुं०) [संचीयते अत्र सम्-चि+ड] पत्र संगह।

सञ्चत् (पुं०) [सम्+यत्+क्विप्] ठग, धूर्त, दगाबाज़।

सञ्चयः (पुं०) [सम्+चि+अच्] ०ढेर, राशि, समूह, भंडार। (सुद० १०७)
०संग्रह।
०निचित। (जयो० २३/५९)
०एकत्र करना, इकट्ठा करना।

सञ्चयनं (नपुं०) [सम्+चि+ल्युट्] ०चयन, चुनना, इकट्ठा करना।

सञ्चर (अक०) ०घूमना, ०यात्रा करना ०पर्यटन करना। (जयो० १/२)

सञ्चरः (पुं०) [सम्+चर्+क] ०पथ, रास्ता, मार्ग।
०संकरा मार्ग, संकीर्ण पथ।
०प्रवेश द्वार।
०शरीर, देह।

सञ्चरणं (नपुं०) [सम्+चर्+ल्युट्] गमन, गति, जाना। (जयो०वृ० १/५८)
०प्रस्थान करना, यात्रा करना।

सञ्चरितपदं (नपुं०) समीचीन चरितपद। समीचीनं चरितं ददादीति सञ्चरितपदं। (जयो० १४/९६)

सञ्चल (वि०) [सम्+चल्+अच्] ०कांपने वाला, चलायमान होने वाला।

सञ्चलता (वि०) आवेल्लता (जयो०वृ० ३/११२)

सञ्चाय्यः (पुं०) [सम्+चि+ण्यत्] एक यज्ञ विशेष।

सञ्चारः (पुं०) [सम्+चर्+घञ्] गमन, गति, यात्रा।
०पारणा।
०पथ, रास्ता, मार्ग।
०दर्रा, सड़क।
०गतिमान् करना।
०संक्रमण, स्पर्शसंचार। (जयो०वृ० १७/५९)
०मार्गदर्शन करना।
०कठिनाई, दुःख।

सञ्चारक (वि०) [सम्+चर्+ण्वुल्] संक्रमण करने वाला।
०नेतृत्व प्रदान करने वाला।

सञ्चारकः (पुं०) नेता, पथ प्रदर्शक।

सञ्चारणं (नपुं०) [सम्+चर्+णिच्+ल्युट्] गतिशील होना, संप्रेषण, भेजना।
०नेतृत्व करना, आगे होना। (जयो० १/३१)

सञ्चारिका (स्त्री०) [सम्+चर्+ण्वुल्+टाप्] दूती, कुटनी।
०संदेशवाहिका।
०दम्पत्ती।

सञ्चारिन् (वि०) [सम्+चर्+णिनि] ०गतिशील, गमनीय।
०पर्यटन, भ्रमण।
०परिवर्तनशील,
०अस्थिर, चंचल।
०दुर्गम, अगम्य।
०क्षण भंगुर।
०आनुवांशिक, परम्परागत।

सञ्चारिन् (पुं०) पवन, वायु, हवा। ०धूप।

सञ्चाली (स्त्री०) [सम्+चल्+ण+ङीप्] गुंजों की झाड़ी।

सञ्चित (भू०क०कृ०) [सम्+चि+क्त] संगृहीत, एकत्रित, इकट्ठा किया गया, रक्खा गया, जमाया गया।
०जोड़ा गया, गिना गया।
०युक्त, सहित, सुसम्पन्न।
०बाधित, अवरुद्ध, भरा हुआ।

सञ्चितिः (स्त्री०) [सम्+चिन्त्+ल्युट्] विचार विमर्श।
* अनुचिन्तन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सञ्चेतना (स्त्री०) ज्ञानचेतना। (सम्य० ४१, ११७)

सञ्चूर्ण (नपुं०) [सम्+चूर्ण+ल्युट्] चूर चूर करना, खण्ड खण्ड करना, पीसना, मसलना।

सञ्चेत्ये-चेतना को प्राप्त होता है। (सम्य० ४१)

सञ्छन्न (भू०क०कृ०) [सम्+छद्+क्त] लिपटा हुआ, ढका हुआ, छिपा हुआ।

०वस्त्र धारित।

सञ्छादनं (नपुं०) [सम्+छद्+णिच्+ल्युट्] ढकना, छिपाना। (वीरो० ५/१४)

सञ्छादनवृत्ति (स्त्री०) छिपाने की प्रवृत्ति। (जयो० २३) संञ्चेत सह चेतनातया। चेतना सहित (सम्य० ४०)

सञ्ज (अक०) संलग्न होना, जुड़े रहना, चिपके रहना।

०अच्छा होना। (जयो० २/२)

०सञ्जायते-तत्पर रहना। (जयो० १९/९४) * उद्यत होना। (मुनि० २२/)

सञ्ज (सक०) जकड़ना, फेंकना, रखना, मिलाना, जोड़ना। (सुद० १०३) सञ्जायते झरना-सञ्जातातानि (जयो० ३/९०)

०प्रेरित करना, निर्दिष्ट करना। (मुनि० १८)

सञ्जः (पुं०) [सम्+जन्+उ] ब्रह्मा। ०शिव।

सञ्जय (वि०) जीतना, (सुद० १०४) ०जय, विजय।

सञ्जयः (पुं०) [सम्+जि+अच्] धृतराष्ट्र के सारथि का नाम।

सञ्जल्पः (पुं०) [सम्+जल्प्+घञ्] ०वार्तालाप, बातचीत।

०शोरगुल, हंगामा।

सञ्जवनं (नपुं०) [सम्+जु+ल्युट्] चतु:शाल, आंगन युक्त गृह।

सञ्जा (स्त्री०) [सञ्ज्+टाप्]

सञ्जात (वि०) उत्पन्न हुआ। (सुद० ३/३०)

सञ्जीविता (स्त्री०) अपहृता, अपहरण की गई। (सुद० ८८)

सञ्जीवनं (नपुं०) [सम्+जीव्+ल्युट्] जीवनाधार भूत। (जयो० २६/७५)

सञ्जीवनभृत् (वि०) जीवन दान देने वाला। (वीरो० १९/३०)

सञ्जजीवनी (स्त्री०) एक औषधि, जीवन दान देने वाली औषधि।

सञ्जजीवनीयः (पुं०) जीवनदायक औषधि 'जीवनदं जीवनदायकं सञ्जीवनीयमौषधं' (जयो०वृ० ६/७५)

सञ्जीविनी (स्त्री०) एक औषधि, अमृतत्व युक्त औषधि।

सञ्जीविनीव सा शक्तिर्विषा ज्योत्स्नेव मे विधो।
समभाति जगन्मान्या किन्त्वियं तु प्रसन्नता।।
(दयो० ११०)

सञ्ज्योतिर्धामः (पुं०) परम ज्योति के धाम। भुवि देवा बहुशः स्तुता भो सञ्ज्येतिर्धाम' (सुद० ७३)

सञ्ज्वल् (अक०) जलना, दाह होना। (सम्य० १०५)

सञ्ज्वलनं (नपुं०) जलन, दाह, पीड़ा।

०सञ्ज्वलन कषाय।

सञ्ज्ञ (वि०) [सम्+ज्ञा+क] चेतना युक्त, सचेतना। ०होश प्राप्त।

सञ्ज्ञं (नपुं०) सुगन्धित काष्ठ।

सञ्ज्ञपनं (नपुं०) [सम्+ज्ञा+णिच्+ल्युट्] हत्या, वध, घात।

सञ्ज्ञा (स्त्री०) [सम्+ज्ञा+अङ्+टाप्] चेतना, होश। चैतन्य शक्ति।

०जानकारी, समझ।

०बुद्धि, मन।

०संकेत, इंगित, इशारा, निशान, चिह्न।

०नाम, पद, अभिधान।

०संज्ञा शब्द विशेष-व्याकरण शास्त्रोक्ते संज्ञो तद्वान् (जयो०वृ० १/९५)

सञ्ज्ञाकरणार्थ (वि०) संज्ञा शब्द बनाने के लिए। (जयो०वृ० १/९५)

सञ्ज्ञात (वि०) सञ्ज्ञात्मक शब्द वाले।

सञ्ज्ञात्मक (वि०) सञ्ज्ञाशब्द युक्त।

सञ्ज्ञानं (नपुं०) जानकारी, समझ।

सञ्ज्ञान्तरकरणार्थ (वि०) सञ्ज्ञा शब्दों की विधि बतलाने वाले।

सञ्ज्ञापनं (नपुं०) [सम्+ज्ञा+णिच्+ल्युट्] ०वध, घात, हत्या।

०अध्यापन, शिक्षण।

०सूचना।

सञ्ज्ञापत् (वि०) [सञ्ज्ञा+मतुप्] नाम वाला, नामक, नामधारी।

सञ्ज्ञिन् (वि०) नाम वाला, जिसका नाम रखा जाए। अथ सागरदत्त संज्ञिनः (सुद० ३/३४) ०मन वाले जीव। समनस्क (त०सू०पृ० ३४)

सञ्ज्ञु (वि०) [संहते जानुनी यस्य] जिसके घुटने चलने पर टकराते हो।

सञ्ज्वरः (पुं०) [सम्+ज्वर्+अप्] अतिताप, ज्वर, बुखार।

०गर्मी, संताप।

०कोप, क्रोध।

सञ्ज्वल (वि०) देदीप्यमान। (जयो० २४/४९)

सञ्सेज् (सक०) मानना, स्वीकार करना। (वीरो० ९/८) ज्योऽतियुक्तिर्गुरुभिश्चं संसेजत् (वीरो० ९/८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सञ्ज्ञापत् (वि०) [सञ्ज्ञा+मतुप्] नाम वाला, नामक, नामधारी। ज्योऽतियुक्तिर्गुरुभिश्चं संसेजत् (वीरो० ९/८)

सट् (सक०) बांटना, भाग बनाना।

सटं (नपुं०) जटा, बालों का समूह। ०शिखा, चोटी।

सटङ्कः (पुं०) सिंह।

सटा (स्त्री०) जटा-बालों का समूह। (जयो०२४/१०) केशर वाली (जयो०१३/७२) (वीरो० ९/१५)

सट्ट (सक०) चोट पहुंचाना, घात करना, मार डालना। ०देना। ०ग्रहण करना।

सट्टकं (नपुं०) [सट्ट+ण्वुल्] एक उपरूपक जो प्राकृत भाषा में निबद्ध किया जाता है। जिसमें अभिनय की प्रधानता के साथ-साथ नृत्यादि के माध्यम से शृंगार रस को बढ़ाया जाता है। इसके पात्र काल्पनिक होते हैं। सो सट्टओ त्ति भण्णदि दूरं जो णाडिआए अणुहरदि। किं पुण पवेसअ-विक्खम्भआइ इह केवलं णत्थि।। (कर्पूरमंजरी १/६)

सट्वा (स्त्री०) एक वाद्य यन्त्र।

सद् (सक०) समाप्त करना, पूरा करना, पूर्ण करना। ०जाना, पहुंचना। ०अलंकृत करना। ०सुशोभित करना, विभूषित करना।

सड्डमरु (स्त्री०) एक वाद्य विशेष, डमरु। (जयो० ८)

सणं (नपुं०) सन।

सणसूत्रं (नपुं०) सन् की बनी हुई रस्सी।

सण्डिशः (पुं०) चिमटा, संडासी।

सण्डीनं (नपुं०) [सम्+डी+क्त] पक्षियों की उड़ान।

सत् (वि०) [अतीस्+शत् अकार लोप] ०वर्तमान, विद्यमान। सकल पदार्थाभिगत भाव। ०वास्तविक, यथार्थ, सत्य। (सुद० २/४१)०कुलीन, योग्य, उचित। ०सर्वोत्तम, श्रेष्ठ, उत्तम, महान्। (जयो० २/१०२) ०मनोहर, रमणीय, सुंदर। ०दृढ़, स्थिर।

सत् (पुं०) सज्जन, भद्रपुरुष, विद्वान्। (जयो० १/१८) (जयो० १/१६, सुद० २/२४) (सुद० १/१६) ०बुद्धिमान, ज्ञानी। भुवि वरं पुरमेतदियं मतिः प्रवितता खलु यव लतां ततिः। (सुद० १/३१)

सत् (नपुं०) सत्ता, अस्तित्व, सर्व निरपेक्ष सत्ता, वस्तुतः, सच्चाई। (सम्य० ११०) ०वस्तु का तादात्म रूप। ०उत्पाद-व्यय ध्रौव्ययुक्तं सत् (स०सू० ३/३०) ०सत् द्रव्य का स्वरूप (विस्तार से देखें (जयो० २६/८०-८८) सद् द्रव्यलक्षणम् (त०सू० ५/२९) न सामान्यात्मनो देति न व्येति व्यक्तमन्वयात् व्येत्युदेति विशेषात्ते सहैकत्रोदयादि सत् (त०सू०पृ० ८४)

सत्कटकानुकारिन् (वि०) उत्तम सेना का अनुकरण करने वाला। (जयो० १२४/१५)

सत्कन्धरात्मन् (वि०) शोभनग्रीव युक्त। शोभजलधर। (जयो० ७/२३) ०अच्छे कन्धों वाला। ०शोभ जल को धारण करने वाला। धारापातस्तु दूरेऽस्तु यन्मे सत्कन्धरात्मनः

सत्कन्यका (स्त्री०) उत्तम कन्या (जयो०१२/१४२) (जयो० ७/२३)

सत्करणं (नपुं०) सत्कार, सम्मान, आदर, समादर। (दयो० ५८)

सत्कर्त्तव्य (वि०) सत्कार्य। (वीरो० १६/२०)

सत्कर्मन् (नपुं०) पुण्यकार्य, सद्गुण गुणयुक्त।

सत्कर्माख्य (वि०) पुण्यकर्म नाम वाला। (मुनि० १)

सत्काण्डः (पुं०) चील, बाज पक्षी।

सत्कायः (पुं०) सुंदर शरीर (सुद० ८२)

सत्कारः (पुं०) सम्मान, आदर, समादर। (सुद० ३/४४) ०पूजा-प्रशंसात्मक वंदन, स्तव, पूजा। (दयो० ५८) ०आतिथ्यपूर्ण व्यवहार। ०अभ्यर्चन। ०देखभाल, ध्यान।

सत्कार्यसाधिका (स्त्री०) सत्तासिद्धिदायक। (जयो० २३/८१)

सत्कारपुरस्कारपरीषजयः (पुं०) एक परीषह का नाम। (त० सू०)

सत्काराचरणं (नपुं०) सत्प्रवृत्तियों का आचरण (जयो०वृ० ३/११६)

सत्कुचः (पुं०) उन्नत स्तन। (जयो० ५/४२) पुष्ट कुच। (सुद० २/४६)

सत्कुलं (नपुं०) उन्नत कुल, उत्तम कुल, समीचीन कुल (जयो०वृ० १/९१) 'सत् समीचीनं कुलं समूहः' (जयो०वृ० १/९२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सत्कुलीन (वि०) उच्च कुल वाला। कुलीन।

सत्कुलोत्पन्न (वि०) अच्छे कुल में उत्पन्न हुआ, कुलीन। (जयो०वृ० १/६७)

सत्कृष (सक०) [सत्+कृ] सत्कार करना, आदर करना, सम्मान करना।
०सेवा करना। सत्करोमि यत्पदयुगं सन्निधिरयमिह नाम। (जयो० २०/८८) चरणयुगलं सत्करोमि सेवयामि।

सत्कृत (वि०) पूज्य, प्रतिष्ठित, सम्मानित।
०पूजित, अलंकृत।
०स्वागत किया गया।

सत्कृतपंक्तिः (स्त्री०) पुण्यपरिणाम। (जयो० ५/६३)

सत्कृतलता (स्त्री०) पुण्यकृतलता, सत्कारविषयी बल्लरी। (जयो० ३/९)

सत्कृतशेमुषी (स्त्री०) उत्तम बुद्धि, श्रेष्ठ बुद्धि। (जयो० १२/१०२)

सत्कृति (स्त्री०) अतिथि सत्कार। (जयो० १२/१४१)

सत्कृतिक (वि०) उत्तम कार्य करने वाले। 'लोकोऽखिलः सत्कृतिकः पुनस्ताः' (सुद० १/२९)
०मृतिका नक्षत्र सहित।

सत्क्रिया (स्त्री०) सत्कर्म, पुण्यकार्य। (जयो० ९/१०)
०शिष्टाचार, अभिवादन।
०आतिथ्यपूर्ण स्वागत, सत्कार। (सु० १२४)
०सज्जीकरण। (जयो० २१/४)

सतत् (वि०) [सम्+तन्+क्त] निरंतर, नित्य, शाश्वत। (जयो०वृ० १/४२)

सततं (अव्य०) लगातार, अविच्छिन्न रूप से, नित्य, सदा हमेशा। (दयो० २/४) (मुनि० १७) (सुद० ११२)

सततगमनं (नपुं०) पवन, वायु।

सततगति (स्त्री०) वायु, हवा।

सततभुक्तिः (स्त्री०) निरंतर आहार। (जयो० १/९५

सततोदयः (पुं०) सदायक, सन्मार्ग। (जयो०वृ० १/१०८)

सतर्क (वि०) [तर्केण सह] सचेत, सावधान, सजग, जाग्रत।

सतानिकः (पुं०) कौशाम्बी का राजा। (वीरो० १५/२२) कौशम्ब्या नरनाथोऽपि नाम्ना शेऽसौ सतानिकः' (वीरो० १५/२२)

सतारा (स्त्री०) [तारया युक्ता सतारा] नयन पेक्षणिका, तारा, आंख की पुतली। (जयो० १६/६२)

सतिः (स्त्री०) [सम्+क्तिन्] अन्त, विनाश, घात, नाश।
०उपहार, भेंट, दान।

सतिका (स्त्री०) सती, ०साध्वी, ०साधिका।

सती (स्त्री०) [सत्+ङीप्] साध्वी, श्रमणी सन्यामिनी।
०सदाचारणी स्त्री। सज्जन स्त्री (जयो० २/११२) (वीरो० ४/३२) (सुद० ४/३७) सेठानी (सुद० २/५०) सुशीला (जयो० १/२०)

सतीत्व (वि०) सतीपन, सदाचारत्व। (जयो० ११/११)

सतीनः (पुं०) [सती+नी+ड] मटर।
०बांस।

सतीर्थः (पुं०) [समानः तीर्थः गुरुर्यस्य] तीर्थ में सहभागी।
०ब्रह्मचारी।
०साथ में अध्ययन करने वाला।

सतीलः (पुं०) [सता+लक्ष्+ड] बांस।
०पवन, वायु।
०मटर, दाल।

सतुष (वि०) सदोष (जयो० २/१३) (वीरो० २२/४)

सतेरः (पुं०) भूसी, चोकर।

सतृष्णा (स्त्री०) पिपासा, पिपासिना। (जयो० ११/५१)

सत्कृ (अक०) वर्णन कना-सत्क्रियते व्यावर्ण्यते (वीरो० २/९)

सत्कर्मन् (वि०) अच्छे कर्म वाला। (जयो० १/१०)

सत्त (वि०) [सत्+क्त] बुनी हुई, गुम्फित। (सुद० २/६)

सत्तनु (वि०) उत्तम शरीर।

सत्तनु (स्त्री०) सुलोचना का नाम। (जयो०वृ० ४/२८)

सत्तनुपितृ (पुं०) सुलोचना के पिता। 'सत्तनोः सुलोचनायाः पिता' (जयो०वृ० ४/२८)

सत्तम (वि०) सज्जन-सज्जनोत्तम। (जयो० ३/८८)
०श्रेष्ठ (जयो० ४/४५) सत्तमैर्नृपसुतां तु वरीतुम् (जयो० ५/२) सज्जनोत्तम (जयो० २४/१३१)

सत्तरङ्ग (वि०) चंचलता युक्त। सन्तश्च ते तरङ्गास्त इव तरलाश्चन्चलास्तै हयवेरेवश्वश्रेष्ठैः (जयो०वृ० ५/१७)

सत्तरलाञ्चल (वि०) वायु से चंचल, पवन से खिले हुए। (जयो०२१/६३)

सत्तरसनागार्जुनः (पुं०) नाम विशेष। (वीरो० १५/२८)

सत्ता (स्त्री०) [सत्+तल्+टाप्] अस्तित्व, विद्यमानता।
०वस्तुस्थिति, वास्तविकता। (जयो०वृ० १/४२)

सत्तारक (वि०) तारा सहित, नक्षत्र सहित। (वीरो० २१/८)
०सत् स्वरूप की उपस्थिति। (जयो०वृ० २६/८०)
०उत्तमता, श्रेष्ठता। (सुद०पृ० ९६)
०वस्तु का अस्तित्व गुण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सत्तागत (वि०) सत्ता को प्राप्त। (समु० ८/१५)

सत्तलोकः (पुं०) सत्त्व सामान्य का निर्विकल्पक ग्रहण।

सत्रं (नपुं०) सद्‌गुण, उदारता। सदाव्रत (सुद०१/१९)
 ०आवरण, धन-दौलत।
 ०अरण्य, वन।
 ०तालाब, पोखर।
 ०शरणगृह, आश्रम।
 ०आश्रयस्थान।

सत्रयी (वि०) त्रिवली युक्त। सत्रयी तु वलिपर्वविचारा। वेदानां सत्रयी ऋग्यजुः-सामत्रयीव (जयो०वृ० ५/४३)

सत्रा (अव्य०) [सद्+त्रा] के साथ, मिलकर, सहित।

सत्रिः (पुं०) [सद्+त्रि] हस्ति, हाथी।
 ०मेघ, बादल।

सत्रिन् (पुं०) कर्मगत गृहस्थ। ०कार्यरत गृहस्थ।

सत्पत्रं (पुं०) कमलपत्र।

सत्पथः (पुं०) सन्मार्ग, श्रेष्ठमार्ग। संश्चासौ पन्था सत्पथः (जयो० २/४८)
 ०कर्त्तव्यपथ, पुण्याचरण।
 ०यथेष्टमार्ग। (सम्य० ९४) शुद्धाचरण। (समु० २/२२)

सत्पथप्रवृत्त (वि०) सन्मार्गचर, सन्मार्ग में लगा हुआ। (जयो०वृ० १८/७६)

सत्पथशाण (वि०) प्रसादनकर। (जयो० ५/२६)
 ०आकाशचारी। (जयो०वृ० १८/७६)

सत्परिखा (स्त्री०) उत्तम परिखा (सुद०१/२५) ०स्वच्छपरिखा।

सत्परिग्रहः (पुं०) ग्रहण करने योग्य दान।

सत्पशुः (पुं०) उत्तम पशु, श्रेष्ठ जाति का पशु।

सत्पात्रं (नपुं०) योग्य व्यक्ति, पुण्यात्मा। (जयो०वृ० २/१०४)

सत्पुत्रः (पुं०) तनयरत्न। (जयो०वृ० १८/४३)

सत्पुष्पतल्पः (पुं०) उत्तम फूलों की शय्या। (सुद० ८६)

सत्पुण्यसम्पत् (वि०) उत्तम पुण्य को प्राप्त। (सुद० ४/४७)

सत्प्रयत्न (वि०) उत्तम यत्न। (सुद० २/४०)

सत्फलता (वि०) सफलता (सुद० ११८)

सत्व (वि०) सहित, युक्त। (सुद० १/३५)

सत्त्व (नपुं०) [सतो भावः सत् त्व] सत्, अस्तित्व। (सुद० ४/३०)
 ०अस्तित्व, सत्ता, वस्तु की यथार्थता।
 ०प्रकृति, मूलतत्त्व। स्थिति। (जयो० १/२४)
 ०जीवन, जीव, प्राण, चेतना। (सुद० ९९)
 ०मन, प्राणशक्ति।
 ०सभी एकेन्द्रिय प्राणी-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति जीव।
 ०सामर्थ्य, शक्ति, बल, ऊर्जा। (जयो० ३/१०९)
 ०तत्त्वार्थ, पदार्थ, वस्तु, सम्पत्ति।
 ०भूत, प्रेत, पिशाच।
 ०प्राणी। (जयो० ७/९७)
 ०संज्ञा, नाम।
 ०गर्भ।

सत्त्वगुणरक्षक (वि०) यथार्थ गुणों का रक्षण। सत्त्वप् (जयो०वृ० १/११३) सत्त्वगुण के रक्षक। प्राणिरक्षक।

सत्त्वगत (वि०) प्राणशक्ति युक्त।

सत्त्वजात (वि०) यथार्थता को प्राप्त, वस्तु के यथार्थ स्वरूप को प्राप्त।

सत्त्वधर (वि०) प्राणवान्। ०सामर्थ्ययुक्त, शक्ति सम्पन्न।

सत्त्वप (वि०) सत्त्वगुण रक्षक। (जयो०वृ० १/११३)

सत्त्वप्रतिबोधक (वि०) प्राणिमात्र को बोध देने वाले। (भक्ति०२१)

सत्त्वप्रतिष्ठाक्षमः (पुं०) प्राणिमात्र पर आदर भाव-सत्त्वानां प्रतिष्ठायां क्षमो वर्तेत्। (जयो०वृ० ४/६८)

सत्त्वरञ्जित (वि०) बल सुशोभित। 'सत्त्वेन बलेन रञ्जितः शोभितः। (जयो०वृ० ३/१०९)

सत्त्वलक्षणं (नपुं०) गर्भ के लक्षण, गर्भ के चिह्न।

सत्त्वविप्लवः (पुं०) चेतना की क्षति, प्राणतत्त्व का विनाश।

सत्त्वविहित (वि०) प्राकृतिक, सद्‌गुणी, पुण्यात्मा, सज्जन, सामर्थ्य युक्त।
 ०शक्तिशाली।

सत्त्वसञ्चयः (पुं०) प्राणिवर्ग। (जयो० ७/९७)

सत्त्वसंशुद्धिः (स्त्री०) प्रकृति की शुभ्रता, स्वच्छ पर्यावरण।

सत्त्वसंहारः (वि०) प्राण घात। (दयो० ४९)

सत्त्वसम्पन्न (वि०) सद्‌गुणी, श्रेष्ठ गुणों से युक्त।

सत्त्वसंप्लवः (पुं०) शक्तिक्षीणता, बल की क्षति।
 ०प्रलय, विश्वसंहार।

सत्त्वसारः (पुं०) शक्तिशाली, शक्तिसम्पन्न।

सत्त्वस्थ (वि०) प्रकृतिस्थ, स्वभावगत।
 ०सत्त्वगुण युक्त, विशिष्ठ, उत्तम, श्रेष्ठ।

सत्त्वहीन (वि०) सामर्थ्य रहित, बलहीन। (जयो०वृ० १/७१)

सत्य (वि०) [सत्सु साधु वचनं, सत्यर्थे भवः वचः सत्यम्]

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

*सच्चा, यथार्थ, वास्तविक, जैसे का तैसा। (जयो० ५/४६) (जयो० १/२५)

०सद्गुण, सम्पन्न, निष्ठावान्।

०सुंदर-'सत्या: सुबालभावं लभते सुदत्या' (जयो०११/६७)

सत्यं (नपुं०) सत्यधर्म, साधु वचन, प्रशस्त वचन, सम्यग्वाद।

०तथ्यात्मक कथन, (सुद० ४/३३) सत्यमेवोपयुज्जाना।

०सद्भूतार्थ प्रतिपत्ति।

०असावद्यकथन।

०मृषावाद विरमण, असत्य परिहार।

०सत्याणुव्रत, सत्यमहाव्रत।

सत्येन लोके भवति प्रतिष्ठा:, सत्येन लक्ष्मीर्भवताद्विशिष्ठा।

सत्येन वाच: सफल त्वमस्तु, सत्यं समन्तान्महदस्तिवस्तु।।

(समु० १/८)

सत्य: (पुं०) सत्य लोक।

सत्यकाम: (पुं०) सत्य का प्रेमी, सत्य का इच्छुक व्यक्ति। (मुनि० २२)

सत्यगत (वि०) सम्यग्वाद को प्राप्त हुआ।

सत्यघोष: (पुं०) कपट वेशधारी साधु। (सुद० ३/२३)

सत्यतारक (वि०) प्रशस्ततारक। (जयो० ५/४१)

सत्यतावं (नपुं०) यथार्थ तत्त्व (वीरो० १३/९६)

सत्यदर्शिन् (वि०) यथार्थ का प्रतिपादक, वस्तु की प्रामाणिकता प्रदर्शित करने वाला।

सत्यंधर: (पुं०) एक राजा का नाम, जिसका पुत्र जीवन्धर कुमार हुआ।

सत्यधर्मन् (नपुं०) सत्यधर्म, चौथा उत्तम सत्यधर्म। (त०सू०९/६) (जयो०वृ० २८/३७) जिसे विज्ञ और अज्ञ सभी स्वीकार करें।

सत्यधन (वि०) सत्य गुण से समृद्ध।

सत्यधर्ममय (वि०) सम्यगनुष्ठान में तत्पर। (जयो०वृ० १/१०८) सत्यधर्म के पालक।

सत्यधृति (वि०) परम सत्यवादी।

सत्यपथगामिन् (वि०) सन्मार्गगामी।

सत्यपाल: (पुं०) एक राजा।

सत्यपुरं (नपुं०) उत्तम लोक।

सत्यपूत (वि०) यथार्थ में पवित्र, परम पवित्र।

सत्यपूर्ण: (वि०) सत्ययुक्त, सत्य समाहित। (समु० ५/११)

सत्यप्रतिज्ञ (वि०) सत्य प्रतिपादक।

सत्यप्रतिज्ञा (स्त्री०) सत्य प्रतिपादन। (समु० १/२८)

सत्यप्रवाद: (पुं०) सत्यप्रवाद नामक एक पूर्व ग्रन्थ, संयम और सत्यवचन, सत्य के भेदों को प्रतिवादन करने वाला ग्रंथ।

सत्यभाव: (पुं०) सम्यग्भाव, उचित परिणाम।

सत्यभामा (स्त्री०) सत्राजित की पुत्री, कृष्ण की पत्नी। (सुद० ११२) सत्यभामा महिषी। (जयो० २२/३७)

सत्यमनोयोग: (पुं०) समीचीन पदार्थ युक्त मन।

सत्यमहाव्रतं (नपुं०) मृषावाद विरमणव्रत, असत्यवचन का पूर्ण परित्याग। महाव्रती का एक महाव्रत। (मुनि०३)

सत्यमार्ग: (पुं०) सम्यग्मार्ग। (भक्ति०१)

सत्यमोषमनोयोग: (पुं०) सत्य और मृषा दोनों का योग।

सत्य युगं (नपुं०) सत् युग। अवसर्दिर्णीकाल। (वीरो०१८/९)

सत्यवचस् (वि०) सत्यवादी, सत्यनिष्ठ।

सत्यवचनयोग: (पुं०) सत्यवचन का आश्रय।

सत्यवस्तुपरिशोधन (नपुं०) यथार्थ वस्तु शुद्धि। (जयो० २/३०)

सत्यवादी (वि०) सत्य बोलने वाला।

सत्यव्रत: (पुं०) एक धूर्त ब्राह्मण वेषधारी व्यक्ति।

सत्यव्रतिन् (वि०) सत्यव्रत पालन। (दयो० ४५)

सत्यशंसा (स्त्री०) सत्यप्रशंसा। (समु० १/१४)

सत्यसंदेश: (पुं०) ऊहोपोह रहित भाव।

सत्यसंदेशसंज्ञप्त्यै प्रसादं कुरु भो जिन। (वीरो० १३/३२)

सत्यसम्पत् (स्त्री०) सत्य की महिमा। (समु० १/४)

सत्यसम्मत (वि०) सत्य स्वरूप संबंधी। (वीरो० २९/१)

सत्या (स्त्री०) पातिक्षात्य धर्मा। (सुद० ८८) सीता।

सत्यागमाश्रय: (पुं०) जैनाश्रय, जिनागम का आधार। (जयो० १६/९९)

सत्याख्य: (पुं०) सत्युग, अवरूपिणी काल। (वीरो० १८/९)

सत्यागुणव्रत (नपुं०) श्रावक का दूसरा व्रत, स्थूल मृषा/असत्य वचन का त्याग।

स्थूलमलीकं न वदति न परान्

वादयति सत्यमपि वदते।। (रत्नकाण्ड० ३/९)

सत्याधार: (पुं०) सत्य का आश्रय। (दयो० ७३)

सत्यानुयायिन् (वि०) सत्यानुगामी, सत्य के मार्ग पर चलने वाला। (वीरो० १३/३२) (वीरो० २२/२८)

अहिंसा वर्त्म सत्यस्य त्यागस्तस्या: परिस्थिति:।

सत्यानुयायिना तस्मात्संग्राह्यस्त्याग एव हि।।

(वीरो० १३/३६)

सत्यानुगत (वि०) सत्यधर्म युक्त। (जयो० २८/३७)

सत्यानृत (वि०) सत्य और मिथ्या।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सत्यानुगत (वि०) अनेकान्तमार्ग युक्त। (वीरो० २०/२३)
सत्यान्वित (वि०) सत्य युक्त। (समु० ३/७)
सत्यापिर (अव्य०) ससि स्त्री। (सुद० ८८)
सत्याभिसन्धिः (वि०) निष्कपट, अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने वाला।
सत्यारम्भः (पुं०) समीचीनारम्भ। (जयो० २३/९०)
सत्यार्थता (वि०) अन्वर्थता, यथार्थता। (जयो० १८/९)
सत्यार्थ प्रकाशक (वि०) सत्य के रहस्य को प्रकट करने वाला। (जयो० १८/६४)
सत्याशंसा (स्त्री०) सत्य भामा सती। (सुद० ११२) कृष्ण की अर्धांगिनी।
कृतकं सभयं सततमिङ्गितं यस्य बभूव धरायाम्।
इह सत्याशंसा पायात्।। (सुद० ११२)
सत्येश्वरधामः (पुं०) पुण्य धाम। (मुनि० ३) सत्य रूप परमेश्वर का स्थान।
सत्योत्कर्षः (पुं०) सत्य की प्रमुखता।
सत्योद्य (वि०) सत्य बोलने वाला, सत्यभाषी।
सत्योपयाचन (वि०) प्रार्थना पूर्ण करने वाला।
सत्र (वि०) मौन (जयो० १९/३१) छदम् सत्रं यज्ञे सदादनि कैतवे बसने पने इति विश्व। (जयो० १५/५९)
सत्रप (वि०) [सह त्रपया] लज्जाशील, विनयी।
सत्राजित् (पुं०) निघ्न का पुत्र, सत्य भामा के पिताश्री।
सतृष (वि०) पिपासित। (जयो० १२/१११)
सतृणाशिन् (वि०) तृण भक्षण युक्त। (जयो० २/२०)
सत्व (वि०) सत्, चित् और आनंद रूप। (सुद० १३३)
सत्वर (वि०) [सहत्वरया] द्रुतगामी, शीघ्रगामी, चुस्त। (जयो०१४/८९) शीघ्रता (जयो० २१/१)
इत्थमाह समनीकिनीश्वरो गत्वरसमयातिसत्वरः।
सत्वरः शीघ्रताकरः।
सत्याग्रह (पुं०) सत्य पर दृढ़ होना। (वीरो० ११/३९)
सत्याग्रहप्रभावेण महात्मात्वनुकूलयेत्। (वीरो० १०/३४)
सत्यानुकूलः (पुं०) सत्य के अनुकूल।
सत्यानुकूलं मतयात्मनीनं कृत्वा समन्ताद् विचरन्नदीनः। (वीरो० १७/२३)
सत्यसमूहः (पुं०) सज्जन समूह। (वीरो० २१/५)
सत्सामान्यः (पुं०) सत्सामान्य, वस्तु की सामान्य सत्ता। जो वस्तु सत्सामान्य की अपेक्षा एक प्रकार की है, वही चेतन और अचेतन से दो प्रकार की है।

सत्यवर्त्मन् (नपुं०) सत्यमार्ग-मुहुः प्रयतमानोऽपि सत्यवर्त्म न विन्दति। (वीरो० १०/१६)
सद्ध्यान (वि०) उत्तम ध्यान वाला, प्रशस्त ध्यान युक्त। (सम्य० ११५)
सद्वाक्यं (नपुं०) सदाचरण युक्त वचन। ज्ञनाद्विना न सद्वाक्यं ज्ञानं नैराक्ष्यमञ्चतः। (वीरो० २०/२४)
सद्विधुबिम्ब (नपुं०) शरच्चन्द्रबिम्ब। (वीरो० २२/३५)
सद्वृत्तभावः (पुं०) सदाचारण का भाव।
विप्रोऽपि चेन्मांसभुगस्ति निन्द्यः सद्वृत्तभावाद्
वृषलोऽपि वन्द्यः। (वीरो० १७/१७)
सद्वृत्तिः (स्त्री०) सदाचरण। (सम्य० १२८)
सद्वंशजः (पुं०) कुलीन। (जयो०वृ० ६/३३)
सत्त्वरं जितभावान (वि०) सत्त्व गुण से अनुरक्त मनोवृत्ति वाले। सन् सत्त्वेन नामगुणेन रञ्जिता भावना मनोवृत्तिर्यस्य सः' (जयो०वृ० २८/१५)
०शीघ्र ही नक्षत्रों के रक्षण को जीतने वाला-सत्त्वेन शीघ्रमेव जितं भानां नक्षत्रामाभवनं रक्षणं येन सः' (जयो०वृ० २८/१५)
सत्वरं (अव्य०) शीघ्र, जल्दी से, तुरन्त-शीघ्र ही, (जयो० १२/१३२) नरराट् परराङ्वैरी सत्वरं सत्त्वरञ्जितः। (जयो० ३/१०९)
सत्वाद (वि०) सात्विक। (सुद० १२४)
सत्सङ्गः (पुं०) सत्संगति, सहवास। (दयो० २/१) सत्सङ्गत प्रहीणोऽपिपूततामेति भूतले।
सत्सङ्गतः (वि०) अभिराम, मनोज्ञ। (जयो०वृ० १/२७)
सत्समयः (पुं०) उत्तम समय, योग्य समय।
सत्समागमः (पुं०) सज्जन सहवास। (सुद० १०४)
सत्सम्प्रयोगः (पुं०) सन्त प्रयोग। (सुद० ४/३०) सन्तजनो का संयोग-सत्सम्प्रयोगवशतोऽङ्गवतां महत्त्वं सम्पद्यते सपदि तद्वदभीष्टकृत्वम्। (सुद० ४/३०)
सत्सुरतः (पुं०) देवभाव, दिव्य आभास। (जयो० २०/८७)
सत्सुलता (स्त्री०) उत्तम लता-'सम्येषु लता ख्याता वल्लरी प्रसिद्धा' (जयो० ११/९५)
सत्सुषमा (स्त्री०) सुश्री। (जयो० ५/११)
सत्सौधसमूहयुक्त (वि०) उत्तम सौध युक्त। (सुद० १/२७)
सत्स्थितिः (स्त्री०) सौस्थ्य, स्वस्थता। (जयो०वृ० १/३०)
सद् (सक०) बैठना, स्थित होना, रहना, बसना, निवास करना, स्थिर होना। (सुद० ९२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सद्गजः (पुं०) ऐरावत हाथी। (जयो० ७/१०१)
०लेटना, आराम करना।
०खिन्न होना, दुःखी होना, निराश होना।
०म्लान होना, नष्ट होना।

सद्गात्रलता (स्त्री०) सुंदर काय रूपी लता। (जयो० ११/८) भृङ्गीवद्‌दृग्धस्तिपुराधिपस्यावगाह्य सद्‌गात्रलतां च तस्याः। (जयो० ११/८) 'सुलोचनायाः गात्रस्य शरीरस्य लतां यद्वा गात्रमेव लता। (जयो०वृ० ११/८)

सद्गुण (वि०) श्रेष्ठ गुण वाला।

सद्गुणगान (वि०) उत्तम गुण गीति। (सुद० २/३९)

सद्गुणाम्वेषिणी (स्त्री०) गुणैषणा। (जयो० ७२/४३)

सद्गुणगणिनी (वि०) गणनकर्त्री। (जयो०)

सद्गृहीयस्व (वि०) उत्तम गृहस्थ वाला। (जयो०वृ० २/७३)

सद्दृष्टि (स्त्री०) सम्यक् दृष्टि (सम्य० १३३)

सद्गलनालः (पुं०) कण्ठकन्दल। (जयो० ५/५२)

सद्भावः (पुं०) उचित भाव, अच्छा विचार। (सुद० ९५)

सद्भावधृत (वि०) उत्तम भाव वाला। (सुद० ८२)

सद्भावना (स्त्री०) उत्तम कामना, अच्छा विचार। (सुद०९५)

सद्भाव वृद्धिः (स्त्री०) उच्छ्रिति, सद्भावना की जागृति।

सद्विषय (वि०) अच्छे विचार वाला। (सुद० ९१) (जयो० २/१०५)

सद्हारगङ्गा (स्त्री०) उत्तम आधार भूत गंगा–
'सन् चासौ हारो गलभूषणमेव गङ्गा धारतीति
तं तथैव सती धारा यस्यास्तां गङ्गा'

सद्विभव (पुं०) प्रसन्नभाव। (जयो० २१/१)

सद्विहारः (पुं०) वन विहार, वनक्रीडा।

सदः (पुं०) [सद्+अच्] वृक्ष का फल।

सदंशकः (पुं०) [दंशेन सह] केकड़ा।

सदंशवदनः (पुं०) [सदंशं वदनं यस्य] कंक पक्षी, बगुला का नाम।

सदंसा (वि०) शोभन स्कंधवती। (जयो० १०/११३)

सदक्ष (वि०) [दक्षेण सह] दक्षता युक्त, प्रवीणता, सहित।

सदक्ष (वि०) [इन्द्रियेन सह] इन्द्रिय सहित।

सदक्षर (वि०) सुस्पष्टाक्षर। (जयो० १७/५४)

सदक्षला (स्त्री०) निर्दोष इन्द्रियवती। (जयो० ११/८३) समीचीनान्यक्षाणि लालीति सदक्षला। निर्दोषइन्द्रियवती' (जयो०वृ० ११/८३) 'समीचीनाक्षक्षरवती-रलयोरभेदात्' (जयो०वृ० ११/८३)

सदक्षिणा (वि०) दक्षिण पार्श्वस्य। 'दक्षिणया गौरवेण समर्पितोपहारेण सहिता सा बुद्धिः सदक्षिणाऽतिकुशला' (जयो०वृ० ६/३)

सदङ्कपातिन् (वि०) सज्जन समर्थक। (जयो० १२/१४५) सताभङ्के महतां मध्ये पततीति सदङ्कपाती-'सत्सु प्रशंसायोग्येष्वङ्केषु ककरादिषु पतति' (जयो०वृ० १२/१४५)

सदङ्कशक्ति (स्त्री०) सुदर-शरीर शक्ति। (जयो० १६/४)

सदङ्कुर (नपुं०) सदाचार, रूपी अंकुर। जगत्यमृतापमानेभ्यः सदङ्कुरमीक्षमाणेभ्यः। (सुद० १२४)

सदङ्ग (वि०) लावण्य युक्त शरीर वाली। (जयो० १/४४)

सदञ्जनः (वि०) गाढ-मालिन्य (जयो० ६/१३१)

सदनं (नपुं०) [सद्+ल्युट्] भवन, गृह, सदने गृहेऽपि। (जयो० २/१२३) घर।
०आवास, निलय।
०कुञ्ज, निकुञ्ज।
०स्थान। (जयो० ३/७८)
०म्लान होना, उदासीन होना, क्षीण होना।
०अवसार, श्रान्ति, क्लान्ति, हानि।

सदनकक्षं (नपुं०) गृहकक्ष।

सदनगत (वि०) श्रान्ति युक्त, दुःख को प्राप्त हुआ।
०आवाज को प्राप्त हुआ।

सद्ध्यानम् (नपुं०) उत्तम ध्यान। (भक्ति० ३०)

सदनस्थित (वि०) घर में रहता हुआ।

सदनाश्रमः (पुं०) गृहस्थाश्रम। (वीरो० १०/२१) (जयो० १२/१४२) सदृकन्यकां प्रददता भवता प्रपज्ये दत्तस्त्रिवर्ग सहितः सदना श्रमश्चेत्।

सदनाश्रयः (पुं०) आधारभूत, सदन स्थान। (जयो० ३/१०८) (जयो० १२/१४२)

सदनुग्रहः (पुं०) अनुरोध, निवेदन, कथन, आज्ञा। कुरुतात् सदनुग्रहं हि तु स्वयमारोहणतः परीक्षितुम्। (समु०२/२३)

सदधीति (स्त्री०) रची गई। (सुद० ८२)

सदन्दुः (स्त्री०) अलंकृत स्त्री। 'सती समीचीना अदुरलङ्कृति-र्यस्यास्तस्या सदन्दोः स्त्रियाः' (जयो० १७/५२)

सदन्दुवसनं (नपुं०) वस्त्राभूषण। (जयो० १७/५२)

सदपत्य (वि०) सज्जनात्मज। (जयो० ६/६४)

सदम्भा (स्त्री०) मायाविनी स्त्री। 'दम्भेन छलेन सहिता सदम्भा मायाविनी सा रम्भां। (जयो०वृ० २४/१०२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सदय (वि०) [सह दयया] कृपालु, सुकुमार, दयापूर्ण, दयान्वित। (जयो० १२/१०२)

सदयं (अव्य०) कृपा करके, दया करके।

सदर्चिष (वि०) जठराग्नि जन्य।

सदर्थिनी (स्त्री०) शोभनाभिप्रायवती, सम्यग्वाच्यवती। (जयो०३/१८)

सदस् (स्त्री०) सभा। स्वयं वर मण्डप। (जयो० ४/२२)

सदर्प (वि०) अहंकार युक्त। (सुद० १/२०)

सदसत् (वि०) स्वच्छ-मलिन, ०सत्य, असत्य। 'सच्च असच्च सदसद्मुखमीयते' (जयो० २/४६)

सदश्वराज (वि०) श्रेष्ठ अश्वराज। (जयो० ८/१६)

सदस्यः (पुं०) [सदसि साधु वसति वा यत्] सभा का चयनित व्यक्ति, सभासद्। (जयो० ४/५६) (जयो० १/४३)

सदा (अव्य०) [सर्वस्मिन् काले-सर्व-दाच् सादेशः] हमेशा, निरंतर, नित्य। (सुद० ९९)

सदागतिः (स्त्री०) शाश्वत प्रगति, नित्य प्रगति।

सदागतिशील (वि०) प्रगति युक्त।

सदाचरणं (नपुं०) उत्तम आचरण, श्रेष्ठ चरित्र-कार्यसिद्धि-मुपयात्वसौ गृही नो सदाचरणतो व्रजन् बहिः। (जयो०२/३५)

सदाचरणशील (वि०) सुवृत्त। (जयो०वृ० ३/४६)

सदाचरणवृत्तिः (स्त्री०) उत्तम आचरण पूर्वक प्रवृत्ति करना।

सदाचारः (पुं०) ध्यान, स्वाध्यायादि युक्त आचरण। (सम्य०९८)

सदाचारपर (वि०) सदाचार में तत्पर। (सुद० १३०)

सदाचारजन्य (वि०) उत्तम आचरण युक्त।

सदाचारभृत् (वि०) समीचीनचरणशील। (जयो० १७/६)

सदाचारपरायणः (पुं०) ध्यान स्वाध्यायादिलक्षणे परायणः तत्परे। (जयो० २८/५)

सदाचारविहीन (वि०) ०निरंतर भ्रमण रहित। सदा निरंतरं यश्चारः पर्यटनं व्यर्थं भ्रमणं तेनविहीनः' (जयो०वृ० २८/५)

सदाचारवृत्तिः (स्त्री०) सुरीति । (जयो०वृ० ११/८८)

सदाज्ञः (पुं०) स्वामी आज्ञा, (सुद० ९२) दासस्यास्ति सदाज्ञस्यासौ स्वामिजनान्वितिरिति चरणेन।

सदात्मन् (वि०) सम्यङ्मनोवत् (जयो० २३/५२)

सदादान (वि०) सदैव दान देने वाला, निरंतर उपहार देने वाला। ०निरंतर मद बहाने वाला।

सदादानः (पुं०) गन्धद्विज, उन्मत्त हस्ति।

सदारम्भः (पुं०) पूर्ण रूप से आरम्भ। (सुद० ४/३२)

सदानन्द (वि०) पूर्णानन्द युक्त। (जयो० १८/९६)

सदानन्दा (स्त्री०) सर्वदा आन्ददायिनी, मधुरा। (सुद० १०९) (जयो० ६/८८)

सदानुरागिणी (वि०) सदा लालिमा सहित। (जयो० २२/८८)

सदापि (अव्य०) सर्वदैव। (जयो० २२/४५)

सदाफल (वि०) हमेशा फैलने वाला।

सदाफलः (पुं०) बिल्व तरु।
०कटहल।
०गूलर।
०नारिकेल।

सदायक (वि०) माप का उत्पादन। (जयो० २४/५५)

सदामलक्षण (वि०) सदैव माला के लक्षण से युक्त- सा च बाला तस्य वक्षः स्थलं सदामलक्षणं-दाम्ना माल्येन सहितं सदाम, तदेव लक्षणं यस्य तत्तथा-सदैवामलं शुद्धं प्रकाशरूपं क्षणं यत्र तं दिवसमिव पवित्रम्।

सदायक (वि०) सन्मार्ग दायक। (जयो० १/१०८) (जयो०वृ० १७/११९)

सदालिः (स्त्री०) [सज्जनानामालिः पंक्तिः] सज्जन समूह। (जयो० १०)

सदाशिवावति (स्त्री०) उत्तम अभिलाषा युक्त। (जयो० २३/३८)

सदिन्दीवरः (पुं०) समुत्कृष्टनीलोत्पल, उत्तम नीलकमल। (जयो०१५/६५)

सदिष्टशकुनं (नपुं०) अभीष्ट सूचक विघ्न, अभीष्ट शकुन। (जयो० १३/८९)

सदीशः (पुं०) श्रेष्ठ चक्रवर्ती। (जयो० १९/८९)

सदीशगौ (स्त्री०) चक्रवर्ती की वाणी-'सदीशस्य श्रेष्ठचक्रवर्तिनो गौर्वाणी' (जयो०वृ० ९/६६)

सदृक्ष (वि०) [समानं दर्शनमस्य] तुल्य, समान।

सदृश/सदृशी (वि०) तुल्य। (जयो० २/१२)
०तुल्य, समान, एक सा। तुलित। (जयो०वृ० ६/१०)
०योग्य, उपयुक्त, समानरूप।
०ठीक, उचित, संतोषप्रद।

सदृशस्थ (वि०) समानता युक्त। (जयो० ६/२)

सद्रसमागरः (पुं०) शृंगार सागर। (जयो० ११/३) सद्रसस्य शृंगारस्य सागरे समुल्वणे वृद्धि गते सति' (जयो० ११/३)

सदुपदेश (वि०) श्रेष्ठ उपदेश।

सदुवी (स्त्री०) प्रसन्नता युक्त। (जयो० २८/५)

सदुपापः (पुं०) उचित उपाय। (सुद० ७५)

सदेकसंसत् (स्त्री०) सज्जन सभा। (सुद० २/१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सदेश (वि०) [सह देशेन] किसी देश का स्वामी। एक ही स्थान से सम्बंध रखने वाला।
०आसनवर्ती, पड़ौसी।

सदेशतत्परः (वि०) समीपभाव में तल्लीन। (जयो० २१/४)

सद्देशचरः (पुं०) कामदेव-'सन् देशः स्थानं तस्मिन् चरतीति तस्य' सन् देशस्तस्मिन् चरतीति यस्य कामदेवः' (जयो०वृ० १६/२२)

सदैव (अव्य०) निरन्तर ही, नित्य ही, हमेशा ही। (जयो० २७/५६) महोदया अस्ति सुरम्पदैवं युस्माभिरस्माकमहो सदैव' (जयो० १२/१४०)

सदोकः (पुं०) परम्परा, क्रमबद्ध। सुखमुपलभाव एष लोकः सम्बभूव शिवकेलिसदोकः।

सदोष (वि०) त्रुटिपूर्ण। दोषयुक्त। (जयो० ६/६०) दूषणवाली। (समु० १/१४)

सद्दय (वि०) दयाशील। (जयो० ७/५९) (जयो० १४/४६)

सद्मन् (नपुं०) [सीदत्सस्मिन्-सद्+मनिन्] ०घर, गृह, आवास, निवास। (समु० ५/११)
०स्थान, स्थल।
०मंदिर, भवन। (दयो० २/९)
०वेदी, ०जल।

सद्मोदरः (पुं०) गृहस्थान, आवास स्थल। (जयो० १७/१२०)

सद्यस् (अव्य०) आज, उसी दिन। (वीरो० ८/३८)
०सदा। (जयो० १२/१) जयो० २७/५६)
०अतिजवेन (जयो० २१/५)
०शीघ्र, तुरंत, तत्काल। (जयो० २/१२४) दोषा योषास्यतः सद्यः प्रभवन्ति मृषादयः। (जयो० २/१४४)
०स्वयं। (सुद० १३३)
०पूर्व से, पहले से-त्यक्त्वैक खलु वज्रसेनवचः सद्योऽनुलग्नः कलेः' (समु० २/२८)

सद्यकालः (पुं०) वर्तमान काल। आधुनिक काल।

सद्यकालीन (वि०) हाल ही का।

सद्यजात (वि०) तत्काल उत्पन्न हुआ।

सद्यजातः (पुं०) बछड़ा, वत्स।

सद्यपातिन् (वि०) नश्वर, शीघ्र नाश होने वाला।

सद्यशुद्धिः (स्त्री०) नित्य शुद्धि, तत्क्षण की गई पवित्रता।

सद्यशौचं (नपुं०) बिस्तर की जाने वाली पवित्रता।

सद्यस्तनम् (नपुं०) अभिनव कुच। (जयो० ११/११३)

सद्यस्क (वि०) [सद्यस्+कन्] नवीन, नूतन, अभिनव।
०तात्कालिक।

सद्यस्मित (वि०) मन्दहास्य युक्त। (जयो० ११/८९)

सद्याजात (वि०) शोभा युक्त, सद्भाव सहित। (जयो० २०/१३)

सद्रु (वि०) [सद्+रु] विश्राम करने वाला, ठहरने वाला।
०जाने वाला।

सद्वन्द्व (वि०) [सह द्वन्द्वेन] झगड़ालू, कलहप्रिय।
०विवाद युक्त।

सद्भावः (पुं०) समीचीन परिणाम। (सुद० ७१)

सद्ववसथः (पुं०) [सद्+वस्+अथच्] ग्राम, गांव।

सद्धर्मभवना (स्त्री०) नीतिमार्ग की भावना। (२३/९०)

सद्धूलिः (स्त्री०) चरणरेणु, चरण रज। (जयो० ८/८)

सधरणी (स्त्री०) उत्तम पृथ्वी। (जयो० ५/४)

सधर्मन् (वि०) [समानो धर्मोऽस्य-सधर्म+अनिच्] समान गुण युक्त, समान पद्धति वाला।

सधर्मिणी (स्त्री०) सधर्मचारिणी। तुल्यविचारवती। (जयो०२२/) (वीरो० १५/४४) पत्नी (जयो० १/१)

सधर्मिन् (वि०) [सहधर्मोऽस्ति अस्य सधर्म+इनि] समान धर्म वाला। (सम्य० ७६) समान धर्मसील। (जयो० २/१००)

सधर्मिसंहतिः (स्त्री०) धार्मिक जनसमूह। (जयो० २/७२)

सधिस् (पुं०) [सह इसिन् हस्य धः] बैल, सांड, बलिवर्द।

सध्रीची (स्त्री०) [सध्र्यच्+ङीष्] सखी, सहेली, सहचरी।

सध्रीचीन (वि०) सहचर, साथ चलने वाला।

सध्र्यञ्च् (वि०) [सहाञ्चति सह+अञ्च+क्विन्] सध्रिआदेश। सहचर, साथ, साथ चलने वाला।

सध्र्यञ्चः (पुं०) सहचर, पति।

सन् (सक०) प्रेम करना, प्रीति करना।
०पसंद करना, पूजा करना, सम्मान करना।
०प्राप्त करना अधिगत करना। (जयो० २७/२२)

सनः (पुं०) [सन्+अच्] हस्थिकर्ण फड़फड़ाहट।
०एक ध्वनि विशेष।

सनत्कुमारः (पुं०) एक चक्रवर्ती।
०सनत्कुमार नामक देव। (त०सू०पृ० ६६)

सनभोभुव (वि०) नासिका युक्त। (जयो० १/)

सनसूत्रं (नपुं०) सन की रस्सी।

सना (अव्य०) हमेशा, नित्य, निरंतर।

सनागपाशः (पुं०) बाण विशेष। (जयो० ८/७७)

सनात् (अव्य०) हमेशा, निरंतर, नित्य।

सनातन (वि०) [सदा-ट्युल्, लुट् वि दस्य रः] ०पूर्वकालीन, प्राचीन, पुरातन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०नित्य, निरंतर, शाश्वत्।
०स्थायी।

सनातनः (पुं०) पुरातन पुरुष। 'वृष् विलुम्पन्तमहो सनातन' (वीरो० ९/१)

सनातनरीति (स्त्री०) पुरातन पद्धति, सानातनी। (जयो०वृ० २०/२८)

सनाथ (वि०) [सह नाथेन] स्वामी वाला, प्रभु वाला, नायक सहित। (वीरो० ५/६)
०परिजन सहित, पितृ-मातृ युक्त।
०सम्पन्न, सहित, युक्त, पूर्ण।

सनाभिः (पुं०) [समाना नाभिर्यस्य] सहोदर, एक ही माता के उदर से जन्म लेने वाले।
०समान मिलता-जुलता।
०बन्धु, भाई, कुटुम्बी परिजन।
०जातीय, जातिगत। (जयो०वृ० ८/६१) द्विपं द्वि पक्षा यतघण्टिकाभिः सुघोषमुत्तोषवतां सनाभिः। (जयो० ८/६१)

सनाभ्यः (पुं०) [सनाभि+यत्] वंश परम्परागत, एक ही कुल में उत्पन्न हुआ।

सनिः (स्त्री०) [सन्+इन्] सेवा, पूजा।
०उपहार, भेंट, प्राभृत, दान।

सनिद्रभाव (वि०) निद्रापन्न, निद्रायुक्त।
दीपेऽभिवीक्ष्य बहुकौतुकतोऽधुना वा
संघूर्णमानशिरसीह सनिद्रभावात्। (जयो० २८/७)

सनी (स्त्री०) [सनि+ङीष्] विनम्र निवेदन।
०दिशा, शब्द विशेष।

सनीड (वि०) [समानं नीडमस्त्यस्य] एक ही घोंसले में स्थित।
०निकटस्थ, ०समीपवर्ती।

सन्ग्राह्य (वि०) आश्रय करने योग्य। (वीरो० १३/३६)

सन्तः (पुं०) [सन्+क्त] अञ्जलि। सत्पुरुष। (सम्य० ३१)
०सज्जन पुरुष-सन्तं तं (सुद० १/२७) जयकुमारं साक्षीकृत्य (जयो०वृ० १०/११७)
०महात्मा। पीडाकरोऽन्यो विरहे परन्तु, सन्तोऽत्र माध्यस्थ्यमिता भवन्तु' (समु० १/२५)
०सत्पुरुष-लसन्ति सन्तोऽप्युपयोजनाय, रसैः सुवर्णत्वमुपैत्यथायः' (वीरो० १/११)
०सन्तजन-गुणं जनस्यानुभवन्ति सन्तस्तत्रादरत्वं प्रवहाम्यहं तत्। (वीरो० १/१४) ०सन्तश्चिदानन्दममुं श्रयन्तु' (सुद०१२१)

सन्त (वि०) निकटस्थ, अक्रान्त। सन्तमसारिः सूर्य एव शुशुभे (जयो० ८/८१)
०समीप। (सुद० १/१९)

सन्तक्षणं (नपुं०) [सम्+तक्ष्+ल्युट्] ताना, व्यंग्य।

सन्तत (भू०क०कृ०) [सम्+तन्+क्त] ०विस्तारित, फैलाया हुआ।
०नियमित, परम्परागत।
०नित्य, शाश्वत, स्थायी।
०विघ्नरहित, अनावरत, अनवच्छिन्न।
०बहुत, अनेक, नानाविध।

सन्ततं (अव्य०) शाश्वत, नित्य, सदैव, हमेशा, निरंतर, लगातार, क्रमशः।

सन्ततिः (स्त्री०) [सम्+तन्+क्तिन्] ०आली, पंक्ति, पम्परा (जयो० ११/३३)
०धारक, प्रवाह, प्रसार। द्विरदोष्विव मेदिनीयतिष्वभिमुख्यः शुचिचित्तसन्ततिः' (समु० २/१६)
०श्रेणी।
०कुल, वंश, परिवार।
०संतान, प्रजा।
०समुच्चय, समुदाय, समूह।
०ढेर, राशि।

सन्ततिभित (वि०) ०परम्पराछेदक ०सन्तानोच्छेदकारक। (जयो० १/७१)

सन्तन् (सक०) प्रकट करना, व्यक्त करना। सन्तनोति (जयो० ५/४४)

सन्तपनं (नपुं०) [सम्+तप्+ल्युट्] ऊष्म, उष्ण, गर्म। (जयो०वृ० १२/१२२)
०प्रज्वलन, जलन।
०संताप, कष्ट, दुःख।

सन्तप्त (भू०क०कृ०) [सम्+तप्+क्त] ०दुःखी, व्याकुल, अशान्त।
०तपा हुआ, गरम किया गया।
०प्रज्ज्वलित, प्रदीप्त।

सन्तप्त-जन (वि०) दुःखी लोग।

सन्तप्त ज्वाला (स्त्री०) प्रदीप्त अग्नि।

सन्तप्त सूर्यः (पुं०) ऊष्मा युक्त सूर्य। ०तेजस्वी सूर्य।

सन्तमस् (नपुं०) [सन्ततं तमा] सर्वव्यापी तम, पूर्ण अंधकार। (सुद० ९७)
०घोर अंधकार, प्रगाढ़ अन्धकार। (जयो०१५/६६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सन्तमसारिः (पुं०) सूर्य, दिनकर। शुशुभेऽप्यशुभेन चक्रितुक् तत्तमसा सन्तमसारिरेव भुक्तः। (जयो० ८/८१)

सन्तरणं (नपुं०) पार (समु० १/६)

सन्तर्जनं (नपुं०) [सम्+तर्ज्+ल्युट्] डांटना, फटकारना, दण्ड देना।

सन्तर्पक (वि०) [सम्+तृप्+कन्] सन्तुष्ट करने वाला।

सन्तर्पणं (नपुं०) [सम्+तृप्+ल्युट्] ०संतुष्ट करना, तृप्त करना।

०खुश करना, प्रसन्न करना।

सन्तर्पणभृत् (वि०) प्रसादनकर, सन्तर्पक।

सन्त्रस्त (वि०) भयभीत। (जयो० २८/३३)

सन्ताड् (सक०) प्रताहित करना, कष्ट देना, पछाड़ना। कन्दुः कुचारकारधरो युवत्या सन्ताड्यते वेस्यनुगोनाधारि। (वीरो० ३/३७) स्मरस्य सन्तर्पणभृत्तदीयधूमोच्छितिर्लोमततिः सतीयम्। (जयो० ११/३१)

सन्तानः (पुं०) [सम्+तन्+घञ्] ०परम्परा, ०प्रवाह।

सन्तानं (नपुं०) [सम्+तन्+ल्युट्] ०अविच्छिन्न, प्रवाह, परम्परा (जयो० ३/१०३)

०विस्तार, फैलाव, प्रसार। (जयो० १०/३७)

०बिछाना, फैलाना, विस्तृत करना।

०प्रवाह, धारा, परम्परा।

०प्रजा, परिवार, वंश, कुल।

०सन्तति, सन्तान, बाल बच्चा। (दयो० ५९)

सन्तानकः (पुं०) [सन्तान+कन्] एक वृक्ष विशेष, स्वर्ग सम्बंधी तरु।

सन्तानिका (स्त्री०) [सम्+तन्+ण्वुल्+टाप्] छाग, फेन।

०मकड़ी का जाला।

०चाकू, तलवार।

सन्तापः (पुं०) [सम्+तप्+घञ्] ०गर्मी, ऊष्मा, उष्णता। (सुद० १२७)

०तपन, जलन।

०दुःख, पीड़ा, कष्ट, वेदना, व्यथा।

०सताना, दुःख देना।

०आवेश, रोष, क्रोध, कोप।

०तमतमाना।

०पश्चाताप, तपस्या। (सुद० ७८)

सन्तापकर (वि०) पीड़ादायक। (समु० ३/३)

सन्तापकलापः (पुं०) [सन्तापस्तस्य कलापः समूहः] कष्ट समूह, व्याधि समुच्चय। (जयो० १३/९९)

सन्तापकृत् (वि०) वेदना उत्पन्न करने वाला। (सुद० ८७)

सन्तप्पनं (नपुं०) जलन, दाह।

सन्तापयुक्त (वि०) अनुतप्त, संवेदना युक्त। (जयो०वृ० ९/४३)

सन्तापित (भू०क०कृ०) [सम्+तप्+णिच्+क्त] ०पीड़ित, दुःखित, व्याधिग्रस्त।

०कष्टयुक्त।

०संतप्त किया हुआ।

सन्तप्तता (वि०) संताप युक्त। (वीरो० २१/३)

सन्तिः (स्त्री०) [सन्+क्तिन्] विनाश, अन्त, समाप्ति।

०उपहार, भेंट।

संतुल् (सक०) तोलना। (जयो० ८/९६)

सन्तुष्टता (वि०) सन्तोष जनक। (समु० ४/३)

सन्तुष्टभावः (पुं०) सुपरितोष भाव।

सन्तोषणं (नपुं०) प्रसन्न करना। (जयो०वृ० १/९९)

सन्तोषदायक (वि०) संतुष्टि प्रदायक, परितोष उत्पन्न करने वाला। (जयो०वृ० ४/४६)

सन्तोषदायी (वि०) तुष्टिदायी, इच्छापूर्तियुक्त। (दयो० ५७)

सन्तोषभावः (पुं०) प्रसन्न भाव, हर्षभाव।

सन्तोषवारि (नपुं०) सन्तोष रूपी जल। (वीरो० २०/२)

सन्तोषशील (वि०) सन्तुष्टि युक्त।

सन्तोषामृतधारिणी (स्त्री०) सन्तोष रूपी अमृत धारण करने वाली। (सुद० ४/३३)

सन्तोषी (वि०) सन्तोष रखने वाला।

सन्त्यजनं (नपुं०) [सम्+त्यज्+ल्युट्] छोड़ना, त्याग देना, परित्याग करना।

सन्त्रासः (पुं०) भय, डर, आतंक।

सन्दद् (वि०) दत्तवती। (जयो० ५/१५)

सन्दधता (वि०) स्पर्शकर्ता। (जयो० २२/५०)

सन्दधनी (वि०) सुशोभित होने वाली। (जयो० १/६८)

सन्दंशः (पुं०) [सम्+दंश्+अच्] ०सन्डासी, चिमटा।

०दांत भींचना।

सं दा (सक०) देना-संददत् (जयो० ३/३५)

सन्दर्शकः (पुं०) [संदृश्+कन्] चिमटा, सन्डासी।

सन्दर्भः (पुं०) [सम्+दृश्+घञ्] ०सन्तति, सम्बन्ध, संलग्नता।

०आत्म परिचय।

०क्रम करना, मिलाना।

०मिश्रण, संग्रह।

०संरचना, निबन्ध।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सन्दर्शनं (नपुं०) [सम्+दृश्+ल्युट्] ०अवलोकन, परिलोकन, ०देखना, ताकना, टकटकी लगाना।
०ध्यान।
०दृष्टि।
०दर्शन।

सन्दानं (नपुं०) [सम्+दा+ल्युट्] ०रस्सी, डोरी, रज्जू।
०शृंखला, बेड़ी, बंधनी।

सन्दानः (पुं०) गण्डस्थल।

सन्दानित (वि०) [सन्दान+इतच्] बद्ध, आबद्ध, कसा हुआ।
०शृंखलित, बेड़ी में जकड़ा हुआ, आवेष्ठित।

सन्दानिनी (स्त्री०) [सन्दानं बन्धनं गवां अत्र-सन्दान+इनि+ङीप्] गोष्ठ, गोशाला।

सन्दावः (पुं०) [सम्+दु+घञ्] प्रत्यावर्तन, परिभ्रमण, परावर्तन, भगदड़।

सन्दाहः (पुं०) [सम्+दह्+घञ्] दाह, जलन, उष्णता।
०उपभोगता।

सन्दिग्ध (भू०क०कृ०) [सम्+दिह्+क्त] ०सना हुआ, ढका हुआ।
०आच्छादित, आवृत।
०भ्रामक, सन्देहात्मक, अनिश्चितता। (जयो० १४/६६)
०भ्रान्त-
०सशंक, सन्देहास्पद, सन्देहयुक्त।
०असुरक्षित,
०विषाक्त।

सन्दिग्धादिग्ध (वि०) सन्दिग्ध और असन्दिग्धपना। (जयो० १४/६६)

सन्दिष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+दिश्+क्त] ०इंगित, इशारा किया गया, संकेतित।
०निर्दिष्ट।
०उक्त, वर्णित, कथित।
०ज्ञात, परिज्ञात।
०सूचित।

सन्दिष्टः (पुं०) सन्देशवाहक, दूत।
०हल्कारा।

सन्दिष्टं (नपुं०) सूचना, समाचार, खबर।

सन्दित (वि०) [सम्+दो+क्त] बद्ध, आबद्ध, जकड़ा हुआ।
०शृंखलित, बेड़ी युक्त।

सन्दिश (वि०) सन्देशदायक। (जयो० २६/२३)

सन्दिशत्-प्रकट किया गया। (जयो० २१/२६)

सन्दी (स्त्री०) [सम्+दो+ड+ङीष्] खटिया, खाट।

सन्दीपनं (नपुं०) [सम्+डीप्+णिच्+ल्युट्] ०प्रज्वलित करना, सुलगाना।

सन्दीपनः (पुं०) कामदेव का एक बाण,

सन्दीप्त (वि०) [सम्+डीप्+क्त] ०प्रज्वलित किया हुआ, सुलगाया हुआ।
०उत्तेजित, उद्दीपित।
०भड़काया हुआ, उकसाया हुआ।

सन्दुःख (वि०) दुःख युक्त। (जयो० ४/११३)

सन्दुष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+दुष्+क्त] कलुषित किया हुआ, मलिन किया हुआ।
०दुष्ट, दुर्जन।

सन्दूषणं (नपुं०) [सम्+दूष्+णिच्+ल्युट्] दोष, दूषण।
०मलिनता, मल।
०भ्रष्ट करना, विषाक्त करना।

संदृश् (सक०) देखना, भली प्रकार से अवलोकन करना। (जयो० ६/६०)

सन्देशः (पुं०) [सम्+दिश्+घञ्] ०सूचना, समाचार। (दयो० ६२)
०ज्ञातव्यपलेश। (जयो० २३/३५)
०आज्ञा, आदेश।
०रहस्य निवेदन। (जयो० २४/९६)

सन्देशनः (पुं०) दूत, संवाहक। (जयो० १८/६२, १८/१०)

सन्देशगत (वि०) आदेश को प्राप्त हुआ।

शन्देशदायक (पुं०) सन्देश देने वाला, समाचार देने वाला, सूचक।

सन्देशपदं (नपुं०) वृत्त प्रेषण, प्रेम प्रेषण। (जयो० १/६७) प्रेम परक सूचना।

सन्देशवाच् (पुं०) समाचार, वृत्तप्रेषण।

सन्देशहरः (पुं०) दूत, संदेशवाहक।

सन्देशिन् (वि०) समाचार देने वाला, वृत्तप्रेषण करने वाला। (जयो० २३/२८)

सन्देहः (पुं०) [सम्+दिह्+घञ्] संशय, शंका।
०संदेहालंकार-जिसमें दो समान वस्तुओं की घनिष्टता के कारण भ्रान्ति से एक वस्तु को अन्य वस्तु समझ लिया जाता है। 'ससंदहेस्तु भेदोक्तौ तदनुक्तौ च संशयः' (काव्य०१०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सन्देहधारि (वि०) संशय धारक, शंका धारक। (जयो० ३/९६)
०अच्छी शरीर का धारक-'समित्तिसम्यग्रूपस्य देहस्य शरीरस्य धारकेणेति' (जयो०वृ० ३/९६)

सन्देहप्रतिकारि (वि०) संशय निवारक। (जयो० ३/९६)

सन्देहालङ्कारः (पुं०) सन्देह अलंकार। (जयो०वृ० ५/८७) (वीरो० २/३४) संशय अलंकार-
इदमेतदिदं वेति साम्याद्बुद्धिर्हि संशयः।
हेतुभिर्निश्चयः सोऽपि निश्चयान्तः स्मृतो यथा।।
(वाग्भटालङ्कार ४/७८)
किमिन्दिराऽसौ न तु साऽकुलीना,
कला विधोः सा नकलङ्कहीना।
रतिः सतीयं न तु सा त्वदृश्या
प्रतर्कितं, राजकुलैः स्विदस्याम्।। (जयो० ५/७८)

सन्दोहः (पुं०) [सम्+दुह्+घञ्] ०दुहना, निकालना, दूध दुहना।
०किसी वस्तु की समष्टि, समुच्चय।
०ढेर, राशि, संघात, समूह।
०सन्दोहन, प्रकटन। (जयो० १७/७५)

सन्द्रावः (पुं०) [सम्+द्रु+घञ्] प्रत्यावर्तन, भगदड़, परावर्तन।

संध (सक०) सन्धान करना। (जयो० २/१३६)

संधारणशील (वि०) धारण करने वाले। (जयो०वृ० १/३२)

सन्धा (सक०) धारण करना-सन्दधत् (वीरो० १९/३९)

सन्धा (स्त्री०) [सम्+धा+अङ्+टाप्] ०साहचर्य, मिलाप, मेल।
०प्रगाढ़ सम्बन्ध।
०स्थिति, दशा।
०सीमा।
०प्रतिज्ञा।
०स्थिरता, धैर्य।
०सन्ध्या।
०मद्यसंधान।

सन्धानं (नपुं०) [सम्+धा+ल्युट्] ०जोड़ना, मिलाना, योग करना।
०मिश्रण, संगत, योग।
०मुख। (मुनि० २६)
०जोड़, ग्रन्थि।
०आचार आदि बनाना। (सुद० १२९)

सन्धानकः (पुं०) अचार, मुरब्बा। (हित० १/६)

सन्धानित (वि०) [सन्धान+इतच्] मिलाया हुआ, मिश्रण किया हुआ, संगमित।
०बांधा हुआ, कसा हुआ।

सन्धारण (वि०) भारोद्वहन, बोझा। (जयो०वृ० १३/८३)

सन्धारक (वि०) रक्षक, रक्षा करने वाला। (जयो०वृ० ६/१०४)

सन्धिः (स्त्री०) [सम्+धा+कि] ०संधान, जोड़, योग, मेल।
०संगम, सम्मिश्रण, सम्बन्ध।
०मित्रता, मैत्री, संघट्टन।
०अन्तराल, विश्राम।
०पर्व, ग्रन्थि। (जयो० ३/४०)
०पद मेल, पार्थक्य।
०छेद, विवर, छिद्र।
०सुरंग, सेंध।
०वर्ण विकार, ध्वनि परिवर्तन की प्रवृत्ति।

सन्धिकः (पुं०) [सन्धि+कन्] एक ज्वर विशेष।

सन्धिका (स्त्री०) [सन्धिक+टाप्] आसवन।

सन्धित (वि०) [सन्धा+इतच्] बद्ध, मिला हुआ, मिश्रित।
०समाहित, आबद्ध।
०प्ररक्षित।
०अचार डाला गया।

सन्धिदूषणं (नपुं०) प्रस्ताव भंग, शान्ति भंग। वार्तालाप में गतिरोध।

सन्धिनी (स्त्री०) [सन्धा+इनि+ङीप्] गर्भिन गाय, गर्भिणी गाय।

सन्धिला (स्त्री०) [सन्धि+ला+क+टाप्] भित्तिछिद्र।
०नदी, ०मदिरा।

सन्धुक्षणं (नपुं०) [सम्+धुक्ष्+ल्युट्] सुलगना, प्रज्वलित होना।
०उद्दीपन, उत्तेजित करना।

सन्धूप (वि०) उत्तम धूप। (वीरो० २/३३)

सन्धृत (वि०) लिपटा हुआ। (हित० ४७)

सन्धेय (वि०) [सम्+धा+यत्] जोड़े जाने योग्य, मिलाए जाने योग्य।

सन्ध्या (स्त्री०) [सन्धि+यत्+टाप्-सम्-ध्यै+अङ्+टाप् वा] सायंकाल, सन्धिवेला। शशिनाऽऽप विभुस्तु वाञ्चनकलशाली सह सन्ध्यया पुनः। (वीरो० १/३४) सांझ का समय। (सुद० १११)
०उचित ध्यान, प्रार्थना।
०चिन्तन-मनन।

सन्ध्याकालः (पुं०) सायंकाल, सांझ का समय। (जयो०वृ० १५/१२)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सन्ध्यान (वि०) पर्व आदि पर ध्यान करने वाला।

सन्ध्यानपरायणत्व (वि०) सन्ध्यासु सन्ध्यानपरायणत्वादेन च पर्वण्युपवास-मृतत्वात्। (वीरो० ११/२९) सन्ध्याकालीन कर्त्तव्य में परायण रहने वाला।

सन्ध्यानुचरी (वि०) सन्ध्या के पीछे पीछे चलने वाली। (दयो० १११)

सन्ध्यारुणिमा (स्त्री०) सन्ध्या कालीन लालिमा। (जयो०वृ० १५/१३)

सन्ध्यावन्दना (स्त्री०) सन्ध्याकालीन ध्यान, सामायिकादि की क्रिया। आलोचना करना। (जयो०वृ० १५/७)
०सदाचरण प्रवृत्ति। (जयो०वृ० १/७८)

सन्ध्यावन्दनकारिन् (वि०) सन्ध्या वन्दन करने वाले। (जयो०वृ० १५/३१)

सन्ध्यासमयः (पुं०) सन्ध्याकालीन समय। सांझ का समय। (दयो० २/५) आप्रदोष (जयो०वृ० २/१२२)

सन्न (भू०क०कृ०) [सद्+क्त] आसीन, स्थित, बैठा हुआ।
०खिन्न, दुःखी, व्याकुल, उदास।
०विश्रान्त, थका हुआ, म्लान।
०क्षीण, दुर्बल।
०नष्ट, लुप्त।
०गतिहीन, स्थिर।

सन्नः (पुं०) पियाल तरु।
०चारोली तरु।

सन्नं (नपुं०) अल्पमात्रा, थोड़ा सा।

सन्नक (वि०) [सन्न+कन्] नाटा, छोटे कद का।

सन्नत (भू०क०कृ०) [सम्+नम्+क्त] नम्रीभूत, नत, झुका हुआ।
०प्रणत।

सन्नतर (वि०) [सन्न+टाप्] विषण्ण, अपेक्षाकृत धीमा।

सन्नतिः (स्त्री०) [सम्+नम्+क्तिन्] प्रणति, अभिवादन, नमन।
०सादर प्रणम्यभाव, सम्मान।
०ध्वनि, कोलाहल।

सन्नद्ध (भू०क०कृ०) [सम्+नह्+क्त] ०कटिबद्ध, उद्यत, तत्पर।
०सुसज्जित, सुव्यवस्थित।
०निकटस्थ, सीमावर्ती।

सन्नपि (अव्य०) होने पर भी। (जयो० १/१२)

सन्नयः (पुं०) [सम्+नी+अच्] ०संचय, समुच्चय, परिमाण।
०सन्मार्ग। (सुद० १३६)
०पृष्ठभाग।

संन्यासित् (वि०) संन्यास युक्त। (वीरो० ११/२४)

सन्नहनं (नपुं०) [सम्+नह्+ल्युट्] उद्यम, परिश्रम, उद्योग, प्रयत्न।
०सन्नद्ध होना, सुसज्जित होना।
०कवच।

सन्नहनकः (पुं०) कवच, उरश्छद, वक्षस्थलावरणक। (जयो० ७/९३)

सन्नहनरोधि (वि०) कवच धारण में बाधक। (जयो० ७/९५) कवच धारणे बाधकं-

सन्नाहः (पुं०) [सम्+नह्+घञ्] कवचित होना, युद्ध के लिए तैयार होना, सुसज्जित होना। (जयो० ८/५७)

सन्नाहकः (पुं०) कवच पहनना। (दयो० १२०) तेभ्योऽतिवर्तनं कस्मात् त्यागसन्नाहकं विना।

सन्नाह्यः (पुं०) [सम्+नह्+ण्यत्] युद्ध का हाथी।

सन्निकर्षः (पुं०) [सम्+नि+कृष्+घञ्] ०समीप लाना, निकटस्थ करना।
०सम्बन्ध, इन्द्रिय विषय से सम्बन्धित।
०उत्कर्ष-अनुत्कर्ष का विचार करना, एक वस्तु में किसी एक धर्म के विवक्षित होने पर शेष धर्मों के उसमें सत्त्व-असत्त्व का विचार करना।
०पड़ौस, सामीप्य।

सन्निकर्षणं (नपुं०) [सम्+नि+कृष्+ल्युट्] निकटस्थ करना, समीप लाना।
०पहुंचना, आना।
०सामीप्य करना।

सन्निकृष्ट (भू०क०कृ०) [सम्+नि+कृष्+क्त] ०सींचा हुआ, आकृष्ट किया हुआ।
०समीपवर्ती, सटा हुआ।
०निकटस्थ, समीपस्थ।

सन्निग्रहणं (नपुं०) [सम्+नि+ग्रह्+ल्युट्] अच्छी तरह निग्रह करना, भली-भांति निग्रह करना। हृषीकसन्निग्रहाणैकवित्ताः स्वभाव सम्भावनमात्रचित्ताः। (सुद० ११८)

सन्निचयः (पुं०) [सम्+नि+चि+अच्] ०संग्रह, संचय।

सन्निधातृ (पुं०) [सम्+नि+धा+तृच्] निकट लाने वाला, जमा करने वाला।

सन्निधानं (नपुं०) [सम्+नि+धा+ल्युट्] सामीप्य, पड़ौस।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०उपस्थिति, दृष्टिगोचर होना।

०ग्रहण करना।

०उत्तमविधान भण्डार। (सुद० ४०४/)

०सम्मिश्रण, समष्टि।

सन्निधाय् (सक०) स्थापित करना, उपस्थित करना। (जयो० २/३१)

सन्निधिः (स्त्री०) [सम्+नि+धा+इक्] ०धनराशि (जयो० २१/५३)

०निकटवर्ती। (जयो० २०/८८)

०समागम। (दयो० ७२)

०दर्शन करना। यद्यसि शान्ति समिच्छकस्त्वं सम्भज सन्निधिमस्य। (सुद० ७१)

सन्निपातः (पुं०) [सम्+नि+पत्+घञ्] 'संसारे पतनं सन्निपातः' (जयो० २/६८)

०गिरना, उतरना, नीचे आना।

०सम्पर्क, संघर्षण, टकराहट।

०मिश्रण, मेल, संचय।

०संघात, समुच्चय, संग्रह।

०रोग विशेष। बात, पित्त, और कफ इन तीनों के योग से जो दोष उत्पत्ति होती है वह विषम ज्वर रूप होता है।

सन्निबन्धः (पुं०) [सम्+नि+बन्ध्+घञ्] ०आसक्ति, लगाव, जोड़, मेल।

०सम्बन्ध, कस कर बांधना।

सन्निबध्य (वि०) [सम्+नि+बन्ध्+ण्यत्] बन्धन योग्य, जोड़ने योग्य। (जयो० ११/२६)

सन्निनादः (पुं०) कडकड शब्द। (जयो० ८/१२)

सन्निभ (वि०) [सम्+नि+भा+क] समान, सदृश, तुल्य। (जयो० ६/१८) स्मर। चापसन्निभभ्रूः कटुकं परमर्कदलजातिः। (जयो० ६/१८)

सन्निभा (वि०) सादृशी। (जयो० १९/४६)

सन्निमेषः (पुं०) सन्तो निमेषा यस्यां सा तया सन्निमेषकदृशा। (जयो०वृ० ५/६९) अनुराग रखने वाली दृष्टि, निश्चल दृष्टि।

सन्नियोगः (पुं०) [सम्+नि+युज्+घञ्] ०नियुक्ति,

०परस्परिक योग, मेल।

०अनुराग।

०बीच, मध्यस्थ। (जयो० २१/७)

सन्निरोधः (पुं०) [सम्+नि+रुध्+घञ्] अड़चन, रुकावट।

सन्निविष्ट (वि०) उपस्थित। (जयो० १३/६३)

सन्निर्वृतः (पुं०) समीचीन निधि।

सन्निवृत्तिः (स्त्री०) [सम्+नि+विश्+घञ्] ०रचना ०संरचना (जयो०वृ० १/१७)

सन्निवेशः (पुं०) [सम्+वि+विश्+घञ्] ०भाण्डागार (जयो० १/१७)

०अवयव-आखण्डलोऽयमथवा

सन्निवेष् (सक०) बिठाना, ठहराना। (जयो० ५/२२)

सन्निहित (भू०क०कृ०) [सम्+नि+धा+क्त] उपस्थित।

०ताडित। (जयो० ९/१२)

सन्मङ्गलार्थ (वि०) उचितमंगल के लिए। (वीरो० ४/३७)

सन्मति (वि०) महावीर का अपर नाम।

सन्मतिभा (स्त्री०) यशोदा। (जयो०)

सन्मतिसंसद् (स्त्री०) विचारशील सभा सन्मतीनां विचारशीलानां वा संसदि सभायां पतत्येव' (जयो० २५/४०)

सन्मतिसम्प्रदायः (पुं०) वीर प्रभु का सम्प्रदायः। (वीरो० १५/६१) मृदुसन्निवेश। (दयो० १०८)

०अनुराग, उत्कृष्ट भक्ति।

०स्थान, स्थल।

०अवस्था।

०रूप, आकृति।

सन्मन (वि०) [एतां मनः] सत्पुरुष का मन। (जयो०वृ० २/६६) सतां विदुषां मनश्चित्तम्' (जयो० २/५२) शुद्धिचित्त गृही (जयो० २/९५)

सन्मार्गः (पुं०) मुक्ति पथ।

सन्मार्गगामी (वि०) मुक्तिपथगामी। (वीरो० १८/४२)

सन्मार्गदर्शक (वि०) मुक्तिपथदर्शक।

सन्मार्गप्ररूपण (वि०) उचित मार्ग का कथन। (जयो०१८/८६)

सन्मार्गप्रवृत्तिः (स्त्री०) मुक्ति पथ की प्रवृत्ति। (जयो० १८/८७)

सन्मुख (वि०) सामने। (भक्ति० १४)

सन्मञ् (सक०) पोंछना, साफ करना। (वीरो० ५/११)

सन्मार्जित (वि०) प्रमार्जित।

सन्यसनं (नपुं०) [सम्+नि+अप्+ल्युट्] ०विरक्ति, वैराग्य, त्याग।

०सौंपना, प्रदान करना।

सन्यस्त (भू०क०कृ०) [सम्+नि+अस्+क्त] डाला हुआ, नीचे रखा हुआ। त्यागा हुआ।

संयासः (पुं०) [सम्+नि+अस्+घञ्] ०छोड़ना, त्यागना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०वैराग्यभाव, विरक्ति परिणाम।
०धरोहर, निक्षेप।
०योगी। (जयो० २/११७)

सन्यास-आश्रमः (पुं०) योगी आश्रम। (जयो० २/११७) (जयो०वृ० १८/४८)

सन्यासाश्रमः (पुं०) योगी आश्रम, तपस्वी स्थल।

सन्यासिन् (पुं०) त्यागी, विरक्ति। (जयो० २६/१०३)
०विरागी (दयो० २५)

सन्यासोपनिषद् (वि०) सन्यास सम्बंधी उपनिषद। (दयो० २५)

सन्योगुणः (पुं०) सज्जन गुण। (समु० १/२४)

सन्विहर (वि०) साथ में विहार करने वाला। (समु० ३/८)

सप् (अक०) सम्मान करना, पूजा करना।

सपक्ष (वि०) पक्षेण सह-पंखों वाला।
०पक्षवाला, दलवाला।
०बन्धु, सदृश, समान।

सपक्षः (पुं०) समर्थक, अनुगामी, पक्षपाती।
०सजातीय, सम्बंधी।

सपक्षता (वि०) पक्षपना-रुचि। (जयो० २८/३२)

सपक्षयुक्तता (वि०) पक्षसहितपन। (जयो० २८/३२)

सपत्नः (पुं०) [सह एकार्थे पतति पत् न सहस्य सः] शत्रु, विरोधी।

सपत्नी (स्त्री०) [समानः पतिः यस्याः]
०अपनी भार्या, निजाङ्गना। (जयो० ८/६४)
०प्रतीयत्नी-सौत। (जयो० १४/३०)
०सहपत्नी, सौत।

सपत्नीक (वि०) [सपत्नी+कप्] पत्नी सहित।

सपत्नीगणः (पुं०) स्त्रीसमूह। (जयो०वृ० २३/२७)

सपत्राकरणं (नपुं०) [सह पत्रेण सपत्र+डाच्+कृ+ल्युट्] अत्यंत पीड़ाजनक। कष्टदायी।

सपत्राकृतिः (स्त्री०) [सपत्र+डाच्+कृ+क्तिन्] वेदना, पीड़ा, सन्ताप, दुःख।

सपदि (अव्य०) [सह+पद्+इन् सहस्य सः] इस समय, अब (सुद० ८१) (जयो० १/९५)
०अधुना। (जयो० ५/४) (जयो० ३/५)
०शीघ्र, तुरंत। (सुद० ४/३०)
०तत्काल, तत्क्षण।

सपर्ण (वि०) पर्ण सहित-पत्र सदृश। (जयो० ८/४१)

सपर्या (स्त्री०) [सपर्+यक्+अ+टाप्] पर्युपासना (जयो० २२/३६)
०अर्चना, पूजा, प्रार्थना। (वीरो० ५/६)
०सम्मान, आदर।

सपर्यापर (वि०) पूजा में तत्पर। (वीरो० ५/६)

सपाद (वि०) [सहपादेन] पैरों वाला। ०एक चौथाई बड़ा हुआ।

सपिक्ष (वि०) पिक्ष सहित-पार्श्व पिच्छया मयूर पक्ष निर्मिता (जयो० २१/२८)

सपिण्डः (पुं०) [समानः पिंडा मूलपुरुषो निवापो वा यस्य] पिण्डदान देने वाला।

सपिण्डिकरणं (नपुं०) पिण्डदान करना।

सपीतिः (स्त्री०) [सह एकत्र पीतिः-पानं+पा+क्तिन्] सहपान, मिलकर पान करना।

सपूत (वि०) पुत्र युक्त। (समु० ९/२)

सप्रकाशकर (वि०) स्व प्रकाशक। (हित० ४३)

सप्त (नपुं०) सात। (जयो० १/१९)

सप्तक (वि०) [सप्तानां समूहः] सातवां, सात की संख्या वाला।

सप्तकी (स्त्री०) [सप्तभिः स्वरैः इव कायति शब्दायते सप्तन्+कै+क+ङीष्] 'करधनी'ति प्रसिद्धा मेखला। (जयो० १५/४६) करधनी, कंदौरा, तगड़ी।

सप्ततिः (स्त्री०) [सप्तगुणिता दशतिः] सत्तर।

सप्तधा (अव्य०) [सप्तन्+धाच्] सात प्रकार से, सात गुणा।

सप्तन् (सं०वि०) [सदैव बहुवचनान्त] सात, सात संख्या। (सुद० १०८)

सप्तचत्वारिंशत् (स्त्री०) सैंतालीस।

सप्तच्छ्दः (पुं०) सप्तपर्ण। (वीरो० १३/११)

सप्तच्छदगन्धवाहः (पुं०) सप्तपर्ण वृक्षों की सुगन्ध-ते शारदा गन्धवहाः सुवाहा वहन्ति सप्तच्छदगन्धवाहाः। (वीरो० २१/२४)

सप्तजिह्वः (पुं०) आग, अग्नि।

सप्तज्वालः (पुं०) आग, अग्नि।

सप्ततत्त्व (नपुं०) सात तत्त्व। ०जीवाजीवादि ज्ञान।

सप्तत्रिंशत् (स्त्री०) सैंतीस।

सप्तदशन् (वि०) सत्रह।

सप्तदीधितिः (स्त्री०) अग्नि, आग।

सप्तद्वयोदारः (पुं०) चौदह। (वीरो० ११/५)

सप्तद्वीपा (स्त्री०) पृथ्वी।

सप्तधातु (पुं०) सात प्रकार की शारीरिक धातुएं। अन्नरस, रुधिर, मांस, चर्बी, हड्डी, मज्जा और वीर्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सप्तनवतिः (स्त्री०) सत्तानवे।
सप्तनाडीचक्रं (नपुं०) ज्योतिष सम्बंधी रेखा।
सप्तपर्णः (पुं०) सप्तच्छदवृक्ष। (वीरो० ४/१८)
सप्तपलाशकीयः (पुं०) सप्तपर्ण। (वीरो० २१/१८)
सप्तपदी (स्त्री०) सात पग चलना, वैवाहिक क्रिया का एक रूप जिसमें दूल्हा एवं दुल्हन को सात वचन साक्षी पूर्वक ग्रहण करने को कहे जाते हैं।
सप्तपरिक्रमा (स्त्री०) सात प्रदक्षिणा, सात फेरे। (जयो०१२/७३)
सप्तप्रवृत्तिः (स्त्री०) सात अंग।
सप्तप्रकारः (पुं०) सात भेद, सप्त भंग। (वीरो० १९/७)
सप्तप्रकारत्व (वि०) सात भंग वाले। सप्तप्रकारत्वमुशन्ति भोक्तुः फलानि च त्रीण्यधुनोपयोक्तुम्। (वीरो० १९/७)
सप्तभङ्गात्मक (वि०) सप्त भंग रूप। (भक्ति० ९)
सप्तभद्रः (पुं०) सिरस तरु।
सप्तभूमिक (वि०) सात खण्ड वाला।
सप्तभौम (वि०) सात खण्ड वाला।
सप्तम (वि०) [सप्तानां पूरणः सप्तन्+डट्] सांतवां। (सम्य० १२८)
सप्तमक (वि०) सांतवा। (सम्य० १४०)
सप्तमलम्बका (नपुं०) सांतवां लम्ब। ०चम्पूकाव्य में प्रयुक्त सांतवां अध्याय।
सप्तरात्र (नपुं०) सात रात का समय।
सप्तर्षि (पुं०) एक ऋषि विशेष।
सप्तला (स्त्री०) चमेली।
सप्तविंशतिः (स्त्री०) सत्ताईस।
सप्तविध (वि०) सात गुना, सात प्रकार का।
सप्तशतं (नपुं०) सात सौ।
सप्तसप्तिः (पुं०) सूर्य।
सप्तस्वरं (नपुं०) सात स्वर-निषाद, ऋषभ, षड्ज, गान्धार, मध्यम, पञ्चम और धैवत। (जयो०वृ० ११/४७)
सप्ताङ्ग (वि०) सप्त प्रकृति।
सप्तार्चिस् (वि०) सात जिह्वा वाला। अशुभ दृष्टि वाला।
सप्तार्चिस् (पुं०) अग्नि, आग।
०शनि। (जयो० ७/२४)
सप्ताशीतिः (स्त्री०) सतासी।
सप्ताश्रमः (पुं०) सतकोन, सात कोने।
सप्ताश्वः (पुं०) सूर्य, दिनकर। (जयो०वृ० १५/१६)
सप्ताश्वकः देखो ऊपर।
सप्ताहः (पुं०) एक सप्ताह।
सप्तिः (पुं०) अश्व, घोड़ा। (जयो० ३/११०)
सप्तिसमूहः (पुं०) अश्व समूह। (जयो० २/११०)
सप्रणय (वि०) [सह प्रणयेन] स्नेहपूर्ण, मित्रतापूर्ण।
सप्रतिपत्तिक (वि०) विश्वास उत्पन्न करने वाला-प्रतिपत्या सहित, विश्वासुत्पाद्य।
सप्रत्यय (वि०) [प्रत्ययेन सह] विश्वस्त, विश्वास योग्य। ०निश्चित।
सप्रीति (वि०) प्रीति युक्त। (सुद० ८२)
सफरः (पुं०) चमकीली मछली।
०सफल। (जयो० ४/१५)
सफरसमूहः (पुं०) मछली समूह। (दयो० ९)
सफल (वि०) [सह फलेन] सम्पन्न, पूर्ण, पूरा किया हुआ। (जयो० ४/१५) फलवान् (जयो० १६/१५)
०फलों से परिपूर्ण।
०उपजाऊ।
सफलता/सफलत्व (वि०) सम्पन्नता, पूर्णता। (सुद० ७२, समु० १/२)
सफलीकृत (वि०) सफलता युक्त। (जयो० २६/८१)
सफल प्रयत्नः (पुं०) कृतार्थ। (जयो०वृ० १२/४७)
सबन्धु (वि०) [सह बन्धुना] मित्रयुक्त, मित्रता से परिपूर्ण। ०परिजन सहित।
सबन्धुः (पुं०) बन्धुवर्ग, परिजन। माता-पितादि सहित।
सबन्धुवर्गः (पुं०) माता-पितादि सहित। स्थातुं समिच्छामि सबन्धुवर्गः पुरेऽत्रतत्सम्भविनो भवन्तु। (समु० ३/२५)
सबला (स्त्री०) लक्ष्मी। (जयो०१५/५४) ०धनश्री।
सबलिः (पुं०) [सह बलिना] सन्ध्याकालीन समय, गोधूलिबेला।
सबहुमान (वि०) सम्मान रहित। (दयो० १०८)
सबाध (वि०) [सह+बाधया] आघातपूर्ण, ०पीड़ाजनक, कष्टदायक, बाधायुक्त।
सब्रह्मचर्यम् (नपुं०) [समानं ब्रह्म आत्मज्ञानग्रहणकारिन् व्रतं चरति-चर+णिनि] सहपाठी, साथ में अध्यन करने वाला।
सभ (वि०) कान्ति युक्त, प्रकाश सहित, नक्षत्र सहित। (जयो० ३/४५)
सभय (वि०) भय सहित। (सुद० ११२)
सभया (स्त्री०) त्रपा, लज्जा। सभायां लज्जा न कार्या विद्वद्भिरिति (जयो० १७/३३)
सभा (स्त्री०) [सह भान्ति अभीष्ट निश्चयार्थमेकत्र यत्र गृहे]

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०शोभावती (जयो० १०/११४) परिषद्, समिति, संगठन। पक्षति (जयो०वृ० ३/७)

०गोष्ठी (जयो०वृ० १/१२) सदस। (जयो०वृ० १/४३)

सभाज् (सक०) प्रणाम करना, नमस्कार करना।

०अर्पित करना, बधाई देना।

०पूजा करना, आदर देना।

०अलंकृत करना, सुशोभित करना।

सभाजनं (नपुं०) [सभाज्+ल्युट्]०प्रणाम करना, अभिवादन करना।

०स्वागत करना, बधाई देना।

सभामण्डपम् (नपुं०) सभास्थल, सभावनि। (जयो० ५/९०)

सभामध्य (वि०) सभा के बीच के। (समु० ३/३९)

सभावनः (पुं०) [सह भावनेन] शिव, शंकर।

सभाव (वि०) भाव सहित। (जयो०वृ० ५/९०)

सभावनि (स्त्री०) सभा मण्डप। (जयो० ५/९०)

सभासमारोहः (पुं०) परिषद का आयोजन। (जयो० ५/२६)

समङ्कित (वि०) व्याप्त। (वीरो० २/२९)

समङ्गनावर्गः (पुं०) समीचीन अंगना समूह। (जयो० १/६९)

समञ्च् (सक०) प्रदान करना, फैलाना। तयोरुदर्कं सुरभि समञ्चत् (सुद० २/२८)

समञ्चनक्षत्रपतिः (पुं०) समीचीन गति से युक्त नक्षत्र स्वामी। सम्यगञ्चनमाचरणं यस्य तस्य क्षत्रपतेः क्षत्रियशिरोभागेः (जयो०वृ० १९/६) सम्यगञ्चनं येषां तानि समञ्चनानि, तानि च तानि नक्षत्राणि तेषां पतिः स्वामी तस्य' (जयो०वृ० १९/६)

सभानिवेद्वणः (पुं०) सभापति। (जयो०वृ० ६/२३)

सभानिवासिन् (वि०) सभा में रहने वाला। (जयो० ३/१३)

सभापति (पुं०) अध्यक्ष।

सभाशा (स्त्री०) आशा, अभिलाषा। (सुद० ११५)

सभासदः (पुं०) सदस्य। (जयो०वृ० ४/५०)

सभाह (भूतकालिक प्रयोग) उत्तर दिशा। (सुद० ३/३२)

सभासारः (पुं०) सभासा रजन्या निशाया सारः। (जयो० १७/४)

सभिकः (पुं०) [सभा द्यूतं प्रयोजनमस्य] जुआं खेलने वाला।

सभामण्डपः (पुं०) स्वयम्बर मण्डप। (जयो० ३/७१)

सभिद (वि०) भेद सहित। (जयो० २३/)

सभीति (वि०) भयपूर्ण। (जयो० १/३५) भयान्वित। (जयो० २७/६१)

सभ्य (वि०) [सभायां साधुः-यत्] ०सुसंकृत, संस्कारयुक्त, परिष्कृत।

०सुशील, विनम्र, शिष्ट।

०विश्वस्त, विश्वसनीय।

सभ्मनिकायः (पुं०) सुसंस्कृत समूह। (जयो० १४/४५)

सभ्यता (स्त्री०) [सभ्यः+तल्+टाप्] विनम्रता, सुसंस्कारित, सुशीलता, कुलीनता। (सम्य०७०) कष्ट सहन सभ्यतयैति वासः। (दयो० ६१)

सम् (अक०) विक्षुब्ध होना, अव्यवस्थित होना।

०खिन्न होना, उदासीन होना।

सम् (अव्य०) [सो+उमु] धातु या कृदन्त शब्दों से पूर्व लगने वाला प्रत्यय।

०बहुत, अधिक, अत्यंत। (सम्य० ५३)

०उत्कृष्ट, उत्तम। (जयो० १/१३)

०निकट, समीप। ०परम। (सुद० २/४२)

०पूर्व जैसा। ०समयुक्त। (सम्य० ८८)

समः (पुं०) समभाव। 'सन्तः सदा सभा भान्ति मर्जूमतिनुतिप्रिया। (वीरो० २२/४०)

सम (वि०) [सम्+अच्] समभाव, समान। समं समन्ता दुपयोगि। (सम्य० ४, वीरो० १७/८) एक जैसा।

०निष्पक्ष, तर्कसंगत, न्याय संगत

०मित्र-बांधवभाव। (जयो० ३/९६) सम संख्या विशेष। (जयो०वृ० १/१९)

०सब, प्रत्येक, सारा, सम्पूर्ण। स्वयं। (सुद० ९६)

समः (पुं०) समभाव प्रथम भाव। (जयो० २८/३३)

समं (अव्य०) के साथ, मिलकर। समं समालोच्य (जयो०वृ० ३/६६) सादृश्यता। (जयो० ३/४३)

समकन्या (स्त्री०) उपयुक्त कन्या, विवाह योग्य कन्या।

समकर्णः (पुं०) चतुष्कोण।

समकारि (वि०) यथावत् स्थिर रहने वाला। (वीरो० २२/८)

समकालः (पुं०) सही समय, वही काल।

समकालं (अव्य०) उसी समय, युगपत्।

समकालीन (वि०) समसामायिक।

समकोलः (पुं०) सर्प, अहि।

समक्ष (वि०) [अक्ष्णो समीपम्-समक्ष्+अच्] दर्शनीय।

०प्रत्यक्ष। (वीरो० ७१/३९)

समक्षः (पुं०) वर्तमान। सर्वसाधारणांतर गोचरः यद्वा सम्यक्।

समक्षता (वि०) साक्षात्कारी। (जयो० २०/८०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समन्ततोऽस्मिन् सुमनस्त्वमस्तु पुनीतयाकन्दविधायिवस्तु। (वीरो० ६/२४)

समगाल् (वि०) अनुभव करने वाला। (वीरो० ५/३६)

समक्षेत्रं (नपुं०) नक्षत्र क्रम।

समगन्धकः (पुं०) धूप।

समगसः (पुं०) कारण। (समु० ७/१४)

समगेय (वि०) स्वरादि से संयुक्त गेय।

समग्र (वि०) [समं सकलं यथा स्यात्तथागृह्यते-सम्+ग्रहन्+ड] समस्त, पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा। (सुद० १/३१)

समङ्कित (वि०) लिखित। (जयो० ११/५८) आरोपित। (जयो० १५/१५, ३/२४) पूरित

समचतुरस्र (वि०) समभुज, चतुष्कोण।

समचतुरस्रसंस्थानं (नपुं०) अंग-उपांग अधिकृत अवयवों से परिपूर्ण।

०शरीरगत अवयवों की रचना।

समचतुर्भुजा (पुं०) विषमकोण।

समचित्त (वि०) प्रशान्तचित्त, प्रसन्नचित्त।

समञ्च् (अक०) पूजना, पूजा करना। अञ्चगतिपूजनयो। (सम्य० ४/०)

समजः (पुं०) [सम्+अज्+अप्] पशुओं का झुण्ड, रेवड़।

समजं (नपुं०) अरण्य, जंगल।

समजाय (वि०) समानता को उत्पन्न हुई। (जयो० ६/१२९)

समजाति (वि०) समान जाति।

समज्या (स्त्री०) [सम्+अज्+क्यप्+टाप्]

०सभा, परिषद।

०ख्याति, यश, कीर्ति।

समज्ञा (स्त्री०) ख्याति, प्रसिद्धि।

समञ्जस (वि०) [सम्यक्+अञ्जः औचित्यं यत्र] उचित, तर्कसंगत, ठीक।

०यथार्थ, सत्य।

०स्पष्ट।

०न्यायोचित।

०अभ्यस्त, अनुभूता।

समञ्जसं (नपुं०) औचित्य, योग्यता, यथार्थता।

समता (स्त्री०) [सम्+तल्+टाप्] ०सम रूपता, साम्यभाव, समभाव।

०मध्यस्थ भाव।

समतिक्रमः (पुं०) [सम्+अति+क्रम्+घञ्] सीमातिक्रमण (जयो० २१/७५) अतिक्रमण, उल्लंघन।

०भूल, विस्मृति।

समतिक्रमरोधः (पुं०) सीमातिक्रमणनिवारण। (जयो० २१/७५)

समतिलोत्तमा (स्त्री०) तिलोत्तमा के समान। (सुद० ४/३८)

समतीत (वि०) [सम्+अति+इ+क्त] बीता हुआ, गया हुआ।

समत्व (वि०) समत्व युक्त। ०समभाव सहित।

समत्वहेतु (वि०) तुल्यभाव के कारण वाला। (जयो० १६/३३)

समत्तु-भोजन करने योग्य। (जयो० २/१०७)

समद (वि०) [सह मदेन] मद युक्त, मदहोश।

समदत्ति (स्त्री०) श्रद्धापूर्वक पृथ्वी आदि देना।

समदर्शन (वि०) समदर्शी, निष्पक्ष, समभाव का दर्शन करने वाला।

समदर्शिका (स्त्री०) समभू। (जयो० २४/१३०) समभाव दर्शिका।

समदर्शिन् (वि०) समदीर्श, निष्पक्षी।

समदाग्जिन (वि०) प्रकट हुए जिन। (वीरो० ७/१४)

समदुःख (वि०) सहानुभूति रखने वाला।

समदृश् (वि०) पक्षपात रहित।

समदृष्टसारः (पुं०) उत्तमसारभूत दृश्य। (सुद० २/१९)

समदृष्टिः (स्त्री०) समदर्शी, निष्पक्ष दृष्टा।

समद्धित (वि०) ऋद्धि युक्त। (मुनि० १५)

समधारी (वि०) समत्वधारी, समभाव युक्त। (सुद० ३/२१)

समधिगम्य (सं०कृ०) पहुंचकर। (जयो० २/१५८)

समधिक (वि०) [सम्यक् अधिक] ०अत्यधिक, अत्यंत, विशाल।

०व्यापक, परिपूर्णता युक्त।

समधिकवेशशालिन् (पुं०) समपूर्वक विचरण करने वाला। अधिकवेग युक्त। (जयो० २१/२१)

समधिगमनं (नपुं०) [सम्+अध+गम्+ल्युट्] आगे बढ़ना, अग्रगामी होना, अग्रसर होना।

०जीत लेना, पार कर लेना।

समधिरुह (वि०) आरुढ़, सवार हुआ। (जयो० २१/६)

समधी (वि०) समत्व बुद्धि वाला, प्रशस्त व्रतों से युक्त।

०अहंकार रहित।

समध्व (वि०) [समानः अध्वः यस्य] साथ-साथ चलने वाला, साथ साथ यात्रा करने वाला।

समनस्क (वि०) [संज्ञिनः समनस्काः] सम्प्रधारणं संज्ञायां संज्ञिनो जीवाः समनस्काः भवन्ति। संज्ञा युक्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समनस्कः (पुं०) संज्ञी जीव। मनसहित जीव।

समनीकिनीश्वरः (पुं०) सेनानायक, सेनापति। (जयो० २१/१)

समानुभावः (पुं०) बोध करना। (जयो० २/५९)

समनुकूलित (वि०) अनुकूल करते हुए। (जयो० ४/४४)

समनुयापिनी (वि०) अकुरणशीला। (भक्ति०)

समनोज्ञ (वि०) ज्ञानादि सहित, रमणीयता युक्त, अत्यंत प्रिय।
०सम्भोग सहित।

समन्त (वि०) [सम्यक्+अन्तो यत्र] ०पूर्ण, व्याप्त, पूरा, समस्त।

समन्तः (पुं०) व्यापक, सीमा, मर्यादा। 'समन्तम्, समन्ततः समन्तात्' (जयो०वृ० ३/७४) (जयो० ११/९०) (सुद० १/२९) क्रिया विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं। (दयो० ३१)

समन्तभडः (पुं०) आचार्य समन्तभद्र। (वीरो० १/२४)

समन्तभद्र (वि०) समन्ताद्भद्र-कुशलं तस्मै समस्तु भवतु (वीरो० १/२४) *

समरसः (पुं०) पवित्र रस। (जयो० २५/६६)

समन्तभद्र (वि०) सभी तरह से योग्य। (जयो०वृ० ४/९०)

समन्तभद्रः (पुं०) शान्तिवर्मा। (जयो०वृ० ३/६४) आचार्य समन्तभद्र। (समु० १/११)
शान्तिवर्मा नाम समन्तभद्रः। देवागम स्तोत्र रचनाकार। (सुद० ८२)

समन्तमार्गः (पुं०) चतुष्कपथ, चौराहा। (जयो०वृ० ४/४) (जयो०वृ० ३/५४)

समभूत् (वि०) हुआ। (जयो०वृ० २६/१)

समभूतरक्षणम् (नपुं०) समस्त जीवों का संरक्षण। समानां सर्वेषां भूतानां रक्षणं यत्र (जयो०वृ० २६/१) सदृक् सर्वमान्येषु च समं त्रिषु इति विश्वलोचने (जयो०पृ० ११७४)

समन्तरी (स्त्री०) समादरणीयस्थान। (जयो० २४/३)

